परिसंवाद

बौद्ध तथा अन्य भारतीय योग-साधना

सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी

परिसंवाद [१]

प्रवर्तक तथा संरक्षक : आचार्य बदरीनाथ शुक्ल, कुलपति

बौद्ध तथा अन्य भारतीय योग-साधना

सम्पादक मण्डल

प्रो. जगन्नाथ उपाध्याय
निदेशक, परिसंवाद-गोष्ठी

डॉ. गोकुलचन्द जैन

डॉ. फूलचन्द्र जैन

श्री बुद्धिवल्लभ पाठक

सम्पादक

श्री रामशङ्कर त्रिपाठी

पर्यवेक्षक—डॉ. भागीरथप्रसाद त्रिपाठी 'वागीश शास्त्री'
निदेशक, अनुसन्धान संस्थान

प्रकाशनाधिकारी-सम्पादक—डॉ. हरिश्चन्द्रमणि त्रिपाठी

सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी

१९८१

बौद्धदर्शन विभाग द्वारा आयोजित अखिल भारतीय परिसंवाद गोष्ठी में प्रस्तुत निबन्ध।

प्रकाशक
निदेशक,
अनुसन्धान संस्थान
सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय,
वाराणसी-२२१००२

प्राप्तिस्थान
विक्रय विभाग
सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय,
वाराणसी-२२१००२.

प्रथम संस्करण—५००
मूल्य—रु० ३२.००

मुद्रक
तारा प्रिंटिंग वर्क्स
वाराणसी.

PARISAṂVĀDA [1]

FOUNDER & PATRON : Ācārya Badarīnātha Śukla, *Vice Chancellor*

BAUDDHA TATHĀ ANYA BHĀRATĪYA YOGA SĀDHANĀ

MEDITATION IN BUDDHISM AND OTHER INDIAN SYSTEMS

BOARD OF EDITORS

Prof. Jagannātha Upādhyāya
Director, Parisaṃvāda Goṣṭhī
Dr. Gokul Chandra Jaina
Dr. Phool Chanda Jaina
Shrī Buddhi Vallabha Pāthaka

EDITOR
Shrī Rāma Śaṅkara Tripāṭhī

SUPERVISOR : Dr. Bhāgīratha Prasāda Tripāthī 'Vagīśa Sāstrī'
Director, Research Institute,

Publication Officer-Editor : Dr. Hariś Chandra Maṇi Tripāthī

SAMPURNANAND SANSKRIT VISHVAVIDYALAYA, VARANASI
1981

Published by—

Director, Research Institute,
Sampurnanand Sanskrit Vishvavidyalaya,
Varanasi.

Available at—

Sales Department
Sampurnanand Sanskrit Vishvavidyalaya,
Varanasi-221002.

First Edition—500 Copies
Price : Rs. 32.00

Printed at—

Tara Printing Works
Varanasi.

प्राक्कथन

विश्वविद्यालय में विभिन्न शास्त्रों और नवीन विषयों के अध्ययन-अध्यापन के अतिरिक्त शास्त्रों के गम्भीर विषयों पर अनुसन्धान कार्य भी सम्पादित होता है तथा अप्रकाशित एवं दुर्लभ प्रकाशित महत्त्वपूर्ण ग्रन्थों का सुयोग्य विद्वानों द्वारा सम्पादन, मुद्रण और प्रकाशन भी होता है। सम्प्रति विश्वविद्यालय में पचास ग्रन्थों के मुद्रण तथा प्रकाशन का कार्य चल रहा है, जिसकी पूर्ति जनवरी १९८१ के अन्त तक हो जाने की पूर्ण आशा है।

इन कार्यों के अतिरिक्त समय-समय पर ख्यातनामा विद्वानों के गवेषणात्मक व्याख्यान तथा परिसंवाद गोष्ठियों (सेमिनार) का भी आयोजन होता है। ये आयोजन 'विश्वविद्यालय अनुदान आयोग' तथा प्रादेशिक सरकार की सहायता से सम्पन्न होते हैं। इनमें देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों और अनुसन्धान-संस्थानों के प्रख्यात विद्वान् आमन्त्रित होते हैं, जो विभिन्न विषयों में अनुसन्धानपूर्ण निबन्ध प्रस्तुत करते हैं। इन निबन्धों पर उपस्थित विद्वानों द्वारा गम्भीर विचार-विमर्श होता है और उससे निर्गत निष्कर्षों के सम्मिश्रण से निबन्धों को परिष्कृत किया जाता है।

यद्यपि यह कार्य विश्वविद्यालय में बहुत दिनों से चल रहा है और इन गोष्ठियों के माध्यम से विभिन्न शास्त्रीय विषयों पर शताधिक निबन्ध विश्वविद्यालय को प्राप्त हैं, किन्तु अब तक उनके प्रकाशन की व्यवस्था नहीं थी। अतः इन निबन्धों का लाभ व्यापकरूप से विद्वत्-समाज को उपलब्ध नहीं हो रहा था। इसलिए इस वर्ष यह निश्चय किया गया कि परिसंवाद गोष्ठियों के माध्यम से प्राप्त होने वाले उत्तम निबन्धों को परिसंवाद शीर्षक से प्रकाशित किया जाय। इस निश्चय के अनुसार 'परिसंवाद' का यह प्रथम भाग प्रस्तुत किया जा रहा है।

इस अङ्क में बौद्ध दर्शन और पालि-विभाग, जो अब 'श्रमण-विद्या-संकाय' के अङ्ग हैं और प्रो॰ जगन्नाथ उपाध्याय की देख-रेख में प्रशंसनीय कार्य कर रहे हैं, की ओर से आयोजित "बौद्ध एवं अन्य भारतीय योग-साधना" विषयक गोष्ठी से सम्बन्धित निबन्धों का समावेश किया गया है। आशा है इस प्रयास का विद्वज्जनों द्वारा समादर होगा।

'परिसंवाद' का यह भाग उक्त विभाग के विद्वानों द्वारा गठित सम्पादक मण्डल से सम्पादित हुआ है तथा उसके प्रकाशन में प्रकाशनाधिकारी डॉ० हरिश्चन्द्र मणि त्रिपाठी ने विशेष उत्साह दिखाया है। मैं सभी सम्पादकों तथा सम्बद्ध निबन्धों की प्रापक-गोष्ठी के संयोजक श्री उपाध्याय एवं प्रकाशनाधिकारी को धन्यवाद देता हूँ तथा आशा करता हूँ कि वे लोग एवं विश्वविद्यालय के अन्य अध्यापकगण, निदेशक अनुसन्धान संस्थान और विश्वविद्यालय के अधिकारी इस शुभारम्भ को सोत्साह नियमितरूप से चलाते रहने के लिए कृतसंकल्प तथा सदैव सचेष्ट रहेंगे।

मकर संक्रान्ति
वि० सं० २०३७
(१४-१-१९८१ खैस्ताब्द)

बदरीनाथ शुक्ल
कुलपति
सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी

बौद्ध एवं अन्य भारतोय योग–साधना

विषय-सूची

३. हिन्दी-निबन्ध

4. ENGLISH ARTICLES

उपर्युक्त निबन्धों में व्यक्त विचार एवं शोध-निष्कर्ष निबन्ध लेखकों के अपने हैं। उनका सम्पूर्ण श्रेय एवं उत्तरदायित्व लेखकों का है।

बौद्ध एवं अन्य भारतीय योगसाधना

पृष्ठभूमि

दुन्निग्गहस्स लहुनो यत्थकामनिपातिनो।
चित्तस्स दमथो साधु चित्तं दन्तं सुखावहं॥
(धम्म०—३ : ३)

दूरङ्गमं एकचरं असरीरं गुहासयं।
ये चित्तं संयमिस्सन्ति मोक्खन्ति मारबन्धना॥
(धम्म०—३ : ५)

तुम्हेहि किच्चं आतप्पं अक्खातारो तथागता।
पटिपन्ना पमोक्खन्ति झायिनो मारबन्धना॥
(धम्म०—२० : ४)

भगवान् बुद्ध और उनकी साधना

श्री रामशङ्कर त्रिपाठी

भगवान् बुद्ध के समस्त उपदेशों का निर्वाण ही एकमात्र रस है। बुद्धत्व प्राप्ति के अनन्तर वे लगातार निर्वाणप्रापक मार्ग का ही मुख्यतः उपदेश देते रहे। मार्ग की शरण में जाने के लिये ही वे बराबर अपने अनुयायियों को प्रेरित करते रहे। विनेय जनों को मार्ग पर अवतरित करने के लिये ही उन्होंने विभिन्न उपायों का अवलम्बन किया। उनका दावा था कि जिस मार्ग का वे उपदेश कर रहे हैं, वही दुःखनिरोध का एकमात्र मार्ग है। क्योंकि उसी मार्ग पर चलकर उन्होंने दुःख के अशेष कारणों का समूल नाश किया था। दुःख किसी को भी प्रिय नहीं होता, अतः उन्होंने करुणा-पूर्वक आह्वान किया कि दुःखप्रहाणार्थी समस्त जन अविलम्ब मेरे धर्मविनय में प्रव्रजित हों।

प्रायः यह होता है कि मनुष्य अज्ञानवश दुःख को दुःख नहीं समझ पाता। इतना ही नहीं, कभी-कभी तो वह भ्रान्तिवश दुःख को भी सुख समझने लगता है। ऐसे लोगों को यथार्थ का बोध कराने के लिये उन्होंने दुःखसत्य का प्रतिपादन किया। शरीर और मन में अनुभूत होनेवाली दुःखा वेदनाओं को साधारणतया सभी लोग दुःख समझते हैं। कुछ समझदार लोग उस दुःख से भी परिचित होते हैं जो वर्तमान में सुखवत् प्रतीत होने पर भी परिणाम में दुःखदायी होता है। यद्यपि यह दुःख पहले दुःख की अपेक्षा कुछ सूक्ष्म है; तथापि इन दोनों दुःखों का बोध कराने के लिये ही प्रधानतः भगवान् ने दुःखसत्य का प्रतिपादन नहीं किया। उनका कहना है कि वे समस्त पदार्थ दुःख हैं, जिनका उत्पाद पूर्वकृत तृष्णादि क्लेशों से युक्त कर्मों द्वारा होता है। अथवा हेतुप्रत्ययों से उत्पन्न समस्त अनित्य और क्षणिक सास्रव संस्कृत धर्म दुःख हैं। साधारणजन इस दुःख का बोध नहीं कर पाते, आर्य जन ही इसका सम्यग् ज्ञान करते हैं, इसलिये यह आर्यसत्य भी कहलाता है। इस दृष्टि से जन्म, मरण, देव, ब्रह्मा, मनुष्य, स्वर्ग, नरक; संक्षेप में पांचों स्कन्ध दुःख हैं। इस अतिसूक्ष्म दुःखता का बोध कर लेना ही वास्तव में दुःखसत्य का बोध है। इस दुःख का कारण भी अनेकविध तृष्णाएँ हैं, जिनमें सबसे प्रमुख अपने अस्तित्व की तृष्णा ही है। इसी से अन्य सभी तृष्णाएँ उत्पन्न होती हैं। जब तक इस तृष्णा का समूल नाश नहीं होगा, तब तक दुःख का निरोध भी असम्भव है। कारणनाश से ही कार्यनाश किया जा सकता है।

इस तृष्णा के नाश का उपाय ही मार्गसत्य है, जिसकी भावना से निर्वाण प्राप्त किया जा सकता है। उसी का अवलम्बन करके भगवान् बुद्ध ने स्वयं निर्वाण प्राप्त

किया और यावज्जीवन उसी का लोगों को उपदेश दिया। किन्तु उस उपाय का ज्ञान उन्हें आसानी से नहीं हुआ। किसी गुरु ने वह मार्ग उन्हें नहीं दिखलाया, अपितु बड़ी तपस्या और परिश्रम के बाद उन्होंने स्वयं उसकी खोज की।

समस्त भोगविलासों के बीच पितृगृह में रहते हुये ही जरा, व्याधि, मृत्यु आदि दुःखों से पीड़ित जनों को देखकर सर्वप्रथम उन्हें उद्वेग (संवेग) हुआ। यह संसार एक क्षण भी रहने योग्य नहीं है, मैं इसमें नश्वर भोगों को भोगते हुये रह नहीं सकता—इस प्रकार उन्हें संसार के प्रति वैराग्य उत्पन्न हुआ। उन्हें इस बात पर सर्वाधिक आश्चर्य था कि आकण्ठ दुःख में मग्न रहते हुए भी चारों ओर विविध दुःखों का साम्राज्य देखकर भी कैसे लोग हँसते, खेलते और खुशियाँ मनाते हैं। उन्होंने देखा कि आर्त्त लोगों ने आज तक विलाप करते हुए जितना आँसू बहाया है, चारों समुद्रों का खारा पानी उसकी तुलना में नगण्य है। वे सिहर उठे। उन्होंने संकल्प किया कि जागतिक दुःखों के नाश का उपाय बिना खोजे मैं चैन नहीं लूँगा। समस्त दुःखी प्राणियों का दुःख से उद्धार का भार उन्होंने अपने कन्धे पर लिया। इस तरह उनमें महाकरुणा का उत्पाद हुआ। और एक रात सारा राज-पाट, धन-दौलत, स्त्री-पुत्र आदि से भरे-पूरे परिवार को छोड़कर सत्य की खोज में वे घर से बाहर निकल पड़े।

घर से निकलने के बाद सर्वप्रथम वे आलार-कालाम के पास पहुँचे। उन दिनों ध्यानभावना के क्षेत्र में उनकी बड़ी प्रसिद्धि थी। आलार-कालाम ने उन्हें 'आकिञ्चन्यायतन समापत्ति' की देशना की। अत्यल्प काल में ही वे उसमें निष्णात हो गये। किन्तु उन्हें ऐसा लगा कि यह धर्म न तो संबोधि के लिये है और न निर्वाण के लिये। जिस तत्त्वज्ञान की प्राप्ति के उद्देश्य से वे घर से निकले थे, उसकी पूर्ति इतने से नहीं हो रही थी। इससे अधिक की जानकारी आलार-कालाम को न थी। फलतः वे वहाँ से भी अन्य आचार्य की खोज में चल दिये।

तदनन्तर वे रुद्रक रामपुत्र के यहाँ पहुँचे। इनका भी उन दिनों बड़ा नाम था। वहाँ पहुँच कर उन्होंने उनके धर्म में दीक्षा ली। रुद्रक ने उन्हें 'नैवसंज्ञाना-संज्ञायतन समापत्ति' की देशना की। उनकी बताई विधि से एकान्त में जाकर कुछ ही दिनों में उन्होंने वह समापत्ति हस्तगत कर ली। किन्तु इतने से भी उन्हें सन्तोष न हुआ। उनके उद्देश्य की सिद्धि इससे नहीं हो पा रही थी। फलतः वे वहाँ से भी चल पड़े। वहीं पर पाँच भद्रवर्गीय भिक्षु भी ब्रह्मचर्य का सेवन कर रहे थे। उन्होंने देखा कि रुद्रक रामपुत्र द्वारा उपदिष्ट समापत्ति को इस महापुरुष ने बड़ी जल्दी अधिगत कर ली, फिर भी उससे इन्हें सन्तोष न हुआ, अतः निश्चित ही इन्हें

एक दिन सम्यग् बोधि प्राप्त होगी। यदि हम लोग इनके साथ रहेंगे तो हमें भी लाभ होगा। इस आशा से वे भी बोधिसत्त्व के साथ चल दिये।

अनुक्रम से चारिका करते हुए वे उरुबिल्व नामक स्थान में पहुँचे। जहाँ का रमणीय भूप्रदेश, सुन्दर वनखण्ड और स्वच्छ नैरञ्जना नदी उन्हें ध्यानभावना आदि के अनुकूल प्रतीत हुए। उनके सामने एक लक्ष्य था, किन्तु उसकी सिद्धि का स्पष्ट मार्ग उन्हें ज्ञात न था। विभिन्न प्रकार की कठिन तपस्या करनेवाले ऋषि, मुनियों की कथाएँ उन्होंने सुन रखी थीं। सोचा शायद वे कठिन तपस्याएँ ही मुक्ति का मार्ग हों। फलतः वहीं रुककर उन्होंने तपस्या करने का संकल्प किया।

तदनन्तर वे वहीं असंस्कृत भूमि में पालथी लगाकर बैठ गये और दाँतों पर दाँत रखकर, जीभ को तालु में सटाकर चित्त से चित्त एवं काय को निष्पीडित करने लगे। ठीक उसी प्रकार जिस तरह कोई बलवान् पुरुष किसी दुर्बल पुरुष के सिर अथवा कन्धे को पकड़ कर दबाता है। इस प्रक्रिया में उन्हें असह्य कष्ट हुआ, किन्तु उत्साहपूर्वक वे उसे करते रहे। हेमन्त ऋतु की शीत रात्रि में भी उनके शरीर से पसीना बहने लगा। यद्यपि इस साधना से अप्रमाद और स्मृति सुप्रतिष्ठित हुए, किन्तु कामतृष्णा के प्रहाण की दृष्टि से कुछ भी लाभ न हुआ।

इसके बाद उन्होंने श्वास-प्रश्वास रोककर आस्फानक ध्यान करने का विचार किया। मुख और नाक के छिद्र उन्होंने बलपूर्वक बन्द कर दिये। फलस्वरूप उनके शरीर की भीतरी वायु वेगपूर्वक श्रोत्रद्वार से निकलने लगी, जिससे अत्यधिक शब्द होने लगा, ठीक उसी प्रकार जिस तरह लोहार की धौंकनी से शब्द निकलता है। तदनन्तर उन्होंने कान के छिद्रों को भी बन्द कर दिया। फलस्वरूप उनकी भीतरी वायु ऊपर मूर्धा में आघात करने लगी, जिससे उन्हें भयङ्कर शिरोवेदना होने लगी। ठीक उसी प्रकार जैसे कोई हथौड़े से शिर में चोट पहुँचा रहा हो। किन्तु बोधिसत्त्व उत्साह और धैर्य के साथ सब कुछ सहन करते रहे। सभी छिद्रों से वायु को रोक देने से कुछ समय बाद उनके पेट में अत्यन्त तीव्र वेदना होने लगी, जैसे कोई गो-घातक कसाई तेज धारवाले छुरे से आतें काट रहा हो। बोधिसत्त्व ने इसे भी सहन किया। तदनन्तर इस प्रक्रिया से उनके पूरे शरीर में भयंकर दाह होने लगा, जैसे दो बलवान पुरुष किसी दुर्बल पुरुष की बाहें पकड़कर तप्त कड़ाही में भून रहे हों। उस समय वहाँ उपस्थित कुछ देवतागण यह कहने लगे कि गौतम मर गया; कुछ कहने लगे कि अभी मरा नहीं है—इत्यादि। बोधिसत्त्व इस चर्या को भी उत्साहपूर्वक करते रहे। यद्यपि इससे अप्रमाद और स्मृति सुप्रतिष्ठित हुए, किन्तु कामतृष्णा शान्त न हुई, केवल शरीर को ही कष्ट हुआ।

तदनन्तर उन्हें विचार हुआ कि कुछ लोग आहार से भी शुद्धि मानते हैं, अतः क्यों न मैं आहार छोड़कर तपस्या करूँ। फलतः उन्होंने क्रमशः आहार कम करना शुरू किया। सबसे पहले एक वक्त का आहार छोड़ दिया। एक वक्त के आहार में भी धीरे-धीरे अन्न की मात्रा कम करने लगे। यहाँ तक कि एक तण्डुल, एक तिल पर जीवन-यापन करने लगे। इससे उनका शरीर सूखकर काँटा हो गया और शरीर का वर्ण काला पड़ गया। दुर्बलता चरम सीमा पर पहुँच गई। चमड़ी हड्डी से चिपक गई। सारी गाठें दिखलाई पड़ने लगीं। आँखें धँस गयीं। पेट और पीठ परस्पर सट गये। जब वे पेट पकड़ना चाहें, तो पीठ पकड़ में आ जाए। किसी कार्य से उठना चाहें, तो वहीं भहरा कर गिर पड़ें। जब अपने शरीर पर हाथ फेरें तो रोम झड़ने लगें। देखनेवालों में कोई कहता था कि गौतम काला है, कोई कहता श्याम है। इस उग्र तपस्या से भी उन्हें अभीप्सित ज्ञान का लाभ न हुआ।

छः वर्षों तक सम्यक् मार्ग के अन्वेषण में वे लगातार कठोर तपश्चरण करते रहे। उन्हें यह विचार हुआ कि अतीत काल में किसी श्रमण या ब्राह्मण ने तपश्चर्या करते समय जितनी दुःखा वेदनाएँ अनुभूत की होंगी, वे इससे अधिक न होंगी। भविष्य में भी इससे अधिक वेदनाएँ कोई साधक न भोगेगा। इस पूरे साधनाकाल में वे बराबर आत्मविश्लेषण करते रहे कि मेरे राग, द्वेष, मोह आदि दुःखों का मूल समाप्त हुआ कि नहीं। इसीलिये वे घर से निकलकर प्रव्रजित हुये थे; किन्तु अभी तक उन्हें सन्तोष न हुआ। उन्होंने निश्चय किया कि यह कठोर तपश्चरण संबोधि का मार्ग नहीं है।

एक दिन उन्हें वह समय याद आया, जब अपने पिता शुद्धोधन के खेत में जामुन की शीतल छाया में बैठे हुए उन्हें प्रथम ध्यान प्राप्त हुआ था। उन्होंने सोचा शायद वही बोधि का मार्ग हो। किन्तु इस प्रकार की दुबली-पतली काया से वह ध्यान प्राप्त करना सुकर न था। फलतः वे स्थूल आहार ग्रहण करने लगे। उन दिनों जो पाँच भद्रवर्गीय भिक्षु उनकी सेवा-शुश्रूषा में लगे थे, उन्होंने सोचा कि इतनी कठिन तपस्या से जब इन्हें ज्ञान प्राप्त न हुआ तो अब जब ये स्थूल आहार ग्रहण करने लगे, तब क्या प्राप्त होगा। फलतः निराश होकर वे उनका साथ छोड़कर वहाँ से चल दिये।

तदनन्तर बोधिसत्त्व आसपास के गाँवों में भिक्षाचरण करने लगे। जब उनके शरीर में कुछ बल संचित हुआ तो वे एक वैशाख पूर्णिमा के दिन बोधिवृक्ष के नीचे यह प्रतिज्ञा करके आसन लगा कर बैठ गये कि चाहे मेरा शरीर सूख जाए, त्वक्, अस्थि, मांस आदि विलीन हो जाएँ, बिना बोधि प्राप्त किये मैं इस आसन से उठूँगा

नहीं। वहीं पर उन्होंने सर्वप्रथम मारविजय की और क्रमशः, प्रथम, द्वितीय, तृतीय, और चतुर्थ ध्यान प्राप्त किये।

चित्त के शुद्ध, समाहित, कर्मण्य एवं अप्रकम्प्य हो जाने पर रात्रि के प्रथम प्रहर में उन्होंने दिव्यचक्षु अभिज्ञा की प्राप्ति के लिये चित्त का अभिनिर्हार किया। इसके बल से वे उत्पद्यमान, च्यवमान, सुवर्ण, दुर्वर्ण, सुगत, दुर्गत, हीन, प्रणीत आदि नाना सत्त्वों को देखने लगे। इस तरह उन्हें रात्रि के प्रथम प्रहर में दिव्यचक्षु अभिज्ञा की प्राप्ति हुई। रात्रि के मध्य याम में उन्हें पूर्वनिवासानुस्मृति अभिज्ञा प्राप्त हुई, जिसके बल से उन्होंने अपने और दूसरे सत्त्वों के अनेक जन्मों की स्थिति का बोध कर लिया। तदनन्तर रात्रि के पश्चिम याम में उन्होंने आस्रवक्षयज्ञान और अनुत्पाद-ज्ञान के लिये चित्त का अभिनिर्हार किया। उन्हें ऐसा विचार उत्पन्न हुआ कि यह लोक उत्पन्न होता है, जीर्ण होता है, मरता है, किन्तु जरा, व्याधि, मरण धर्मवाले, अशेष दुःखस्कन्ध के निरोध का उपाय नहीं जानता। तब उन्हें यह जिज्ञासा हुई कि किसके होने पर जरा-मरण होते हैं अर्थात् जरा-मरण का क्या हेतु है? तब उन्हें यह ज्ञान हुआ कि जन्म होने पर जरा-मरण होते हैं। क्या होने पर जाति होती है? भव होने पर जाति होती है। इसी तरह उपादान होने पर भव होता है। तृष्णा होने पर उपादान होता है। वेदना होने पर तृष्णा होती है। स्पर्श होने पर वेदना होती है। षडायतन होने पर स्पर्श होता है। नाम-रूप होने पर षडायतन होते हैं। विज्ञान होने पर नामरूप होते हैं। संस्कार होने पर विज्ञान होता है तथा अविद्या होने पर संस्कार होते हैं। इस प्रकार अविद्या से संस्कार, संस्कार से विज्ञान, विज्ञान से नाम-रूप, नाम-रूप से षडायतन, षडायतन से स्पर्श, स्पर्श से वेदना, वेदना से तृष्णा, तृष्णा से उपादान, उपादान से भव, भव से जाति और जाति से जरा, मरण, शोक, परिदेव, दुःख, दौर्मनस्य और उपायास प्रादुर्भूत होते हैं। इस तरह इस सम्पूर्ण दुःखस्कन्ध का समुदय होता है।

इस प्रकार पहले अज्ञात, अश्रुत धर्मों में योनिशोमनस्कार के कारण उन्हें चक्षु उत्पन्न हुआ, प्रज्ञा उत्पन्न हुई, आलोक उत्पन्न हुआ।

तब बोधिसत्त्व को यह हुआ कि किसके न होने पर जरा-मरण नहीं होते अथवा किसके निरोध से जरा-मरण का निरोध होता है? तब उन्हें यह ज्ञान हुआ कि जाति के न होने पर जरा-मरण नहीं होते या जाति के निरोध से जरा-मरण का निरोध होता है। इसी तरह भव के निरोध से जाति का निरोध होता है, उपादान के निरोध से भव का निरोध, तृष्णा के निरोध से उपादान का निरोध, वेदना के निरोध से तृष्णा का निरोध, स्पर्श के निरोध से वेदना का निरोध, षडायतन के निरोध से

स्पर्श का निरोध, नाम-रूप के निरोध से षडायतन का निरोध, विज्ञान के निरोध से नाम-रूप का निरोध, संस्कार के निरोध से विज्ञान का निरोध तथा अविद्या के निरोध से संस्कार का निरोध होता है। इस तरह इस सम्पूर्ण दुःखस्कन्ध का निरोध होता है। इस प्रकार पहले से अज्ञात, अश्रुत आदि धर्मों में योनिशोमनस्कार के कारण उनमें चक्षु उत्पन्न हुआ, प्रज्ञा उत्पन्न हुई, आलोक उत्पन्न हुआ।

उस समय बोधिसत्त्व ने यह दुःख आर्यसत्य है, इस प्रकार यथार्थतः जाना। यह आस्रवसमुदय है, यह आस्रवनिरोध है, यह आस्रवनिरोधगामिनी प्रतिपद् है, ऐसा यथार्थतः जाना। यह कामास्रव है, यह भवास्रव है, यह अविद्यास्रव है और यह दृष्ट्यास्रव है।। यहाँ आस्रव निरवशेष निरुद्ध होते हैं। यह अविद्या है, यह अविद्या-समुदय है, यह अविद्यानिरोध है और यह अविद्यानिरोधगामिनी प्रतिपद् है। यहाँ अविद्या अशेष निरुद्ध हो जाती है। यह संस्कार है, यह संस्कारसमुदय है, यह संस्कारनिरोध है, यह संस्कारनिरोधगामिनी प्रतिपद् है, यह विज्ञान है''''इत्यादि। ये शोक, परिदेव, दुःख, दौर्मनस्य, उपायास है, इस तरह इस सम्पूर्ण दुःखस्कन्ध का उत्पाद होता है, निरोध होता है—इस प्रकार बोधिसत्त्व ने यथार्थतः जाना। यह दुःखसमुदय है। यह दुःखनिरोध है, यह दुःखनिरोधगामिनी प्रतिपद् है, इसे यथार्थतः जाना।

इस प्रकार बोधिसत्त्व ने रात्रि के पश्चिम याम में अरुणोदय के समय जो जानना चाहिये, जो प्राप्त करना चाहिये, जो देखना चाहिये और जिसका साक्षात् करना चाहिये, समस्त प्रज्ञा के द्वारा जान लिया, प्राप्त कर लिया, देख लिया और साक्षात् कर लिया। इस तरह उन्होंने अनुत्तर सम्यक् संबोधि प्राप्त की। उन्हें आस्रव-क्षयज्ञान, अनुत्पादज्ञान और सर्वज्ञ ज्ञान प्राप्त हुआ। किन्तु बोधि का यह मार्ग उन्होंने बिना किसी की सहायता से अपने आप अपने प्रयास से खोजा। इसीलिए एक आजी-वक के पूछने पर उन्होंने कहा—

सब्बाभिभू सब्बविदूहमस्मि सब्बेसु धम्मेसु अनूपलित्तो।
सब्बञ्जहो तण्हक्खये विमुत्तो सयं अभिञ्ञाय कमुद्दिसेय्यं॥
न मे आचारियो अत्थि सदिसो मे न विज्जति।
सदेवकस्मिं लोकस्मिं नत्थि मे पटिपुग्गलो॥
अहं हि अरहा लोके अहं सत्था अनुत्तरो।
एकोम्हि सम्मासम्बुद्धो सीतिभूतोस्मि निब्बुतो॥

● ● ●

स्थविरवादी बौद्धसाधना

श्री रामशङ्कर त्रिपाठी

स्थविरवादी बौद्ध साधना का लक्ष्य अपना मोक्ष या निर्वाण है। वह निर्वाण भी एकमात्र लोकोत्तर प्रज्ञा द्वारा समधिगम्य है। लोकोत्तर प्रज्ञा का उत्पाद समाधि से ही सम्भव है (समाहितो यथाभूतं पजानाति)। समाधि के लिए व्यक्ति का शीलवान् होना जरूरी है। दुःशील का चित्त एकाग्र नहीं हो सकता; क्योंकि प्रत्येक अकुशल कर्म के पीछे राग, द्वेष एवं मोह में से प्रमुखतः किसी एक का हाथ अवश्य होता है और इनके होने पर विक्षेप और औद्धत्य का होना अवश्यम्भावी है, जो शमथ या समाधि के बाधक हैं। अर्थात् विक्षेप एवं औद्धत्य के कारण चित्त एक आलम्बन में अधिक देर तक स्थिर नहीं रह पाता। फलतः शील समाधि और प्रज्ञा का आधार हो जाता है।

निर्वाणाभिलाषी शीलवान् व्यक्ति सर्वप्रथम किसी एक आलम्बन में एकाग्रता (शमथ) सिद्ध करता है। तदनन्तर वस्तु के यथार्थ तत्त्व को जानने के लिए उस शमथ का विपश्यना के साथ योग करता है। इस शमथविपश्यनायुगलसमाधि की भावना से अन्त में समस्त क्लेशों का अशेष क्षय करनेवाली लोकोत्तर प्रज्ञा का उदय होता है, जिसके द्वारा निर्वाण का अधिगम होता है।

इस तरह शमथ और विपश्यना भावना मिलकर यह साधनाविधि पूर्ण होती है, क्योंकि इसका लक्ष्य निर्वाण होता है, न कि कुछ ध्यान या लौकिक अभिज्ञाओं की प्राप्ति मात्र। अतः अब यहाँ शमथभावना और विपश्यना भावना का स्थविरवादी दृष्टिकोण से क्रमशः संक्षिप्त निरूपण किया जा रहा है।

(१) शमथभावना

संसार से विरक्त, निर्वाण के अभिलाषी शीलवान् साधक को अपनी चित-सन्तति में समाधि के उत्पाद के लिए सर्वप्रथम कल्याणमित्र गुरु के समीप जाना चाहिए। गुरु साधक के अध्याशय अर्थात् चरित्रगत विशेषता को जानकर समाधि के चालीस प्रकार के आलम्बनों में से कोई एक उसे देता है, जिसे गुरूपदिष्ट विधि से आलम्बन बनाकर साधक समाधि का लाभ करता है।

संसार में प्रतिव्यक्ति का अपना विशिष्ट चरित्र होता है। वह चरित्र भी परिस्थितिवश बदलता रहता है, फिर भी व्यक्ति के अन्तःस्थल में कुछ मूलभूत तत्त्व

होते हैं, जिनसे परिस्थितिवश कभी कम और कभी अधिक वह जीवनभर प्रेरित होता रहता है। उन्हीं के आधार पर बौद्धों ने व्यक्तियों के छह भेद किये हैं, यथा—रागचरित, द्वेषचरित, मोहचरित, श्रद्धाचरित, बुद्धिचरित एवं वितर्कचरित। किसी भी एक व्यक्ति में कोई भी एक चरित स्पष्ट नहीं होता। अधिकतर चरितों का मिश्रण होता है, फलतः ६३ या ६४ प्रकार के पुद्गल हो जाते हैं।

समाधि के आलम्बन, जिसे बौद्ध शब्दावलि में 'कर्मस्थान' (कम्मट्ठान) कहते हैं—४० प्रकार के होते हैं, इनका भी सात भागों में वर्गीकरण किया गया है, यथा—

१. दस कात्स्न्यं (कसिण)—पृथ्वीकात्स्न्यं, अप्कात्स्न्यं, तेजःकात्स्न्यं, वायुकात्स्न्यं, नीलकात्स्न्यं, पीतकात्स्न्यं, लोहितकात्स्न्यं, अवदातकात्स्न्यं, आकाशकात्स्न्यं एवं आलोककात्स्न्यं।

२. दस अशुभ—उद्ध्मातक, विनीलक, विपूयक, विच्छिद्रक, विखादितक, विक्षिप्तक, हतविक्षिप्तक, लोहितक, पुलवक एवं अस्थिक।

३. दस अनुस्मृतियाँ—बुद्धानुस्मृति, धर्मानुस्मृति, संघानुस्मृति, शीलानुस्मृति, त्यागानुस्मृति, देवतानुस्मृति, उपशमानुस्मृति, मरणानुस्मृति, कायगतास्मृति एवं प्राणापानस्मृति।

४. चार अप्रमाण—मैत्री, करुणा, मुदिता एवं उपेक्षा। इन्हें ब्रह्मविहार भी कहते हैं।

५. आहार में प्रतिकूल संज्ञा।

६. चतुर्धातुव्यवस्थान।

७. चार आरूप्य—आकाशानन्त्यायतन, विज्ञानानन्त्यायतन, आकिञ्चन्यायतन एवं नैवसंज्ञानासंज्ञायतन।

समाधि के उत्पाद के लिए कौन आलम्बन किस चरितवाले व्यक्ति के अनुकूल होता है? उसे इस प्रकार जानना चाहिए—

(क) दस अशुभ एवं कायगता स्मृति—ये ११ कर्मस्थान रागचरित पुद्गल के लिए अनुकूल होते हैं।

(ख) मैत्री, करुणा, मुदिता और उपेक्षा तथा नील, पीत, लोहित एवं अवदात—ये ८ कर्मस्थान द्वेषचरित पुद्गल के अनुकूल होते हैं।

(ग) प्राणापानस्मृति कर्मस्थान मोह एवं वितर्क चरितवाले पुद्गल के अनुकूल है।

(घ) बुद्ध, धर्म, संघ, शील, त्याग एवं देवतानुस्मृति, ये छह अनुस्मृतियाँ श्रद्धाचरित पुद्गल के अनुकूल हैं।

(ङ) मरणानुस्मृति, उपशमानुस्मृति, आहार में प्रतिकूल संज्ञा, चतुर्धातुव्यवस्थान—ये चार कर्मस्थान प्रज्ञाचरित पुद्गल के अनुकूल होते हैं।

(च) पृथ्वी, अप्, तेजस्, वायु, आकाश एवं आलोक नामक छह कात्स्न्यं तथा आकाशानन्त्यायतन आदि चार आरूप्य—ये १० कर्मस्थान सभी चरितवाले पुद्गल के अनुकूल होते हैं।

इन चालीस कर्मस्थानों में से किसी को आलम्बन बनाकर जब भावना प्रारम्भ की जाती है, उस समय वह आलम्बन परिकर्मनिमित्त कहलाता है और भावना करनेवाला चित्त परिकर्मभावना कहलाता है। आँख मूंद लेने पर भी जब वह आलम्बन खुली आँखों से देखने की तरह चित्त द्वारा गृहीत होने लगता है, उस समय वह आलम्बन उद्ग्रहनिमित्त कहलाता है। इस उद्ग्रहनिमित्त को आलम्बन बनाकर जब और भावना की जाती है तो श्रद्धा आदि इन्द्रियों के अधिक विकसित हो जाने के कारण कुशल चित्तों को बाधा पहुँचानेवाले कामच्छन्द आदि नीवरण धर्म विगलित होने लगते हैं और भावना करनेवाली चित्तसन्तति में वितर्क आदि ध्यानाङ्ग प्रादुर्भूत होने लगते हैं। यद्यपि इस समय भावना करनेवाली सन्तति अर्पणा प्राप्त नहीं होती तथापि ध्यान के समीप पहुँच जाने से वह उपचारभावना या उपचारसमाधि कहलाती है। इस समय इसका आलम्बन भी उद्ग्रहनिमित्त की सीमा का अतिक्रमण करके प्रतिभागनिमित्त के रूप में अवभासित होता है। यह प्रतिभागनिमित्त उद्ग्रहनिमित्त की अपेक्षा अधिक विशुद्ध, प्रभास्वर एवं चिकना (मसृण) होता है। प्रतिभागनिमित्त के अवभासित होने के अनन्तर पुनः भावना की जाती है तो योगी थोड़ी ही देर में अर्पणाभावना या अर्पणासमाधि नामक रूपावचर प्रथम ध्यान प्राप्त कर लेता है।

उपर्युक्त चालीस कर्मस्थानों में से बुद्धानुस्मृति आदि ८ अनुस्मृतियाँ, आहार में प्रतिकूल संज्ञा १, चतुर्धातुव्यवस्थान १, ब्रह्मविहार ४ एवं आरूप्य ४=१८ कर्मस्थानों में प्रतिभागनिमित्त प्रादुर्भूत नहीं होता। १० कात्स्न्यं, १० अशुभ, कायगता स्मृति एवं प्राणापानस्मृति—इन २२ आलम्बनों में ही प्रतिभागनिमित्त प्राप्त होता है। बुद्धानुस्मृति आदि ८ अनुस्मृतियाँ, आहार में प्रतिकूल संज्ञा एवं चतुर्धातुव्यवस्थान—इन १० कर्मस्थानों की भावना करने पर उपचारभावना की ही प्राप्ति होती है, अर्पणा नामक ध्यान की प्राप्ति नहीं होती। अर्पणाभावना को प्राप्त करने में समर्थ अवशिष्ट ३० कर्मस्थानों में से १० कात्स्न्यं एवं प्राणापानस्मृति—इन ११ आलम्बनों में से किसी एक को आलम्बन बनाकर भावना करने से प्रथम ध्यान से लेकर चतुर्थ ध्यान तक की प्राप्ति हो सकती है। १० अशुभ एवं कायगतास्मृति—इन ११ कर्मस्थानों में से किसी एक की भावना करने से केवल प्रथम ध्यान की ही प्राप्ति होती है।

चार ब्रह्मविहारों में से मैत्री, करुणा एवं मुदिता की भावना से प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय ध्यान प्राप्त किये जा सकते हैं। उपेक्षा ब्रह्मविहार एवं चार आरूप्य की भावना से चतुर्थ ध्यान की प्राप्ति होती है।

ध्यान कुल आठ होते हैं। चार रूपावचर एवं चार अरूपावचर ध्यान। इनमें से प्रथम रूपावचर ध्यान प्राप्त करने की विधि इस प्रकार है।

सर्वप्रथम कामगुणों में दोष देखकर ध्यान, मार्ग एवं फल की एकान्त अभिलाषा करनेवाला साधक स्वसम्बद्ध शील का विशोधन करे। तदनन्तर ध्यान के दस विघ्नों[1] का समुच्छेद करके लक्षणसम्पन्न कल्याणमित्र के समीप जाकर कर्मस्थान ग्रहण करे। इसके बाद १८ प्रकार के अननुरूप विहार[2] का परिवर्जन एवं पाँच अङ्गों से समन्वागत विहार[3] का आसेवन करते हुए केश, नख आदि क्षुद्र विघ्नों[4] को पहले ही दूर कर भावना प्रारम्भ करे।

अर्पणा प्राप्त कराने में समर्थ कोई भी आलम्बन लेकर भावना प्रारम्भ की जा सकती है तथा सभी आलम्बनों की भावनाविधि भिन्न-भिन्न है। यहाँ पृथ्वी-कात्स्र्न्य को आलम्बन बनाकर भावना करने की विधि दिखलायी जा रही है। साधक को भूरे रंग की साफ चिकनी एवं गीली मिट्टी लेकर किसी काष्ठफलक या वस्त्रखण्ड पर लेप करके १ बीते ४ अंगुल प्रमाण का समतल गोल मण्डल बनाना चाहिये तथा उस गोले को नील वर्ण के किनारे से घेर देना चाहिए। तदनन्तर उसे एकान्त स्थान में ले जाकर न अधिक दूर और न अधिक समीप जहाँ से मण्डल भलीभाँति दिखाई दे, आसन बिछाकर बैठ जाना चाहिए तथा न अधिक विस्फार और न अधिक संकोच, अपितु मध्यम परिमाण में आँख खोलकर उसे देखना

१. द्रष्टव्य—
आवासो च कुलं लाभो गणो कम्मं च पञ्चमं।
अद्धानं ञाति आबाधो गन्थो इद्धीति ते दस॥—विसुद्धिमग्ग, पृ० २०१।

२. द्रष्टव्य—
महावासं नवावासं जरावासं च पन्थनिं।
सोण्डि पण्णं च पुप्फं च फलं पत्थितमेव च॥
नगरं दारुना खेत्तं विसभागेन पट्टनं।
पच्चन्तसीमासप्पायं यत्थ मित्तो न लब्भति॥
अट्ठारसेतानि ठानानि इति विञ्ञाय पण्डितो।
आरका परिवज्जेय्य मग्गं सप्पटिभयं यथा॥—विसुद्धिमग्ग, पृ० २५९

३. विसुद्धिमग्ग; पृ० २५९–२६०।

४. विसुद्धिमग्ग, पृ० २६०।

चाहिए। इस प्रकार देखते हुए उसके वर्ण एवं कार्कश्य आदि के प्रति ध्यान न देकर पृथ्वी द्रव्य को ही देखना चाहिए। साथ ही मुख से 'पृथ्वी, पृथ्वी' आदि उच्चारण करते हुए या केवल चित्त से आवर्जन करते हुए भावना करनी चाहिए। भावना करते समय बीच-बीच में आँख खोलकर तथा कभी कभी आँख बन्द कर विचार करते हुए जब तक उद्ग्रहनिमित्त उत्पन्न न हो जाय, प्रयत्न करना चाहिए।

उद्ग्रहनिमित्त के उत्पन्न हो जाने पर अब वहाँ बैठने की कोई आवश्यकता नहीं रह जाती, अतः अपने स्थान पर लौटकर प्रतिभागनिमित्त के उत्पाद के लिए उसी की पुनः पुनः भावना करनी चाहिए। प्रतिभागनिमित्त के उत्पन्न होने पर पुनः भावना करने से पाँच ध्यानाङ्गों से समन्वागत उपचारसमाधि एवं प्रथमध्यान नामक अर्पणासमाधि प्राप्त होती है। वितर्क, विचार, प्रीति, सुख एवं एकाग्रता ये पाँच ध्यानाङ्ग हैं। ज्ञातव्य है कि कामच्छन्द, व्यापाद, विचिकित्सा स्त्यान-मिद्ध एवं औद्धत्य-कौकृत्य – ये पाँच नीवरण धर्म समाधि के बाधक हैं। जब तक इनका प्रहाण नहीं होता, चित्त आलम्बन में यथेच्छ स्थिर नहीं हो पाता। वितर्क, विचार आदि ध्यानाङ्गों द्वारा इनका प्रहाण कर देने पर ध्यान का लाभ होता है। इनमें से वितर्क स्त्यान एवं मिद्ध का प्रहाण करता है। विचार विचिकित्सा का, प्रीति व्यापाद का, सुख औद्धत्य एवं कौकृत्य का तथा एकाग्रता कामच्छन्द का प्रहाण करते हैं।

द्वितीय आदि ध्यान प्राप्त करने की विधि—द्वितीय ध्यान के अभिलाषी साधक को प्राप्त हुए प्रथम ध्यान को ही पाँच वशिताओं[1] द्वारा वशीभूत करके पुनः पुनः भावना करनी चाहिए। वशीभाव प्राप्त हो जाने पर साधक द्वितीयादि ध्यान प्राप्त करने के लिये प्रथम ध्यान के पाँचों अङ्गों का आवर्जन करके उनमें से वितर्क और विचार के प्रति 'ये स्थूल धर्म हैं, इनके न होने पर ही चित्त शान्त होगा' इस प्रकार उनमें दोष देखकर वितर्कविचारविरागभावना करता है। फलतः उसी आलम्बन में वितर्क और विचार से रहित प्रीति, सुख और एकाग्रता—इन तीन अङ्गोंवाला द्वितीयध्यान प्राप्त करता है। इसी नय से प्रीति में दोष देख कर प्रीति-विरागभावना के फलस्वरूप प्रीति से रहित सुख और एकाग्रता इन दो अङ्गोंवाला तृतीय ध्यान प्राप्त करता है। इसी प्रकार सुख में दोष देखकर सुखविरागभावना के बल से सुखरहित उपेक्षा और एकाग्रता से युक्त चतुर्थ ध्यान प्राप्त करता है। इस चतुर्थ ध्यान को पादक बनाकर साधक चाहे तो नाना प्रकार की अभिज्ञाओं में सिद्धि प्राप्त कर सकता है, ऋद्धिविध अभिज्ञा, दिव्यश्रोत्र अभिज्ञा, परचित्तज्ञान

१. द्रष्टव्य—विसुद्धिमग्ग, पृ० ३२७–३३०।

अभिज्ञा, पूर्वनिवासानुस्मृति अभिज्ञा एवं दिव्यचक्षु अभिज्ञा संक्षेप में ये पाँच अभिज्ञाएँ हैं[1]।

अरूपावचर ध्यान—समस्त रूपी आलम्बनों के प्रति घृणा करनेवाला योगी प्राप्त चतुर्थध्यान में आदीनव (दोष) देखकर प्रथम आरूप्यविज्ञान को उपशमहेतु समझता हुआ उसे प्राप्त करने के लिए प्रयत्न करता है। उसे आकाशकात्स्न्यंवर्जित शेष ९ कात्स्न्यों में से किसी एक मण्डल को यथेच्छ विस्तृत करके रखना चाहिए। ऐसा करने पर चित्त में अतिविशाल प्रतिभागनिमित्त अवभासित होगा। उस अवभासित कात्स्न्यंमण्डल का आलम्बन न करके उसके द्वारा व्याप्त प्रदेश का 'अनन्तो आकासो, अनन्तो आकासो' (आकाश अनन्त है) इस प्रकार आकाशप्रज्ञप्ति का चित्त द्वारा मनसिकार करना चाहिए। इस प्रकार की परिकर्मभावना करने से जिस प्रकार किसी शुष्क कूप पर से ढक्कन हटाने पर शून्य विवर दिखलाई पड़ता है, उसी प्रकार विस्तृत प्रतिभागनिमित्त के हटने पर अनन्त आकाश परिलक्षित होता है। इस प्रकार अवभासित आकाशप्रज्ञप्ति का आलम्बन करके परिकर्मभावना द्वारा 'आकासो अनन्तो, आकासो अनन्तो'—ऐसी पुनः पुनः भावना करते हुए जब पूर्वप्राप्त चतुर्थ ध्यान के प्रति तृष्णा से विमुक्ति होने लगती है, तब उपचारभावना की स्थिति आ जाती है। तदनन्तर और भावना करने पर आकाशानन्त्यायतन नामक प्रथम आरूप्य ध्यान-अर्पणा की उत्पत्ति होती है। इस ध्यान में उपेक्षा और एकाग्रता केवल ये दो अङ्ग ही होते हैं।

इस ध्यान में अभ्यस्त हो जाने पर द्वितीय अरूपावचर ध्यान का अभिलाषी साधक इसमें भी दोष देखकर आकाशप्रज्ञप्ति का आलम्बन न करके, अपितु प्रथम आरूप्यविज्ञान का ही आलम्बन करके 'अनन्तं विज्ञानं, अनन्तं विज्ञानं' इस प्रकार पुनः भावना करता है। इस प्रकार भावना करते हुए जब प्रथम आरूप्यविज्ञान के प्रति होनेवाली तृष्णा से मुक्ति होने लगती है, तब उपचारभावना की प्राप्ति होती है। तदनन्तर पुनः भावना करने पर द्वितीय आरूप्यविज्ञान नामक विज्ञानानन्त्यायतन ध्यान-अर्पणा की उत्पत्ति होती है।

तृतीय आकिञ्चन्यायतन नामक तृतीय अरूपावचर ध्यान का अभिलाषी साधक द्वितीय अरूपावचर ध्यान में भी दोष देखने लगता है और तृतीय अरूपावचर ध्यान में ही गुण देखता है। प्रथम आरूप्य विज्ञान के उत्पन्न होकर नष्ट हो जाने के कारण तथा उसका भङ्गमात्र भी अवशिष्ट न रहने के कारण 'नत्थि किञ्चि, नत्थि किञ्चि'

1. इनके स्वरूप, विस्तार एवं भावनाविधि के लिए द्र०—विसुद्धिमग्ग—इद्धिविधनिद्देस, पृ० ८११।

(यह कुछ भी नहीं है) इस प्रकार नास्तिभावप्रज्ञप्ति की भावना करता है। ऐसा करते हुए जब द्वितीय आरूप्यध्यान के प्रति तृष्णा से मुक्ति होने लगती है, तब उपचारभावना प्राप्त होती है। तदनन्तर पुनः भावना करने पर तृतीय अरूपावचर आकिञ्चन्यायतन नामक ध्यान-अर्पणा की प्राप्ति होती है।

चतुर्थ अरूपावचर ध्यान का अभिलाषी साधक तृतीय ध्यान में भी दोष देखकर 'संज्ञा गण्ड है, संज्ञा स्फोट है, संज्ञा शल्य है, न संज्ञा और न असंज्ञा ही उत्तम है' इस प्रकार भावना करता है। इस प्रकार तृतीय ध्यान में आदीनव और चतुर्थ अरूपावचर में गुण देखकर नास्तिभावप्रज्ञप्ति का आलम्बन न करके अपितु तृतीय अरूपावचर को ही 'यह शान्त है, यह प्रणीत है', इस प्रकार आलम्बन करके भावना करते हुये जब तृतीय ध्यान के प्रति भी तृष्णा से मुक्ति मिल जाती है, तो उपचार भावना की प्राप्ति होती है। तदनन्तर पुनः भावना करने पर नैवसंज्ञानासंज्ञायतन नामक चतुर्थ ध्यान-अर्पणा की उत्पत्ति होती है।

इस प्रकार शमथभावना के अन्तर्गत गृहीत चार रूपावचर एवं चार अरूपावचर ध्यानों का संक्षेप में निरूपण किया गया। ज्ञातव्य है कि रूपावचर ध्यानों में जब अग्रगति होती है, तब आलम्बन नहीं बदलता, केवल ध्यानाङ्गों में परिवर्तन होता है। एक ही आलम्बन में चारों ध्यान प्राप्त हो जाते हैं, केवल ध्यानाङ्ग बदलते रहते हैं, जब कि अरूपावचर ध्यानों में अङ्ग नहीं बदलते, चारों अरूपावचर ध्यानों में उपेक्षा और एकाग्रता ये दो ध्यानाङ्ग बराबर बने रहते हैं, किन्तु आलम्बन बराबर बदलते रहते हैं। चारों ध्यानों के आलम्बन भिन्न-भिन्न होते हैं। इसीलिये कहा है—

आलम्बनातिक्कमतो चतस्सो पि भवन्तिमा।
अङ्गातिक्कममेतासं न इच्छन्ति विभाविनो ॥ द्र०—विभावनी पृ० ३२

(२) विपश्यना भावना

मुख्यतः ज्ञान की भावना विपश्यनाभावना है। चित्तसन्तति में पुनः पुनः विपश्यनाज्ञान का उत्पाद इसका तात्पर्य है। यथार्थ वस्तुतत्त्व या निर्वाण के साक्षात्कारी मार्गज्ञान और फलज्ञान के उत्पाद की पूरी प्रक्रिया का नाम विपश्यनाभावना है। इसमें सात विशुद्धियाँ, दस विपश्यनाज्ञान, तीन विमोक्ष और तीन विमोक्षमुख आदि प्रधानतः ज्ञातव्य हैं।

१. शीलविशुद्धि—कायदुश्चरित, वाग्दुश्चरित एवं मनोदुश्चरित के अनुत्पाद के लिए अपने काय, वाक् एवं मन का संवरण ही शील है। प्रातिमोक्षसंवरशील, इन्द्रियसंवरशील, आजीवपारिशुद्धिशील एवं प्रत्ययसंनिश्रितशील 'शीलविशुद्धि' कहलाते

हैं। 'मैं झूठ नहीं बोलूँगा' इत्यादि शिक्षापदों का उच्चारण करके प्रतिज्ञात शील ही प्रातिमोक्षसंवरशील है। इसके द्वारा झूठ बोलने आदि का क्षण उपस्थित होने पर व्यक्ति की उससे रक्षा की जाती है। इन्द्रियों का नियन्त्रण करनेवाला शील ही 'इन्द्रियसंवरशील' है। इसके लिये दृष्ट, श्रुत आदि धर्मों में अभिध्या, दौर्मनस्य आदि अकुशल धर्मों के अनुत्पाद के लिये दृढ़ स्मरण एवं सम्प्रजन्य आवश्यक होता है। वस्तुतः चित्तसंयम के द्वारा ही इस शील की रक्षा सम्भव है। जीविकोपार्जन के लिए किये जानेवाले विशुद्ध कायकर्म और वाक्कर्म की कारणभूत चेतना आजीवपारिशुद्धि-शील है। चीवर, पिण्डपात, शयनासन एवं भैषज्य इन चार प्रत्ययों में संनिश्रित शील ही प्रत्ययसंनिश्रित शील है।

२. चित्तविशुद्धि—कामच्छन्द आदि नीवरण मलों से चित्त की विशुद्धि 'चित्तविशुद्धि' कहलाती है। शमथ के लिये किसी कर्मस्थान (कम्मट्ठान) को आलम्बन बनाकर भावना प्रारम्भ करनेवाला योगी जब उपचारभावना तक पहुँच जाता है, उस समय उसकी चित्तसन्तति नीवरणधर्मों से विशुद्ध हो जाती है। अतः उपचारसमाधि 'चित्तविशुद्धि' है। अर्पणाभावना द्वारा चित्तविशुद्धि के बारे में तो कुछ कहना ही नहीं है। अतः विपश्यनाभावना के अभिलाषी साधक के लिये यह अत्यन्त आवश्यक है कि वह अपने चित्त की विशुद्धि के लिये किसी एक शमथकर्म-स्थान में कम से कम उपचार समाधि अवश्य प्राप्त कर ले।

३. दृष्टिविशुद्धि—चित्त, चैतसिक एवं रूप आदि धर्मों के लक्षणों का सम्यक् परिज्ञान होने से रूप, वेदना, संज्ञा, संस्कार एवं विज्ञान नामक पाँच स्कन्धों से व्यतिरिक्त वस्तुभूत कोई आत्मा नामक द्रव्य नहीं है, इसका बोध हो जाता है। इस प्रकार का बोध ही आत्मदृष्टि नामक मल से विशुद्ध होने के कारण 'दृष्टिविशुद्धि' कहलाता है। वस्तुतः आत्मदृष्टि नामक मल से विशुद्ध दर्शन ही 'दृष्टिविशुद्धि' है।

४. काङ्क्षावितरणविशुद्धि—'मैं अतीत भव में था या नहीं, अनागत भव में होऊँगा कि नहीं, सर्वज्ञ भगवान् बुद्ध हुए कि नहीं, इत्यादि शङ्काओं का अतिक्रमण करनेवाला ज्ञान, जो अहेतुकदृष्टि, विषमहेतुकदृष्टि आदि मलों से सुविशुद्ध होता है, 'काङ्क्षावितरणविशुद्धि' कहलाता है। इसके लिये सर्वप्रथम दृष्टिविशुद्धि की अवस्था में ज्ञात नाम एवं रूप धर्मों के कारणों का परिग्रह करना होता है। अर्थात् अविद्या से संस्कार उत्पन्न होते हैं—इत्यादि प्रकार से कार्यकारणभाव का सम्यक् परिज्ञान आवश्यक होता है।

५. मार्गामार्गज्ञानदर्शनविशुद्धि—विशुद्धि में संलग्न योगी की सन्तान में विपश्यनाभावना के बल से अवभास (शारीरिक कान्ति), प्रीति, प्रश्रब्धि आदि १०

धर्म[1] उत्पन्न हो जाया करते हैं। भूल से साधक उन्हें मार्ग समझ कर उनके प्रति अनुराग करने लगता है। अर्थात् उसे विपश्यनारति हो जाती है। फलतः उसकी अग्रगति रुक जाती है और विपश्यनाक्रम बिगड़ जाता है। ऐसे समय में अपनी भूल समझकर पुनः विपश्यनाभावना करने से सही मार्ग की प्राप्ति हो जाती है। शरीर-कान्ति आदि के प्रति अनुरक्त न होकर लगातार विपश्यनाभावना करना ही मार्ग एवं फल की प्राप्ति का 'मार्ग' है तथा शरीरकान्ति (अवभास), प्रीति आदि 'अमार्ग' हैं—इस प्रकार मार्ग एवं अमार्ग को ठीक-ठीक जाननेवाला ज्ञान ही 'मार्गामार्गज्ञान-दर्शनविशुद्धि' है।

(१) सम्मर्शन ज्ञान—ज्ञातव्य है कि उपर्युक्त चार विशुद्धियों की अवस्था में नाम-रूप धर्मों की अनित्य, दुःख एवं अनात्मरूप में विपश्यना नहीं की जाती। शील-विशुद्धि की अवस्था में केवल शील की विशुद्धि का प्रयास किया जाता है। चित्त-विशुद्धि की अवस्था में चित्तविशोधन के लिये समाधि की प्राप्ति का प्रयत्न होता है। दृष्टिविशुद्धि की अवस्था में नाम एवं रूप धर्मों का पृथक्-पृथक् परिच्छेद किया जाता है तथा काङ्क्षावितरणविशुद्धि की अवस्था में उन नाम-रूप धर्मों के कारणों का अन्वेषण किया जाता है। इस मार्गामार्गज्ञानदर्शनविशुद्धि की उत्पत्ति के लिये त्रैभूमिक नामरूप संस्कार धर्मों के अनित्य, दुःख, अनात्म लक्षणों का सम्मर्शन किया जाता है। उस सम्मर्शन के चार प्रकार हैं। कलापसम्मर्शन—इसमें एक-एक स्कन्ध का पिण्ड के रूप में सम्मर्शन किया जाता है। अध्वसम्मर्शन—इसमें अतीत, अनागत आदि कालभेद करके विचार किया जाता है। सन्ततिसम्मर्शन—इसमें सन्तति का सम्मर्शन किया जाता है। क्षणसम्मर्शन—इसमें उत्पाद, स्थिति, भङ्ग आदि क्षणों से भेद करके वस्तु का विचार किया जाता है। यह अत्यन्त सूक्ष्म सम्मर्शन है।

(२) उदयव्ययज्ञान—सम्मर्शन ज्ञान के अनन्तर पुनः भावना करने से उदय-व्ययज्ञान की उत्पत्ति होती है। नाम-रूप धर्म न तो अपने उत्पाद से पूर्व सत् रहते हैं और न भङ्ग (निरोध) के अनन्तर ही किसी रूप में अनुस्यूत रहते हैं। कारण-सामग्री के सन्निधान के अव्यवहित अनन्तर उत्पन्न होते हैं और उत्पाद-समनन्तर ही निरुद्ध हो जाया करते हैं। अर्थात् कारणसामग्री से प्रतिक्षण नवीन धर्मों का उत्पाद होता है और उत्पादानन्तर निरनुबन्ध विनाश हो जाता है। जिस प्रकार सुई की नोक पर सरसों रखते ही गिर जाती है, उस प्रकार समस्त संस्कार धर्म उत्पन्न होते ही निरुद्ध हो जाते हैं—इस प्रकार का ज्ञान उदयव्ययज्ञान है।

---

१. द्रष्टव्य— ओभासो पीति पस्सद्धि अधिमोक्खो च पग्गहो।
सुखं ञाणमुपट्ठानमुपेक्खा च निकन्ति च॥
अभिधम्मत्थसंगहो ९:५५ पृ० ९३३।

६. **प्रतिपदाज्ञानदर्शनविशुद्धि**—उपर्युक्त उदयव्ययज्ञान द्वारा धर्मों के उदय एवं व्यय का ज्ञान हो जाने पर भी विपश्यनोपक्लेशक धर्मों के कारण उनके अनित्य आदि लक्षणत्रय स्पष्ट नहीं होते। मार्गामार्गज्ञानदर्शनविशुद्धि की अवस्था में उनका प्रहाण कर देने के अनन्तर पुनः अनित्य, दुःख एवं अनात्म लक्षणों के स्फुट ज्ञान के लिये भावना की जाती है। इस तरह उदयव्ययज्ञान से लेकर अनुलोम-ज्ञान पर्यन्त प्रतिपदाज्ञानदर्शन विशुद्धि का क्षेत्र है। इस विशुद्धि की अवस्था में वह ज्ञान उत्पन्न होता है जो अनित्य आदि लक्षणों को आँख से देखने की भाँति देखता है। साथ ही वह क्लेश धर्मों से विशुद्ध होता है और वही मार्ग एवं फल की प्राप्ति का कारण भी होता है। इसलिये उसे 'प्रतिपदाज्ञानदर्शनविशुद्धि' कहते हैं।

(३) **भङ्गज्ञान**—पूर्वोक्त उदयव्ययज्ञान द्वारा नाम एवं रूप धर्मों के उदय एवं व्यय का ज्ञान हो जाने पर भी वे उदय और व्यय इतने शीघ्रतया घटित होते हैं कि उनमें से भङ्ग ही अधिक स्पष्टता से परिलक्षित होता है। यह भङ्गज्ञान तब पूर्णता को प्राप्त हो जाता है, जब किसी एक संस्कार धर्म के भङ्ग को आलम्बन बनानेवाले ज्ञान के भी भङ्ग का बोध होने लगता है।

(४) **भयज्ञान**—उपर्युक्त भङ्गज्ञान जब समस्त त्रैयध्विक संस्कार धर्मों के भङ्ग ही भङ्ग का दर्शन करता है तो उन संस्कार धर्मों से भय होने लगता है। अर्थात् ये संस्कार धर्म भयोत्पादक हैं—ऐसा बोध होता है। इसका यह तात्पर्य नहीं है कि विपश्यनाभावना करनेवाला योगी भयभीत होने लगता है, अपितु उसे संस्कारधर्मों के भयोत्पादकता स्वभाव का साक्षात्कार होता है।

(५–७) **आदीनव, निर्वेद एवं मोक्तुकाम्यता ज्ञान**—संस्कार धर्मों में भयज्ञान होने के अनन्तर उनमें दोष देखनेवाला आदीनवज्ञान, उनके प्रति उदासीन या वितृष्ण रहने वाला निर्वेदज्ञान तथा उनसे छुटकारे की इच्छावाला मोक्तुकाम्यता-ज्ञान उत्पन्न होता है।

(८) **प्रतिसंख्याज्ञान** -उपर्युक्त मोक्तुकाम्यताज्ञान की अवस्था में संस्कार धर्मों से केवल मुक्त होने की कामना भर होती है, योगी उनसे मुक्त नहीं हो पाता। इस प्रतिसंख्याज्ञान द्वारा योगी उनसे सर्वथा मुक्ति का प्रयास करता है, फिर भी वे आसानी से छूट नहीं पाते। फलतः वह (योगी) उनके अनित्य, दुःख, अनात्म लक्षणों की पुनः पुनः भावना करता है, जिससे कि उन धर्मों के प्रति नित्य, सुख एवं आत्म दृष्टि का उत्पाद न होने पाये।

(९) **संस्कारोपेक्षाज्ञान**—उपर्युक्त प्रतिसंख्याज्ञान द्वारा संस्कार धर्मों का त्याग कर देने के अनन्तर उनके प्रति उपेक्षा बरतनेवाला संस्कारोपेक्षाज्ञान उत्पन्न होना

है। इसका यह तात्पर्य नहीं है कि यह ज्ञान संस्कार धर्मों का आलम्बन ही नहीं करता; क्योंकि समस्त विपश्यनाज्ञान संस्कार धर्मों का आलम्बन करके ही प्रवृत्त होते हैं। फिर भी यह ज्ञान उनके प्रति राग या द्वेष नहीं करता, अपितु उपेक्षापूर्वक अनित्य-दुःख-अनात्म की विपश्यनामात्र करता है।

(१०) **अनुलोमज्ञान**—इस ज्ञान के अनन्तर अवश्य मार्ग एवं फल की प्राप्ति होती है। फलतः यह ज्ञान ऊपर के मार्ग एवं फल की अवस्था में प्राप्त होनेवाले बोधिपक्षीय धर्मों के तथा नीचे के उदयव्ययज्ञान आदि ८ विपश्यना ज्ञानों के अनुकूल होने के कारण 'अनुलोम' ज्ञान कहलाता है। यह ज्ञान मार्गवीथि में आनेवाले परि-कर्म, उपचार, अनुलोम एवं गोत्रभू इन चार कृत्यों में से प्रथम तीन को निष्पन्न करता है। गोत्रभू संस्कार धर्मों का आलम्बन नहीं करता, वह केवल निर्वाण का ही आलम्बन करता है। फलतः वह विपश्यनाज्ञानों में सम्मिलित नहीं होता, अपितु विपश्यनाज्ञानों के मूर्धा के सदृश होने से विपश्यना में संगृहीत होता है। यह अनु-लोमज्ञान व्युत्थानगामिनी विपश्यना भी कहलाता है। यहाँ व्युत्थान से तात्पर्य मार्ग एवं फलज्ञान से है।

गोत्रभूज्ञान—पृथग्जन गोत्र का अभिभव करके आर्य गोत्र को उत्पन्न करने-वाला ज्ञान 'गोत्रभू' कहलाता है। यद्यपि यह निर्वाण का आलम्बन करता है, तथापि पूर्ववर्ती चित्तों द्वारा आसेवनप्रत्यय प्राप्त न होने से उस आलम्बन में प्रतिष्ठित नहीं हो पाता। यह निर्वाण का सर्वप्रथम द्रष्टा होने से मार्ग से पूर्व आवर्जन के स्थान पर होता है। फलतः तदनन्तरोत्पन्न मार्गज्ञान ही निर्वाण में सुप्रतिष्ठित होता है।

मार्ग एवं फल की उत्पत्ति

गोत्रभूचित्त का निरोध होने के अनन्तर चार कृत्यों का एक साथ सम्पादन करनेवाला मार्गचित्त उत्पन्न होता है। दुःखसत्य का परिज्ञाकृत्य, तृष्णा नामक समुदय-सत्य का प्रहाणकृत्य, निरोधसत्य का साक्षात्कार कृत्य एवं मार्गसत्य का भावना-कृत्य —इन चार कृत्यों का मार्गचित्त युगपद् सम्पादन करता है। मार्गचित्त यद्यपि दुःखसत्य की परिज्ञा करता है, तथापि वह उसे आलम्बन नहीं बनाता। आलम्बन तो केवल निरोध का ही करता है। फिर भी वह दुःखसत्य का ज्ञान असम्मोहप्रतिवेध द्वारा परिच्छेद करके कर लेता है। मार्गचित्त केवल एक बार (एक क्षण) प्रवृत्त होता है। तदनन्तर फलचित्तों का उत्पाद होता है। एक बार उत्पन्न होने पर भी वह दर्शनहेयक्लेशों का समूल प्रहाण कर लेता है।

७. **ज्ञानदर्शनविशुद्धि**—चार आर्य सत्यों का साक्षात्कारी ज्ञान, जो क्लेश मलों से विशुद्ध होता है, 'ज्ञानदर्शनविशुद्धि' कहलाता है।

उपसंहार—उपर्युक्त सात विशुद्धियों में से शीलविशुद्धि एवं चित्तविशुद्धि अवशिष्ट समस्त विशुद्धियों की मूल हैं। यदि ये न हों तो ऊपर की पाँच विशुद्धियों का उत्पाद सर्वथा अशक्य है। शीलविशुद्धि, चित्तविशुद्धि, दृष्टिविशुद्धि एवं काङ्क्षा-वितरणविशुद्धि– इन चार विशुद्धियों की अवस्था में नाम-रूप धर्मों का अनित्य, दुःख, अनात्मलक्षणों द्वारा सम्मर्शन नहीं किया जाता। मार्गामार्गज्ञानदर्शनविशुद्धि की अवस्था में सम्मर्शन ज्ञान एवं उदयव्यय ज्ञान का पूर्वभाग होता है। प्रतिपदाज्ञान-दर्शनविशुद्धि की अवस्था में उदयव्ययज्ञान का अन्तिम भाग, भङ्गज्ञान, भयज्ञान, आदीनवज्ञान, निर्वेदज्ञान, मोक्तुकाम्यताज्ञान, प्रतिसंख्याज्ञान, संस्कारोपेक्षाज्ञान एवं अनुलोमज्ञान होते हैं। ज्ञानदर्शनविशुद्धि की अवस्था में कोई विपश्यनाज्ञान नहीं होता। इस अवस्था में केवल निर्वाण का ही आलम्बन होता है।

विमोक्षभेद

व्युत्थानगामिनी विपश्यना तक पहुँचने से पहले संस्कार धर्मों की अनित्य, दुःख, अनात्म रूप में अनेकशः भावना करनी पड़ती है। यदि व्युत्थानगामिनी विपश्यना नाम-रूप धर्मों में से किसी एक की 'यह अनात्म है' इस प्रकार विपश्यना करती है तो वह आत्माभिनिवेश का प्रहाण करने में समर्थ होने के कारण 'शून्यता-नुपश्यना विमोक्षमुख' कहलाती है। उसके अनन्तर प्राप्त मार्ग और फल 'शून्यता-विमोक्ष' कहलाते हैं। इसी तरह 'यह अनित्य है' इस प्रकार विपश्यना करनेवाली व्युत्थानगामिनी विपश्यना नित्यताविपर्यास का प्रहाण करने में समर्थ होने के कारण 'अनिमित्तानुपश्यना विमोक्षमुख' कहलाती है तथा तदनन्तर प्राप्त मार्ग एवं फल 'अनिमित्तविमोक्ष' कहलाते हैं। 'यह दुःख है' इस प्रकार भावना करनेवाली व्युत्थान-गामिनी विपश्यना तृष्णाप्रणिधि के प्रहाण में समर्थ होने के कारण 'अप्रणिहितानु-पश्यना विमोक्षमुख' कहलाती है तथा तदनन्तर प्राप्त मार्ग एवं फल अप्रणिहित विमोक्ष कहलाते हैं।

श्रद्धेन्द्रिय योगी प्रायः अनित्य की विपश्यना करनेवाला होता है, अतः वह 'अनिमित्तविमोक्ष' प्राप्त करता है। समाधीन्द्रिय योगी प्रायः दुःख की विपश्यना करनेवाला होता है, अतः 'अप्रणिहितविमोक्ष' प्राप्त करता है तथा प्रज्ञेन्द्रियाधिक्य प्रायः अनात्म की विपश्यना करनेवाला होने से 'शून्यताविमोक्ष' प्राप्त करता है।

अपि च मार्ग एवं फलों का आलम्बन निर्वाण ही होता है। वह निर्वाण शून्य, अनिमित्त एवं अप्रणिहित ही होता है, अतः उसका आलम्बन करनेवाले मार्ग एवं फल आलम्बन के वश से शून्यताविमोक्ष, अनिमित्तविमोक्ष या अप्रणिहितविमोक्ष ही होते हैं।

मार्ग एवं फल राग आदि क्लेश धर्मों से सर्वथा शून्य होते हैं, संस्कार निमित्तों का आलम्बन न करके सदा निर्वाण का ही आलम्बन करते हैं तथा विषयों के प्रति अभिलाषावान् भी नहीं होते, अतः स्वभावतः भी वे शून्यताविमोक्ष, अनिमित्तविमोक्ष एवं अप्रणिहितविमोक्ष कहलाते हैं।

पुद्गलभेद

उपर्युक्त प्रकार से मार्ग एवं फल की प्राप्ति हो जाने पर योगी अपनी चित्त-सन्तति में उत्पन्न प्रत्येक घटना का प्रत्यवेक्षण करता है। इस समय उसका चित्त अत्यन्त विशुद्ध होता है। मार्गज्ञान प्राप्त हो जाने के बाद पुद्गल पृथग्जन नहीं रहता। वह आर्य हो जाता है। यदि वह अपने द्वारा प्राप्त ज्ञान को पुनः प्राप्त करना चाहता है, तो उसे उदयव्ययज्ञान से लेकर क्रमशः भावना करनी पड़ती है। अन्त में संस्कारोपेक्षाज्ञान के अनन्तर फलज्ञान की प्राप्ति होती है। इसे ही 'फलसमापत्ति' कहते हैं। स्रोतापत्ति मार्ग एवं फल प्राप्त पुद्गल स्रोत-आपन्न कहलाता है। इसी तरह सकृदागामी मार्ग एवं फल प्राप्त पुद्गल सकृदागामी, अनागामी मार्ग एवं फल प्राप्त पुद्गल अनागामी तथा अर्हत् मार्ग एवं फल प्राप्त पुद्गल अर्हत् कहलाता है। अर्हत् के लिए कुछ भी प्राप्तव्य अवशिष्ट नहीं रहता। वह कृतकृत्य हो जाता है और यही जीवन का अन्तिम लक्ष्य है।

स्रोत-आपन्न हो जाने के बाद पुद्गल इस संसार में अधिक से अधिक सात बार जन्म ग्रहण करता है। वह कभी भी तिर्यक्, नरक, प्रेत या असुर योनि में उत्पन्न नहीं होता। सकृदागामी हो जाने पर पुद्गल इस संसार में अधिक से अधिक दो बार जन्म ग्रहण कर सकता है। एक बार देवभूमि में और एक बार कामभूमि में जन्म ग्रहण करता है। अनागामी होने पर पुद्गल इस कामभूमि में उत्पन्न न होकर केवल ब्रह्मभूमि में उत्पन्न होकर अर्हत् मार्ग एवं फल प्राप्त करके निर्वाण प्राप्त कर लेता है। अर्हत् होने पर पुद्गल जब च्युत होता है, तब उसके समस्त नाम-रूप धर्मों का अशेष प्रहाण हो जाता है और वह निरुपधिशेष निर्वाणधातु का लाभी होता है।

स्थविरवादी बौद्ध साधना का यही अन्तिम लक्ष्य है, जो चित्त के द्वारा रूप को आलम्बन बनाकर प्रारम्भ होती है और अपनी रूपसन्तति और चित्तसन्तति के अशेष निरोध में पर्यवसित होती है। यह उनके अनात्मवादी विचार और साधना का फलितार्थ है। बौद्ध कभी काल्पनिक अर्थ को सत्य समझ कर उसकी प्राप्ति के इच्छुक नहीं होते। वे अपने ज्ञान का परीचण सर्वदा वस्तु के साथ संगति की कसौटी पर करते रहते हैं। इसीलिए वे कभी किसी नित्य या काल्पनिक द्रव्य या अवस्था की प्राप्ति के लिये साधना आरम्भ नहीं करते। यही कारण है कि निरुपधिशेष निर्वाण ही इसकी अन्तिम उपलब्धि है।

•••

महायान साधना का विकास

प्रो. जगन्नाथ उपाध्याय

महायान की साधना का उद्गम सम्पूर्ण बौद्ध इतिहास में एक क्रान्तिकारी घटना है। विश्व के आध्यात्मिक विकास के इतिहास में भी इस जोड़ की दूसरी घटना नहीं दिखाई देती। भगवान् बुद्ध ने मध्यमार्ग—चार आर्यसत्य, आर्य अष्टाङ्गिक मार्ग एवं प्रतीत्यसमुत्पाद की देशना से मानव जीवन के समक्ष एक विराट् आध्यात्मिक लक्ष्य रखा और बाह्य कर्मकाण्ड के स्थान पर कर्त्तव्य के रूप में विविध प्रकार से 'अपरिमित मैत्री' एवं चित्तशुद्धि के सिद्धान्त को प्रस्तुत किया। किन्तु जब तक साधना के क्षेत्र में महायान का उद्गम नहीं हुआ, तब तक मध्यममार्ग की वह अन्तर्निहित विशालता प्रकट नहीं हुई, जिससे यह निश्चित हो सकता कि व्यक्ति का दुःखों से छुटकारा पा लेना मात्र जीवन का लक्ष्य नहीं है, अपितु आर्त्त जगत् के दुःखों को स्वयं अङ्गीकार कर उन्हें दुःखों से परित्राण करना है। इससे आध्यात्मिक साधनाओं की दिशा केवल लोकाभिमुखी ही नहीं हुई, प्रत्युत भारतीय साधना के एक विशाल क्षेत्र में आध्यात्मिक विकास के लिये लोक-परित्राण के महत्त्व को स्वीकार कर लिया गया। इस प्रकार अध्यात्मसाधना व्यक्तिगत क्षेत्र से उठ कर लोक-परायण बन गयी। आध्यात्मिक क्षेत्र की इस क्रान्तिकारी मान्यता का न्यूनाधिक प्रभाव परवर्ती सभी भारतीय साधनाओं पर पड़ा। इसीलिये ज्ञान, कर्म, भक्ति और तन्त्रों के पूर्वरूप में महायान उद्भव के पश्चात् जो मौलिक परिवर्तन हुए हैं, उनके अध्ययन के बिना भारतीय संस्कृति के आध्यात्मिक पक्ष को समझना बहुत ही अपूर्ण होगा। तज्ज्ञ विद्वानों ने ईसाई धर्म पर पड़े हुए बौद्ध प्रभाव का अध्ययन किया है। इसी प्रकार इस्लाम पर भ्रातृत्व और अंशतः निवृत्तिपरायणता के रूप में बौद्ध प्रभाव स्वीकार किया जाता है।

साधना का उद्गम

महायान की दिशा में बौद्ध साधना का प्रारम्भ ईसा-पूर्व लगभग तृतीय शताब्दी में माना जाता है। उसका ग्रन्थ के रूप में सुविकसित आधार अष्टसाहस्रिका प्रज्ञापारमिता सूत्र में मिलता है। बौद्ध सम्प्रदायों के विकासक्रम में महायान का उद्भव महासांघिक सम्प्रदाय से माना जाता है। महासांघिक सम्प्रदाय का उद्गम भगवान् बुद्ध के परिनिर्वाण के लगभग १०० वर्ष पश्चात् वैशाली की द्वितीय संगीति के

ऐतिहासिक अवसर पर ही हो चुका था। इस घटना के सौ-सवा सौ वर्षों के उपरान्त सम्राट् अशोक तक जितने बौद्ध निकायों का विस्तार हो चुका था, उनका १८ प्रमुख निकायों में संग्रह कथावत्थु ग्रन्थ में मिलता है। महासांघिकों के उद्भव के साथ ही उससे प्राचीन सभी सिद्धान्तों एवं साधनाओं का एक संग्राहक नाम पड़ा 'स्थविरवाद'। महासांघिक तात्कालिक सभी अर्वाचीन सिद्धान्तवादियों में प्रमुख थे, फलतः सभी परवर्ती निकायों का प्रतिनिधित्व वे करते थे। इसी कारण बाद में विकसित होने वाले चैत्यवादी, शैलवादी, वैपुल्यवादी एवं अन्धकों आदि से महासांघिकों को स्पष्टतया अलग नहीं किया जा सकता। वास्तव में महासांघिकों के वैचारिक एवं आचारगत पृष्ठभूमि में ईसा-पूर्व प्रथम शताब्दी तक आन्ध्र प्रदेश में अन्यान्य बौद्ध निकाय खड़े हो गये। इन्हीं सब निकायों के सैद्धान्तिक और आचारगत आंशिक अनुदानों से 'महायान' एक विशाल सम्प्रदाय के रूप में प्रतिफलित हुआ। बौद्धों की साम्प्रदायिक मान्यता के अनुसार सारनाथ के धर्मचक्र-प्रवर्तन के अतिरिक्त राजगृह के गृध्रकूट पर्वत पर भी भगवान् बुद्ध द्वारा द्वितीय धर्मचक्र-प्रवर्तन किया गया था, महायान की देशना उसी के द्वारा प्रवर्तित हुई थी। ऐतिहासिक आधारों से इतना ज्ञात है कि वैशाली में स्थविरवाद के विरोध में बहुत बड़ा मतभेद खड़ा हुआ, विरोधियों ने अपना अस्तित्व 'महासांघिक' नाम से अलग स्थापित किया, जिसका परवर्ती विकास महायान के रूप में हो सका।

ऐतिहासिक एवं साम्प्रदायिक दोनों दृष्टियों से निश्चित कहा जा सकता है कि महायान का प्रथम उद्गम वैशाली और मगध की भूमि में हुआ, किन्तु उसे सुगठित रूप मिला ईसा-पूर्व प्रथम शताब्दी तक दक्षिण के आन्ध्र प्रदेश में, सम्भवतः धान्यकटक में; जो वर्तमान काल में गुंटूर जिला स्थित धरनीकोट का प्रदेश है। आन्ध्र-नरेश शातवाहन ने महायान का नये एवं सुविकसित रूप में उत्तर भारत में मगध तक पुनः प्रचार किया। फिर मगध से उत्तर-पश्चिम दिशा में महायान का प्रसार बढ़ा। मानवीय दृष्टि से महायान की प्रेरणाएँ इतनी आकर्षक थीं कि ईशवीय प्रथम शताब्दी में ही यह महान् धर्म भारत की पश्चिमोत्तर सीमा को लाँघकर बीच के सारे प्रदेशों को दीक्षित करते हुए पूरे मध्य एशिया और चीन की ओर अग्रसर हो गया। फलतः अगली दो-तीन शताब्दियों के ही बीच जापान, कोरिया, मंगोलिया आदि दर्जनों देशों में महायान का सद्धर्म सुप्रतिष्ठित हो गया।

साधना-साहित्य

महायान का साहित्य दो भागों में विभक्त है—१. सूत्र और २. शास्त्र। महायान के पूर्ववर्त्ती सम्प्रदाय महासांघिक आदि अनेक सम्प्रदायों का पिटकादि साहित्य अनेकविध प्राकृतों एवं संकरसंस्कृतों में ग्रथित था, जिनमें महावस्तु, दिव्यावदान,

अवदानशतक आदि कुछ ग्रन्थों को छोड़कर शेष साहित्य संस्कृत में नहीं मिलता। इन ग्रन्थों के अभाव में परवर्त्ती काल के विकसित महायानी रूपों की पृष्ठभूमि का पूरी तरह आकलन नहीं किया जा सकता। शिक्षासमुच्चय आदि ग्रन्थों में उपलब्ध सन्दर्भों के आधार पर तथा नँजियो आदि चीनी सूची-ग्रन्थों के आधार पर महायान के सूत्रों की संख्या पाँच सौ से भी ऊपर जाती है। इदानीन्तन मूल संस्कृत में उपलब्ध ग्रन्थों की संख्या तीस के लगभग है। यह ज्ञातव्य है कि महासांघिकों से उद्गत सम्प्रदायों में वैतुल्यवादी या वैपुल्यवादी नाम से एक प्रसिद्ध सम्प्रदाय था। कथावस्तु तथा उसकी अट्ठकथा के अनुसार वह शून्यतावादी था, जिसका उक्त ग्रन्थ में स्थविरवाद की दृष्टि से खण्डन किया गया है। उपलब्ध महायान सूत्रों की साधना का प्रधान आधार शून्यता ही है। महायान सूत्रों का प्रतिपाद्य विषय है—शून्यता के आधार पर बोधिसत्त्व की साधना और चर्या। महायान शास्त्रों का भी विषय शून्यताधारित दार्शनिक विवेचन है। सम्पूर्ण महायान दर्शन उसका शास्त्र-साहित्य है। शास्त्र-साहित्य में ऐसे भी महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ हैं, जिनका प्रधान विषय महायान-साधना है। उनमें संस्कृत में उपलब्ध कुछ प्रमुख ग्रन्थ हैं—अश्वघोष का महायान श्रद्धोत्पादशास्त्र, मैत्रेय और असङ्ग का महायान सूत्रालङ्कार, असङ्ग का मध्यान्तविभागशास्त्र और अभिसमयालङ्कार तथा उस पर हरिभद्र की आलोकटीका, शान्तिदेव का शिक्षासमुच्चय एवं बोधिचर्यावतार।

महायान के विभाग

महायान दर्शन के सुपरिचित विभाग दो हैं—१. माध्यमिक या शून्यवाद और २. योगाचार या विज्ञानवाद। इन दोनों विभागों के अनेक अन्तर्गत उपविभाग हैं। किन्तु सभी प्रकार के महायानी शून्यता को परमार्थ मानते हैं। शून्यता के इस मूलभूत समान सिद्धान्त के आधार पर ही ये सभी महायानी माने जाते हैं। आचार्य नागार्जुन के एक विशेष प्रकार के सर्वशून्यतावाद से भिन्नता बताने के लिये वसुबन्धु प्रभृति आचार्यों को विज्ञानवादी कहा जाता है। वास्तव में विज्ञानादितत्त्व के द्वारा शून्यता का ही बोध होता है। शून्यता की परमार्थता के आधार पर ही दोनों प्रकार के महायानियों की साधना बढ़ती है। आचार्य असङ्ग कहते हैं—जब प्रज्ञा से यह देखा जाता है कि चित्त के विलास से भिन्न जगत् नहीं है, तो उसी से चित्त का अनस्तित्व भी ज्ञात हो जाता है। इस प्रकार जब चित्तबाह्य एवं चित्तान्तर्वर्ती दोनों प्रकार के जगत् के नास्तित्व का बोध हो जाता है, तब परमार्थभूत धर्मधातु की प्रतिष्ठा होती है (म० सू० ६-८)।

महायान के आचार्य

महायान दर्शन के प्रवर्तकों में भी प्रमुख आचार्य प्रायः दाक्षिणात्य हैं, किन्तु इसका विकास एवं प्रसार उत्तर एवं पश्चिम भारत के आचार्यों द्वारा ही सम्भव

हुआ। अष्टसाहस्रिका प्रज्ञापारमिता सूत्र में इस ऐतिहासिक तथ्य का स्पष्ट संकेत मिलता है। महायान शास्त्रों के प्रवर्तक आचार्यों में नागार्जुन, आर्यदेव, भव्य, बुद्धपालित, मैत्रेयनाथ, असङ्ग, वसुबन्धु, दिङ्नाग, धर्मकीर्ति एवं हरिभद्र आदि प्रमुख हैं। यह प्रसन्नता की बात है कि संस्कृत में उपलब्ध महत्त्वपूर्ण अधिकांश महायान सूत्र एवं शास्त्रों का प्रकाशन मिथिला अनुसन्धान संस्थान द्वारा हो गया है। ईसा पूर्व लगभग तीसरी शताब्दी में महासांघिकों के उद्भव से लेकर ईसवीय शतक के प्रारम्भ में सम्राट् कनिष्क के काल तक विभिन्न रूपों में एक विशेष धारा में साधना का विकास होता रहा, जिसके अन्त में बोधिसत्त्व-साधना फलित हुई। उस साधना की दार्शनिक व्याख्या आचार्य नागार्जुन एवं आर्यदेव द्वारा की गयी। ह्वेनसांग के अनुसार कनिष्क के काल में अश्वघोष, नागार्जुन, आर्यदेव और कुमारलब्ध ये चार आचार्य संसार को प्रकाशित करने वाले चार सूर्यों के समान थे। आचार्य वसुमित्र की अध्यक्षता में जालन्धर या कश्मीर के कुण्डलवन विहार में सम्राट् कनिष्क ने जो बौद्ध साधकों एवं विद्वानों की चतुर्थ संगीति आयोजित की थी, उसी में सर्वास्तिवाद से महायान का भेद स्पष्ट हुआ और सम्भवतः उसके बाद से ही पूर्ववर्ती बौद्ध सम्प्रदायों को 'हीनयान' नाम दिया जाने लगा।

हीनयान से महायान का भेद

हीनयान से महायान के अनेक भेद हैं, किन्तु साधना की दृष्टि से तीन प्रमुख भेद हैं—१. बोधिचित्त के द्वारा ६ या १० पारमिताओं की साधना, २. दशभूमियां तथा ३. त्रिकायवाद।

बोधिसत्त्व साधना

महायान की साधना बोधिसत्त्व की साधना कही जाती है। बोधिसत्त्व-साधना का प्रारम्भ बोधिचित्त से होता है। बोधिचित्त परार्थ-चित्त है। सामान्यतः परार्थ-चित्तता से ऐसा ज्ञात होता है कि यह चित्त की परोपकारी वृत्ति है, वास्तव में यह परार्थता उससे बहुत भिन्न और उत्कृष्ट है। सभी सम्प्रदायों में साधना का मेरुदण्ड चित्त माना जाता है, किन्तु बोधिसत्त्व-साधना का आधार अचित्तता है। इस अचित्तता की भूमि पर ही परार्थचित्तता खड़ी की जा सकती है, यही बोधिसत्त्व साधना का योग-मार्ग है, और बुद्धत्वलाभ उसकी पराकाष्ठा है। दुःखी एवं आर्त्त जनों के उद्धार की अनवरत क्रिया ही बुद्धत्व है। इसलिये किसी भी महायानी साधक की यही तीव्र आकाङ्क्षा रहती है कि अनागत बुद्धों की गणना में वह प्रविष्ट हो सके, इसके लिये वह आत्म-त्याग, जीवनत्याग से भी नहीं चूकता। महायान की मान्यता है कि बुद्धत्व का बीज मनुष्यमात्र में है, इसलिये उस मत में सभी मनुष्य बुद्धगोत्र या

तथागत-गोत्र माने जाते हैं। इसीलिये वे कहते हैं कि सभी में बुद्धत्व-लाभ करने की शक्ति बीजरूप में निहित है। इसके लिये साधक को सर्वप्रथम बोधिचित्त का उत्पाद करना होगा, अर्थात् समग्र जगत् के परित्राण के लिये मैं भी बुद्धत्व प्राप्त करूँ, इस प्रकार की चेतना का प्रणिधान लेना होगा। इस संकल्पित परार्थमार्ग पर ही साधक जैसे-जैसे प्रस्थान करता जायगा, वैसे-वैसे उत्तरोत्तर इस वास्तविकता का उसे ज्ञान होने लगेगा कि साधना की भूमि अचित्तता ही है। हम देखेंगे कि अचित्तता के आधार पर ही वास्तविक रूप में परार्थचित्तता खड़ी हो सकती है।

प्रज्ञापारमिता एवं अचित्तता

अचित्तता साधना की अविकल्प एवं अविकार भूमि है। चित्त को वास्तव में अचित्त ही कहा जा सकता है, क्योंकि अन्य सभी बौद्ध निकायों में उसे प्रकृत्या प्रभास्वर माना गया है। बोधिचित्त की अचित्तता एक ओर करुणा का उत्स है, तो दूसरी ओर प्रज्ञा का। आगे चलकर इनका महाकरुणा और महाप्रज्ञा के रूप में विकास होता है। इनकी युगनद्धता (जोड़ी) से बुद्धत्व का विकास होता है। वास्तव में प्रज्ञापारमिता ही बुद्धत्व की जननी है, अर्थात् बुद्धत्वप्रापक सभी धर्म प्रज्ञा भूमि पर ही उद्गत एवं विकसित होते हैं। महायान की प्रज्ञापारमिता प्राचीनतम अष्टाङ्गिक मार्गों में प्रथम 'सम्मादिट्ठि' का ही विशेष विकास है, इसी प्रकार प्राचीनतम शीलों का भी विनियोग एक विशेष लक्ष्य से महाकरुणा के रूप में हुआ। इसलिये प्रज्ञा की भूमि में करुणा से समन्वित होकर बौद्ध योगी महायान-साधना प्रारम्भ करता है। उसकी साधना की दुरूहता यह है कि वह कहीं भी चित्त के लिये स्थान नहीं बनाता। चित्त का स्थान या ग्राह्य बन भी नहीं सकता, क्योंकि उसकी दृष्टि में किसी भी पदार्थ की सत्ता नहीं है, जिसे वह ग्रहण करे या छोड़े। भगवान् बुद्ध ने 'निमित्तं परिवज्जेहि' आदि वचनों से कहा था कि रागादिमूलक निमित्तों को छोड़ना होगा। महायान के अनुसार उसका फलितार्थ यह है कि धर्ममात्र का परिग्रह नहीं होना चाहिये। वास्तव में महायान साधना का आलम्बन निर्वाण या सर्वज्ञता भी नहीं हो सकता, क्योंकि प्रज्ञापारमिता वह विशेष साक्षात्कार है, जिससे न तो पदार्थों की सत्ता सिद्ध होती है और न उनकी उपलब्धि। जैसे रूप, वेदना, संज्ञा, संस्कारों की स्वाभाविक सत्ता नहीं है, वैसे ही चित्त में बैठी वस्तुओं के लक्षण भी लक्षण-स्वभाव नहीं हैं और न लक्ष्य लक्ष्य-स्वभाव है। वास्तव में प्रज्ञापारमिता का दर्शन यह है कि आन्तरबाह्य सभी जीव-जगत् अजात एवं अनुत्पन्न हैं।

महाकरुणा एवं उपाय

इस अचित्तता के आधार पर करुणा से प्रेरित होकर साधक अपने चित्त की रक्षा करता है, उसे विगलित नहीं होने देता। शिक्षासमुच्चय में उद्धृत अनेक बुद्ध-

वचनों के आधार पर शान्तिदेव कहते हैं 'सत्त्वोपभोगार्थं आत्मभावादि पालयेत्' (२।६)। यह 'आत्मभाव रक्षा' आत्मत्याग की महायानी प्रक्रिया है। इसलिये बोधिचित्त का प्रकर्ष उसकी अचित्तता में ही है। इस मार्ग का पथिक होने से बोधिसत्त्व की सारी चर्या अनिमित्त-चर्या या अनाभोग-चर्या होती है। अचित्तता की भूमि पर चित्त की रक्षा के बिना लोक-कल्याण के लिये कोई महान् निर्माण नहीं किया जा सकता, सर्व-जगत् का दुःखों से परित्राण करना तो दूर की बात होगी। परित्राण की चेतना मात्र साधना का लक्ष्य नहीं है, प्रत्युत उससे प्रेरित होकर परार्थ के लिये उपायकुशलता एवं अपरिमित सम्भार (सामग्री) जुटाना बोधिसत्त्व की करुणा का अपरिहार्य अङ्ग है। करुणा-परवश साधक समस्त आर्त्त जगत् को अपनी करुणा का आलम्बन बनाता है। यहाँ भी इस बात की ओर विशेष ध्यान देना होगा कि इस महापुरुष की करुणा की उत्पत्ति दुःखी सत्त्व के प्रति नहीं, बल्कि दुःख-सन्तान के प्रति होती है। इस प्रकार बोधिसत्त्व की करुणा अनालम्बन हो जाती है। क्योंकि प्रज्ञा के द्वारा उसकी आत्म-दृष्टि उन्मूलित रहती है। साधना की इस प्रकृष्ट अवस्था को प्राप्त करने के लिये साधक को दो प्रकार के सम्भारों को जुटाना होता है—१. पुण्य-सम्भार, २. ज्ञान-सम्भार। पुण्य-सम्भार से वह सांसारिक अभ्युदय तथा ज्ञान-सम्भार से अज्ञानावरणों का प्रहाण कर अक्लिष्ट हो संसरण करता है।

द्विविध सम्भार

पुण्य-संभार अकुशल कर्मों के प्रहाण एवं कुशल कर्मों के सम्पन्न करने से प्राप्त किया जाता है। इसके लिये सर्वप्रथम दृढ़ अध्यवसाय और दृढ़ आशय चाहिये। दृढ़ अध्यवसाय के द्वारा सब प्रकार के शैथिल्य का निवारण किया जाता है और उससे चित्त और काय इतना विशुद्ध एवं दृढ़ बनाया जाता है कि परार्थ-साधना में लोभमोहादि मारों से किसी भी प्रकार साधक प्रकम्पित न हो। इसी तरह आशय के दृढ़ीकरण का अभिप्राय है, पदार्थ के लिये अकृत्रिम, अकुटिल एवं अविचल निश्चय। इन सब के पीछे करुणा के वेग का ही महत्त्व है। महायान सूत्रों में कहा है कि चक्रवर्ती राजा के चलने पर उसके पीछे जैसे सेना एवं समस्त बलकाय प्रयाण कर देता है, वैसे ही बोधिसत्त्व की महाकरुणा के पीछे सभी बुद्धत्व-प्रापक धर्म अनुगत हो जाते हैं। ज्ञान-सम्भार प्रज्ञा की असङ्गता एवं निःस्वभावता की दृष्टि है। इससे यथार्थता-अयथार्थता, कुशल-अकुशल का भेद-ज्ञान होता है। इसके बिना साधक ऐसे आवरणों से घिरा रहता है कि वह 'सर्व' का साक्षात्कार नहीं कर पाता, फलतः एक सीमा से आगे परार्थ-सिद्धि नहीं कर सकता। जगत् के निरवशेष कल्याण के लिये अचित्तता की भूमिपर निःस्वभावता एवं नैरात्म्य का पूर्ण ज्ञान करना होगा। इस प्रकार के ज्ञान

की परिपूर्णता से ही प्रज्ञापारमिता पूरी होती है, इस कोटि का ज्ञान-संभार ही प्रज्ञापारमिता है। प्रज्ञापारमिता छठी पारमिता है, इसी के प्रकाश में दान, शील, क्षान्ति, वीर्य एवं ध्यान, उत्तरोत्तर वृद्धिङ्गत होते हैं और परिपूर्णता प्राप्त कर बुद्धत्व-लाभ के कारण बनते हैं। ये पाँच पारमिताएं पुण्य-संभार हैं, प्रज्ञापारमिता ज्ञान सम्भार है। महायानसूत्रालङ्कार (पृ० १३९) के अनुसार दान और शील के बल से पुण्यसम्भार, प्रज्ञा से ज्ञान-सम्भार, क्षान्ति, वीर्य और ध्यान से दोनों की उत्पत्ति होती है। किन्तु अन्त में सबका परिणमन प्रज्ञा में ही होता है, अतः पाँचों परिमिताएं प्रज्ञापारिमिता ही हो जाती हैं। पञ्च पारमिताएं प्रज्ञा के बिना अन्धी हैं। किन्तु तब तक प्रज्ञा उपनीत नहीं हो सकती, जब तक ये पारमिताएं पूरी न हों। प्रज्ञा हेतु-फलात्मक दो प्रकार की है। हेतुभूत प्रज्ञा श्रुत, चिन्ता और भावना के अभ्यास से सम्पन्न होती है। इसे भूमिप्रज्ञा भी कहते हैं। इसके अनन्तर उत्तरोत्तर भूमियों का प्रतिवेध करते हुए द्विविध आवरणों (क्लेशावरण-ज्ञेयावरणों) का प्रहाण किया जाता है। द्विविध आवरणों से प्रहीण बोधिसत्त्व चार अतिरिक्त पारमिताओं को भी परिपूर्ण करता है। ये चार हैं—उपाय, प्रणिधान, बल और ज्ञान। प्रथम तीन से दानादि पारमिताओं की अक्षयता, सदातनता और प्रसंख्यानबलिता और चतुर्थ से ज्ञान धर्मकाय की प्रतिष्ठा होती है। इस प्रकार पारमिताएं १० हो जाती हैं।

आवरण-क्षय

नैरात्म्य-बोध ही महायान साधना की प्रकर्षता का मान-दण्ड है। महायानी साधक के उपर्युक्त क्लेश और ज्ञेय सम्बन्धी दो आवरण होते हैं। इन आवरणों का प्रहाण ही उसकी मूल समस्या है। चित्त की निम्नतम भूमियों में जो आवरण हैं, उन्हें ही हटाना पर्याप्त नहीं है, अपितु उत्कृष्टतम भूमि में जाकर निर्वाण भी बुद्धत्व-लाभ के मार्ग में बाधक बन जाता है। इस प्रकार बोधिसत्त्व को अविद्या और शम (निर्वाण) दोनों प्रकार के आवरणों को हटाना होता है। महायान के अनुसार क्लेशावरण प्रहीण करके पूर्ववर्त्ती स्थविरवादी आदि साधकगण साधना की इतिश्री मान लेते हैं, किन्तु बाह्य जगत् के प्रति उनकी आत्मदृष्टि बनी ही रहती है, जिससे नैरात्म्य का पूर्ण अधिगम उन्हें नहीं हो पाता। ऐसे साधकों में अज्ञान की अक्लिष्ट वासना बनी रहती है, उसके प्रहाण के लिये धर्म-नैरात्म्य का अधिगम आवश्यक है। इन द्विविध नैरात्म्यों के साक्षात्कार के लिये ही पारमिता-साधना का उद्भव एवं विकास हुआ।

द्विविध नैरात्म्यों के साक्षात्कार के आधार पर निरवशेष लोक के अपरिमित कल्याण के लिये एक ओर पारमिताओं की तथा दूसरी ओर दश-भूमियों की व्यवस्था की गई है। दशभूमियाँ हैं—१. प्रमुदिता, २. विमला, ३. प्रभाकरी, ४. अर्चिष्मती,

५. सुदुर्जया, ६. अभिमुखी, ७. दूरङ्गमा, ८. अचला, ९. साधुमती, १०. धर्ममेघा। इन दशविध भूमियों में दशविध पारमिताएँ पूर्ण हो जाती हैं। पारमिताएँ तथा भूमियाँ आवरणों के प्रतिपक्ष हैं। दशभूमिक सूत्र एवं मध्यान्तविभाग आदि ग्रन्थों में उन आवरणों तथा उनके नाश का सविस्तर वर्णन है। विशेषतः दशभूमिक सूत्र के आधार पर इन भूमियों का संक्षिप्त विवरण मिल जाता है—

दश भूमियाँ

बोधिचित्त-प्राप्त साधक द्वारा प्रथम प्रमुदिता भूमि में चूँकि परार्थ सिद्ध होना है और महाबोधि लाभ करना है, इससे उसमें तीव्र मोद उत्पन्न होता है, इसीसे इसका नाम 'प्रमुदिता' है। यह साधक निर्भय होकर बोधिसत्त्व की परार्थचर्या में लग जाता है, क्योंकि क्लेश की मूलभूत इसकी आत्म-संज्ञा नष्ट हो चुकी है, अतः उसमें अपने प्रति किसी प्रकार की आसक्ति (आत्मस्नेह) नहीं रह गयी है। इसलिये आजीविका, निन्दा, मरण, दुर्गति एवं सभा-चातुरी से सम्बन्धित भय इसे नहीं रहता। इस भूमि में यह दश प्रकार के प्रणिधान, दश प्रकार की निष्ठाओं और दश प्रकार की निपुणताओं का अर्जन करता है।

द्वितीय 'विमला' भूमि में सभी प्रकार की दुःशीलता समाप्त हो जाती है और दश प्रकार के चित्ताशयों का प्रवर्तन होता है। ये दश हैं—ऋजुता, मृदुता, कर्मण्यता, दम, शम, कल्याण, अनासक्ति, अनपेक्षता, उदारता, माहात्म्य सम्बन्धी आशय। इस द्वितीय भूमि में प्रतिष्ठित बोधिसत्त्व दश कुशल कर्मपथों को सम्पन्न करता है। यह भूमि प्रधानतः शीलपारमिता की भूमि है।

तृतीय 'प्रभाकरी' भूमि में बोधिसत्त्व दशविध चित्ताशयों को अपने-अपने विषयों में लगाता है, जिसे चित्ताशय-मनस्कार कहते हैं। बोधिसत्त्व इन दशविध चित्ताशयों को लोक के समक्ष प्रस्तुत करता है और उन्हें इससे समन्वित करता है। इसमें स्थित होकर वह सभी संस्कारों की अनित्यता, दुःखता, क्षणिकता आदि का प्रत्यवेक्षण कर तथागत-ज्ञान के लिये प्रयत्नशील हो जाता है। सभी प्राणियों को अनेकानेक दुःखों में मग्न देखकर उनके उद्धार के लिये अपने ही ऊपर सारा दायित्व लेता है और उसके लिये उपाय तैयार करता है। इस अवस्था में वह मैत्री, करुणा, मुदिता और उपेक्षा का अपरिमित विस्तार करता है। इस भूमि में साधक को विविध प्रकार की ऋद्धियाँ और अभिज्ञाओं का लाभ होता है। इस भूमि में क्षान्तिपारमिता प्रधान रहती है।

चतुर्थ 'अर्चिष्मती' में बोधिसत्त्व विशुद्ध धर्मालोक में प्रविष्ट होकर दश ज्ञान-परिपाचक धर्मों से संयुक्त होता है। इस भूमि में सत्काय दृष्टि से उत्पन्न आत्म,

जीव, पुद्गल, स्कन्ध, धातु, आयतनादि दृष्टियाँ समाप्त हो जाती हैं। इस अर्चिष्मती की ऊष्मा में सभी अकुशल जल जाते हैं, सभी कुशलमूल अराग, अद्वेष, अमोह, सुतप्त हो प्रभास्वर हो जाते हैं। इसी भूमि में सैंतीस बोधिपाक्षिक धर्मों का उद्भव एवं विकास होता है। बोधिपाक्षिक धर्म है—चार स्मृत्युपस्थान (काय, वेदना, चित्त और धर्म), चार सम्यक्प्रधान—जिससे अकुशल उत्पन्न नहीं होने पाते, वर्तमान अकुशलों का प्रहाण, अनुत्पन्न कुशल का उत्पादन, विद्यमान कुशलों का असंप्रमोष एवं वृद्धि, चार ऋद्धिपाद, पाँच इन्द्रियाँ—श्रद्धा, वीर्य, स्मृति, समाधि और प्रज्ञा; ५ प्रकार के बल—श्रद्धा, वीर्य, स्मृति, समाधि तथा प्रज्ञा; सात प्रकार के बोध्यङ्ग स्मृति, धर्म-प्रविचय, वीर्य, प्रीति, प्रस्रब्धि, समाधि और उपेक्षा; तथा आठ अष्टाङ्गिक मार्ग—दृष्टि, संकल्प, वाक्, कर्मान्त, आजीव, व्यायाम, स्मृति और समाधि का सम्यक्त्व। यह वीर्यपारमिता-प्रधान भूमि है।

पञ्चम 'सुदुर्जया' भूमि में चित्ताशय-विशुद्धि, समता अथवा चित्त-विशुद्धि कठिनाई से प्राप्त होती है, अतः उसे 'सुदुर्जया' कहते हैं। चित्ताशय समता इसकी विशेषता है जो दश प्रकार से सम्पन्न होती है। यहाँ आर्यसत्यों का तथा उसके सहायक अन्यान्य सत्यों का बोध होता है। इस भूमि में इस यथार्थता का बोध होता है कि जो कुछ उत्पन्न संस्कृत पदार्थ हैं, वे तुच्छ एवं मृषा हैं। इसके फलस्वरूप बोधिसत्त्व से बड़े वेग से प्राणियों के प्रति महाकरुणा अभिमुख हो जाती है और साधक के जीवन में महामैत्री का आलोक फैल जाता है। यह ध्यान-पारमिता की भूमि है। यहाँ सामन्तक और मौल दोनों प्रकार के ध्यानों को पूर्ण हो जाना चाहिए। साधक जिस भूमि पर अवस्थित होता है, उससे निम्नभूमि के क्लेशों का नाश 'सामन्तक' द्वारा होता है। उसके बाद उससे उन्नत भूमि में जो 'ध्यानाङ्ग' उत्पन्न होते हैं, उसे 'मौल' कहते हैं। मौल की पूर्णता ही ध्यान की पूर्णता है। ध्यान की दो भूमियाँ हैं—रूप भूमि और अरूप भूमि। ये ध्यान-लोक हैं। प्रथम, द्वितीय, तृतीय तथा चतुर्थ ध्यानों के क्रम से रूपी ध्यान चार होते हैं। इसी प्रकार अरूपी भी चार होते हैं—आकाशानन्त्यायतन, विज्ञानानन्त्यायतन, आकिञ्चन्यायतन तथा नैवसंज्ञानासंज्ञायतन। ये सभी लौकिक समाधियाँ हैं। लोकोत्तर समाधि इससे अत्यन्त भिन्न है। यह निःस्वभावता या नैरात्म्य का आलम्बन करने वाली समाधि है।

षष्ठ 'अभिमुखी' भूमि प्रज्ञाभिमुखी होती है, वह संसार और निर्वाण दोनों को अभिमुख कर देती है। इस भूमि में आन्तर बाह्य सभी धर्मों के प्रति दशविध समताएँ प्रादुर्भूत होती हैं। वे दश हैं—अनिमित्त समता, अलक्षण समता, अनुत्पाद समता, अजात समता, विविक्त समता, आदिविशुद्धि समता, निष्प्रपञ्च समता, अनाव्यूहानिर्व्यूह समता, प्रतिबिम्बनिर्माण समता, भावाभावाद्वय समता। इस भूमि

में बोधिसत्त्व द्वादशाङ्ग प्रतीत्यसमुत्पाद का परीक्षण करता है और सभी समुत्पन्न पदार्थों को त्रिविध दुःखताओं से ओत-प्रोत देखता है। त्रिविध दुःखताएँ हैं—१. संस्कारदुःखता, २. दुःखदुःखता, ३. परिणामदुःखता। वह साधक जब प्रतीत्यसमुत्पाद का प्रत्यवेक्षण करता है तो उससे निरात्मता, निःसत्त्वता, कारक-वेदकराहित्य आदि का ज्ञान होता है। इससे उसके समक्ष शून्यता विमोक्षमुख समाधि प्रस्तुत होती है। इस अवस्था में साधक के समक्ष प्रतीत्यसमुत्पादचक्र के परीक्षण से भवाङ्गों के स्वभाव-निरोध का सिद्धान्त स्पष्ट हो जाता है, तब वह इस निश्चय पर पहुँचता है कि धर्मों की उत्पत्ति का कोई कारण नहीं है। इस अवस्था में 'अनिमित्त विमोक्षमुख' समाधि प्रकट होती है। इस विशेष अवस्था में उस महाकारुणिक में प्राणियों की मनोरथपूर्ति के अतिरिक्त किसी प्रकार की अभिलाषा नहीं रह जाती। इस अभिमुखी बोधिसत्त्व-भूमि में स्थित साधक की प्रज्ञापारमिता पूर्ण हो जाती है।

सप्तमभूमि का 'दूरङ्गमा' नाम इसलिये है कि महायान जो सभी प्राणियों के लिये एकायन मार्ग है, उससे बोधिसत्त्व बहुत दूर तक साधना में पहुँच चुका है। इस भूमि में साधक एक प्रकार से बोधिसत्त्व मार्ग पूर्ण कर बुद्ध-भूमि में प्रविष्ट होता है। इसलिये आगे वह एक विशेष प्रकार के मार्ग का आरम्भ करता है। यहाँ से महायान साधना का और भी विशेष प्रकर्ष होता है। यहाँ पुनः इस उदारतम भूमि में वह सभी दानादि पारमिताओं को पूर्ण करता है। इस भूमि की विशेषता यह है कि यहाँ सभी धर्मों की अप्रमाण (असीम) उपस्थिति होती है और उससे अप्रमाण ही पूर्ति भी होती है। क्योंकि यहाँ साधक के सारे निमित्त एवं आलम्बन अपगत हो गये रहते हैं। षष्ठ भूमि में बोधिसत्त्व क्लेशनिरोध प्राप्त कर चुका है, किन्तु सातवीं भूमि में वह निरोध का साक्षात्कार नहीं करता। वस्तुतः प्रत्येक चित्त-क्षण में वह निरोध एवं व्युत्थान देखता है। इस स्थिति में वह जो भी कायिक, वाचिक एवं मानस कर्म करता है, वह अपरिमित एवं अचिन्त्य होता है। यह भूमि अपरिमित सत्त्वों के अपरिमित अर्थों की सिद्धि के लिये उपाय-कुशलता की भूमि है। इसीलिये उपाय-कौशल्य पारमिता इसमें प्रधान होती है।

अष्टम भूमि 'अचला' में प्रणिधानपारमिता पूरी की जाती है। स्मरणीय है कि साधक साधना के प्रारम्भ में ही परार्थ का प्रणिधान कर चुका है, जिसे 'बोधिप्रणिधिचित्त' कहते हैं। साधना की इस उच्चतम भूमि पर आकर पुनः प्रणिधान लेना इसलिये पड़ता है कि बोधिसत्त्व कहीं निर्वाण में आसक्त न हो जाए, जिससे उसके द्वारा सम्पादित होने वाला जगत् का महार्थ कृत्य रुक न जाए। यहाँ अन्य बोधिसत्त्व गण एक ओर साधक के पूर्वगृहीत प्रणिधान का स्मरण कराते हैं और दूसरी

ओर जगत् की दुःखात्तंता की ओर भी ध्यान आकृष्ट करते हैं। फलतः बोधिसत्त्व साधक परार्थ के लिये पुनः प्रणिधान लेता है। इस भूमि की यह विशेषता है कि साधक इस अवस्था से पुनः निम्न भूमि पर नहीं जा सकता, इसी अर्थ में यह 'अचला' है। यह इस अर्थ में परिनिष्पन्न-भूमि है कि साधना द्वारा एक बार निर्मित कर लेने पर निष्पन्न ही रहती है। इस भूमि को परिनिष्ठित, अधिष्ठान, अनाभोग आदि नामों से भी कहा जाता है। इस भूमि में प्रवेश करते ही साधक को सभी अपेक्षित साधन प्राप्त होने लगते हैं। विगत सात भूमियों में साधक ने प्रयत्नपूर्वक उत्तरोत्तर गुणों का लाभ किया है, किन्तु यहाँ उसके काय, वाक् और चित्त के औत्सुक्य एवं प्रयत्नों का कोई कारण नहीं रहता। जैसे स्वप्न में कोई अपने को महानदी में पड़ा जानकर उसे पार करने के लिये महान् प्रयत्न करे, और उसी तीव्र प्रयत्न से उसकी नींद टूट जाए और जग जाए, तब उसका सारा प्रयत्न और भय दूर हो जाता है और निश्चय करता है कि किसी प्रकार प्रयास की आवश्यकता नहीं। उसी प्रकार बोधिसत्त्व प्राणियों के उद्धार का संकल्प लेकर अनेकानेक प्रयास आरम्भ कर देते हैं, किन्तु इस भूमि में आते ही अनुभव करते हैं कि उस प्रकार का प्रयास अनावश्यक है। इस प्रकार यह भूमि अनाभोग-धर्मता की भूमि हो जाती है। इस भूमि में ही बोधिसत्त्व दशबल एवं चतुर्वैशारद्यों से मण्डित हो जाते हैं।

'साधुमती' नवमी भूमि है। इसमें बोधिसत्त्व कुशल, अकुशल एवं अव्याकृत धर्मों का यथाभूत साक्षात्कार करते हैं। इस स्थिति में वह सत्त्वों के अन्तर्वर्ती क्लेशों को देखते हैं, उसके उपचार को भी यथावत् जानते हैं। यहाँ सत्त्वों की विभिन्न चर्याओं एवं आशयों को जानकर यथानुरूप श्रावक, प्रत्येकबुद्ध और बोधिसत्त्व की देशनाएँ करते हैं। ये तथागतत्व धर्म के रक्षक हैं और प्राणियों में धर्मभाणक के रूप में प्रचार करते हैं। इस अवस्था में बोधिसत्त्व चार प्रकार के प्रतिसंविदों को भी प्राप्त करते हैं– धर्मप्रतिसंवित्, अर्थप्रतिसंवित्, निरुक्तिप्रतिसंवित् तथा प्रतिभानप्रतिसंवित्। इन चारों से क्रमशः धर्मों की स्वलक्षणता (असाधारणता), उनका विभाजन, देशना तथा अतीतानागत धर्मों के अनुप्रबन्ध एवं अनुपच्छेद का ज्ञान होता है। इन प्रतिसंविदाओं से बोधिसत्त्व धर्मों का अनेकानेक यथार्थ दृष्टियों से साक्षात्कार करते हैं। इस भूमि में बोधिसत्त्व को अप्रमेय बुद्धों की देशना सुनने को मिलती है। स्वयं भी अनेकानेक आश्चर्यंकर प्रकारों से धर्म की देशना करते हैं।

'धर्ममेघ' दशमी एवं अन्तिम भूमि है। इसे बुद्ध-भूमि भी कहते हैं। इस भूमि में बोधिसत्त्व पुण्य और ज्ञान सम्भार एवं महाकरुणा को पूर्ण कर चुके हैं। दशबल एवं वैशारद्यादि से मण्डित है और यहाँ बोधिसत्त्व सर्वाकारज्ञता एवं सर्वज्ञता के ज्ञानों से अभिषिक्त होते हैं। इस अभिषेक-भूमि में वह विमल आदि मुख्य दश समाधियों का

लाभ करते हैं। उस समय महारत्नराजपद्म प्रादुर्भूत होता है, और उस पर बोधिसत्त्व 'सर्वज्ञज्ञानाभिषेक' से अभिषिक्त हो निषण्ण होते हैं। उस महारत्नपद्म के परिवारभूत और जितने पद्म उद्गत होते हैं, उन पर दश दिशाओं से आए हुए बोधिसत्त्व अब तक के साधक बोधिसत्त्व को घेर कर बैठते हैं। इसके बाद इस बोधिसत्त्वमण्डल या बुद्धक्षेत्र का विकास होता जाता है। इस अभिषेक भूमि के जितने बोधिसत्त्व होते हैं, उनके कायों के श्रीवत्स और वज्रस्वस्तिकों से 'सर्वमार शत्रुविजय' नाम की महारश्मियाँ निकलती हैं, और दश दिशाओं को अवभासित करती हैं। वे रश्मियाँ दश दिशाओं को प्रतिभासित करके पुनः बोधिसत्त्व के श्रीवत्स और वज्रस्वस्तिक में लीन हो जाती हैं। बोधिसत्त्वों की इन रश्मियों से साधक बोधिसत्त्व का अभिषेक होता है। इसी अवस्था को सम्यक्-सम्बुद्धत्व का अभिषेक कहा जाता है। इसमें दश बल पूर्ण होते हैं। यह जिन-पुत्र महाज्ञान से अभिषिक्त होकर धर्म-चक्रवर्ती हो जाता है और सैकड़ों-हजारों उद्योग करके प्राणियों का उद्धार करता है। इस अवस्था में अपरिमित प्राणियों पर यह महापुरुष मेघ के समान धर्म का वर्षण करता है। इसलिए इसे धर्ममेघसमाधि में प्रतिष्ठित कहा जाता है। बोधिसत्त्व स्वकाय में तथागतकाय को अधिष्ठित करता है और तथागतकाय में स्वकाय को। इस भूमि में अपरिमित सर्वज्ञ ज्ञान होता है, इसलिये यह ज्ञानपारमिता की भूमि है।

अब यहाँ थोड़े में महायान साधना के निकृष्ट फल के रूप में त्रिकाय व्यवस्था का दिग्दर्शन करें। प्रारम्भ में कहा गया है कि महायान साधना अचित्तता की भूमि पर खड़ी है। चित्तमलों को अपगत करना अचित्तता के लिये आवश्यक है। इसके लिये बोधिचित्त के ग्रहण से साधना का सम्भार-मार्ग प्रारम्भ होता है और विभिन्न समाधियों द्वारा चित्तगत निःस्वभावता का आकलन होता है। उसके बाद प्रयोगमार्ग की उत्तरोत्तर चार अवस्थाओं (ऊष्मगत, मूर्धन्, क्षान्ति एवं अग्रधर्म) को विकसित किया जाता है। इससे शून्यता एवं अचित्तता का अधिक स्पष्ट ज्ञान होने लगता है, क्योंकि द्वैतभान नहीं रहता और इस अवस्था से पुनः च्युत होने की सम्भावना भी समाप्त रहती है। इसके अनन्तर दर्शनमार्ग प्रारम्भ होता है। यहाँ निःस्वभावता का प्रत्यक्षतः ज्ञान होने लगता है। क्योंकि यहाँ साधक के क्लेशावरण एवं ज्ञेयावरण प्रहीण होते हैं। इसके अनन्तर भावना-मार्ग प्रारम्भ होता है। उपर्युक्त दश भूमियाँ भावनामार्ग हैं। इसमें उभय आवरणों के बीज भी अत्यन्ततः नष्ट हो जाते हैं। इनके नष्ट होने के साथ ही साधक सम्यक्संबुद्धत्व प्राप्त करता है।

त्रिकाय-व्यवस्था

अपरिमित सत्त्वों की निरन्तर अर्थक्रिया सम्पादन ही बुद्धत्व है। बुद्धत्व के द्वारा सत्त्वों के सन्तर्पण का माध्यम है—बुद्धकाय। अचित्तता एवं शून्यता की भूमि पर ही इस काय की उत्पत्ति होती है। उपर्युक्त ९वीं १०वीं भूमि तक साधक के क्लेश एवं ज्ञेय आवरणों का सूक्ष्मतम लेश भी विनष्ट हो चुका है, उसे दो सत्यों—संवृति एवं परमार्थ सत्यों का पूर्ण ज्ञान है। उसमें सत्त्वों के हित-परिपाक के लिये अपेक्षित १० बल, ४ वैशारद्य आदि तथा १८ आवेणिक धर्म (जो केवल बुद्धों में ही उद्गत होते हैं) परिपूर्ण हैं। काय से अभिप्राय राशि या समूह से है। यहाँ शून्यता और विभिन्न गुणों से मण्डित सांवृतिक चित्त ही काय शब्द से कहा गया है। बुद्धकाय वास्तव में एक सुविशुद्ध धर्मकाय मात्र है, किन्तु सत्त्वार्थ की सिद्धि के लिए कार्य-भेद से उसके ३ या चार भेद किये जाते हैं। तीन हैं—१. स्वभाव काय, २. सम्भोग काय और ३. निर्माण काय। स्वभाव काय—यह अकृत्रिम एवं परमार्थभूत विशुद्ध धर्मों का समूह है, जो सब मलों से अपगत एवं पूर्व धर्मों से परावृत्त है। वह नित्य विशुद्ध काय है। इन विशुद्धतम धर्मों के आश्रयभूत ज्ञान को एक अतिरिक्त काय के रूप में 'ज्ञानधर्मकाय' कहा जाता है, जिससे कायों की चार संख्या हो जाती है। वास्तव में प्रज्ञापारमिता जो सम्पूर्ण महायान साधना का आधारभूत ज्ञान है, वही यह ज्ञानधर्मकाय है। ये दोनों काय वास्तव में एक ही हैं। फल की दृष्टि से ज्ञान का तीन स्थूल विभाग किया जा सकता है—१. सर्वाकारज्ञता, २. मार्गज्ञता और ३. सर्वज्ञता। महायान की दृष्टि में सर्वज्ञता एवं मार्गज्ञता के अनन्तर ही सर्वाकारज्ञता पूर्ण होती है। बोधिसत्त्व को प्रथम बोधिचित्तोपाद से लेकर सर्वाकारज्ञता तक अभिगम करना होता है। इस त्रिसर्वज्ञता का आधारभूत प्रतिनिधि ज्ञानधर्मकाय है। ज्ञानधर्मकाय सहित स्वभावकाय की एक संज्ञा 'धर्मकाय' है। बोधिसत्त्व को इसका साक्षात्कार अभिसमय (सक्षात् अनुभव) के एक क्षण की सम्बोधि के अनन्तर होता है।

सम्भोगकाय एवं निर्माणकाय पूर्ण रूप से सांवृतिक हैं, प्रयोजनवश वे अनेक और अनन्त हो सकते हैं। बुद्ध सम्भोगकाय के द्वारा देवमण्डलों में धर्मसंभोग करते हैं। वहाँ देशना आदि भी करते हैं और इहलोकों में निर्माण-काय द्वारा सत्त्वार्थक्रिया करते हैं। इन दोनों का स्पष्ट भेद यह है कि प्रथम स्वार्थ लक्षण है, दूसरा परार्थ लक्षण। अन्ततः देखा जाए तो वह धर्म संभोग भी परार्थ में ही विनियुक्त होता है।

पहले सातवीं भूमि के सम्बन्ध में कहा गया है कि बोधिसत्त्व सत्त्वार्थ के लिये पुनः उत्कट प्रणिधान लेते हैं और आठवीं-नवों भूमियों में क्षेत्र-विशुद्धि करते हैं। क्षेत्र-विशुद्धि के द्वारा वह अपना कार्य-क्षेत्र तैयार करते हैं, जिसे बोधिसत्त्वों का क्षेत्र या मण्डल कहा जाता है। सम्भोगकाय भी कुछ उत्कृष्ट धर्मों का ही सम्पुञ्जित रूप है। इसके पाँच विनियत धर्म होते हैं, इनसे बोधिसत्त्व का स्थान, विनेय, काय, धर्म और काल निश्चित रहते हैं। निर्माणकाय के रूप में गौतम बुद्ध आदि थे, जिन्हें गयाशीर्ष में बोधिलाभ हुआ, सारनाथ आदि स्थानों में जिनके द्वारा धर्मचक्रप्रवर्त्तन हुआ।

बोधिसत्त्व बुद्धत्व प्राप्ति कर इन त्रिविध कायों द्वारा बुद्धकृत्य करते हैं। यह ध्यान देने की बात है कि बुद्ध के ये सारे कर्म 'निराभोग' एवं 'निरन्तर' होते रहते हैं, यही अचित्तता के आधार पर महायान साधना का आदर्श है। इसी परमार्थ भूमि पर आगे चल कर वज्रयान आदि का विकास हुआ जो बहुत गम्भीर किन्तु महत्त्वपूर्ण है।

• • •

तान्त्रिक बौद्धसाधना

श्री सेम्पा दोर्जे

तन्त्रयान का उद्गम

यह तो स्पष्ट है कि तान्त्रिक विद्या का उद्भव बहुत पहले ही हो चुका है। यह भी माना जाता है कि बौद्ध तान्त्रिक देशना भगवान् शाक्यमुनि ने स्वयं दी है। बौद्ध तान्त्रिक परम्पराओं के अनुसार शाक्यमुनि ने 'श्री धान्यकूट' (धान्यकटक) नामक स्थान में अनुत्तर-'तन्त्रनय' का तृतीय धर्मचक्र प्रवर्त्तन किया था। यह स्थान दक्षिण भारत में अमरावती के निकट अवस्थित है। तान्त्रिक इतिहास में यह स्थान अत्यन्त प्रसिद्ध है। इसके अतिरिक्त 'श्री पर्वत' तथा 'मलय' पर्वत आदि का भी तन्त्रों में बहुधा उल्लेख मिलता है, जिनमें कुछ छोटे-मोटे तन्त्रों की देशना हुई थी। 'मलय' पर्वत सिलोन में 'सुमनकूट' नाम से प्रसिद्ध है। 'विमलप्रभा' (श्री कालचक्र तन्त्र की टीका) आदि प्रामाणिक शास्त्रों के अनुसार तृतीय तान्त्रिक धर्मचक्रप्रवर्त्तन, बुद्ध ने परिनिर्वाण के एक वर्ष पहले किया था। अन्य विद्वान् द्वितीय तथा तृतीय धर्मचक्र-प्रवर्त्तन एक साथ मानते हैं। प्रथम धर्मचक्रप्रवर्त्तन सर्वप्रसिद्ध है। द्वितीय तथा तृतीय (तान्त्रिक) धर्मचक्रप्रवर्त्तन बहुत प्रसिद्ध नहीं है; फिर भी इनकी सत्ता को अस्वीकार नहीं किया जा सकता। संक्षेप में यही कहा जा सकता है कि उपर्युक्त तान्त्रिक इतिवृत्त सर्वसाधारण लोगों में अप्रसिद्ध होने पर भी अप्रामाणिक नहीं प्रतीत होता।

इस प्रकार बौद्ध तान्त्रिक विचारधारा अति प्राचीन काल से ही प्रचलित है। 'तन्त्रनय' या तान्त्रिक विज्ञान अत्यन्त गम्भीर एवं विशिष्ट है। उच्चकोटि का अधिकार प्राप्त न हो जाने तक इसमें प्रवेश नहीं होता। उसकी तीव्र शक्तिमत्ता के कारण दुरुपयोग की आशङ्का से आचार्य तान्त्रिक साधना को जनसाधारण के लिए या उसके समक्ष प्रकाशित नहीं करते थे। गुप्त-भाव से ही इसका अनुष्ठान होता था। इसलिए तान्त्रिक इतिवृत्तों की प्रसिद्धि सर्वसाधारण रूप से नहीं हो सकी।

साधारणतया यह कहा जाता है कि तान्त्रिक परम्परा भगवान् बुद्ध से ही प्रचलित है। बाद की परम्पराप्रवाह सुचन्द्र, इन्द्रभूति[1] आदि आचार्यों के माध्यम से जिन्होंने बुद्ध से साक्षात् तान्त्रिक उपदेश सुने थे, आदि से लेकर आज तक अविरल

१. यह इन्द्रभूति प्रथम इन्द्रभूति है, यों तो बहुत-से इन्द्रभूति हुए हैं।

रूप से चलती आ रही है। परन्तु तान्त्रिक विकास-क्रम के स्रोतों पर दृष्टिपात करने से प्रतीत होता है कि सुव्यवस्थित तान्त्रिक मतों का उद्भव ईसा पूर्व द्वितीय शताब्दी के आसपास में ही हुआ था। यह तो निर्विवाद है कि आचार्य 'राहुल भद्र' एक विख्यात तान्त्रिक सिद्ध थे। राहुल भद्र नागार्जुन के पूर्ववर्त्ती आचार्य हैं। उनके जीवन के अन्तिम चरणों में नागार्जुन उनके शिष्य बने। कहने का तात्पर्य है कि आचार्य राहुल भद्र के समय में 'गुह्यसमाज' आदि तन्त्रों का अस्तित्व विद्यमान था। मैत्रेयनाथ के समय में भी इन तन्त्रों का आभास मिलता है। बाद में आर्य नागार्जुन ने इन तन्त्रों पर बहुत-से भाष्य भी लिखे थे। नागार्जुन से लेकर लगभग तीन-चार सौ वर्षों तक तान्त्रिक साधनों के अनुष्ठानों का विधि-विधान आंशिक रूप से गुप्त ही रहा। धर्मकीर्त्ति के युग से तथा विशेषकर पाल नरेशों के युग से तान्त्रिक साधना की परम्परा बहुत प्रसिद्ध हो गई।

तन्त्र के स्वरूप एवं भेद

स्वरूप—साधारणतः तन्त्र शब्द का प्रयोग बहुत-से अर्थों में होता है। शब्द-शास्त्र के अनुसार 'तन्त्रि-कुटुम्बधारणे' धातु से निष्पन्न यह शब्द कुटुम्ब-धारणार्थक है। 'चान्द्र' के अनुसार यह धारणार्थक है (धारयते, कुटुम्बयते)। परन्तु मन्त्रनय के लिए प्रयुक्त 'तन्त्र' शब्द का अर्थ 'प्रबन्ध' है। तान्त्रिक व्युत्पत्ति के अनुसार इसका प्रयोग तीन प्रकार से होता है। जैसे कहा गया है—

'प्रबन्धं तन्त्रमाख्यातं तत् प्रबन्धं त्रिधा भवेत्।' इत्यादि।

योगी के स्कन्धों की प्रवहमान सन्तति, जो मार्ग आदि की प्रक्रियाओं की प्रवृत्ति या अवतरणा का आधार है, को 'तन्त्र' कहते हैं। मार्ग आदि प्रतिपद-उपायों तथा अभिनिहार्य अर्थात् साध्य-फल (अनाभोगिक वज्रपद) को भी तान्त्रिक शब्दावली में 'तन्त्र' ही कहा जाता है। जैसे गुह्यसमाज तन्त्र के अठारहवें पटल में कहा गया है—

"आधारः प्रकृतिश्चैव असंहार्यप्रभेदतः॥
प्रकृतिश्चाकृतेर्हेतुरसंहार्य्यफलं तथा।
आधारस्तदुपायश्च त्रिभिस्तन्त्रार्थसंग्रहः॥" इति।

इस प्रकार अभिधेय की दृष्टि से तन्त्र के मुख्य तीन भेद हैं। अभिधान की दृष्टि से उपर्युक्त विषयों का प्रतिपादन करने वाले सभी शास्त्र तन्त्र हैं। यहाँ विषयी के लिए विषय का नाम उपचरित होता है। प्रसङ्गवश यहाँ तन्त्रयान के बारे में दो शब्द प्रस्तुत करना आवश्यक है।

तन्त्रयान—तन्त्रयान महायान के अन्तर्गत एक यान है। जैसे अद्वयवज्रसिद्धि में कहा गया है—"महायानं च द्विविधं, पारमितायानं मन्त्रयानञ्चेति— ।" तन्त्र की व्युत्पत्ति ऊपर की जा चुकी है। 'यान' से तात्पर्य सिद्धान्त या मार्ग है। तान्त्रिक मार्ग का दूसरा नाम 'तन्त्रयान' है। इसे मन्त्रयान भी कहा जाता है। वास्तव में मन्त्रयान, वज्रयान, तन्त्रयान, उपाय-यान आदि सब पर्यायवाची हैं। इसका विस्तृत विवेचन आचार्य श्रद्धाकरवर्म ने किया है। इनके 'अनुत्तर योगावतार' नामक ग्रन्थ में भी इन सब नामों का पर्यायवाची के रूप में प्रयोग किया गया है। अन्यत्र इसे 'फल-यान' भी कहते हैं। इसका संकेत 'गुह्य निर्वचन तन्त्र' में भी मिलता है। 'वज्रसत्त्व-समाधि' तन्त्रयान का प्रधान विषय है। इसलिए इसे वज्रयान भी कहते हैं। इसका दूसरा नाम मन्त्रयोग भी है। मन्त्रयोग की चर्चा आगे की जायगी।

साधना की दृष्टि से तन्त्रों का भेद

यह तो सर्वविदित है कि तन्त्रों का भेद बहुत अधिक है। किन्तु पूर्ववर्त्ती आचार्यों के अनुसार मुख्यतया इनके चार भेद हैं–क्रिया, चर्या, योग और अनुत्तरयोग। यद्यपि कुछ परम्पराओं में महायोग, अनुयोग और अतियोग तन्त्र आदि का व्यवहार होता है, पर वे सब उपर्युक्त चार के अन्तर्गत अन्तर्भूत हो जाते हैं। सभी तन्त्रों का मुख्य प्रतिपाद्य विषय कोई विशेष साधना ही होती है। 'मन्त्रयोग' सभी तन्त्रों का समान विषय है। विभिन्न तन्त्रों में इसका स्वरूप एवं क्रियाविधि भिन्न रूप से ही पाई जाती है। सामान्यतः तान्त्रिक शब्दावली में 'मन्त्र' का अर्थ बहुत व्यापक है। यहाँ 'मन्त्र' शब्द 'मन्त्रि-गुप्तभाषणे' के अर्थ में नहीं प्रतीत होता। अतः यह शब्द 'मन्त्रि' धातु से 'इदि-तो नुम्-धातोः' (सूत्र) द्वारा निष्पादित नहीं है। यह 'मनः' एवं 'त्राण' इन दो शब्दों का संयुक्त वाक्य है। 'मन' से अभिप्राय ज्ञान या गति है। 'त्राण' का तात्पर्य गतिपालन, रक्षण या करुणा है। जैसे गुह्यसमाजतन्त्र में कहा है—

"प्रतीत्योत्पद्यते यद्यदिन्द्रियैर्विषयैर्मनः।
तन्मनो मननं ख्यातं कारकत्राणनार्थतः॥
लोकाचारविनिर्मुक्तं यदुक्तं समयसंवरम्।
पालनं सर्ववज्रैस्तु मन्त्रचर्येति कथ्यते॥ इति।

इस प्रकार के मन्त्र-मार्ग को मन्त्रयान या मन्त्रनय कहते हैं। इसके प्रति-पादक ग्रन्थ भी मन्त्रनय में गृहीत होते हैं। मन्त्रनय-विषयक शास्त्र विद्याधरपिटक भी कहा जाता है। कुछ विद्वान् मन्त्रनय और वज्रयान आदि को मूलतः भिन्न मान-

कर कुछ मनोरञ्जनात्मक व्याख्या करते हैं। वास्तव में ये भिन्न नहीं है। इनकी चर्चा ऊपर की जा चुकी है।

'मन्त्र' शब्द की चर्चा की जा चुकी है। 'मन्त्रयोग' में प्रयुक्त 'योग' शब्द भी साधारण योग-अर्थक नहीं है; जैसे 'योगः समाधिः'—(पतञ्जलि योगशास्त्र) या बौद्धों के अन्य शास्त्रों में कहा गया है कि 'योगः एकाग्रता' इत्यादि। यहाँ योग से अभिप्राय है—सर्वविभु शून्यता का ज्ञान एवं अपरिवर्तनीय महाकरुणा का समायोग, जिसके आधार पर योगी को सभी प्रकार के तान्त्रिक रहस्यों का अधिगम होता है। उपर्युक्त अपरिवर्तनीय करुणा से अभिप्राय सहजानन्द है। अतः यहाँ योग से तात्पर्य विशेष समापत्ति है। जैसे कहा गया है—

"प्रज्ञोपायसमापत्तिर्योग इत्यभिधीयते"। (गुह्यतन्त्रे)।

इस प्रकार के मन्त्रनय या तान्त्रिक साधनाओं का मुख्य भेद निम्न प्रकार से है।

क्रिया—क्रियातन्त्र, किसी एक तन्त्रविशेष का नाम नहीं है। इसमें अनेक प्रकार के तन्त्र संगृहीत हैं। इनमें संसिद्धि, सुबाहुपरिपृच्छा, ध्यानोत्तर तथा गुह्य-सामान्यतन्त्र आदि प्रमुख है। ये सब मूलतन्त्र है। गुह्यसामान्यतन्त्र में 'क्रियातन्त्र' के तीन-हजार आठ सौ भेद बताये गये हैं। इसका 'क्रिया' नाम प्रतिपाद्य साधना की दृष्टि से पड़ गया है। 'क्रिया' से तात्पर्य है कर्मप्रधान योग या साधना। इस साधना-प्रणाली में आन्तरिक ध्यान-भावना की अपेक्षा बाह्य शारीरिक क्रिया पूजा, उपासना आदि की प्रधानता रहती है। इसे साधना की शब्दावली में कर्मयोग भी कहते हैं। कर्म-योग का अर्थ कर्म करना मात्र नहीं है। इसका अर्थ 'सनैमित्तिकयोग' से अनुप्राणित कर्म है; अर्थात् भावना (संस्थान योग) के माध्यम से किया जाने वाला कर्म है। इसके अतिरिक्त इस प्रणाली में 'सनैमित्तिक' और 'अनैमित्तिक' योग का भी विधान है। इसका विवेचन आगे किया जाएगा।

इनमें और भी बहुत से तन्त्र ऐसे हैं जो धारणी के नाम से जाने जाते हैं। धारणियों का उल्लेख प्राचीन त्रिपिटकों में भी यदा कदा मिलता हैं। द्वितीय संगीति के अवसर पर संगृहीत किये गये त्रिपिटकों में भी इसकी चर्चा है। इससे प्रतीत होता है कि उस समय भी धारणियों का उपयोग होता था। पालित्रिपिटक में निहित 'परित्राणसूत्र' धारणी का ही दूसरा नाम प्रतीत होता है।

धारणी-सम्बन्धी साधना में प्रत्येक विद्याओं के मन्त्रों की प्रयोग-विधि दिखलाई गई हैं। इनमें 'सरस्वती साधना विधि' आदि अनेक विद्याओं की साधना-विधि निहित हैं। धारणी-सम्बन्धी सभी तन्त्र 'क्रियातन्त्र' के अन्तर्गत आते है।

चर्यातन्त्र—चर्यातन्त्र का मुख्य विषय समाधि है। इसमें समाधिचर्या की प्रधानता रहती है। इसलिए इसे चर्या कहा गया है। इसका 'पञ्चाभिसंबोधि' नामक समाधि या योग बहुत प्रसिद्ध हैं। इसका विस्तृत विवेचन वैरोचन-अभिसम्बोधि नामक ग्रन्थ में पाया जाता है। पञ्च-अभिसम्बोधि का विवेचन यहाँ सम्भव नहीं है। इसका सारभूत तत्त्व 'सनैमित्तिक' एवं 'अनैमित्तिक योग' है। सनैमित्तिक साधना-योग में स्वयं दिव्य तनु (शरीर) के रूप में समुत्थित होकर अद्वैत भावनापूर्वक करुणा-सहचरित उपासना या समाधि लगाना होता है। अनैमित्तिकयोग में करुणा-सहचरित शून्यता की भावना की जाती है। सामान्यतः सभी साधना प्रक्रियाओं में करुणा-संवलित भाव से अनुप्राणित होना अत्यावश्यक है।

इस तन्त्र के बहुत से मूलग्रन्थ दीर्घकाल से ही लुप्त हो चुके हैं। इनके भाषान्तरों में अनुवाद भी बहुत कम है। इसके विद्यमान तन्त्रों में से 'वैरोचन-अभिसंबोधि' सबसे प्रधान है। इसमें २६ अध्याय हैं। इसका उत्तरतन्त्र नामक और एक तन्त्र है, जिसके ७० अध्याय हैं। इसके अतिरिक्त 'वज्रपाणि-आभिषेकतन्त्र' भी बहुत प्रसिद्ध है।

योगतन्त्र—योगतन्त्र का प्रतिपाद्य विषय सामान्य रूप से पूर्ववत् है। विशेषतः इसमें चार महामुद्राओं की व्याख्या की गई है। महामुद्रा नामक योग इस प्रकार है—'महामुद्रा' धर्ममुद्रा, समयमुद्रा और कर्ममुद्रा। साधक का साधारण शरीर उसकी साधना का मूलाधार है। आधारभूत उस शरीर के स्थान पर अपने इष्टदेव के सरूप एक 'दिव्य तनु' को प्रतिष्ठित किया जाता है। इसी की भावना की जाती है। इस भावना के पराकाष्ठा-प्राप्त होने पर तदनुरूप दिव्य तनु की अभिव्यक्ति होती है, इसे 'महामुद्रा' कहते हैं। मन्त्रों के सहोच्चारण की साक्षाद् अभिव्यक्ति, 'धर्ममुद्रा' है। समाधि भावना आदि से उपलब्ध प्रश्रब्धि से जनित सुखादि से संप्रयुक्त शून्यता का साक्षाद् अधिगम, 'समयमुद्रा' है। अनाभोगिक रूप से सभी प्रकार के कार्यों का सम्पादन 'कर्ममुद्रा' है। इन मुद्राओं के सम्बन्ध में सूक्ष्म विवेचन करना आवश्यक नहीं है। इन साधनाओं के मूलभूत तन्त्र निम्नाङ्कित हैं—

'तत्त्वसंग्रह' नामक तन्त्र योगतन्त्र का मूलभूत ग्रन्थ है। इसके अतिरिक्त वज्रधातु, त्रिधातुविजेता, जगद्दमन और वज्रशिखर आदि प्रसिद्ध हैं। 'वज्रशिखर' वास्तव में मूलतन्त्र का उपबृंहण है। इसके बहुत से तन्त्र विलुप्त हैं। आज जो थोड़े बहुत हैं, वे भी केवल अनुवाद के रूप में ही हैं।

उपर्युक्त तीनों तन्त्रों की परम्परा में बहुत से आचार्य हुए हैं। उनमें से आचार्य शाक्यमित्र, गुह्यबुद्ध और आनन्दगर्भ प्रधान हैं। इन्होंने तत्त्वसंग्रह, वज्रशिखर आदि पर अनेक भाष्य एवं व्याख्याएँ लिखीं और इन तन्त्रों के आधार पर साधन-

माला आदि अनेक स्वतन्त्र ग्रन्थ भी लिखे हैं। इन आचार्यों का काल अनिश्चित है। शाक्यमित्र नागार्जुन के शिष्य थे। 'गुह्य बुद्ध' पञ्चम या छठी शताब्दी के आस-पास के हैं। पालयुग से इनका सम्बन्ध आवश्यक है। कुछ लोग इन्हें प्रज्ञाकर गुप्त के के समकालीन मानते हैं (तारा नाथ)।

अनुत्तर तन्त्र—सामान्यतः अनुत्तर तन्त्र उसे कहते हैं, जिसके द्वारा अनुत्तर योग का प्रतिपादन होता है। अनुत्तर योग से तात्पर्य 'वज्रसत्त्व समाधि' है। 'वज्र-सत्त्व समाधि' एक समाधिविशेष का नाम है। विभिन्न तन्त्रों में यह विभिन्न नामों से जानी जाती है। जैसे वज्रयोग, मन्त्रयोग, अनुत्तर योग इत्यादि। साधना प्रक्रिया की दृष्टि से अनुत्तर तन्त्र के दो भेद हैं—मातृतन्त्र और पितृतन्त्र। गुह्यसमाज, शूरमञ्जुश्री तन्त्र आदि पितृतन्त्र हैं। हेवज्र, चक्रसंवर, कालचक्र आदि मातृतन्त्र हैं। इन तन्त्रों में साधना की विविध विधियाँ दिखलाई गई हैं। ये सब संक्षेप में चार भागों में विभक्त की गयी हैं—विशुद्धयोग, धर्मयोग, मन्त्रयोग और संस्थानयोग। इन्हें वज्रयोग भी कहते हैं। प्रत्येक वज्रयोग से एक-एक प्रकार की शक्ति या सामर्थ्य की प्राप्ति होती हैं। इसके पूर्ण विकास या प्रकर्ष से वज्रभाव का उदय होता है। स्थूल दृष्टि से साधक की सत्ता चार भागों में विभक्त की जाती है—काय, वाक्, चित्त और क्रिया। क्रिया से तात्पर्य है प्रवृत्तिविज्ञान। प्रथम वज्रयोग से 'काय-वज्रभाव' का उदय होता है। इस प्रकार वाक्, चित्त आदि में भी समझना चाहिए। ये चारों वज्रभाव समष्टि अथवा एक ही सन्तति में परस्पर संपृक्त रूप से रहते हैं।

योगों का स्वरूप—प्रथम वज्रयोग का नाम विशुद्ध-योग है। करुणा का लक्षण ज्ञान-वज्र है (विशेष तान्त्रिक शब्दावली में)। इसी का नामान्तर सहजकाय है, जो प्रज्ञा एवं उपाय की साम्यावस्था है। इसी का दूसरा नाम 'विशुद्ध योग' है। द्वितीय है धर्मयोग। धर्मयोग से तात्पर्य चित्तवज्र है, जो चित्त की धर्मता एवं प्रज्ञा की अद्वैत अवस्था है। इसी की अन्तिम परिणति ज्ञान-काय के रूप में होती है। तृतीय है 'मन्त्रयोग', यह मन्त्रयोग उपर्युक्त मन्त्रयोग से भिन्न है। यहाँ मन्त्रयोग से अभिप्राय वाग्वज्र है। इसका अन्तिम फल सम्भोगकाय है। चतुर्थ 'संस्थानयोग' को 'कमल-नयन' भी कहते हैं। यह प्रज्ञोपाय की साम्यावस्था या सामरस्य स्वरूप एक विशेष संस्थान है। इसी का प्राधिगम या साक्षात् अधिगम, संस्थानयोग है। इन सब योगों का अभिसाधन 'उत्पत्तिक्रम' (योग) तथा 'निष्पन्नक्रम' (योग) अर्थात् संहारयोग द्वारा होता है।

अधिकार—तान्त्रिक साधना का लक्ष्य वज्रयोग की सिद्धि है। जब तक साधक का आधार या क्षेत्र योग्य नहीं होता, तब तक इसकी साधना नहीं की जा सकती।

पारमितानय का साधन नीति तथा चर्या की विशुद्धि पर प्रतिष्ठित होता है। किन्तु तान्त्रिक साधना आध्यात्मिक योग्यता पर निर्भर करती है। इससे स्पष्ट है कि तान्त्रिक साधना के लिए अधिक योग्यता की आवश्यकता होती है।

आचार्य परम्परा

तान्त्रिक मत का उद्गम और प्राचीन परम्परा की चर्चा की जा चुकी है। बाद की परम्परा प्रायः 'आचार्य सरहपाद' से प्रारम्भ होती है। गुह्यसमाज आदि पितृतन्त्रों की परम्परा आचार्य सरहपाद तथा नागार्जुन से चलती है। इसकी एक दूसरी परम्परा भी है, जो आचार्य ज्ञानपाद से आरम्भ होती है। ज्ञानपाद नागार्जुन से कुछ बाद के थे। चक्रसंवर का प्रवाह बीच-बीच में टूटता रहा (योगो नष्टः परन्तप)। बाद में विशेषतः कृष्णचर्यापाद ने इसका पुनरुद्धार किया। इसके बाद वह परम्परा चलती रही। कृष्णचर्यापाद का काल विवादग्रस्त है, सम्भवतः ये सातवीं शताब्दी से पहले के थे।

विशेष तन्त्र

विशेष तन्त्रों की परम्परा इस प्रकार है—बुद्धकपाली की परम्परा सरहपाद से, योगिनीतन्त्रों की परम्परा 'लवपाद' (लुईपाद) से, समायोगविन्दु की परम्परा कृष्णचर्यापाद से, यमान्तकालत्रिवेणी की परम्परा ललितवज्र से, वज्रामृत की परम्परा गम्भीरवज्र से, महामाया की परम्परा कुक्कुरीपाद से और श्री कालचक्र की परम्परा आचार्य 'वितोपाद' से प्रारम्भ होती है। इनमें श्री कालचक्र सबसे बाद का तन्त्र है। इसकी परम्परा ई० ७०० से प्रारम्भ होती है। 'वितोपाद' का काल प्रज्ञाकर गुप्त के समकालीन माना जाता है।

यह ज्ञातव्य है कि परम्पराओं के अनुसार श्री कालचक्र तन्त्र को आचार्य वितोपाद 'शम्भल' नामक स्थान से ले आये। 'विमलप्रभा' (टीका) आदि के अनुसार शम्भल नामक स्थान सीता नदी के तट पर स्थित है। इस स्थान का दूसरा नाम 'कलाप' भी है। उपर्युक्त सीता नदी आजकल उत्तरी भारत में बहने वाली सीता नदी नहीं प्रतीत होती। 'कलाप' नामक स्थान के चारों ओर विशाल हिम-शिखरों का वर्णन है, हमारे भौगोलिक इतिहास में इसका वर्णन कहीं भी नहीं मिलता। सम्भवतः यह स्थान उत्तर की ओर कहीं अवश्य है।

• • •

भोट देश में बौद्धधर्म एवं साधना

श्री सेम्पा दोर्जे

पाँचवीं शताब्दी प्राच्य देशों के लिए एक वरदान के रूप में सामने आती है; जिसमें अनेक पिछड़े देशों के भाग्यशाली लोगों को सद्धर्म का अमृत सन्देश मिला। विशेष रूप से छठी एवं सातवीं शताब्दी, तिब्बती लोगों के लिए भी मङ्गलमय युग था। इसी काल में बौद्धधर्म के अमृत प्रवाह की प्रथम धारा तिब्बती जनजीवन के क्षेत्र में बहने लगी।

तिब्बत में धर्म एवं साधना का उद्गम

जब ईसवीय सातवीं शताब्दी के प्रथम चरण में सम्राट् स्रोङ्चन गम्पो राजगद्दी पर बैठे, तो उन्हें ऐसा लगा कि उनकी प्रजा और सम्पूर्ण राज्य बौद्धिक एवं आध्यात्मिक दोनों दृष्टि से असभ्य एवं अज्ञान के अन्धकार में डूबे हुए हैं। उस समय तिब्बत में पठन-पाठन की कोई व्यवस्था नहीं थी। यहाँ तक कि वहाँ न कोई सुविकसित भाषा और न कोई लिपि ही थी। यह स्थिति सम्राट् स्रोङ्चन के लिए असह्य थी। अतः उन्होंने थोनमी सम्भोट आदि अनेक युवकों को अध्ययन के लिए भारत भेजा। उन्होंने आचार्य कुसरः, शीलमञ्जु, विमलमित्र आदि भारतीय विद्वानों को तिब्बत बुलाया। जब सम्भोट सुशिक्षित होकर स्वदेश लौटे, तो उन्होंने 'नई भाषा' और 'लिपि' का निर्माण किया तथा व्याकरण सम्बन्धी अनेक ग्रन्थों की रचना की। उपर्युक्त भारतीय आचार्यों की सहायता से उन्होंने बहुत से बौद्धधर्म सम्बन्धी शास्त्रों एवं सूत्रों का भाषान्तर भी किया। सम्राट् स्रोङ्चन ने थोड़े ही समय बाद पठन-पाठन की समुचित व्यवस्था की और स्वयं भी अनेक महत्त्वपूर्ण शास्त्रों का गम्भीरतापूर्वक अध्ययन करने लगे। यहीं से भोट देश में पठन-पाठन तथा धर्म-दर्शन के लेखन एवं विमर्श-विचार का सूत्रपात होता है।

उस समय तक साधारण लोगों के लिए यह धर्म सर्वथा नवीन एवं अपरिचित था। तिब्बती लोगों में सम्राट् स्रोङ्चन ही धार्मिक, आध्यात्मिक एवं तान्त्रिक रहस्यों के विशेषज्ञ थे। उन्होंने अनेक सुमेध प्रतिभावान् लोगों को 'आर्यलोकेश्वर' सम्बन्धी साधनाविधि के अनुसार शिक्षित एवं दीक्षित किया। फलतः उनके बाद बड़ी मात्रा में लोग साधनानुष्ठानों में प्रविष्ट होने लगे। ऐसा कहा जाता है कि सम्राट् स्रोङ्चन ने तिब्बत के पाँच सौ जटिल सम्प्रदाय वालों को एक साथ दीक्षा

दी और उन्हें साधना में लगाया। कहा जाता है कि सम्राट् ने जिन लोगों को अपने उपदेशों एवं अववादों से दीक्षित किया था, उनकी एक संगीति बुलाई, जिसे तिब्बती में "काछेम का खोलमा" कहा जाता है और उन उपदेशों के संग्रह को "मणिकाबुम"। इस प्रकार सम्राट् स्रोङ्चन तिब्बती विद्वानों में सर्वप्रथम उपदेशक के रूप में सामने आते हैं, और 'मणिकाबुम' भोट देशीय ग्रन्थों में सबसे पहला संग्रह ग्रन्थ है। भोटदेश के साधना-सम्बन्धी इतिहास के ज्ञान के लिए 'मणिकाबुम' के बारे में कुछ जानना आवश्यक होता है।

मणिकाबुम

कहा गया है कि मणिकाबुम एक साधना या योग विषयक संग्रह शास्त्र है। इसमें आर्य लोकेश्वर के विभिन्न रूपों और उनसे सम्बन्धित साधनाओं का विवेचन है। साथ ही यह ग्रन्थ तान्त्रिक रहस्यों से भी भरा हुआ है। इसके बहुत से पहलू इतिहास की दृष्टि से भी महत्त्वपूर्ण हैं। इस ग्रन्थ से राजवंशों के इतिहास एवं समकालीन धार्मिक स्थिति तथा विकास के बारे में काफी प्रकाश पड़ता है। इन विषयों के रहते हुए भी इस ग्रन्थ को योगशास्त्र से अलग नहीं किया जा सकता, क्योंकि इसमें साधना एवं आचार के विभिन्न अङ्गों का प्रायोगिक रूप से विशद प्रतिपादन मिलता है, जो इस ग्रन्थ को मौलिक योगशास्त्र के रूप में सिद्ध करता है। इसमें जिन साधना-विधियों का प्रतिपादन किया गया है, वे करुणाप्रधान साधनाविधि हैं। इसके कुछ परिच्छेद, 'मूल तन्त्र' के रूप में हैं, जिनमें आर्य लोकेश्वर को एक करुणा-देवता के रूप में प्रस्तुत किया गया है।

यद्यपि इस ग्रन्थ में प्रतिपादित साधना-विधियाँ भारतीय बौद्धसाधना से बहुत भिन्न नहीं थीं, फिर भी इस पर सम्राट् स्रोङ्चन गम्पो के व्यक्तित्व की अमिट छाप पड़ी हुई है। इसके अतिरिक्त देश, काल एवं सामाजिक वातावरण की भिन्नता के कारण इसकी प्रतिपादित साधनाप्रक्रियाओं में बहुत कुछ अन्तर दिखलाई पड़ता है, इसके बावजूद, इससे साधना के सिद्धान्तों एवं मूल आधारों में किसी प्रकार की त्रुटि नहीं आती। जो कुछ हो, तिब्बत में प्रचलित साधनाओं की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि क्या थी, इसे जानने के लिए इस ग्रन्थ की सूचनाएँ जानना अत्यावश्यक है।

भोटदेशीय प्राचीन साधना का मूलाधार

यह तो सर्वविदित है कि बौद्ध प्रस्थान सामान्यतया एक निवृत्तिप्रधान प्रस्थान है; जिसका मुख्य उद्देश्य मोक्ष ही होता है। कोई भी बौद्ध परम्परा इस

उद्देश्य से मुक्त नहीं हो सकती। यही स्थिति तिब्बती साधनासंहिता के बारे में भी कही जा सकती है। विशेष रूप से तिब्बती साधक आज भी इस लक्ष्य को अपने जीवन का अनिवार्य अङ्ग बनाये हुए हैं। वास्तव में दुःखनिवृत्ति की आकाङ्क्षा ही योग-अनुष्ठानों का आधार एवं प्रेरक है। यही बौद्ध साधना की आत्मा है। यह बात भोटदेशीय साधना के सम्बन्ध में भी पूरी तरह से लागू होती है।

विशेषाधार—भोटदेश में प्रचलित साधनाप्रणाली को संक्षेप में दो भागों में विभक्त किया जा सकता है—'पारमितानय' तथा 'तान्त्रिकनय'। पारमितानय से सम्बन्धित साधनाओं का आधार साधारणतया 'करुणा' और 'प्रज्ञा' को माना जाता है। करुणा से अभिप्राय है, सत्त्वों को दुःख से निवृत्त करने की प्रबल आकाङ्क्षा और 'प्रज्ञा' से तात्पर्य है धर्म-प्रविचय, अर्थात् वस्तुओं की यथार्थ स्थिति को जानने वाले ज्ञान तथा नैरात्म्यज्ञान आदि। इसे बौद्ध साधना की शब्दावली में 'साधना वस्तु' कहा जाता है। कोई भी साधना यदि इन दोनों वस्तुओं से रहित या विमुक्त है, तो उसे साधना की कोटि में नहीं रखा जा सकता। साधना के सम्बन्ध में तिब्बती साधकों का भी यही निश्चय रहा है। अतः यह स्पष्ट है कि भोटदेशीय साधना-संहिताओं का मूलाधार कारण की दृष्टि से 'करुणा' तथा 'निःसरणचित्त' अर्थात् दुःखनिरोध प्राप्ति की इच्छा ही रहा है और उद्देश्य या प्रयोजन की दृष्टि से निरुपधिशेष निर्वाण एवं अप्रतिष्ठित निर्वाण रहा है।

तान्त्रिकाधार

तान्त्रिक नय के अनुसार साधना का आधार केवल महाकरुणा ही हो सकती है; विशेषतया उसे भी अनालम्बन ही होना आवश्यक है। तान्त्रिक शब्दावली में साधना का लक्ष्य 'वज्रपद' की प्राप्ति है। भोट साधक 'वज्रपद' की प्राप्ति को अपनी साधना का परम उद्देश्य बताते हैं। यों तो तान्त्रिक साधना का प्रायोगिक आधार मण्डलादि होता है[1], तथा फलावस्थाओं के अनुरूप[2] ही योगानुष्ठानों का पालन

१. मण्डल से तात्पर्य है दिव्य मण्डल, जिसमें साधक तन्त्रनय के विधानों के अनुसार प्रवेश करता है। यह प्रायः समाधि द्वारा ही निर्मित होता है।

२. फलावस्था के अनुरूप से अभिप्राय अपने 'इष्टदेव से योग की भावना' है। गुह्य वज्रयान में इसे अत्यन्त 'गम्भीर उपाय' कहा जाता है। यह रूपी काय की प्राप्ति का असाधारण हेतु है। इसके द्वारा फलावस्था में जो रूपी काय की प्राप्ति होने वाली है, उसकी आकृति एवं स्थान आदि की अपनी आकृति एवं स्थान आदि से समानता के आधार पर भावना की जाती है।

करना होता है किन्तु यदि हमें इन बातों को एक ही वाक्य में कहना हो तो कहा जा सकता है कि तान्त्रिक साधना का क्षेत्र अलौकिक देवमण्डल आदि होता है और अन्य साधनाओं का कार्यक्षेत्र दृश्य जगत ही होता है।

साधना की विभिन्न शाखाएँ

साधारणतया तिब्बत में अनेक प्रकार की साधनाप्रणालियाँ देखने में आती हैं, फिर भी ये सिद्धान्तों के आधार पर एक दूसरे से भिन्न नहीं हैं; अपितु इनकी भिन्नता का कारण आचार्यों का प्रयोगभेद मात्र है। अतः यहाँ इस प्रकार की छोटी-मोटी भिन्नताओं में न जाकर उनकी मौलिक भिन्नताओं के कारणों को समझना चाहिये।

यह पहले ही कहा गया है कि तिब्बत में प्रचलित सभी प्रकार के योगानुष्ठानों के दो विभाग हैं—पारमितानय और मन्त्रनय। 'परमितानय' के दो विभाग हैं—'शमथ' और 'विपश्यना'। 'शमथ' के अन्तर्गत प्रथम एकाग्रता-चित्त से लेकर ध्यान-भूमियाँ और अरूपावचर आदि की समाहित चित्त-भूमियाँ आती हैं। इन भूमियों में 'विपश्यना' गौण रूप से ही रहती है। विपश्यना के अन्तर्गत मुख्य रूप से ज्ञान-मार्ग आदि आते हैं। मार्ग के अन्तर्गत आठ श्रावकभूमि, एक प्रत्येकबुद्धभूमि, दश बोधिसत्त्वभूमि और एक बुद्धभूमि आती है।[1] इन शाखाओं का भेद योग के आलम्बन एवं प्रहातव्य अन्तरायों के आधार पर ही किया जाता है। इनकी शाखाओं के रूप में समाधियों का भेद या उसकी शाखाएँ आती हैं।

तान्त्रिक शाखाएँ

उपर्युक्त साधनासंहिताओं के अतिरिक्त बहुत सी साधनाएँ ऐसी भी हैं, जिनका सम्बन्ध 'मन्त्रनय' से है। तिब्बती साधना परम्परा में 'मन्त्रनय' का समावेश इतना सार्वत्रिक एवं गहराई से हो गया है कि आज साधारण लोगों के लिए 'पारमितानय'

---

१. आठ श्रावक भूमियाँ–श्वेतविदर्शनाभूमि, कौलभूमि, अष्टमी भूमि, दर्शनभूमि, काठिन्यभूमि, वैराग्यभूमि, कायाधिगमभूमि और श्रावकभूमि। प्रत्येकबुद्धभूमि, इसको कभी श्रावकभूमि में गिना जाता था, इसके अनुसार श्रावकभूमि के नौ भेद हो जाते हैं। अतः इसे नवम भूमि कहा जाता है।

दश बोधिसत्त्वभूमियों का नाम इस प्रकार है—प्रमुदिता, विमला, प्रभाकरी, अर्चिष्मती, सुदुर्जया, अभिमुखी, दूरङ्गमा, अचला, साधुमती और धर्ममेधा। एक बुद्ध-भूमि—समन्तप्रभा।

से 'मन्त्रनय' की मौलिक भिन्नता समझना बहुत कठिन है। फिर भी यहाँ कुछ ऐसी विशेष साधना-प्रक्रियाओं का उल्लेख किया जा रहा है, जिसके आधार पर इसका कुछ परिचय मिल सके।

महामुद्रायोग, हठयोग, [यह हठयोग वैदिक परम्परा में प्रचलित हठ-योग से बहुत भिन्न है] षष्ठ-योग, प्रायोगिक षष्ठ योग, पंचाङ्गयोग, षष्ठनिकाय सम-रसयोग, सहज-योग, गुह्यचर्याविवृत्तियोग, पञ्चाङ्ग अमृतबिन्दु, उत्पत्ति-क्रमयोग [क्येद रिम] समाहार या प्रत्याहार योग आदि इस प्रसङ्ग में विशेषरूप से उल्लेखनीय हैं। इसके अतिरिक्त कुछ साधना साधक या योगी के इष्टदेव के नाम से भी प्रचलित हैं, जैसे—लोकेश्वर साधनाप्रणाली, अक्षोभ्य साधनाविधि, काल-चक्रसाधना आदि। यह ज्ञातव्य है कि लोकेश्वर आदि के नाम से प्रचलित साधना-विधियों में किसी प्रकार की व्याख्या नहीं होती। इसमें केवल कर्म-काण्डों का विधानमात्र रहता है और उसीके आधार पर परस्पर भिन्नता होती है।

तिब्बत में विशेष रूप से प्रचलित 'लामाई नलजोर' नामक और एक विशेष साधना है, जिसके स्वरूप में मन्त्रनय और पारमितानय दोनों का समन्वय होता है! इसका आधार 'तन्त्र' एवं 'सूत्र' दोनों में पाया जाता है। कहा जाता है कि इस साधना में अद्भुत सामर्थ्य निहित रहता है। इससे साधक की इष्टसिद्धि बहुत ही जल्दी होती है।

आचार्यों का संक्षिप्त परिचय

यह तो पहले ही कहा जा चुका है कि महाराज स्रोङ्गचन गम्पो सम्राट् होने के साथ-साथ एक महान् धार्मिक उपदेशक भी थे। इनके बाद तिब्बत में आचार्यों एवं साधकों की विशाल परम्परा चली।

तिब्बती धार्मिक विकास के इतिहास पर दृष्टिपात करने से यह प्रतीत होता है कि तिब्बत में 'विनय' एवं 'अभिधर्म' सम्बन्धी साधना-परम्पराओं से पहले 'मन्त्रनय' की साधना पहुँची। इसके सर्वप्रथम प्रचारक आचार्य विमलमित्र, शील-मञ्जु और कुसर आदि थे। ये लोग सम्राट् स्रोङ्गचन के द्वारा आमन्त्रित भारतीय आचार्य थे। कहा जाता है कि इनमें से आचार्य शीलमञ्जु नेपाली थे। इनमें से आचार्य विमलमित्र को तान्त्रिक दृष्टि से प्रधान आचार्य माना जा सकता है; परन्तु परवर्ती तिब्बती परम्परा आचार्य 'पद्मसम्भव' [सरोजवज्र] को ही तान्त्रिक मत का प्रवर्तक मानतो है। तान्त्रिक साधना की दृष्टि से लोचावा 'वैरोचन', भिक्षु गगनगर्भ [नम खई ञिङ्पो], मारवा लोचावा, ख्युङ्पो नलजोरपा आदि का भी महत्त्व कम नहीं है। इन आचार्यों एवं विद्वानों का काल एवं मत निम्नाङ्कित तालिकाके अनुसार है—

	सन्	आचार्य	मत	देश
लगभग	६१५	स्रोङ्गचन गम्पो	ञिङ्मापा	[तिब्बती]
	"	थोनमी सम्भोट	"	"
	६२५	विमलमित्र	ञिङ्मापा	[भारतीय]
	"	शीलमञ्जु	"	नेपाल
	"	कुसर	"	[भारतीय]
	८१५	ख्रिसोङ देउचन	ञिङ्मा	[तिब्बती]
	८२५	शान्तरक्षित	"	[भारतीय]
	८२५से३५	पद्मसम्भव	ञिङ्मा	[भा०]
	"	भिक्षु गगनगर्भ	"	[ति०]
	"	लोचावा वैरोचन	"	[ति०]
	१०७५	मारवा छोस क्यि लोडो	काग्युद्पा	[ति०]
लगभग	१०४०	ख्युङ्पो नल जोरपा	"	"
	१०५०	दीपङ्कर श्रीज्ञान, रत्नभद्र	कादम्पा	[भा० ति०]
	१०८०	दम्पा संग्या	शिजेदपा	[भा०]
	"	मचिकलवडोन	छोद	[ति०]
	१३५७	चोङ्खापा सुमतिकीर्ति	गेलुगपा	[ति०]
	१०३४	खोनकोन छोग ग्यलपो	साक्यापा	[ति०]
लगभग	१२५०	साक्या पनछेन कुन०	साक्यापा	[ति०]

इन आचार्यों के काल के सम्बन्ध में सभी विद्वान् एकमत नहीं हैं। अतः यहाँ तिब्बती रब्लो [शताब्दी] के अनुसार कुछ विद्वानों का मत दिया गया है।

साधना की पद्धति

तिब्बत में साधना एवं योग परम्पराओं की संख्या बहुत अधिक है। उन सब परम्पराओं की पद्धति भी कुछ भिन्न ही होती है। परन्तु उनके मूल स्रोतों पर दृष्टिपात करने से प्रतीत होता है कि उन भेदों का कोई मौलिक आधार नहीं है। अपितु ये केवल आचार्यों की भिन्न प्रक्रियाएँ हैं। अतः हम इन भेदों को सैद्धान्तिक तौर पर दो ही भागों में विभक्त कर सकते हैं—सामान्य और विशेष। सामान्य योगसंहिता के पात्र के भेद से साधना के तीन भेद हो जाते हैं—श्रावक, प्रत्येकबुद्ध और बोधिसत्त्व सम्बन्धी पद्धतियाँ। इन्हें 'यान' के नाम से भी जाना जाता है। प्रक्रिया या प्रायोगिक दृष्टि से प्रत्येक यानों की अनेक शाखाएँ होती हैं।

विशेष साधना-प्रणाली में 'मन्त्रनय' सम्बन्धी साधना आती है। इसमें भी सैद्धान्तिक दृष्टि से मुख्यतया चार भेद माने गये हैं। क्रिया, उपाय, योग, महायोग

या अतियोग। इनमें भी प्रत्येक के अन्तर्गत असंख्य समधियाँ एवं कर्मविधियाँ समाविष्ट हैं। संक्षेप में यह कहना असंगत नहीं होगा कि 'महासुख' एवं 'शून्यता ज्ञान की समरसता' ही मन्त्रनय सम्बन्धी योगसाधना का नियामक होता है, जब कि 'पारमितानय' सम्बन्धी साधनापद्धति में तीन प्रकार के विमुक्तिद्वार ही योग-साधना के नियामक होते हैं।

तिब्बत में प्रचलित चार प्रमुख सम्प्रदाय

यह पहले ही कहा जा चुका है कि तिब्बत में अनेक सम्प्रदाय प्रचलित हैं। उनमें से कुछ के नाम काल की दृष्टि से और कुछ के नाम उपदेश एवं स्थान की दृष्टि से रखे गए हैं। इनमें से प्रधान चार माने जाते हैं। ये चार हैं—ञिङ्मापा, साक्यापा, काग्युद्पा और गेलुग्सपा।

ञिङ्मापा—यह तो सर्वविदित है कि तिब्बत में बौद्धधर्म की दो विचार-धाराएँ प्रचलित हैं, पारमितायान और वज्रयान। इनमें से वज्रयान के विकास के कालक्रम के आधार पर तिब्बत में मुख्यतया दो मत प्रचलित हुए थे—ञिङ्मापा [प्राचीन परम्परा] और सरमापा [नयी परम्परा]। बौद्धधर्म के पूर्व-उदयकाल से लेकर स्वामी स्मृतिपाद के तिब्बत में पहुँचने के काल तक जितना तान्त्रिक ग्रन्थों का अध्ययन अध्यापन एवं सिद्धान्त प्रचलित हुए, उन्हें पूर्व-परम्परा कहते हैं और उन सिद्धान्तों के माननेवाले लोग 'ञिङ्मापा' कहे जाते हैं।

ञिङ्मापा आचार्य पद्मसम्भव को अपना प्रधान आचार्य मानते हैं। पद्म-सम्भव ८१० ई० सन् के विख्यात तान्त्रिक आचार्य हैं। ञिङ्मा सम्प्रदाय का प्राचीन धार्मिक केन्द्र सम्या छिम्बु है।

यह तो पहले ही कहा जा चुका है कि तिब्बती बौद्ध परम्परा में ञिङ्मापा, सरमापा दो मत प्रचलित हैं। इनमें से सरमापा उसे कहते हैं, जो परम्परा लोचावा रिन्छेन जङ्पो [रत्नभद्र, ई० सन् ९७८] आदि से लेकर बाद में चली। इनके आभ्यन्तर तीन भेद माने जाते हैं—काग्युद्पा, साक्यापा और गेलुग्सपा।

काग्युद्पा—काग्युद्पा यह नाम परम्परा की दृष्टि से पड़ा है। सन् १०१२ ई० में 'मर वा छोस क्यि लोडो' (धर्ममति) नामक महापुरुष का प्रादुर्भाव हुआ। वयस्क हो जाने पर उन्होंने अध्ययन के लिए भारत की तीन यात्रा की। महापण्डित नरोपाद [नडपाद], आचार्य मैत्रीपाद आदि अनेक गुरुओं, पण्डितों का चरणसेवन कर इन्होंने प्रायः समस्त बौद्धवाङ्मय का अध्ययन किया। स्वदेश लौट कर उन्होंने तान्त्रिक रहस्यों से परिपूर्ण अपना पृथक् मत चलाया। इनके द्वारा प्रवर्तित तथा 'जेचुन मिला रसपा' और 'ग्रमभेद दगपो ल्हाजे' आदि मनिषियों द्वारा संवर्द्धित परम्परा काग्युद्पा कही जाती है। इसके कुछ उपभेद भी माने जाते हैं, जैसे कम् छङ्पा, डिगुङ्पा आदि आदि।

साक्यापा—साक्यापा यह नाम स्थान की दृष्टि से पड़ा है। १०३४ ई० सन् में तिब्बत के पश्चिमी भाग में 'खोन कोनछोग ग्यलपो (रत्नराज) नामक एक महापुरुष का जन्म हुआ। समय के अनुसार उन्होंने सरमापा और ञिङमापा दोनों परम्पराओं से सम्बन्धित विषयों का सफलतापूर्वक अध्ययन किया; विशेष रूप से 'डोगमी लोचावा' के मुख से आचार्य धर्मपाल [नालेन्दा के उपाध्याय] और आचार्य 'गयाधर' द्वारा प्रवर्तित परम्पराओं के मार्ग एवं फल विषयक उपदेश सुने। बाद में उन्होंने साक्या नामक स्थान में एक मठ की स्थापना की और वहीं से अपने मतों का प्रचार किया। इनके द्वारा प्रवर्तित एवं पश्चात् सछेन गोङमा लोगों द्वारा संवर्द्धित मतानुयायियों को साक्यापा कहा जाता है।

गेलुग्सपा—गेलुग्स भी एक स्थान से सम्बन्धित नाम है। सन् १३५७ ई० में तिब्बत के पूर्वी क्षेत्र 'चोङ्खा' नामक स्थान में सुमतिकीर्ति नामक एक महापुरुष का प्रादुर्भाव हुआ, जो चोङखापा नाम से भी जाने जाते हैं। वे बाद में बहुत बड़े विद्वान् एवं सिद्ध बन गये। उन्होंने उस समय के प्रचलित सभी विषयों का साङ्गोपाङ्ग अध्ययन किया। बाद में ल्हासा से कुछ दूर 'गेदन' नामक पर्वत पर उन्होंने एक मठ की स्थापना की। वहीं से उनकी परम्पराएँ चलीं। इस तरह उनके द्वारा प्रवर्तित एवं ग्यल छपजे, खडुबजे आदि द्वारा संवर्द्धित परम्परा 'गेलुग्स' अथवा 'गेदनपा' कहलाती है।

इस प्रकार स्पष्ट है कि भोट देश में प्रचलित धार्मिक सम्प्रदायों का कोई सैद्धान्तिक भेद नहीं है। इन परम्पराओं का भेद केवल स्थान आदि के आधार पर ही है। वे सब परम्पराएँ विनय की दृष्टि से सर्वास्तिवाद हैं और दर्शन एवं साधना की दृष्टि से महायान हैं। शून्यता और करुणा सभी को मान्य हैं।

बोन परम्परा में साधना

भोट देश में बौद्ध धर्म के अतिरिक्त एक और धार्मिक सम्प्रदाय है, जिसको लोग 'बोन' के नाम से जानते हैं। 'बोन' सम्प्रदाय एक व्यापक एवं विशाल सम्प्रदाय है। साहित्य एवं साधना की दृष्टि से इसकी तुलना बौद्ध धर्म के साथ की जा सकती है। इसका उदय बहुत पहले हो माना जाता है। परन्तु तिब्बती राष्ट्रिय जीवन में 'बोन' धर्म का प्रवेश ईसवी प्रथम शताब्दी के आस-पास में ही हुआ था। बोन सम्प्रदाय के प्रवर्तक परम्पराओं के अनुसार 'मेफो शेन रब मुनि' हैं। जिस प्रकार बौद्ध लोग भगवान् गौतम बुद्ध को अपना शास्ता मानते हैं, उसी प्रकार बोन लोग भी भगवान् 'मेफो शेन रब' को अपना शास्ता मानते हैं। 'शेन रब मुनि' स्वयं गौतम बुद्ध के समान एक बुद्ध हैं। यद्यपि 'बोन और बौद्ध' इन दोनों में बहुत सी समानताएँ हैं, फिर भी 'बोन' बौद्धेतर ही माने जाते हैं।

साधनाओं की स्थिति

बोन सम्प्रदाय कोई दार्शनिक सम्प्रदाय नहीं है। वह एक साधना सम्प्रदाय है। इनका धार्मिक साहित्य बहुत विशाल है। इनकी आचारसंहिता ऊपर से लेकर अन्त तक साधनाविधि-विधानों से भरी हुई है। इनमें प्रतिपादित साधना विधियाँ प्रायः तान्त्रिक ही हैं। इसमें बौद्धों की तान्त्रिक साधना के समान इष्ट देव की भावना और मन्त्रों का उच्चारण आदि का भी विधान किया गया है। यह ज्ञातव्य है कि प्रारम्भिक बोन परम्पराओं में मन्त्रों का प्रयोग केवल 'इहश्री' के लिए ही होता था। इनके साधना सम्बन्धी कार्य-क्रमों में यज्ञ-याग आदि का भी विस्तृत विधान मिलता है। इसके अतिरिक्त इनकी साधना विधियों में 'रसायन' सम्बन्धी साधनाओं का भी उपयोग होता है। यदि हम 'बोन' साधना-परम्पराओं की सीमा खोजें, तो यह कहना पड़ेगा कि इनकी सीमा देखने के लिये एक ही जीवन पर्याप्त नहीं है, अपितु इसके लिए अनेक जन्म लेना पड़ेगा।

बोन सम्प्रदाय का केन्द्र

बोन सम्प्रदाय का खास केन्द्र कहाँ था, यह विवादास्पद प्रश्न है। बोन परम्पराओं का प्राचीन केन्द्र सम्भवतः 'शङ्ग शुङ' नामक प्रदेश में था, जो आजकल तिब्बत के अन्दर आता है। यह स्थान मानसरोवर और कैलाश पर्वत के आस-पास था। बाद में बोन धर्म इस स्थान से तिब्बत (ल्हसा आदि), 'कोङ्पो' मंगोलिया, होर, तक-सिक, आदि की ओर फैला। सम्भवतः भारत के पश्चिमी भागों में भी इसका अस्तित्व काफी दिनों तक रहा होगा; परन्तु आज कोई खास प्रमाण नहीं मिलता, केवल बोन परम्पराओं के कथन पर ही हमें विश्वास करना पड़ता है। मँगोलिया, होर (यरकेन) आदि के बहुत से भागों में प्राचीन बोन परम्पराओं के अवशेष आज भी काफी संख्या में मिलते हैं। तिब्बत के दक्षिणी एवं पश्चिमी भागों में तो 'बोन' लोग धार्मिक दृष्टि से काफी सम्पन्न रूप में रहते हैं।

यद्यपि बोन परम्पराओं के प्रति लोगों की दृष्टि बहुत अच्छी नहीं है, प्रायः उन्हें बुरी नजर से देखा जाता है; परन्तु वास्तविक रूप से देखा जाये तो प्रतीत होगा कि जीवन की 'इहश्री' के लिए बौद्ध एवं अन्य सम्प्रदायों की अपेक्षा 'बोन' सम्प्रदाय अधिक लाभप्रद सिद्ध होता है।

• • •

जापान की बौद्ध साधनाएँ

श्री चन्द्रचूडमणि त्रिपाठी

भारत की विशिष्ट दार्शनिक परम्पराओं में और उसी प्रकार पाश्चात्य अध्यात्मवाद के पीछे एक अनन्त रहस्य का जाल बुना हुआ दिखाई देता है। इससे साधना का परिशुद्ध रूप दब सा जाता है और काल-भेद से साधक की अवस्था का एक व्यामोहात्मक रूप (Semi Trance State) खड़ा हो जाता है। इसीलिए मध्य-कालीन सन्तों, सूफियों और उनका अनुसरण करने वाले देववाही योगियों की परम्परा में अनेक चमत्कारों के सृजन पर जोर दिया जाने लगा। ईसाई साधकों का पुराने ज्ञात सन्तों के साथ संलाप उनकी साधना के अनेक रहस्यों में से एक आवश्यक तत्त्व बना। देल्फी का संदेशवहन (Oracle) इसी कोटि में आता है।

बौद्ध साधना इस प्रकार की साधना से सर्वथा भिन्न है। जब तक मनुष्य तृष्णा से विमुक्ति नहीं पा लेता और जब तक उसके हर प्रकार के चित्त-संशय विच्छिन्न नहीं हो जाते, उसकी साधना शुद्ध नहीं होती।

चित्त की एकाग्रता पहली सीढ़ी है। चित्त का स्वरूप वायु की तरह चञ्चल है। उसे एकाग्र करना पड़ता है। एकाग्र होने पर वह जगत् की सबसे बड़ी शक्ति में परिणत हो जाता है। पञ्च स्कन्धों और प्रतीत्यसमुत्पाद (Dependent Origination) की प्रक्रियाओं को अच्छी तरह समझ लेने पर मनुष्य आत्म-जन्य भय अथवा दुःख की बाधाओं पर विजय प्राप्त कर लेता है। उसमें निर्विकार समत्व की प्रतिष्ठा होने लगती है और वह भव (संसार) के कार्यकारण सिद्धान्त को जानकर द्वन्द्वात्मक प्रतीति (Dualistic Essence) को सृष्टि का रहस्य मानकर सब कुछ एक खेल की तरह देखने लग जाता है। क्रमिक अभ्यास से साधक सब प्रकार के अकुशल कर्मों से निःसङ्ग हो जाता है। उसमें प्रत्येक व्यवहार ज्ञान, सदाशयता और मैत्री से परिपूर्ण होने लगते हैं।

अभिधम्म (संस्कृत < अभिधर्म) दर्शन में चित्तक्षण, उसका उत्पाद (आरम्भ), स्थिति एवं भङ्ग (विलय) अच्छी तरह समझाए गए हैं। इन्हीं चितक्षणों से संस्कार बनते हैं, जो विचार प्रक्रिया को जन्म देते हैं।

बौद्ध साधना में प्रज्ञामय श्रद्धा को विशेष महत्त्व दिया जाता है। भावना या समाधि का वही प्रस्थान बिन्दु है। इसीलिए 'मेत्ता' अथवा मैत्री पर विशेष रूप से बल देते हुए चित्तपथ में अकुशल वितर्कों—काम, व्यापाद और विहिंसा का त्याग कर कुशल वितर्कों का सञ्चय करने की शिक्षा दी गई है। कुशल वितर्क नैष्क्रम्य, अव्यापाद और अविहिंसा हैं।

'भावना' ब्रह्मविहारों में से एक है। भावना द्वारा ही 'मध्यम मार्ग' सुगम हो सकता है। मध्यम मार्ग दो अन्तों के बीच का मार्ग है—शाश्वत दृष्टि से आत्मा का सिद्धान्त मानने वाला मार्ग, जो पूर्वान्त में अनुपतित होता है और दूसरा उच्छेद दृष्टि से आत्मा को अस्वीकार करने वाला सिद्धान्त जो दूसरे अन्त में अनुपतित होता है। इन अन्तों के लिए बौद्ध परिभाषा में 'कामसुखानुयोग' और 'आत्म-क्लमथानुयोग' पदों का व्यवहार हुआ है, जिनका परिहार 'मध्यमा प्रतिपदा' प्रक्रिया को समझने के लिए आवश्यक है।

तथागत के दार्शनिक सिद्धान्तों को बोधगम्य कर लेने वाले साधक के लिए शीलव्रतों का पालन—पातिमोक्ख (सं० > प्रातिमोक्ष) के २२७ विनय के नियम, चार स्मृतिप्रस्थानों की भावना और तीन समाधियों—क्षणिक, उपचार एवं अर्पणा का अभ्यास आवश्यक है। इनसे चार आर्यसत्यों का ज्ञान हो जाता है, जो 'विपश्यना ज्ञान' है। विपश्यना साधना की वह प्रक्रिया है, जो ऊर्जा की ओर ले जाती है, जिसे आधुनिक परिभाषा में हम 'मनुष्य का उच्च आरोह' (Ascent of Man) कह सकते हैं। 'निर्वाण' का पथ यही है।[1]

साधना का उद्देश्य थेरवाद और महायान में प्रायः समान है, किन्तु परिस्थिति-भेद के कारण दोनों के बाह्यार्थ में काफी भेद आ गया। फिर भी यह भेद उतना नहीं है, जितना पाश्चात्य देशों की विशीर्ण साधनाओं (Discursive Meditations) में परिलक्षित होता है। एशिया में शीलव्रतों और नेक्खम्म (नैष्क्रम्य) की उपासना से उसकी रक्षा हो गई। महाश्रमण ने 'हेतु' से उत्पन्न होने वाले धर्मों के हेतु बतलाए और उनके निरोध का उपाय भी बतलाया—

'ये धम्मा हेतुप्पभवा हेतुं तेसं तथागतो आह।
तेसञ्च यो निरोधो एवंवादी महासमणो॥'

विधायिनी अहिंसा ने मैत्री[2] की प्रेरणा दी और मुदिता ने संसार को दुःखमय कोलाहल (जिसके लिए तिब्बती भाषा में मुझे एक बड़ा उपयुक्त शब्द मिला है 'दुङ् हल') से उबार लिया।

---

१. त्रिपिटक के विभिन्न स्थलों के अनुशीलन से साधना की एक व्यापक प्रक्रिया (मेथॉडॉलॉजी) का संग्रह किया जा सकता है।

१. मैत्री भावना आकाश तरङ्गों की तरह सम्पूर्ण विश्व में प्रसारित हो उठती है और मनुष्य के चित्त को समाहित कर उसके 'पर्युत्थान' में सहायक होती है। इस विषय में एक पाश्चात्य बौद्ध विचारक के शब्द हैं—

'Thoughts of Universal; undiscriminating benevolence like radio waves reaching out in all directions sublimate the creative energy of the mind.' (Buddhist Meditations, Bodhi Leaves B 15, Buddhist publication Society, Kandy, Ceylon, 1963).

एशिया में बौद्ध साधना के सम्बन्ध में जितने प्रयोग जापान में हुए हैं, सम्भवतः उतने अन्य किसी देश में नहीं हुए हैं। वहाँ बौद्ध धर्म के प्रवेश के समय के विषय में भी विद्वानों में बड़ा मतभेद है। ऐसा प्रतीत होता है कि जापान में बौद्ध धर्म कोरिया से पहुंचा। यह घटना सातवीं शती ईसवी की है। उस समय जापान में सम्राट् शोतोकु का शासन था, जो जापान के अशोक कहे जाते हैं। उनके समय में बौद्ध धर्म का काफी प्रचार हुआ और होर्योजी के विशाल मन्दिर की स्थापना हुई। अजन्ता के सुरम्य भित्तिचित्रों से अभिप्रेरित तथा कोरिया और चीन की कलाओं से मण्डित यह मन्दिर एशिया का एक महान् संग्रहालय है।

शोतोकु के उपरान्त धर्म क्रमशः विभिन्न युगों में विभिन्न रूपों में संगठित होता रहा। यथा—

क. प्रथम युग (लगभग ५२५ ई०—ल. ८२५ ई०)
ख. द्वितीय युग (ल. ८२५ ई०—ल. १२०० ई०)
ग. तृतीय युग (ल. १२०० ई०—ल. १३५० ई०)
घ. चतुर्थ युग (ल. १३५० ई०—वर्तमान समय तक)

साधारणतः इतिहासकार यह मानते हैं कि भारतीय संस्कृति के प्रसार की दो धाराएँ सम्राट् अशोक के युग में चलीं—पहली धारा क्रमशः लंका, बरमा, सिआम (थाईलैण्ड), जावा, सुमात्रा में गई और दूसरी पामीर एवं हिन्दुकुश की शृङ्खलाओं को लाँघकर हिमालय के पारवर्ती देशों में मध्य एशिया, गान्धार, यवन, पारसीक (ईरान) आदि प्रदेशों में पहुँची। आगे चलकर दूसरी धारा कनिष्क के राजत्वकाल (ईसा की प्रथम शती) में और तदुपरान्त तिब्बत, चीन, मंगोलिया, कोरिया एवं जापान में जा फैली।

परन्तु इस धारणा का खण्डन बौद्ध साहित्य के पालि ग्रन्थ 'महानिद्देस' और 'अपदान' से होता है। महानिद्देस उन सभी बन्दरगाहों का उल्लेख करता है, जहाँ ईसा से पूर्व भारतीय व्यापारी पहुँचे थे और इसी प्रकार अपदान, जिसकी रचना कनिष्क से निर्भ्रान्त रूप से पूर्व की है, चीन के साथ भारतीय व्यापार का सामुद्रिक मार्ग से सम्बन्ध सिद्ध करता है। ऐसी स्थिति में ऐतिहासिक कालक्रमों पर हमें फिर से विचार करने की आवश्यकता है।

इतिहासकारों का एक और भी मत इस प्रसङ्ग में प्रायः चिन्त्य है। वह यह है कि जापान में महायान धर्म का ही प्रचार हुआ। यह सच है कि महायान की वहाँ विशेष प्रतिष्ठा है, परन्तु थेरवाद से संबंधित दो ऐतिहासिक सम्प्रदाय 'कुश'

और 'जो-जित्सु' भी वहाँ प्रतिष्ठा पा चुके हैं। जापानी भाषा में थेरवाद के लिए 'शोजो' और महायान के लिए 'दायिजो' शब्द व्यवहृत होते हैं।

इस परिप्रेक्ष्य में तथा सम्प्रदायों के आश्रय-भेद से उत्पन्न साधनाओं के मूल रूप में विशिष्ट परिवर्तनों के विकासक्रम में जापान के विभिन्न सम्प्रदायों की मूल प्रवृत्तियों और साधना के पक्षों को लेकर हम एक अनुशीलन यहाँ रख रहे हैं।

जापान में ग्यारह बौद्ध सम्प्रदाय विशेष रूप से प्रतिष्ठित रहे हैं। वे सम्प्रदाय-भेद से क्रमशः दो वर्गों में रखे जा सकते हैं, जिनके अनुसार उनकी साधनाओं में भी अवान्तर भेद पाये जाते हैं।[1]

क. थेरवादाश्रयी सम्प्रदाय
१. कुश (आभिधार्मिक)
२. जो-जित्सु (आभिधार्मिक)
ख. महायानाश्रयी सम्प्रदाय
३. सनरॉन (शून्यतावादी)
४. होस्सो (आदर्शवादी)
५. कैगोन (प्रत्येकबुद्धानुसारी)
६. तेण्डइ (प्रत्येकबुद्धानुसारी)
७. शिगोन (प्रत्येकबुद्धानुसारी)
८. जेन (प्रत्येकबुद्धानुसारी)
९. जोडो (सुखावतीव्यूहानुसारी)
१०. शिशु (सुखावतीव्यूहानुसारी)
११. निचिरेन (सद्धर्मपुण्डरीकानुसारी)

कुश सम्प्रदाय

जापान में कुश सम्प्रदाय की स्थापना ६५८ ई० में दो जापानी पुरोहितों द्वारा हुई—चित्सु और चितत्सु उनके नाम थे। उन्होंने चीन से बौद्ध धर्म और साधना की शिक्षा ग्रहण की थी। इस सम्प्रदाय का प्रमाण ग्रन्थ 'अभिधर्मकोश' है जिसके रचयिता वसुबन्धु थे। कुश नाम भी 'कोश' शब्द का अपभ्रष्ट रूप है।

इस सम्प्रदाय की स्थापना नारा में हुई जहाँ तोदाइ-जी और कोफुकु-जी तथा उनसे भी प्राचीन होर्यूजी के स्वर्ण और कांस्यमय बुद्ध प्रतिमायुक्त विशाल मन्दिर अवस्थित हैं। नारा में ही दायी-वुत्सु (महा बुद्ध) की साढ़े तिरपन फुट ऊँची

१. देखिए, ई. स्टाइनबेर-ओबर्लिन (E. Steinilberoberlin)-कृत 'दि बुद्धिस्ट सेक्ट्स ऑव जापान' अंग्रेजी भाषान्तर, जार्ज एलेन एण्ड अनविन लिमिटेड, १९३८।

एवं बारह हजार दो सौ पचहत्तर मन भारी पीतल की मूर्ति उस काल की धार्मिक आस्था का परिचय देती है।

कुश सम्प्रदाय की साधना जो-जित्सु और सनरॉन सम्प्रदाय की साधना से बहुत मिलती है, क्योंकि इन तीनों साधनाओं में शून्यता (Vacuity) पर जोर दिया गया है। साधना का स्वरूप बहुत कुछ वही है, जो भारत में प्राचीन बौद्ध साधना में पाई जाती है, जिसके संकेत त्रिपिटक में अनेक स्थलों पर मिलते हैं। 'सुत्तनिपात' के 'राहुलोवाद' 'मोनेय्यसुत्त' एवं 'विजयसुत्त' की भावना के समान ही इन साधना पद्धतियों की भावना प्रारम्भ होती है।

कुश साधक यह मानते थे कि 'आत्मा' जैसी कोई वस्तु नहीं है। यह केवल भ्रम है। 'मिलिन्द प्रश्न' में नागसेन ने जिस प्रकार रथ का दृष्टान्त देकर आत्मा का खण्डन किया है, वही ढंग कुशों ने अपनाया। उन्होंने कहा कि एक घण्टा भी यदि इसकी भावना की जाय कि आत्मा नहीं है तो मनुष्य का चित्त काफी समाहित हो सकता है। 'बोधि' की प्राप्ति के लिए छ पारमिताओं (पालि>पारमी)—ध्यान, शील, दान, वीर्य, अधिष्ठान, प्रज्ञा का सतत अभ्यास अपेक्षित है। पारमी को जापानी में 'रोकुडो' कहते हैं।

कुश सम्प्रदाय का मूल दर्शन यही है—आत्मा की अस्वीकारोक्ति एवं तत्त्वों (संज्ञा, स्मृति, प्रज्ञा) की, जिन्हें वह 'धर्म' (जापानी > हो) कहता है, यथार्थता।

जो-जित्सु सम्प्रदाय

जो-जित्सु सम्प्रदाय ६२५ ई० के आसपास कोरिया से क्वानरोकु और एकवान नामक बौद्ध साधुओं (वॉज) के द्वारा जापान में प्रविष्ट हुआ। इसका मूल ग्रन्थ जापानी में 'जो-जित्सु-रॉन' (सं० > सत्य-सिद्धि-शास्त्र) है। सत्यसिद्धिशास्त्र संस्कृत की गुप्तकालीन रचना है, जिसके रचयिता हरिवर्मन् थे। इस ग्रन्थ से कुश और सनरॉन सम्प्रदायों के बीच के विभेद का मूलाधार प्राप्त होता है।

जो-जित्सु साधक 'आत्मा' और 'तत्त्व' दोनों की असारता बतलाते हैं। यह कुश की अपेक्षा अधिक शून्यतावादी दर्शन है। इसलिए जो-जित्सु साधक दो शून्यताओं की भावना करते हैं। उनके अनुसार भूत और भविष्य दोनों नहीं हैं; जो है वह केवल वर्तमान है। परन्तु यह वर्तमान भी क्षणिक है। जो एक क्षण है, वह दूसरे क्षण शून्य में मिल जाता है। यथार्थता बिजली की चमक की तरह केवल एक क्षणिकता भर है। जो-जित्सु साधक संसार को 'ओस की बूंद' के समान देखते हैं।

सनरॉन सम्प्रदाय

सनरॉन सम्प्रदाय के आधार तीन धर्मग्रन्थ हैं, जो मध्यम मार्ग के दर्शन का प्रतिपादन करते हैं। वे ग्रन्थ हैं—

१. माध्यमिक शास्त्र (जापानी > थू क्वानरॉन)
२. शतशास्त्र (ह्याकुरॉन), और
३. द्वादश-निकाय-शास्त्र (जुनिमॉनरॉन)।

इनमें प्रथम और द्वितीय ग्रन्थ के रचयिता सुप्रसिद्ध बौद्ध आचार्य नागार्जुन तथा तृतीय के रचयिता देव नामक दार्शनिक थे।

सनरॉन सम्प्रदाय ६२५ ई० में एकवान द्वारा कोरिया से जापान आया। सनरॉन सम्प्रदाय जापान में अब लुप्त हो गया है। परन्तु उसके आधार ग्रन्थ आज भी मान्य ग्रन्थ के रूप में पढ़े जाते हैं। होर्योजी का सुप्रसिद्ध मन्दिर, जो आजकल होस्सो सम्प्रदाय वालों का हो गया है, किसी समय सनरॉन सम्प्रदाय का था।

नागार्जुन द्वारा प्रवर्तित सिद्धान्त जापान में भी अपने अ-परिवर्तित रूप में मान लिया गया। पदार्थ की सत्ता, अणु की अविभाज्यता, आत्मा का अस्तित्व, तत्त्वों में विश्वास, संज्ञा की अवस्थिति—ये सभी अमान्य हैं, केवल 'शून्यता' ही सिद्ध है। परन्तु शून्यता भी न तो यथार्थ है और न 'नास्तिमूलक'।

होस्सो सम्प्रदाय

जापान के प्रचलित सम्प्रदायों में होस्सो (६५३ ई० में दोशो नामक भिक्षु द्वारा संस्थापित) एक पृथक् सम्प्रदाय चला। इसके प्रवर्तक दोशो को चीन में प्रसिद्ध चीनी पर्यटक युवान् च्वाङ् ने दीक्षा दी थी। दोशो के अतिरिक्त जेम्बो ने भी आगे इस मत का प्रचार किया।

होस्सो सम्प्रदाय के अनेक ग्रन्थ हैं, जिनमें प्रमुख हैं—

केगोन-क्यो (अवतंशक सूत्र)
जे जिम्मि-क्यो (सन्धिनिर्मोचन सूत्र)
र्योग् क्यो (लङ्कावतार सूत्र)
कोगोन् क्यो (गण्डव्यूह)
युगशिजिरॉन (योगाचारभूमि)
दायिजोशोगोनरॉन (महायानसूत्रालङ्कार)
शूर्योरॉन (प्रमाणसमुच्चय)
शोदायिजोरॉन (महायानसम्परिग्रह)
जूजिरॉन (दशभूमि)
निजूकिशिकिरॉन (विंशतिका)
बेन्चू बेनरॉन (मध्यान्तविभाग)
अबिदात्सुमजोशूरॉन (अभिधर्मसङ्गीति)

इस सम्प्रदाय से संबन्धित जापान में ४४ मन्दिर और विहार हैं, जिनमें अनेक भिक्षु हैं। गृहस्थ भी होस्सो के अनुयायी हैं। इस सम्प्रदाय में बौद्ध धर्म के साथ शिन्तो को भी मान्यता प्राप्त है।

होस्सो साधक मूलतः यह विश्वास करते हैं कि जगत् में केवल 'विचार' की सत्ता है, अन्यथा सब कुछ स्वप्न है। जगत् विचार का आलम्बन भर है। इसी प्रकार तीन लोक भी—तृष्णा लोक (योह), रूपलोक (शिकि) और अरूपलोक (मु-शिकि) भी विचार से उद्भूत हैं। यदि जगत् का वैचारिक विश्लेषण करें, हम बानबे धर्मों (तत्त्वों) से उसे आवृत पाएँगे। बौद्ध सिद्धान्त यद्यपि जगत् को नाशवान् कहता है, होस्सो साधक यह मानते हैं कि एक शाश्वत बोधि सत् सदा वर्तमान रहता है। इस प्रकार यह मत आदर्शवादी मतों के निकट पहुँचता है। याकूशिजी और कोफुकुजी के मठों में इस सम्प्रदाय के साधक हैं।

केगोन सम्प्रदाय

केगोन सम्प्रदाय का आयात भी जापान में कोरिया से ७३६ ई० में चीनी साधक दोसेन द्वारा हुआ। सर्वप्रथम नारा के तोदायिजो मन्दिर के पुरोहित र्‌योबेन ने इसे ग्रहण किया। ८वीं शती में जापान के सम्राट् शूमू ने कोरिया के भिक्षु शुइशो पर इसके प्रचार का भार डाला।

वर्तमान समय में केगोन के बहुत थोड़े अनुयायी जापान में हैं। इस सम्प्रदाय से सम्बन्धित २७ मन्दिर बतलाए जाते हैं और पुरोहितों की संख्या भी पचास के लगभग है।

इस सम्प्रदाय का मूलग्रन्थ 'केगोन्-क्यो' (सं > अवतंशक सूत्र) है। इसके अनुसार विचार और द्रव्य सभी एक ही आधार से समुत्पन्न हैं, एक ऐसी अवस्था, जिसमें बुद्ध या साधारण प्राणी सबमें 'बुद्ध-तथता' (बुद्ध-गुण) की व्याप्ति है। वह दशा एक महासमुद्र के समान है, जिसमें इन्द्रियमूलकता तरङ्गाघातों की तरह निरन्तर पर्यवसित होती रहती हैं।

केगोन दर्शन भावमय है। वह एक आशावादी दर्शन है, जिससे उसकी साधना भी काव्यमय है। उसके अनुसार संसार के संघर्ष में केवल प्राणी ही संघर्षरत नहीं हैं, तथागत उनके साथ हैं। तोदायिजी का मन्दिर केगोन साधना का केन्द्र है।

केगोन भी होस्सो की तरह बौद्ध धर्म के साथ शिन्तो के उपासक हैं। वे प्रायः कलाप्रिय, स्वप्नद्रष्टा और भावना-संप्रज्ञ होते हैं।

तेण्डइ सम्प्रदाय

तेण्डइ सम्प्रदाय का आयात जापान में चीन से ९वीं शती में हुआ। चीन में यह भारत से कब पहुँचा, यह शोध का विषय है। तेण्डइ सम्प्रदाय के मूलशास्त्र निम्नलिखित हैं :

होक्के-क्यो (सद्धर्मपुण्डरीक)
कों कोम्यो,क्यो (सुवर्णप्रभाससूत्र)
नेहन-ग्यो (निर्वाणसूत्र)
दायिनिचिक्यो (महावैरोचन-अभिसंबोधि-सूत्र)
कोंगो चोक्यो (वज्रशेखरतन्त्रराज-सूत्र)
सोशिजिक्यो (सुसिद्धिकरमहातन्त्रराज)
बोदायिशिरॉन (बोधिहृदयशास्त्र)

इस सम्प्रदाय के जापान में प्रवर्तक साइचो अथवा देञ्ज्यो-दायिशी थे। सम्प्रदाय का मूलग्रन्थ सद्धर्मपुण्डरीक (होक्के-क्यो) ही है, जिसके आधार पर तेण्डइ साधक प्रत्येक अणु में बुद्धगुण का आधान मानते हैं। केगोन दार्शनिकों ने केवल जीवधारी सत्ता में ही बुद्धगुण माना था, किन्तु यहाँ सारा ब्रह्माण्ड ही बुद्धगुणोपेत है।

इस सम्प्रदाय के एक बड़े विचारक ने हर प्रकार के चर-अचर, सदसत्, स्थूल-सूक्ष्म व्यापारों के भीतर बुद्धगुण की सान्तता का गान किया था और उसके अनुयायियों ने उस शिक्षा को मानकर जापान में आशावादिता का एक वातावरण उत्पन्न कर दिया था।

तेण्डइ साधक बड़े उल्लासपूर्ण स्वर में कहते हैं : 'हन्न मो जोबुत्सु सुरु' (फूल भी बुद्ध हो सकते हैं)।

इसी विशेषता के आधार पर आज भी तेण्डइ साधक निचिरेन साधकों के साथ स्वर में स्वर मिलाकर अपने प्रसिद्ध मन्त्र 'नम्यो-अमिद बुत्सु' (अमिताभ बुद्ध को नमस्कार) के साथ निचिरेन मन्त्र 'नम्योहो-रेंगे-क्यो' का समवेत गान करते हैं। तेण्डइ मन्दिरों की संख्या ६००० के लगभग है और लाखों व्यक्ति इसके अनुयायी हैं। इन मन्दिरों में आसाकुसा, मीदेरा और संजुसञ्जेन-दो के मन्दिर विशेष प्रसिद्ध हैं।

शिंगोन सम्प्रदाय

शिंगोन सम्प्रदाय (९वीं शती में स्थापित) जापान का वस्तुतः एक गुह्य (रहस्यमय) सम्प्रदाय है। इसके संस्थापक जापानी साधक कूकै अथवा कोबो-दायिशी थे। इस सम्प्रदाय के विशिष्ट ग्रन्थ हैं—

दायिनिचिक्यो
कोंगोचोक्यो
सोशिजिक्यो
युजिक्यो
दायिबिरुशनबुस्सेत्सुयार्यकुनेञ्जुक्यो तथा
कोबो दायिशी के टीका-ग्रन्थ।

वज्रयानी साधन और मुद्राओं पर आधारित शिंगोन सम्प्रदाय का प्रचार पहले काफी था, किन्तु कालान्तर में उसमें ह्रास हुआ। इस सम्प्रदाय की साधना में 'मंदार' (एक प्रकार के यन्त्र) का बहुशः व्यवहार पाया जाता है और पूजा एवं जप के लिए बाह्य उपकरणों का, जिनमें माला मुख्य है, विशेष आश्रय लिया जाता है।

इस सम्बन्ध में यहाँ एक विचार आवश्यक प्रतीत होता है। 'जप' के विषय में थेरवादी महायानियों के कुछ प्रतिरोधी जान पड़ते हैं। उसका कारण उनकी बाह्यार्थ-दृष्टि है; अन्यथा अभिधर्म की भाषा में भी इसका सुन्दर समाधान मिलता है। यहाँ एक समीक्षा देते हैं :

बौद्ध धर्म में 'माला' के प्रयोग को लेकर प्रायः बड़ी भ्रान्ति फैली हुई है। यदि यह केवल मन्त्रों का यन्त्रवत् जप ही है, जो धर्म का अन्य धर्मों की तरह एक आनुषङ्गिक अङ्ग बन गया है तो इसका यथार्थ मूल्य कुछ नहीं हो सकता। परन्तु यथार्थता यह है कि मन को एकाग्र करने का और उसे सतत शुद्ध रखने का माला बड़ा भारी उपकरण है। महायान के अनुयायी इसे मानते ही हैं, थेरवादी इसे भी चित्त-प्रशम का साधन मानने लगे हैं।[1]

जापान के शिंगोन साधकों का कहना है कि यद्यपि बुद्ध और पुण्डरीक में समान हृदय वर्तमान है, परन्तु हमें संसार के रहस्य को अन्तर्दृष्टि से समझने की आवश्यकता है।

---

1. The value of this in terms of Abhidhamma psychology lies in the wholesome nature of the Cittakkhana, or 'Consciousness-moment' in its uppada (arising), thiti (static) and bhanga (disappearing) phases, Each of these wholesome cittakkhana contributes to the improvement of the Sankhara, or aggregate of tendencies, in other words, it directs the subsequent thought-moments into a higher realm and tends to establish the character on that level.'
—Buddhist Meditation, p. 14, Buddhist Publication Society, Candy, Ceylon, 1963.

शिंगोन प्रतीकों में कुछ मुख्य यहाँ दिये जाते हैं, जिनका उनकी साधना में बराबर व्यवहार होता है।

प्रतीक	व्यञ्जना
दक्षिण-कर	बुद्ध लोक
वाम-कर	संसार
अङ्गुष्ठ	आकाश (शून्य)
तर्जनी	वायु
मध्यमिका	अग्नि
अनामिका	जल
कनिष्ठिका	पृथ्वी

महायान धारणी मन्त्रों की तरह शिंगोन साधकों की भी अनेक धारणियाँ हैं और उनका धर्मचक्र तिब्बती 'मानी' की तरह निरन्तर चलता रहता है, उसे 'तेन-हो-रिन्' कहते हैं।

जोडो सम्प्रदाय

जोडो सम्प्रदाय की स्थापना जापान में ११७५ ई० में हुई। उसके संस्थापक गेन्कू—जो होनेन के नाम से विख्यात हैं—थे। 'जोडो' का अभिप्राय पवित्र भूमि है। इस सम्प्रदाय की साधना अमिताभ बुद्ध की साधना है। इसका मूल ग्रन्थ 'सुखावती व्यूह' है। प्राचीन काल में जोडो के अधिक अनुयायी थे।

जोडो सम्प्रदाय के अनुयायी यह मानते हैं कि संसार से जाने पर वे सुखावती (पवित्र भूमि) में प्रवेश पा सकें, इसके लिए इस जीवन में उन्हें पवित्र और दयामय जीवन बिताना चाहिए। अमिताभ की कृपा ही उनका सर्वस्व है। यों तो जोडो मन्दिर जापान में बहुत हैं, किन्तु वे कुरोदानी के मन्दिर पर विशेष श्रद्धा रखते हैं, जो सन्त होनेन की साधना भूमि रहो है।

जोडो मन्त्र है : 'नम्यो-अमिद-बुत्सु'।

शिशु सम्प्रदाय

जोडो सम्प्रदाय की तरह शिशु सम्प्रदाय भी सुखावतीव्यूहानुसारी है। इसके संस्थापक शोनिन शिनरॉन (११७३ ई०–१२६२ ई०) थे। जापान में इस सम्प्रदाय की बड़ी प्रतिष्ठा है। इसके हजारों मन्दिर हैं और अनुयायी भी लाखों हैं। इसकी लोकप्रियता का कारण इसकी अमिताभ में भक्तिभावना और निर्वाण की सहज साधना ही कही जा सकती है। इसके सिद्धान्तों के अनुसार तथागत ने इसीलिए पृथ्वी पर

जन्म ग्रहण किया क्योंकि उन्हें मानवता को कष्टों से छुटकारा दिलाना था। 'नम्यो-अमिद-बुत्सु' मन्त्र के जप में वह शक्ति है, जो मनुष्य को उसके सभी अकुशल कर्मों से शीघ्र उन्मुक्त कर देती है।

शिंशु साधना के प्रसिद्ध मन्दिर क्योतो में हैं। वहाँ उनके विख्यात निशि-होंगवानजी और हिगाशी-होंगवानजी के पवित्र तीर्थ-स्थल हैं। जोडो मन्दिरों में यात्रियों की बराबर भीड़ रहती है। इसका कारण यह है कि जोडो जीवन की एक लम्बी यात्रा मानते हैं।

शिंशु साधकों का यह विश्वास है कि जब तक मनुष्य अपनी तृष्णा का क्षय नहीं कर देता, उसे विश्व में अनन्त रूपों में व्याप्त चराचर सत्य का आनन्द नहीं प्राप्त हो सकता।

ज़ेन सम्प्रदाय (ध्यान सम्प्रदाय)

ज़ेन अथवा ध्यान सम्प्रदाय जापान का विशिष्टतम सम्प्रदाय है, जिसके प्रवर्तक भारतीय साधक बोधिधर्म माने जाते हैं। जापान की संस्कृति पर इस सम्प्रदाय की गहरी छाप है। इसके प्रति आकर्षण का कारण अन्य साधनाओं की अपेक्षा इसकी सरलतम साधना है। दार्शनिक शास्त्रार्थ और विज्ञानवाद की विश्लेषण-पद्धतियों के स्थान में यह काव्यमय अन्तस्साधना तथा एक रहस्यमय वातावरण को जन्म देता है जो कभी छोटे दार्शनिक परिसंवादों, जिन्हें 'प्रश्नमाला' (मॉडो) कहना उचित होगा, और कभी मोहक लघु गीतों अथवा सुरुचिपूर्ण चित्रों में व्यञ्जित होता है।

ज़ेन को दर्शन कह सकते हैं और उसकी अपनी परिभाषा के अनुसार उसे दर्शन नहीं भी कह सकते हैं। यह वस्तुतः प्रेममय योग की एक प्रक्रिया है, जो संसार के बीच प्रकृति के सुरम्य वातावरण में, किसी पर्वत की उपत्यका में, नदी या कछार के निभृत एकान्त में ले जाकर हमें आत्म-बोध का अनुभव करा देती है।

जापान में ज़ेन सम्प्रदाय के तीन वर्ग हैं। क. रिंजइ, ख. सोतो और ग. ओबाकू। उनकी साधना में अन्तर नहीं है, केवल इतिहास भिन्नता की ओर इङ्गित करता है। रिंजइ की साधना चीन में होती थी, जिसे जापानियों ने बारहवीं शती में अपनाया। इसका श्रेय एइसेयी को है। दूसरी शाखा सोतो के प्रवर्तक दोगेन (१२००–१२५३ ई०) थे। दोगेन जापानी थे। तीसरी शाखा ओबाकू की स्थापना १६५३ ई० के आसपास ईंजेन नामक चीनी भिक्षु द्वारा जापान में हुई।

चीनी अनुभूतियों के अनुसार ध्यान साधना का मूलोद्भव राजगृह के गृध्रकूट पर्वत पर स्वयं भगवान बुद्ध के संघोपदेश के एक अवसर पर हुआ, जबकि देवाधिपति ब्रह्मराज ने उन्हें एक स्वर्ण-उत्पल प्रदान किया और धर्म की देशना के लिए प्रार्थना

की। भगवान् ने वह स्वर्णोत्पल संघ को दिखलाया। संघ मौन रहा। इस बीच महाकाश्यप ने उत्पल को देखकर स्मित हास किया, जैसे उनकी समझ में सब कुछ आ गया। यह उन्हें धर्म-चक्षु प्राप्त हुआ। वही चक्षु आनन्द को भी मिला। इस धर्म-रहस्य को धारण करने वाले बोधिधर्म परम्परा से अट्ठाइसवें माने जाते हैं।

साधना की यह संवाहन (Transmission) प्रणाली आज तक चली आ रही है और ज़ेन साधक एक विचित्र ढङ्ग से प्रज्ञा की गुत्थियाँ स्वानुभूति के द्वारा सुलझाने की प्रेरणा देते रहते हैं। ज़ेन प्रसङ्ग बड़े रोचक हैं और उनके 'मॉडो' का तो कहना ही क्या।

'प्रज्ञापारमिता' को जीवन-दर्शन के रूप में स्वीकार करनेवाले ज़ेन साधक प्रत्येकबुद्धानुसारी हैं। वे विज्ञान से प्रश्नों का समाधान नहीं ढूँढ़ते। वे शून्यतावादी भी नहीं हैं। इसीलिये वे प्रकृति के विशेष निकट हैं। उनका प्रकृतिप्रेम उनके काव्यों (हाइकायी एवं वाका), नाटकों (नो-ह्), चित्रों (समिये) आदि में अपने मधुरतम रूप में अभिव्यञ्जित पाया जाता है। ज़ेन काव्य को समझे बिना उनकी साधना को समझना असम्भव है। 'हाइकू' का एक उदाहरण यहाँ देते हैं—

'योशिनो में जब चेरी के फूलने का समय आता है, उल्लास से भरा हुआ मेरा हृदय पर्वत के शिखर पर इन वसन्तकालीन प्रभातों में चमकने वाले श्वेत बादलों की ओर अनायास खिंच उठता है।'

(सकावादा मासातोशी, १५८०-१६४३ ई०)[1]

काव्य का यह माधुर्य और भी मिठास उत्पन्न कर देता है यदि कहीं झरने के निर्बाध रव के बीच बाँसों के झुरमुट में किसी ज़ेन की झोपड़ी में 'छा-नो यू' (चाय का विशेष निमन्त्रण) मिल गया हो। उस समय काल को भी प्रज्ञा के आह्लाद के आगे मौन रह जाना पड़ेगा।

इस प्रकार मॉडो द्वारा ज़ेन के समझाए जाने का एक स्वरूप यहाँ देते हैं।

ज़ेन गुरुओं ने साधकों को इसी प्रकार की शिक्षाएँ दी हैं—एक साधक ने गुरु से बौद्ध धर्म का मूल अभिप्राय जानना चाहा। गुरु ने उत्तर दिया—

पर्वत से एक जल धारा निकलकर बह रही है। वह अबाध गति से बहती जा रही है। इसी तरह सुवर्ण तारों से खचित जैसे पहाड़ी फूल खिले हुए हैं; यहाँ मञ्जुश्री तुम्हारे सामने विद्यमान हैं।

वन के प्रान्तर में चिड़ियाँ चहचहा रही हैं, जानते हो वे क्या कहती हैं, वे अवलोकितेश्वर की वाणी में तुम्हें सन्देश दे रही हैं। साधक, तुम क्या सोच रहे हो।

१. देसेत्ज तेतारो सुज़ूकी के जापानी हाइकू के अंग्रेजी भाषान्तर से रूपान्तरित।

मॉडो कभी-कभी हमें उपनिषत्कालीन ऋषियों, रहस्यमार्गी सिद्धों अथवा कबीर की बानियों का भी स्मरण दिला देते हैं। इसका कारण अन्तस्साधना का मार्ग है। जब सिद्धों में प्राचीन सरह (=सरोजवज्र) कहते हैं—

जहि मन पवन न सञ्चरइ, रवि ससि नाहि पवेस।
तहि वट चित्त बिसाम करु, सरहे कहिय उवेस॥

उस समय हमें ज़ेन साधक की संवाहात्मक साधना ध्यान में आ जाती है। जेन साधक सही कहते हैं कि शब्दों के जाल में हम इतने उलझे रहते हैं कि प्रायः यह भूल जाते हैं कि शब्द यथार्थता का प्रतिनिधित्व भर करने वाले हैं, वे यथार्थ नहीं हैं। जब हम इसका आभास पा जाते हैं, उस समय हम अनुभव करते हैं कि हम उन्मुक्त जीव हैं, जिनका कोई प्रयोजन नहीं है (बू-शिह-चिह ज़ेन)।

संवाहात्मक साधना की एक अक्षय राशि हमें जापानी ग्रन्थ 'केइतोकू देन्तो रोकू' (जिनका अंग्रेजी भाषा में 'Records of the Transmission of the Lamp' शीर्षक से अनुवाद हुआ है) में मिलती है। प्रकृति के अत्यन्त निकट होने के कारण कुछ लोग जेन साधना में प्रकृतिवाद (Naturalism) का आरोप कर सकते हैं। परन्तु किसी वैज्ञानिक चक्र के बिना ही स्वानुभूति द्वारा जेन विराट् सृष्टि के अनन्त रहस्यों का क्षण भर में उद्घाटन करने को प्रस्तुत रहता है। एक जापानी जेन का कथन है कि—'पतझर और फूलों का आगम दोनों ही भगवान बुद्ध के सद्धर्म की पवित्रता के द्योतक हैं।' प्रज्ञावान् ही श्रद्धामय अनुभूति से 'महाप्रज्ञा' का दर्शन पाता है। 'प्रज्ञापारमिता' को जापानी भाषा में 'हन्या-हरमित्सु' कहते हैं।

महाप्रज्ञा को एक मॉडो में समझने का यह प्रयास बड़ा श्लाघ्य है—

शेइशो (बॉज) का कथन है कि—'हिम-पात का समय है, प्रकृति कुहरे से ढक गई है।'

इस पर साधक चुप रहता है।

गुरु ने प्रश्न किया—'समझते हो?'

साधक निरुत्तर रहता है।

शेइशो एक हाइकू द्वारा सब स्पष्ट कर देते हैं:

'यह न तो बतलाई जा सकती है और न ग्रहण की जा सकती है, यदि साधक स्वयं समझने में असमर्थ है।

वायु शीतमय है, हिमपात होता जा रहा है।'

इसी तरह प्रश्नों की शृङ्खला बन जाती है।

साधक प्रश्न करता है—'आत्मा क्या है?'

गुरु का सीधा उत्तर होता है—'आत्मा से क्या करोगे?'

जेन संवाहन का एक रोचक विवरण यहाँ प्रस्तुत है। हन्या पगोडा के धर्मगुरु केइजू धर्मसभा में उपस्थित हुए। तीन बार धर्म-दुन्दुभि बजी। धर्मगुरु ने सभा को सम्बोधित कर कहा—

'आश्चर्य है—दुन्दुभि तीन बार बजी—

भिक्षुसंघ यहाँ आ उपस्थित हुआ।

भिक्षुसंघ जानता है कि समय की सूचना कैसे प्राप्त होती है। मुझे यह सब दुहराने की आवश्यकता नहीं है।'

इतना कहकर धर्मगुरु सभा मण्डप से प्रस्थान कर देते हैं। (केइतोकु देन्तो रोकु)

जेन संवाहन का मुझे स्वयं अनुभव उस समय हुआ, जब सारनाथ के खंडहरों में मूलगन्ध कुटी के पास बैठकर इस विषय के लिखते समय मेरे पास से उठकर मेरी धर्मपत्नी और सुपुत्र के घर लौटने पर अकस्मात् जापान के एक शिष्टमण्डल के साथ एक बहुत बड़े जेन साधक बुत्सु कोकुजी के मन्दिर के बॉज मेरे पास आ उपस्थित हुए। जापानी साधक के भी आश्चर्य की सीमा नहीं थी कि उन्हें मैं इस भावमयी मुद्रा में बैठा मिलूँगा। जेन के सम्बन्ध में अधिक बातें न होकर ज़ेन साधना का प्रकृत रहस्य ही खुलने लगा। यह संयोग स्वतः आह्लादमय था। बॉज ने मुझसे शीघ्र एक शब्द लिखने के लिए कहा। मैंने एक वाक्य लिख दिया—'Flowers are lovely' (फूल सुन्दर हैं)। बॉज के लिए इतना बहुत था। एक अन्य मित्र के साथ उन्होंने मेरे फोटो खींचे और मङ्गल की प्रार्थना की। जो बात मैं विशेष रूप से यहाँ लिखना चाहता हूँ, वह मेरी भेंट का विषय अथवा आत्मप्रशंसा नहीं है। आकर्षण की बात तो यह रही कि कुछ फोटो लेने के उपरान्त जब वे अन्तिम फोटो खींचने चले—सहसा कैमरा रिक्त हो चुका था। इस पर वे आनन्द से चिल्ला पड़े—'Excellent' (बहुत अच्छा)। यह शब्द 'जेन' का अनुभूति-परक शब्द है।

जेन सान्त और अनन्त के बीच एक मधुर साम्य स्थापित करता है। वह निरपेक्ष अथवा अमूर्त्त सत्य (Absolute Truth) में आस्था नहीं रखता। वह एक गत्यात्मक सौन्दर्यानुभूति है जो विराट् में व्याप्त है। मुझे 'आत्मानं विद्धि' का ध्यान आ गया।

जेन साधना जापान में कामाकुरा युग में प्रचलित हुई थी और अपनी प्रकृत विशेषताओं के कारण हर वर्ग के लोगों में उसी समय से लोकप्रिय हो गई। उसके समर्थक समुराई योद्धा भी रहे हैं और पहाड़ी गुफाओं में निवास करने वाले सिद्ध भी।

प्रज्ञापारमिता सभी का लक्ष्य है।[1]

---

१. जेन साधना के विषय में 'केइतोकु देन्तो रोकु' के अतिरिक्त भी अनेक ऐतिहासिक ग्रन्थों की रचना हुई है, जैसे 'जेन्सो-मॉडो' (जेन बॉजों के प्रश्न-रहस्य), 'जेन्शु जितेन' (जेन सम्प्रदाय कोश) एवं देसेत्ज तेतारो सुजुकी के 'जेन बुद्धिज्म ऐण्ड इट्स इन्फ्लुएन्स ऑन जापानी कल्चर' (दि ईस्टर्न बुद्धिस्ट सोसाइटी, ओतानी बुद्धिस्ट कालेज, क्योटो (१९३८) एवं 'स्टडीज इन जेन' राइडर, लण्डन १९५५ जैसे ग्रन्थ।

निचिरेन सम्प्रदाय

जापान में जेन की तरह निचिरेन सम्प्रदाय भी काफी मान्य है। उसके प्रवर्तक निचिरेन (१२२२ ई०-१२८२ ई०) एक बड़े सिद्ध पुरुष थे। निचिरेन सम्प्रदाय का धर्मग्रन्थ केवल एक 'सद्धर्मपुण्डरीक' है। इसके मन्दिर जापान में बहुत बड़ी संख्या में हैं; विशेषतः इकेगामी और मिनोबू मन्दिर। निचिरेन देश प्रेम को भी बहुत महत्त्व देता है। इसलिए इसका काफी प्रचार है। इसके तीन प्रमुख सिद्धान्त हैं-

१. इस मन्त्र विशेष का जप 'नम्यो होरेंगे क्यो' (सद्धर्मपुण्डरीकाय नमः),

२. भगवान् (तथागत) की प्रतीकात्मक उपासना,

३. बौद्धधर्म का सार्वभौमिक प्रसाद।

ये तीनों सिद्धान्त क्रमशः 'दाइमोकु' (मन्त्र), 'होन्जो' (उपासना-विषय) एवं 'कावोदान' (प्रसार-भूमि) हैं।

मन्त्र में निचिरेन साधकों का अभिन्न विश्वास है। उनका समवेत स्वर सागर की लहरों के समान जीवन की आस्था का प्रतीक है। मन्त्र से वे निर्वाण (नेहान) की सिद्धि मानते हैं। यह मार्ग ज्ञानी और भक्तिमार्गी सभी के लिए खुला हुआ है। इतनी विशेषता और है कि राष्ट्रीय उद्बोधन (रिसोहो-अंकोकु-रॉन) भी एक आवश्यक तत्त्व के रूप में जुड़ गया है, जो वर्तमान जापान की प्रगति के लिए आधार बन गया है। भारत में प्रसिद्ध निचिरेन भिक्षु निचिदात्सु फ्यूजी, जो जापान बौद्ध संघ के अध्यक्ष हैं, की प्रेरणा से पिछले वर्ष राजगृह में विश्वशान्ति पगोडा का निर्माण हुआ था। फ्यूजी गुरुजी के अनुसार राजगृह वह स्थान है, जहाँ तथागत ने 'सद्धर्म-पुण्डरीक' का प्रथम उपदेश किया था, जिसके आधार पर जापान में निचिरेन सम्प्रदाय की स्थापना हुई है। विश्वमङ्गल निचिरेन की एक निर्दोष कल्पना है। निचिरेन साधक अन्य शुभ साधकों की तरह उसीकी सिद्धि चाहता है।

जापान की साधनाओं पर बौद्धधर्म के अतिरिक्त कनफूची और शिन्तो प्रभाव भी काफी पड़े हैं। परन्तु जब हम वैदिक और तन्त्र प्रक्रियाओं से भी उन्हें दूर नहीं पाते तो इसका कारण जापानियों की ग्राह्य-बुद्धि ही मानी जा सकती है।

इस सम्बन्ध में मुझे पिछले वर्ष सारनाथ आये दो जापानी साधकों का स्मरण है, जिनमें एक ओसाका विश्वविद्यालय के संस्कृत के अवकाश प्राप्त प्रोफेसर टी० सहोद थे। उनसे यह जानकर कि साधना की दिशा में जापानी 'अथर्ववेद' और 'उपनिषदों' की भी खोज करने में लगे हुए हैं, मुझे उस समय तो आश्चर्य हुआ

परन्तु अब आश्चर्य नहीं हो सकता, जब मैंने जापानी साधनाओं का कुछ संकलन कर लिया है।[1]

जापान की साधनाओं में हमें एक प्रकार का भाव बराबर दिखलाई देता है—वह है जीवन को प्रभञ्जन की दीपशिखा मानने वाले[2] साधकों का 'सतत स्वप्न'। यह विचार एक जापानी कविता में जो 'उता' शैली की एक उत्कृष्ट रचना है, इस प्रकार व्यक्त हुआ है—

योरु बाकारी
मिरु मोनो नारी तो
ओ मोऊ—नाथो!
हिरु साये युमे नो
उकियो नारी-केरी।

'स्वप्नद्रष्टा केवल रात में ही स्वप्न नहीं देखता; दुःख से पूर्ण संसार का स्वप्न हम दिन में देखते रहते हैं।'

परन्तु साधक की अन्तःदृष्टि ने स्वप्न की स्थिति को अपनी मैत्री भावना से मानवता के पर्युत्थान में बदल दिया है। जापानी मन्दिरों में 'नेम्बुत्सु' (प्रार्थना) के अवसर पर 'मोकुग्यो' (धर्म-भेरी) के स्वर के बीच उनकी भावमयी त्रिशरण-वन्दना हृदय के सभी संशय छिन्न कर देती है, मैं ऐसी कल्पना कर सकता हूँ। वह स्वर है—

वारे बुत्सुनी किएइशी ताते मात्सेरो
वारे होनी किएइशी ताते मात्सेरो
वारे सोनी किएइशी ताते मात्सेरो

---

१. पाश्चात्य अन्वेषक स्तीनबेर ओर्बलिन ने इस सम्बन्ध में अपने विचार इस प्रकार व्यक्त किये हैं, जो मुझे कुछ विद्रोहात्मक प्रतीत होते हैं, परन्तु जापान गत्यात्मक (डाइनमिक) है, यह आवश्यक सत्य है—

If Would be difficult to determine in what measure the sects of the Pure Land-purely Japanese creations, but whose canonical texts are ancient sutras bearing expressly those simplificaions of doctrine and practice which they advocate have themselves and by the effect of a natural evolution, become adapted to the exigencies of contemporary life, and in what measure their religious leaders, alarmed by Christian rivalry, have very legitimately been able to voluntarily accentuate their modernistic tendencies.'

(दि बुद्धिस्ट सेक्ट्स ऑव जापान, इण्ट्रोडक्शन, पृ० २१)

२. एक जापानी कहावत—'इनोची वा फुजेन नो तोमो शीबी।'

आधुनिक संशयवाद के युग में साधना के महत्त्व को स्वीकार कर पाश्चात्य विचारक भी आजकल उसकी प्रक्रियाओं और सम्भावनाओं की खोज में बड़े व्यापक रूप में लग गये हैं। नागार्जुन की 'निर्वाण' विषयक शून्यवादी व्याख्या के आधार पर आधुनिक जर्मन विचारक पाल ढालके (Dr. Paul Dahlke) ने अपना मत व्यक्त करते हुए कहा था कि 'निर्वाण' की कल्पना जगत् से भिन्न किसी अज्ञात लोक की कल्पना नहीं है।[1] जीवन की विविधता में अनन्त सौन्दर्य का हम दर्शन कैसे पा सकते हैं, इस सम्बन्ध में एक अन्य विचारक रूथ वेल्श (Ruth Walshe) कहते हैं कि बाहरी आवरण, जो हमारे सच्चे रूप को ढँके हुए है, के हटते ही हम उस विशाल सौन्दर्य का दर्शन कर सकते हैं, जो अखिल जगत् में परिव्याप्त है। रूथ गेटे के 'फास्ट' से उद्धरण देते हुए इस तत्त्व को विशद रूप से सञ्चालित देखना चाहते हैं और यही धारणा अन्य बहुत से आधुनिक विचारकों की है। गेटे का अभिप्राय मूल जर्मन भाषा में इस प्रकार अभिव्यक्त हुआ है :

'Greift nur hinein ins volle Menschenleben ! Ein jeder leb'ts-nich vielen ist's bekannt Und wo Ihr' pact, da ist's interessant !'

इससे इतना तो सिद्ध है ही कि साधना—मैत्रीभावना जिसका आनुषङ्गिक अङ्ग है—जीवन में अवधारित करने की बड़ी व्यापक आवश्यकता है।

मानवता ने प्राचीन युग में साम्राज्यों के पतन के रूप में जो कुछ देखा और मध्य युग के अवशेषों को लेकर जिस प्रकार नए राजतन्त्रों का सृजन कर फिर वर्तमान शासनों की ह्रासोन्मुखी प्रवृत्तियों को जिस निरीहता से देख रही है, उसके निरोध के लिए साधना उपयोगी है। उसमें क्रान्तिमूलक सभी अभिप्रेरणाएँ और शक्तियाँ सन्निहित हैं, जिनके लिए मनुष्य को नई भाषा को जन्म देना होगा अथवा भाषा के माध्यम के बिना ही सब कुछ बदल जायगा।

● ● ●

१. 'The Samsāra, this ever-changing world of ever new births, of ever new act of becoming 'world' again, is precisely so canstituted that Nibbāna, Deliverance, Salvation, does not lie in any Beyond that can be reached only by a transcendental leap out of the world; but Samsāra bears Nibbāna wihin itself as its final fulfilment; a fulfilment that takes place in a process of radical detachment experienced in a progressive inner awareness (Verbewusstung)'.

—From 'Die Brockensammluug', 1929.

बौद्ध एवं अन्य भारतीय योगसाधना

संस्कृत-निबन्ध

आरभध्वं निष्क्रामत युज्यध्वं बुद्धशासने ।
धुनीत मृत्युनः सैन्यं नडागारमिव कुञ्जरः ॥
यो ह्यस्मिन् धर्मविनयेऽप्रमत्तश्चरिष्यति ।
प्रहाय जातिसंसारं दुःखस्यान्तं करिष्यति ॥
(दिव्यावदानम्—१८६ पृ०)

समाहितो यथाभूतं प्रजानातीत्यवदन्मुनिः ।
शमाच्च न चलेच्चित्तं बाह्यचेष्टानिवर्तनात् ॥
(शिक्षासमुच्चयः, ९ का०)

शमथेन विपश्यनासुयुक्तः,
कुरुते क्लेशविनाशमित्यवेत्य ।
शमथः प्रथमं गवेषणीयः
स च लोके निरपेक्षयाभिरत्या ॥
(बोधिचर्यावतारः ८।४)

भारतीयविविधयोगसम्प्रदायाः

डॉ० शिवशङ्कर अवस्थी

योगरन्धितकर्माणो हृदि योगविभाविते ।
योगिनो यं प्रपश्यन्ति योगेशं तं नतोऽस्म्यहम् ॥ (भागवतम्)

१. जगति योगाविर्भावस्येतिहासः

सृष्टेरादौ ब्रह्मणा हिरण्यगर्भेण[1] नारायणाख्येन[2] एक एवाव्ययो योगः सनकादीन् प्रति प्रथमम्, तदनु विवस्वन्तं प्रति उक्तोऽभूत् । समाहितासमाहितान्तःकरणतया अधिकारिभेदादसौ योगः ब्रह्मनिष्ठतैकफलः द्विशाखतां गतः । एकः ब्रह्मयोगोऽपरः कर्मयोग इति । शुद्धान्तःकरणतया सनकादयः[3] ब्रह्मयोगपरायणाः[4] निवृत्तिमार्गिणो बभूवुः । सा च परम्परा [5]सनकसनन्दनसनातनकपिलासुरिबोढुपञ्चशिखादीनां नारदशुकप्रभृतीनां च । एषु अयं ब्रह्मयोगः, साङ्ख्ययोग इति, ज्ञानयोगः, अध्यात्मयोग

---

१. (क) हिरण्यगर्भो योगस्य वक्ता नान्यः पुरातनः (योगियाज्ञवल्क्ये)
(ख) इदं हि योगेश्वरयोगनैपुणं हिरण्यगर्भो भगवान् जगाद यत् ।
(श्रीमद्भागवतम् ५।१९।१३)

२. (क) नारायणाख्यो भगवान् ब्रह्मा लोकपितामहः ।३। (विष्णुपुराणम् । प्र० अंश, अ० ३)
(ख) आदिकर्ता स भूतानां ब्रह्माग्रे समवर्तत ।
यमाहुः पुरुषं हंसं प्रधानं परितः स्थितम् ॥
हिरण्यगर्भं कपिलं छन्दोमूर्तिं सनातनम् । (कूर्मपुराणम्—४।३८-३९)

३. सनकश्च सनन्दश्च तृतीयश्च सनातनः ।
आसुरिः कपिलश्चैव बोढुः पञ्चशिखस्तथा ॥
इत्येते ब्रह्मणः पुत्राः सप्त प्रोक्ता महर्षयः (महाभारतम्)
(गौडपाद—सां० का० टीका)

४. (क) बाह्यस्पर्शेष्वसक्तात्मा विन्दत्यात्मनि यत्सुखम् ।
स ब्रह्मयोगयुक्तात्मा सुखमक्षय्यमश्नुते ॥ (गीतायाम् ५।२१)
(ख) सनन्दनादयो ये तु ब्रह्मभावनया युताः । (विष्णुपु० ६ अं० ७ अ०)

५. पितृतर्पणपद्धतावेषा परम्परा प्रसिद्धा ।

इति चापरनामधेयैः सुप्रथतां गतः। एष पन्थाः [1]श्रमणमार्गाख्ययापि प्रसिद्धः। गते च बहुतिथे काले गौतमो बुद्धः साङ्ख्यगुरुणा सकाशादधीतविद्यः पुनरेनमेव श्रमणमार्गं नवीनरूपेण प्रवर्तयामास।

अपरा च परम्परा वैवस्वती। विवस्वान् मनवे, मनुः इक्ष्वाकवे, इक्ष्वाकुश्च प्रजाभ्यः राजर्षिभ्यः। तथा हि—

इमं विवस्वते योगं प्रोक्तवानहमव्ययम्।
विवस्वान् मनवे प्राह मनुरिक्ष्वाकवेऽब्रवीत्॥
एवं परम्पराप्राप्तमिमं राजर्षयो विदुः।
स कालेनेह महता योगो नष्टः परन्तप।
स एवायं मया तेऽद्य योगः प्रोक्तः पुरातनः॥

अस्याः परम्परायाः छान्दोग्योपनिषदि अपि उल्लेखः सुलभः।

'तद् ह एतत् ब्रह्मा प्रजापतये, प्रजापतिर्मनवे मनुः प्रजाभ्यः।'

(छान्दोग्य० ३।११।४)

अत्र शङ्कराचार्यः—**'ब्रह्मा हिरण्यगर्भो विराजे प्रजापतये उवाच। सोपि मनवे। मनुरिक्ष्वाक्वादिभ्यः प्रजाभ्यः प्रोवाच।'**

किञ्च—

'ब्रह्मा हिरण्यगर्भः परमेश्वरो वा तद्वारेण प्रजापतये काश्यपाय उवाच। असावपि मनवे स्वपुत्राय। मनुः [2]प्रजाभ्यः।'—(छान्दोग्योपनिषद्भाष्यम् ८।१५।१)

व्युत्थितान्तःकरणत्वात् तथाधिकारिणां लोकशासनं विदधानानां सृष्टिचक्रप्रवर्तनपराणां राजर्षीणां मन्वादीनामाहिताग्नीनाञ्चान्येषामियं कर्मयोगपरम्पराऽभ्यर्हिताभूत्।

१. वातरशना ह वा ऋषयः श्रमणा ऊर्ध्वमन्थिनो बभूवुः। (तै० आ०—२।७)
श्रमणशब्दः शतपथब्राह्मणे १४।७।१।२२।

२. एषा परम्परा साङ्ख्यकारिकाटीकायां युक्तिदीपिकायामपि यथा—'यतश्च नारायणमनुजनकवशिष्ठद्वैपायनप्रभृतिभिराचार्यैः प्रधानपुरुषादयः पदार्थाः परिगृहीताश्चोपदिष्टाश्च प्रशस्ताश्च····(कारिका ७२)।

अन्ये च [1]कात्यायनगौतमगार्ग्यावटथायनप्रभृतयः, जैगीषव्यासितदेवल[2]-केशिध्वजखाण्डिक्यजनकादयोऽपरे च भार्गवोलूकवाल्मीकिहारीतवाद्धलिकैरातपौरिकर्षभेश्वरपञ्चाधिकरणपतञ्जलिवार्षगण्यकौण्डिन्यमूकादयः, इतरे च भृगुवशिष्ठकरालजनकपराशर-याज्ञवल्क्यादयश्च तमेकमेव योगमधिगम्य यथाकालं आहिताग्नयः यथावसरे चाभिजातान्तःकरणप्रवृत्तिमाकलय्य प्रव्रजिता बभूवुः।

२. एकस्यैवाव्यययोगस्य स्वरूपम्

'योगः कर्मसु कौशलम्' इति मूलसूत्रं गीतासूपनिषत्सु सूत्रितम्। कौशलेन क्रियमाणं कर्म नहि लोकं पुण्यापुण्यैर्निबध्नाति। किं तत्कौशलम्? तदाह—

यज्ञार्थात्कर्मणोऽन्यत्र लोकोऽयं कर्मबन्धनः।
तदर्थं कर्म कौन्तेय मुक्तसङ्गः समाचर॥ ३।९॥

यज्ञार्थमेव कर्म करणीयम्। यज्ञो हि विष्णुः परमात्मा। विश्वरूपाय परमात्मने आत्मदानपूर्वकं क्रियमाणेन नियतकर्मणा नहि बद्धो भवति पुण्यापुण्यैर्जनः। कर्मणां फलं तु भवत्येव, किन्तु तद्धि लोकसङ्ग्रहायैव प्रभवति। **'ब्रह्मण्याधाय कर्माणि सङ्गं त्यक्त्वा करोति यः। लिप्यते न स पापेन पद्मपत्रमिवाम्भसा'** इति नीत्या अवशिष्टं च तत्फलं वस्तुतोऽकर्तुः कर्तुः पक्षे पतति। तं च यज्ञशिष्टाशनं प्रतिगृह्णन्नसौ सर्वकिल्बिषैः मुच्यते।

अयमेवार्थः **'ददाति प्रतिगृह्णाति नान्यथैषा प्रसीदति'** इति देवीमाहात्म्यकीलकस्तोत्रे सुनिपुणं प्रतिपादितः। एष एव उत्कीलनमन्त्रः। दानप्रतिग्रहरूपया यज्ञात्मिकया कुञ्चिकया विविधसुखदुःखरागद्वेषमानामानसामग्रीसञ्चीयमानवेश्मनि संसारयन्त्रभवने प्रविश्य, तदाहिण्डनतद्भ्रमणतत्तदाचरन्नपि वस्तुतो नैव कुर्वन्न कारयन्, तत्र वर्तमानः निष्क्रामन् वा समग्रं कर्म प्रविलापयन् परं पुरुषमुपैत्येव युक्तो जनः।

माध्यन्दिनसंहितायामपि अर्थोऽयमुपस्थापितः। यथा—

१. महाभारतम्, शान्तिपर्व।

२. एतानुत्पाद्य पुत्रांस्तु प्रजासन्तानकारणात्।
कश्यपः पुत्रकामस्तु चचार सुमहत्तपः॥
तस्यैवं तपतोऽत्यर्थं प्रादुर्भूतौ सुताविमौ।
वत्सरश्चासितश्चैव तावुभौ ब्रह्मवादिनौ॥
असितस्यैकपर्णायां ब्रह्मिष्ठः समपद्यत।
नाम्ना वै देवलः पुत्रो योगाचार्यो महातपाः॥ (कूर्मपुराण अ· १९।१,२,५)

ईशावास्यमिदं सर्वं यत्किञ्च जगत्यां जगत्।
तेन त्यक्तेन भुञ्जीथाः मा गृधः कस्यस्विद्धनम्॥
कुर्वन्नेवेह कर्माणि जिजीविषेत् शतं समाः।
एवं त्वयि नान्यथेतोऽस्ति न कर्म लिप्यते नरे॥

कस्यस्विद्धनमित्यासक्तेर्निरासः मा गृधः इति कामसङ्कल्पवर्जनम्। विश्वा-त्मनि परमेश्वरे सर्वस्वार्पणपूर्वकं उपभोग इति—तेन त्यक्तेन भुञ्जीथाः इत्येतेन विवृतम्। त्रिषु लोकेषु यत्किञ्चिज्जडं जङ्गमं वा सर्वं परमेश्वर एवेति ज्ञात्वा शतं वर्षाणि यावत् कर्माणि कुर्यादेव। एवं विधानेन पुण्यापुण्यैर्न बद्धो भवति नरः। कर्मशब्देनेह पुण्यापुण्ययोर्ग्रहणम् तदभावो मोक्षः। तदुक्तं गीतासु—

यस्य सर्वे समारम्भाः कामसङ्कल्पवर्जिताः।
ज्ञानाग्निदग्धकर्माणं तमाहुः पण्डितं बुधाः॥
त्यक्त्वा कर्मफलासङ्गं नित्यतृप्तो निराश्रयः।
कर्मण्यभिप्रवृत्तोऽपि नैव किञ्चित्करोति सः॥

समारभ्यन्त इति समारम्भाः व्यापाराः। काम्यत इति कामः फलम्। तत्सङ्कल्परहिताः ब्रह्मज्ञानाग्निदग्धकर्माणः। अनित्येभ्यः फलेभ्यः व्यावृत्तचेता नित्येन परमात्मना तृप्तः, फलसाधनभूत आश्रयो यस्य न विद्यते। स कुर्वन्नपि न करोति फलानुषङ्गाभावात्।

अयमभिसन्धिः—लौकिकानां वैदिकानां च कर्मणां नाहं कर्ता गुणा गुणेषु केवलं वर्तन्ते। ईश्वरायैव राज्ञ इव भृत्यः कर्माणि करोमीति। अध्यात्मचेतसा—ब्रह्मैवेदं सर्वमिति धिया ब्रह्मार्पणन्यायेन वा परमेश्वरे ब्रह्मणि सर्वकर्मणां सम्यगर्पणं विधाय निराशीः फलप्रार्थनारहितः निर्ममश्च भूत्वा विगत-सन्तापः सन् कर्माणि कुर्यात्। सर्वासु क्रियासु कारकेषु च ब्रह्माभिगतं पश्यन् स्वयं ब्रह्मास्मीति भावितात्मा, ब्रह्मात्मकं ब्रह्मणे ब्रह्मणि च कर्म ब्रह्मकर्म तदेव समाधि-र्योगस्तेन ब्रह्मैव गम्यते—इत्ययं सनातनो योगः समुपदिष्टः। तदाह—

मयि सर्वाणि कर्माणि सन्न्यस्याध्यात्मचेतसा।
निराशीर्निर्ममो भूत्वा युध्यस्व विगतज्वरः॥
ब्रह्मार्पणं ब्रह्महविः ब्रह्माग्नौ ब्रह्मणा हुतम्।
ब्रह्मैव तेन गन्तव्यं ब्रह्मकर्मसमाधिना॥
योगसन्न्यस्तकर्माणं ज्ञानसञ्छिन्नसंशयम्।
आत्मवन्तं न कर्माणि निबध्नन्ति धनञ्जय॥
तस्मादज्ञानसम्भूतं हृत्स्थं ज्ञानासिनात्मनः।
छित्त्वैनं संशयं योगमातिष्ठोत्तिष्ठ भारत॥

३. सनातनस्याव्यययोगस्य पक्षद्वयम्

उभाभ्यामेव पक्षाभ्यां यथा खे पक्षिणां गतिः।
तथैव ज्ञानकर्मभ्यां प्राप्यते ब्रह्म शाश्वतम्॥

इति धर्मसंहितायां हारीतः। अस्मिन् योगे ज्ञानांशः कर्मांशश्चेति पक्षद्वयम्। ज्ञानांशः साङ्ख्ययोगाख्यया कर्मांशश्च कर्मयोगसंज्ञया प्रसिद्धिं गतः। भक्तिः, श्रद्धा, आदरो वा उभयत्र संयुज्यते, विशेषतः कर्मयोगे। परमेश्वराराधनाय कर्मणः भक्ति विनानुपपत्तेः। एतेन भक्तिसम्प्रदायः परवर्तीतिवादिनः ज्ञानलवलाम्पट्यलुलित-बुद्धयः प्रत्युक्ताः।

यद्यपि एतस्मिन् योगे भागकल्पना नोचिता तथापि—

यस्त्वात्मरतिरेव स्यादात्मतृप्तश्च मानवः।
आत्मन्येव च सन्तुष्टस्तस्य कार्यं न विद्यते॥
नैव तस्य कृतेनार्थो नाकृतेनेह कश्चन।
न चास्य सर्वभूतेषु कश्चिदर्थव्यपाश्रयः॥

इति नीत्या ये आत्मस्मृतिं लब्ध्वा संसारं सर्वथा विस्मरन्ते ते निवृत्तिमार्गिणो साङ्ख्ययोगिनः। ये च तादृशीमेवात्मस्मृतिं समधिगम्यार्जुनवत्फलासङ्गरहितं लोक-सङ्ग्रहार्थं कर्म कुर्वन्ति ते कर्मयोगिनः प्रवृत्तिपन्थानमध्यासिताः। द्वावपि पन्थानौ मोक्षमधिगमयत इति ध्येयम्। तथा हि महाभारते—

द्वाविमावथ पन्थानौ यस्मिन्वेदाः प्रतिष्ठिताः।
प्रवृत्तिलक्षणो धर्मो निवृत्तिश्च विभाषिता॥ (शान्तिपर्व २४१।६)

अयमर्थः विष्णुपुराणे केशिध्वजखाण्डिक्यसंवादे इत्थं प्रपञ्चितः—

बोधाधिकारयुक्तेषु हिरण्यगर्भादिषु ब्रह्मकर्मात्मिका उभयरूपा भावना विद्यते। सनन्दनादयो केवलं ब्रह्मभावनया युक्ताः। देवाद्याः, स्थावरा जङ्गमाश्च कर्मभावना-समन्विताः सन्ति। इत्थं त्रिविधा भावना। तथा हि—

त्रिविधा भावना भूप विश्वमेतन्निबोधताम्।
ब्रह्माख्या कर्मसंज्ञा च तथा चैवोभयात्मिका॥
कर्मभावात्मिका ह्येका ब्रह्मभावात्मिका परा।
उभयात्मिका तथैवान्या त्रिविधा भावभावना॥
सनन्दनादयो ये तु ब्रह्मभावनया युताः।
कर्मभावनया चान्ये देवाद्याः स्थावराश्चराः॥

हिरण्यगर्भादिषु च ब्रह्मकर्मात्मिका द्विधा।
बोधाधिकारयुक्तेषु विद्यते भावभावना ॥ ४८–५१ ॥

(अंशः ६, अ० ७)

अत्र ब्रह्मकर्मात्मिका या भावना सैव पूर्वोक्तः सनातनो योगः हिरण्यगर्भेण लोकानां हितकाम्यया प्रवर्तितः। कर्मभावना च सामान्यकर्मपरा, नेयं हि कर्मयोगः, स्थावरेषु अन्तःसंज्ञेषु असंज्ञभेदभिन्नेषु, चरेषु च स्वभावतोऽबुद्धिपूर्वकं कर्मयोगानुपपत्तेः। किञ्च—

केशिध्वजो विमुक्त्यर्थं स्वकर्मक्षपणोन्मुखः।
बुभुजे विषयान् कर्म चक्रे चानभिसंहितम् ॥ १०५ ॥

'अनभिसंहितं कर्म चक्रे' अमुना ग्रन्थेन कर्मयोगः समुपदर्शितः। वस्तुतस्तु कर्मयोगः ब्रह्मयोगश्च पूर्वोक्तनीत्या एकस्यैव योगस्य पक्षद्वयं, न तु योगद्वयमिति ध्येयम्।

४. साधनभूता अन्ये योगाः

अयं सनातनोऽव्ययो योगो न सुलभः। यतो हि—

पराञ्चि खानि व्यतृणत्स्वयम्भूः तस्मात्पराङ्पश्यति नान्तरात्मन्।
कश्चिद्धीरः प्रत्यगात्मानमैक्षदावृत्तचक्षुरमृतत्वमश्नन् ॥

(कठोपनिषद्)

सर्वो हि जनः स्वभावतः बहिर्मुखः जगति जायते। तेषां विरल एव कश्चन योगी, अमृतत्वकामनया अन्तर्मुखः सन् प्रत्यगात्मानं पश्यति। अतोऽस्य योगस्योपलब्धये साधनभूता अन्ये योगाः क्रमेण प्राचलन्। तेषु महामतिपतञ्जलिनाऽनुशासिते दर्शने, अष्टाङ्गयोगः, तपोयोगः, स्वाध्याययोगः, ईश्वरप्रणिधानयोगश्च सूपदिष्टः। तपसा हठयोगस्य, स्वाध्यायेन मन्त्रयोगस्य, ईश्वरप्रणिधानेन भक्तियोगस्य चाभ्युपगमस्तत्र जातः। यथा गीतासूपनिषत्सु **'तं विद्याद्दुःखसंयोगवियोगं योगसंज्ञितम्'** इत्यनेन वियोग एव योगत्वेनोपदिष्टः। तथेहापि—

पतञ्जलिमुनेरुक्तिः काप्यपूर्वा जयत्यसौ।
पुम्प्रकृत्योर्वियोगोऽपि योग इत्युदितो यया ॥ इति।

भोजराजवचसा वियोग एव योग उक्तः। अत एव च योगः समाधिरिति भाष्यम्; योगो युक्तिः समाधानम्—युज् समाधाविति भोजवृत्तिः, 'युज् समाधौ इत्यस्माद् व्युत्पन्नः समाध्यर्थो, न तु 'युजिर योगे' इत्यस्मात् संयोगार्थं इति तत्त्ववैशारदी च सङ्गच्छते।

वियोगस्येदमेवाकूतम्—स्वरूपेऽवस्थानं स्वरूपप्रतिष्ठा वा चितिशक्तेरित्येव योगफलम्। स्वरूपावरकाणि यानि विकारजातानि अविद्यादीनि, तेषाञ्चाधारभूतं यच्चित्तं व्यष्टिप्रकृतिर्वा तस्याः विप्रलये आत्मकल्पावस्थाने वा शुद्धः चिन्मात्रः केवल आत्मा समुदेति। आत्मकल्पावस्थानं च चित्तसत्त्वस्य शुद्धावेव जायते। अत उक्तम्—**'सत्त्वपुरुषयोः शुद्धिसाम्ये कैवल्यम्'** इति। शुद्धौ सति साम्यमैक्यमित्याशयः।

५. अस्पर्शयोगः

गौडपादाचार्यैः यश्च—

अस्पर्शयोगो वै नाम दुर्दर्शः सर्वयोगिभिः।
योगिनो बिभ्यति ह्यस्मादभये भयदर्शिनः ॥ (गौ० का० ३।३९)

इति कारिकया सूचितः सोऽपि वियोगरूप एव। अस्य चास्पर्शयोगस्य स्वरूपमित्थमुपन्यस्तं तत्र—

सर्वाभिलापविगतः सर्वचिन्तासमुत्थितः।
सुप्रशान्तः सकृज्ज्योतिः समाधिरचलोऽभयः ॥

सम्पूर्णशब्दस्मृतिविगमे, सर्वविचारातीते 'स्पर्शान् कृत्वा बहिर्बाह्यान्' इति नीत्या सर्वविषयवियोगे सति मनसोऽमनीभावे प्रशान्तकल्लोलोदधिप्रख्यः निखिलाज्ञानतमोध्वंसिप्रभाभास्वरः सुषुम्नायां समीकृते प्राणापानवाहे हाटकस्तम्भ इव निमेषोन्मेषवर्जितः निर्वातनिष्कम्पदीपशिखाकारः निखिलहेयप्रत्यनीकः, अत एव अभयः येन योगी भवति, सोऽयं समाधिरस्पर्शयोग इति। अयं च नासम्प्रज्ञाताख्यसमाधेरन्यः।

६. शब्दपूर्वयोगः

अस्मिन् लोके द्वौ शब्दात्मानौ। एकः नित्यः अन्यश्च कार्यरूपोऽनित्यः। यः शब्दः श्रूयते उच्चार्यते वा स लोकव्यवहाराय प्रवृत्तः वैखरीरूपः कार्योऽनित्यः। परावागात्मनः शब्दब्रह्मणः बिम्बस्य वर्णपदवाक्यमयोऽयं कार्यरूपः प्रतिबिम्बवद्भासते। नित्यस्तु परावागात्मा परपश्यन्तीरूपो वा सर्वस्य साध्यसाधनरूपस्य पदपदार्थभेदव्यवहारस्य च योनिरुपादानकारणम्। संहृतककारखकारादिक्रमः, सर्वस्य चराचरस्यात्मरूपतयाऽन्तःसन्निविष्टः, सर्वेषां जन्मादिविकाराणां प्रभवः, कर्मणामाश्रयः, सुखदुःखयोरधिष्ठानं, सर्वत्रापि अप्रतिहतकार्यशक्तिरपि घटादिनिरुद्धप्रकाश इव भोगायतनशरीरमात्रप्रकाशकः सर्वमूर्तीनां—वर्णानां, पदानां, वाक्यानां पदार्थानां चाक्षय्यप्रकृतिः, पर्जन्यवद् दवाग्निवच्च प्रसवोच्छेदशक्तियुक्तः सर्वेश्वरः सर्वशक्तिः महान् शब्दवृषभः शब्दानामुच्चारयितुर्जनस्य हृदि तिष्ठति। वाग्योगविदः तेनैव सायुज्यं कामयन्ते। तदाह—

अपि प्रयोक्तुरात्मानं शब्दमन्तरवस्थितम् ।
प्राहुर्महान्तमृषभं येन सायुज्यमिष्यते ॥ १३० ॥

(वा० पदीयम् का० १)

अस्य शब्दब्रह्मापरपर्यायस्य परब्रह्मणः उपलब्धये शब्दपूर्वयोगः व्याकरणागमे प्रसिद्धः । शब्दपूर्वयोगमेव युञ्जानो योगी—यथा लिपिचिह्नानि अक्षरस्मृतेः निमित्तानि तथैव यस्मिन् प्रकाशे नित्यस्य शब्दस्य निमित्तभूता अभिव्यञ्जकाः वैखर्यादयः तिस्रः वाचः प्रतिबिम्बवत् पश्यति । तथा हि—

यत्र वाचो निमित्तानि चिह्नानीवाक्षरस्मृतेः ।
शब्दपूर्वेण योगेन भासन्ते प्रतिबिम्बवत् ॥ २० ॥

(वा० प०, १ काण्ड)

अयं योगः क्रमसंहारपदेनाप्युक्तः । तदाह—

मोक्षो रजस्तमोऽभावाद् बलवत्कर्मसंक्षयात्।
वियोगः कर्मसंयोगैरपुनर्भव उच्यते॥

मोक्षस्योपायाः—सतामुपासनम्, असतां परिवर्जनम् मनोबुद्धिसमाधानमर्थतत्त्वपरीक्षणमित्यादि, एतत् सर्वं तत्त्वस्मृतेरुपस्थानात् प्रवर्तते।

स्मृतिः कथं दुःखापनोदने कारणमित्यत आह—

स्मृतिः सत्सेवनाद्यैश्च धृत्यन्तैरुपजायते।
स्मृत्वा स्वभावं भावानां स्मरन् दुःखात् प्रमुच्यते॥

स्मृतिकारणानि च वसुसंख्याकानि भवन्ति। तद्यथा—

वक्ष्यन्ते कारणान्यष्टौ स्मृतिर्यैरुपजायते।
निमित्तरूपग्रहणात् सादृश्यात् सविपर्ययात्॥
सत्त्वानुबन्धादभ्यासाज्ज्ञानयोगात् पुनः श्रुतात्।
दृष्टश्रुतानुभूतानां स्मरणात् स्मृतिरुच्यते॥

एवं तत्त्वस्मृतेर्मोक्षसाधकत्वं सुस्पष्टतया प्रतिपादितम्, यद् जीवनमुक्तेरिदमेकमयनं ज्ञेयम्, येन गता न पुनरागताः। संक्षेपतः संसारहेतुमज्ञानं तथा मोक्षहेतुं सम्यग्ज्ञानं दर्शयन्नाह चरके—

सर्वं कारणवद्दुःखमस्वं चानित्यमेव च।
न चात्मकृतकं तद्धि तत्र चोत्पद्यते स्वता॥
यावन्नोत्पद्यते सत्या बुद्धिर्नैतदहं यया।
नैतन्ममेति विज्ञाय ज्ञः सर्वमतिवर्तते॥
तस्मिंश्चरमसंन्यासे समूलाः सर्ववेदनाः।
ससंज्ञाज्ञानविज्ञाना निवृत्तिं यान्त्यशेषतः॥
अतः परं ब्रह्मभूतो भूतात्मा नोपलभ्यते।
निःसृतः सर्वभावेभ्यश्चिह्नं यस्य न विद्यते॥
ज्ञानं ब्रह्मविदां चात्र नाज्ञस्तज्ज्ञातुमर्हति॥

अर्थाद् योगनिष्ठ एव तत्त्वज्ञानवान् भवति। ततश्च संसारदुःखान्मुक्तो भवत्यतो योगः सर्वदुःखानामात्यन्तिकनिरोधकर्तृत्वात् सर्वातिगः सर्वमान्यः सुखकरश्च पन्थाः।

किं बहुना संसारेऽस्मिन् किमपि कार्यं योगमन्तरा साधयितुं न कोऽपि क्षम इति मम विश्वासः, गृहे गृहे मातरो बालकानुपदिशन्ति मनोयोगपूर्वकमध्ययनं सम्पादयत। अध्ययनेऽध्यापने वान्यकर्मणि वैपरीत्यापादको मनोयोगाभाव एव। भगवान् श्रीकृष्णस्तु योगः कर्मसु कौशलमित्युपदिशन् "स्वे स्वे कर्मण्यभिरतः संसिद्धि लभते नरः" इत्युपदिदेश। तत्रापि मुख्यः कल्याणकरो योग एव।

ऐहिकामुष्मिकरोगप्रतीकारे योग एव समर्थोऽतोऽस्य गौरवं महच्चेतोगम्यम्, अतः "योगयुक्तो भवार्जुन" इति भगवद्वाक्यममृतोपमं पेयम्।

●●●

बौद्ध एवं अन्य भारतीय योगसाधना

हिन्दी-निबन्ध

सीले पतिट्ठाय नरो सपञ्ञो चित्तं पञ्ञं च भावयं।
आतापी निपको भिक्खु सो इमं विजटये जटं ॥
(संयुत्त० १ : १४)

नत्थि झानं अपञ्ञस्स पञ्ञा नत्थि अझायतो।
यम्हि झानं च पञ्ञा च स वे निब्बानसन्तिके ॥
(धम्म० २५।१३)

यो च वस्ससतं जीवे दुप्पञ्ञो असमाहितो।
एकाहं जीवितं सेय्यो पञ्ञवन्तस्स झायिनो ॥
(धम्म० ८ : १२)

योग की उत्पत्ति और उसका प्रारम्भिक इतिहास

लालमणि जोशी

[१]

'योग' क्या है ? भारतीय धार्मिकता के ऐतिहासिक तथा तुलनात्मक अध्ययन के दृष्टिकोण से इस प्रश्न का एक उत्तर नहीं हो सकता। 'योग' शब्द के अनेक अर्थ हैं। इसका सामान्य अर्थ जोड़ने, युक्त करने, एक साथ होने से है। रथ के साथ बाँधे जाने वाले पशुओं के बन्ध को 'योग' कहा गया है। ऋग्वेद (१-२४-९) में 'योग' शब्द का प्राचीनतम यही अर्थ है। यद्यपि ऋक् संहिता में अन्यत्र 'योग' एवं 'योगक्षेम' शब्द आये हैं, परन्तु उनका अर्थ योगसूत्र अथवा उपनिषदों अथवा महाभारत में उपलब्ध 'योग' के अर्थ से अति दूर है। दूसरे शब्दों में 'योग' शब्द प्राचीन वैदिक ग्रन्थों में सुविदित है, परन्तु वह ध्यानपथ अथवा योगमार्ग का पारिभाषिक शब्द नहीं है। हमारा विश्वास है कि 'निर्वाण' अथवा 'मोक्ष' की निष्णात कल्पना और 'योग' द्वारा उसकी प्राप्ति की खोज ऋग्वैदिक आर्यों की संस्कृति की परिधि के बाहर आर्येतर एवं अवैदिक विचारधारा का परिणाम थी।

'योग' का सम्बन्ध 'तप' के साथ रहा है। प्राचीन वैदिक ग्रन्थ 'तप' का और उसके परिणामों का बहुल उल्लेख करते हैं। 'तप' का यज्ञ के साथ भी घनिष्ठ सम्बन्ध था। ऐसा प्रतीत होता है कि वैदिक काल का 'तप' यज्ञ का ही एक स्वरूप अथवा पहलू था। चूँकि 'मोक्ष' का आदर्श संहिताओं, ब्राह्मणों एवं आरण्यकों में अज्ञात है, अतएव वैदिक 'तप' को उसी प्रकार मुक्ति का मार्ग नहीं माना जा सकता है, जिस प्रकार वैदिक यज्ञ को निर्वाण का साधन नहीं माना जा सकता। 'योग' का 'तप' व यज्ञ के अतिरिक्त जादू (वैदिक 'यातु') चमत्कार, तन्त्र, मन्त्र, चिकित्सा एवं सिद्धियों से भी प्राचीन समय से सम्बन्ध रहा है। ऐतिहासिक युग में 'तप' और उससे प्राप्त होने वाली शक्तियों का ध्यान से उत्पन्न सिद्धियों के साथ घनिष्ठ सम्बन्ध समझा जाता था। तपस्या के विचारादर्शों ने प्राचीन भारतीय धार्मिक पुराकथाओं, उपदेशपरक आख्यानों एवं लोकमानस को अत्यधिक प्रभावित किया था। महाभारत (उद्योगपर्व, अध्याय ४३, श्लोक १३) में **'तपोमूलमिदं सर्वम्'** कहा गया है। इस धारणा में महाभारत के पूर्व वैदिक युग में और उसके पश्चात्

के समय में आज तक जनसाधारण की आस्था रही है। 'योग' की भाँति 'तप' का भी विस्तृत ऐतिहासिक अध्ययन करना आवश्यक है।

'योग' का सम्बन्ध 'संन्यासाश्रम' से भी है, परन्तु 'योग' की उत्पत्ति चतुर्थाश्रम की उत्पत्ति से और योगाभ्यास को संन्यासाश्रम तक ही सीमित समझना त्रुटिपूर्ण है। आश्रमव्यवस्था शाक्यमुनि बुद्ध के पश्चात्काल की उपज है और चतुर्थ अथवा संन्यास-आश्रम का ब्राह्मणपरम्परा में प्रवेश जैन एवं बौद्ध श्रमणों के संगठित संघों की व्यापकता का परिणाम माना गया है।[1] प्राचीन वैदिक ब्राह्मण परम्परा संन्यासाश्रम अथवा श्रामण्य के पक्ष में नहीं थी। कालान्तर में 'योग' की भाँति संन्यासाश्रम अथवा भिक्षु-जीवन भी प्रगतिशील वैदिक परम्परा की एक महत्त्वपूर्ण संस्था माना गया।

'योग' की उत्पत्ति अनेक पश्चिमी विद्वानों ने 'जादू' से सम्बन्धित काय-वाक्-चित्त की उन प्रक्रियाओं से हुई मानी है, जो विश्व भर में व्यापकरूप से आदिकाल से प्रचलित रही हैं। 'योग' के लौकिक एवं अर्द्धलौकिक स्वरूप की अवहेलना नहीं की जा सकती है। 'योग' का तप, मन्त्रविद्या, गुह्यसाधना, सिद्धि, शारीरिक एवं मनोवैज्ञानिक चमत्कार, परकायप्रवेश, परचित्तज्ञान, अभिचार, वशीकरण, भूत-प्रेत पर विजय, रोग व विष से मुक्ति आदि नाना मानवीय व्यापारों से जो लोकप्रिय सम्बन्ध रहा है, वह इतिहास में सुविदित है।[2] 'योग' विषयक नाना भ्रान्तियों का सम्बन्ध 'योग' के लौकिक एवं अर्द्धलौकिक स्वरूप से है। इससे यह भी संकेतित है कि 'योग' का पारलौकिक एवं पारमार्थिक स्वरूप भी है। वस्तुतः यही स्वरूप हमारे वर्तमान अध्ययन का विषय है। हमारा मत यह है कि 'योग' एक पद्धति है, शरीर एवं मन को व्यवस्थित करने की एक विद्या अथवा शास्त्र है। मार्ग, यान, विधि इसके पर्यायवाची हैं। 'योग' इस पद्धति अथवा पथ को भी कहते हैं और इस पद्धति अथवा पथ पर उद्योग एवं प्रयत्न अथवा प्रधान (पालि=पधान) को भी कहते हैं। इस पद्धति का उपयोग आरोग्य-प्राप्ति, सुख-प्राप्ति, सिद्धियों की प्राप्ति अथवा मुक्ति की प्राप्ति के लिये किया जा सकता है और कदाचित् किया जाता रहा है। यही कारण है कि 'योग' का सम्बन्ध बोधिचर्या अथवा ब्रह्मविद्या के साथ ही नहीं, अपितु

१. द्रष्टव्य—गोविन्दचन्द्र पाण्डेय, 'स्टडीज इन दि ओरिजिन्स आफ बुद्धिज्म' १९५८ (इलाहाबाद), पृ० ३२२–२६; लालमणि जोशी—'ब्राह्मनिज्म बुद्धिज्म एण्ड हिन्दूइज्म', १९७०, (कण्डी) पृ० ३५–३८।

२. द्र०—मर्सिया इलियाडे, 'शमनिज्म', न्यूयार्क १९६४, वही, इमार्टैलिटी एण्ड फ्रीडम, न्यूयार्क १९६४ पृ० २७४ से आगे।

नाना प्रकार की 'तिरच्छान' (तिरश्चीन) विद्याओं एवं लौकिक जीवनव्यापार से भी रहा है।

प्रस्तुत निबन्ध में 'योग' को मोक्षप्रापक धर्मसाधना अथवा निर्वाण-गामिनी प्रतिपदा के रूप में समझा गया है। इस अर्थ में 'योग' जैनधर्म, बौद्धधर्म एवं वैदिक-ब्राह्मण परम्परा से सम्बन्धित अनेक धार्मिक मतों में विद्यमान रहा है। वस्तुतः भारतीय धार्मिक परम्पराएं विश्व के अन्य धर्मों की तुलना में योगप्रधान कही जा सकती हैं। 'योग' भारतीय धार्मिक साधना-पद्धतियों की विशेषता है। भारतीय संस्कृति एवं विचारजगत् में, भारतीय लौकिक तथा धार्मिक जीवन में, साहित्य में, भारतीय कलाओं में और भारतीय जनमानस में 'योग' शब्द से अभिप्रेत होने वाले नाना तत्त्वों का व्यापक प्रभाव विवाद का विषय नहीं कहा जा सकता है।[1] 'योग' की व्यापकता, निरन्तरता एवं प्राचीनता असाधारण एवं आश्चर्यजनक तथ्य हैं। इस निबन्ध का उद्देश्य 'योग' को प्रारम्भिक अवस्थाओं एवं उसके स्वरूपों का ऐतिहासिक एवं तुलनात्मक दृष्टि से मात्र विहङ्गावलोकन करना है। इस विषय का विस्तृत अध्ययन एक विशाल ग्रन्थ में हो किया जा सकता है।[2]

यहाँ पर यह कहना प्रसङ्गानुकूल होगा कि हमारा दृष्टिकोण परम्परागत न होकर ऐतिहासिक एवं आलोचनात्मक है। इन दोनों दृष्टियों में पर्याप्त मतभेद हैं। हमारे देश में अनेक धार्मिक परम्पराएं हैं, उनमें परस्पर मतैक्य भी हैं, मतान्तर भी हैं। चूँकि 'योग' लगभग सभी धार्मिक मतों में प्रचलित रहा है, अतएव 'योग' के अर्थ एवं स्वरूप में भी मतभेद अथवा समानता की आशा करनी चाहिये। इसके अतिरिक्त 'योग' के अनेक अर्थ हैं और अनेकार्थक होने से इसे विविध भी मानना पड़ेगा। ऐतिहासिक दृष्टि से अध्ययन करने पर 'योग' को दैवी उत्पत्ति का सिद्धान्त नहीं माना जा सकता, जैसा कि महाभारत अथवा भगवद्गीता[3] में अथवा परवर्ती काल के बहुसंख्यक शैवागमों एवं योग-उपनिषदों में कहा गया है। हम 'योग' को दैवी नहीं, अपितु मानवीय उत्पत्ति मानते हैं तथा अनादिकालिक नहीं, अपितु देश और काल के अन्तर्गत विकसित उच्चतर मानव संस्कृति को एक बहुमूल्य देन

१. देखिये—ई० डब्ल्यु० हाप्किन्स, 'योग टेकनीक्स इन दि महाभारत' जर्नल आँफ अमेरिकन आरियन्टल सोसायटी, वर्ष २२ (१९०१) पृ० ३३३–७९।

२. इस विषय पर मर्सिया इलियाडे का योग इमार्टैलिटी एण्ड फ्रीडम नामक ग्रन्थ (न्यूयार्क द्वितीय संस्करण, तथा सुरेन्द्रनाथ दासगुप्त के अनेक ग्रन्थ उल्लेखनीय हैं।

३. गीता ३–३।

मानते हैं। 'योग' अथवा ध्यान आर्येतर एवं अवैदिक ही नहीं, वरन् पूर्ववैदिक माना गया है।[1] पुरातत्त्व एवं भाषाविज्ञान के तुलनात्मक अध्ययन के परिणाम तथा स्वयं वैदिक साहित्य के साक्ष्य के आधार पर यह मान्यता ख्यातिप्राप्त हो चुकी है कि सैन्धव संस्कृति के निर्माता आर्येतर एवं पूर्ववैदिक भारतीय जन थे। उन्हें द्रविड जातीय कहने के लिये जो प्रमाण प्रस्तुत किये गये हैं, वे अपर्याप्त हैं। परन्तु उन्हें आर्यभाषाभाषी ऋग्वैदिक जनों से सम्बन्धित करने के बलात् प्रयत्न और भी अधिक दरिद्र एवं असन्तोषजनक हैं। प्राचीन भारत में 'आर्य' एवं 'द्रविड' शब्दों से सम्बोधित होने वाली दो ही जातियाँ नहीं थीं। इनके अतिरिक्त और भी अनेक जातियों के लोगों ने भारतीय संस्कृति को समृद्ध एवं बहुमुखी बनाने में सहयोग किया होगा। प्राचीन भारतीय संस्कृति का इतिहास आर्य एवं आर्येतर, वैदिक एवं अवैदिक विचारादर्शों के पारम्परिक संघर्ष, सम्पर्क एवं मिश्रण के विकास का इतिहास है।

'योग' और 'ध्यान' शब्द हड़प्पा-संस्कृति में प्रचलित थे अथवा नहीं, हमें ज्ञात नहीं है। परन्तु 'ध्यान' अथवा 'योग' के अभ्यास करने वाले मनुष्यों की सत्ता के पुरातात्त्विक एवं असन्दिग्ध प्रमाण ईशा से तीसरी सहस्त्राब्दी पूर्व को इस संस्कृति में उपलब्ध होते हैं। मोहिंजोदड़ों नगर के खण्डहरों से उत्खनन-पश्चात् प्राप्त कुछ मुहरों पर अङ्कित तथा पाषाणखण्डों पर तक्षित चित्र ध्यानस्थ पुरुष और तपस्वी व्यक्ति को चित्रित करते हैं। अतएव ध्यान परम्परा की उत्पत्ति आज से पाँच सहस्र वर्ष पूर्व में हुई माननी पड़ती है।[2]

ऋग्वेद (१०-१३६) के केशीसूक्त में वर्णित 'मौन से उन्मत्त' 'वातरसना मुनि' का दृश्य प्रागैतिहासिक काल के एक प्रकार के 'योगी' का परिचय देता है। यह 'मुनि' अवैदिक परम्परा का एक प्रतिनिधि इस कारण माना गया है कि सूक्तकार उससे प्रभावित एवं उसके असाधारण सिद्धि सरीखे चरित्रों से आश्चर्य में पड़ गया प्रतीत होता है। ऐसा 'मुनि' वैदिक समाज व धर्म में सुपरिचित व्यक्ति नहीं था।

१. लालमणि जोशी, पूर्व उल्लिखित ग्रन्थ पृ० ५७-५८, पाण्डे पू० उ० ग्रन्थ, पृ० ३०२-३०५, इलियाडे, योग पृ० १०१, ३५३-३५८, सुनीति कुमार चटर्जी का लेख 'दि कल्चरल हेरिटेज ऑफ इण्डिया' खण्ड १ (कलकत्ता) १९५८, पृ० ८०-८१, हाइनिक जिमर, फिलासाफीज ऑफ इण्डिया, न्यूयार्क १९६० पृ० २८१।

२. जान मार्शल,—'मोहिंजोदड़ो एण्ड दी इन्डस सिविलाइजेशन' खण्ड १, लन्दन, १९३१, पृ० ५२, स्टुअर्ट पिगट,–'प्रिहिस्टरिक इण्डिया', लन्दन, १९५०, पृ० २०२-२०३, इलियाडे, योग, पृ० ३५४-३५६।

अनेक आधुनिक विद्वानों ने योगपद्धति की उत्पत्ति इन्हीं अवैदिक मुनियों, यतियों एवं श्रमणों की संस्कृति से निःसृत मानी है, जिनका विरल उल्लेख वैदिक ग्रन्थों में सुरक्षित है।

वैदिक काल के मध्य में अवैदिक तथा वैदिक संस्कृतियों का पर्याप्त सम्मिश्रण हो गया था। इस सांस्कृतिक मिश्रण का प्रभाव जैन, बौद्ध, सांख्य, आजीवक एवं प्राचीनतर वेदान्त अथवा उपनिषदों में स्पष्ट दिखायी देता है। न केवल जैन, आजीवक एवं बौद्ध मतों के विशिष्ट विचार, अपितु सांख्य का प्राचीन स्वरूप, 'योग'-पद्धति तथा प्राचीनतर उपनिषदों के योगप्रधान और निवृत्तिपरक विचार सम्भवतः मुनिश्रमण संस्कृति के प्रभाव के परिणाम थे।

मोक्षोपाय अथवा निवृत्तिमार्ग के रूप में 'योग' की एक प्रमुख विशेषता यह रही है कि यह सभी वर्णों अथवा जातियों के मुमुक्षुओं के लिये खुला था। जैन एवं बौद्ध क्षेत्रों में यह स्त्रियों व पुरुषों के लिये प्राचीन काल से समान रूप से सुलभ था। ब्राह्मण परम्परा में यह उदारता कालान्तर में विकसित हुई।

ऐतिहासिक एवं सैद्धान्तिक दृष्टि से 'योग' को 'श्रमणयोग' और ब्राह्मणयोग इन दो प्रकारों के रूप में देखा जा सकता है। यह प्रकारभेद 'योग' के ईश्वरवादी एवं अनीश्वरवादी दोनों दिशाओं में विकास-क्रम से सम्बन्धित है। श्रमणयोग का बौद्ध-संस्करण न केवल अनीश्वरवादी है, वरन अनात्मवादी भी है। दूसरी ओर ब्राह्मणयोग ब्रह्मात्मवादी, ईश्वरवादी तथा पुरुषवादी है। यह सम्भव है कि वैदिक-ब्राह्मण परम्परा के प्रभाव में आने के पूर्व 'योग' एक अनीश्वरवादी ध्यानपद्धति मात्र था। अनेक अधिकारी विद्वानों का मत है कि प्रारम्भिक योग एवं सांख्य अनीश्वरवादी थे। जैसा कि विदित है, मध्यकाल में इन दोनों की सेश्वर व्याख्यायें लिखी गयीं और इनकी गणना ब्राह्मणपरम्परा के षट्दर्शनों में होने लगी।

'योग' एक व्यावहारिक ध्यानपरक मार्ग था, जो पतञ्जलिकृत योगसूत्र तथा उस पर लिखे गये व्याख्या-साहित्य में एक ईश्वरवादी दार्शनिक सम्प्रदाय का रूप धारण करता है। योगसूत्र तीसरी शती ईसवी की रचना मानी गयी है। इस ग्रन्थ में उपनिषदिक वेदान्त, प्राचीन सांख्य एवं प्राचीन योगपद्धति का समन्वित रूप प्रस्तुत करने का प्रयत्न किया गया है। आलोचकों ने इस प्रयत्न को असफल माना है। यह कहने की आवश्यकता नहीं है कि 'योगदर्शन' एक अर्वाचीन सम्प्रदाय है, जिसका योग व ध्यान सम्बन्धी अंश प्राचीन योग की परम्परा पर आधारित है।

महाभारत के शान्तिपर्व में सङ्कलित सांख्य एवं योग विषयक सामग्री विविध युगों की तथा विभिन्न स्रोतों पर आधारित है। महाभारत का वर्तमान स्वरूप चतुर्थ

शती ईस्वी में सम्पन्न हुआ माना जाता है। अतएव ईसा पूर्व की अन्तिम छः या पाँच शतियों में 'योग' का विकास-क्रम समझने के लिये प्राचीनतर पालिसुत्तो, उपनिषदों, महाभारत के प्राचीनतर अंशों एवं जैन सूत्राङ्गों की सहायता पर निर्भर करना पड़ता है। प्राचीनतर उपनिषदों का काल इन छः या पाँच शतियों से पूर्व नहीं ले जाया जा सकता है। प्राचीन उपनिषदों की सूची में केवल निम्नलिखित ग्रन्थों की गणना होती है। बृहदारण्यक, छान्दोग्य, ऐतरेय, तैत्तिरीय, कौषीतकी, केन, ईश, कठ, मुण्डक, प्रश्न, श्वेताश्वतर, माण्डूक्य तथा मैत्रायणी। इनमें से प्रथम दो उपनिषद् छठी शती में, उनके बाद के पाँच उपनिषद् पाँचवीं व चौथी शतियों में तथा अन्तिम छः उपनिषद् तीसरी व दूसरी शतियों में रखे जा सकते हैं।[1] मैत्रायणी उपनिषद् निश्चित रूप से अन्य उपनिषदों से बहुत पश्चात् काल की रचना मानी गई है। एक सौ आठ उपनिषदों के संग्रह में सम्मिलित अन्य सभी उपनिषद् पूर्व मध्यकाल अथवा ईसा के पश्चात् की प्रथम सहस्राब्दी की रचनायें हैं।

पालि त्रिपिटक का प्राचीनतम अंश विनय के कुछ अंशों, सुत्तपिटक के बहु-संख्यक सुत्तों एवं ग्रन्थों में उपलब्ध हैं। अभिधम्मपिटक तीसरी शती ईसा पूर्व के पश्चात् का संग्रह है। इसी प्रकार खुद्दकनिकायान्तर्गत संकलित विमानवत्थु, पेतवत्थु, निद्देस, पटिसम्भिदामग्ग, बुद्धवंश, अपदान एवं चरियापिटक निश्चय ही अशोक के पश्चात् काल की रचनाएँ हैं। बौद्ध योग विषयक सामग्री पालि निकायों के प्राचीनतम भागों में विकसित रूप में मिलती है। इनकी तिथि शाक्यमुनि और अशोक अर्थात् ईसा पूर्व छठी और तीसरी शती के मध्य में रखी जा सकती है। कुछ संस्कृत बौद्ध ग्रन्थों—यथा उदानवर्ग, गान्धारी धर्मपद, महावस्तु एवं प्राचीन-तम महायान सूत्रों के प्राचीनतर अंशों की साक्षी भी पर्याप्त प्राचीन एवं प्रामाणिक है।

[२]

डॉ॰ सुरेन्द्रनाथ दास गुप्त का यह मत उचित लगता है कि "योग" शब्द तीन धातुओं से निकला है। यथा "युजिर् योगे" एक साथ मिलने या युक्त होने के अर्थ में, "युज् समाधौ" एकाग्रता के अर्थ में, और "युज् संयमने" नियन्त्रित अथवा निरुद्ध होने के अर्थ में।

१. लालमणि जोशी, पू॰ उ॰ ग्रन्थ पृ॰ २१-३१।

२. सुरेन्द्रनाथ दास गुप्त, 'हिस्टरी आफ इण्डियन फिलासफी' खण्ड १, केम्ब्रिज १९२२, पृ॰ २२६-२२७।

'योग' शब्द का 'युक्त' अर्थ दो परस्पर विरोधी दिशाओं में प्रयुक्त हुआ है। ब्राह्मण योग के परवर्ती ग्रन्थों में जीवात्मा एवं परमात्मा का मिलन 'योग' कहा गया है। परमहंस उपनिषद् (१-२) में **"परमात्मात्मनोरेकत्वं"** तथा योगतत्त्वोपनिषद् (श्लोक १०७) में **"समतावस्था जीवात्मपरमात्मनोः"** का योग अथवा समाधि कहा गया है। भक्तिमार्गी परम्पराओं में 'योग' का यही सामान्य अर्थ है। इस दृष्टि से 'योग' मिलन, एकता अथवा संयोग का नामान्तर है। श्रमणयोग के अनेक ग्रन्थों में 'योग' शब्द का प्रतिकूल अर्थ है। पालि निकायों में 'योग' बन्धन का पर्याय है। **"चत्तारो योगा" "चत्तारो आसवा"** काम, भव, दिट्ठि एवं अविद्या नामक योग एवं आस्रव हैं, जो मार के पाश कहे गये हैं। सांख्य मत में पुरुष का प्रकृति से सम्बन्ध अथवा मिलन 'योग' कहा गया है। इस संयोग से वियोग को कैवल्य कहा गया है। जैन मत में भी आत्मा (जीव) का जड (अजीव) पदार्थों के साथ सम्मेलन 'योग' कहलाता है। हम यह नहीं कह रहे हैं कि श्रमणयोग में अथवा बौद्ध पालि एवं संस्कृत ग्रन्थों में 'योग' समाधि का और ध्यान का पर्यायवाची नहीं है। हम इस तथ्य की ओर ध्यानाकर्षित करना चाहते हैं कि 'योग' शब्द अपनी व्युत्पत्ति के धातु के अर्थ का अतिक्रमण करते हुए अनेकार्थक हो गया। अतएव मात्र व्युत्पत्ति से इसका अर्थ सम्यक् रूपेण स्पष्ट नहीं किया जा सकता है। आचार्य धर्मोत्तर ने लिखा है। **"योगः समाधिः"**। **स यस्यास्ति स योगी**। योग और समाधि समानार्थक हैं। तीसरा समानार्थक शब्द ध्यान अथवा ज्ञान है। इस परम्परा में 'योगी' शब्द श्रमण मुनि, ध्यानी, समाहित एवं प्रतिसंलीन का पर्यायवाची है। यद्यपि शाक्यबुद्ध को पालि ग्रन्थों में योगी नहीं कहा गया है, तथापि उन्हें प्रथम बौद्ध योगी कहने में स्थविरवादी सौगतों को आपत्ति नहीं होगी। वस्तुतः पहले चार निकायों में हमें 'योगी' शब्द नहीं मिला है। प्राचीन वैदिक साहित्य में भी यह शब्द कदाचित् प्रयुक्त नहीं हुआ है। परन्तु खुद्दकनिकाय के कुछ ग्रन्थों में एवं मिलिन्दपञ्ह में और उनके पश्चात् के ग्रन्थों में 'योगी' शब्द सुपरिचित है। सद्धर्मपुण्डरीक सूत्र में 'योगिनो योगाचारा' वाक्य प्रयुक्त हुआ है। 'योगावचर' शब्द योगचर्या करने वाले श्रमण का सुविदित नामान्तर है। प्रथम शती ईसा पूर्व में प्रकाशित काश्यपपरिवर्त नामक सूत्र में 'योग' शब्द प्रयत्न के अर्थ में व ध्यान के अर्थ में प्रयुक्त हुआ है और 'योगाचारो भिक्षु' को 'योगी' कहा गया है। महायान का 'योगाचार' आम्नाय ध्यान, योग के लिये प्रसिद्ध है। पालि ग्रन्थों में भी 'योग' शब्द अभ्यास तथा प्रयत्न के अर्थ में प्रयुक्त हुआ है। परन्तु प्राचीन पालि ग्रन्थों में 'योग' शब्द समाधि शब्द का पर्याय-वाची नहीं है। पटिसल्लान (प्रतिसंलीन) बहुधा समाधि का समानार्थक माना गया है। उदाहरणार्थ :—

पटिसल्लाने भिक्खवे, योगमापज्जथ।
पटिसल्लानो भिक्खवे, भिक्खु यथाभूतं पजानाति॥

(संयुत्तनिकाय खण्ड ३, पृ० ७४)

तथा—

समाधिं भिक्खवे, भावेथ। समाहितो भिक्खवे, भिक्खु यथाभूतं पजानाति।

(संयुत्तनिकाय, खण्ड ३, पृ० ७४)

अनेक स्थलों पर बौद्धधर्म का सार निम्नलिखित गाथा द्वारा निर्दिष्ट किया गया है।[1]

सीलं समाधि पञ्ञा च विमुत्ति च अनुत्तरा।
अनुबुद्धा इमे धम्मा गोतमेन यसस्सिना॥

तथाकथित बौद्ध अष्टाङ्गमार्ग वस्तुतः शील, समाधि एवं प्रज्ञा रूपी धर्मस्कन्धों वाला त्रिविध मार्ग है। यही बौद्ध योग का विषय है। अर्हत् उपतिस्स रचित 'विमुत्तिमग्ग' एवं आचार्य बुद्धघोष विरचित 'विसुद्धिमग्ग' इसी त्रिविध योजना पर आधारित है।

गौतम बुद्ध प्रथम 'योगी' अथवा प्रथम 'ध्यानी' माने जाते हैं। उनके समय में उनकी ख्याति एक 'ध्यानी' एवं ध्यानपथ के उपदेष्टा के रूप में भी थी।[2]

झायी चेव सो भवं गोतमं अहोसि झानसीली च।
सब्बं च पन सो भवं गोतमो झानं वण्णेसि॥

स्वयं तथागत ने स्मृति, ध्यान, समाधि, शमथ, विपश्यना एवं पटिसल्लान (प्रतिसंलीन आदि के महत्त्व पर जोर डाला था। स्मृति (पालि=सति) तथा समाधि का महत्त्व इतने से स्पष्ट हो जाता है कि स्मृति एवं समाधि की गणना पांच 'इन्द्रियों' पांच 'बलों' सप्त बोध्यङ्गों, तथा मार्ग के अष्टाङ्गों में की गयी है। पालि संहिताओं में दो स्थलों पर बुद्धवचन के रूप में चार स्मृत्युपस्थानों की साधना को निर्वाण का एक मात्र मार्ग कहा गया है।[3]

एकायनो अयं भिक्खवे, मग्गो सत्तानं विसुद्धिया.......
निब्बानस्स सच्छिकिरियाय:-यदिदं चत्तारो सतिपट्ठाना।

---

१. दीघनिकाय, खण्ड २, पृ० ७५।

२. मज्झिमनिकाय, खण्ड :, पृ० ९५।

३. दीघनिकाय तथा मज्झिमनिकाय "महासतिपट्ठानसुत्त"।

स्मृति शमथभावना के लिये परमावश्यक है। स्मृति की प्राप्ति न होने से विपश्यना का अभाव रहता है और विपश्यना के अभाव में प्रज्ञाचक्षु का उन्मीलन नहीं होता है। वस्तुतः शमथ एवं विपश्यना का विकास एक साथ होता है। इसी कारण इन्हें युगनद्ध कहा गया है:

इमे द्वे धम्मा युगनद्धा वत्तन्ति—समथो च विपस्सना च।

(मज्झिमनिकाय खण्ड ३, पृ० ३९१)

योग अथवा समाधि का चरम लक्ष्य परमार्थ की प्राप्ति करना है। कामधातु, रूपधातु एवं अरूपधातु से परे निर्वाणधातु अथवा धर्मधातु को अधिगत करना ही बौद्ध योग अथवा समाधि का एकमात्र उद्देश्य है। चित्त की एकाग्रता समाधि है। चार स्मृत्युपस्थान इसके निमित्त और चार सम्यक् प्रधान इसके परिष्कार हैं। इनके अभ्यास, विकास एवं इनको वृद्धि को समाधिभावना कहा गया है।

"या चित्तस्स एकग्गता अयं समाधि, चत्तारो सतिपट्ठाना समाधिनिमित्ता, चत्तारो सम्मप्पधाना समाधिपरिक्खारा, या तेसं येव धम्मानं आसेवना भावना, बहुलीकम्मं-अयं एत्थ समाधिभावना[1]।"

ध्यान एवं समाधि विषयक जितना साहित्य प्राचीन भारत में बौद्धों ने लिखा, उसकी समानता भारत अथवा विश्व के किसी अन्य धार्मिक परम्परा का एतद्विषयक साहित्य नहीं कर सकेगा। चीन एवं जापान में ध्यानमार्ग पर आधारित 'चान' एवं 'जेन' सम्प्रदायों का प्रभावशाली विकास बौद्ध योग की महान् परम्परा के विश्वव्यापी स्वरूप का परिचायक माना गया है।

[३]

पालि निकायों एवं प्राचीन उपनिषदों का तुलनात्मक अध्ययन करने से ज्ञात होता है कि प्राचीन उपनिषदों में ध्यान-योग-समाधि का स्थान साधारण महत्त्व का था। योग शब्द बृहदारण्यक एवं छान्दोग्य उपनिषदों में अज्ञात है। समाधि शब्द सभी प्राचीन उपनिषदों में अविदित है। इसी प्रकार ध्यान शब्द का उल्लेख चित्त, विज्ञान, बल, अन्न आदि के सापेक्षिक महत्त्व के प्रसङ्ग में प्रथम बार छान्दोग्य में हुआ है। बृहदारण्यक का सुविदित वाक्य **"आत्मा वा अरे द्रष्टव्यः श्रोतव्यो मन्तव्यो निदिध्यासितव्यः"** ध्यान या योग को प्रमुखता नहीं देता है। अन्य प्राचीन उपनिषदों में ध्यान-योग का प्रारम्भ होता देखा जा सकता है। पातञ्जल योग के अनेक

---

१. मज्झिमनिकाय, खण्ड १, पृ० ३७१।

तत्त्वों को इन उपनिषदों में ढूढ़ा जा सकता है। कठोपनिषद् (६–११) में सर्वप्रथम योगशब्द का पारिभाषिक प्रयोग हुआ है। 'तां योगमिति मन्यन्ते स्थिरामिन्द्रियधारणाम्।' यह ग्रन्थ 'योगविधि' का एवं 'अध्यात्मयोगाधिगमेन' प्राप्त होने वाले हर्ष व शोक से रहित अवस्था का उल्लेख करता है। परन्तु आत्मा का साक्षात्कार देव की कृपा पर निर्भर है, न कि मात्र ध्यानयोग पर। **"यमेवैष वृणुते तेन लभ्यः।"** यह भी ध्यातव्य है कि नचिकेता ने यह 'योगविधि' किसी वैदिक ब्राह्मण ऋषि से नहीं, वरन् मृत्यु (मार अथवा यम) से सीखी थी। इस पुराकथा में योगविधि के एक वास्तविक ऐतिहासिक आचार्य का नाम लुप्त हो गया है। यहाँ पर यह कहना प्रसङ्गानुकूल लगता है कि बृहदारण्यक एवं छान्दोग्य उपनिषदों में ब्रह्मविद्या के मौलिक एवं मान्यता प्राप्त आचार्य पाञ्चाल नरेश, प्रवाहण जैवालि जैसे महापुरुष 'राजर्षि' हैं, न कि 'ब्रह्मर्षि।' श्वेताश्वतर उपनिषद् (१–३) में 'ध्यानयोग' द्वारा 'देवात्मशक्ति' देखने का उल्लेख सुविदित है। यह ग्रन्थ ध्यान व योग से सम्बन्धित अनेक तत्त्वों, सिद्धियों, योगाग्निमय शरीर, कपिल ऋषि एवं 'सांख्ययोग' के अतिरिक्त 'भक्ति' शब्द का भी उल्लेख करता है। **मुण्डक उपनिषद्** जैसा कि इसके नाम से संकेतित होता है, मुण्डकों अथवा भिक्षुओं की कृति है। इस ग्रन्थ में चारों वेदों तथा छः वेदाङ्गों को 'अपरा विद्या' के अन्तर्गत रखा गया है और उसे अक्षर अर्थात् ब्रह्म को जानने की 'पराविद्या' से हीनतर कहा गया है। यह उपनिषद् यतियों, भिक्षुओं एवं वीतराग ऋषियों का तथा 'सन्यास-योग' का उल्लेख करता है।

मैत्रायणी उपनिषद् ग्रन्थ उपर्युक्त सभी उपनिषदों के पश्चाद्वर्ती काल का माना गया है। यह प्रथम उपनिषद् है, जो योग के छः अंगों की एक सूची प्रस्तुत करता है—**"प्राणायामः प्रत्याहारो ध्यानं धारणा तर्कः समाधिः षडङ्ग इत्युच्यते योगः।"** परवर्ती काल के ध्यानविन्दूपनिषद् तथा योगचूडामणि उपनिषद् में भी योग के छः अङ्गों की सूची मिलती है, जिसमें 'तर्क' अनुपस्थित है और अङ्गों का क्रम भी अधिक व्यवस्थित है।

"आसनं प्राणसंरोधः प्रत्याहारश्च धारणा।
ध्यानं समाधिरेतानि योगाङ्गानि भवन्ति षट्॥"

मैत्रायणी-उपनिषद् में ॐ तथा प्राण की एकता को 'योग' माना गया है। छान्दोग्य-उपनिषद् के प्रारम्भ में ही ॐ ब्रह्म का प्रतीक प्रतीत होता है। योगसूत्र में 'प्रणव' को ईश्वर का वाचक कहा गया है। प्रत्याहार की दिशा में छान्दोग्य उपनिषद् एवं प्राणायाम की दिशा में बृहदारण्यक उपनिषद् संकेत करते हैं। परन्तु योग के अष्टाङ्गों का क्रमबद्ध वर्णन सर्वप्रथम योगसूत्र में ही उपलब्ध होता है।

"अथ योगानुशासनम्" वाक्य से यह अनुमान लगाया जा सकता है कि पतञ्जलि ने अपने ग्रन्थ में प्राचीन समय से विकसित योगविद्या का प्रतिपादन करने का प्रयत्न किया था। गीता में 'योग' शब्द के अनेक अर्थ किये गये हैं। श्रमण योग की दृष्टि से अध्याय ६ श्लोक २३ में **"दुःखसंयोगवियोगं योगसंज्ञितम्"** ध्यान देने योग्य है। इसी प्रकार अध्याय २ के ५२–७२ श्लोक भी ध्यातव्य हैं। योग के आठ अथवा छः अङ्गों का क्रमबद्ध उल्लेख गीता में नहीं मिलता, परन्तु गीता को एक 'योगशास्त्र' कहा गया है। एक ओर आसन, संयम, इन्द्रियनिग्रह, त्याग, ध्यान एवं समाधि द्वारा प्राप्य स्थिरबुद्धि अथवा स्थितप्रज्ञ की अवस्था की प्रशंसा की गई है और स्थिर समाधि वाले योगी को मुनि की संज्ञा दी गयी है। दूसरी ओर ध्यानयोग, कर्मयोग, ज्ञानयोग, सांख्ययोग, बुद्धियोग, समत्वयोग आदि शब्दों के द्वारा 'योग' का लौकिक व धार्मिक कृत्यों के साथ सीधा सम्बन्ध जोड़ा गया है। अन्त में सभी धर्मों अर्थात् सर्व प्रकार के योगों और दायित्वों का परित्याग करके भगवान् श्रीकृष्ण की शरण में जाकर ही सब क्लेशों से मुक्ति की घोषणा की गयी है। गीता में प्रतिपादित केन्द्रीय विचार वैष्णव भक्ति है, जिसे गुह्यतम विद्या अथवा योग कहा गया है। यद्यपि गीता को एक उपनिषद् कहा गया है, तथापि इसकी विद्या उपनिषदों से भिन्न प्रतीत होती है और जिस योग को गुह्य कहा गया है, वह गुह्यसमाज में प्रतिपादित योग से सर्वथा भिन्न है। गीता का योग पातञ्जल योग से भी भिन्न है। इसको योगशास्त्र उसी अर्थ में समझा जा सकता है, जिस अर्थ में हेमचन्द्र ने अपने एक ग्रन्थ को 'योगशास्त्र' कहा है। कुछ आधुनिक लेखकों ने जैन श्रावकाचार को 'योग' की संज्ञा दी है। यह उल्लेख है कि गीता में योग के आचार्य श्रीकृष्ण एक गृहस्थ हैं और योगविद्या का शैक्ष्य अर्जुन भी गृहस्थ हैं। यह कोई नवीन बात नहीं है। उपनिषदों के अधिकांश आचार्य एवं अन्तेवासी गृहस्थ ही थे। पालि ग्रन्थों में उपासक 'अर्हतों' की लम्बी सूची सुविदित है।[1] महायान सूत्रों में भिक्षु और उपासक में बोधिचर्या अथवा पारमिताभ्यास की दृष्टि से कोई भेद नहीं माना गया है।

गीता के अतिरिक्त महाभारत का एक अन्य भाग योग की दृष्टि से महत्त्वपूर्ण है। यह शान्तिपर्व के अन्तर्गत सङ्कलित 'मोक्षधर्म' नामक अंश है। परन्तु योग के स्वरूप का इस ग्रन्थांश में निरूपण करना अति कठिन है। योग को लोकप्रिय, बहु-उद्देशीय एवं विविधार्थक बनाने में महाभारत का सर्वाधिक योगदान रहा है।

---

१. अङ्गुत्तरनिकाय, खण्ड ३ पृ० १४८–१५९ जहाँ पर इक्कीस गृहपति अर्हतों की सूची दी हुई है।

हमारी समझ के अनुसार महाभारत में वे सभी कार्य योग के अन्तर्गत हैं, जो जीवात्मा को ब्रह्म अथवा ईश्वर की ओर ले जाते हैं और साथ ही सिद्धियाँ प्रदान करते हैं। तप, जप, ध्यान, त्याग, इन्द्रियों का नियन्त्रण करना, मन का समाहित होना, संन्यास आदि व्यष्टिगत व समष्टिगत रूप में योग माने गये हैं। मोक्ष के मार्ग में जहाँ उपनिषदों में आत्मज्ञान का प्राधान्य है, वहाँ महाभारत और गीता में भगवान् (विष्णु) की भक्ति का प्राबल्य दृष्टिगोचर होता है। परन्तु कुछ श्लोकों में योग का श्रमण संस्करण भी प्रस्तुत किया गया है। उदाहरणार्थ—

विहाय कामान् यः सर्वान् पुमांश्चरति निःस्पृहः।
निर्ममो निरहङ्कारः स शान्तिमधिगच्छति॥
एषा ब्राह्मी स्थितिः पार्थ नैनां प्राप्य विमुह्यति।
स्थित्वास्यामन्तकालेऽपि ब्रह्मनिर्वाणमृच्छति॥

(गीता, २-७१-७२)

यथा स्वनुष्ठितं ध्यानं तथा कुर्वन्ति योगिनः।
महर्षयो ज्ञानतृप्ता निर्वाणगतमानसाः॥

(महाभारत, शान्ति० १९५-२)

अनिर्वेदो गतक्लेशो गततन्द्रिरमत्सरी।
समादध्यात् पुनश्चेतो ध्यानेन ध्यानयोगवित्॥

× × ×

सुखेन तेन संयुक्तो रंस्यते ध्यानकर्मणि।
गच्छन्ति योगिनो ह्येवं निर्वाणं तन्निरामयम्॥

(महाभारत, शान्तिपर्व १९५-१४,२२)

मोक्षप्रापक धर्मव्यापाररूपी ध्यानयोग के साथ साथ प्राचीन भारत में 'योग' के अन्य अनेक स्वरूपों का भी विकास हुआ था। बुद्ध और वर्धमान के युग में श्रमण एवं ब्राह्मण परम्परा के तथा अन्य अब लुप्तप्राय परम्पराओं के तथा-कथित 'योगी' अथवा 'परिव्राजक' बहुसंख्या में थे। उदाहरणार्थं पालि उदान (६-४-९) में एक स्थल पर नाना तैर्थिकों की श्रावस्ती नगर में उपस्थिति का उल्लेख करते हुए कहा गया है-"**नानातित्थिया समणब्राह्मणपरिब्बाजका सावत्थियं पटिवसन्ति नानादिट्ठिका नानाखन्तिका नानारुचिका नानादिट्ठिनिस्सयनिस्सिता।**" ब्रह्मजालसुत्त के समय से विसुद्धिमग्ग के समय तक विविध प्रकार के कुक्कुरव्रतधारी, गोव्रतधारी हत्थयोगी, पत्तयोगी, दण्डधारी, जटाधारी, नग्न और चीवर पहनने वाले, भक्ष्याभक्ष्य

का भेद न करने वाले, कठोर शारीरिक यातनाओं को सहन करने वाले, तथा अन्य कई प्रकार के योगियों के उल्लेख साहित्य में ही नहीं, वरन् कभी-कभी शिलालेखों में अथवा मूर्तिकला में भी हैं। वस्तुतः बुद्ध के समय से लेकर आज तक भारत में विविध एवं विचित्र योगियों की परम्परा बनी हुई है। वैखानसस्मार्तसूत्र में औदुम्बर, वैरिञ्च, बालखिल्य एवं फेनप इन चार प्रकार के सपत्नीक योगियों के अतिरिक्त कूटीचक, बहूदक, हंस एवं परमहंस कहे जाने वाले मुमुक्षुओं का तथा 'सारङ्ग' 'एकार्ष्य' एवं 'विसारग' नामक योगी-वर्गों का वर्णन हुआ है। 'सारङ्ग' योगियों की एक शाखा ऐसी थी जो 'विमार्ग' योग का अनुगमन करती थी। यह अनीश्वरवादी शाखा थी। जहाँ तक हमारी सूचना की पहुँच है 'सारङ्ग' 'एकार्ष्य' एवं 'विसारग' शब्द वैखानसस्मार्तसूत्र के अतिरिक्त अन्यत्र अज्ञात हैं[1]। योगियों की एक तालिका वराहमिहिर के बृहज्जातक (१५-१) में उपलब्ध है, जिसमें निम्नलिखित सात प्रकार के प्रव्रजितों की गणना की गई है—

शाक्य, आजीवक, भिक्षु, वृद्ध (वृद्धश्रावक), चरक, निर्ग्रन्थ तथा वन्यासन। बृहज्जातक के टीकाकार भट्ट उत्पल ने जैन कालकाचार्य के साक्ष्य के आधार पर निम्नलिखित नामों का उल्लेख किया है—तपस्वी, कापालिक, रक्तपट, एकदण्डी, यति, चरक तथा क्षपणक[2]। यह उल्लेख्य है कि कपालियों का उल्लेख ललितविस्तर तथा मैत्रायणी-उपनिषद में भी हुआ है। वस्तुतः कापालिक-पाशुपत के संस्थापक आचार्य नकुलीश एक प्रसिद्ध योगी थे, जिनका समय ईसा की दूसरी शती माना गया है। पाशुपत सूत्र में पाँच 'अर्थों', अथवा तत्त्वों में से एक तत्त्व 'योग' है। चीनी बौद्ध परिव्राजकाचार्य श्वानच्वाङ् ने भारत के अनेक भागों में पाशुपत योगियों को देखा था। योग के विकास में शैव आम्नायों का महत्त्वपूर्ण योगदान रहा है। ललितविस्तर महायानसूत्र के 'दुष्करचर्या परिवर्त' में नाना प्रकार के धार्मिक व्रताभ्यासकों की सूची एक पूरे पृष्ठ में विस्तृत है। यह सभी विशुद्ध ध्यानयोग के अन्तर्गत नहीं आते, परन्तु 'योग' शब्द के अन्तर्गत आने वाले विचारादर्शों के बाहर भी इन्हें नहीं रखा जा सकता है। इसी कारण प्रारम्भ में ही हमने निवेदन किया था कि 'योग क्या है' इस प्रश्न का एक उत्तर नहीं हो सकता है। योग के विकास का इतिहास हमें बताता है कि 'योग' योग की सभी परिभाषाओं का अतिक्रमण करता

१. वैखानसस्मार्तसूत्र, सम्पादक डब्ल्यु० कैलेन्ड, कलकत्ता, १९२९, द्र०—इलियाडे, योग पृ० १३ -१४०।
२. द्र — ए० एल० बाशाम, 'हिस्टरी एण्ड डाक्ट्रिन्स आफ दि आजीविकास्' लन्दन १९५१ पृ० १६९-१७३।

गया है। यदि आप चाहें तो योग के विकास को योग का ह्रास कह सकते हैं। परन्तु यह दृष्टिभेद का विषय है। पाञ्चरात्र भागवत संहिताओं, शाक्तन्त्रों, शैव आगमों, वज्रयानी तन्त्रों तथा ब्राह्मणपरम्परा के पुराणों एवं उपपुराणों में योग के जो स्वरूप प्रगट हुए, उनमें वैदिक कर्मकाण्ड, सांख्यदर्शन, पूर्वमीमांसा, उपनिषदों का रहस्यात्मक ब्रह्मात्मवाद, बौद्ध श्रामण्य एवं ध्यानपरम्परा, पातञ्जलयोग, शैव-शाक्त उपासना एवं वैष्णव भक्ति के अतिरिक्त कुछ मध्य एशिया से आये हुए विचारादर्शों का अभूतपूर्व मिश्रण देखा जा सकता है। यह यागों का संयोग कहा जा सकता है। बौद्ध ग्रन्थों में सुविदित धूतगुणों, जैन धर्म में प्रस्तावित कठोर संवर एवं निर्जरा तथा पातञ्जल योग द्वारा प्रतिपादित साधना का उग्र रूप हमें नहीं भूलना चाहिए। योग के दुष्कर बाह्य स्वरूपों को उसके समाधि पक्ष से पूर्णरूपेण अलग करना कठिन है। यह दोनों ही स्वरूप प्राचीन काल से चले आ रहे थे। मध्यकालीन भारत में समाधि-भावना का स्थान मन्त्रयोग, लययोग और ईश्वराराधन ने ले लिया, जिसको श्रमणयोग का लोप कहा जा सकता है। धुताङ्गों[1], संवरों एवं यमनियमों का स्थान हठयोग और शक्तिसाहचर्य ने ले लिया प्रतीत होता है। दूसरी दृष्टि से देखने पर ज्ञात होता है कि योग के सभी स्वरूप मध्य युग में भक्ति और सिद्धि से सम्बन्धित धाराओं के प्रवाह में प्रवाहित होकर अन्त में लुप्तप्राय हो गये। भक्ति का 'फैशन' और सिद्धियों का आकर्षण आज भी लोकप्रिय हैं।

योग के प्रारम्भिक विकास का उपर्युक्त सर्वेक्षण अत्यन्त संक्षिप्त तथा अनेक दृष्टियों से अपूर्ण है। जैन साहित्य की सामग्री का उपयोग न कर सकने का एकमात्र कारण अज्ञान है। योग का ऐतिहासिक अध्ययन करना योगाभ्यास करने से भिन्न है। हमें योगमार्ग पर चलने का लेशमात्र भी अनुभव नहीं है। अतएव योग के व्यावहारिक पक्ष पर प्रकाश डालना हमारे अधिकार में नहीं हो सकता।

[४]

उपसंहार रूप में बौद्ध ग्रन्थों में उपलब्ध योगविषयक सामग्री का कुछ बौद्धेतर साहित्य की सामग्री के साथ तुलना की दिशा में संकेतमात्र कर देना यहाँ पर अप्रासङ्गिक नहीं होगा।

'ईश्वर' एवं 'प्रणव' को छोड़कर योगसूत्र के अन्य अधिकांश पारिभाषिक शब्द पालि एवं संस्कृत बौद्ध ग्रन्थों में सुविदित हैं। महायान ग्रन्थों में यह दो शब्द

१. धुतागों अथवा धूतगुणों की सूची विसुद्धिमग्ग का दूसरा प्रकरण तेरह धुतंग, धर्मसंग्रह ६२ में द्वादश धूतगुणों की ही सूची है।

भी सुपरिचित हैं। बोधिसत्त्व अवलोकितेश्वर तथा 'ओम् मणि पदमे हूँ' का स्मरण कराना पर्याप्त होगा। तिब्बती बौद्ध मत में अवलोकितेश्वर का और स्वयम्भूपुराण में प्रतिपादित आदिबुद्ध का ईश्वर के रूप में स्मरण वही महत्त्व रखता है, जो योगसूत्र में ईश्वर का है। श्रमणयोग की ईश्वरपरक व्याख्या नेपाली बौद्ध परम्परा तथा पातञ्जल योग की समान विशेषता है। परन्तु बौद्ध योग की ईश्वरपाक्षिक परम्परा उन वैष्णव पुराणों के पश्चात् काल की उपज है, जिसमें शाक्यमुनि को विष्णु का नवाँ अवतार घोषित कर दिया गया था। सद्धर्म के इतिहास के प्रथम एक सहस्र वर्षों में बौद्धयोग विशुद्ध श्रमणयोग के रूप में विकसित हुआ था। इस काल में ब्राह्मणयोग और श्रमणयोग के बीच एक मौलिक दृष्टिभेद था, जिसे 'आत्मा' का प्रश्न कह सकते हैं। एक ओर **'आत्मा वा अरे द्रष्टव्यः श्रोतव्यो मन्तव्यो निदिध्यासितव्यः'** (बृहदारण्यक उप० २-४-५), **'ओमित्येवं ध्यायथ आत्मानम्'** (मुण्डक उप० २-२-६), **'आत्मानं सततं ज्ञात्वा कालं नय महामते'** (नादविन्दूप० २१), **'संयोगो योग इत्युक्तो जीवात्मपरमात्मनोः'**, (अहिर्बुध्न्यसंहिता, ३१-१५) और **'ओमित्येकाक्षरं ब्रह्म ध्येयं सर्वमुमुक्षुभिः'** (ध्यानविन्दूपनिषद, ९), **'ओम् इति ब्रह्म'** (तैत्तिरीय उप० १-८) इत्यादि द्वारा आत्मवाद, ब्रह्मवाद अथवा ब्रह्मात्मवाद का शाश्वतवादी विचार ध्याता, ध्यान और ध्येय के मूल में निहित था। दूसरी ओर **'सब्बे धम्मा अनत्ता ति यदा पञ्ञाय पस्सति, अथ निब्बिन्दति दुक्खे, एस मग्गो विसुद्धिया।'** (धम्मपद २७९), **'निरात्मानः सर्वधर्माः'** (वज्रच्छेदिका अध्याय १७), **'सर्वमात्मशून्यम्'** (तर्कभाषा, पृ० ३४), **'मुक्तिस्तु शून्यतादृष्टिस्तदर्थाशेषभावना'** (तत्रैव) **'आत्या तीर्थ्यैः कल्प्यते नित्यरूपो'** (मध्यमकावतार, ६-१४२), **'आत्मदृष्टौ हि विनष्टाः (निविष्टाः ?) सर्वतीर्थिकाः'** (तत्त्वसंग्रह, ३३२४) और **'विंशतिशिखरसमुद्गतः सत्कायदृष्टिशैलः'** (महाव्युत्पत्तिः ४६८४) इत्यादि द्वारा सर्वविकल्पजालवासनाप्रपञ्चविगत शान्ति (निर्वाण) को ध्यान और समाधि का लक्ष्य माना गया था, इस आधारभूत दृष्टिभेद के कारण समाधि के परिष्कारों में भेद होना स्वाभाविक था। परन्तु भेदों के विस्तार में न जाकर हम संक्षेप में तुलनीय सामग्री की ओर ध्यानाकर्षण की चेष्टा करेंगे। योग साधना का फल दृष्टधर्म दोषों अथवा आस्रवों का विनाश है। योगी निष्पाप एवं शुद्ध होता है। इस दृष्टि से गीता में उक्त **'योगी विगतकल्मषः'** (६-२८), **'ऋषयः क्षीणकल्मषाः'** (५-२५), मुण्डकोपनिषद् (३-१-५) में उल्लिखित **'यतयः क्षीणदोषाः'** तथा (वही ३-२-६) **'यतयः शुद्धसत्त्वाः'** का तथा दूसरी ओर धम्मपद (४२०) के **'खीणासवं अरहन्तं'** और लङ्कावतारसूत्र (१०-६२९) के **'योगिनां शुद्धचित्तानां'** की स्मृति कराता है। गीता (६-२०) का **'चित्तं निरुद्धं**

योगसेवया' जहाँ योगसूत्र (१-२) के 'योगश्चित्तवृत्तिनिरोधः' से तुलनीय है, वहीं बोधिचर्यावतारपञ्जिका (पृ० १३७) के 'शमथः चित्तैकाग्रतालक्षणः' की ओर भी संकेत करता है। गीता में 'युक्ताहारविहारस्य युक्तचेष्टस्य कर्मसु' (६-१७) आदि के द्वारा बौद्ध योगी के मध्यम मार्ग की दिशा में और साथ ही योगसूत्र द्वारा प्रतिपादित दुष्करचर्या के प्रतिकूल उपदेश हुआ है। सिद्धियों की परम्परा योगसूत्र व बौद्ध ध्यान-साहित्य की समान विशेषता है। गीता में भक्ति का प्रतिपादन सर्वोपरि होने के कारण श्रमणयोग के फलस्वरूप प्राप्त होने वाली शक्तियों का उल्लेख नहीं हुआ है। शान्तिपर्व का ध्यानयोगवर्णन सिद्धि का उल्लेख करता है। 'आस्रवक्षयज्ञान' नामक अभिज्ञा बौद्धयोग की विशेषता है। श्रमणयोग के दो प्राचीनाचार्य आलार कालाम तथा रुद्रक रामपुत्र थे। आचार्य अश्वघोष ने जिस परम्परा का उल्लेख किया है उसके अनुसार आलार एक सांख्य विचारक थे। परन्तु सभी बौद्ध ग्रन्थ एकमत होकर यह कहते हैं कि उनके द्वारा सिद्ध ध्यानयोग की पहुँच केवल नैवसंज्ञा न-असंज्ञा आयतन तक ही थी 'नैवसंज्ञानासंज्ञायतनसमापत्तेर्मार्गः' (ललितविस्तर पृ० १८०)। सिद्धार्थ मुनि ने संज्ञावेदयितनिरोधसमापत्ति स्वयं अधिगत की थी। निर्वाण-भूमि इसके पश्चात् प्राप्त होती है। 'दुःखमेव सर्वं विवेकिनः' (योगसूत्र २-१५) का यह कथन बौद्धधर्म के किसी भी ग्रन्थ में सर्वथा समीचीन होगा। शास्ता ने प्रथम आर्यसत्य द्वारा इसी तथ्य का उपदेश किया था। योगसूत्र में दी गई अविद्या की परिभाषा भी सौगत सिद्धान्तानुकूल है। अनित्य, अनात्म एवं दुःख इन लक्षणों को न पहचानना अविद्या है, इसमें इनका प्रतिकूल ढूढ़ना विपर्यास है।

करुणा, मैत्री, मुदिता और उपेक्षा इन चार ब्रह्मविहारों की सूची योगसूत्र, पालि एवं संस्कृत सूत्रों के अतिरिक्त एक मध्यकालीन पाशुपत अभिलेख में भी उल्लिखित है। गीता और उपनिषदों में यह अज्ञात हैं। परन्तु बौद्ध क्षेत्र में बुद्ध के युग से ही इनका प्रचलन व वर्णन होता आया है।

श्रद्धा-वीर्य-स्मृति-समाधि-प्रज्ञा (योगसूत्र १-२०) की गणना बोधिपाक्षिक धर्मों में, पाँच 'इन्द्रियों' व पाँच 'बलों' के अन्तर्गत बौद्ध ग्रन्थों में सैकड़ों बार हुई है। स्मृति के प्रकार और समाधियों की लम्बी सूची संस्कृत बौद्ध ग्रन्थों की विशेषता है। उदाहरणार्थ कुछ सूचियाँ अर्थविनिश्चयसूत्र, धर्मसंग्रह, महाव्युत्पत्ति तथा श्री एडजर्टनकृत 'बौद्धसंस्कृतशब्दकोश' की सहायता से तैयार की जा सकती है।

'दुःखमेव सर्वं विवेकिनः' के ऊपर टीका करते समय योगभाष्य के लेखक ने योगशास्त्र के चतुर्व्यूह-संसार, संसारहेतु, मोक्ष, एवं मोक्षोपाय की तुलना चिकित्सा-

शास्त्र के चतुर्व्यूह-रोग, रोगहेतु, आरोग्य एवं भैषज्य के साथ की है। चतुर्व्यूह का हेय, हान, हानोपाय तथा अतिगन्तव्य के अन्तर्गत उल्लेख न्यायसूत्रभाष्य (१-१-१) के लेखक वात्स्यायन ने भी किया है। इस चतुर्व्यूह की तुलना बौद्ध चतुर्व्यूह अथवा सत्यचतुष्टय—दुःख, दुःखसमुदय, दुःखनिरोध एवं दुःख निरोधमार्ग के साथ अनेक विद्वानों ने की है। योगशास्त्र, बौद्ध तथा अबौद्ध, एक प्रकार का चिकित्साशास्त्र है। योगी ही चिकित्सक है। मार्ग भैषज्य है। अविद्या, तृष्णा, दुःख, मृत्यु आदि रोग हैं। भगवान बुद्ध को 'स वैद्यराजो अमृतभेषजप्रदः' (ललितविस्तर पृ०३) में वैद्यराज कहा गया है। काश्यपपरिवर्त (पृ० १३९) में कहा गया है—'आर्याष्टाङ्गो मार्गः दौष्प्रज्ञसर्व-परप्रवादिनां कुमार्गप्रतिपन्नानां चिकित्सा इयं उच्यते काश्यप, भूतचिकित्साः; तत्र काश्यप, बोधिसत्त्वेन योगः करणीयः।' मध्य एशिया, चीन तथा जापान में बुद्ध की भैषज्यगुरु के रूप में स्तुति प्राचीनकाल से सुविदित है। निर्वाण का एक नामान्तर आरोग्य भी है। अर्थविनिश्चयसूत्र में भी अष्टाङ्गमार्ग को 'महोषधं शान्तिकरं' कहा गया है।

अष्टाङ्गमार्ग के आठ अङ्गों—सम्यग्दृष्टि, सम्यक्संकल्प, सम्यग्वाक्, सम्यक्कर्मान्त, सम्यगाजीव, सम्यग्व्यायाम, सम्यक् स्मृति, सम्यक्समाधि—की पातञ्जलयोग के आठ अङ्गों—यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान, समाधि के साथ बहुधा तुलना की जाती रही है। परन्तु 'आठ अङ्गों' को गिना देने के अतिरिक्त दोनों मार्गों का विस्तृत अध्ययन कदाचित् अभी नहीं किया गया है। यह यहाँ पर उल्लेखनीय है कि इन दोनों अङ्ग-सूचियों के मध्य एक भेद यह है कि बौद्ध अङ्ग-सूची में बौद्ध दार्शनिक पक्ष भी सम्मिलित है: 'सम्यग्दृष्टि' जिसका स्थान सबसे पहले सुरक्षित है तथा 'सम्यक्संकल्प' भी इसी वैचारिक पक्ष को संकेतित करता है। पातञ्जल अङ्ग-सूची में इस प्रकार का कोई अङ्ग नहीं है। बौद्ध 'स्मृति' एवं 'समाधि' के परिष्कारों में ही प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा एवं ध्यान को सम्मिलित किया गया है।

बौद्ध योग के चार ध्यानों की तुलना पातञ्जल योग की चार समाधियों के साथ अनेक विद्वानों ने की है। सेनार्त एवं पूसें द्वारा फ्रेञ्चभाषा में इस विषय पर उल्लेखनीय कार्य हैं। समाधि एवं समापत्ति समानार्थक शब्द हैं। इसी प्रकार ध्यान और समाधि भी समानार्थक हैं। अर्थविनिश्चयसूत्र (पृष्ठ ३१६) में कहा है:—"सम्यक्समाधिः कतमः? चत्वारि ध्यानानि। "सवितर्कं सविचारं विवेकजं प्रीतिसुखं, अध्यात्मप्रमोदनात्प्रीतिसुखं, उपेक्षास्मृतिसम्प्रजन्यसुखं, तथा उपेक्षास्मृतिपरिशुद्धि-रदुःखासुखा वेदना" (धर्मसंग्रह ७२)। यह कहने की आवश्यकता नहीं है कि ध्यान की चरमावस्था समाधि है, जिस अवस्था में ध्याता, ध्येय एवं ध्यान का भेद समाप्त हो

जाता है। इसकी सिद्धि ईश्वरप्रणिधान के विना भी होती है। पतञ्जलि ने चार समाधियों के लिये नामों की दो मालायें प्रयुक्त की हैं। प्रथम में 'सवितर्क', 'निर्वितर्क', 'सविचार', तथा 'निर्विचार' तथा द्वितीय में 'वितर्क', 'विचार', 'आनन्द' व 'अस्मिता' हैं। यह सम्प्रज्ञात समाधि अथवा समापत्ति की विभिन्न भूमियाँ अथवा अवस्थाएँ हैं। पातञ्जल योग और बौद्धयोग के बाहर भी चार ध्यानों की परम्परा सुविदित है। उदाहरणार्थ जैन सूत्रों में अट्ट (आर्त्त), रोद्द (रौद्र), धम्म (धर्म) एवं सुक्क (शुक्ल) यह चार प्रकार के ध्यानों की विस्तृत चर्चा है।[1] इनमें से धम्म झाण की चार अवस्थाएँ भी जैन ग्रन्थों में सुविदित हैं। महाभारत (शान्तिपर्व, मोक्षधर्म, अध्याय १९५, श्लोक १) में **"ध्यानयोगं चतुर्विधम्"** कहा गया है। परन्तु चतुर्विध ध्यान का विस्तार वहाँ पर नहीं मिलता है। मात्र 'विचार' 'विवेक' एवं 'वितर्क' का प्रथम ध्यान के साथ सम्बन्ध बताया गया है। (तत्रैव श्लोक १५)।

ऐसा समझना कि ध्यान अथवा समाधि की केवल चार अवस्थाएँ या प्रकार होते हैं, त्रुटिपूर्ण होगा। बौद्धग्रन्थों में कई प्रकार से ध्यानों व समाधियों का वर्गीकरण तथा नामकरण किया गया है। उदाहरण के लिये कुछ का यहाँ उल्लेख कर देना पर्याप्त होगा। बौद्ध ग्रन्थों में नौ प्रकार की अनुपूर्व समापत्तियों की सूची में उपर्युक्त चार ध्यानों के अतिरिक्त चार आरूप्य समापत्तियों—आकाशानन्त्यायतन-समापत्ति, विज्ञानानन्त्यायतन, आकिञ्चन्यायतन, न संज्ञा-न-असंज्ञायतन तथा संज्ञा-वेदयितनिरोध की भी गणना की जाती है। महाव्युत्पत्ति (१४९१) में यह संख्या बढ़ाकर ग्यारह समापत्तियों की तालिका दी गई है। पालि ग्रन्थों में 'चेतोसमाधि', 'धम्मसमाधि', 'उपचारसमाधि', 'अप्पनासमाधि', 'खणिकसमाधि', 'सम्मासमाधि' आदि के उल्लेख सुविदित हैं। विसुद्धिमार्ग में विमोक्षत्रय को सुञ्ञतसमाधि, अप्पणिहित तथा अनिमित्त कहा गया है। एक पालिजातक में कहा गया है कि सम्यक्सम्बुद्ध ने 'अनेककोटिसतसहस्स' समापत्तियों को प्राप्त किया था। ललितविस्तर (पृ० १८०) में **"लौकिकसमाधीनां"** तथा **"संस्कृतसमाधीनां"** का अलग अलग उल्लेख तथा पुनः **"ध्यानसमाधिसमापत्तीनां"** का एक साथ उल्लेख हुआ है। यह विदित है कि समापत्ति का अर्थ 'प्राप्ति' है। उदाहरणार्थ लङ्कावतारसूत्र (पृ० ४२) में **"समाधि-समापत्त्याधिष्ठानेन"** वाक्यांश से यह स्पष्ट है। परन्तु चार समाधियों अथवा ध्यानों के अतिरिक्त चार अथवा पाँच समापत्तियों का उल्लेख यह संकेतित करता है कि

१. द्रष्टव्य—वाल्टर शूब्रिंग, दि 'डाक्ट्रिन आफ दि जैनास्', दिल्ली, १९६२, पृ० ३१३-३१५, संस्कृत साक्ष्यों के लिये हेमचन्द्रकृत 'योगशास्त्र' उल्लेख्य है।

समाधि का अर्थ समापत्ति के अर्थ से भिन्न है और यह अर्थ मात्र 'प्राप्ति' नहीं कुछ और भी है।[1] इस विषय पर बौद्ध ध्यानियों व योगियों द्वारा प्रकाश अपेक्षित है। यह कहने की आवश्यकता नहीं कि चार समापत्तियों की गणना आठ प्रकार के विमोक्ष की सूची में अन्तिम चार प्रकार के विमोक्ष के अन्तर्गत भी की गई है (धर्मसंग्रह ५९)।

हमारा विश्वास है कि ध्यान, समाधि एवं समापत्ति बहुधा सूत्रों व शास्त्रों में समानार्थक शब्दों के रूप में प्रयुक्त हुए हैं; तथापि उनके व्यक्तिगत प्रसङ्गभेद के कारण अर्थभेद भी सम्भव है।

चतुर्विध ध्यान के सम्बन्ध में महायान सूत्रों में सुविदित एक अन्य प्रकार के वर्गीकरण का वर्णन लङ्कावतारसूत्र (२-१५९, पृ० ४०-४१) में हुआ है। **"पुनरपरं महामते, चतुर्विधं ध्यानम्। कतमच्चतुर्विधम्? यदुत बालोपचारिकं ध्यानम्, अर्थ-प्रविचयध्यानम्, तथतालम्बनं ध्यानम्, ताथागतं चतुर्थं ध्यानम्।"** श्रावकों व प्रत्येक-बुद्धों के योग के योगियों द्वारा किया जाने वाला ध्यान 'बालोपचारिक' कहा गया है। अर्थप्रविचय से तात्पर्य पुद्गलनैरात्म्य एवं धर्मनैरात्म्य की दृष्टि से किया जाने वाला ध्यान है। तथतालम्बन ध्यान वह ध्यान है, जिसमें द्विविध नैरात्म्य को यथा-भूततथता की दृष्टि से मात्र परिकल्पित समझकर तथता का ध्यान होता है। चतुर्थ ध्यान की परिभाषा में कहा गया है: **"यदुत ताथागतभूम्याकारप्रवेशं प्रत्यात्मार्यज्ञान-लक्षणत्रयसुखविहाराचिन्त्यसत्त्वकृत्यकरणतया ताथागतं ध्यानम् इति।"** इस दृष्टि से ध्यान का चरम लक्ष्य पुरुष की कैवल्यावस्था न होकर असंख्य प्राणियों की बोधि के लिये कार्य करना है। शाक्यमुनि ने तथागतभूमि अधिगत करके यही आदर्श सौगतों के समक्ष रखा था।

गुह्यसमाजतन्त्र (१८-१४३) में चार के स्थान पर निम्नलिखित पाँच प्रकार के ध्यानों की सूची दी गई है—

वितर्कं च विचारं च प्रीतिश्चैव सुखं तथा।
चित्तस्यैकाग्रता चैव पञ्चैते ध्यानसंग्रहाः॥

यहाँ पर यह उल्लेख्य है कि योग के अङ्गों की दो परम्पराएं प्राचीन काल में प्रचलित थीं। एक षडङ्गयोग की और दूसरी अष्टाङ्गयोग की। मैत्रायणी-उपनिषद्,

१. देखिए फ्रैंकलिन एडजर्टन, 'बुद्धिस्ट हाइब्रिड संस्कृत डिक्शनरी' दिल्ली १९७०, पृ० ५६९-७०, टी० डब्ल्यू० रीज डेविड्स एवं विलियम स्टेड, 'पालि-इंगलिश डिक्शनरी' लन्दन, १९६६, पृ० ६८५-८६।

ध्यानविन्दूपनिषद्, तथा योगचूडामणि-उपनिषद् योग के केवल छः अङ्गों का वर्णन करते हैं। प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान तथा समाधि ये पाँच अङ्ग इन तीनों सूचियों में समान रूप से विद्यमान हैं। छठा अङ्ग मैत्रायणी उप० में तर्क है, परन्तु अन्य दो उपनिषदों में आसन है। षडङ्गयोग का उल्लेख एक बौद्ध ग्रन्थ भी करता है। श्री गुह्यसमाजतन्त्र (१८–१४०) में कहा गया है —

प्रत्याहारस्तथा ध्यानं प्राणायामोऽथ धारणा।
अनुस्मृतिः समाधिश्च षडङ्गो योग उच्यते॥

इस सूची में पाँच वही अङ्ग हैं जो उक्त सूचियों में हैं, परन्तु अनुस्मृति इस सूची की विशेषता है। इस ग्रन्थ में षडङ्गयोग को तन्त्र के चार उपायों में से एक उपाय के अन्तर्गत माना गया है। यह स्मरणीय है कि तान्त्रिक योग में यम-नियमों का वह स्थान नहीं है, जो पातञ्जल योग व जैन-बौद्ध योगों में महाव्रतों, अणुव्रतों, पञ्चशीलों तथा दशशीलों का है। पूर्वमध्यकालीन एक अभिलेख[1] भावतेज नामक पाशुपत योगी की प्रशंसा करता है, जो पातञ्जल योग के सभी अङ्गों का अभ्यास करता था। परन्तु अभिलेख में केवल नियम, प्राणायाम, समाधि, ध्यान तथा आसन इन्हीं पाँच अङ्गों का उल्लेख है।

अहिर्बुध्न्यसंहिता (३१–१७) में अष्टाङ्गों की उसी क्रम में गणना की गई है, जिस क्रम में योगसूत्र में उनका उल्लेख है। अष्टाङ्गयोग का तथा उपनिषदिक षडङ्ग-योग का उद्देश्य आत्मा और परमात्मा का संयोग अथवा सायुज्य है। परन्तु गुह्य-समाजतन्त्र (१८–३२) में 'बोधिचित्त' अथवा 'प्रज्ञोपाय' का योग लक्ष्य है। "प्रज्ञो-**पायसमापत्तिर्योग इत्यभिधीयते।**" तन्त्रों के प्रकाशन के पूर्व बौद्ध योग का लक्ष्य समाधि प्राप्त करना था। 'समाधि' न केवल ध्यान और योग का, अपितु निर्वाण का भी नामान्तर है। 'प्रज्ञोपाय' अथवा प्रज्ञा और उपाय समाधि के ही दो स्वरूप हैं।[2] समाधि को 'वज्रसत्त्व' भी कहा गया है। अद्वयवज्राचार्य ने कहा है–'वज्रेण शून्यता प्रोक्ता, सत्त्वेन ज्ञानमात्रता।' (अद्वयवज्रसंग्रह, पृ० २४)। शून्यता अथवा चित्त-मात्रता समाधि के अधिवचन हैं। जिस प्रकार समथ और विपस्सना युगनद्ध कहे गये हैं, उसी प्रकार प्रज्ञा और उपाय अथवा शून्यता और करुणा भी युगनद्ध हैं, एक सिक्के के दो पहलू मात्र हैं। इस अद्वैत तत्त्व को प्रज्ञापारमिता, तथता, धर्मकाय, धर्मधातु,

१. द्र०—विश्वम्भरशरणपाठक, 'शैव कल्ट्स इन नार्दर्न इण्डिया' वाराणसी १९६०, पृ० १५। सम्बन्धित अभिलेख 'इण्डियन एन्टीक्वरी' के अट्ठारहवें अङ्क में प्रकाशित है।

२. द्र०—लालमणि जोशी–'स्टडीज इन दि बुद्धिस्ट कल्चर आफ इण्डिया' दिल्ली १९६७,

परमार्थ, निर्वाण, उपशम, और शान्ति कहा गया है। यही बौद्ध योग और साधना का परमार्थ ध्येय है। इसे समाधि भी कहा गया है। यही ध्यानपारमिता है। दश-भूमिकसूत्र (पृ० ३७) में ध्यानपारमिता को 'सर्वज्ञज्ञानाभिमुखता' कहा गया है। समाधिराजसूत्र (पृ० ७९) के समाधिनिर्देशपरिवर्त में समाधि का वर्णन इस प्रकार किया गया है।

"**कतमः समाधिनिर्देशः? या यथावत्तता सर्वधर्माणां समता अविषमता। अकल्पना अविकल्पना। अविठपना असमुत्थापना। अनुत्पादः अनिरोधः। कल्पविकल्प-परिकल्पसमुच्छेदः। चित्तानालम्बता। अमनसिकारः। प्रज्ञप्तिसमुच्छेदः। वितर्कविकल्प-समुच्छेदः। रागद्वेषमोहसमुच्छेदः। नान्तानन्तमनसिकारः। मनसिकारसमुच्छेदः। स्कन्धधात्वायतनस्वभावज्ञानम्। स्मृतिमतिगतिह्रीधृतिचारित्राचारगोचरप्रतिपत्ति-स्थानम्। अरणाभूमिः। शान्तभूमिः। सर्वप्रपञ्चसमुच्छेदः। सर्वबोधिसत्त्वशिक्षा। सर्व-तथागतगोचरः। सर्वगुणपरिनिष्पत्तिः। अयमुच्यते कुमार, समाधिनिर्देशः। यत्र समाधिनिर्देशे प्रतिष्ठितो बोधिसत्त्वो महासत्त्वोऽविरहितो भवति समाधिना, अभ्रान्त-चित्तश्च भवति, महाकरुणासमन्वागतोऽप्रमेयाणां च सत्त्वानामर्थं करोति।**" इस समाधि को लङ्कावतारसूत्र में 'तथागतध्यान' कहा गया है। षडङ्गयोग और अष्टाङ्ग-योग की चर्चा के साथ अचानक समाधि के इस परिनिष्पन्न स्वरूप का वर्णन करने का हमारा मन्तव्य यह बताना था कि 'योग' के अङ्गों के केवल ये दो ही संग्रह नहीं हैं और समाधि केवल योग का एक अङ्गमात्र नहीं है। मैत्रायणी-उपनिषद व गुह्य-समाजतन्त्र में उल्लिखित षडङ्गयोग के अतिरिक्त दो अन्य षडङ्ग मार्ग भी बौद्ध साहित्य में विदित हैं। एक षडङ्गयोग षट् पारमिताओं—दान, शील, क्षान्ति, वीर्य, ध्यान एवं प्रज्ञा का है, जो बोधिसत्त्वयान अथवा बुद्धयान अथवा एकयान कहा गया है। पालि अङ्गुत्तरनिकाय (खण्ड ३ पृ० १४८–१४९) में एक स्थल पर एक अन्य षडङ्गयोग अथवा षडङ्गमार्ग का वर्णन हुआ है। कहा है—

"**छहि, भिक्खवे, धम्मेहि समन्नागतो तपुस्सो गहपति तथागते निट्ठङ्गते अमतद्दसो अमतं सच्छिकत्वा इरियति। कतमेहि छहि? बुद्धे अवेच्चप्पसादेन, धम्मे अवेच्चप्पसादेन, संघे अवेच्चप्पसादेन, अरियेन सीलेन, अरियेन ञाणेन, अरियाय विमुत्तिया।**" न केवल तपुस्स गृहपति ने वरन् बीस अन्य गृहपतियों ने भी इसी षडङ्गमार्ग द्वारा निर्वाण अथवा अमृत प्राप्त किया था। इन गृहस्थ अर्हतों की सूची स्थानाभाव के कारण यहाँ पर नहीं दुहराई जा रही है। इस मार्ग में त्रिमुखी श्रद्धा, शील, ज्ञान तथा विमुक्ति ये छः अङ्ग मोक्ष के लिये पर्याप्त माने गए हैं। यहाँ पर परम्परागत अष्टाङ्ग मार्ग से भेद ध्यातव्य है, विशेषरूपेण ध्यान और समाधि की अनुपस्थिति।

स्थानाभाव के कारण दश पारमियों या पारमिताओं की तथा तेरह धुतङ्गों की चर्चा से वियोग करना पड़ रहा है।[1]

निबन्ध में उल्लिखित पालि एवं संस्कृत ग्रन्थों की सूची—

अङ्गुत्तरनिकाय पालि (नालन्दा नागरी संस्करण)।
संयुत्तनिकाय पालि (नालन्दा नागरी संस्करण)।
दीघनिकाय पालि (नालन्दा नागरी संस्करण)।
मज्झिमनिकाय पालि (नालन्दा नागरी संस्करण)।
धम्मपद पालि (नालन्दा नागरी संस्करण)।
विमुत्तिमग्ग (अंग्रेजी अनुवाद, कोलम्बो)।
विसुद्धिमग्ग पालि (हार्वर्ड आरियन्टल सिरीज)
उदान पालि (नालन्दा ना० सं०)
जातक पालि (रोमन संस्करण, लन्दन)
ऋग्वेद संहिता (पूना संस्करण)
महाभारत (गीताप्रेस संस्करण)
भगवद्गीता (गीताप्रेस संस्करण)
योगसूत्र (गीताप्रेस संस्करण)
बृहदारण्यक उपनिषद् (गीताप्रेस संस्करण)
छान्दोग्य उपनिषद् (गीताप्रेस संस्करण)
तैत्तरीय उपनिगद् (गीताप्रेस संस्करण)
कठ उपनिषद् (गीताप्रेस संस्करण)
मुण्डक उपनिषद् (गीताप्रेस संस्करण)
श्वेताश्वतर उपनिषद् (गीताप्रेस संस्करण)
मैत्रायणी उपनिषद् (रोमन संस्करण)
परमहंस उपनिषद् (बरेली संस्करण)
योगतत्त्वोपनिषद् (बरेली संस्करण)
योगचूडामणि उपनिषद् (बरेली संस्करण)
ध्यानबिन्दूपनिषद् (बरेली संस्करण)
नादबिन्दूपनिषद् (बरेली संस्करण)

१. धूतगुणों की सूची व चर्चा के लिये देखिए—'मिलिन्द पञ्हो' बम्बई, १९४० पृ० ३५१ विसुद्धिमग्ग (दूसरा अध्याय)।

अहिर्बुध्न्य संहिता (अड्यार-मद्रास)
वैखानससमार्तसूत्र (कलकत्ता संस्करण)
स्वयम्भूपुराण (कलकत्ता संस्करण)
महाव्युत्पत्ति (रोमन संस्करण, टोकियो)
तत्त्वसंग्रह (वाराणसी संस्करण)
न्यायबिन्दुटीका-धर्मोतर (वाराणसी संस्करण)
मध्यमकावतार (मद्रास)
तर्कभाषा (बड़ौदा संस्करण)
अद्वयवज्रसंग्रह (बड़ौदा संस्करण)
काश्यपपरिवर्त (शांघाई से प्रकाशित रोमन संस्करण)
अर्थविनिश्चयसूत्र (बौद्ध संस्कृत ग्रन्थावली, दरभंगा)
धर्मसंग्रह (बौद्ध संस्कृत ग्रन्थावलो, दरभंगा)
वज्रच्छेदिका (बौद्ध संस्कृत ग्रन्थावली, दरभंगा)
समाधिराजसूत्र (बौद्ध संस्कृत ग्रन्थावली, दरभंगा)
लङ्कावतारसूत्र (बौद्ध संस्कृत ग्रन्थावली, दरभंगा)
सद्धर्मपुण्डरीकसूत्र (बौद्ध संस्कृत ग्रन्थावली, दरभंगा)
ललितविस्तर (बौद्ध संस्कृत ग्रन्थावली, दरभंगा)
गुह्यसमाजतन्त्र (बौद्ध संस्कृत ग्रन्थावलो, दरभंगा)
बोधिचर्यावतारपञ्जिका (बौद्ध संस्कृत ग्रन्थावली, दरभंगा)
दशभूमिकसूत्र (बौद्ध संस्कृत ग्रन्थावली, दरभंगा)

• • •

"त्रिकायवाद एवं व्यूहवाद–एक तुलनात्मक सर्वेक्षण"

डा० सिद्धेश्वर भट्ट

प्रस्तुत लेख का लक्ष्य बौद्धदर्शन के त्रिकायवाद एवं पाञ्चरात्र दर्शन के व्यूहवाद का तुलनात्मक दार्शनिक विवेचन प्रस्तुत करना है। ये दोनों सिद्धान्त तत्तत् दर्शनों में प्रतिपादित अद्वैतवाद के एकमेवाद्वितीय निष्प्रपञ्च चरम तत्त्व को नानात्व-मय प्रपञ्चात्मक जगत् से सम्बन्धित करने के प्रयास के रूप में प्रस्तुत किये गये हैं। विशुद्ध अद्वैत, जो मात्र एकत्व को ही स्वीकार कर नानात्व का पूर्ण निषेध कर देता है, वह एकत्व और नानात्व के पारस्परिक सम्बन्ध के प्रश्न से सर्वथा मुक्त हो जाता है, परन्तु जब निर्विशेष अद्वैत को स्वीकार करते हुए भी सविशेष नानात्व को अस्वीकार नहीं करने का मोह किया जाए तो यह समस्या उत्पन्न होती है कि किस तरह इन दो विरोधी तत्त्वों में सामञ्जस्य स्थापित किया जाए। ठीक इसी पृष्ठभूमि में त्रिकायवाद एवं व्यूहवाद के सिद्धान्त समाधान के रूप में प्रस्तुत किये गये हैं।

त्रिकायवाद का सिद्धान्त अपने स्पष्ट एवं यथार्थ रूप में हीनयान सम्प्रदाय में अनुपलब्ध है और महायान सम्प्रदाय की ही देन है। वैसे तार्किक दृष्टि से हीनयान में इसकी आवश्यकता ही नहीं थी, क्योंकि उसमें न तो अद्वैत का दार्शनिक प्रारम्भ विन्दु या निष्कर्ष माना गया है और न उसमें व्यावहारिक जगत् से परे पारमार्थिक तत्त्व को स्वीकार किया गया है। अतः हीनयान में त्रिकायवाद का प्रारम्भिक स्वरूप देखना भ्रामक ही होगा। परन्तु महायान सम्प्रदाय में जब एक ओर विशुद्ध दार्श-निक दृष्टि से निर्विशेष अद्वैत का प्रतिपादन किया गया (योगाचार मत में विज्ञानाद्वैत का तथा माध्यमिक में शून्याद्वैत का) और दूसरी ओर धार्मिकता के प्रभाव में उस निर्विशेष चरम तत्त्व को सविशेष जगत् से निर्लिप्त मानते हुए भी तटस्थ नहीं मानने का आग्रह हुआ तो उस जगदितर निरवद्य, निष्प्रपञ्च, निर्गुण, निराकार चरम तत्त्व को एकमात्र सत्य मानते हुए भी उसे इस नानात्वमय सांवृतिक जगत् से कुछ मध्यस्थों के माध्यम से सम्बन्धित करने की आवश्यकता उत्पन्न हुई। अन्यथा दोनों में प्रत्यक्ष सम्बन्ध तार्किक दृष्टि से सम्भव नहीं था। त्रिकायवाद इसी का परिणाम है।

पाञ्चरात्र सम्प्रदाय भी अपनी विशुद्ध दार्शनिक पृष्ठभूमि में पूर्णतः अद्वैतवादी है। धार्मिक स्वरूप में वैष्णविक होने से सदियों से इसे दार्शनिक दृष्टि से अनद्वैतवादी माना जाता रहा है, परन्तु मैंने अपने ग्रन्थ में इसकी मौलिक अद्वैतवादी प्रवृत्ति को उद्घाटित करने का प्रयास किया है। पाञ्चरात्र सम्प्रदाय में भी महायान बौद्धमत की तरह चरम सत्ता की निर्गुण-निराकारिता पर बल देते हुए उसके स्वरूप का वर्णन ठीक ऐसो भाषा में किया गया है, जो औपनिषदिक निषेधक भाषा से पूर्ण साम्य

रखती है। परन्तु भारत का तत्कालीन सांस्कृतिक पर्यावरण ही ऐसा था कि कोई भी अद्वैतवादी दार्शनिक परम्परा धार्मिक प्रभाव से अछूती नहीं रह पाई। महान् अद्वैता-चार्य शङ्कर को भी 'भज गोविन्दम्' की धुन लगानी पड़ी। दर्शन पर धर्म का यह प्रभाव पाञ्चरात्र दर्शन में भी दृष्टिगत होता है। परिणामतः यहाँ पर भी एक विश्वेतर निश्चल निरवद्य चरम तत्त्व को चलायमान विश्व से सम्बन्धित करने का प्रयास किया गया, जो चरम तत्त्व की पञ्चविध अभिव्यक्ति के सिद्धान्त के रूप में फलित हुआ। (ये पाँच हैं—पर, व्यूह, विभव, अन्तर्यामी और अर्चा) व्यूहवाद इसी का एक अङ्ग है।

पाञ्चरात्र दर्शन में एकमेव निष्प्रपञ्च, निर्विशेष, निराकार तत्त्व को (जिसे परब्रह्म के नाम से पुकारा जाता है) एक मात्र सत्य माना गया है। इसका तार्किक परिणाम नानात्वमय प्रपञ्चात्मक जगत् को असत्य स्वीकार करना होता था। परन्तु धर्म के प्रभाव से उत्पन्न यथार्थवादी प्रवृत्ति के कारण पाञ्चरात्र आचार्यों को यह स्थिति मान्य न थी। अतः उन्होंने चरम तत्त्व की चरमता को अक्षुण्ण रखते हुए भी जगत् की सांवृतिक यथार्थता प्रतिपादित करने तथा चरम तत्त्व को विश्वेतर रखते हुए भी जगत् से किसी न किसी रूप में सम्बन्धित करने का प्रयास किया। व्यूहवाद, जैसा कि ऊपर कहा गया है, इसी प्रयास का फल है, जो कारण रूप ब्रह्म को किसी तरह प्रभा-वित किये बिना उसमें से कार्यरूप जगत् की उत्पत्ति की व्याख्या करता है। जगत् की उत्पत्तिविषयक व्याख्या का यह सिद्धान्त न तो परिणामवाद है और न विवर्तवाद, वरन् दोनों के बीच की स्थिति है, जिसमें सत्कारणवाद की ओर अधिक झुकाव है।

व्यूहवाद के अन्तर्गत परब्रह्म को श्री या लक्ष्मी तत्त्व से सम्बन्धित माना गया है। जो ब्रह्म की सृजनकारी शक्ति के रूप में स्वीकार की गई है। (शक्तितत्त्व की तुलना अद्वैत वेदान्त की माया और सेश्वर सांख्य की प्रकृति से की जा सकती है) श्रीसंयुक्त परब्रह्म को नारायण की संज्ञा दो गई है। मूलतः निर्गुणी होते हुए भी श्री के सानिध्य से परब्रह्म में गुणोन्मेष होता है और नारायण षाड्गुण्य विग्रह के रूप में प्रकट होते हैं। इन छः गुणों में से दो दो गुणों के युगलों से तीन व्यूहों की अभिव्यक्ति होती है, जो क्रमशः सङ्कर्षण, प्रद्युम्न और अनिरुद्ध के नाम से अभिहित किये गये हैं। (यह नामकरण कृष्ण की वंशावली पर आधारित प्रतीत होता है) कहीं-कहीं पर व्यूह वासुदेव की पर-वासुदेव से पृथक् अभिव्यक्ति और इसे इन तीनों व्यूहों से पूर्व का एक अन्य व्यूह मानकर चतुर्व्यूह की कल्पना भी मिलती है (**चतुर्मूर्तिधरो नारायणः**), परन्तु प्रायः त्रिव्यूह विचार ही अधिक मान्य है। इन तीन व्यूहों में से सङ्कर्षण को जीव का, प्रद्युम्न को मन या बुद्धि का और अनिरुद्ध को अहङ्कार का रूप माना गया है। इस दृष्टि से पाञ्चरात्र की विश्व-विकास-प्रक्रिया को समता सांख्यदर्शन प्रतिपादित प्रक्रिया से की जा सकती है, जिसमें जीवरूप सङ्कर्षण को

सांख्य के अव्यक्त के, प्रद्युम्न को बुद्धि के और अनिरुद्ध को अहङ्कार के समरूप माना जा सकता है। एक अन्य दृष्टि से इन चार व्यूहों की तुलना अद्वैत वेदान्त के प्रज्ञा, विराट्, विश्व और तेजस् की चार अभिव्यक्तियों से की जा सकती है।

त्रिकायवाद के सिद्धान्त का विकास भी व्यूहवाद के सदृश हुआ है। व्यूहों की ही तरह प्रारम्भ में दो, फिर तीन, और अन्त में चार कायों की कल्पना की गई है। अभिसमयालङ्कार कारिका में चरम सत्ता को, जो एकमात्र सत्य है, स्वाभाविक-काय की संज्ञा दी गई है और उसकी तीन क्रमिक सांवृतिक कायाओं की चर्चा की गई है, जो धर्मकाय, सम्भोगकाय और निर्माणकाय के नाम से पुकारी गई हैं। परन्तु प्रायः तीन कायाओं के ही विचार को महत्ता मिली है। धर्मकाय, चरम तत्त्व (शून्यता) का ही नाम है। यह भूतमात्र का आदि एवं अन्त, सार एवं सर्वस्व है। स्वयं में अचल एवं अपरिवर्तनीय होते हुए भी यह समस्त गति एवं परिवर्तन का जन्मदायक है (इस दृष्टि से यह पाञ्चरात्र परब्रह्म के तुल्य है)। इसमें से ही समस्त बुद्ध एवं बोधिसत्त्व स्फूर्त होते हैं। धर्मकाय के रूप में चरम तत्त्व निराकार है, जो दया एवं करुणा के कारण सगुण और साकार होकर सम्भोगकाय के रूप में अभि-व्यक्त होता है। सम्भोगकाय का प्रकटीकरण संसार के समस्त दुःखी प्राणियों के उद्धार के लिए होता है। यह समस्त शुभगुणसम्पन्न एवं शुद्ध लोक में निवास करने वाली काय है, जिसका दर्शन बोधिसत्त्व ही कर सकते हैं, अन्य प्राणी नहीं (इसकी तुलना पाञ्चरात्र के पर वासुदेव तथा शुद्ध लोक से की जा सकती है)। सम्भोगकाय सूक्ष्म देह है, जिसकी स्थूल अभिव्यक्ति निर्माणकाय के रूप में होती है। यद्यपि यह स्थूल देह है, इसका निर्माण भौतिक तत्त्वों से न होकर शुद्ध सत्त्व से होता है (ऐसा विचार पाञ्चरात्र में भी मिलता है)। निर्माणकाय के अन्तर्गत तीन प्रकार की अभि-व्यक्तियाँ आती हैं—बुद्ध, बोधिसत्त्व और अर्चा। निर्माणकाय के माध्यम से ही सम्भोगकाय की जगदुद्धार की प्रतिज्ञा पूर्ण होती है।

त्रिकायवाद एवं व्यूहवाद के सिद्धान्तों को यदि तुलनात्मक परिप्रेक्ष्य में देखा जाए तो यह स्पष्ट हो जाता है कि दोनों की उत्पत्ति अद्वैतवादी पृष्ठभूमि में ही होती है। दोनों सृष्टि प्रक्रिया की व्याख्या के सिद्धान्त हैं, परन्तु इनकी आवश्यकता विशुद्ध अद्वैतवाद में नहीं, वरन् तब ही होती है, जब अद्वैतवाद के साथ धर्म के प्रभाव से उत्पन्न जगत् के प्रति यथार्थवादी दृष्टिकोण का समन्वय तथा अद्वैत तत्त्व को नाना-त्मक जगत् से सम्बन्धित करने का प्रयास किया जाए। इन दोनों सिद्धान्तों में एकत्व को ही चरम तत्त्व मानने से उसके स्वरूप का वर्णन निषेधक रूप में हुआ है तथा नानात्वमय जगत् को सांवृतिक मानकर परमतत्त्व की अभिव्यक्तियों को भी सांवृतिक ही माना गया है।

• • •

जैन गुणस्थान और बौद्ध दशभूमि

पं० श्री दलसुख मालवणिया

भारत में योगप्रक्रिया का सम्पूर्ण इतिहास लिखा जाना अभी बाकी है। किन्तु यह सम्भावना तो विद्वानों को सम्मत है कि सिन्धु की आर्यपूर्वकालीन प्राचीन संस्कृति में जो मुद्राएँ मिली हैं, उनका सम्बन्ध योग से है। अद्यतन भारतीय संस्कृति में वैदिक और अवैदिक दोनों में योग का स्थान महत्त्वपूर्ण है। इतना ही नहीं, योग का अन्तिम लक्ष्य निर्वाण या मोक्ष सभी में एक जैसा होना यह सूचित करता है कि समग्र योगप्रक्रिया का मूलस्रोत एक ही है। यहाँ संक्षेप में अवैदिक संस्कृति—जैन और बौद्ध की योग प्रक्रिया का साम्य-वैषम्य दिखाना अभिप्रेत है। किन्तु यह दावा नहीं कि यहाँ सम्पूर्ण बातों का निर्देश है। कुछ ही महत्त्वपूर्ण तथ्यों का निर्देश करना अभीष्ट है—यह इसलिए कि विद्वान् इस विषय में विशेष अभ्यास के लिए प्रेरित हों।

जैनों में आत्मविकास के सोपानों का सामान्य नाम जीवसमास या गुणस्थान है। महायान बौद्धों में विहार या भूमि नाम से इनका निर्देश है। जैनों में गुणस्थान चौदह हैं और बौद्धों में महायान में विहार १३ हैं, भूमि सात या दश हैं। आचार्य असङ्ग ने विहार और भूमियों का समीकरण किया है। हीनयानी बौद्धों में सोता-पत्ति आदि चार सोपानों का निर्देश है—वह वस्तुतः अतिसंक्षेप में विकासक्रम के सोपान समझने चाहिए।

वैदिक और अवैदिक दोनों में आध्यात्मिक विकास के लिए ध्यान का महत्त्व स्वीकृत है।

भूमि और गुणस्थानों की इस बात में सहमति है कि प्रथम सम्यक्दृष्टि का लाभ जरूरी है। उसके बाद विशुद्ध ज्ञान की प्राप्ति होती है। उसके बाद क्लेश या कषायों का निवारण होता है। इतना होने पर ही सर्वोत्तमज्ञान केवलज्ञान या सर्वज्ञत्व का लाभ होता है। यही प्रक्रिया वैदिकों के सम्मत योगमार्ग में भी देखी जाती है। क्लेश के निवारण की प्रक्रिया में भी उपशम और क्षय—ये दोनों प्रकार सर्वसम्मत जैसे हैं। उपशम की प्रक्रिया में उपशान्त दोष जब अपना कार्य करना पुनः शुरु करता है, तब पतन होता है और ऐसा पतन क्षय की प्रक्रिया में सम्भव नहीं, यह भी सर्वसम्मत बात है। महायान में और हीनयान में भी क्लेशों के नाश से निर्वाण माना गया है। सर्वज्ञत्व की प्राप्ति निर्वाण के लिए अनिवार्य नहीं।

महायान के अनुसार ज्ञेयावरण का निवारण वही करेगा, जिसे सम्यक्संबुद्ध होना है। अर्हत् के लिए क्लेशावरण का निवारण ही पर्याप्त समझा गया है। किन्तु जैनों में तीर्थंकर हो या सामान्य वीतरागी—दोनों के लिए ज्ञानावरण का निवारण अनिवार्य है। इतना ही नहीं, क्लेशावरण के निवारण के होते ही ज्ञानावरण का निवारण हो ही जाता है और बिना इसके निर्वाण या मोक्ष सम्भव ही नहीं। महायान में ज्ञेयावरण के निवारण का विशेष प्रयत्न अपेक्षित है।

यहाँ इतना ध्यान में लेना जरूरी है कि जैन हो या बौद्ध दोनों में जिन सिद्धान्तों की यहाँ चर्चा की गई है, उनकी व्यवस्था के लिए पर्याप्त समय व्यतीत हुआ है। ये सिद्धान्त प्राथमिक भूमिका में ही स्थिर हो गये हों, ऐसा नहीं है।

जैन और बौद्ध ये दोनों अध्यात्ममार्ग पर बल देनेवाले धर्म हैं। ये दोनों साधना के द्वारा निर्वाण प्राप्ति का मार्ग दिखाते हैं। जैन के मत में आत्मा एक स्वतन्त्र द्रव्य है, जिसके विविध परिणाम होते हैं; किन्तु बौद्ध धर्म का मानना है कि आत्मा कोई स्वतन्त्र द्रव्य नहीं, किन्तु चित्त की धारा या सन्तति का नाम आत्मा दिया गया है। आत्मा माना जाय या नहीं, किन्तु दोनों ने अनादिकाल से जन्म-परम्परा या संसार का चक्र तो समान भाव से माना है और दोनों का उद्देश्य इस जन्म-परम्परा का निराकरण करना है। आत्मा को द्रव्य मानकर जैन उसके विविध परिणामों के द्वारा पुनर्जन्म और संसार चक्र की घटना समझते हैं और बौद्ध नये-नये चित्तों के उत्पाद या चित्तसन्तान के द्वारा संसारचक्र की उत्पत्ति करते हैं। बौद्धों में एक ऐसा भी सम्प्रदाय हुआ, जो पुद्गल के नाम से आत्मा का स्वतन्त्र अस्तित्व मानता था और पुनर्जन्म के चक्र की उपपत्ति करता था। किन्तु आत्मद्रव्य का स्वीकार बौद्धों के द्वारा सम्मत धर्म=धर्मिशून्य केवल धर्म की कल्पना के साथ सङ्गत नहीं होने से उस मान्यता को बल मिला नहीं। फिर भी दूसरे रूप में महायान में आलयविज्ञान के नाम से आत्मा जैसा तत्त्व आ ही गया, जिससे छुटकारा पाना दार्शनिक काल के बौद्धों के लिए कठिन हो गया। जो भी हो, किन्तु जैन-बौद्ध दोनों ने संसारचक्र के काटने के उपायों को मानकर निर्वाण का मार्ग प्रशस्त किया है—इसमें तो सन्देह नहीं है।

व्यावहारिक भाषा में जैन और बौद्ध में अन्तर होने पर भी लक्ष्य की दृष्टि से दोनों एक ही दिशा के यात्री हैं—ऐसा कहा जा सकता है। शास्त्र में जैनों के द्वारा सचेतन पदार्थ के लिए आत्मा या जीव शब्द का प्रयोग होता है। किन्तु बौद्धों के द्वारा 'सत्त्व' या 'पुद्गल' शब्द का प्रयोग होता है। यहाँ हम दोनों के लिए 'आत्मा' शब्द का ही प्रयोग करेंगे।

मोक्ष की प्राप्ति की योग्यता रखने वाले आत्मा को जैन 'भव्य' संज्ञा देता है और उस योग्यता से शून्य आत्मा 'अभव्य' है। अर्थात् मान्यता ऐसी है कि संसार में जितने भी आत्मा हैं उनमें से कुछ ऐसे भी हैं, जिनका मोक्ष कभी होगा ही नहीं। ऐसी ही मान्यता बौद्धों में भी देखी जाती है। उनके अनुसार आत्मा के दो भेद हैं गोत्र और अगोत्र। गोत्र की तुलना भव्य से और अगोत्र की तुलना अभव्य से है।

जैन और बौद्ध दोनों के अनुसार निर्वाण हो जाने के बाद भवभ्रमण नहीं होता। अर्थात् पुनः जन्म लेने की कोई गुंजाईश नहीं। यदि सभी का निर्वाण हो जाएगा तो संसार आत्मा से रिक्त हो जायगा—इस प्रश्न के उत्तर की तलाश में से या जो जिन या बुद्ध के बताए मार्ग का कभी अनुसरण नहीं करता तो उसकी क्या गति हो? ऐसे प्रश्न के उत्तर की तलाश में से भव्य-अभव्य और गोत्र-अगोत्र की कल्पना का जन्म हुआ होगा—ऐसा सम्भावित है। भव्य और गोत्र में से भी सभी मोक्ष या निर्वाण को प्राप्त होंगे ही—ऐसा भी नियम नहीं है। योग्यता होने पर भी उस योग्यता का कार्यकारी होना अनिवार्य नहीं—ऐसा भी जैन एवं बौद्ध दोनों ने माना है। जैन ऐसे भव्यों को 'दुर्भव्य' कहते हैं और बौद्धों ने उसे आत्यन्तिक अनैर्याणिक बोधिचित कहा है। जबकि निर्वाण प्राप्त करने वालों को नैर्याणिक बोधिचित की संज्ञा दी है। इस कल्पना का मूल अनुभव में है। लोक में देखा जाता है कि बीज में अङ्कुरोत्पादन की योग्यता तो है, किन्तु कारण-सामग्री की प्राप्ति न होने से अङ्कुर होता नहीं है। ऐसी ही बात दुर्भव्य और अनैर्याणिक के लिए कही जा सकती है।

जैनों के अनुसार भव्य जब अपना ध्येय सिद्ध कर लेता है, तब वह केवली होकर निर्वाण प्राप्त कर लेता है। ऐसे केवली के भी दो भेद किये गये हैं—सामान्य केवली और तीर्थङ्कर। सामान्य केवली धर्मशासन की स्थापना नहीं करता, जब कि तीर्थङ्कर धर्मशासन की स्थापना करता है। हीनयानी बौद्धों में भी अर्हत् या प्रत्येक-बुद्ध और बुद्ध ऐसे दो प्रकार की कल्पना है। अर्हत् धर्मचक्र का प्रवर्तन नहीं करता और बुद्ध धर्मचक्र का प्रवर्तन करता है। जैनों ने तीर्थङ्कर को—अर्हत् भी कहा है। महायानी बौद्धों ने अर्हत्त्व प्राप्ति पर भार न देकर बोधिसत्त्व की चर्या पर भार दिया और यह आदर्श उपस्थित किया कि बोधिसत्त्व सम्यक् सम्बुद्ध होना चाहता है, किन्तु जब तक संसार में सभी प्राणियों की मुक्ति नहीं हो जाती, तब तक वह अपना निर्वाण नहीं चाहता। इस प्रकार जैनतीर्थङ्कर या हीनयानी के अर्हत् की अपेक्षा महायानी धर्म में बोधिसत्त्व की ही प्रतिष्ठा बढ़ाई गई है और आग्रह रखा कि बोधिचर्या का आदर्श केवल अपना मोक्ष ही नहीं होना चाहिए, किन्तु समग्र प्राणी की मुक्ति होना चाहिए। यह मन्तव्य हीनयान और जैन दोनों के आदर्श से आगे

बढ़ गया। जैनों के तीर्थङ्कर और हीनयान के बुद्ध—ये दोनों अपने मोक्ष को महत्त्व देते हैं, शासन की स्थापना प्रासङ्गिक है। जैनसम्मत अन्य सामान्य केवली या हीनयान के प्रत्येकबुद्ध शासन की स्थापना नहीं करते, यानी मोक्ष मार्ग का उपदेश नहीं देते और तीर्थङ्कर या बुद्ध मोक्षमार्ग का उपदेश देते हैं, इस भेद का यही कारण माना गया है कि साधना के प्रारम्भ में अपने और पर के कल्याण की दृष्टि होना या न होना यह है। किन्तु हीनयानी बुद्ध या जैन तीर्थङ्कर अपना निर्वाण स्थगित नहीं करते या स्थगित करने की भावना भी नहीं रखते, किन्तु महायानी का बोधिसत्त्व अपने निर्वाण के लिए उतावला है ही नहीं। उसने तो समग्र प्राणी की मुक्ति अपना ध्येय बना लिया है। यही दोनों के आदर्श में भेद उपस्थित करता है।

जैन तीर्थङ्कर उपदेशक अवश्य है, किन्तु अन्य के मोक्ष के लिये क्रियाशील नहीं है। हीनयानी बुद्ध की भी यही स्थिति है। जब कि बोधिसत्त्व केवल उपदेश देकर सन्तुष्ट नहीं हो जाता, अपितु प्राणियों के कष्टों का निवारण अपने प्राण गँवाकर भी करना बोधिसत्त्व को इष्ट है और सम्यक्सम्बुद्ध को भी।

बोधिसत्त्व की चर्या में और जैन तीर्थङ्कर की चर्या में इस दृष्टि-भेद के कारण भेद देखा जा सकता है। हीनयानी बुद्ध के पूर्व जन्म की कथाओं में बोधिसत्त्व की चर्या का अर्थात् पारमिताओं की प्राप्ति का जो निरूपण है, वह महायानी बोधिसत्त्व के आदर्श का प्रतिफल है, किन्तु हीनयानी बुद्ध का जो चित्र मूलपिटक से उपस्थित होता है, उसमें जातककथा से फलित होनेवाला बुद्ध जीवन दिखाई नहीं देता, अपितु जैन तीर्थङ्कर के समान उपदेशक प्रधान जीवन दिखाई देता है, बोधिसत्त्व का आदर्श उससे उपस्थित नहीं होता। अर्थात् यह हम कह सकते हैं कि वह यद्यपि दुःखनिवारण का मार्ग दिखलाता है, किन्तु निवारण में सक्रिय नहीं। बोधिसत्त्व या सम्यक् सम्बुद्ध का महायानसम्मत आदर्श तो सक्रिय व्यक्ति उपस्थित करता है। वैसी सक्रिय व्यक्ति बुद्ध की पूर्वजीवन की जातककथा में देखी जाती है, पालिपिटक में अन्यत्र नहीं। यह जातकों में महायान के प्रभाव का द्योतक है।

जैन तीर्थङ्कर और हीनयानी बुद्ध दोनों अपने क्लेश और अज्ञान के निवारण के लिये प्रयत्नशील हैं, फिर भी जातकों के बुद्ध और जैनों के द्वारा तीर्थङ्करचरित में वर्णित पूर्वभवों की कथा द्वारा उपस्थित तीर्थङ्कर में भेद दिखाई देता है। पालिपिटक में मूल में जिस प्रकार बुद्ध की साधना का वर्णन है वह और जैन-आगम मूल तथा बाद के साहित्य में वर्णित पूर्वभवों की तीर्थङ्कर की साधना का वर्णन एक जैसा कहा जा सकता है। दोनों में अपने क्लेश और अज्ञान निवारण का प्रयत्न स्पष्ट है। जैनों ने बाद के साहित्य में बोधिसत्त्व का मार्ग उपस्थित होने

पर भी ध्येय रूप से उसे स्वीकृत नहीं किया और अपने मोक्ष के महत्त्व को कम करके बोधिसत्त्व के सक्रिय मार्ग को नहीं अपनाया, जब कि बौद्धों ने अपने मोक्ष के महत्त्व के साथ पर के दुःखनिवारण के सक्रियमार्ग को अपनाया और तदनुसार ही जातकों की रचना की। सारांश यह है कि हीनयानी बौद्धों ने महायान के आदर्शों को बुद्ध के पूर्वजन्म की कथाओं में ले लिया, किन्तु बुद्ध की अन्तिम भव की कथा में उसका कोई असर होने नहीं दिया। महायान में तो बुद्धचरित की अपेक्षा बोधिसत्त्व का ही चरित बुद्धचरित का स्थान ले लेता है और बुद्ध को तो लौकिक की अपेक्षा अलौकिक ही बना दिया है। इस प्रकार अवतारवाद को प्रश्रय दे दिया है।

जैन तीर्थङ्कर के जो पूर्वभवों के चरित है, उनमें अपने ही क्लेश के निवारण का प्रयत्न स्पष्ट है, किन्तु जो विशेषता देखी जाती है, वह दूसरी ही है। बौद्धों ने चित्त का विश्लेषण करके अभिधर्म लिखा, किन्तु जैनों ने कर्म का विश्लेषण किया और उसका एक स्वतन्त्र शास्त्र बना लिया। कर्मशास्त्र के मूल सिद्धान्त जैसे कर्म, वैसे फल को तीर्थङ्करचरित द्वारा उपस्थित किया। जातकों में बोधिसत्त्व एक ऐसा व्यक्ति है, जो अपने गुणों का प्रदर्शन करता है, किन्तु जैन तीर्थङ्कर के पूर्वभव की कथा तो ऐसे व्यक्ति को उपस्थित करती है, जो सामान्य मानवी हैं, जिसमें गुण-दोष दोनों हैं, जो अपने दोषों के कारण नाना भव उत्पन्न करता है और अपने कर्म का फल भोगता है। तात्पर्य यह है कि पूर्वभवों का वर्णन इस दृष्टि को समक्ष रखकर किया गया है कि व्यक्ति छोटा हो या बड़ा, वह अपने कर्म का फल अवश्य पाता है। अतएव साधक को चाहिए कि बुरे कर्मों से बचें, सत्कर्म न हो सके तो अकर्म न करें, किन्तु बुरे कर्म तो करे नहीं। किसी गुण की वृद्धि करके पराकाष्ठा तक पहुँचाना, पारमिता प्राप्त कर लेना—यह जातककथाओं का रहस्य कहा जा सकता है तो तीर्थङ्कर के पूर्वभवों का इतना ही रहस्य है कि तीर्थङ्कर को भी अपने कर्म के फल भोगने पड़ते हैं। किसी खास विशेष गुण की उत्तरोत्तर वृद्धि और पराकाष्ठा कैसे होती है—यह दिखाना तीर्थङ्करचरित के पूर्वभवों का उद्देश फलित नहीं होता। यही कारण है कि बोधिचर्या और तीर्थङ्करचर्या में भी भेद हो गया। जैनों ने आत्मा की उन्नति का क्रम कर्म के क्षय के क्रम से वर्णित किया है, जबकि बोधिचर्या में गुणवृद्धि की ओर ध्यान केन्द्रित है। किन्तु अन्त में जाकर आवरणनिराकरण दोनों में समान रूप से माना गया है।

जैन योगसाधना और बौद्ध योगसाधना में जो मौलिक भेद है, उसका विचार करना जरूरी है। हीनयान की साधना और महायान की साधना में भी भेद है। योग-साधना में जैन और बौद्ध दोनों में जो साम्य है, वह इतना ही कि सम्यग्दृष्टि के बिना योगसाधना में प्रवेश ही नहीं मिल सकता है। मिथ्यादृष्टि का त्याग यह हीनयान,

महायान दोनों बौद्धों की प्रथम शर्त है। मिथ्यादृष्टि का त्याग ही जैनसाधना की भी प्रथम शर्त है। यही सम्यग्दृष्टि एक ऐसी है, जो दोनों के अनुसार जन्मजन्मान्तर में साथ रह सकती है। उसके बाद की जितनी भी योग्यता सम्यक्संबोधि के लिए बौद्धों ने और केवलज्ञान के लिए जैनों ने मानी है, उसके विषय में बौद्धों की मान्यता है कि वह योग्यता कई जन्मजन्मान्तरों में प्राप्त हो सकती है, उनका विकास भी कई जन्मजन्मान्तरों में हो सकता है। जब कि जैनों का मानना है कि सम्यग्दृष्टि के अलावा जो भी योग्यता प्राप्त की हो, यदि अपने ध्येय तक पहुँचने के पहले मृत्यु हो जाए तो वह समाप्त हो जाती है तथा नये जन्म में नये सिर से उस योग्यता की प्राप्ति के लिए प्रयत्न करना पड़ता है।

जैन-बौद्ध दोनों की तत्त्व-व्यवस्था में भी भेद है। अतएव ध्यान का विषय भी भिन्न हो जाता है। इतना ही नहीं, जैनों में ध्यान की पराकाष्ठा में वस्तु का साक्षात्कार होता है तो महायानी और हीनयानी दोनों बौद्धों में वस्तु का प्रतिभास ध्यान की पराकाष्ठा में स्थान ही नहीं पाता।

इस प्रक्रियाभेद के कारण जैन और बौद्ध द्वारा मान्य साधना के सोपानों में भेद पड़ जाता है। फिर भी इतना कहा जा सकता है कि प्रथम क्लेशावरण का दूर होना और बाद में ज्ञानावरण या ज्ञेयावरण का दूर होना इस मान्यता में जैन और बौद्धों का ऐकमत्य है। अर्थात् यह कहा जा सकता है कि बिना क्लेश के दूर हुए विशुद्धतम ज्ञान का लाभ सम्भव नहीं; यह मान्यता दोनों की समान है और यहाँ आकर समग्र भारतीय योगपरम्परा का भी ऐककत्य है।

• • •

श्रमण संस्कृति में योगसाधना

डॉ० भागचन्द्र जैन भास्कर

साधना रहस्यवाद की भूमिका पर आधारित एक वैयक्तिक उपलब्धि है। संसार का यथार्थवादी दृष्टिकोण उसकी सीमा है और आदर्श उसकी चरम परिणति है। साधक निरासक्त भाव से उस चरम परिणति की साधना करता है। यही उसका मूल उद्देश्य है। यही उसकी चरम साधना है।

हर व्यक्ति गलत या सही ढंग से किसी न किसी सम्प्रदाय विशेष से सम्बद्ध रहता है। अतः साधक अवस्था में उसकी साधना भी उसी सम्बद्ध सम्प्रदाय अथवा धर्म द्वारा निर्दिष्ट पथ-चिह्नों का अनुकरण करती है। प्रस्तुत निबन्ध की सीमा श्रमण संस्कृति में उपलब्ध योग-साधना का तुलनात्मक अध्ययन करते हुए उनकी वस्तुनिष्ठ समीक्षा प्रस्तुत करना है। विशेष रूप से जैन एवं बौद्ध साधनाओं को हमने अपने अध्ययन का विषय बनाया है। दोनों साधनाएँ दो पृथक् विषय हैं और उनकी समीक्षा उनके अतिरिक्त। इतने अल्पकाय निबन्ध में उन सभी का समुचित समावेश और परिचर्चा सम्भव नहीं। अतः हम समास पद्धति से उनका मात्र अवलोकन कर सकेंगे।

श्रमण संस्कृति की मूलभूत विशेषताएँ सम (समानता), शम (शान्ति-कर्मक्षय) एवं श्रम (स्वयं का परिश्रम, ईश्वर विशेष का प्रसाद रूप नहीं) पर आधारित हैं। इसलिए इस संस्कृति से सम्बन्धित जो भी शाखाएँ हैं, प्रायः सभी की भूमिकाएँ इन तीन गुणों पर केन्द्रित दिखाई देती हैं। सुत्तनिपात[१] में श्रमण साधुओं के चार भेद वर्णित हैं—मग्गजिन, मग्गदूसिन, मग्गदेसिन और मग्गजीविन्। सम्भव है, ये भेद श्रमण साधु की प्रकृति पर आधारित हों। जैनाङ्ग ठाणाङ्ग[२] में श्रमण परम्परा के पाँच भेद निर्दिष्ट हैं—निगण्ठ, सक्क, तावस, गेरुय और आजीव। इन परम्पराओं में जैन और बौद्ध परम्पराएँ ही जीवित हैं। शेष परम्पराओं का साहित्य भी उपलब्ध नहीं। पालि त्रिपिटक[३] एवं जैनागम[४] में क्रमशः ६२ और ३६३ मिथ्या-दृष्टियों का वर्णन मिलता है। उनमें श्रमण संस्कृति से सम्बन्धित कितनी दृष्टियाँ हैं,

---

१. सुत्तनिपात, ८३–८४।
२. ठाणाङ्ग, पृ० ९४९।
३. दीघनिकाय, ब्रह्मजालसुत्त।
४. सूयगडङ्ग प्रथम अध्ययन।

यह अन्वेषणीय है। उमास्वामी ने विभिन्न वादों के वर्णन के प्रसङ्ग में बौद्धधर्म का प्रतिनिधित्व मौद्गल्यायन द्वारा कराया है।[1]

समस्त कर्मों से मुक्ति प्राप्त करना ही मूल साधना है। अतः साधना और धर्म समानार्थक बन जाते हैं। योग और समाधि भी लगभग इसी अर्थ में प्रयुक्त होते हैं। योग शब्द युज्-धातु से जोड़ने के अर्थ में निर्मित हुआ है, जिसका अर्थ है चित्त-चैतसिक क्रियाओं को केन्द्रित करना। यही समाधि है। हरिभद्र ने योग को मुक्ति का मार्ग माना है।[2] इसके पूर्व भी योग शब्द का इसी अर्थ में प्रयोग किया जाता था।[3] आत्मा के साथ सम्यग्दर्शन-ज्ञान-चरित्र का सम्बन्ध होना ही योग है, निश्चय दृष्टि है। इसकी प्राप्ति के लिए धर्मशास्त्रोक्त विधि के अनुसार गुरु का विनय, परिचर्या आदि करना और यथाशक्ति विधि-निषेधों का पालन करना, व्यवहार करना योग है।[4] पालि साहित्य में भी सच्चक निगण्ठ के माध्यम से जैन योग साधना का निर्देश हुआ है।

बौद्ध साधना में भी योग का सम्बन्ध समाधि के साथ जोड़ा गया है। मूल पालि त्रिपिटक में इस शब्द का उपयोग इस अर्थ में प्रायः नहीं मिलता। अरियपरियेसेनसुत्त (मज्झिमनिकाय) में आलार कालाम और उद्दकरामपुत्त की योग साधना का वर्णन अवश्य है पर बुद्ध ने उसे अनुपयोगी मानकर छोड़ दिया। बाद में उसका सुसम्बद्ध रूप मिलने लगा। धम्मपद की "योगा वे जायति भूरि, अयोगा भूरि सङ्खयो" गाथा (२८२) इस दृष्टि से महत्त्वपूर्ण है। इसकी टीका में कर्मस्थानों के अड़तीस प्रकारों पर चिन्तन करने को योग कहा है—"तत्थ योगा ति अट्ठतिंसाय आरम्मणेसु योनिसो मनसिकारो।"[5] संयुत्तनिकाय, मज्झिमनिकाय, अङ्गुत्तरनिकाय एवं विनयपिटक में भी यह शब्द इसी अर्थ में आया है। थेरवाद साहित्य में योग शब्द का पारिभाषिक प्रयोग ध्यान करने के अर्थ में अधिक नहीं किया गया, परन्तु टीका साहित्य में योगी एवं योगाचार शब्द Meditation के अर्थ में अनेक बार आया है।

बौद्ध साहित्य में योग के अतिरिक्त समाधि, चित्तेकग्गता, चेतोसमाधि, जड़पान, पधान, कम्मट्ठाण, आरम्मण, निमित्त, अभिञ्ञा, समापत्ति, विमोक्ख, अभि-

१. तत्त्वार्थराजवार्त्तिक, १.२०।
२. मुक्खेण जोयणाओ जोगो सब्बो विधम्मवायारो—योगविंशिका, का० १।
३. कायवाङ्मनःकर्मयोगः, तत्त्वार्थसूत्र, ६.१।
४. योगशतक, २–५; योगशास्त्र, १.१३–१८।
५. धम्मपदट्ठकथा, ३, पृ० ४२१।

आयतन आदि शब्दों का भी प्रयोग योग-साधना के सन्दर्भ में हुआ है। इनमें समाधि शब्द अधिक प्रचलित है। भगवान् बुद्ध ने अभिसम्बोधिकाल में "सम्मा समाधि" प्राप्त की थी। मज्झिमनिकाय व धम्मसंगणि में इसका अर्थ चित्त की एकाग्रता (चित्तस्स एकग्गता) किया गया है। विसुद्धिमग्ग में समाधि का विस्तृत वर्णन मिलता है।

जैनाङ्ग नायाधम्मकहाओ में चित्तस्वास्थ्य को समाधि कहा है।[1] तीर्थङ्कर नामकर्म के बन्धहेतुओं में समाधि भी एक हेतु है।[2] समाधि के माध्यम से साधक नाना शरीरों का निर्माण करता है, जो अपवर्ग की प्राप्ति में कारण होते हैं।[3] समाधि, चारित्र, योग, साधना और ध्यान समानार्थक हैं। इसका विवेचन आगे किया जायगा।

मन, वचन और काय की प्रवृत्ति को योग कहा गया है। यह योग शुभ रूप और अशुभ रूप होता है। प्रवचनसार में आत्मा के सन्दर्भ में उपयोग शब्द का प्रयोग हुआ है, जिसे हम योग की कोटि में रख सकते है। उपयोग के तीन भेद किये गये हैं—शुभोपयोग, अशुभोपयोग और शुद्धोपयोग। श्रमण भिक्षु के लिये शुद्धोपयोगी होना बताया है। तभी वह मोक्षदायी हो सकता है। योगी श्रमण सुख-दुःख में समभावी हो, संयम-तप से संयुक्त हो और वीतरागी हो। वह श्रमण आश्रव एवं बन्धहीन होता है। उसे पुण्य का भी बन्ध नहीं होता।[4] सावद्ययोग और निरवद्ययोग ये दो भेद भी योग के हैं।

इस प्रकार जैनधर्म में योग का अर्थ प्रवृत्ति, सम्बन्ध अथवा भावों से लिया गया है। बाद में योग का उपयोग मन-वचन-काय की प्रवृत्ति को संयमित करने के अर्थ में हुआ। इस तरह से संयमन करने वाले को योगी कहा गया है। धनञ्जय-नाममाला में ऋषि, मुनि, यति, भिक्षु, तापस, संशित, व्रती, तपस्वी, संयमी, वर्णी और साधु योगी के समानार्थक माने गये हैं। आत्मस्वरूप में अवस्थित होने को समाधि कहा है—"आत्मरूपे स्थीयते जलभृतघटवत् निश्चलेन भूयते स समाधिः।"[1]

१. अभयदेव टीका, ८.६९। २. नायाधम्मकहाओ, ८.२।
३. तत्त्वार्थश्लोकवार्त्तिक, पृ० ६६।
४. कायवाङ्मनःकर्मयोगः, तत्त्वार्थ०, ६.१; स आश्रवः, शुभः पुण्यस्य, अशुभः पापस्य, वही ६.२-४।
५. जस्स ण विज्जदि रागो दोसो मोहो व सब्बदब्बेसु।
णासवदि सुहं असुहं सम सुहदुक्खस्स भिक्खुस्स॥ (पञ्चास्तिकाय २.१४२)

सिद्धसेन ने स्वस्थता एवं निरुपद्रवता के उत्पादन के अर्थ में समाधि का प्रयोग किया है।

योग और समाधि को समान अर्थ में प्रयोग करने के उपरान्त तीर्थङ्करों और ऋषियों को योगी मानकर वन्दना की जाने लगी। समन्तभद्र (स्वयम्भूस्तोत्र, पृ०७३) पूज्यपाद (संस्कृत योगभक्ति ८ वाँ पद्य) आदि आचार्यों ने ऐसे ही योगियों को नमस्कार किया है। जिनसेन ने तीर्थङ्करों को योगी, महायोगी, योगीन्द्र आदि विशेषणों से अभिहित किया है (आदिपुराण २.६५)। हरिभद्र व हेमचन्द्र ने महावीर को योगिनाथ कहकर वन्दना की है।[1]

जैनयोग का रूप सिन्धु घाटी के उत्खनन में प्राप्त योगी की प्रतिकृति में देखा जा सकता है। पालि साहित्य जैन साधुओं की कठोर तपश्चर्या का वर्णन मिलता है। भगवान् बुद्ध ने उनके कर्मक्षीण करने के प्रकार का भी स्पष्ट समर्थन किया था। आजीवक और अन्य श्रमण सम्प्रदाय भी इस दुश्चर तप में किसी न किसी प्रकार संलग्न दिखाई देते हैं।

योग तीन प्रकार का है— ज्ञानयोग, इच्छायोग और क्रियायोग। योगविन्दु में इसकी अध्यात्म, भावना, ध्यान, समता और वृत्तिसंक्षय ये पाँच भेद किये गये हैं। योगदृष्टिसमुच्चय में मित्रा, तारा, बला, दीप्रा, स्थिरा, कान्ता, प्रभा और परा ये आठ दृष्टियाँ कही गयी हैं। योगविंशिका (विंशतिविंशिका) प्रकरण में स्थान, ऊर्ण, अर्थ, आलम्बन, निरालम्बन आदि योगों का वर्णन है। इन सभी में प्रकृष्ट कोटि के वृत्तिसंक्षय आदि योग महायोग कहे जाते हैं। इन सभी की मूल भावना है—चित्त-वृत्ति का निरोध। यह भावना वैदिक दर्शन के साथ ही जैनदर्शन और बौद्धदर्शन में समान रूप से अभिहित हुई है।

जैन और बौद्ध, दोनों साधनाओं का योग-समाधि अथवा चारित्र से घनिष्ठ सम्बन्ध है। अब इनका संक्षिप्त तुलनात्मक अध्ययन हम सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यग्चारित्र नामक तीन शीर्षकों के माध्यम से करेंगे, जो दोनों साधनाओं को स्वीकृत हैं।

१. सम्यग्दर्शन और योगसाधना

प्रारम्भ से ही जैन और बौद्ध साधना अनुभववादी रही हैं। प्रत्यात्मसंवेद्य बिना कोई भी सिद्धान्त मननीय नहीं। सम्यग्ज्ञान (प्रज्ञा)-पूर्वक तर्क की समुचित

१. जिनसहस्रनाम, आशाधर, ६.७२ की श्रुतसागरीय टीका।

प्रतिष्ठा वहाँ देखी जाती है। सर्वज्ञता की प्राप्ति उसका लक्ष्य है। सम्यग्चारित्र अथवा शील का पालन उस प्राप्ति का साधन है। सम्यग्दर्शन अथवा समाधि उसकी आधार-शिला है। मिथ्यादर्शन-ज्ञान-चारित्र उसका बाधक है। उस बाधा को दूर करना साधना का परम लक्ष्य है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यग्चारित्र की प्राप्ति आधारभूत मानी गई है।

सम्यग्दर्शन आत्मा की विशुद्ध अवस्था का प्रतीक है। जीव, अजीव, आश्रव, बन्ध, संवर, निर्जरा और मोक्ष इन सात तत्त्वों का यथार्थ श्रद्धान करना सम्यग्दर्शन है।[1] धर्म का मूल भी यही है। दया, विनय, सदाचार आदि गुणों की उत्पत्ति सम्यग्दर्शन पूर्वक होती है।[2] विशुद्ध श्रद्धा अथवा आत्मविश्वास भी इसे कहा जा सकता है। सम्यग्दर्शन नैसर्गिक और आधिगमिक होता है। नैसर्गिक का तात्पर्य है कर्मों की स्थिति विगलित हो जाना तथा परोपदेश के बिना ही तत्त्वरुचि जाग्रत होना। आधिगमिक सम्यग्दर्शन में श्रवण, मनन, अध्ययन अथवा परोपदेश से सत्य का साक्षात्कार होता है।

जैन साधना आत्मप्रधान है। आत्मसिद्धि उसकी मूल भावना है। मानवता का अधिकाधिक संरक्षण करना उसका परम पुनीत प्राथमिक धर्म है, कर्तव्य है। धर्म वह है, जो आत्मा को कर्म-मल से दूर कर दे।[3] ज्ञानार्णव में ऐसे धर्म को नमस्कार किया गया है, जो जगत् को पवित्र करे, संसार के प्राणियों का उद्धार करे, दयामूलक हो, और सुखप्रदायी हो।[4] वह धर्म दो प्रकार का है—संयम रूप और तप रूप। संयम से कर्मों का आश्रव-निरोध होता है और तप से सञ्चित कर्मों का विनाश होकर आत्मा की शुद्ध अवस्था प्राप्त हो जाती है।

संजमएण भन्ते, जीवे किं जणयइ ? संजमएण अणण्हयत्तं जणयइ। तवेणं भन्ते, जीवे किं जणयइ ? तवेणं जणयइ॥[5]

सम्यग्दर्शन की प्राप्ति के लिए यह आवश्यक है कि साधक आत्मा के विभिन्न स्वरूपों को पहचाने। जैन संस्कृति में आत्मा के तीन रूप हैं—बहिरात्मा, अन्त-

१. तत्त्वार्थश्रद्धानं सम्यग्दर्शनम्, मोक्षशास्त्र, १.१।
२. नादंसणिस्स नाणं, नाणेन विना न हुंति चरणगुणा।
अगुणिस्स नत्थि मोक्खो नत्थि अमोक्खस्स निब्बाणं॥— उत्तराध्ययन सूत्र, २८.३०।
३. एवं चयरित्तकरे चारित्तं होइ अहिये, उत्तरा, २८. ३३।
४. पवित्रोक्रियते येन येनेवोद्ध्रियते जगत्।
नमस्तस्मै दयार्द्रस्य धर्मकलाङ्घ्रिपाय वै॥ ज्ञानार्णव, १०. १।
५. उत्तराध्ययन, २९. २६–२७।

रात्मा और परमात्मा। प्रथम स्थिति में साधारणजन आत्मा और शरीर को एक द्रव्य मानकर परपदार्थों में मोहित बना रहता है। उसके संसरण का यही मूल कारण है।[1] द्वितीय स्थिति में यह मोहबुद्धि दूर हो जाती है।[2] इस अवस्था में साधक आत्मा के मूल स्वरूप को पहचानने लगता है और मैत्री, प्रमोद, कारुण्य और माध्यस्थ्य भावनाओं को करते हुए शत्रु-मित्र में, मान-अपमान में, लाभ-अलाभ में, लोष्ठ-काञ्चन में समदृष्टिवान् हो जाता है। तदनन्दर वह निर्मल, केवल, शुद्ध, विविक्त, अक्षय परमात्मपद को प्राप्त कर लेता है।[3]

पूर्ण सम्यग्दर्शन की प्राप्ति के लिए उसके आठों अङ्गों का धारण करना अत्यन्त आवश्यक है। ये आठ अङ्ग हैं—निःशंकित, निःकांक्षित, निर्विचिकित्सा, अमूढदृष्टि, उपगूहन, स्थितिकरण, वात्सल्य, और प्रभावना। इनकी प्राप्ति में जो बाधक तत्त्व हैं, उनकी संख्या पच्चीस है—तीन मूढतायें—लोकमूढता, देवमूढता और पाखण्डि-मूढता; आठ मद—ज्ञान, पूजा, कुल, जाति, बल, ऋद्धि, तप और वपु; छः अना-यतन—कुदेव, कुमत, कुशास्त्र, कुतप, कुशास्त्रज्ञ और कुलिङ्ग का सेवन। इसके सेवन से भवचक्र में अभिवृद्धि होती है तथा मिथ्यादर्शन-ज्ञान-चारित्र को बल मिलता है।

सम्यग्दर्शन के दो भेद हैं-सराग और वीतराग। जो सम्यग्दर्शन प्रशम, संवेग, अनुकम्पा, आस्तिक्य इन चार गुणों के साथ व्यक्त होता है, वह सराग सम्यक्त्व है और जो केवल आत्मा की निर्मल विशुद्धि को धारण करता है, वह वीतराग सम्यक्त्व है।[4] क्षणिक, औपशमिक और क्षायोपशमिक ये तीन भेद भी सम्यग्दर्शन के हैं। दश भेद भी है—आज्ञा, मार्ग, उपदेश, सूत्र, बीज, संक्षेप, विस्तार, अर्थ अवगाढ़ एवं परमावगाढ़। अरहन्त, सिद्ध, आचार्य, उपाध्याय और साधु ये पञ्चपरमेष्ठी माने गये हैं। सम्यग्दर्शन की प्राप्ति के बिना परमेष्ठी पद अथवा तीर्थङ्करत्व की प्राप्ति नहीं होती। अजर, अमर, अक्षय, अव्याबाध, निर्भय तथा अनन्तज्ञान-सुख रूप निर्वाण की प्राप्ति का भी सम्यग्दर्शन ही कारण है।

बौद्धधर्म में सम्यग्दर्शन के ही समानान्तर में सम्मादिट्ठि को स्वीकार किया है। चतुरार्यसत्यों को समझना ही सम्मादिट्ठि है।[5] उसके बिना मुक्ति-प्राप्ति सम्भव नहीं। भगवान् बुद्ध ने कहा था, भिक्षुओं! जिस समय आर्यश्रावक दुराचरण को

---

१. ज्ञानार्णव, ३२. ६. समाधिशतक १५। २. तत्त्वार्थसूत्र, ७. ११;
३. समाधिशतक, ६। ४. यशस्तिलकचम्पू, अध्याय ६, पृ० ३२२।
५. सम्मादिट्ठिसुत्तन्त (मज्झिमनिकाय), १।१।९।

पहचान लेता है, दुराचरण के मूल कारण को जान लेता है, सदाचरण को पहचान लेता है, तब उसकी दृष्टि सम्यक् कहलाती है।[1] सांसारिक दुःखों की प्रकृति को जानते हुए सत्कायदृष्टि, आत्मवाद आदि सिद्धान्तों से विरक्त होना इसका फल है। इसीसे समभाव प्राप्त हो जाता है।

जैनधर्म आत्मवादी धर्म है, परन्तु बौद्धधर्म में आत्मा के अस्तित्व को सांवृतिकसत्य की दृष्टि से स्वीकार किया गया है, पारमार्थिक दृष्टि से नहीं। इसका तात्पर्य यह नहीं कि वह चार्वाक के समान शुद्ध भौतिकवादी है। आत्मा को अस्वीकृति के पीछे बौद्धधर्म का उद्देश्य यह था कि व्यक्ति तत्सम्बन्धी विवादों में ही न उलझा रहे। परन्तु उत्तरकाल में बौद्धधर्म पूर्ण निरात्मवादी बन गया। आत्मा की अस्वीकृति से उपस्थित होनेवाले प्रश्नों का समाधान कर्म की स्वीकृति से किया गया। भगवान् बुद्ध ने कम्मदायाद होने का उपदेश दिया ही था। मिथ्यादर्शन, मिच्छादिट्ठि, अविद्या, राग, द्वेष, मोह, तृष्णा आदि शब्द ऐसे हैं, जिनपर दोनों धर्मों में प्रायः समान रूप से विचार किया गया है। सांसारिक दुःख रूपी जटा को विघटित करने के लिए बुद्ध ने शील, प्रज्ञा और समाधि का पालन करना आवश्यक बताया है।[2] विवेचन करते समय बुद्धघोष ने इस क्रम को बदलकर शील, समाधि और प्रज्ञा का क्रम कर दिया। यहाँ शील और समाधि जैनधर्म के सम्यग्चरित्र के समान है, प्रज्ञा सम्यग्ज्ञान का नामान्तरण है और अट्ठङ्गिकमग्ग का प्रथम भेद सम्मादिट्ठि सम्यग्दर्शन के समान है। काङ्क्षावितरणविशुद्धि के ज्ञान को सम्मादस्सन कहा भी है। इसी को यथाठितिञाण और यथाभूतञाण कहा है। यही सम्यग्दर्शन है। बौद्ध-साधना में सम्मादिट्ठि का विवेचन उतना सूक्ष्म और गहन नहीं, जितना जैन साधना में सम्यग्दर्शन का विवेचन उपलब्ध होता है।

२. सम्यग्ज्ञान और योगसाधना

साधक की दूसरी साधना है सम्यग्ज्ञान की प्राप्ति। अनादि काल से यह जीव मोहनीय कर्म के उदय से संसार में संसरण कर रहा है और सम्यग्ज्ञान के बिना उसका तप निरर्थक-सा हो रहा है। परन्तु जिस प्रकार सुहागा और नमक के जल से संयुक्त होकर स्वर्ण विशुद्ध हो जाता है, उसी प्रकार ज्ञान रूपी निर्मल जल से यह

---

१. बुद्धवचन, पृ० २१।
२. सीले पतिट्ठाय नरो सपञ्ञो चित्तं पञ्ञञ्च भावयं।
आतापी निपको भिक्खु सो इमं विजटये जटं॥
विसुद्धिमग्ग० पृ० १, संयुत्तनिकाय, १।३।३

जीव भी शुद्ध हो जाता है।[1] जीव और अजीव के पार्थक्य को समझना ही सम्यग्ज्ञान है। यह सम्यग्ज्ञानी जीव राग, द्वेष, मोह आदि दोषों से रहित हो जाता है।[2] इस अवस्था में उसे त्रिकालवर्ती पदार्थ युगपत् प्रतिबिम्बित होने लगते हैं। यही युगपत् प्रतिबिम्बन योगिजनों का लोचन है।[3]

जैनधर्म में कर्म के क्षय-क्षयोपशमादि के निमित्त से ज्ञान के पाँच भेद बताए गये हैं—मतिज्ञान, श्रुतज्ञान, अवधिज्ञान, मनःपर्यायज्ञान और केवलज्ञान। प्रमाद को क्षीण करने वाले, क्लेशों को जीतने वाले, निष्परिग्रही एवं स्थिर चित्त वाले योगिगण ज्ञान की चरम साधना रूप केवलज्ञान की प्राप्ति के लिए तपश्चर्या करते हैं। अज्ञानपूर्वक तप संसार-बन्धन का ही कारण है।

बौद्धधर्म में इसी सम्यग्ज्ञान को प्रज्ञा कहा है। धर्म के स्वभाव का विशिष्ट ज्ञान प्रज्ञा है–धम्मसभावपटिवेधलक्खणा पञ्ञा। मोहान्धकार का नाश करना इसका कृत्य है।[4] यहाँ प्रज्ञावान् साधक की स्थिति को बड़े सुन्दर ढंग से समझाने का प्रयत्न किया है। जिस प्रकार एक अबोध बालक कार्षापण को उपभोग-परिभोग का साधन न मानकर एक चित्र-विचित्र रूप मात्र मानता है। ग्रामीण व्यक्ति उक्त दोनों बातों को जानता है, पर यह नहीं जानता कि यह कार्षापण खोटा है अथवा चोखा है, परन्तु एक हेरञ्ञिक (सराफ) उन सभी प्रकारों को जानता है। रूप, रस, गन्ध, शब्द व स्पर्श से संयुक्त अथवा पृथक् रूप से कार्षापण के गुण-अवगुण को सही रूप में समझता है। प्रज्ञावान् भी ऐसा ही होता है। वह विशिष्ट रूप से विशिष्ट आकार को विविध प्रकार से जानता है।[5] प्रज्ञा का सञ्ञा और विञ्ञाण से अधिक वैशिष्ट्य है। जैनदर्शन की परिभाषा में इन तीन श्रेणियों को अज्ञान, ज्ञान और सज्ज्ञान अथवा विषयप्रतिभास, आत्मपरिणामी तथा तत्त्वसंवेदन कहा जा सकता है।[6]

प्रज्ञा के भेद विभिन्न आधारों पर किये गये हैं। धर्म के स्वभाव के प्रतिवेध स्वरूप से वह एक प्रकार की है, लौकिक और लोकोत्तर के भेद से, अथवा साश्रव-अनाश्रव, नाम-रूप की व्यवस्था से, सौमनस्य-उपेक्षायुक्त होने से एवं दर्शन-भावना की भूमि से दो प्रकार की है। चिन्ता, श्रुत, और भावना से तीन प्रकार की है। परित्त, महद्गत व अप्रमाण से तथा आय, अपाय, और उपायकौशल्य से भी तीन प्रकार की है। चार आर्यसत्यों के ज्ञान और चार प्रतिसम्भिदा के ज्ञानभेद से चार

१. जह कच्चणं विसुद्धं धम्मइयं खडियलवणलेवेण।
सह जीवो वि विसुद्धं णाणविसलिलेण विमलेण॥ षट्प्राभृत, ६,९

२. वही, २.३८। ३. ज्ञानार्णव, ७.२। ४. विसुद्धिमग्ग, १४, पृ० ३०५।
५. वही, पृ० ३०४। ६. द्वात्रिंशिका ६, श्लोक २-५।

प्रकार की है। स्कन्ध, आयतन, धातु, इन्द्रिय, सत्य, प्रतीत्यसमुत्पाद आदि प्रज्ञा की धर्मभूमि है। शीलविशुद्धि और चित्तविशुद्धि ये दो विशुद्धियाँ मूल हैं। दृष्टिविशुद्धि, कांक्षावितरणविशुद्धि, मार्गामार्गदर्शनविशुद्धि, प्रतिपदाज्ञानदर्शनविशुद्धि, और ज्ञान-दर्शनविशुद्धि ये पाँच विशुद्धियाँ शरीर हैं। इसलिये प्रज्ञावान् व्यक्ति के लिये उन भूमिभूत धर्मों में उद्ग्रहण (अभ्यास) करना चाहिये। यह अभ्यास परिपृच्छानुसार ज्ञानप्राप्तिपूर्वक दो मूल विशुद्धियों तथा शरीरभूत पञ्चविशुद्धियों पर आधारित भावना से है। इन भावनाओं से सन्मार्ग और असन्मार्ग का भेदज्ञान हो जाता है। साधक के लिए इसी भेदविज्ञान की आवश्यकता होती है।

भेदविज्ञान के बाद साधक को विपस्सनायुक्त उदयव्ययानुपश्यना, भङ्गानुपश्यना, भयतोपस्थान, आदीनवानुपश्यना, निर्वेदानुपश्यना, मुञ्चितुकम्यता, प्रतिसंख्यानुपश्यना और संस्कारोपेक्षा ये आठ ज्ञान होते हैं। साथ ही प्रतीत्यसमुत्पाद का अनुलोमात्मक ज्ञान भी होता है, इसे प्रतिपदाज्ञानदर्शन विशुद्धि कहते हैं। पश्चात् यह विशुद्धि उसे स्रोतापत्ति, सकृदागामी, अनागामी और अर्हत् इन चार मार्गों की प्राप्ति की ओर अग्रसर करती है। इस बीच साधक चार स्मृतिप्रस्थान, चार सम्यक्प्रधान, चार ऋद्धिपाद, पञ्चेन्द्रिय, पञ्चबल, सप्तबोध्यङ्ग और अष्टाङ्गिक मार्ग रूप सैंतीस बोधिपाक्षिकधर्मों की प्राप्ति करता है। तदनन्तर उसके संयोजन, क्लेश, मिथ्यात्व, लोकधर्म, मात्सर्य, विपर्यास, ग्रन्थ, अगति, आश्रव, नीवरण, परामर्श, उपादान, अनुशय, मल, अकुशलपथ आदि का प्रहाण होता है, जिससे उसे सर्वक्लेशों का विध्वंस करने एवं आर्यफल का अनुभव करने की क्षमता पैदा हो जाती है। अनित्य, दुःख और अनात्म का ज्ञान होने पर विपस्सना का प्रादुर्भाव होता है। यही विपस्सना प्रज्ञा का मार्ग है। इसी को लोकोत्तर समाधि कहते हैं।

दिव्यचक्षु, दिव्यश्रोत्र, चेतःपर्यायज्ञान, पूर्वानुस्मृतिज्ञान, च्युत्युत्पादज्ञान और आश्रवक्षयज्ञान इन छह ज्ञानों को बौद्धधर्म में षडभिज्ञा कहा है। चेतःपर्यायज्ञान जैनधर्म का मनःपर्यायज्ञान है, पूर्वानुस्मृति व च्युत्युत्पादज्ञान जैनधर्म का अवधिज्ञान है, एवं शेष ज्ञानों की तुलना केवलज्ञान से की जा सकती है। जैनधर्म की अपेक्षा बौद्धधर्म में प्रज्ञा का वर्णन अधिक सरल और आकर्षक लगता है।

३. सम्यग्चारित्र और योगसाधना

सम्यग्दर्शन और सम्यग्ज्ञान की प्राप्ति के लिए साधक योगी को सम्यग्चारित्र का परिपालन अपेक्षित है। सम्यग्चारित्र के बिना उसका दर्शन-ज्ञान निरर्थक है।[1] तीनों का समन्वयात्मक रूप ही मुक्ति का मार्ग है।[2] सम्यक्त्वरहित को ज्ञान नहीं

१. षट्प्राभृत, ६.५। २. तत्त्वार्थसूत्र, १.१।

होता और ज्ञान के बिना चारित्र के गुण नहीं आते। सम्यग्चारित्ररहित व्यक्ति को मोक्ष प्राप्त नहीं होता और बिना मुक्त हुए निर्वाण प्राप्त नहीं होता।[1] समस्त पाप-क्रियाओं को छोड़कर, परपदार्थों में रागद्वेष को दूर कर, उदासीन और माध्यस्थ्य भाव की अङ्गीकृति सम्यग्चारित्र है।[2]

सम्यग्चारित्र दो प्रकार का है—एक सर्वदेशविरति अथवा महाव्रत, जिसे मुनि पालन करता है और दूसरा एकदेशविरति अथवा अणुव्रत, जिसे श्रावक ग्रहण करता है। मुनि और श्रावक के लिए बारह प्रकार के व्रत निर्दिष्ट हैं—अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह, दिग्व्रत, देशव्रत और अनर्थदण्डव्रत तथा सामायिक, प्रोषधोपवास, भोगोपभोगपरिमाण और अतिथिसंविभागव्रत। श्रावक इन बारह अणुव्रतों को पालता हुआ आध्यात्मिक उत्कर्ष करता जाता है और तदर्थ वह दर्शन, व्रत, सामायिक, प्रोषध, सचित्तत्याग, रात्रिभोजनत्याग, ब्रह्मचर्य, आरम्भत्याग, परिग्रहत्याग, अनुमतित्याग एवं उद्दिष्टत्याग इन ग्यारह प्रतिज्ञाओं का क्रमशः यथाशक्ति पालन करता है। इन्हें प्रतिमा कहा गया है।

इसके बाद की अवस्था मुनिव्रत धारण करने की हैं। मुनि उक्त बारह महाव्रतों व ईर्या, भाषा, एषणा, आदाननिक्षेपण और उत्सर्ग इन पञ्चसमितियों का पालन, पञ्चेन्द्रियों पर विजय प्राप्ति, समता, चतुर्विंशति स्तवन, वन्दना, प्रतिक्रमण, प्रत्याख्यान और कायोत्सर्ग इन षडावश्यकों का पालन करता है। इनके अतिरिक्त केशलुञ्च, अस्नान, भूशयन, स्थितिभोजन, अदन्तधावन, और एक भक्त (दिन में एक बार भोजन करना) इन सात गुणों का भी अधिकारी होता है।

इस ढङ्ग से योगी साधक अपनी आत्मा का क्रमिक विकास करता है। जैनधर्म में इसे गुणस्थान कहा गया है। इसके चौदह भेद हैं[3]—मिथ्यादृष्टि, सासादन, सम्यग्दृष्टि, सम्यग्मिथ्यादृष्टि, देशसंयत, प्रमत्तसंयत, अप्रमत्तसंयत, अपूर्वकरणसंयत, अनिवृत्तिकरणसंयत, सूक्ष्मसाम्पराय, उपशान्त मोह, क्षीण मोह, सयोग केवली और अयोग केवली। इन गुणस्थानों को पार करने पर योगी साधु मुक्त अथवा सिद्ध हो जाता है।

सिद्ध होने के लिए साधक को सप्ततत्त्वों का परिज्ञान होना आवश्यक है। ज्ञान-दर्शन रूप जीव अथवा आत्मा चेतन, सुख दुःख का कर्ता, भोक्ता, देहप्रमाण, अनादिनिधन व अमूर्त्त है। कर्मों के कारण से यह जीव संसरण करता है। संसरण के मुख्य कारण हैं—अष्टकर्म तथा मिथ्यात्व, अविरति, प्रमाद, कषाय और योग।

१. उत्तराध्ययन, २८.३०। २. पुरुषार्थसिद्ध्युपाय, ३०।
३. श्वेताम्बरपरम्परा में गुणस्थान के १४ भेद माने गये हैं।

इन कारणों का निरोध करने के लिए पूर्वकथित धर्मों के अतिरिक्त साधक मन, वचन और काय इन तीनों योगों का निग्रह करता है। उत्तमक्षमा, मार्दव, आर्जव, शौच, सत्य, संयम, तप, त्याग, आकिञ्चन्य और ब्रह्मचर्य इन दस धर्मों का पालन करता है। क्षुधा, पिपासा, शीत, उष्ण, दंश-मशक, नाग्न्य, अरति, स्त्री, चर्या, निषद्या, शयन, आक्रोश, वध, याचना, अलाभ, रोग, तृणस्पर्श, मल, सत्कार, पुरस्कार, प्रज्ञा, अज्ञान और अदर्शन इन बाईस परीषहों को सह्य करता है, अनित्य, अशरण, संसार, एकत्व, अन्यत्व, अशुचि, आश्रव, संवर, निर्जरा, लोक, बोधिदुर्लभ और धर्म इन द्वादश अनुप्रेक्षाओं का चिन्तन करता है। सामायिक, छेदोपस्थापना, परिहार-विशुद्धि, सूक्ष्मसाम्पराय और यथाख्यात चारित्र का पालन करता है। अवमोदर्य, उपवास, रसपरित्याग, वृत्तिपरिसंख्यान, कायक्लेश व विविक्त शय्यासन इन छः तपों को तथा स्वाध्याय, प्रायश्चित, वैयावृत्य, व्युत्सर्ग, विनय और ध्यान इन छः प्रकार के अन्तः तपों को करता है। इनके करने से मैत्री, प्रमोद, कारुण्य और माध्यस्थ भावनाओं को भाते हुए साधक बहिरात्मा व अन्तरात्मा का ध्यान करते हुए परमात्मा बन जाता है। बौद्ध साधना में इस विकास को स्रोतापत्ति, सकृदागामी, अनागामी और अर्हत् पद प्राप्ति के रूप में दिखाया है।

परमपद की प्राप्ति के लिए जैन साधक समाधि का अवलम्बन लेता है। चित्त की एकाग्रता समाधि है।[1] सूत्रकृताङ्ग में समाधि के दश भेद कहे गये हैं, जो पञ्चव्रत और पञ्चसमिति से मिलते-जुलते हैं। इसी को योग कहा जा सकता है। योगविन्दु में योगफल की प्राप्ति के पाँच सोपान बतलाये गये हैं।

१. व्रतादि के माध्यम से कर्मों पर विजय पाना
२. भावना-प्राप्ति
३. ध्यान-प्राप्ति
४. समता-प्राप्ति, और
५. सर्वज्ञत्व की प्राप्ति

योग का मुख्य लक्ष्य सम्यग्दृष्टि को प्राप्त करना है। इस दृष्टि का विकास योगदृष्टिसमुच्चय में आठ तरह से दिया गया है—मित्रा, तारा, बला, दीप्रा, स्थिरा,

१. सर्वार्थतैकाग्रतपोः समाधिस्तु क्षयोदयौ।
तुल्यावेकाग्रता शान्तोदितौ च प्रत्ययाविह॥
अभिधानराजेन्द्रकोष खण्ड ७. पृ० ४२०

कान्ता, प्रभा और परा। योगी को इस विकास तक पहुँचने के लिए तीन स्थितियों को पार करना पड़ता है—

१. इच्छायोग (प्रमाद के कारण योग में असावधान हो जाना)

२. शास्त्रयोग (शास्त्र का योग-प्राप्ति में अनुसरण करना),

३. सामर्थ्य योग (शास्त्रयोग की प्राप्ति के बाद आत्मा की विकसित शक्ति)

उक्त आठ दृष्टियों की तुलना यम, नियमादि से की जा सकती है। ये दृष्टियाँ क्रमशः खेद, उद्वेग, क्षेप, उत्थान, भ्रान्ति, अन्यमुद्, रुक् एवं असङ्ग से रहित हैं और अद्वेष, जिज्ञासा, सुश्रूषा, श्रवणबोध, मीमांसा, परिशुद्धि, प्रतिपत्ति व प्रकृति सहगत हैं। ऋद्धि-सिद्धि आदि की प्राप्ति योग व समाधि के माध्यम से ही होती है।

योगी साधक जैसे-जैसे विकास करता जाता है, वैसे-वैसे उसे अन्तः-बाह्य जीवन में विविध सिद्धियाँ स्वभावतः प्राप्त होती जाती हैं। जैन वाङ्मय में अणिमा, महिमादि सिद्धियों का उल्लेख है। आमोसहि आदि २८ लब्धियों का भी विस्तृत विवेचन मिलता है। आमोसहि, विप्पोसहि, खेलोसहि, जल्लमोसहि, सम्भिन्नसोय, उजुमह, सब्बोसहि, चारण, आसीविस, केवली, मणनाणिणों आदि लब्धियाँ प्रमुख हैं। बौद्ध परम्परा में लब्धियों के स्थान पर पडभिज्ञाओं का वर्णन मिलता है। वहाँ कुछ ऋद्धियों का भी वर्णन है—अधिष्ठान, विकुर्वण, मनोमय, ज्ञानविस्फार, समाधिविस्फार, आर्य-ऋद्धि, कर्मविपाकज, विद्यामय, सिद्धयर्थं। पटिसम्भिदामग्ग में भी इनका वर्णन आया है। छन्द, वीर्य, चित्त और मीमांसा ये ऋद्धि के चार पाद विशारदता की प्राप्ति की दिशा में योगी को आगे बढ़ाते हैं। आलस्य, औद्धत्य, राग, द्वेष, निश्रय, प्रतिबन्ध, कायराग, क्लेश आदि सोलह कारणों में चित्त प्रकम्पित हो जाता है, अतः ऐसे कारणों को दूर रखना चाहिए और उन पर विजय प्राप्त करना चाहिए।

त्रिपिटक, अट्ठकथाओं तथा विशुद्धिमग्ग आदि ग्रन्थों में विभिन्न ऋद्धियों का वर्णन किया गया है। एक से अनेक होना, प्रकट तथा अन्तर्धान होना, दीवाल, प्राकार, गृह, विहार, पर्वत आदि के पार जाना। पृथ्वी में गोता लगाना, जल पर चलना, आकाश से जाना, चन्द्र सूर्य का स्पर्श करना, ब्रह्मलोक गमन, दूरस्थ को समीपस्थ करना, बहुत को थोड़ा करना, थोड़े को बहुत करना आदि। इनमें कुछ विकुर्वण और कुछ मनोमय ऋद्धियाँ हैं।

बौद्ध साधना, जैन साधना के काफी निकट है। उसमें शील, समाधि और प्रज्ञा का विवेचन है, जिसमें शील और समाधि का अन्तर्भाव सम्यग्चारित्र में किया

जा सकता है। प्राणातिपातादि से विरक्त रहने वाली मानसिक अवस्था को शील कहते हैं। पाणातिपातादीहि वा विरमन्तस्य वत्तपटिपत्ति वा पूरेन्तस्य चेतनादयो धम्मा।[1] यह शील मुख्यतः चार प्रकार का है—प्रतिमोक्षसंवरशील (आचरण और गोचरण में पवित्रता) इन्द्रियसंवरशील (इन्द्रियसंयमी होना) आजीवपरिशुद्धिशील (सङ्घादिशेष पाचित्तिय आदि दोषों से दूर रहना) और प्रत्ययसन्निश्रितशील (चीवर आदि प्रत्ययों का प्रज्ञा पूर्वक उपयोग करना) इसी प्रकार चार प्रकार की शुद्धियाँ भी बताई गई हैं—देशनाशुद्धि, संवरशुद्धि, पर्येष्टिशुद्धि और प्रत्यवेक्षणशुद्धि। जैन धर्म में कथित बारह व्रतों के भीतर ये शुद्धियाँ और शील समाहित हो जाते हैं।

साधना में और अधिक दृढ़ता लाने के लिए भगवान् बुद्ध ने तेरह प्रकार के नियम और बनाये हैं जिन्हें धुताङ्ग कहा गया है। इससे राग और मोह सम्पूर्णतः धुल जाता है - पांशुकूलिक, त्रैचीवरिक (तीन चीवर स्वीकार करना), पिण्डिपातिक (उद्दिष्ट, निमन्त्रित आदि भोजन ग्रहण न करना), सापदानचारिक (ईर्या समिति पूर्वक चलना) एकासनिक (एक आसन पर बैठकर एक बार भोजन करे) पात्रपिण्डिक (भोजन के लिए एक ही पात्र ग्रहण करना) खलुपच्छाभत्तिकाङ्ग (अतिरिक्त भोजन नहीं करना) अरण्याङ्ग (जङ्गल में वास करना) वृक्षमूलकाङ्ग (वृक्ष के नीचे रहना) अभ्यवकाशिकाङ्ग (उन्मुक्त आकाश में रहना) श्मशानिकाङ्ग (श्मशान में रहना) यथासंस्थरिकाङ्ग (तृण शय्या को स्वीकार करना) और नैषद्याङ्ग (चङ्क्रमण करना) इन धुताङ्गों में समिति, संयम, भूशयन, एक भक्त आदि जैन मुनि चर्या दिखाई देती है।

इसके बाद बौद्ध भिक्षु समाधि पालन करने की दिशा में आगे बढ़ता है। कुशलचित्त की एकाग्रता को समाधि कहा है—कुशलचित्तैकाग्रता समाधिः। जैनधर्म में भी समाधि का यहीं लक्षण है—समाधानं समाधिः। अथवा सर्वार्थतैकाग्रता समाधिः। बौद्ध साधना में समाधि के लिए चेतोसमाधि, चेतोविमुत्ति, चेतोसमथ, चित्तभावना, चित्त-विसुद्धि, अधिचित्त, विपस्सना, ज्ञान भावना ओर योग, कम्मट्ठाण, पधान, आरम्मण और निमित्त जैसे शब्दों का भी प्रयोग साधारणतः समान अर्थ में हुआ है।

शील और पारिशुद्धि से समन्वित होकर भिक्षु दस विघ्नों (परिबोधों) को दूर करता है—आवास, कुल, लाभ, गण, कर्म, मार्ग, प्रीति, रोग, ग्रन्थ और ऋद्धि।

---

१. विसुद्धिमग्ग पृ० ४।

तदनन्तर कर्मस्थान देने वाले कल्याण मित्र के समीप जाकर वह अपनी चर्या के अनुकूल चालीस कर्मस्थानों में किसी एक कर्मस्थान को ग्रहण कर समाधि भावना के अयोग्य विहार को त्यागकर योग्य विहार में विहार करते हुए भावना करता है। चालीस कर्मस्थान ये हैं - दसकसिण, दस अशुभ, दस अनुस्मृतियाँ (बुद्ध, धर्म, सङ्घ, शील, त्याग, देवता, मरण, काय, आनापान व उपशम) चार ब्रह्मविहार (मैत्री, करुणा, मुदिता और उपेक्षा) चार आरूप्य, एक संज्ञा और एक व्यवस्थान। इसमें दस अनुस्मृतियों को तुलना—द्वादशानुप्रेक्षा से और चार ब्रह्म-विहारों की तुलना चार भावनाओं से की जा सकती है।

कसिण का अर्थ कृत्स्न अर्थात् समस्त। यह शब्द विशेषण और संज्ञा दोनों रूपों से उपयुक्त है। मण्डल, निमित्त और ध्यान के अर्थों में भी इसका प्रयोग हुआ है। कसिण के सन्दर्भ में भिक्षु अपने ध्यान के लिए निम्नलिखित विहारों का उपयोग नहीं करते—महाविहार, नवविहार, जीर्ण विहार, फल विहार, प्याऊयुक्त विहार, शाकपण्य विहार, पुष्पयुक्त विहार, मार्गनिश्रित विहार, पूजनीय स्थान, नगराश्रित विहार, दारुसन्निश्रित विहार, क्षेत्रयुक्त विहार, अयोग्य व्यक्तियों से युक्त विहार, बन्दरगाह के समीपस्थ विहार, निर्जन प्रदेशस्थ विहार, प्रत्यन्तनिश्रित, प्रतिकूल और कल्याणमित्रों का अलाभ वाला विहार।

जैन भिक्षु को भी ऐसी वसति त्याज्य बतायी है, जहाँ गन्धर्वों का वास हो, गजशाला, अश्वशाला अथवा कुम्भारगृह हो, अग्निवादित्र कर्म करने वाले हों, राजमार्ग, पुष्पवाड़ी आदि हों। शुभ-ध्यान के लिए बाधक स्थानों को यहाँ परिवर्जनीय माना है।

गन्धव्वणट्टजट्टा सच्चक्कजंतग्गिकम्मपुरुसे य।
णत्तियरजयापाडहि, य डोंबणडरायमग्गो य॥
चारण कोट्टयकल्लालकरकच्चे पुप्फोदयसमीवे य।
एवंविधवसधीए, होज्ज समाधिस्साघादो॥[1]

योग्य विहार में पहुँच कर कल्याणमित्र अथवा आचार्य के पास पहुँचता है। उनके अनुशासन में रहकर वह अलोभ, अद्वेष, अमोह, नैष्क्रम्य, प्रविवेक और निःसरण इन छः अध्याशयों से बोधि का परिपाक करता है। आचार्य यथावसर भिक्षु की चर्या की परीक्षा करता है। चर्या संक्षेपतः छः हैं—रागचर्या, द्वेषचर्या, मोह-

१. भगवती आराधना, ६३६-६३७।

चर्या, श्रद्धाचर्या, बुद्धिचर्या और विवेकचर्या। पात्रता सिद्ध होने पर उपचार और अर्पणा समाधि के माध्यम से वह चित्त की एकाग्रता प्राप्त कर ध्यान करता है। तदर्थ आवास, गोचर, वार्त्तालाप, व्यक्ति, भोजन, ऋतु और ईर्यापथ इन सात विपरीत बातों का त्याग करता है।[1] स्मृति (सतत जागरूकता) धर्म-विजय (सत्य जिज्ञासा), वीर्य (धर्माभ्यास में उत्साह), प्रीति (एकाग्रताजनित चित्त का आह्लाद), प्रश्रब्धि (चित्त की परम शान्ति), समाधि (अकम्प्य एकाग्रता) और उपेक्षा (चित्त के सुख-दुःख का अभाव) इन सम्बोध्यङ्गों का पालन करता है। साथ ही वितर्क, विचार, प्रीति और सुख इन चार ध्यानों को प्राप्त करता है। ये चारों ध्यान जैनधर्म के धर्मध्यान और शुक्लध्यान के विस्तृत रूप हैं।

ध्यान के सन्दर्भ में बौद्ध भिक्षु छः अनुस्मृतिपूर्वक केश, लोम, नख, दाँत, त्वक्, मांस, स्नायु, अस्थि, मज्जा, वृक्क, हृदय, यकृत, क्लोम, प्लीहा, मल, मूत्र, पित्त, कफ, पीब, स्वेद, मेद, थूँक, लसिका आदि गुण वाले काय की अनित्यता पर विचार करता है। यह जैनधर्म के द्वादशानुप्रेक्षा का एक रूप है। तदनन्तर भिक्षु आचार्य के पास जाकर उग्गहपरिपुच्छा, उपट्ठान, अप्पणा और लक्खण इन पाँच सन्धियों द्वारा कर्मस्थानों को सीखता है। तत्त्वार्थसूत्र में वाचना, पृच्छना, अनुप्रेक्षा, आम्नाय और धर्मोपदेश ये स्वाध्याय के ५ भेद बताये गये हैं, जिनका पालन जैन भिक्षु को करना पड़ता है।[2] चार ब्रह्मविहार जैनधर्म की व्रतधारी सम्यग्दृष्टि की चार भावनाएँ हैं।[3]

आनापान स्मृति आदि पूर्वक बौद्ध साधक योग साधना करता है और फलस्वरूप विविध लौकिक अभिज्ञाओं एवं ऋद्धिओं को प्राप्त करता है। पश्चात् वह आध्यात्मिक और बाह्य रूप का चिन्तन करता हुआ शमथ भावना के बाद विपस्सना की वृद्धि करता है। उसके बिना अर्हत् पद की प्राप्ति नहीं होती। विपस्सना को लोकोत्तर समाधि भी कहा है। पूर्वकथित शील, चित्तादि सप्त विशुद्धियों द्वारा इसकी प्राप्ति होती है। निर्वाण प्राप्ति का थेरवाद बौद्धधर्म के अनुसार यही मार्ग है।

महायान में बुद्धत्व की प्राप्ति ही चरम उद्देश्य माना गया है। इसकी प्राप्ति के लिए साधक प्रज्ञापारमिता प्राप्त करने का प्रयत्न करता है। इस पारमिता तक पहुँचने

१. आवासो गोचरो भस्सं पुग्गलो भोजनं उतु।
इरियापथो 'ति सत्तेते असप्पाये विवज्जये॥ विसुद्धिमग्ग, परिच्छेद ४।
२. वाचनापृच्छानुत्प्रेक्षाऽऽम्नायधर्मोपदेशाः। तत्त्वार्थसूत्र ९.२५
३. मैत्रीप्रमोदकारुण्यमाध्यस्थ्यानि च सत्त्वगुणाधिकक्लिश्यमानविनयेषु। वही ७-११।

के लिए उसे असङ्ग के अनुसार दस भूमियों को पार करना पड़ता है—प्रमुदिता, विमला, प्रभाकरी, अर्चिष्मती, सुदुर्जया, अभिमुखी, दूरङ्गमा, अचला, साधुमती और धर्ममेघा।[1]

उत्तरकालीन बौद्धसाधना तान्त्रिकसाधना के रूप में विकसित हुई। आटानाटीय सुत्त (दीघनिकाय) इसका आधार माना गया है। तन्त्रपिटक में विविध अलौकिक बातों के साथ एकाभिप्राय से मैथुन-सेवन को भी धर्म स्वीकार किया गया।[2] महायान के इसी विकसित स्वरूप को मन्त्रयान कहा गया है। मन्त्रयान से वज्रयान, सहजयान, कालचक्रयान के रूप में बौद्ध साधना-धारा प्रवर्तित होती रही। इन सभी शाखाओं में मन्त्रमार्ग का ही प्राधान्य रहा। इसे तान्त्रिक धारा भी कहा जाता है। इसका मूल लक्ष्य विमोक्ष प्राप्त करना है। इससे आनन्द, परमानन्द, विरमानन्द तथा सहजानन्द अवस्था का भान होता है। सम्पूर्ण बौद्ध तान्त्रिक साधना का विकास यहीं से प्रारम्भ होता है।

इस प्रकार जैन साधना और बौद्ध साधना के तुलनात्मक अध्ययन से यह स्पष्ट होता है कि दोनों सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान एवं सम्यक्चारित्र को लगभग समान महत्त्व प्रदान करती हैं।[3] समाधि, विनय, तप आदि के प्रकार भी उनमें कुछ मिलते-जुलते हैं। बौद्ध साधना चूँकि जैन साधना से उत्तरकालीन है और बुद्ध ने चूँकि जैन साधना का कुछ समय तक अनुगमन किया है, इसलिए यह स्वाभाविक है कि बौद्ध साधना जैन साधना से विशेष प्रभावित रहे एवं अपेक्षाकृत व्यवस्थित प्रतीत हो। आवश्यक यह है कि योग साधना के हर पहलू का अध्ययन तुलनात्मक दृष्टि से किया जाना चाहिए। इस लघुकाय निबन्ध में यह सम्भव नहीं था, इसीलिए दोनों साधनाओं का मात्र दिग्दर्शन कराने का प्रयत्न किया गया है।

● ● ●

---

१. महायानसूत्रालङ्कार, ३४; कथावत्थु २३–१।

२. कथावत्थु २३–१।

३. णाणम्मि दंसणम्मि य तवेण चरियेण सम्मसहिएण।
चउण्हं पि समाजोगे सिद्धा जीवा ण संदेहो॥ षट्प्राभृत, १.३२।

कमलकुलिश योग तथा सुरतशब्द योग

डा० राममूर्ति त्रिपाठी

आध्यात्मिक साधनाओं को बौद्धिक स्तर पर कुछ दूर तक ही कहा जा सकता है, उसका धाराभेद से व्यावृत्तरूप अपनी समग्र प्रामाणिकता में सम्बद्ध धारा का पारङ्गत मर्मी ही स्पष्ट कर सकता है। कारण, एक तो साधनाओं की कोई सीमा नहीं है, दूसरे भावनामय होने के कारण वैयक्तिक और रहस्यमय भी है। प्रस्तुत सन्दर्भ में तान्त्रिक बौद्धों के 'कमलकुलिश योग' तथा सन्तों के 'सुरतशब्द योग' की तुलनात्मक विवेचना प्रतिज्ञात है। सबसे पहली बात दोनों साधना-धाराओं के विषय में यही ध्यान देने की है कि जैसे कमल एवं कुलिश के योग में अपेक्षित पद्धतियाँ अनेक हैं, उसी प्रकार वाग्योग के अनेक प्रकारों में उल्लेख्य सुरतशब्द योग भी भिन्न-भिन्न सरणियों से सम्पाद्य है। दूसरे, दोनों ही साधनाएँ तान्त्रिक अथवा आगमसम्मत हैं।

दोनों ही साधनाओं का साध्य सहज है और वह अपनी मूल प्रकृति में द्वयात्मक अद्वय है। पहले का सहज यदि प्रज्ञा और उपाय अथवा कमल और कुलिश का समरसरूप है तो दूसरे का सहज, मालिक और मौज अथवा सुरति और शब्द का। पहले के लिये जो **'शून्यताकरुणाभिन्नं बोधिचित्तं तदुच्यते'** की घोषणा करता है—विशेष उद्धरण देने की आवश्यकता नहीं है, उनकी धारणा स्पष्ट है। दूसरे की धारणा का स्पष्टीकरण राधास्वामी मत में प्रचलित निम्नलिखित दोहे से स्पष्ट हो जाता है—

कबीर धारा अगम की सद्गुरु दई लखाय।
उलट तमहिं सुमिरन करो स्वामी सङ्ग लखाय॥

मालिक की मौज ही अधोमुखी होकर विश्वात्मक प्रसार पा चुकी है, यदि इसे उलट दिया जाय तो वह मौज की धारा राधा बन जायगी और स्वामी से एकरस हो जायगी।

उक्त दोनों धाराओं में प्रचलित साधनापरक संज्ञाओं के भी तुलनात्मक स्वरूप के पर्यालोचन से इसी तथ्य की सिद्धि होती है। तान्त्रिक बौद्ध साधना के

लिये कमलकुलिश योग तथा सन्तों की साधना के लिये सुरतशब्द योग जैसी संज्ञाएँ प्रचलित हैं। कमल और कुलिश क्रमशः मूल तत्त्व के ही दो पक्षों स्त्रीत्व एवं पुंस्त्व का बोध कराते हैं। धामपाद ने कहा है—कमल कुलिश माँझे भइ मिअली। मध्य-मार्ग के विकास से पूर्व दोनों विरुद्ध दिशाओं में प्रवाहित हैं, पर मध्यविकास होने पर अवधूती में उनका समरस एवं एकोन्मुख प्रवाह हो जाता है। इसी प्रकार उपर्युक्त दोहे में भी मालिक की मौज या धारा को उलट कर स्वामी से एकरस होने की बात कही गई है। प्राणसंगली के भूमिका लेखक श्री सन्त सम्पूर्णसिंह ने भी कहा है—विदित रहे कि ''सबकी क्रिया की आनुभाविक प्रकाशक निजरूपिणी शक्ति, जो हमारे भीतर है, उसे सुरति कहा जाता है। इसी सुरतिरूपिणी शक्ति का शब्द से योग कराया जाता है। सारवचन व वार्तिक भाग दो में कहा गया है—सब पसारा शब्द का है और सुरत शब्द का अंश है। उन लोगों की धारणा है 'हकीकत में शब्द सारे हैं पर जब से सुरत पिण्डों में उतरी है तब से बाहर मुख हो गई है', वैदिक धर्मा-नुयायी भी इस तथ्य से सहमत हैं—**'वागेव विश्वभुवनानि प्रज्ञे'**। स्वामी श्री प्रत्य-गात्मानन्द ने द्रष्टव्यमात्र को शक्तिव्यूह कहा है—यह शक्तिव्यूह जिस स्पन्दनशीलता से संवलित रहता है, वह यदि किसी भी निरतिशय श्रवणसामर्थ्य द्वारा शब्दरूप में गृहीत हो, तब वही शब्द उस द्रव्य का स्वाभाविक नाम अथवा बीजमन्त्र है। इस बीजमन्त्र में अपने द्रव्य अथवा अर्थ को गढ़ लेने की क्षमता होती है। इसीलिये द्रव्यमात्र के मूलरूप शक्ति को ध्वन्यात्मक कहा गया है। सन्तों ने बहुत ही सीधे सादे ढंग से कह दिया है—

> **"शब्द सुरति अरु निरति मिलि कहिबे को है तीन।**
> **निरति उलटि सुरतहिं मिलै सुरति शब्द लवलीन॥"**

इन सबसे इतना तो स्पष्ट ही है कि सुरति एवं शब्द अन्ततः एक ही है।

पाँचवीं समानता यह भी है कि जिस मानस ऐकाग्र्य अथवा चित्त-स्थैर्य के बिना कोई अध्यात्मसाधना हो नहीं सकती, उसके लिये दोनों ही विराग नहीं, राग, कृच्छ्र नहीं सहज मार्ग अपनाने की बात करते हैं। यदि कमलकुलिश योगी तान्त्रिक बौद्ध **'रागेण बद्धचते लोको रागेणैव विमुच्यते'** कहता है, तो सुरत शब्द योगी सन्तजन—

> **"काम मिलावै राम को जो कोइ जानै भेव।"**

की घोषणा करता है। अभिप्राय यह है कि दोनों ही रागमार्गी अथवा सहजमार्गी हैं।

तुलना में समानता के साथ असमानता की बात भी उठ सकती हैं, अतः दोनों साधनाओं में से जहाँ तक कमलकुलिश योग की बात है, वह विन्दु साधना को महत्त्व देती है। वास्तव में बद्ध जीवात्माओं के मन, प्राण एवं शुक्र तीनों ही चञ्चल होते हैं और तीनों इस प्रकार परस्पर सम्बद्ध हैं कि इनमें से किसी एक के स्थिर होने से शेष दो लगभग निष्प्रयास ही स्थिर हो जाते हैं। मन को स्थिर करने में श्वास अपने आप रुक जाती है। प्राण को मन का पलना तक इसी आशय से कहा गया है। साधकगण इन्हीं तीनों में से किसी एक पर बल देते हैं और उसी की प्रधानतया साधना करते हैं। तान्त्रिक बौद्ध मानते हैं कि चित्त ही एक तत्त्व है—जो शून्यता स्वभाव है। वही संवृत दशा में शुक्र है और पारमार्थिक दशा में बोधिचित्त। चित्त या संवृतचित्त को ही बोधिचित्त के रूप में परिणत करना, महाराग, महासुख, निवारणप्रकाश, अनुत्तरबोधि या बुद्धत्व की उपलब्धि है। बोधिचित्त ही निम्नगामी होकर अन्नमय देह में शुक्र बन गया है। और यही जब और अधःस्खलित होता है तब भौतिक देह की सृष्टि होती है। साधक इसी शुक्र का ऊर्ध्वंगामी सञ्चार करता है। अधोगामी रूप मे यह चञ्चल तथा संवृत रहता है। और ऊर्ध्वंगामी होकर स्थिर तथा विवृत्त। पहले प्रज्ञा तथा उपाय के योग से विन्दु का उद्भव होता है, यही बिन्दुक्षोभ है, जो बोधिचित्त का उद्भव है। इसे ही कुण्डलिनी का जागरण कहा जाता है। उद्बुद्ध विन्दु कहीं वज्रमणि में स्खलित न हो जाय, फलतः उसे निर्माणचक्र में धारण करना पड़ता है। पर यह निरोध कृत्रिम निरोध है। इस चक्र में स्थित शुक्र क्षिति, जल, पावक, समीर एवं गगन पञ्च भूतात्मक होता है। ऊर्ध्वंसञ्चार के क्रम में उत्तरोत्तर क्षिति का जल में, जल का अग्नि में, अग्नि का वायु में और अन्ततः वायु का गगन में विलय हो जाता है। फलतः गगनोपम विन्दु स्थिर हो जाता है। उष्णीष चक्र में इसका स्थिर होना ही महासुख दशा की उपलब्धि है।

इस रहस्यमय साधना के आरम्भ करने के लिये साधक उपयुक्त गुरु एवं प्रज्ञा की तलाश में रहता है। गुरु का महत्त्व दोनों ही धाराओं में परमात्मा से भी अधिक माना गया है, पर प्रज्ञा या नारी की अपेक्षा, इस धारा की अपनी विशेषता है। बिना दीक्षा के सत्यज्ञान का उदय नहीं होता और बिना अभिषेक के उस ज्ञान का सञ्चार नहीं होता। यह अभिषेक पारमार्थिक और संवृत्त दो रूप का होता है। संवृत भी दो प्रकार का है—पूर्व एवं उत्तर। पारमार्थिक अभिषेक ही अनुत्तर अभिषेक कहा गया है। कलश, प्रज्ञा एवं अनुत्तर सेक का प्रयोग विन्दु के आरोह एवं अवरोह पूर्वक समाप्य आवर्तन में होता है। कुण्डलिनी का भी आरोहावरोहपूर्वक

आवर्तन होता है। जैसे ब्राह्मणतन्त्रों में जड-त्याग पूर्वक चिदुपलब्धि या आरोह के बाद पुनः अवरोहण में त्यक्त का चिन्मयीकरण होता है, फलतः यात्रा पूरी होती है—ठीक यही स्थिति यहाँ भी है।

उपाय का अत्यधिक विस्तार गुह्यसमाजतन्त्र में उपलब्ध होता है। उपाय है—सेवा, उपसाधन, साधन एवं महासाधन। सेवा भी दो प्रकार की है—सामान्य और उत्तम। उत्तम सेवा में ही षडङ्ग का स्थान है, जिसका प्रयोग बिन्दु के ऊर्ध्व-सञ्चार में विशेष रूप से होता है।

अभिषेक के अनन्तर साधक गुरु के निर्देशन में मण्डल के भीतर प्रज्ञा के साथ प्रवेश करता है और योग का रहस्यात्मक अंश आरम्भ हो जाता है। आसन, बन्ध तथा मुद्रा आदि के द्वारा गुह्याङ्गों के बीच की नसें और नाड़ियाँ अपेक्षित सङ्कोच और प्रसार प्राप्त करती हैं, ताकि उनके द्वारा बिन्दु का ऊर्ध्वसञ्चार किया जा सके। षडङ्ग योग में सर्वाधिक महत्त्व प्राणायाम का इसीलिए स्पष्ट है कि उसी के द्वारा प्राण एवं अपान की विरोधी धाराओं को एकोन्मुख कर मध्यमार्ग में सञ्चरित किया जाता है और इसी के द्वारा गुरुनिर्दिष्ट क्रम से बिन्दु ऊपर की ओर सञ्चारित होता है। उत्तर सेक तथा अनुत्तर सेक से उसे जब नीचे उतारा जाता है तब उसमें इतनी स्थिरता आ जाती है कि निर्माणचक्र से उतर कर भी वज्रमणि में स्खलित नहीं होता। इस विन्दु से जिस दिव्य देह की उपलब्धि होती है, उसी से सहजानन्द धारण किया जाता है।

षडङ्ग के अन्तर्गत अन्य अङ्गों के अतिरिक्त चार चक्र, चार मुद्रा, चार क्षण, चार आनन्द एवं चार कार्य की भी विशिष्ट चर्चा इस सन्दर्भ में विचारणीय है।

सुरतशब्द योग का वैशिष्ट्य यह है कि यह मार्ग उक्त मार्ग की अपेक्षा सरल है, यद्यपि उक्त मार्ग भी हीनयान, महायान एवं वज्रयान को अपेक्षा सरल है। यहाँ प्रज्ञा (नारी) की आवश्यकता नहीं है। तान्त्रिक बौद्ध साधना का आरम्भ नाभिचक्र से करते हैं, सन्तों ने सहस्रदल कमल या त्रिकुटी से किया है। इन लोगों की यह धारणा है कि सबसे ऊँचा स्थान अनामी अथवा अकह है। इसी स्थान से मालिक की मौज उठी और शब्दरूप होकर नीचे उतरी। वहीं से चलकर सुरत भी भिन्न-भिन्न स्थानों से होती हुई ब्रह्माण्ड में फैली और पिण्ड में उतरी। अनामी-सत्तलोक सुन्न-त्रिकुटी-सहसदल-कमल। सत्तलोक से दो स्थान छोड़कर सुन्न या दसमद्वार है। इस प्रकार सत्तलोक से सहस्रदल कमल तक पाँच प्रकार के शब्द हैं। पाँचवाँ शब्द सत्तलोक में है और उससे परे जो शब्द की धारा है, वह अनिर्वाच्य है। इन्हीं शब्दों की धुन पकड़कर सुरत या रूह ऊपर चढ़ती है।

सत्तलोक से सहस्रदल कमल तक छह स्थान आसमानी हैं और उन्हीं की प्रतिच्छाया के रूप में पिण्ड के अन्तर्गत भी छह स्थान हैं, उन्हीं को चक्र कहा जाता है। पहला चक्र दोनों आँखों के पीछे है और यही सुरत अर्थात् रूह का वास माना जाता है। सुरत शब्द योग में इसीलिये इसी स्थान से साधना का आरम्भ होता है। माना गया है कि मानव मात्र के दोनों नेत्रों में आठ अवयव हैं—प्रत्येक में चार-चार अंश हैं—उज्ज्वल तारिका, काली पुतली, छोटी पुतली तथा उसके भीतर स्थिर सुई के छेद के समान चमकीला सूक्ष्म विन्दु। इसी को अग्रदृष्टि या अग्रनख कहा जाता है। सुरत इसी रूप में परिणत होकर अष्टदल कमल का भेदन करती हुई लक्ष्य की ओर बढ़ती है। सुरति जितनी ही अग्रनख के भीतर की ओर अग्रसर होती है, मन उतना ही स्थिर होता है। सुरति अपनी मात्रा में वङ्कनाल से होती हुई धुँधले मण्डल को पार करती है और फिर महाशून्य के छोर पर स्थित भ्रमरगुहा, जो सत्यराज का प्रवेश द्वार है, में प्रवेश करती है। योगीगण यहाँ से विशुद्ध शब्द सुन पाते हैं। इस मार्ग को विहङ्गम मार्ग कहा जाता है—फलतः इसकी तुलना में उसे पिपीलिका मार्ग कहा जा सकता है।

इस प्रकार कमलकुलिश योग तथा सुरत शब्दयोग की असाधारण विशेषताओं के साथ सामान्य विशेषताओं का यथासम्भव उल्लेख किया गया।

• • •

निरोधसमापत्ति

डॉ० महेश तिवारी

बौद्ध साधना तीन पादों से उपेत है। वे तीन पाद हैं – शील, समाधि तथा प्रज्ञा। शील के द्वारा कायिक तथा वाचसिक अध्याचारों का निषेधन[1], समाधि द्वारा चित्तचाञ्चल्यराहित्योपलब्धिकरण,[2] तथा प्रज्ञा द्वारा धर्मस्वभावप्रतिवेधन एवं निर्वाण का साक्षात्करण इष्ट है।[3] इस क्रम से आनुपूर्विक आध्यात्मिक विकासोन्मुखता द्वारा यह साधना चरम लक्ष्य के अधिगम पर प्रकाश डालती है।

इस साधना में निरोधसमापत्ति एक यौगिक अवस्था है। यह न तो शील के अन्तर्गत है, न समाधि के, न प्रज्ञाभावना के; वरन् प्रज्ञाभावना से उपलब्धसमर्थता से प्राप्य एक प्रकार की लोकोत्तर समाधि है। इस दृष्टि से ही इसे शमथ एवं विपश्यना के युगनद्ध साहाय्य से जनित अवस्था भी कहा जाता है।[4] यह सत्य है कि लोकोत्तर भूमि में योगावचर द्वारा रूप ध्यान तथा अरूप ध्यान का अभ्यास भी किया जाता है, तथा उस कारण वे लोकोत्तर ध्यान कहे जाते हैं, तथापि यह अवस्था उनसे भिन्न है। इसकी भिन्नता दो रूपों में देखी जा सकती है। प्रथम यह कि यह चित्त की सूक्ष्मता-प्रसङ्ग में रूप तथा अरूप ध्यानों से ऊपर की अवस्था है[5], तथा द्वितीय यह कि इसका अभ्यास कुछ विशिष्ट योगावचरों द्वारा ही सुलभ है।[6]

---

१. दुस्सील्यविद्धंसनता, अनवज्जगुणो तथा।
किच्चसम्पत्ति-अत्थेन, रसो नाम पवुच्चति ॥ वि० म० ५.

२. विक्खेपविद्धंसनरसो। वि० म० ५७।

३. धम्मसभावपटिवेधलक्खणा पञ्ञा। वि० म० ३०५।

४. यो पन उभयवसेनेव उस्सक्कित्वा पुब्बकिच्चं कत्वा नेवसञ्ञानासञ्ञायतनं निरोधेति, सो तं समापज्जति। वि० म० ५०१.
सञ्ञावेदयितनिरोधसमापत्तिया द्वे धम्मा बहूपकारा समथो च विपस्सना चा ति। सं० नि० ३, १६१-६३।

५. सब्बसो नेवसञ्ञानासञ्ञायतनं समतिक्कम्म सञ्ञावेदयितनिरोधं उपसम्पज्ज विहरति। म० नि० २.२३६.

६. अट्ठसमापत्तिलाभिनो पन अनागामिनो खीणासवा च समापज्जन्ति। सब्बे पि पुथुज्जना, सोतापन्ना सकदागामिनो, सुक्खविपस्सका च अनागामि-अरहन्तो न समापज्जन्ति। वि० म० ४९९.

निरोधसमापत्ति का अर्थ पूर्ण निरोध की प्राप्ति है। निरोध का अभिप्राय यहाँ प्रवृत्तियों के निरोध से है। प्रवृत्तियाँ कायिक, वाचसिक तथा मानसिक त्रिविध होती हैं। इन्हें कायसंस्कार, वचीसंस्कार तथा चित्तसंस्कार कहा जाता है। इनमें आश्वास-प्रश्वास को काय-संस्कार, वितर्क-विचार को वची-संस्कार तथा संज्ञा, वेदना एवं अन्यान्य चित्तसम्प्रयुक्त धर्मों को चित्त-संस्कार जैसी अभिहिति देखी जाती है।[1] इन्हीं त्रिविध संस्कारों के पूर्णतः निरुद्ध हो जाने से जिस दशा की प्राप्ति होती है, वह निरोधसमापत्ति है। संज्ञावेदयितनिरोध भी इसी का नाम है।

निरोधसमापत्ति का अभ्यास सबके लिए सुलभ नहीं है। इसके लिए केवल अनागामी तथा अर्हन्त ही अधिकारी कहे गये हैं। उनमें भी भगवान बुद्ध के उपदेशों के श्रवणमात्र से अथवा ऐसे अन्य कारणों से अनागामिभाव या अर्हद्भाव को प्राप्त पुरुष भी इसका अभ्यास नहीं कर सकते हैं, वरन् अट्ठसमापत्ति के नाम से आख्यात चार रूप ध्यान तथा चार अरूप ध्यानों के लाभी तथा कामलोक एवं रूपलोक में स्थित अनागामी तथा अर्हत् ही इसके वास्तविक अधिकारी हैं।[2]

निरोधसमापत्ति के अभ्यास का एक नियम है। अभ्यास का अभीप्सु पहले अपने को मानसिक स्तर पर प्रबुद्ध करता है।[3] वह भोजनोपरान्त हस्तपादादि का प्रक्षालन कर अरण्य, गिरिकन्दरा या अन्य एकान्त स्थान में सुप्रज्ञप्त आसन पर ऋजुभूत काय से स्मृतिमान् हो आसीन होता है। इस प्रकार आसीन हो प्रथम रूप ध्यान का अभ्यास कर उससे उठ समस्त संस्कृत धर्मों के अनित्य, अनात्म तथा दुःखपूर्ण स्वरूप पर विचार करता है। इसके अनन्तर रूप ध्यान की अन्य अवस्थाओं का अभ्यास करते हुए अरूप ध्यान में जा आकिञ्चन्यायतन तक पहुँचता है। इस अवस्था की प्राप्ति के साथ वह कुछ क्षणों के लिए विराम लेता है। विराम के ये क्षण निरोधसमापत्ति के पूर्व सम्पाद्य पूर्वकृत्यों के लिए होता है।

पूर्वकृत्य में तीन अधिष्ठान तथा एक अवलोकन चार बातें होती हैं। प्रथम अधिष्ठान 'नानाबद्ध-अविकोपन' विषयक है। वह ऐसा अधिष्ठान करता है कि निरोध

---

१. तयो संखारा—कायसंखारो, वचीसंखारो, चित्तसंखारो ति। अस्सासपस्सासा कायसंखारो, वितक्कविचारा वचीसंखारो, सञ्ञा च वेदना च चित्तसंखारो। ठपेत्वा वितक्कविचारे सब्बे पि चित्तसम्पयुत्तका धम्मा चित्तसंखारो। यमक २.३.

२. वि० म० ४९९।

३. म० नि० १.३७२ सञ्ञावेदयितनिरोधं समापज्जन्तस्स भिक्खुनो एवं होति—'अहं सञ्ञा-वेदयितनिरोधं समापज्जिस्सं ति वा···, अहं सञ्ञावेदयितनिरोधं समापज्जामि वा···।

में प्रविष्ट अवधि में उसके काय, पात्र, चीवर, शयनासन आदि को अग्निदाह, उदक-प्रकोप, वायुसंक्षोभ या अन्य कारणों से कोई क्षति नहीं हो। द्वितीय अधिष्ठान 'संघपटिमानन' विषयक है। वह ऐसा अधिष्ठान करता है कि निरोध की अवधि में संघकार्य के लिए उसकी आवश्यकता होने पर वह किसी द्वारा बिना सूचना पाए ही उठ जाए। तृतीय अधिष्ठान "सत्थुप्पक्कोसन" विषयक है। उसका ऐसा अधिष्ठान होता है कि निरोध की अवधि में शास्ता द्वारा किसी देशना के प्रसङ्ग में उसकी आवश्यकता होने पर वह बिना बुलाये ही उठ जाय। अवलोकन का सम्बन्ध आयु-परिच्छेद से है। वह इस प्रकार अवलोकन करता है कि निरोध की अवधि तक उसकी आयु है अथवा नहीं। आयु अवशेष नहीं रहने पर वह मृत्यु को टाल नहीं सकता है तथा निरोध की अवस्था में मरण की सम्भावना भी इष्ट नहीं है। फलतः इन दो बातों के प्रकाश में वह आयु-परिच्छेद का अवलोकन करता है।[1]

इस प्रकार तीन अधिष्ठान तथा एक अवलोकन के उपरान्त व चतुर्थ अरूप ध्यान 'नैवसंज्ञानासंज्ञायतन' का अभ्यास करता है। यह चतुर्थ ध्यानिक चित्त केवल एक या दो बार प्रवृत्त होता है। इसके अनन्तर चित्त-चैतसिकों की प्रवृत्ति पूर्णतः निरुद्ध हो जाती है। इसमें भी पहले वचीसंस्कार, पुनः कायसंस्कार तथा अन्त में चित्तसंस्कार निरुद्ध होता है।[2] इन त्रिविध संस्कारों के निरोध से शरीर एवं मन की समस्त वृत्तियाँ पूर्णतः निरुद्ध हो जाती हैं। यह अवस्था इसी रूप में सात दिनों तक बनी रहती है। वह सचेतन पुरुष अचित्तक हो जडवत् दृष्टिगोचर होता है। निरोध की ऐसी दशा की सम्प्राप्ति ही निरोधसमापत्ति है।

निरोधसमापत्ति का अभ्यास सांवृतिक एवं पारमार्थिक दोनों दृष्टियों से अपूर्व फलदायक कहा गया है। इसके सांवृतिक पक्ष के सन्दर्भ में कहा जाता है कि निरोध की अवधि में उस पुरुष के काय तथा उससे सम्बद्ध उपकरणों को अग्निदाह, उदक-प्रकोप, वायुसंक्षोभ, शस्त्रप्रहार आदि से किसी प्रकार क्षति नहीं हो सकती है। पिटक तथा पिटकेतर ग्रन्थों में ऐसी अनेक घटनाओं का उल्लेख है, जिनमें निरोध-आपन्न भिक्षु को जला दिये जाने पर भी निरोध से उठने पर पूर्व रूप में बने रहने की चर्चा है।[3]

१. वि० म० ५०१–५०२।
२. सञ्ञावेदयितनिरोधं समापज्जन्तस्स पठमं निरुज्झति वचीसंखारं, ततो कायसंखारं, ततो चित्तसंखारं। म० नि० १–३७२।
३. म० नि० १.४०७–८।
वि० म० ५०१–२।

'निरोधसमापत्ति' से उत्थान का भी एक नियम है। अधिष्ठित अवधि की परिसमाप्ति पर क्रमशः चित्तसंस्कार, कायसंस्कार तथा वचीसंस्कार जाग उठते हैं। फलस्वरूप वह पुरुष भी प्रबुद्ध हो जाता है। जागरण के क्षण उसे जिस चित्त की उपलब्धि होती है, वह अनागामी फल या अर्हत् फल चित्त होता है। अनागामी के निरोधापन्न होने पर उत्थान के समय अनागामी फल चित्त की प्राप्ति होती है तथा निरोधापन्न अर्हत् को अर्हत् फल चित्त प्राप्त होता है।[1] इससे प्रकट होता है कि अनागामी तथा अर्हत् मार्गचित्त से निरोध में प्रवेश करते हैं तथा फल चित्त की उपलब्धि से उनका उत्थान होता है। यहाँ दर्शनीय तथ्य यह है कि एक क्षण में सहस्रों वार प्रवृत्त होनेवाला चित्त सात दिनों तक नितान्त निरुद्ध रहता है। इस दृष्टि से निरोध एवं उत्थान के क्षण के चित्तों का सम्बन्ध समनन्तर तथा अनन्तर प्रत्ययों से दर्शाया गया है।[2]

तब निरोध से उत्थानप्राप्त इस चित्त की दशा कैसी हो सकती है? यह चित्त अत्यन्त परिशुद्ध, विगत-उपक्लेश, अनङ्गण, मृदुभूत, कर्मण्य एवं स्थित हो जाता है। यह स्वभावतः निर्वाणोन्मुख हो उठता है। निर्वाण इसका आलम्बन हो जाता है। इसलिए इस चित्त को निर्वाणनिम्न, निर्वाणप्रवण तथा निर्वाण-प्राग्भार कहा गया है।[3]

यहाँ निरोधसमापत्ति के पूर्व, मध्य एवं अपर दशाओं का संक्षिप्त रूप देखा गया। अब उसकी निरोधापन्न दशा को लक्ष्य कर यह प्रश्न होता है कि इसका अनुभव की पृष्ठभूमि में परिदीपन कैसे किया जा सकता है? क्या यह गम्भीर निद्रा है? क्या यह ध्यान है? क्या इसे मृत्यु कहा जा सकता है? नहीं। यह निद्रा नहीं है, कारण निद्रा इन्द्रियों के शैथिल्यवशात् प्राप्त होती है। वहाँ स्वतः प्रवेश का प्रश्न नहीं। साथ ही निद्रा की अवस्था में चित्त तथा चैतसिक मिद्ध से उपहत होने के कारण प्रवृत्तिरहित होते हैं। पर निरोध की अवस्था में स्वयं प्रवेश होता है, चित्त क्लेशों से मुक्त रहता है तथा इसकी अप्रवृत्ति अनवरत साधनावश होती है।

१. अनागामिस्स अनागामिफलुप्पत्तिया, अरहतो अरहत्तफलुप्पत्तिया ति एतं द्वेधा बुट्ठानं होति। वि० म० ५०३।
२. निरोधा बुट्ठहन्तस्स नेवसञ्ञानासञ्ञायतनं कुसलं फलसमापत्तिया अनन्तरपच्चयेन पच्चयो। निरोधा बुट्ठहन्तस्स नेवसञ्ञानासञ्ञायतनं किरियं फलसमापत्तिया अनन्तर-पच्चयेन पच्चयो। पट्ठान० १.१२९।
३. सञ्ञावेदयितनिरोधसमापत्तिया बुट्ठितस्स मिक्खुनो विवेकनिन्नं चित्तं होति, विवेकपोणं, विवेकपब्भारं ति, म० नि० १.३७३।

इसे रूप या अरूप ध्यान भी नहीं कहा जा सकता है, कारण उन दोनों अवस्थाओं में रूपवान् तथा रूपविरहित आलम्बनों पर चित्त की एकाग्रता देखी जाती है। एकाग्रता के प्राप्तिप्रसङ्ग में चित्त-चैतसिकों में यत्न की अनुभूति होती है। पर 'निरोधसमापत्ति' की अवस्था में कोई आलम्बन नहीं रहता है तथा चित्त-चैतसिकों की एकान्ततः अप्रवृत्ति देखी जाती है।[1]

यह मरण भी नहीं है। कारण मृत्युसम्प्राप्ति से कायसंस्कार, वचीसंस्कार तथा चित्तसंस्कार निरुद्ध हो जाते हैं, आयु अर्थात् जीवितेन्द्रिय क्षीण हो जाती है, ऊष्मा समाप्त हो जाती है तथा इन्द्रियाँ विपरिभिन्न हो जाती हैं। पर निरोधसमापन्न पुरुष के पक्ष में कहा जाता है कि उसके काय, वची तथा चित्त संस्कार निरुद्ध या शान्त हो जाते हैं, आयु अर्थात् जीवितेन्द्रिय अपरिक्षीण रहती है, इन्द्रियाँ विप्रसन्न रहती हैं। इस प्रकार इन दो दशाओं में पार्थक्य दर्शाया जा सकता है।[2]

तब यह दशा क्या हो सकती है? इसके उत्तर में यह कहा जा सकता है कि यह चित्त-चैतसिकों के सर्वांशतः प्रवृत्तिनिरोधपुरस्सर एक यौगिक अवस्था है, जो निरोधसम्पृक्त तथा निरोधपरायण है।

अब निरोधसमापत्ति की दशा में प्राप्त चित्त के स्वरूप को लक्ष्य कर एक प्रश्न हो सकता है। चित्त की इस दशा को भाव कहा जाय अथवा अभाव। इस प्रश्न की पष्ठभूमि में चित्त की परिभाषा उद्वेलक है। कहा जाता है कि "आलम्बनं **चिन्तेती ति चित्तं**" अर्थात् चित्त वह है, जो आलम्बन का चिन्तन करता है। इस परिभाषा से चिन्तनधर्मसम्प्रयोगभावापन्नता में ही चित्त की स्थिति सिद्ध कही जा सकती है, उष्णत्व-आपन्नता में अग्नि के सदृश। जिस प्रकार दाहकत्व से रहित अग्नि असिद्ध सी है, उसी प्रकार चिन्तनत्व के राहित्य में चित्त। यदि वास्तविकता यह है तो निरोध से उत्थान होने पर पुनः चित की प्रवृत्ति कैसे देखी जा सकती है। यस्मात् प्रवृत्ति अनुभवसिद्ध एवं शास्त्र समर्थित है, इसलिए यहाँ अभाव से भाव की उत्पत्ति का प्रसङ्ग आ जाता है, जो बौद्ध मान्यता के विरुद्ध है।

तब वस्तुस्थिति क्या है? चित्त का अभाव नहीं होता है। वरन् उसके दो रूप कहे जा सकते हैं—अनभिव्यक्त रूप तथा अभिव्यक्ति रूप। जिस प्रकार मृदुल एवं शीतल किशलयों से युक्त तरुशाखा में उष्णत्वराहित्य दशा में अनभिव्यक्त अग्नि तथा अन्य शाखाओं के संघर्षण से निष्पन्न व्यक्त अग्नि की स्थिति सिद्ध है, उसी

१. भिक्खु न किञ्चि मञ्ञति, न कुहिञ्चि मञ्ञति, न केन चि मञ्ञती ति। म० नि० ३.१०८। २. सं० नि० ३.२६१-६३।

प्रकार प्रवृत्तिराहित्यदशा में अनभिव्यक्त चित्त तथा आलम्बनसंयोग में अभिव्यक्त चित्त की विद्यमानता कही जा सकती है। इसलिए—"**आलम्बनं चिन्तेती ति चित्तं**" जो परिभाषा है, उसकी परिधि अभिव्यक्त चित्त की है। इसके प्रकाश में अनभिव्यक्त चित्त को अभाव रूप नहीं कहा जा सकता है। यह अनभिव्यक्त चित्त पूर्णतः समाहित चित्त है।

तब योगावचर निरोधसमापत्ति की इस दशा में प्रविष्ट क्यों होता है? इसका उत्तर यह हो सकता है कि आत्मप्रतिलाभपूर्वक अचित्तक एवं आस्रवमुक्त होकर निरोध से आख्यात निर्वाण में उपलभ्य प्रणीत सुख का अनुभवन करने के उद्देश्य से।[1] ऐसा क्यों? स्थविरवादी बौद्ध परम्परा के अनुसार जिस विमुक्ति की स्थापना है, वह विशुद्ध मनोवैज्ञानिक है। यदि बौद्ध परम्परा एक ऋजुरेखा है तो उसके एक बिन्दु पर परम चाञ्चल्य-आपन्न कामावचर चित्त है[2], तथा अपर बिन्दु पर समस्त प्रवृत्तियों से विप्रयुक्त स्वयं में समाहित लोकोत्तर चित्त है। इस कामावचर चित्त की लोकोत्तर चित्त में आनुपूर्विक परिणति ही बौद्ध साधना का लक्ष्य है। यह दशा आनुपूर्विक निरोध की है। कारण कामावचर चित्त अत्यन्त चञ्चल है। वह अधिक से अधिक जवन क्षण में सात चित्त क्षणों तक किसी विषय पर स्थित हो सकता है। ऐसे चित्त से केवल पञ्च कामगुणिक सुख का ही उपभोग हो सकता है, जो कामसुख या हेयसुख कहलाता है। पुनः जब संयम द्वारा यह चित्त अन्य विषयों से निवारित हो केवल रूपालम्बनों पर समाहित होता है, तो यह रूपावचरचित्त कहलाता है। यह अपेक्षाकृत चित्तप्रवृत्तियों के निरोध की दशा है। फलतः इससे प्राप्त सुख कामसुख से भी प्रणीत कहा गया है। पुनः अरूपावचर चित्त में चित-प्रवृत्ति को रूप से भी निरुद्ध हो केवल अरूपालम्बन तक सीमित देखा जाता है। यह निरोध की अपेक्षाकृत अभिवर्द्धित दशा है। तज्जन्य सुख भी पूर्वकथित सुख से प्रणीत है। पर जो इससे भी प्रणीत सुख है, वह निरोधसमापत्तिजन्य एकान्ततः

१. दिट्ठेव धम्मे अचित्तका हुत्वा निरोधं निब्बानं पत्वा सुखं विहरिस्सामा ति समापज्जन्ति। वि० ५०१.

चित्तचेतसिकानं अप्पवत्तिसंखातस्स निरोधस्स समापत्ति निरोधसमापत्ति। दिट्ठेव धम्मे चित्तनिरोधं पत्वा विहरणं। विभा० २६१.

सञ्ञावेदयितनिरोधं उपसम्पज्ज विहरति। पञ्ञाय चस्स दिस्वा आसवा परिक्खीणा होन्ति। म० नि० १.२०८.

२. नाहं, भिक्खवे अञ्ञं एकधम्मं पि समनुपस्सामि यं एवं लहुपरिवत्तं यदिदं चित्तं। अं० नि० १.१०.

निरोध से उपलभ्य सुख। इसे ही लक्ष्य कर भगवान् ने परिपृच्छात्मक ढंग से कहा है—"कतमं, चानन्द, एतम्हा सुखम्हा अञ्ञं सुखं अभिकन्ततरं पणीततरं च"? अर्थात् हे आनन्द, इस सुख से प्रणीततर वह कौन सुख है? उत्तर है—"इधानन्द, भिक्खु सब्बसो नेवसञ्ञानासञ्ञायनं समतिकम्म सञ्ञावेदयितनिरोधं उपसम्पज्ज विहरति। इदं खो आनन्द, एतम्हा सुखा अञ्ञं सुखं अभिकन्ततरं पणीततरं च"। अर्थात् हे आनन्द, भिक्षु सभी प्रकार से नैवसंज्ञानासंज्ञा का समतिक्रमण कर संज्ञा-वेदयितनिरोध को प्राप्त कर विहार करता है। यह सुख उस पूर्वसुख से अभिकन्त एवं प्रणीत है।[1]

तब यह कैसे समझा जाए कि योगावचर निर्वाण-सुख के आस्वादन के लिए ही निरोधसमापत्ति का अभ्यास करता है? इसका उत्तर यह है कि स्थविरवादी बौद्ध परम्परा में जो निर्वाण की स्थापना है, वह पूर्णतः निरोधात्मक है। कहा जाता है—

"अभेदिकायो निरोधिसञ्ञा,
वेदना ति पि दहंसु सब्बा।
वुपसमिंसु संखारा,
विञ्ञाणं अत्थमागमा ति॥"[2]

अर्थात् अनुपधिशेष निर्वाण वह है, जहाँ रूप, वेदना, संज्ञा, संस्कार तथा विज्ञान नामक पञ्चस्कन्धों का निरोध हो जाता है। पञ्चस्कन्धात्मक पुरुष के सर्वांशतः निरुद्ध होने से अनुपधिशेष निर्वाण की प्राप्ति होती है। अब देखा जा सकता है कि निरोधसमापत्ति तथा अनुपधिशेष निर्वाण दोनों निरोध की अवस्थाएँ हैं। अन्तर इतना ही है कि निरोधसमापत्ति में पञ्चस्कन्धों की प्रवृत्ति का निरोध हो जाता है तथा अनुपधिशेष निर्वाण में उन पञ्चस्कन्धों का ही निरोध हो जाता है। इसलिए इस अनुपधिशेष निर्वाण में किस प्रकार के सुख की अनुभूति होती है, इसके आकलनार्थं योगावचर निरोधसमापत्ति का अभ्यास करता है। इसका सत्यापन भगवान् बुद्ध की भी चर्या से देखा जा सकता है। वे महापरिनिर्वाण में प्रविष्ट होने के पूर्व क्रमशः रूप, अरूप ध्यानों की भावना करते हुए निरोधसमापत्ति में प्रविष्ट हुए।[3] इससे यह फलित होता है कि यह निर्वाण का पूर्वास्वाद रूप है।

• • •

१. म० नि० २.७५–७६। २. उदान, पृ० १७६।
३. नेवसञ्ञानासञ्ञायतनसमापत्तिया वुट्ठहित्वा सञ्ञावेदयितनिरोधं समापज्जि। दी० नि० २.११९।

बौद्धयोग एवं औपनिषदिक अस्पर्शयोग

भिक्षु सेम्पा दोर्जे

भारतीय आध्यात्मिक विचारधारा में योग-साधना का स्थान बहुत ऊँचा है। योग मनुष्य जीवन के सर्वोपरि लक्ष्य का साधन है। भारतीय आध्यात्मिक शास्त्रों में यह बात मूलरूप से सर्वत्र विद्यमान है कि दुःख एवं जीवनमरण की समस्या एक मूलभूत जटिल समस्या है। यही कारण है कि हमारी संस्कृति में जीवनमुक्ति को सर्वोपरि ध्येय माना गया है और शास्त्रों में जीवनमुक्ति के उपाय को सर्वश्रेष्ठ मार्ग बताया गया है। यह बात न केवल हमारे शास्त्रों तक ही सीमित है, अपितु हमारी संस्कृति के रोम-रोम में परिलक्षित होती है।

सामान्यतया साधना के दो पहलू होते हैं—कर्मकाण्ड और ध्यानभावना। कर्मकाण्ड की चर्चा यहाँ करनी नहीं है। ध्यान भावना दो प्रकार की होती है। लौकिक समृद्धि के लिए की जाने वाली साधना साधारणतः निम्न कोटि की है, परलोक या जीवन्मुक्ति के लिए की जाने वाली साधना सर्वोत्तम मानी जाती है। परलोकादि के सिद्धान्त कहाँ तक सही हैं, कहना कठिन है। इस सिद्धान्त के अधिकांश मूलाधार आज विचारणीय विषय बन गये हैं। भौतिक तथ्य की कसौटी इसके समाधान के लिये पर्याप्त नहीं है। फिर भी सम्प्रति जन्मान्तर के सिद्धान्त को मानकर साधना के बारे में दो शब्द विचारार्थ प्रस्तुत कर रहा हूँ।

भारतीय साधनाक्रम में दो प्रणालियों की परम्पराएँ दृष्टिगत होती हैं। वैदिक एवं अवैदिक। दीर्घकाल से ही ये दोनों परम्पराएँ एक दूसरे को प्रभावित करती आई हैं। इनमें से कौन प्राचीन है, कहना कठिन है। परन्तु उपनिषद् युग में दीर्घ-कालीन संघर्ष के बाद दोनों का समन्वय परिलक्षित होता है। फलतः दोनों धाराओं में ज्ञानकाण्ड एवं कर्मकाण्ड दोनों उत्तरोत्तर क्रमशः विकसित होते रहे। ईसापूर्व छठीं शताब्दी की धार्मिक महाक्रान्ति के उपरान्त दोनों परम्पराओं के दार्शनिक सिद्धान्त सुव्यवस्थित हो गये। अवैदिक परम्परा में महावीर और गौतम बुद्ध का जन्म हुआ। प्राचीन परम्पराओं का भेद साधना-प्रणाली के आधार पर न होकर दार्शनिक तत्त्व के आधार पर हो गया। जिसकी धार्मिक प्रक्रियाएँ वस्तु की क्षणिकता एवं पारमार्थिक शून्यता पर आधृत हैं, उसे बौद्ध, नास्तिक, क्षणिकवादी कहा गया

है। जिनकी धार्मिक प्रक्रियाएँ वस्तु की सत्ता तथा पारमार्थिक नित्यता या कूटस्थता पर आधृत है, उन्हें आस्तिक, वैदिक और शाश्वतवादी कहा गया है। परिणामस्वरूप दोनों के दार्शनिक मतभेद अत्यन्त तीव्र हो गये। फिर भी दोनों की साधना में होने वाली समानताएँ मिट नहीं सकीं। फलतः आज भी इनकी साधना-विधियों में कई समानताएँ परिलक्षित होती हैं। यदि हम बौद्धों की योगविधियों और औपनिषदिक साधना-परम्पराओं के मूल स्रोतों एवं उत्तरोत्तर विकास क्रम की ओर दृष्टिपात करें तो प्रतीत होता है कि दोनों की साधना-विधियों में बहुत भिन्नता नहीं है। यद्यपि बौद्धों की साधना-विधि या क्रम तथा औपनिषदिक साधना-प्रणाली में परम्परागत भेद अवश्य है, परतु सामान्य उद्देश्य की दृष्टि से तथा ऐतिहासिक दृष्टि से अधिक भेद दृष्टिगत नहीं होता है। इन परम्पराओं की साधनाओं का भेद मूल-दृष्टि पर आधृत है और समानताएँ ऐतिहासिक एवं विधि-विधानों पर आधृत हैं। इसमें गौडपादीय माण्डूक्योपनिषद्-कारिका महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इसके साथ महायान साधनाओं की तुलना करने से कई बातों पर प्रकाश पड़ता है।

यह तो सर्वविदित है कि बौद्ध प्रस्थान एक साधना प्रधान प्रस्थान है। इस परम्परा का प्रत्येक पहलू, जैसे न्याय, दर्शन, तन्त्र, मन्त्र और यहाँ तक कि आचार संहिताओं के साथ भी किसी न किसी रूप में विशेष योगसाधना की प्रक्रिया या उसका सिद्धान्त जुटा हुआ है। वास्तव में बौद्धों की पूरी धार्मिक प्रक्रिया ही एक प्रकार से साधना की विशेष व्यवस्था ही है। भगवान् बुद्ध ने जितनी देशनाएँ दी हैं, वे किसी लौकिक पदार्थ की व्याख्या के लिये नहीं, अपितु मुक्ति का मार्ग प्रशस्त करने के लिये दी हैं। बाद में उनके अनुयायियों ने उनके उपदेशों का उपबृंहण इसी सिद्धान्त के आधार पर किया है। इस प्रकार स्वपरहिताय जीवनमुक्ति ही प्राचीन साधना का मूल आधार रहा है।

प्रारम्भिक मूलभूत साधना-विधियों में सैद्धान्तिक मतभेद नहीं थे। सामान्यतया कालान्तर में बौद्ध साधना-परम्परा का प्रवाह दो दिशाओं में चला। एक का लक्ष्य था अर्हत्त्व की प्राप्ति और दूसरे का लक्ष्य बुद्धत्व। अर्हत्व की साधना चतुरार्यसत्य के आधार पर आर्य-अष्टाङ्ग मार्ग के माध्यम से होती है। बुद्धत्व की साधना दशभूमियों के क्रम से पारमिताओं के आधार पर होती है। इस प्रकार इसका साधक महायानी कहा जाता है। महायान साधना में मुख्यतया दो ही परम्परा होती हैं— पारमितायान और तन्त्रयान। तन्त्रयान साधना की चर्चा यहाँ अपेक्षित नहीं है। पारमितासम्बन्धी साधना की दो अवस्थाएँ होती हैं, व्यावहारिक एवं समाहित। इनमें से प्रथम चार पारमिताओं का अनुष्ठान मुख्यतः योगी की व्यावहारिक क्रियाओं

के साथ होता है और ध्यान पारमिता से लेकर ज्ञान पारमितापर्यन्त शेष छह पारमिताओं का अनुष्ठान योगी का समाधि की अवस्थाओं में होता है। इस प्रकार एक गोत्रभू बोधिसत्त्व साधक अनुपूर्वक्रम से अपने लक्ष्य बुद्धत्व का अधिगम करता है। यही क्रम ध्यान भूमियों पर आधृत श्रावक आदि के बारे में भी जाना जा सकता है। अनिश्चित गोत्रीय साधकों की साधना गति या मार्ग अनुक्रम एवं व्यतिक्रम दोनों तरह से होते हैं। इन साधनाओं के मुख्यरूप से तीन अङ्ग या पहलू होते हैं—साधनावस्तु, मार्ग या प्रतिपद् और फल। इस पर क्रमशः आगे विचार करने जा रहे हैं—

(क) साधना वस्तु से अभिप्राय सत्यद्वय से है, अर्थात् संवृतिसत्य और परमार्थसत्य। बौद्धेतर मतों के अनुसार इसे प्रकृति-पुरुष या ब्रह्म और माया कहते हैं। अथवा आत्मतत्त्व और माया कहते हैं। अविद्या सभी लोगों के मत में प्रहातव्य है। बौद्ध लोग इसका प्रहाण शून्यताज्ञान या नैरात्म्यज्ञान के द्वारा मानते हैं, जब कि वेदान्तादि इसका प्रहाण आत्मचिन्तन या निदिध्यासन आदि से मानते हैं। "अद्वैत तत्त्व" दोनों मतावलम्बियों में मान्य है। परन्तु एक उसे आत्मतत्त्व, नित्य, कूटस्थ, चैतन्य स्वरूप मानते हैं और दूसरा उसे शून्य, निःस्वभाव, एवं परमार्थसत्य स्वरूप मानते हैं। इसी बात को आचार्य गौडपाद बड़े सुन्दर ढंग से प्रस्तुत करते हैं।

न निरोधो न चोत्पत्तिर्न बद्धो न च साधकः।
न मुमुक्षुर्न वै मुक्त इत्येषा परमार्थता॥

(माण्डूक्यकारिका २ : ३२)

इस कारिका से लगता है कि यहाँ पर नागार्जुन और गौडपाद का एक स्वर हो गया है। भाष्यकार ने **"द्वैतस्यासत्त्वात्"** कहकर द्वैत की असत्ता को लेकर विज्ञानवादी पक्ष में इसकी व्याख्या की है। यहाँ पर भाष्यकार भी वसुबन्धु से घुलमिल गये। वसुबन्धु कहते हैं कि—**"प्रथमो लक्षणेनैव निःस्वभावः"** इत्यादि। यहाँ पर "लक्षण" से तात्पर्य "द्वैत के निमित्त" से है। अन्यत्र आचार्य गौडपाद अपने विज्ञानवाद की स्थापना करते हुए परमार्थ का वर्णन इस प्रकार करते हैं—

जात्याभासं चलाभासं वस्त्वाभासं तथैव च।
अजाचलमवस्तुत्वं विज्ञानं शान्तमद्वयम्॥

(माण्डूक्यकारिका ४ : ४५)

इसी बात को आचार्य वसुबन्धु इस प्रकार कहते हैं :—

यदात्वालम्बनं ज्ञानं नैवोपलभते तदा।
स्थितं विज्ञानमात्रत्वे ग्राह्याभावे तदग्रहात्॥ (त्रिंशिकाविज्ञप्ति० २७)

इसी अवस्था को सब लोग शान्त एवं निष्प्रपञ्च स्थिति कहते हैं। जिस समय "मन" सभी वृत्तियों से विरहित हो जाता है और सभी प्रकार के आलम्बनों का क्षय हो जाता है, उस समय वह परम शान्ति को प्राप्त हो जाता है। जैसे कारिका में कहा गया है :—

यदा न लीयते चित्तं न च विक्षिप्यते पुनः।
अनिङ्गनमनाभासं निष्पन्नं ब्रह्म तत्तदा ॥ (माण्डूक्य० ३ : ४६)

इसी को आचार्य शान्तिदेव इस प्रकार कहते हैं :—

यदा न भावो नाभावो मतेः सन्तिष्ठते पुरः।
तदान्यगत्यभावेन निरालम्बा प्रशाम्यति ॥ (बोधिचर्यावतार ३५)

उपर्युक्त उदाहरणों से यह निष्कर्ष निकलता है कि सभी लोग सन्मार्ग के आलम्बन के रूप में एक परमार्थ "तत्त्व" का निर्धारण करते हैं, इसमें कोई मतभेद नहीं है। परन्तु परमार्थ के स्वरूप के सम्बन्ध में बौद्ध और बौद्धेतरों में अत्यन्त भेद है, जिसके आधार पर उन दोनों को सारी स्थिति भिन्न हो जाती है।

(ख) मार्ग या प्रतिपद् के बारे में बौद्ध लोग दस भूमियाँ, पाँच प्रकार के मार्ग, नौ प्रकार की समापत्तियाँ आदि की व्यवस्था करते हैं। इसी प्रकार औपनिषदिक परम्परा वाले भी सुषुप्ति अवस्था से लेकर मन या चित्त के अनेक स्तरों की व्याख्या करते हैं। अन्तिम समाधि निर्विकल्पसमाधि है, जिसमें ब्रह्म का साक्षात्कार होता है। इस समाधि के स्वरूप का वर्णन करते हुए श्रीमद्विद्यारण्य मुनि लिखते हैं कि :—

यथा दीपो निवातस्थ इत्यादिभिरनेकधा।
भगवानिममेवार्थमर्जुनाय न्यरूपयत् ॥ (पञ्चदशी १ : ५८)

अर्थात् निर्विकल्पसमाधि की अवस्था में चित्त की स्थिति वैसी ही होती है, जैसी वातरहित दीपक की स्थिति होती है। इस प्रकार की समाधि का वर्णन बौद्ध "प्रतिपद्-संहिता" में भी उपलब्ध है। परन्तु बौद्ध मार्गसंहिता में यह समाधि वही समाधि है, जो नौ प्रकार की चित्त अवस्थाओं के अन्तर्गत आने वाली समाधि है। यह समाधि निर्विकल्प एवं अनाभोगिक रूप से समापन्न होती है। इसका उल्लेख करते हुए आचार्य मैत्रेयनाथ ने लिखा है : —

"ततश्च साभिसंस्कारां चित्ते स्वरसवाहिताम्।
लभेतानभिसंस्कारात् तदभ्यासात् पुनर्यतिः ॥ इति।
(महा० सूत्रा० १४ : १४)

यद्यपि औपनिषदिक मार्ग-व्यवस्था में ज्ञानमार्ग का उल्लेख स्पष्टतः मिलता है, किन्तु सम्भारमार्ग की चर्चा सम्भवतः नहीं है। अतः फल के सम्बन्ध में भी कोई रूपी काय की चर्चा नहीं है और मुक्ति के बाद चित्त सर्वथा के लिये शान्त हो जाता है। किन्तु बौद्धों के साधनाक्रम में दोनों मार्गों का स्पष्टतया उल्लेख है। इसके प्रसङ्ग में पारमिताओं की चर्चा पहले ही की जा चुकी है। उनमें से प्रज्ञापारमिता के अतिरिक्त अन्य सब पारमिताएँ सम्भारमार्ग हैं। फल की अवस्था में दोनों प्रकार के कायों (रूपी काय और धर्मकाय) की कल्पना सर्वविदित है।

(ग) "फल" के विषय में बौद्ध लोग जिस प्रकार की कल्पना करते हैं, वैसा अन्यत्र नहीं मिलता। बौद्धों के मत के अनुसार प्रत्येक जीव को "बुद्धत्व" पद प्राप्त हो सकता है। सभी बुद्धों की स्थिति वैसी ही होगी, जैसी गौतम बुद्ध की है। बुद्धत्व प्राप्ति के बाद सत्त्वार्थ के लिये किये जाने वाले सभी प्रकार के कार्य अनाभोगिक रूप से प्रचलित होते हैं, जैसे आचार्य मैत्रेयनाथ कहते हैं :—

असंस्कृतमनाभोगमपरप्रत्ययोदितम्।
बुद्धत्वं ज्ञानकारुण्यशक्त्युपेतं द्वयार्थवत् ॥ (उ० त० (५))

इन गुणों से युक्त होने से बुद्ध के निर्वाण को अप्रतिष्ठित निर्वाण कहते हैं। यह एक विशेष प्रकार का निर्वाण है। साधारणतया सभी प्रकार के दुःखों के अनागमन को ही फलावस्था या निर्वाण कहते हैं। जैसे--पालि-अभिधर्म में कहा गया है--

"वानसंखाताय तण्हाय निक्खन्तत्ता निब्बानं ति पवुच्चति"

अर्थात् "वान" नामक तृष्णा से निर्गत होने के कारण निर्वाण कहा जाता है। इस सम्बन्ध में आचार्य गौडपाद परमफल या लक्ष्य का निर्देश करते हुए कहते हैं—

ग्रहो न तत्र नोत्सर्गश्चिन्ता यत्र न विद्यते।
आत्मसंस्थं तदा ज्ञानमजातिसमतां गतम् ॥ (माण्डूक्य० ३ : ३८)

अर्थात् जिस अवस्था में किसी प्रकार का चिन्तन नहीं है और किसी तरह का ग्रहण और त्याग भी नहीं है, उस अवस्था में आत्मनिष्ठ ज्ञान जन्मरहित और समता को प्राप्त हुआ रहता है। इस प्रकार की स्थिति को अस्पर्शयोग कहा गया है। यह अस्पर्शयोग अत्यन्त दुर्लभ एवं गम्भीर होता है। जिससे योगी इसमें भय देखने लगता है। जैसे कहा गया है :—

अस्पर्शयोगो वै नाम दुर्दर्शः सर्वयोगिभिः।
योगिनो बिभ्यति ह्यस्मादभये भयदर्शिनः ॥ इति। (माण्डूक्य० ३ : ३९)

इसकी व्याख्या करते हुए भाष्यकार कहते हैं कि—**"अस्पर्शयोगो नाम वै स्मर्यते प्रसिद्धमुपनिषत्सु ।"** यद्यपि इस सन्दर्भ में उपनिषदों में यदा कदा उल्लेख मिलता है। कठोपनिषद् में इसे "परमगति" कहा गया है—

"यदा पञ्चावतिष्ठन्ते ज्ञानानि मनसा सह ।
बुद्धिश्च न विचेष्टते तामाहुः परमां गतिम् ॥ (कठ० २।६।१०)

भाष्यकार ने लिखा है कि **"न विचेष्टते न व्याप्रियते, तामाहुः परमां गतिम्"** इसी बात का उल्लेख ब्रह्मविन्दूपनिषद् में भी मिलता है। योगसूत्र में इसे असम्प्रज्ञात समाधि कहा गया है, यथा—**"न तत्र किञ्चित् सम्प्रज्ञायते इत्यसम्प्रज्ञातः ।"** इनके अतिरिक्त उपनिषदों में इस योग का उल्लेख केवल प्रकारान्तर से ही मिलता है। इतना ही नहीं, अस्पर्शयोग शब्द का प्रयोग सम्भवतः उपनिषदों में कहीं नहीं मिलता। इसकी परिभाषा एवं व्याख्या उपनिषद् वाङ्मय में नहीं के बराबर है। इसके विपरीत बौद्धवाङ्मय में इसकी व्याख्या एवं विवेचन सविस्तर उपलब्ध है। स्वयं आचार्य ने प्रकरणान्तर में कहा है :—

ज्ञानेनाकाशकल्पेन धर्मान्यो गगनोपमान् ।
ज्ञेयाभिन्नेन संबुद्धस्तं वन्दे द्विपदां वरम् ॥
अस्पर्शयोगो वै नाम सर्वसत्त्वसुखो हितः ।
अविवादोऽविरुद्धश्च देशितस्तं नमाम्यहम् ॥ इति ॥
(माण्डूक्य० ४ : १-२)

इन कारिकाओं को देखने से लगता है कि आचार्य ने यहाँ पर बुद्ध की अस्पर्शयोग के उपदेशक के रूप में वन्दना की है। यद्यपि भाष्यकार ने इन कारिकाओं की व्याख्या नारायण की वन्दना आदि के पक्ष में की है। परन्तु यह कारिका कुछ थोड़े शब्दान्तरों के साथ बौद्ध ग्रन्थों में बहुधा मिलती है। **"द्विपदां वरम्"** शब्द का प्रयोग नारायण के लिये उपयुक्त नहीं है, अपितु यह शत-प्रतिशत बुद्ध के लिये ही उपयुक्त प्रतीत होता है। क्योंकि यहाँ पर द्विपद शब्द मनुष्य का वाचक है और नारायण मनुष्य-श्रेष्ठ नहीं है। ऋग्वेद काल से ही इस शब्द का प्रयोग मनुष्य के लिये होता है—

"शन्नो अस्तु द्विपदे शं चतुष्पदे ।" (१०।१९५-१)

महाभारत के वनपर्व में कहा गया है—

"नैषधो द्विपदां वर" इति ।

पालि-त्रिपिटक में भी कहा गया है—**"नरो द्विपदुत्तमो पुरिसुत्तमो"** इति। इस प्रकार **द्विपदां वरम्"** शब्द का प्रयोग बौद्ध वाङ्मय में सर्वथा बुद्ध के लिये होता

है। इसके अतिरिक्त इस कारिका के अन्य विशेषण भी सौगत शास्त्रों में सर्वत्र चर्चित हैं। जैसे लङ्कावतारसूत्र में—

"अनिरुद्धा अनुत्पन्ना प्रकृत्या गगनोपमा इति" (लङ्कावतार १० : १७२)

इसी प्रकार आचार्य अनङ्गवज्र कहते हैं—

निरालम्बपदे प्रज्ञा निरालम्बा महाकृपा ।
एकीभूता धिया सार्धं गगने गगनं यथा ॥
(अद्वयवजसंग्रहे)

अस्पर्शयोग का विवेचन अन्यत्र नहीं मिलता और बौद्ध शास्त्रों में इसका विशद वर्णन मिलना इस बात को सिद्ध करता है कि इस योग के उपदेशक बुद्ध ही हैं। अस्पर्शयोग बौद्धों के प्रसिद्ध अनुपूर्व विहार ध्यानों में अन्तिम (नवम) ध्यान है। इसकी देशना बुद्ध ने की। जैसे अङ्गुत्तरनिकाय में कहा गया है—

नविमे भिक्खवे, अनुपुब्बविहारा । "नविमे भिक्खवे, अनुपब्बविहारसमापत्तियो देसिस्सामि" इत्यादि। ऊपर सूत्रों में निर्दिष्ट नौ अनुपूर्व ध्यान इस प्रकार हैं—चार रूपी ध्यान, यथा प्रथम, द्वितीय, तृतीय और चतुर्थ ध्यान। तथा चार अरूपी ध्यान—जैसे आकाशानन्त्यायतन, विज्ञानानन्त्यायतन, आकिञ्चन्यायतन और नैव-संज्ञानासंज्ञायतन। नवम संज्ञावेदितनिरोधसमापत्ति है। इस 'संज्ञावेदितनिरोध' नामक ध्यान में न केवल संज्ञा, वेदना का ही अभाव है, अपितु स्पर्श से लेकर सभी चैतसिकों का निरोध होता है। इसमें सभी प्रकार की वृत्तियों का निरोध या अवसान हो जाता है। यह परमानन्दस्वरूप एवं शान्त विहार है। यह अस्पर्शविहार है, अर्थात् यह स्थूल सुखवेदनादि से रहित है। यह भवाग्रज शुभ है। आर्यों के प्रयोग द्वारा प्राप्य है। जैसे आचार्य वसुबन्धु कहते हैं—

"निरोधाख्या तथैवेयं विहारार्थं भवाग्रजा ।
शुभा द्विवेद्याऽनियता चार्यस्याप्या प्रयोगतः ॥ (अभिधर्मकोश, २ : ४३)

इस योग को अस्पर्श इसलिये कहते हैं, क्योंकि इसमें निरोध्य चैतसिक धर्मों में सर्वप्रथम 'स्पर्श' है। इसके निरोध से सभी चैतसिक स्वतः निरुद्ध हो जाते हैं। जैसे आर्यसन्धिनिर्मोचनसूत्र में कहा गया है—

"स्पर्शसमुदयाद् वेदनासमुदयः स्पर्शनिरोधाद्वेदनानिरोधः । इति ।

अर्थात् वेदनादि अन्य चित्त-चैत्त, स्पर्श का अनुविधान करते हैं। स्पर्श से तात्पर्य संसर्ग है। जैसे मध्यमकवृत्ति में कहा है—**"स्पृश्यत इति स्पर्शः, तथा च त्रयाणां सन्निपातः सङ्गतिः स्पर्शः"** इति। निमित्तप्रकरण में भी कहा गया है—**"त्रिक-**

सन्निपातलक्षणः स्पर्शः" इति। त्रिक सन्निपात से अभिप्राय इन्द्रिय, विषय और विज्ञान का कार्यकारणभाव से समवस्थान है। जैसे आचार्य स्थिरमति कहते हैं— **"इन्द्रियविषयविज्ञानानि त्रीण्येव त्रिकम्। स्पर्शः कार्यकारणभावेन समवस्थानं त्रिकसन्निपातः"** इति। यही नियम चक्षुरादि सभी विज्ञानों के सन्दर्भ में कहा जा सकता है, जैसे आर्यनागार्जुन कहते हैं—

"सन्निपातस्त्रयाणां यो रूपविज्ञानचक्षुषां।
स्पर्शः सः ॥" (माध्य० का० २६ : ५)

इस प्रकार की वृत्तियों से रहित या विरह होने के कारण उपर्युक्त समापत्ति को अस्पर्शसमापत्ति या अस्पर्शयोग कहा जाता है। इस सम्बन्ध में आचार्य विधुशेखर लिखते हैं कि—**"भृशं दुःखाधिगम्यत्वात् स निरोधोऽस्पर्शयोग इति"**।

इस प्रकार की समाधि की प्राप्ति के लिए योगी को किस प्रकार की भावना करना चाहिए, इसका विवरण देते हुए आचार्य लिखते हैं—

लये सम्बोधयेच्चित्तं विक्षिप्तं शमयेत्पुनः।
सकषायं विजानीयाच्छमप्राप्तं न चालयेत्॥ (माण्डूक्य० ३ : ४४)

अर्थात् यदि चित्त सुषुप्ति में लीन होने लगे, तो उसे उद्बोधित करना चाहिए। यदि अधिक उद्बोधित होने से विक्षिप्त होने लगे तो उसे पुनः शान्त करना चाहिए। ठीक यही बात आर्य मैत्रेयनाथ अपने महायानसूत्राङ्कार में लिखते हैं—

"लीनं चित्तस्य गृह्णीयादुद्धतं शमयेत्पुनः।
शमप्राप्तमुपेक्षेत तस्मिन्नालम्बने पुनः॥" (महा० सूत्रा० पृ० ८९)

जब चित्त उपर्युक्त सभी प्रकार के समाधि के दोषों से विरहित हो जाता है और प्रपञ्च के निमित्तों से व्यावृत्त हो जाता है, तब आनेञ्ज्य समापत्ति में स्थित हो जाता है, और योगी परम शान्ति में विहार करने लगता है। आगे आचार्य लिखते हैं—

यदा न लीयते चित्तं न च विक्षिप्यते पुनः।
अनिङ्गनमनाभासं निष्पन्नं ब्रह्म तत्तदा॥ (माण्डूक्य० ३ : ४६)

यही अवस्था परमशान्त, सुखोत्तम एवं सर्वज्ञ की अवस्था कही जाती है।

स्वस्थं शान्तं सनिर्वाणमकथ्यं सुखमुत्तमम्।
अजमजेन ज्ञेयेन सर्वज्ञं परिचक्षते॥ (माण्डूक्य० ३ : ४७)

इसी बात को आचार्य अश्वघोष इस प्रकार से प्रस्तुत करते हैं—

दीपो यथा निर्वृत्तिमभ्युपेतो नैवावनिं गच्छति नान्तरिक्षम्।
दिशं न काञ्चिद्विदिशं न काञ्चित् स्नेहक्षयात् केवलमेति शान्तिम्॥
एवं कृती निवृतिमभ्युपेतो नैवावनिं गच्छति नान्तरिक्षम्।
दिशं न काञ्चिद्विदिशं न काञ्चित् क्लेशक्षयात्केवलमेति शान्तिम्॥
(बुद्धचरितम्)

इस प्रकार गौडपादीय कारिका में निर्दिष्ट सभी विषय प्रायः बौद्धों के ग्रन्थों में सविस्तर उपलब्ध हैं। इसमें यदा कदा परस्पर खण्डन-मण्डन भी हैं; पर वे केवल आन्तरिक मतभेदमात्र ही प्रतीत होते हैं। उपर्युक्त उदाहरणों से यह भी मालूम होता है कि इस ग्रन्थ के प्रतिपाद्य विषय उपनिषदों की अपेक्षा बौद्धों के अधिक निकट है। इसमें उपलब्ध आत्मा, ब्रह्म आदि शब्दों के प्रयोगों के कारण इसे बौद्धेतर सिद्ध नहीं किया जा सकता। इतना ही नहीं, बौद्धों में भी इन शब्दों का प्रयोग बहुधा उपलब्ध होता है। जैसे अभिधर्मकोष में कहा गया है—

"ब्राह्मण्यं ब्रह्मचक्रं च तदेव ब्रह्मवर्तनात्।"

इसकी स्ववृत्ति में भी—**"क्लेशानां वाहनाद् ब्राह्मण्यं, ब्रह्मचक्रं तु अनुत्तरं ब्राह्मण्ययोगात् भगवान् ब्रह्मा इति।"** यहाँ पर ब्रह्मा से तात्पर्य दुःखों के निर्गत अवस्था से है। साथ ही भगवान् को भी ब्रह्म कहा गया है। सूत्रों में भी कहा गया है कि—**"एष हि भगवान् ब्रह्मा इत्यपि शान्तः शीतीभूत इत्यपि"**। इसके अतिरिक्त "ओं"-कार की व्याख्या बौद्ध तान्त्रिक आगमों में विशद रूप से उपलब्ध है और "माण्डूक्यपाद" नामक एक महान् सिद्ध व्यक्ति भी बौद्ध तान्त्रिक परम्परा में सर्वत्र चर्चित है। इसके मूलागम में "ओं"कार के संकेत द्वारा निर्दिष्ट साधना भी सम्बन्धित कारिका द्वारा प्रतिपादित साधना से बहुत कुछ भिन्न नहीं प्रतीत होती है। "ओं"-कार द्वारा निर्दिष्ट साधना साधारण साधना से भिन्न है। अर्थात् यह विशेष तान्त्रिक साधना है। "ओं"कार विशेष तान्त्रिक साधना प्रक्रियाओं का प्रतीक है। जैसे तन्त्रों में कहा गया है—

"ओं"कारं बुद्धकायाग्रचं आः कारं वाक्पथं तथा।"

इत्यादि। इसी प्रकार आचार्य ने भी "ओं" कारवेत्ता को मुनि कहा है।

आगे आचार्य ने अस्पर्शयोग की उपयोगिता एवं दुर्गमता बताते हुए कहा है कि इसमें योगियों को भय का दर्शन होता है—

"अस्पर्शयोगो वै नाम दुर्दर्शः सर्वयोगिभिः।
योगिनो बिभ्यति ह्यस्मादभये भयदर्शिनः॥" (माण्डूक्य० ३ : ३९)

भाष्यकार ने कहा है कि—"आत्मनाशरूपमिमं योगं मन्यमाना भयं कुर्वन्ति ········भयनिमित्तात्मनाशदर्शनशीलाः" इत्यादि।

यहाँ पर आत्मनाश का दर्शन क्यों होता है ? इसके कारणों का स्पष्ट उल्लेख वेदान्त वाङ्मय में नहीं मिलता। इसके विपरीत इसके कारणों का सविस्तर उल्लेख महापरिनिर्वाण सूत्र में उपलब्ध है। ऐसी स्थिति में यह सन्देह होने लगता है कि यह ग्रन्थ किसी समय बौद्धों का ही तो नहीं था। इसमें एक जगह 'मन' की भी 'ब्रह्मत्व' स्थिति बतायी गयी है, जो वेदान्त दर्शन के सर्वथा प्रतिकूल है और बौद्धों से सर्वथा सम्मत है, यथा—

यदा न लीयते चित्तं न च विक्षिप्यते पुनः।
अनिङ्गनमनाभासं निष्पन्नं ब्रह्म तत्तदा॥ इति। (माण्डूक्य० ३ : ४६)

जो कुछ भी हो सभी भारतीय साधना परम्परा के लोग एक परमतत्त्व की कल्पना करते हैं। उस परमतत्त्व को सभी लोग अपने अपने साधना का केन्द्र विन्दु मानते हैं। इसी केन्द्र बिन्दु से सब लोग अपने-अपने आशय एवं लक्ष्य की पूर्ति मानते हैं। यही भारतीय संस्कृति का रहस्य है। इसी बात को भागवत में इस प्रकार कहा गया है—

वदन्ति यत्तत्त्वविदस्तत्त्वं यज्ज्ञानमद्वयम्।
ब्रह्मेति परमात्मेति भगवानिति शब्द्यते॥ (श्रीमद्भागवते)

इस प्रकार अभिधान की दृष्टि से चाहे बौद्ध हो, चाहे औपनिषदिक और चाहे कोई अन्य, सब लोगों की साधना पद्धति में समानता स्पष्ट परिलक्षित होती है। अभिधेय या वस्तुस्वरूप की दृष्टि सब लोगों में एक दूसरे से न केवल भिन्न ही, अपितु एक दूसरे से भयङ्कर विरुद्ध है। बौद्ध परमपद की प्राप्ति नैरात्म्यज्ञान एवं निरालम्ब करुणा की युगल साधना से मानते हैं। इसमें एक कूटस्थ वस्तु के लिये कोई स्थान नहीं है, जबकि वैदिक परम्परा 'परमपद' की प्राप्ति आत्मतत्त्व के ज्ञान से मानते हैं। इस मत के अनुसार जीव के अतिरिक्त एक कूटस्थ आत्मा की सत्ता होती है, जो वृत्तियों से विरह होने पर ब्रह्मत्व में स्थित हो जाती हैं। यह कहना कठिन है कि इन मतभेदों के अन्दर क्या तत्त्व छिपा है। आज ये सारी बातें बौद्धिक एवं ऐतिहासिक घटनामात्र बन गई हैं। हमारी भौतिक आवश्यकताओं ने जीवन एवं साधना के बीच एक खाई खड़ी कर दी है। आवश्यकता इस बात की है कि उपर्युक्त साधना के विधि-विधानों से मनुष्य लाभान्वित हो सके। प्रश्न यह है कि उक्त साधना आज के परिवेश में मानवजीवन के लिये क्या योगदान कर सकती है ?

• • •

बौद्धयोग एवं साधना का सामान्य स्वरूप तथा महायानयोग और तन्त्रयोग

श्री थुबतन छोगडुब शास्त्री

या सर्वज्ञतया नयत्युपशमं शान्तैषिणः श्रावकान्।
या मार्गज्ञतया जगद्धितकृतां लोकार्थसम्पादिका॥
सर्वाकारमिदं वदन्ति मुनयो विश्वं यया सङ्गताः।
तस्यै श्रावकबोधिसत्त्वगणिनो बुद्धस्य मात्रे नमः॥

आज भौतिक प्रगति चरम सीमा पर पहुँच गई है। मनुष्य ने चन्द्रमा पर कदम रख लिया है। वैज्ञानिक औद्योगिकी (Technol ogy) ने आश्चर्यजनक प्रगति की है और निःसन्देह विकसित होती रहेगी। किन्तु मनुष्यों की मानसिक अशान्तियाँ दूर नहीं हुई हैं। अतः यह स्पष्ट होता है कि मनुष्यों को स्थायी सुख प्रदान करने वाली आध्यात्मिक प्रगति ही है। आध्यात्मिक साधना द्वारा प्राप्त सुख तथा शान्ति सबसे महान सुख है और वही मनुष्यों के दुःख दूर करने में समर्थ है। विविध धर्मों ने इसको पाने के लिए अपनी-अपनी साधना या मार्ग दिखाए हैं।

बौद्ध धर्म में साधना तथा योग का अत्यन्त महत्त्वपूर्ण स्थान है, क्योंकि उनका मोक्ष ही एक मात्र अन्तिम लक्ष्य है। मुक्ति की प्राप्ति साधना तथा योग के बिना असम्भव है, अतः सभी बौद्ध निकायों की अपनी-अपनी साधना पद्धतियाँ हैं। श्रावक-नय, पारमितानय एवं तन्त्रनय इस प्रकार त्रिविध साधना मार्ग हैं।

उद्देश्य

बौद्ध साधना का अर्थ किसी देवता को खुश करना नहीं होता और न ही लौकिक वरदान प्राप्त करना उसका उद्देश्य है, अपितु सभी बौद्ध साधक चाहे वे श्रावक वर्ग के हों, चाहे महायान वर्ग के हों, उनको साधना का उद्देश्य मोक्ष होता है। विविध दुःखों से निवृत्त होकर निर्वाण की प्राप्ति के लिए साधना को जाती है। यद्यपि श्रावक तथा महायान दोनों का उद्देश्य निर्वाण है, तथापि दोनों के निर्वाण में अत्यधिक अन्तर है। इसलिए साधना में भी दोनों में बहुत अन्तर होना स्वाभाविक है।

आधार

बौद्ध साधना एवं योग का आधार शील होता है, क्योंकि शीलवान् व्यक्ति का चित्त ही साधना एवं योग के अनुकूल होता है। इस तथ्य को ध्यान में रखकर ही भगवान् बुद्ध ने सर्वप्रथम अधिशील शिक्षा का उपदेश किया है।

आलम्बन

साधना एवं योग मानसिक वस्तु हैं, अतः उनका आलम्बन होता है। बौद्ध साधना के आलम्बन विविध प्रकार के होते हैं, किन्तु सामान्यतः चार आर्य सत्य ही उनके आलम्बन होते हैं।

साधना

साधना समाधिप्रधान होती है। महायान-योग शास्त्रों में इसे प्रतिपत्ति कहा जाता है। परम उद्देश्य को सिद्ध करने वाला मार्ग ही साधना है। "चित्तस्थापन" से लेकर "वज्रोपम समाधि" तक के समस्त मार्ग साधना हैं।

योग

साधक को जब शमथ प्राप्त होता है, तब उसका चित्त नियत आलम्बन में निश्चल तथा एकाग्र हो जाता है और कायप्रश्रब्धि तथा चित्तप्रश्रब्धि की प्राप्ति होती है। उस समय "योग" की अवस्था प्रारम्भ होती है। अतः शमथ से "वज्रोपम समाधि" तक सभी मार्ग "योग" कहलाते हैं।

समाधि का स्वरूप

प्राणियों का चित्त अत्यन्त चञ्चल होता है। वह किसी एक आलम्बन में अधिक देर तक निर्विघ्नरूप से स्थित नहीं रह पाता। अभ्यास द्वारा उसकी एकाग्रता साधी जाती है। जब चित्त किसी कुशल आलम्बन में विक्षेप या चाञ्चल्य का त्याग कर एकाग्र हो जाता है, तो चित्त की उस एकाग्रता को ही "समाधि" कहते हैं। यद्यपि समाधि के अनेक प्रकार होते हैं, परन्तु सब शमथ एवं विपश्यना के अन्तर्गत होते हैं।

शमथ

किसी भी शुभ आलम्बन में अविक्षिप्त भाव से एकाग्र रहते हुए चित्त का कायप्रश्रब्धि और चित्तप्रश्रब्धि से संयुक्त रहना, शमथ का स्वरूप है। शमथ-सिद्धि के स्थान आदि अनेक हेतु होते हैं। शब्द ध्यान का प्रमुख कण्टक है। अतः ध्यान के लिये शब्दरहित स्थान अपेक्षित होता है। जल, वायु तथा भूमि आदि समस्त वातावरण अनुकूल होना चाहिए। ध्यान के अभिलाषी साधक को अल्पेच्छ, सन्तुष्ट, कायद्वार और वाग्द्वार में संयमी, भावनीय अर्थ (विषय) को श्रुत, चिन्ता द्वारा जानने वाला होना चाहिए और काम के आदीनव का ज्ञाता तथा अनित्यता आदि का जानकार होना चाहिए।

शमथ-सिद्धि के विघ्न

शमथ सिद्ध करने के लिये अनेक विघ्न या दोष हटाने होते हैं। उनमें से मुख्य पाँच विघ्न होते हैं। उन्हें 'अत्यय' भी कहते हैं। शमथ-सिद्धि के लिये इनका प्रहाण आवश्यक है। इनके प्रहाण के लिये अष्ट संस्कारों का सेवन किया जाता है।

आर्य मैत्रेयनाथ ने कहा है—

पञ्चात्ययप्रहाणात् संस्काराष्टकसेवनात्।
सम्भव··· ॥

पहला अत्यय 'कौसीद्य' (आलस्य) है, जो समाधि के उत्साह को हीन करने वाला होता है। दूसरा अत्यय 'मुषिता स्मृति' है जो आलम्बन को विस्मृत करने वाली होती है। तीसरा अत्यय निमग्न तथा औद्धत्य हैं। निमग्न वह चैतसिक है, जो चित्त को आलम्बन में डुबो देता है। यह एक प्रकार का अटकाव है, जो आगे की प्रगति का विरोधी है। समाधि के लिये आवश्यक है कि आलम्बन को सदा स्मृति बनी रहे, साथ ही चित्त उसमें डूबे नहीं, अपितु चित्त में एक प्रकार की जागरूकता सदा बनी रहे, जिससे आलम्बन के गुण-दोषों का विचार किया जा सके और समाधि के पथ पर आगे बढ़ा जा सके। औद्धत्य चित्त की चञ्चलता है। इसके कारण चित्त एक आलम्बन में स्थित नहीं रह पाता। ये दोनों ही जागरूकता के विरोधी हैं। चौथा अत्यय 'संस्कारासेवन' है। उपर्युक्त निमग्न और औद्धत्य के होने पर उनके प्रतिपक्ष का सेवन न करना 'संस्कारासेवन' कहलाता है। पाँचवाँ अत्यय 'संस्कारसेवन' है। निमग्न और औद्धत्य के शान्त हो जाने पर भी प्रतिपक्ष का सेवन करते रहना 'संस्कारसेवन' है। ये पाँच समाधि के मुख्य दोष हैं।

अत्ययों के प्रतिपक्ष

समाधि की उक्त बाधाओं को हटाने वाले प्रतिपक्ष आठ होते हैं। जिन्हें 'अष्टसंस्कार' कहते हैं। पहला संस्कार 'श्रद्धा' है, जो समाधि के गुणों को देखनेवाली होती है। दूसरा संस्कार 'छन्द' है, जो समाधि के प्राप्य अर्थ को चाहने वाला होता है। तीसरा 'वीर्य' है, जो समाधि के प्रति प्रवृत्त होने में उत्साह का अनुभव करने वाला होता है। चौथा 'प्रश्रब्धि' है। प्रश्रब्धि दो प्रकार की होती है। काय-प्रश्रब्धि तथा चित्तप्रश्रब्धि। काय तथा चित्त की लघुता एवं कर्मण्यता क्रमशः कायप्रश्रब्धि तथा चित्तप्रश्रब्धि है, जो क्रमशः कायदौष्ठुल्य और चित्तदौष्ठुल्य की विरोधी हैं। पाचवाँ संस्कार स्मृति है, जो आलम्बन का सम्यग् ग्रहण करने वाली होती है। छठवाँ संस्कार सम्प्रजन्य है, जो उत्पन्न तथा उत्पन्न होने वाले औद्धत्य एवं निमग्न को जानने वाला होता है। सातवाँ संस्कार संस्कारचिन्तन है, जो समाधि के दोषों के प्रतिपक्षों का चिन्तन करने वाला होता है आठवाँ संस्कार उपेक्षा या अधिवासन है, जो औद्धत्य-निमग्न के शान्त हो जाने पर संस्कारों की उपेक्षा करता है। इन आठ संस्कारों के बिना समाधि या योग-सिद्धि असम्भव है।

चित्त की नौ अवस्थाएँ

ध्यान प्राप्त करने के लिये व्यक्ति को नाना प्रकार के अभ्यास करने होते हैं। ध्यान या समाधि से पूर्व चित्त नाना प्रकार की अवस्थाओं से गुजरता है। समाधि से पूर्व चित्त की मुख्य अवस्थाएँ ९ होती हैं।

(१) चित्तस्थापन

यह प्रारम्भिक अवस्था है, जिसमें चित्त को अन्य बाह्य आलम्बनों में विक्षिप्त न होने देकर केवल अपने नियत आलम्बन में ही बाँध कर रखा जाता है। उस समय यद्यपि चित्त आलम्बन में स्थित होता है, तथापि वह एक ही आलम्बन में अधिक देर तक स्थित नहीं रह पाता। जिस प्रकार झरने का पानी लगातार बहता रहता है और पूर्व पानी के वह जाने पर उसके स्थान पर नवीन पानी आता रहता है, उसी प्रकार चित्त में नाना प्रकार के विकल्प एक के बाद एक आते रहते हैं। इस अवस्था में साधक को ऐसा मालूम होता है कि मानों चित्त में विकल्पों की बाढ़ आ गयी है। यद्यपि विकल्प उतनी मात्रा में पहले भी उत्पन्न होते थे; किन्तु चित्त के अन्तराभिमुख न होने से उनकी अनुभूति नहीं होती थी। अब चित्त को अन्तराभिमुख कर देने से तथा स्मृति एवं सम्प्रजन्य का अभ्यास शुरू करने से, उन विकल्पों का परिज्ञान होने लगता है। इसी अवस्था से योगाभ्यास प्रारम्भ होता है।

(२) चित्तप्रवाहसंस्थापन

यह वह अवस्था है, जिसमें आलम्बन का पुनः पुनः चिन्तन करने से चित्त-धारा आलम्बन में पहले से कुछ देर अधिक स्थिर रहने में समर्थ हो जाती है।

(३) चित्तप्रतिहरण

यदि चित्त विक्षिप्त हो जाए तो, उसे तत्काल जानकर पुनः मूल आलम्बन में लगा दिया जाता है।

(४) चित्तोपस्थापन

इस अवस्था में चित्त को विस्तृत न होने देकर आलम्बन में ही सीमित किया जाता है।

(५) चित्तदमन

इस अवस्था में विकल्पों एवं क्लेशों के दुष्परिणामों तथा समाधि के गुणों को जानकर चित्त को क्लेशों एवं विकल्पों से बचाकर समाधि में लगाया जाता है।

(६) चित्तशमन

यदि समाधि के प्रति अरति उत्पन्न हो जाए तो, इस अवस्था में चित्त को शान्त किया जाता है।

(७) चित्तव्युपशमन

इस अवस्था में सूक्ष्म भी निमग्न-औद्धत्य के उत्पन्न होने पर तत्काल उनका प्रहाण किया जाता है।

(८) चित्तैकोतीकरण

इस अवस्था में विघ्नों द्वारा बाधा न किये जाने से समाधि, धारा के रूप में प्रवाहित होने लगती है।

(९) समाधान

इस अवस्था में स्मृति और सम्प्रजन्य के सेवन के लिये कोई प्रयत्न नहीं करना पड़ता। चित्त स्वभावतः आलम्बन में प्रवृत्त होता है। इस नौवीं अवस्था में सूक्ष्म निमग्न-औद्धत्य से भी विमुक्त होकर साधक समाधि में अधिक काल पर्यन्त स्थिर रह सकता है। इस अवस्था में प्रश्रब्धियों की शक्ति भी बहुत अधिक बढ़ती है, जिसके कारण साधक को काय में प्रीतिरस की अनुभूति तथा चित्त में आह्लाद रस की अनुभूति होती है। चित्त की इस नौवीं अवस्था को ही 'उपचार शमथ' कहते हैं। क्योंकि यह शमथ के निकटतम होता है।

महायानसूत्रालंकार में कहा है—

निबन्ध्यालम्बने चित्तं तत्प्रवेधं न विक्षिपेत्।
अवगम्याशु विक्षेपं तस्मिन् प्रतिहरेत्पुनः॥
प्रत्यात्मं संक्षिपेच्चित्तमुपर्युपरि बुद्धिमान्।
ततश्च रमयेच्चितं समाधौ गुणदर्शनात्॥
अरतिं शमयेत्तस्मिन् विक्षेपदोषदर्शनात्।
अभिध्यादौर्मनस्यादीन् व्युत्थितान् शमयेत्तथा॥
ततश्च साभिसंस्कारां चित्ते स्वरसवाहिताम्।
लभेतानभिसंस्कारात् तदभ्यासात् पुनर्यतिः॥

वास्तविक शमथ

अभ्यास के और आगे बढ़ने पर प्रीति और आह्लाद भी क्रमशः क्षीण होने लगते हैं और उपेक्षा का भाव जागृत होने लगता है तथा चित्त आलम्बन में दृढ़ता

पूर्वक स्थित होने लगता है। कायप्रश्रब्धि तथा चित्तप्रश्रब्धि क्रमशः उत्पन्न होती हैं। इस समय साधक की समाधि कामभूमि से सम्बद्ध न होकर ध्यान भूमि के अन्तर्गत हो जाती है और उस समय वास्तविक शमथ की प्राप्ति होती है। इसे ही 'समाध्युपचार-अचलप्रश्रब्धि' कहते हैं, जो रूपधातु के अन्तर्गत प्रथम ध्यान के 'सामन्तक' से सगृहीत होती है। इसी अवस्था में 'योग' प्रारम्भ होता है।

सामन्तक तथा मौल

उसके बाद और आगे अभ्यास करने पर प्रथम-ध्यान मौल की प्राप्ति होती है। सामन्तक और मौल ध्यान की दो अवस्थाएँ हैं। सामन्तक ध्यान की वह अवस्था है, जब वह अपने से नीचे की भूमि के स्थूल क्लेशों का प्रहाण करता है। क्लेशों के प्रहीण हो जाने पर जब सम्पूर्ण ध्यानाङ्ग प्रादुर्भूत होने लगते हैं, तब वह ध्यान के मौल की अवस्था होती है। मौल की प्राप्ति ध्यान की परिपूर्णता है।

आगे और अभ्यास करने पर उससे भी बढ़कर द्वितीय ध्यान की प्राप्ति होती है, तथा उसके बाद तृतीय ध्यान और चतुर्थ ध्यान की अवस्था आती है। उन सभी ध्यानों के भी सामन्तक तथा मौल दो-दो होते हैं। इन्हें 'ध्यान समापत्तियों' की संज्ञा दी जाती है। उनसे भी आगे चार अरूपी समापत्तियों को अवस्थाएँ आती हैं।

इस प्रकार समाधि सिद्धि या योगाभ्यास के कुल नौ स्तर होते हैं। उपर्युक्त चित्तस्थापन से नवमी चित्त-अवस्था (समाधान) तक वे कामधातु के अन्तर्गत हैं। उससे आगे की चार ध्यान समापत्तियाँ रूपधातु के अन्तर्गत होती हैं और अरूपी समापत्तियाँ अरूपधातु के अन्तर्गत होती हैं। इन सभी समापत्तियों की साधना-विधि, ध्यानों के अङ्ग तथा भेद-प्रभेदों का निरूपण थोड़े शब्दों में नहीं हो सकता है। जिज्ञासुओं को अभिसमयालङ्कार, महायानसूत्रालङ्कार, मध्यान्तविभाग तथा अभिधर्मकोश आदि का अध्ययन करना चाहिए, जो योग तथा साधनाओं का विस्तृत प्रतिपादन करते हैं।

छः अभिज्ञाएँ

रूपी समापत्तियों तथा अरूपी समापत्तियों में से केवल रूपी समापत्तियों में ही अभिज्ञा सिद्ध हो सकती है, अरूपी समापत्तियों में नहीं। चारो ध्यानों के मौल के अभ्यास से ही 'अभिज्ञाएँ' सिद्ध की जा सकती हैं। अभिज्ञा का अर्थ अभिमुख या विशिष्ट ज्ञान है, जो अपने विषय को प्रत्यक्षरूपेण जानता है। अभिज्ञा की संख्या छः है और ये ज्ञान की विशेष शक्तियाँ हैं।

(१) पहली अभिज्ञा "दिव्यचक्षु" है, जिसके द्वारा अत्यन्त दूरवर्ती एवं अत्यन्त सूक्ष्म रूप भी देखे जा सकते हैं।

(२) दूसरी अभिज्ञा "दिव्यश्रोत्र" है, जिसके द्वारा अत्यन्त दूरस्थ एवं अत्यन्त मन्द शब्द भी सुने जा सकते हैं।

(३) तीसरी अभिज्ञा "परचित्तज्ञान" है, जो दूसरे प्राणियों के चित्तों को जानने में समर्थ होती है।

(४) चौथी अभिज्ञा "पूर्वनिवासानुस्मृति" है, जिसके द्वारा अपने तथा दूसरों के अनन्त पूर्व जन्मों को, उनके निवास स्थानों को तथा वस्तुओं को जाना जा सकता है।

(५) पाँचवीं अभिज्ञा "च्युत्युपपादज्ञान" है जो प्राणियों की च्युति (मृत्यु) तथा उत्पत्ति को जानने में समर्थ होती है।

(६) छठी अभिज्ञा "ऋद्धि-अभिज्ञा" है, जिसके द्वारा साधक विविध रूपों में अवतरित हो सकते हैं, यह समस्त ऋद्धियों की जननी है। इस प्रकार की ऋद्धियाँ तथा चमत्कार सभी साधकों के एक समान नहीं हैं। जो साधक प्रथम ध्यान ही प्राप्त है तथा उसके द्वारा ऋद्धियाँ सिद्ध की जाती हैं, तो वे ऋद्धियाँ उन ऋद्धियों से कम शक्तिशाली होती हैं, जो द्वितीय ध्यान प्राप्त साधक को द्वितीय ध्यान से प्राप्त होती है। उसी प्रकार द्वितीय से तृतीय अधिक शक्तिशाली है तथा उससे चतुर्थ ध्यान की ऋद्धियाँ अधिक प्रभावशाली होती है। बौद्ध योगी के लिये ऋद्धियाँ तथा चामत्कारिक शक्तियाँ लक्ष्य नहीं है, परन्तु उसके लिये साधनमात्र है। वे प्राप्य अवश्य हैं।

विपश्यना

प्रथम ध्यान के सामन्तक से लेकर 'भवाग्र मौल' तक की सभी समापत्तियाँ लौकिक समाधि हैं। अतः केवल उनके द्वारा मोक्ष प्राप्त नहीं किया जा सकता है। बौद्धमत में मोक्ष की प्राप्ति के लिये नैरात्म्य ज्ञान अनिवार्य है। उपर्युक्त शमथ आदि समापत्तियों का आलम्बन नैरात्म्य को बना दिया जाय तो विपश्यना की अवस्था आती है। विपश्यना से संगृहीत साधना लोकोत्तर साधना होती है।

पाँच मार्ग

बौद्ध साधक को पाँच मार्ग क्रमशः प्राप्त होते हैं :—

पहला मार्ग 'सम्भार मार्ग' है, जो मुक्तिमार्ग की प्रारम्भिक अवस्था का होता है। दूसरा मार्ग 'प्रयोग मार्ग' है, जो नैरात्म्य-साक्षात्कार के समीपस्थ होता

है। इन दोनों मार्गों को 'पृथग्जन मार्ग' कहते हैं। क्योंकि इनकी अवस्था में गुजरने वाले साधक पृथग्जन हुआ करते हैं। पृथग्जन वह व्यक्ति होता है, जो नैरात्म्य को प्रत्यक्षतः नहीं जानता है। उपर्युक्त दोनों मार्गों में स्थित व्यक्ति नैरात्म्य को परोक्ष रूप से जानता है, प्रत्यक्ष रूप से नहीं जानता है।

तीसरा मार्ग 'दर्शन मार्ग' है, जो नैरात्म्य को प्रत्यक्ष रूप से जानता है। उस समय नैरात्म्य का साक्षात्कार होता है। दर्शनमार्गप्राप्त साधक से लेकर बुद्ध तक के सभी व्यक्ति 'आर्यपुद्गल' कहलाते हैं।

नैरात्म्य का साक्षात्कार होते ही मुक्ति नहीं मिलती है, अपितु आगे बहुत से मार्ग प्राप्त करने होते हैं तथा क्लेश आदि का प्रहाण करना होता है। अतः दर्शन मार्ग के बाद चौथा मार्ग 'भावना मार्ग' है। जो भावनाहेयों का प्रहाण करता है। उसका अन्तिम मार्ग 'वज्रोपम समाधि' है, जिसके दूसरे क्षण में ही मोक्ष की प्राप्ति होती है। मोक्ष प्राप्त साधक को अर्हत् कहते हैं। अर्हत् अवस्था में जो समाधि या ध्यान-भावना आदि होती हैं, उनका नाम 'अशैक्ष मार्ग' है, अशैक्षमार्ग वस्तुतः मार्ग नहीं है, अपितु वह फल है और साधना का लक्ष्य है।

पारमितायान-साधना का विशिष्ट उद्देश्य

पहले कहा गया है कि बौद्ध साधना का लक्ष्य मुक्ति ही है। मोक्ष या निर्वाण के दो प्रकार हैं।

पहला श्रावक निर्वाण है, जो केवल सास्रवकर्म तथा क्लेशावरण की निवृत्ति मात्र है। दूसरा महायान निर्वाण है, जो ज्ञेयावरण का भी अभाव होता है और साथ ही उस समय सर्वज्ञ ज्ञान की प्राप्ति होती है। उस प्रकार का निर्वाण और सर्वज्ञज्ञान प्राप्त व्यक्ति बुद्ध कहलाता है। बुद्ध-अवस्था में सर्वज्ञज्ञान और महाकरुणा अद्वय होते हैं, जिससे सकल जगत् का कल्याण सम्पन्न होता है। यही बुद्धत्व महायान साधना का लक्ष्य है, क्योंकि महायानी समस्त प्राणियों को स्थायी सुख प्रदान करना चाहते हैं।

महायान साधना का प्रारम्भ

महायान मार्ग का प्रारम्भ बोधिचित्तोत्पाद से होता है। बोधिचित्तोत्पाद प्राप्त व्यक्ति को ही महायानी कहते हैं। महायान की समस्त साधना, ध्यानभावना तथा मार्गाभ्यास बोधिचित्तोत्पाद से प्रेरित होते हैं।

बोधिचित्तोत्पाद से सर्वज्ञता पर्यन्त विभिन्न अवस्थाओं के वर्गीकरण करने पर चार मार्ग होते हैं। महायान सम्भार मार्ग, महायान प्रयोग मार्ग, महायान दर्शन

मार्ग तथा महायान भावना मार्ग, ये चार हैं। प्रथम तथा दूसरे मार्ग की अवस्थाओं में समस्त ध्यान, समापत्तियाँ तथा अरूपी-समापत्तियाँ प्राप्त हो जाती हैं।

विशिष्ट विपश्यना

पहले कहा गया है कि विपश्यना नैरात्म्यविषयक होती है। नैरात्म्य दो प्रकार का होता है। पुद्गलनैरात्म्य तथा धर्मनैरात्म्य। श्रावकनय में केवल पुद्गल-नैरात्म्यविषयक विपश्यना होती है। परन्तु महायान में शून्यताविषयक-विपश्यना भी होती है। महायान प्रयोगमार्ग के बाद जब शून्यता या निस्स्वभाव का साक्षात्कार होता है, तो दर्शनमार्ग की अवस्था आती है। उस समय शून्यता का प्रत्यक्ष-ज्ञान होता है। तत्त्व के साक्षात्कारमात्र से मुक्ति नहीं होती, आगे और अधिक मार्गाभ्यास करने होते हैं। अतः दर्शन मार्ग के पश्चात् भावना मार्गों की अवस्था आती है। दशभूमियों की प्राप्ति भी इसी मार्गक्रम में होती है। भावना मार्ग का अन्तिम मार्ग 'महायान वज्रोपम समाधि' कहलाती है, जिसके दूसरे क्षण में ही बुद्धत्व की प्राप्ति होती है।

समाहितज्ञान एवं पृष्ठलब्धज्ञान

महायानी आर्यों का ज्ञान दो प्रकार का होता है। परमार्थ या शून्यता को प्रत्यक्षरूपेण जानने वाला ज्ञान तथा सांवृतिक वस्तुओं को जानने वाला ज्ञान। पहला ज्ञान समाहित ज्ञान कहलाता है तथा दूसरा ज्ञान पृष्ठलब्धज्ञान कहलाता है। बुद्धावस्था से पूर्व के समाहित ज्ञान केवल परमार्थ सत्य को जानते हैं, वे घट-पट आदि सांवृत्तिक पदार्थों को नहीं जानते। उससे उठने पर साधक घट-पट व्यक्ति आदि सांवृतिक वस्तुओं को जानते हैं, जिन्हें साधारण व्यक्ति जानते हैं, परन्तु साधक समस्त पदार्थों को मायावत् जानते हैं। इस पृष्ठलब्ध की अवस्था में ही साधक श्रवण, चिन्तन, अध्ययन तथा अध्यापन आदि व्यावहारिक कार्य करते हैं।

द्विविध सम्भार

ऊपर कहा है कि महायान साधना का उद्देश्य बुद्धत्व की प्राप्ति है। बुद्धकाय दो प्रकार का है। यथा धर्मकाय और रूपीकाय। धर्मकाय का हेतु परमार्थ सत्य का ज्ञान है, जिसे 'ज्ञानसम्भार' कहते हैं। रूपीकाय का हेतु बोधिचित्तोत्पाद तथा महाकरुणा आदि हैं, जिन्हें 'पुण्यसम्भार' कहते हैं। इस प्रकार प्रज्ञागत साधना एवं उपायगत साधना, ये दो साधना के अनिवार्य अङ्ग हैं।

महायान की विविध साधनाओं की अवस्थाओं में बोधिसत्त्व को अनेक विशिष्ट समाधियाँ, भूमियाँ तथा ऋद्धियाँ प्राप्त होती हैं, जो बुद्धत्व प्राप्त करने तथा अनन्त प्राणियों के उद्धार के लिये आवश्यक हैं।

तन्त्रयोग की विशेषता

पारमितायान तथा तन्त्रयान दोनों साधनाओं के अन्तिम उद्देश्य (फल) में कुछ भी भेद नहीं है। दोनों का लक्ष्य समान रूप से बुद्धत्व ही है तथा उस बुद्ध के स्वरूप आदि में भी (इन दोनों में) कोई भेद नहीं है, किन्तु बुद्धस्वरूपी फल को प्राप्त करने के उपाय या साधना में इन दोनों में महान् अन्तर है। ऊपर कहा गया है कि बुद्धकाय दो होते हैं। जिस प्रकार बुद्धकाय दो होते हैं, उसी प्रकार उनके असाधारण हेतु भी दो प्रकार के होना स्वाभाविक है। बोधिचित्तोत्पाद तथा महाकरुणा से परिगृहीत 'शून्यताज्ञान' धर्मकाय का असाधारण हेतु है, तथा वह रूपकाय का सहकारी प्रत्यय है। इस विषय में भी दोनों यानों का मत समान है। किन्तु रूपकाय के असाधारण हेतु के विषय में इन दोनों यानों में मौलिक भेद है। पारमितायान में रूपकाय का असाधारण हेतु 'गम्भीर उपाय' न होकर बोधिचित्तोत्पाद एवं (छ) पारमिताएँ मात्र हैं। तन्त्रयान में रूपकाय का असाधारण हेतु गम्भीर तथा विशिष्ट उपाय होता है। साधना की इस असमानता के कारण पारमितायान में बुद्धत्व की प्राप्ति में अनेक जन्म लग जाते हैं। इस यान में एक जन्म में ही बुद्धत्व प्राप्त कर लेना असम्भव है। तन्त्रयान के द्वारा तीक्ष्णेन्द्रिय व्यक्ति एक ही जन्म में या कुछ ही वर्षों में बुद्धत्व प्राप्त कर सकता है।

गम्भीर साधना

अपने इष्टदेव से योग की भावना ही गम्भीर साधना है, जो रूपकाय का उपादान हेतु है। फल अवस्था में जो रूपकाय की प्राप्ति होने वाली है, उसकी आकृतियाँ एवं स्थान आदि की अपनी आकृति एवं स्थान आदि से समानता की भावना की जाती है।

'रूपकायाकृतितुल्य देवमण्डलयोग' का अभ्यास ही रूपकाय का असाधारण हेतु है, न कि शून्यताज्ञान रूपकाय का असाधारण हेतु है। वह तो धर्मकाय का असाधारण हेतु है। शून्यताज्ञान रूपकाय का सहकारी प्रत्यय है और गम्भीर उपाय धर्मकाय का सहकारी प्रत्यय है। इस तथ्य का प्रतिपादन वज्रपञ्जर के प्रथम परिच्छेद में निम्नलिखित शब्दों में किया है—

शून्यता चेदुपायः स्यान्नैवं बुद्धो भविष्यति।
हेतुफलयोरन्यत्वादुपायः शून्यता न हि॥

देवमण्डलयोग शमथ स्वरूप होता है, और उसके साथ-साथ शून्यता का ज्ञान भी होता है। हम प्राणियों को अपना शरीर और स्थान आदि समस्त पदार्थ साधारण

पदार्थ ही प्रतीत होते हैं। वस्तुओं के प्रति इस 'साधारणता की भावना' ही देवमण्डल योग का विरोधी है, जिसे हटाना परमावश्यक है।

तान्त्रिक साधना की ऊँची अवस्था प्राप्त होने पर 'देवमण्डल योग' तथा शून्यता का साक्षात्कार करने वाली प्रज्ञा अद्वैत या अभिन्न हो जाती हैं और अन्त में वास्तविक धर्मकाय तथा रूपकाय की प्राप्ति हो जाती है।

बौद्ध तन्त्र में विविध देवमण्डल उपदिष्ट हैं। उनमें से किसी भी देवमण्डल योग की भावना करके जब फलावस्था आती है, तो समस्त देवमण्डल योग का भी लक्ष्य पूरा हो जाता है। बौद्ध तन्त्रसाधना का उद्देश्य किसी देवता, जैसे—कालचक्र और वज्रभैरव आदि के पास पहुंचना अथवा जिस स्थान में वे रहते हैं, उस स्थान के अन्दर पहुँचना आदि नहीं है। परन्तु कालचक्र के साधक का कालचक्र के रूप में परिणत होना और वज्रभैरव के साधक का वज्रभैरव हो जाना ही उसका उद्देश्य है। श्री कालचक्र और वज्रभैरव आदि बुद्ध के विभिन्न रूप हैं, जो विविध विनेयजनों के लिये दिखलाए गये हैं।

नाड़ी एवं वायु का संशोधन

यह एक सामान्य नियम है कि वायु द्वारा चित्त विषयों में प्रक्षिप्त हुआ करता है। यदि रक्तवाही, शुक्रवाही और वायुवाही नाड़ियों को मर्माहत किया जाए तो अस्थानों में वायु का गमन रुक जाता है। उसके कारण चित्त भी अस्थानों में प्रवृत्त नहीं होगा, क्योंकि उसके संचालक का ही दमन कर दिया गया है। इसलिये खराब कल्पनाएँ समाप्त हो जाती हैं। अतः तन्त्र में शरीर को मर्माहत करने वाला विशिष्ट उपाय तथा शून्यता विषयक प्रज्ञा की युगल साधना की जाती है। इस प्रकार नाड़ी एवं वायु के संशोधन का बड़ा महत्त्व है।

बोधिचित्तोत्पाद, महाकरुणा तथा षट् पारमिताएँ आदि समस्त उपाय भी तन्त्र-साधना के लिये अनिवार्य हैं।

इस प्रकार अधिशील शिक्षा पर अवलम्बित शमथ से लेकर 'तान्त्रिकयोग'पर्यन्त समस्त साधना, योग तथा उनके भेद-उपभेदों का दिग्दर्शन करने का प्रयत्न किया गया है, जो बौद्ध योग शास्त्रों में प्रतिपादित हैं। हम आशा करते हैं कि साधना तथा योगाभ्यास, इस भौतिक सत्ता के संघर्ष के युग में भी लोगों को स्थायी सुख प्रदान करेंगे।

टिप्पणी : एल० जमस्पल

श्रीछोगडुबमहोदय ने अपना निबन्ध बौद्ध साधना का संक्षेप में परिचय कराने के लिये परिश्रम पूर्वक लिखा है। विद्वान् लेखक के इस पवित्र परिश्रम के लिये मैं उनको धन्यवाद देता हूँ।

यद्यपि निबन्ध में अनेक विषयों का समावेश हो जाने से बहुत से स्थलों पर पर्याप्त चर्चा न हो सकी है, तथापि इस निबन्ध से जिज्ञासु पाठकों के मन में संक्षेप में चर्चित विषयों के ऊपर और भी अधिक जिज्ञासा एवं संशय उत्पन्न हो सकते हैं, जो दोनों ही प्रेक्षवान् जनों की ग्रन्थों में प्रवृत्ति के लिये कारण होंगे। यद्यपि लेखक महोदय ने बौद्धों के त्रियानवादी तथा एकयानवादियों के सिद्धान्तों की कुछ भी चर्चा न करके "बौद्धों का मोक्ष ही एक मात्र अन्तिम लक्ष्य है" ऐसा संकेत किया है। जहाँ तक त्रियानवादी का मत है, इस कथन के लिये कोई विरोध नहीं है। परन्तु एकयानवादी मत के अनुसार इस कथन को युक्तियुक्त नहीं कहा जा सकता, क्योंकि उनके मत में मोक्ष प्राप्त होने के बाद भी श्रावक और प्रत्येक बुद्ध दोनों को ही बुद्धत्व प्राप्त करने के निमित्त बोधिसत्त्व के मार्ग में प्रविष्ट होकर प्रयत्न करना पड़ता है। इनके मत में बोधिसत्त्वयान ही एक मात्र यान है और दूसरा नहीं। बोधिसत्त्व तो महाकरुणा के वश से अपनी अर्थसिद्धि के लिये मोक्ष को भी प्राप्य नहीं मानते। आर्यमैत्रेयनाथ ने कहा भी है—प्रज्ञया न भवे स्थानं कृपया न शमे स्थितिः।

बौद्धसाधना में शमथ, विपश्यना और योग इन तीनों का महत्त्वपूर्ण स्थान है। इन तीनों के क्रम में लेखक महोदय ने योग को प्रथम रखा और शमथ की अवस्था से योग का प्रारम्भ कहा है। इस क्रम और शमथावस्था से ही योग का प्रारम्भ दोनों को ही हम नहीं मान सकते हैं। योग को शमथ और विपश्यना के अन्त में रखना चाहिये, क्योंकि शमथ और विपश्यना के युगनद्ध ध्यान का ही नाम योग है। इसीलिये योग की प्राप्ति के लिये शमथ और विपश्यना को युगनद्ध होना चाहिए। विपश्यना प्राप्त हुए बिना केवल शमथ की अवस्था में योग बन हो नहीं सकता। उसी को हम योग कह सकते हैं, जिससे क्लेशों का विनाश होता है। शमथ और विपश्यना दोनों में एक दूसरे से वियोग रहने पर किसी भी परिस्थिति में क्लेशों का प्रहाण नहीं किया जा सकता। अतः क्लेशों के प्रहाण के लिये सर्वप्रथम शमथ का उत्पाद करना चाहिए, उसके पश्चात् विपश्यना का, तब ही दोनों का युगनद्ध योग परिपूर्ण हो सकता है। आचार्य शान्तिदेव ने भी कहा है—

शमथेन विपश्यनासुयुक्तः कुरुते क्लेशविनाशमित्यवेत्य।
शमथः प्रथमं गवेषणीयः स च लोके निरपेक्षयाभिरत्या॥

इति शम्

• • •

तत्त्वसिद्धि

श्री एल. जमस्पल

मानवनिर्मित वस्तुओं में से लोगों को आश्चर्य और रहस्य में डालने वाली मुख्यतया दो ही चीजें दिखलाई देती हैं। वे दो चीजें क्रमशः यन्त्र और तन्त्र हैं। उनमें यन्त्र विज्ञान पर आधारित और तन्त्र विश्वास पर आधारित होता है। जिसका विश्वास दृढ़ है, उसका तन्त्र भी दृढ़ हो सकता है। जिस प्रकार यन्त्रनिर्माता पुरुष तरह-तरह के यन्त्रों का तरह-तरह के कार्य के लिए उपयोग करते हैं, हम देख सकते हैं कि तान्त्रिक पुरुष शारीरिक पीड़ा के शमन से लेकर मोक्ष आदि प्रकर्षपर्यन्त प्राप्ति के लिये भी तन्त्र का उपयोग करते हैं। अपने-अपने विश्वास के अनुसार इसका कुछ न कुछ प्रभाव भी दिखलाया जा सकता है।

वज्रयानी इसी जन्म में शीघ्रता से बुद्धत्व प्राप्त करने के लिये ही तन्त्र का उपयोग करते हैं। तन्त्रयानी लोगों का विश्वास है कि स्वयं तथागत ने ही उत्कृष्ट बोधिसत्त्वों के लिये तन्त्र का उपदेश दिया था। परन्तु इसका स्थान मगध देश न होकर श्रीधान्यकटक, उड्डियान, शम्भल और सुमेरु शिखर आदि है। बाद में मगध देश में भी तान्त्रिक आचार्यो ने तन्त्र का विकास किया था। जिस समय तिब्बत में बौद्धधर्म का प्रवेश हो रहा था, उस समय भारत वर्ष में तन्त्र का विकास पूर्णरूप से हो चुका था। संस्कृत आदि भारतीय भाषाओं से तिब्बती में अनूदित कन्-ग्युर (बुद्धवचन) और तन-ग्युर (शास्त्रटीका) के विशाल साहित्य-संग्रहों में अधिकतर महायानी और वज्रयानियों के ग्रन्थ ही उपलब्ध होते हैं। प्रस्तुत निबन्ध भी तन्-ग्युर में उपलब्ध तत्त्वसिद्धिप्रकरण का ही सारांशानुवाद है, जिनके लेखक आचार्य शान्तरक्षित थे। आचार्य शान्तरक्षित के तत्त्वसंग्रह से आप सब परिचित होंगे, जिसमें आचार्य ने सांख्य आदि भारतीय सिद्धान्तों के तत्त्व बहुत ही स्पष्ट रूप से संगृहीत किये हैं। तत्त्वसंग्रह के अध्ययन से आचार्य की अद्भुत विद्वता का ज्ञान होता है। आचार्य शान्तरक्षित प्रकाण्ड दार्शनिक विद्वान् ही नहीं थे, बल्कि विनयधर, साधक और बहुत बड़े धर्म प्रचारक भी हुए थे। वे अपनी ७५ वर्ष की आयु में भी हिमालय के दुर्गम स्थानों को पार करके धर्म प्रचार के लिये तिब्बत पहुँचे थे। सर्वप्रथम वहाँ बौद्ध विहार की स्थापना करके तिब्बती जनों को विनय की दीक्षा देने का श्रेय आचार्य शान्तरचित को ही है। इसीलिये तिब्बत में आचार्य शान्तरक्षित को महोपाध्याय बोधिसत्त्व के नाम से लोग जानते हैं। आचार्य शान्तरक्षित ने कई

ग्रन्थों की रचना की थी। उनमें सबसे अधिक प्रचलित ग्रन्थ मध्यमकालङ्कार है। फिर भी तान्त्रिक सिद्धान्तों को स्पष्ट करने के लिये तत्त्वसिद्धिप्रकरण बहुत उपयोगी हैं। इसीलिये प्रस्तुत लेख में इसी ग्रन्थ के सारांश का तिब्बती से हिन्दी-अनुवाद करने का प्रयास किया गया है। सुना है कि किसी पुस्तकालय में इसका मूल संस्कृत भी उपलब्ध है। परन्तु अभी तक इसका प्रकाशन नहीं हुआ है। आचार्य उक्त प्रकरण में तन्त्रयानियों की मान्यताओं की सिद्धि के लिये अनेक युक्ति और आगमों को प्रस्तुत करते हैं।

वज्रयानं नमस्कृत्य महासुखसुखाकरम्।
सम्मोहविनिवृत्त्यर्थं तत्त्वसिद्धिः समुच्यते॥

जो पृथग्जन वज्रयान में कुशल मूल के संस्कार का सञ्चय नहीं करते हैं, जो समारोपित वस्तु में अभ्यस्त होते हैं, जिनकी बुद्धि विकल्परूपी वात से भ्रष्ट है, जिनका अपना मन कलियुग रूपी कर्दम से मलिन है, जो पृथग्जन संसाररूपी सागर से तैरना नहीं जानते हैं, जिनकी स्वनिर्मित अनेक विकल्पों द्वारा अपनी बुद्धि कलङ्कित है, जो संकटमय बन्धन रूपी कन्दरा में पतित हैं, दुर्बोधरूपी भूत द्वारा गृहीत होने से जिनका अपना चित्त मथित है, जो आचार्यों के आश्रित नहीं हैं और जो परमार्थभावना के उपदेश से रहित हैं, उनके द्वारा अन्य मार्ग से श्रीमहासुखवज्रसत्त्व अनेक असंख्येय कल्पों में अधिगम्य और वज्रयानोपाय से युक्त जनों के द्वारा इसी जन्म में बिना कठिनाई से साध्य होता है। चराचर सभी वस्तुओं का स्वरूप आदि और अन्त रहित है। आधाररहित अशेष सत्त्वों की सन्तति में उस महापुण्य के निमित्त अभिसमय के उपायभूत उत्तमोत्तम अशेष वज्रयान के लक्षण को नहीं जानने वालों के अज्ञानरूपी तिमिर के निवारण के लिये युक्ति और आगम द्वारा थोड़ा कुछ कहना चाहिए।

जब उपाय (करुणा) और प्रज्ञा (अनात्मादि ज्ञान) द्वारा गृहीत होने पर रूप आदि विषय सम्भोगमय बन जाते हैं, तब वे विशिष्ट फल के प्रापक होते हैं। प्रेक्षावान् पुरुष को इसी प्रकार स्वीकार करना चाहिए, क्योंकि विशिष्ट सामग्री ही विशिष्ट फल की उत्पादक होती है—यह सभी वादियों के प्रति समान रूप से प्रसिद्ध है। जैसे आमलक फल सामान्यतया कषायरस प्रतीत होता है, फिर उसी को दूध में भिगोने आदि विशिष्ट कारणों के साथ संयोग होने पर वही (कषायरस) मधुररूप में ज्ञात होता है। अतएव जिस प्रकार कारण के अन्य आकारों द्वारा अभिसंस्कृत फल द्वारा अन्य विशिष्ट फल की उत्पत्ति होती है—यह प्रत्यक्षसिद्ध है, उसी प्रकार रूपादि विषय योगी द्वारा महामुद्रा में उत्पादित करके तथा मन्त्र और मुद्रा से अधिष्ठित कर उस

विषय से अत्यन्त विशिष्ट फल की उत्पत्ति की जाती है। इस प्रकार उत्तम जनों को जानना चाहिए, क्योंकि यह सामग्री से उत्पन्न होता है। शब्दमात्र से कोई चीज उत्पन्न नहीं होती। अतएव अन्य विशिष्ट कारणों से विशिष्ट फल की उत्पत्ति होती है, क्योंकि सर्वज्ञत्व के हेतु-प्रत्यय की शक्ति अचिन्त्य होती है। यहाँ पर प्रयोग इस प्रकार है। जो विशिष्ट कारण द्वारा अभिसंस्कृत होता है, वह विशिष्ट फल को उत्पादित करता है। जैसे दूध में आर्द्र किया हुआ आमलक आदि मधुर फल के रूप में परिवर्तित होते हैं; रूप आदि भी विशिष्ट कारण द्वारा अभिसंस्कृत होते हैं। यह स्वभावहेतु है। यहाँ पर विशिष्ट अन्य कारण द्वारा अभिसंस्कृत मात्र के अनुबन्ध से इष्ट फल होता है। अभीष्ट वस्तु व्यापक और अभिसंस्कार व्याप्य होता है। अतएव जो-जो विशिष्ट अन्य कारणों से अभिसंस्कृत स्वभाव होते हैं, वे अविकल कारण और निर्विघ्न होने पर विशिष्ट फल की उत्पत्ति करते हैं। क्योंकि वे उससे अनुबद्ध होते हैं। इसी लिए व्याप्यव्यापकभाव सिद्ध होने पर व्यापक साध्य से व्याप्य ही हेतु होता है। जैसा कि व्यापक वृक्ष आदि की साध्यता में व्याप्य शिंशपा आदि हेतु होते हैं।

रूप आदि विषयों से क्लेशों की उत्पत्ति होती है। इसी कारण रूप आदि विषय दुर्गति के निमित्त होते हैं। यह भी कहा नहीं जा सकता है, क्योंकि केवल विषय मात्र से क्लेशों की उत्पत्ति नहीं होती है। क्लेशों की उत्पत्ति के लिये आत्मग्रह और आत्मीयग्रह पूर्वंगामी होना चाहिये। जैसा कहा भी है—

आत्मनि सति परसंज्ञा स्वपरविभागात् परिग्रहद्वेषौ।
अनयोः सम्प्रतिबद्धाः सर्वे दोषाः प्रजायन्ते॥

इसीलिये जिसकी आत्मदृष्टि होती है, उसी के लिये ये सभी क्लेश होते हैं। जो पुरुष अनात्मता में अभ्यस्त होते हैं, वे नैरात्म्य के रस का रसास्वादन करते हैं। उनके लिये क्लेश नहीं होते।

यदि विषय सर्वथा राग के कारण होते तो अशुचि आदि का आकार विपरीत होता। फिर भी अभ्यास की शक्ति से अशुचिग्राही ज्ञान की उत्पत्ति होती है। अतएव समारोप से इन विज्ञानों का निश्चय होता है। इस प्रकार विशिष्ट परिणति से विशिष्ट फल का उत्पाद ही, कारण का स्वरूप आप क्यों नहीं मानते हैं? एक ही स्त्री के शरीर में प्रव्रजित, कामी और कुक्कुर तीनों में अलग-अलग विकल्प उत्पन्न होते हैं। ये रूप आदि विषय विशिष्ट समारोप और विशिष्ट परिणति से संसार में बन्धन के कारण नहीं बनते, क्योंकि देय, दान और दाता की अनुपलम्भता से से त्रिमण्डल परिशुद्ध होता है। अतएव मन्त्र आदि द्वारा अभिसंस्कृत विशिष्टता से रूप आदि विषय अनुत्तर फल का उत्पाद करते हैं। जैसे विष आदि का मन्त्रादि

द्वारा अभिसंस्कार करके उपयोग करने पर रसायन आदि फल का उत्पाद होता है। वही विष अन्य साधारण लोगों के लिये मृत्यु का कारण होता है। इसी प्रकार रूप आदि विषय भी मन्त्र और मुद्रा द्वारा अधिष्ठित होने पर अत्यन्त विशिष्ट फल का साक्षात्कार कराते हैं। ऐसा जानना चाहिये।

अन्यत्र भी कहा गया है—

राग, द्वेष और मोह ये तीनों विष होते हैं। असमता से सेवन करने पर ये विष ही होते हैं, (समतापूर्वक) अमृतत्त्व के लिये सेवन करने पर अमृतमय बन जाते हैं। रत्नकूट में भी - काश्यप, शहर की जो गन्दगी होती है, वह इक्षु-क्षेत्र और द्राक्षा-क्षेत्रों के लिये खाद के रूप में हितकारी होती है। उसी प्रकार बोधिसत्त्व का क्लेश रूपी खाद सर्वज्ञता के लिये हितकारी होता है। काश्यप, जिस प्रकार औषध और मन्त्र द्वारा परिगृहीत विष से मरण नहीं होता, उसी प्रकार प्रज्ञा और उपाय द्वारा परिगृहीत बोधिसत्त्व के क्लेश रूपी विष से विपरीत-आपत्ति नहीं होती— कहा है।

आचार्य नागार्जुन ने भी कहा है—

नाथ, तुमने क्लेश का वासनापर्यन्त त्याग किया है, क्लेशमयता से ही तुमने अमृतत्व उपार्जित किया है।

उपालिपरिपृच्छा में भी उक्त है—

राग तो बोधिसत्त्वों के लिये सत्त्वों की महार्थतावश प्रवेशयोग्य है, क्योंकि (बोधिसत्त्व) सत्त्वों के प्रति अनुराग करते हैं।

सामग्री के भेद से फल में भेद होता है। धर्मनैरात्म्य का ज्ञान होने से (बोधिसत्त्व) उन रूप आदि विषयों में किसी भी तरह अभिनिविष्ट नहीं होते। (उनके लिये) अनुत्तर महासुखरूपी फल की प्राप्ति के अतिरिक्त अन्य साध्य नहीं है। इसी के लिये समयोग में कहा है कि—स्वयं सर्व बुद्ध और सर्व वीर होते हैं। इसलिये देवयोग से अपना साध्य सिद्ध करना चाहिये। प्रतिबिम्बित विधि से योग उत्पन्न नहीं होता। बोधिचित्त के प्रति प्रयत्न करें, तो उससे योग का दर्शन होता है। बोधिचित्त का त्याग करके तपस्या द्वारा आत्मा को पीड़ित नहीं करना चाहिए। सुखपूर्वक (बोधिचित्त) का ग्रहण करना चाहिये। बोधिचित्त के लिये स्नान और देवव्रत की आवश्यकता नहीं है। तपस्या की दुष्कर चर्चा भी आवश्यक नहीं है। तपस्या और व्रत के बिना सुख और प्रीति द्वारा साध्य सिद्ध किया जा सकता है।

भगवान् ने कहा है कि रूप आदि और उससे उत्पन्न सुख विशेष अवस्था में अनुत्तर फल के कारण होते हैं। उसी प्रकार स्पर्श और उससे उत्पन्न सुख भी है। कोई कहते हैं कि यह आगमविरुद्ध है। स्पर्श की विशिष्टता के सम्यक् सेवन से (विशिष्ट) फल की प्राप्ति होती ही है, यह बात आगम में भी कही गई है। इसमें क्या विरोध है ? यह कहें कि आगम में निषेध है तो ऐसा नहीं है। निषेध के विषय प्रज्ञा और उपाय से अपरिगृहीत अविद्याग्रस्त विषय है। जिसे आत्मीयग्रह में अभि- निविष्ट होने के कारण परिणति का ज्ञान नहीं है, वह विषय सेवन से दुर्गति को प्राप्त होता है।

प्रज्ञा और उपाय से परिगृहीत विशिष्ट स्वभाव का फल ही विशिष्ट अनुभव है। इसीलिये परमार्थ तत्त्व के ज्ञाता अल्पदोष के भी भागी नहीं होते। आशय की विशिष्टता से युक्त होने से अनुत्तर फल की प्राप्ति होती है। क्योंकि तब चित्त की मलिनता नहीं रहती। अतएव आशय की विशेषता से पुण्य-अपुण्य के भेद का निश्चय किया गया है। वस्तु की यथास्थिति से पुण्य और अपुण्य नहीं होते। आर्यदेव ने भी कहा है—बोधिसत्त्व के संकल्प द्वारा शुभ हो या अशुभ सब शुभ ही होते हैं, क्योंकि उनका मन वशीभूत होता है। अतएव विशेष संकल्प द्वारा कृत पुण्य और अपुण्य से एवं रूप आदि विषयों से भी विशिष्टफल की प्राप्ति होती है। अन्य लोगों को नहीं चाहते हुए भी इसे स्वीकार करना पड़ेगा। समयोगतन्त्र में कहा गया है—सब आकाशलक्षण हैं। आकाश का कोई लक्षण नहीं होता। अशेष त्रिधातु मायासदृश है। जैसे माया सर्वत्र दृश्य और वेद्य है, फिर भी अवलम्बन नहीं है, उसी प्रकार सम्पूर्ण जगत् का नियम है। इसी मुद्रा द्वारा योगी भूमित्रय का शोधन करें। जो संस्कारों के विकार को विद्युत् और गन्धर्वनगर के समान देखता है, प्रजा उसके वशीभूत होती है। इसीलिए कहीं भी अभिनिवेश का कुछ भी स्थान नहीं है। इस प्रकार मायासदृश विशिष्ट वस्तु के भोग से जब कुछ फल समुत्पन्न या परिणत होता है, तब क्यों उसे नहीं मानते हैं ? ये (त्रिधातु) स्वभावतः दृढ़ नहीं हैं, फिर भी दृश्यलक्षणमात्र हैं। यदि (रूप आदि) ये (विषय) विशिष्ट भावना की शक्ति से सुख और सौमनस्य आदि विशिष्ट फल का उत्पाद करते हैं, तब इन रूप आदि (विषय) का अनुत्तर फल की प्राप्ति के कारण बनने में विरोध कुछ भी नहीं है। लोकलोकोत्तरतन्त्र में भी कहा है—

सुख से सिद्धि की प्राप्ति होती है। शारीरिक पीड़ा से सिद्धि नहीं होती। समाधिज सुख से बुद्धत्व प्राप्त होता है। अनशन आदि तीव्र तपस्या से केवल शरीर पीड़ित होता है। पीड़ित शरीर से विक्षिप्तता होती है। विक्षिप्तता से सिद्धि दूर होती है। हीन सत्त्वों को सिद्धि प्राप्त नहीं होती। इसीलिये तपस्या उत्तम नहीं है।

काय, वाक् और चित्त सुस्थित होने से बोधि की प्राप्ति होती है। अन्यथा अकाल मृत्यु को प्राप्त कर प्राणी निश्चित ही नरक में दग्ध होता है।

चित्त स्फटिक मणि के समान प्रकृति-प्रभास्वर है। रूप आदि अभिसंस्कार की विशिष्टता से सुख और सौमनस्य के दायक होते हैं। प्रज्ञा और उपाय द्वारा परिगृहीत अभ्यास की शक्ति से उनके द्वारा प्रकर्षपर्यन्त स्वरूप की प्राप्ति होती है। शिल्प और कला आदि के समान प्रज्ञा द्वारा रूप आदि विषय के अभिसंस्कार को की विशिष्टता से, यौगिक ज्ञान द्वारा निरन्तर भावना के अभ्यास की शक्ति से परम नित्य स्वरूप की प्राप्ति होती है, क्योंकि वह प्रकर्षपर्यन्ताधिगत है। स्वसिद्धान्त में सुगतादि के समान है। लोक में भी काम, शोक, भय और उन्माद आदि के समान स्पर्श से उत्पन्न सुख और सौमनस्य भी अभ्यास से होते हैं। इस प्रकार सुख और सौमनस्य परम विशिष्टता से युक्त होते हैं। यह हेतु स्वभावविरुद्धोपलब्धि है। दुःख आदि के विरुद्ध सुख और सौमनस्य के लाक्षणिक फल होते हैं। जब अभ्यास की शक्ति से साक्षात्कार के परमोत्कर्ष की प्राप्ति होती है, तब इसके विरुद्ध दुःख और दौर्मनस्य आदि का निवारण होता है। स्वगुणों का सञ्चय भी होता है। अतएव सुख और सौमनस्य आदि को अभ्यास द्वारा प्रतिष्ठित होना चाहिए। उसके विरुद्ध दुःख आदि के लिये अवसर नहीं दिया जाना चाहिये। उदाहरण स्वरूप शीतलता आदि के विरुद्ध उष्णता आदि से संसर्ग होने पर शीतलता आदि का अभाव हो जाता है। क्योंकि एक ही आधार पर परस्परविरुद्ध दो (वस्तु) का अस्तित्व उपलब्ध नहीं है। इस प्रकार सुख और दुःख दोनों का एक ही सन्तति में किसी भी परिस्थिति में युगपद् अस्तित्व न होना चाहिए। क्योंकि वे दोनों परस्पर विरुद्ध होते हैं। अतः सुख और सौमनस्य के अभ्यास से दुःख आदि की सम्भावना किसी भी परिस्थिति में नहीं होती है। यह युक्तियुक्त है। उस विरुद्धोपलब्धि हेतु का स्वरूप भी नास्तित्व का बोध कराना होता है। इसीलिये प्रकर्षपर्यन्तगमन का कारण विशिष्ट अभ्यास ही होता है। प्रज्ञा, शिल्प और कला के समान (उसमें अभ्यास होता) है। यदि भावना द्वारा विशिष्टता की प्राप्ति होने पर पुनः उसका व्यावर्तन माना जाता है, तो कृत्स्नभूमि आदि में भावनाप्रकर्षपर्यन्त पहुँचे हुए लोगों का भी उसी प्रकार व्यावर्तन होना चाहिए। परन्तु आप ऐसा मानते नहीं हैं। क्योंकि प्रकर्षपर्यन्त गत जनों द्वारा आत्मस्वरूपता की प्राप्ति होती है। उससे उनका व्यावर्त्तन नहीं होता। जिस दोष के द्वारा वह व्यावर्तित होने का भागी बनता है, वह (दोष) उसमें नहीं है। तदनन्तर दुःख भी नहीं होता, क्योंकि प्रकर्षपर्यन्तगत में उसकी सम्भावना नहीं रहती। अन्यथा मोक्ष के पश्चात् भी संसार मानना पड़ेगा, जो उचित नहीं है। वादी भी मोक्ष प्राप्त (पुद्गल)

का संसार में पुनर्जन्म सर्वथा नहीं मानता, क्योंकि साधक उस समय आवरण की वासना से विनिर्गत और निर्हेतुक होता है। जो (बोधिसत्त्व) परार्थ के लिये उत्पन्न होते हैं, वे सांसारिक नहीं हैं, क्योंकि वे केवल पूर्व प्रणिधान आदि की शक्ति से संसार में प्रविष्ट हैं, वासना से नहीं। अतएव जिस प्रकार मोक्ष के अनन्तर संसार नहीं होता उसी प्रकार प्रकर्षपर्यन्त सुख के अनन्तर भी दुःखित चित्त उत्पन्न नहीं होता है, क्योंकि वह (चित्त) स्फटिक मणि के समान प्रकृतिप्रभास्वर होता है। (बोधिसत्त्व) जिस वस्तु में आश्रित होते हैं, उसमें अभ्यास के बल से अत्यन्त उत्कृष्ट स्वरूप का साक्षात्कार करते हैं। तब पुनः उससे व्यावर्त्तन नहीं होना धर्मता है। कहा भी है—

मनुष्याणां मनः प्रीतं यस्मिन् यस्मिन् हि वस्तुनि।
तत्तत्स्वरूपता भूयात् स्फटिकमणिसदृशम्॥

मातुलुङ्ग आदि के बीज को लाक्षाफल से सिञ्चित (भावित) करने पर उससे उत्पन्न फल भी लाक्षा के समान ही दिखाई देता है, उसी प्रकार चित्त भी बाह्य स्पर्श आदि में निश्रित होने पर सुख आदि से संयुक्त विशिष्ट प्रतीति का उत्पादन करता है। उसी की विशेषता से चित्त उसके सम्मुख होता है, क्योंकि चित्त का उसमें अनुराग होता है। जो जिसमें अनुरक्त है, वह उसी में दृढ़ होता है, जैसा कि दद्रुघ्न, कर्पासबीज और दाडिम आदि अन्य प्रकार के कारण से लिप्त होने पर अन्य प्रकार के फल का उत्पाद करते हैं। उसी प्रकार चित्त भी स्पर्श आदि से समुत्पन्न सुख और सौमनस्य आदि की विशेषता से उत्तरोत्तर विशिष्ट फल को प्राप्त करता है। चित्त उसके विपक्ष में अभिनिविष्ट नहीं होता है। उससे विपक्ष की उत्पत्ति नहीं होती।

राग के प्रति अशुचि, द्वेष के प्रति मैत्री और मोह के प्रति प्रतीत्यसमुत्पाद की भावना से उन विषयों के प्रति वैराग्य उत्पन्न होता है, वैराग्य से राग का प्रहाण होता है, क्योंकि वैराग्य राग का प्रतिपक्ष होता है। इस प्रकार (प्रज्ञा और उपाय द्वारा) राग के अभ्यास से भी राग का प्रहाण किया जा सकता है।

इसीलिये मूलतन्त्र में कहा है कि—"राग सर्व बुद्धों का निष्कलङ्कित ज्ञान है। जो राग और वैराग्य का प्रहाण करता है वह सर्वसुख का उत्पाद करता है।" राग आदि सस्वभाव अवद्य (दोष) नहीं होते हैं। अन्यथा स्रोत-आपन्नमार्ग की प्राप्ति हो नहीं सकती है, क्योंकि उसमें साधक राग आदि का त्याग बिना किये प्रविष्ट होता है। भगवान् ने शीलपरिवर्त्त में भी कहा है कि "बोधिसत्त्व दश कुशल से भी च्युत हो सकता है, जैसे—कोई कामुक स्त्री बोधिसत्त्व के लिये प्राण त्याग करे तो काम-सेवन करके भी (उसका) प्राण बचाना चाहिए। इसी प्रकार किसी को महापाप

करते हुए देखकर उसके प्राणातिपात से (बोधिसत्त्व) को दुर्गति की प्राप्ति नहीं होती, बल्कि महापुण्य का उत्पाद होता है। यदि राग आदि सस्वभाव अवद्य हों, तो वे दुर्गति के कारण क्यों नहीं बनते ? कैसे महापुण्य का उत्पाद होता है।

अतः (राग आदि) सस्वभाव अवद्य नहीं है, फिर भी पुद्गल की सन्तति की विशिष्टता से गुण की विशेषता का उत्पाद करते हैं। उदाहरणार्थ केतकी पुष्प गन्ध-हस्ती द्वारा खाकर पचा लेने पर कस्तूरी सदृश बन जाता है। वही पुष्प अन्य साधारण हाथी द्वारा खाकर पचाए जाने पर अशुचिमय बन जाता है। इस प्रकार एक ही वस्तु का भिन्न-भिन्न परिणाम हो जाना पुष्पगत वैशिष्ट्य नहीं है। इसी तरह राग आदि भी चित्त की विशेषता से विशुद्ध सन्तति वालों के लिये विशिष्ट फल की उत्पत्ति कराते हैं।

कहा भी है—

अशुचिप्रतिमामिमां गृहीत्वा जिनरत्नप्रतिमां करोत्यनर्घाम्।
रसजातमतीव वेधनीयं सुदृढं गृह्णत बोधिचित्तसंज्ञम्॥

पुण्येन कायः सुखितः पाण्डित्येन मनः सुखि।
तिष्ठन् परार्थं संसारे कृपालुः केन खिद्यते॥

●●●

नवक्रमिक व्यवस्था

श्री खनपो त्सोनडुस

अद्वयवादी, धर्मस्वामी मुनीन्द्र ने विनेयजनों के धातु, इन्द्रिय और आशय की भिन्नता के अनुरूप विविध प्रकार से धर्मामृत का उपदेश किया है। वे सभी विमुक्ति के उपाय ही हैं। समस्त मुक्ति मार्ग नौ यानों में संगृहीत हैं। इनमें अधोयान ऊर्ध्व-यानों में उत्तरोत्तर बढ़ने में आश्रय देते हैं। इसलिए आठ अधोयानों का यानों में श्रेष्ठ तन्त्रयान के 'निष्पन्नक्रम' के उपाय के रूप में उपयोग करके तत्त्व का साक्षात् अनुभव करना चाहिए। यही समस्त सूत्रों और तन्त्रों का मार्मिक रहस्य है, जिसके अविपरीत युगनद्ध मार्ग द्वारा बुद्धत्व प्राप्त करना अत्यन्त आसान है। अतः मैं आगमों का आश्रय लेकर संक्षेप में इस बारे में कुछ कहूँगा।

सामान्य रूप से यान का शब्दार्थ आरोहण है। इसलिये रत्नगुणसञ्चयगाथा में कहा गया है—

किं कारणं अयु प्रवुच्यति बोधियानो यत्राऽरुहित्व स निर्वापयि सर्वसत्त्वान्।
आकाशतुल्य अयु यान महाविमानो सुखसौख्यक्षेमभिप्रायणु यानश्रेष्ठो॥

इसके अनुसार अधो अधो मार्ग ऊर्ध्व ऊर्ध्व मार्गों पर पहुँचाते हैं और अन्तिम फल की प्राप्ति कराते हैं। जो व्यक्ति को क्रमशः ऊपर उठाते हैं, वे मार्गस्थ यान हैं और जो गन्तव्य है, वह फलस्थ यान है। इनके अतिरिक्त भी अनेक भेद और क्रम बताये गये हैं। तिब्बत के प्राचीन "ञिङ्मा" सम्प्रदाय के अनुसार नौ यान हैं। "सन्धिसंग्रह" में कहा गया है—

पारमार्थिक नीतार्थ (सूत्र) यान तीन ही निश्चित निर्देश किया है।
समुदयनामक, तपस्यावेदक और वशीकरण उपाययान॥

इस प्रकार बाहरी समुदयनामक तीन यान, आन्तरिक तपस्यावेदक तीन यान, और गुह्यवशीकरण उपाययान तीन हैं। इस प्रकार कुल मिलाकर नौ यान होते हैं। इन यानों की व्यवस्था अविपरीत तत्त्वदर्शन, मार्ग की भावना और अन्तिम फल की प्राप्ति के आधार पर की गयी है।

इन में से सर्वप्रथम "समुदयनामक यान" या "उपलक्षण हेतु यान" के तीन भेद हैं—श्रावक, प्रत्येकबुद्ध, और बोधिसत्त्वयान। ये तीन यान सूत्रों में कहे गये हैं। प्रथम उनके अभ्यास के बिना गम्भीर तान्त्रिक प्रज्ञा की उत्पत्ति असम्भव है। अतः सर्वप्रथम इन यानोंके मार्गों का अभ्यास करना चाहिए।

श्रावकयान का दर्शन वस्तुभूत स्कन्धों, धातुओं और आयतनों में संगृहीत चार आर्यसत्यों का अनुलोम और विलोम के सही ढंग से विच्छेदन करता है। पाँच स्कन्धों में एकस्वभाव और अनेक स्वभाव आत्मा का अभाव युक्ति से निश्चित कर पुद्गल-नैरात्म्य प्रदर्शित करता है। ग्राह्य निरवयव अणुमात्र और ज्ञानकालिक अस्तित्व मात्र के निश्चय से धर्मनैरात्म्य सिद्ध होता है। इन दोनों नैरात्म्य का अधिगम करके भावना करने का तरीका इस प्रकार है। समस्त संसार को दुःखमय समझ कर इससे स्वयं अकेले मुक्ति की दृढ़ इच्छा वैराग्यचित्त है। इसका समुत्थान होने पर मार्ग में प्रवेश के द्वार आठ प्रतिमोक्षों में से किसी एक का अच्छी तरह पालन करना चाहिए। उक्त शील शिक्षा के आधार पर चार श्रमणधर्मा और अल्पेच्छता, सन्तोष आदि द्वादश धूतगुणों को ग्रहण करना चाहिए। इनके अतिरिक्त भोजन में मात्रा का ज्ञान, रात्रि के पूर्व याम और पश्चिम याम में न सोकर भावना करना, तीन क्लेशों के प्रतिपक्षभूत अशुचि और मैत्री की भावना करना, विकल्प के प्रतिपक्षभूत आनापान-स्मृति की भावना करना और समाधि की सामग्री सम्पन्न करके, चित्त की नौ अवस्थाओं की प्रतिकूलस्थिति को दूर करना और अनुकूल स्थिति को लाना चित्तैकाग्रता की प्राप्ति का साधन है। षोडशाकार चार आर्यसत्यों के आकारवाली निर्विकल्प प्रज्ञा विदर्शना है। इन शमथ और विदर्शना की युगल भावना से ३७ बोधिपाक्षिकधर्मों या पाँच मार्गों की क्रमशः प्राप्ति होती है। इसका तात्कालिक फल स्रोतापत्ति, सकृदागामी, अनागामी और स्थायी फल निरुपविशेष-निर्वाण है।

प्रत्येकबुद्धयान का दर्शन लगभग श्रावकयान के समान है। किन्तु इसकी विशेषता यह है कि इसके द्वारा निरंश ग्राह्याणु की निःस्वभावता का निश्चय करके धर्मनैरात्म्य सिद्ध किया जाता है। मार्ग में प्रवेश करने का ढंग भी लगभग श्रावकयान के समान है। इनकी विशेषता यह है कि द्वादशाङ्ग प्रतीत्यसमुत्पाद की अनुलोम और प्रतिलोम भावना करके नैरात्म्यप्रज्ञा द्वारा भवमूलक अविद्या का प्रहाण किया जाता है। तदनन्तर फलभूत पाँच प्रत्येकबुद्धमार्गों की एक आसन में अधिगति करके खड्गप्रत्येकबुद्ध और शुष्कप्रत्येकबुद्ध पद प्राप्त किये जाते हैं।

सैद्धान्तिक दृष्टि से वैभाषिक और सौत्रान्तिक सिद्धान्त श्रावक सिद्धान्त हैं। इनमें से सौत्रान्तिक सिद्धान्त ग्रहण करने वाले तीक्ष्णेन्द्रिय होते हैं। इसके दो भेद हैं—

आगमानुसारी और युक्त्यनुसारी। युक्त्यनुसारी व्यक्ति बौद्धशासन में प्रविष्ट होकर शील का सम्यक् पालन करते हुए, दूसरों को शिक्षा देने में व्यस्त रहते हैं। इसलिये शमथ और विदर्शना की भावना नहीं कर पाते हैं। अतः चार फलों को प्राप्त नहीं कर पाते हैं। वे अपर जन्म में ऐसे स्थान पर उत्पन्न होते हैं, जहाँ बौद्धधर्म और बुद्ध न हों, वहाँ पैदा होकर अन्य गुरु की अपेक्षा किये बिना, श्मशान में स्थित कङ्काल के दर्शन से स्वयं प्रतीत्यसमुत्पाद की भावना करके, फलभूत प्रत्येकबुद्धत्व प्राप्त करते हैं तथा कायविज्ञप्ति द्वारा अन्यों को निःशब्द धर्मोपदेश करते हैं।

हीनयान से सात विशेषणों से विशिष्ट महायान दो प्रकार का है—माध्यमिक और योगाचार। योगाचार अपने विज्ञानवादी दर्शन के अनुसार जड रूपस्कन्ध से सर्वज्ञतापर्यन्त समस्त भाजनलोक और सत्त्वलोक के धर्मों का विज्ञान ही कर्त्ता होता है तथा अहेतुक उत्पाद नहीं होता – ऐसा मानते हैं। उनके अनुसार पृथक्-पृथक् आलयविज्ञानों में छः प्रवृत्तिविज्ञानों द्वारा तीन प्रकार की वासनाएँ स्थापित होती हैं। इनके कारण स्थान (आलयविज्ञान), शरीर (पञ्चेन्द्रिय) और अर्थ (रूपादिपञ्चक) का प्रतिभास होता है। यह सब वासनाओं की परिपक्वता की ही लीला है। अतः धर्म जैसे प्रतिभासित होते हैं, वैसे ही वे असत् हैं – ऐसा मानते हैं।

माध्यमिकों के ग्रन्थ माध्यमिककारिका और मध्यमकावतार के अनुसार रथोपम युक्ति से जैसे रथ चक्रादि अवयवों से अतिरिक्त उपलब्ध नहीं होता, उसी प्रकार पञ्च स्कन्ध अवयवों में आत्मा की उपलब्धि नहीं होती। इससे पुद्गलात्मा की निःस्वभावता सिद्ध होती है। पुद्गलनिःस्वभाव और पुद्गलनैरात्म्य एकार्थक है। अनेक युक्तियों में से सर्वश्रेष्ठ 'प्रतीत्यसमुत्पाद' युक्ति द्वारा धर्मनैरात्म्य सिद्ध किया जाता है। संसार और निर्वाण में संगृहीत समस्त धर्मों का स्वभाव शून्य है, हेतुओं द्वारा अनिर्मित है और फल अप्रणिहित है। इस प्रकार के तीन 'विमुक्तिद्वारों' से युक्त, प्रपञ्चरहित शून्यता धर्मनैरात्म्य है। उक्त दो शून्यताओं के निश्चय के पश्चात् संवृति के रूप में प्रतिभासित सर्वधर्म बिना परीक्षा किये पृथक्जनों को जैसे दिखलाई पड़ते हैं, वैसे अविचाररमणीय हैं। विचार करने पर वे स्वभावरहित एवं शून्य सिद्ध होते हैं। सभी धर्म प्रतिभासमानमात्र हैं, जो प्रतिभासमान हैं, वे सभी शून्य है और जो शून्य हैं, वे प्रतिभासमात्र हैं। इस प्रकार की युक्ति से आभास और शून्यता को अभिन्नता या दो सत्यों की युगनद्धता निश्चित होती है। इसके अतिरिक्त स्थिति और प्रतिभास की अनुकूलता या प्रतिकूलता के आधार पर दो सत्यों की व्यवस्था तथा वस्तुभूत फलस्थ प्रज्ञाओं की नित्यस्वभावरहितता सिद्ध होती है। इसलिये अपने स्वभाव धर्मधातु या शून्यता से अभिन्न होते हुए प्रतिभास की दृष्टि से उस धर्मधातु से

संयोग या वियोग रहित काय और ज्ञान का अचिन्त्य प्रतिभास होता है। यहीं सूत्र और तन्त्र के यान का सम्बन्ध स्थापित होता है।

भावना

कर्म-कर्मफल, स्वपरपरिवर्तन और हेतुभूत चार अप्रमाण मैत्री, करुणा, मुदिता और उपेक्षा के अभ्यास से बोधिचित्त की उत्पत्ति होती है। इन उपायों द्वारा समस्त प्राणियों के प्रति स्वमाता की भावना की जाती है तथा उन्हें बुद्धत्व प्राप्त कराने का अकृत्रिम अध्याशय चित्त की उत्पत्ति होती है। इसके बाद, सांवृत बोधिचित्त की भावना की जाती है। महायान मार्गद्वारा बोधिप्रणिधि और बोधिप्रस्थान चित्त के संवर की दो विधियों में से किसी एक विधि से संवर लेना होता है। उसके बाद अपने को चार अप्रमाणों और षड् पारमिताओं की शिक्षाओं से शिक्षित करना होता है। तदनन्तर शमथ और विपश्यना की युगनद्ध भावना द्वारा दो नैरात्म्य के साथ ३७ बोधिपाक्षिक धर्मों की भावना की जाती है। फलतः चार शैक्ष्य मार्ग, ज्ञानकाय के गुण २१ अनास्रवज्ञान, सम्भोगकाय के ११२ गुण तथा लक्षण और अनुव्यञ्जन और निर्माणकाय के २७ कर्मों की प्राप्ति होती है।

तन्त्रयान

फलभूत तान्त्रिकयान हेतुभूत यानों से पाँच विशेषणों से विशिष्ट है। उसके तीन भेद हैं—तीन बाह्यतन्त्र और तीन आन्तरिक तन्त्र तपस्यावेदक हैं। सर्वप्रथम 'क्रिया-चर्यायान' में स्नान, शौच आदि बाह्य शारीरिक और वाचिक क्रियाओं का प्रमुख रूप से प्रतिपादन है। दार्शनिक दृष्टि से इस यान के अनुसार स्वचित्त आदि समस्त सांसारिक और नैर्वाणिक धर्म आभास और शून्यता की दृष्टि से अभिन्न और तुल्य स्वभाव हैं। किन्तु संवृति में समस्त दोषों से रहित और गुणों से युक्त प्रभास्वर 'ज्ञानसत्त्वदेव' को स्वामी के रूप में और स्वयं को दास के रूप में देखकर यदि उत्पत्तिक्रम की भावना और जप करें तो पारमार्थिक समत्व और सांवृतिक प्रतीत्य-समुत्पाद के अविपरीत प्रभाव से तात्कालिक और स्थायी 'सिद्धि' प्राप्त हो सकती है। इस प्रकार के विश्वास के साथ समस्त प्राणियों के लिये सोलहवें जन्म में त्रिकुलीय देवता का पद प्राप्त करने की इच्छा से मार्गद्वार में प्रवेश के लिये जल और मुकुट का अभिषेक लेना होता है। उसके बाद शून्य, अक्षर, शब्द, रूप, मुद्रा और चिह्न इन छः देवताओं की भावना उत्पत्तिक्रम में आती है। शब्द, चित्त और वस्तु में परायण होकर जप-तप करके, अग्नि में स्थित मन्त्र से शमथ के चार कर्म सिद्ध करना, शब्द में स्थित मन्त्र से शमथ उत्पन्न करना, शब्दान्त (मन्त्र) से विमोक्ष

दिलाना आदि भावना करके, अपूर्ण मन्त्र-विधि से फल की असिद्धि समझकर तीन बार स्नान करना, तीन बार वस्त्र बदलना, पूजा और होम आदि में लगे रहने से तात्कालिक फल कामविद्याधर, अन्तिम फल सोलहवें जीवन में कायकुल वैरोचन, वाक्कुल अमिताभ और चित्तकुल अक्षोभ्य पद प्राप्त होता है।

चर्यायान में प्रतिपादित दर्शन योगतन्त्र के समान है और चर्या क्रियातन्त्र के समान है। उसके साधक देवता अपने बन्धु के समान दिखते हैं। वह सातवें जन्म में सिद्धि प्राप्त करना चाहता है। चर्यातन्त्र के मार्ग में प्रवेश करने के लिये पाँच अभिषेक लेना है। वह पाँच अभिषेक इस प्रकार हैं—जल, मुकुट, वज्र, घण्टी और नाम अभिषेक। उसके बाद अक्षर, अक्षर प्रयोग आदि उत्पत्तिक्रम की भावना की जाती है। वह सनिमित्त योग है। उसके बाद निर्निमित्त योग करना होता है। स्कन्ध, धातु, आयतन में सङ्गृहीत समस्त धर्मों की परीक्षा करके प्रवृत्ति, उत्थान और स्थिति से विशिष्ट परमार्थिक बोधिचित्त की भावना, बाहरी और आन्तरिक चार-चार अङ्गों से युक्त काय की संकेत मुद्रा, वाक का संकेत अक्षर, चित्त का संकेत हस्तचिह्न और विमान आदि को आलम्बन बनाकर एकाग्रचित्त द्वारा जप करने पर उससे प्रेरित होकर स्वर्ण में पारद मिलाने के समान स्वयं में देवों की शक्ति का अवतरण करना होता है। इस तन्त्र की भावना से तात्कालिक फल रूपविद्याधर, कामविद्याधर और अन्तिम फल चतुर्कुल चित्तवज्रपद की प्राप्ति है। वह सातवें जन्म में प्राप्त होते हैं।

योगतन्त्रयान

योगतन्त्र में बाह्य काय और वाक् की चर्या सहकारीमात्र है। मुख्यरूप से योग की भावना करना होता है। उनकी दार्शनिक दृष्टि में सर्वधर्म निष्प्रपञ्च हैं। इसके ज्ञान का अधिष्ठान सांवृतिक प्रतिभासांश धर्मधातुमण्डलीय देवता है। इसके अनुसार स्वयं और देवता दोनों दो सत्यों के स्वरूप में समान हैं—इस प्रकार निश्चय किया जाता है। सर्वधर्म स्वचित्तविकल्पितमात्र होने से जिस देवता को समाधि का आलम्बन बनाया जाता है, उसकी आशु सिद्धि होती है। इसलिए देव के काय, वाक्, चित्त और कर्म की चतुर्मुद्रा के रूप में साधना की जाए, तो तीन जन्मों में पञ्चकुल बुद्ध की पदवी प्राप्त होती है।

योगतन्त्र मार्ग में प्रवेश पाने के लिये जल, मुकुट आदि पाँच शिष्य-अभिषेक और तीन समयग्रहण आदि छः आचार्य-अभिषेक लेने की जरूरत है। इसके बाद पाँच अभिसम्बोधि, चार मुद्रा, चार प्रातिहार्य के उपायभूत उत्पत्तिक्रम की भावना की जाती है। धर्मधातु और ज्ञान के अद्वयरूपी सम्पन्न क्रम की भावना की जाती है।

इससे तात्कालिक फल मार्ग और भूमि की वृद्धि होती है और अन्तिम फल पाँच स्कन्धों, पाँच क्लेशों, और पाँच इन्द्रियों की परिशुद्धि और ज्ञानात्मक पाँच कुल-बुद्धों की प्राप्ति है।

तीन आन्तरिक योगतन्त्र—यह पूर्वोक्त तीन तन्त्रयानों से अनेक विशेषणों से विशिष्ट है। कलशाभिषेक और तीन उत्तम अभिषेक प्राप्त करके व्यक्ति मार्ग में प्रविष्ट होता है। दर्शन का समानरूप से शुद्ध और हेयोपादेयरहित होना, इसको विशेषता है। इसके साथ उत्पत्तिक्रम और सम्पन्न क्रम की युगनद्ध भावना की जाती है।

चर्या—स्थान, भोजन, वस्त्र आदि में अच्छाई या बुराई, हेय या उपादेय की कल्पना नहीं करना है तथा उनका समानरूप से उपयोग किया जा सकता है।

फल—एक जीवन में वज्रधर पद की प्राप्ति इसकी विशेषता है। 'आन्तरिक योगतन्त्र' या 'गुह्याधियान' समानार्थक है। इसमें निर्दिष्ट दर्शन की विशेषता यह है कि संसार और निर्वाण में संगृहीत समस्त धर्मों का सांवृतिक प्रतिभास बुद्ध के काय और चित्त की लीला है और समस्त प्राणियों के काय, वाक् और चित्त समस्त बुद्धों के तीन वज्र हैं। इस प्रकार समस्त प्रतिभासित भाजनलोक और सत्त्वलोक चार परिशुद्धि के रूप में आदि से स्थित हैं। इस प्रकार अनाभोग महामण्डल नित्य, स्थिर, शाश्वत और असत् तीन विमोक्ष से युक्त है। समस्त धर्म स्वयं शुद्ध, शून्य और निष्प्रपञ्च तथा आदितः शुद्ध है। जो प्रतिभासित है, वह स्वभावतः शून्य है। इसको अधिसंवृतिसत् कहते हैं। स्वभावरहित 'महामुद्राशून्यता' को कोटि से अतिक्रान्त कोई धर्म नहीं है। इस प्रकार शुद्धज्ञान में प्रतिभासित धर्मों का सर्वाकारज्ञता द्वारा जैसे साक्षात्कार किया जाता है, वैसे ही वे संयोग और वियोग से शून्य, सूर्य और उसकी आभा की तरह अभिन्न है। इसको अधिपारमार्थिक सत् कहते हैं। इस प्रकार दो सत्यों के अभिन्न रूप में प्रतिभासित, प्रतिभास और शून्यता का युगनद्ध स्वभाव महाधर्मकाय में अभिन्न ज्ञात होता है। इस प्रकार विषय और विषयी समस्त सांसारिक और नैर्वाणिक धर्मों की एकता से स्वभाव का अनुत्पाद सिद्ध होता है। युक्तियों द्वारा सभी धर्म अनिरुद्ध, अभिन्न और लक्षणरहित सिद्ध होते हैं। इससे दश बलों से युक्त बुद्ध से लेकर सूक्ष्म जन्तु पर्यन्त समस्त प्राणियों के चित्त में स्थित तथागतगर्भ को समल धातु को शुद्ध करने में समर्थ त्रिक्रमिक योग द्वारा शोध्य तथागतगर्भस्थित गुण प्रकट होता है और २५ फलभूत धर्मों के रूप में अभिसम्बुद्ध पद सिद्ध होता है।

इसी जीवन में बुद्धत्व प्राप्त करने की इच्छा से मार्ग में प्रवेश के लिए १० बाह्य अभिषेक, ५ आन्तरिक अभिषेक और तीन गुह्याभिषेक प्राप्त करके चित्त को परिपक्व बनाया जाता है। उसके बाद तीन वज्रविधियों द्वारा साधक व्यक्ति हेतुभूत 'हेरुक'

और फलभूत वज्रधर के रूप में समुत्थित होता है। इस प्रकार पाँच अङ्गों से युक्त स्वसन्तान और अष्टाङ्गोपेत परसन्तान के द्वारा सप्रपञ्च उत्पत्तिक्रम की भावना करने का तरीका स्ग्रुव्-स्दे क-वर्ग्यद्-वदेर्-दुस में दर्शाया गया है। 'मायारुद्र तन्त्र' में इस प्रकार की साधना कही गई है। जिससे अण्डज उत्पत्ति की वासना शुद्ध होती है। यह प्राथमिक साधना है। पाँच अभिसम्बोधि के उत्पाद की विधि के अनुसार उत्पत्तिक्रम की भावना जरायुज उत्पत्ति की परिशुद्धि के लिए की जाती है। इसको मुख और हस्त के साथ देव की साधना या निर्मित उत्पत्तिक्रम की भावना कहते हैं। यह साधना मध्यम प्रपञ्च की अधिमुक्ति वालों द्वारा की जाती है। मूल-मन्त्र के उच्चारणमात्र से मण्डल और मण्डलीय देवों का उत्पाद करके संस्वेदज उत्पत्ति की वासना परिशुद्ध की जाती है। यह विषयाभास की असत्ता द्वारा अधिगत 'माया-उत्पत्तिक्रम' की भावना कही गई है। इसकी साधना उत्पत्तिक्रम में दृढ़ता प्राप्त करने के बाद की जाती है। जल से मत्स्य के उछलने के समान ज्ञान द्वारा क्षणिक स्मरण करने पर देवों की सम्पूर्णता की भावना करने से उपपादुक उत्पत्ति की वासना परि-शुद्ध की जाती है। इसे अनाभोग प्रतिभास और शून्यता में प्रतिभासित गम्भीर उत्पत्तिक्रम कहते हैं। इसकी साधना उत्पत्तिक्रम में अधिक दृढ़ता प्राप्त करने के बाद की जाती है। उक्त साधनाएँ उत्पत्तिक्रम के अन्तर्गत हैं और वासना की शुद्धि के लिए हैं। उसके बाद अध्यवसित सम्पन्न देव के निमित्त और कल्पना, अद्वयज्ञान में संगृहीत करके सनिमित्त-सम्पन्नक्रम की भावना की जाती है। पितृतन्त्र में निर्दिष्ट पञ्चक्रम भावना, मातृतन्त्र में निर्दिष्ट चण्डाली आदि षड् धर्म, अद्वयतन्त्र में कहे गये षड् प्रयोग आदि द्वारा वज्रकाय को मर्माहत करने पर नाड़ी, वायु और बिन्दु कर्मण्य हो जाते हैं। इससे प्रभास्वर ज्ञान और सहज ज्ञान का साक्षात्कार निमित्त-सम्पन्न-क्रम की साधना है। इससे भूतभव की शुद्धि होती है, इन उपायों से तात्कालिक फल ८ साधारण सिद्धि की प्राप्ति होती है। इसके अतिरिक्त महाशून्य, करुणामय, सप्रपञ्च मुद्रा आदि से वैपाकिक आयु का आधार महामुद्रा सिद्ध होती है। तदनन्तर अनाभोग में क्रमिक प्रवेश करके अन्तिम फल अशुद्धभ्रान्तमल की शुद्धि होती है और अक्षर मण्डलीय महासङ्घ भूमि में अनाभोग २५ धर्मात्मक महावज्रधर की प्राप्ति होती है।

'आगम अनुयोग यान' के अनुसार दार्शनिक दृष्टि से समस्त धर्मों का प्राकृतिक स्वभाव निष्प्रपञ्च, विशुद्ध समन्तभद्र-आकाश धातु का मण्डल है। अनिरोध का आभास स्वयम्भू अनाभोग समन्तभद्र का मण्डल है। धर्मधातु और ज्ञान का अद्वय महासुख सन्तान का मूलभूत बोधिचित्त का मण्डल है। उक्त तीन मण्डलीय भावना करने के लिए मार्ग में प्रवेश की इच्छा, उपर्युक्त तीन यानों के समान है। इसमें

प्रवेश पाने के लिए ३६ वर अभिषेक को प्राप्त करना होता है। मोटे रूप में इन वर अभिषेकों का विवरण इस प्रकार है—१० बाह्य तान्त्रिक अभिषेक, आन्तरिक भौतिक अभिषेक ११, साधनेश्वर के १३ अभिषेक और गुह्यसम्पन्न अभिषेक २ हैं। इन अभिषेकों द्वारा चित्त के परिपक्व होने पर निर्विकल्प समाधि और उत्पत्तिमन्त्र के उच्चारणमात्र से मण्डल और मण्डलीय देवताओं की परिपूर्णता हो जाती है। इस की भावना सङ्कुटित सनिमित्तक उत्पत्तिक्रम की भावना है। नाड़ी, वायु और बिन्दु के मर्माहत करने से महासुख का साक्षात्कार करना सम्पन्नक्रम की भावना है। इस प्रकार की भावना करने पर तीन आभास में संक्रान्त वासनाओं के हेतुभूत ग्राह्य और ग्राहक सङ्कल्प से विचलित अच्छा, बुरा, हेय और उपादेय आदि के रूप में विविध प्रकार से प्रतिभासित और उनमें अध्यवसित आवरण की शुद्धि होती है। इससे पाँच प्रकार के तात्कालिक फल की प्राप्ति होती है। सम्भार मार्ग में छन्द का चिन्तन, प्रयोगमार्ग में महागोत्र का विभाजन, दर्शनमार्ग में महा-आश्वासन देना, भावना मार्ग में महा-आगम प्राप्ति और अशैक्ष्य मार्ग में महाविक्रम सम्पन्न होता है। इन मार्गों की प्राप्ति क्रमशः होती है। उसके बाद अन्तिम फल महासौख्य वज्रोपम शरीर, प्रहाण और अधिगम में पारङ्गत पर्यन्त बुद्ध को प्राप्ति होती है।

"अतियोग" या "महासम्पन्न" तन्त्र में चतुर्थ अभिषेक का विशेषरूप से उपदेश दिया गया है। उसकी दार्शनिक दृष्टि के अनुसार प्रतिभासित संसार और निर्वाण में संगृहीत समस्त धर्म, ज्ञान और शून्य के युगनद्ध रूप स्वयंभू महाज्ञान के स्वरूप में आदितः स्थित हैं। मार्ग में प्रवेश पाने के लिये सप्रपञ्च, निष्प्रपञ्च, अति निष्प्रञ्च और परम निष्प्रपञ्च का अभिषेक प्राप्त करके चित्त को परिपक्व बनाया जाता है। विशेषरूप से विक्रमाभिषेक और कमण्डलु-अभिषेक से बलपूर्वक चित्त की वस्तु-स्थिति का परिचय कराया जाता है, फलतः आलसी भी अनायास मुक्त होने के लिये आदिम विच्छेददर्शन की भावना करता है। साहसी सायास मुक्ति प्राप्त करने के लिये अनाभोग स्कन्ध के आभास की साक्षात् भावना करते-करते धर्मता का साक्षात्कार करके अनुभव की वृद्धि, ज्ञान की प्रगति, धर्मता के क्षय में पारङ्गत होकर छः विशेषणों से युक्त समन्तभद्रबुद्धपद प्राप्त करते हैं। उस समय "महासङ्क्रान्त इन्द्र-धनुष वज्रकाय को प्राप्ति होती है।

• • •

तिब्बती त्सोद्-साधना [आत्मोत्सर्ग पद्धति] पर छः प्रज्ञापारमिताओं का प्रभाव तथा तान्त्रिक योग-साधना

श्री सी० आर० लामा

(त्सोद् का अर्थ शरीर में अनात्म-ग्रहण (आत्मग्रहण की समाप्ति) करना है।)

साधक डाकिनी (माचिग लवडोन)-स्वरूप गुरुजनों को प्रणाम करता है। क्षणसम्पद् मनुष्यरत्न का जीवन पाना कठिन है। वही मानव-जीवन रूपी रत्न साधक को प्राप्त हुआ है। मानव-जीवन अनित्य है। वह कभी भी मृत्यु को प्राप्त हो सकता है। कुशल या अकुशल कर्म का फल कभी व्यर्थ नहीं जाता। उसी कारण ६ योनियों में (सर्व जगत् में) कहीं भी जन्म होने पर दुःख और पीड़ा मिलती है। कोई भी उस कष्ट को सहन नहीं कर सकता। इसी कारण साधक कितना कुशल कर्म कर सकता है, यह देखकर साधना करना प्रथम कर्तव्य है।

द्वितीय कर्त्तव्य—शरण लेना (शरण में जाना)। साधक को अपने सामने आसमान में इन्द्रधनुष तथा प्रकाशमण्डल में सिंहासन पर पद्म तथा चन्द्रमा के आसन पर सर्वतथागत स्वरूप माचिग् लवडोन का ध्यान करना आवश्यक है। उसके चक्र में बुद्धों, बोधिसत्वों, सद्धर्म, आर्यसंघ, इष्टदेवियों, डाकिनियों, धर्मपालों, रक्षापालों, समयपालों तथा धनदेवता की भी साधक स्मरण-साधना करता है। इन लोगों की शरण में साधक को जाना है। ये लोग साधक तथा सर्व प्राणियों की ओर मन और चक्षु से देखते और उनका ध्यान रखते हैं।

बुद्ध, धर्म और संघ इन तीनों को त्रिरत्न कहते हैं। ये तीनों सद्गुरु से भिन्न नहीं हैं। क्योंकि सद्गुरु का शरीर ही संघ है, वचन धर्मोपदेश हैं और परम हृदय

माचिग् लवडोन तिब्बत की प्रसिद्ध साधिका हैं। तिब्बती लोगों को इनके विषय में अलग से कुछ बताने की जरूरत नहीं है। ये तिब्बती त्सोद् सम्प्रदाय की स्थापिका हैं। इनके सम्बन्ध में अधिक जानने के लिए मेरे "अखिल भारतीय दर्शन परिषद्" के तेरहवें अधिवेशन पर दिये गये भाषण विश्वभारती हिन्दी पत्रिका १९६९–७० का तृतीय अङ्क देखिये।

बुद्ध हैं। इसी कारण साधक उस सद्गुरु को प्रणाम करता है और इष्टदेव तथा डाकिनियों को भी प्रणाम करता है। ये तीनों ही गुरु से अभिन्न हैं। सद्गुरु, गुरु तो हैं ही, वे इष्टदेवता की प्राप्ति में मार्गदर्शन का काम करते हैं। वे सात डाकिनियों के गणपति हैं। साधक धर्मकाय, सम्भोगकाय तथा निर्माणकाय को भी प्रणाम करता है। सद्गुरु धर्मकायस्वरूप, सम्भोगकायस्वरूप तथा निर्माणकायस्वरूप हैं, इसीलिए साधक उन्हें प्रणाम करता है।

जो संसार और निर्वाण के मूल हैं, वे विशुद्ध हैं। वह मूल स्वयंभू हैं। वह धर्मकायस्वरूप हैं। उस मूल को न किसी ने बनाया और न किसी ने उसका त्याग किया। वह मूल सहज सिद्ध है। वह महा-आनन्द राज्ञी (महा-आनन्ददायक) है। वही मूलविद्या (ज्ञान) के साथ संयुक्त है। इसी ज्ञान में सद्गुरु भी हैं। उस ज्ञान को साधक माचिग् लवडोन स्वरूप मानता है। उस सद्गुरु तथा माचिग् लवडोन को आदिकाल से अभिन्न मानता है। इसी कारण साधक श्रद्धापूर्वक उनकी शरण लेता है।

स्वयं साधक तथा सर्व प्राणियों के स्थानीय विघ्न तथा शारीरिक विघ्न से लेकर साधक के पिता-माता आदि ६ योनि तथा सर्व जगत् के सर्व प्राणियों के मार्गदर्शक तथा मार्ग में साथ देने वाले कल्याणमित्र आदि के रूप में विश्वास करके जब तक साधक का मन स्थिर न हो जाए और जब तक सद्धर्म से सम्पूर्ण मन परिपूर्ण नहीं हो जाए, तब तक गुरुमण्डल की शरण में रहना चाहिए।

शरणार्थी की प्रार्थना—हे मातः ! तुमको मनुष्य के रूप में देखता हूँ, लेकिन तुम मनुष्य नहीं हो। ज्ञान-डाकिनी देवी हो। मैं (साधक) आपकी (माचिग् लवडोन की) शरण लेता हूँ। बुद्ध, धर्म तथा संघ की भी शरण लेता हूँ। गुरु, इष्टदेव और डाकिनियों की भी शरण लेता हूँ। धर्मकाय, सम्भोगकाय तथा निर्माणकाय की भी शरण लेता हूँ। (जब तक साधक का मन साधना में स्थिर नहीं हो जाता, तब तक इस प्रकार प्रार्थना करनी चहिए)।

अन्त में साधक को ऐसा आशीर्वाद मिलेगा कि गुरुजनों के मण्डल से प्रकाश आकर साधक तथा सर्व प्राणियों में प्रवेश करके उन्हें सर्वपाप से विशुद्ध कर देगा और वे लोग पक्षियों के झुण्ड के समान उड़कर देवलोक में प्रवेश करेंगे।

तृतीय साधना—बोधिचित्त उत्पन्न करना है। सर्वप्राणियों को आनन्द मिलना चाहिए। सर्वप्राणियों को दुःख तथा दुःख के हेतु से दूर रहना चाहिए। सर्व प्राणियों को आनन्दपूर्वक रहना चाहिए। उन्हें काम-क्रोधरहित और समभाव से रहना

चाहिए। सर्व प्राणियों की सेवा के लिए साधक के मन में बोधिचित्त उत्पन्न होना चाहिए।

चतुर्थ साधना—पुण्य सम्पन्न करना। इसमें साधारण और असाधारण दो प्रकार हैं। साधारण में 'आर्यभद्रचर्या' में कहे अनुसार सात अङ्गों द्वारा पुण्य सम्पन्न करना है। सात अङ्ग इस प्रकार हैं—

(१) गुरुमण्डलों को साष्टाङ्ग प्रणाम।

(२) पूजा।

(३) पाप के लिए क्षमा मांगना।

(४) दूसरे लोग जो सद्धर्म करते हैं, उससे आनन्दित होना।

(५) सर्व बुद्धों से धर्मचक्र प्रवर्तन के लिये प्रार्थना करना।

(६) गुरुजनों के दीर्घजीवन के लिये प्रार्थना करना।

(७) साधक ने जो पुण्य किया है, उसके द्वारा सर्वप्राणियों के बुद्धत्वप्राप्ति के लिये प्रार्थना करना।

बोधिचित्त धारण करना—सम्पूर्ण प्राणियों के अन्दर सर्वतथागतसार (तथागतगर्भ) तिल में तेल के समान निहित रहता है। लेकिन आकाशगत छाया-वृत्ति के कारण कुछ समय तक भवसागर में डूबता रहता है। इसे (जब कि हृदय में सर्वतथागतसार विराजमान है) नहीं जानने के कारण अभी विना किसी अभिलाषा के साधक का बोधिचित्त उत्पन्न करना प्रमुख कर्त्तव्य है।

साधक सर्व प्राणियों की महामाता (प्रज्ञापारमिता) की भूमि को प्राप्त कर लेना चाहता है। उसके लिये वह निर्लोभ योग-चित्त उत्पन्न करता है।

'अभिधर्मकोश' तथा 'कालचक्रतन्त्र' के अनुसार भूमण्डल की पूजा करना।

पुण्य संकल्प का पालन करना—सम्पूर्ण पृथ्वी के मेरुपर्वत से लेकर सब पर्वत, मानसरोवर से लेकर सम्पूर्ण जल, कल्पवृक्ष से लेकर सब वृक्ष इत्यादि जितने रत्न, महारत्न हैं, साधक हृदय से उनकी पूजा करता है। यह बाह्य पूजा है।

असाधारण पूजा—साधक अपने शरीर को महारत्न तथा चिन्तामणि के समान मानता है। असाधारण साधक अपने शरीर के पाँच स्कन्ध, १८ धातु और १२ आयतन इत्यादि में जितने काम गुण हैं अर्थात् सम्पूर्ण शरीर का लोभ छोड़कर प्रसन्नता पूर्वक सद्गुरु को समर्पित करता है। यह आन्तरिक पूजा है। साधक स्वज्ञान (विद्या) से उत्पन्न बोधिचित्त, जो महागुण है, उसको भी समर्पित करता है।

यह गुह्य पूजा है। साधक यह बाह्य, आन्तरिक और गुह्य पूजा माचिग् लबडोन तथा महामाता स्वरूप सद्गुरु-मण्डल को समर्पित करता है।

मन जब तक स्थिर न हो जाए तब तक इस प्रकार साधना करना आवश्यक है। इस प्रकार साधना करने के बाद गुरुमण्डल साधक के शरीर में लीन होने का विचार करता है।

पञ्चम साधना—महामाता की साधना। ऊपर कहे अनुसार गुरुमण्डल के साधक में लीन होने की शक्ति से शून्यतास्वरूप सिंहासन पर पद्म और चन्द्रमा के ऊपर स्वयं प्रज्ञा महामाता धर्मकाय का स्वरूप धारण करती है। महामाता के शरीर का रंग सुनहरा है, चेहरा हँसमुख है। चार हाथ और दो पैर हैं, वे सिंहासन पर आरूढ़ हैं। ध्यान के अन्तर्गत प्रथम हाथ में वज्र, बायें हाथ में प्रज्ञापारमिता का ग्रन्थ और दो हाथ ध्यान की मुद्रा में अवस्थित हैं। उनके शरीर पर तेरह सम्भोग-काय का अलङ्कार सुशोभित है, यथा—पञ्चगोत्रक, मुकुट, पटाव, माला, अवहार, अङ्गद, अर्द्धहार, आन्तरोत्तर, कम्बु, पटाङ्क, अङ्गुलीयक। उनका शरीर प्रकाश से परिपूर्ण है। महामाता के मूर्ध, कण्ठ और हृदय स्थान से 'ओम् अः हूँ' नामक तीन अक्षरों के प्रकाशित होने पर स्वयं महामाता के स्वरूपभूत ज्ञानसत्व का आह्वान होता है। ज्ञानसत्त्व को जःकार, हूँःकार, वःकार तथा होःकार ये चार क्रमानुसार मैत्री रूपी अङ्कुश, करुणा रूपी रस्सी, आनन्द रूपी जंजीर तथा उपेक्षा रूपी घण्टी से स्वयं महामाता के स्वरूप में लीन करा देते हैं। सामने आकाश में पाँच कुलदेवियाँ अभिषेक देती हैं। इन पाँच कुलदेवियों का जल अभिषेक अन्त में मुकुट स्वरूप बन जाता है। महामाता के हृदय स्थान पर सुवर्ण के अःकार की मन्त्रमाला घूमती है। उससे प्रकाशित होकर सारे संसार की दस दिशाएँ देवक्षेत्र, पृथ्वी तथा प्राणी और अप्राणियों में लीन हो जाती हैं। उसके द्वारा दृश्यमान वस्तुएँ देवता-स्वरूप, शब्द देवता के मन्त्रस्वरूप, मन के कल्प-विकल्प आदि धर्मस्वरूप बन जाते हैं। इसी प्रकार ज्ञान द्वारा यह मन्त्र जप करना चाहिए।

मन्त्र—'तत् या था गति गति परागति परासम गति बोधि स्वाहा' यह मन्त्र साधक का मन स्थिर नहीं होने तक जपना चाहिए। उसके बाद ज्ञान-सत्त्व तथा समय-सत्त्व और शब्दमन्त्र इन्द्रधनुष के समान लुप्त हो जाते हैं और साधक का मन अवलम्बरहित (विचाररहित) और वचनरहित होकर स्वयं स्वरूप में स्थिर हो जाता है।

माचिग के गण-मण्डल का विवरण (प्रार्थना और आशीर्वाद) तथा षष्ठ साधना—महा-अधिष्ठान प्राप्त करना। साधक को आकाश में इन्द्रधनुष तथा प्रकाश-

मण्डल के मध्य सिंहासन का ध्यान करना चाहिए।[1] इसी आसन पर सर्व जिनों की महामाता स्वरूप माचिग् लबकी डोन्मा का ध्यान करना चाहिए। उनके शरीर का रंग तेजःस्वरूप है (यह वज्रडाकिनी कुल-संकेत है)। उनकी तीन आँखें हैं, त्रिकाय का प्रतीक। ये तीनों आँखें आसमान की ओर देखती रहती हैं, अर्थात् उनका दर्शन प्रज्ञा-शून्यता है। उनके दाहिने हाथ में डमरू है। इसका अर्थ है आनन्द-शून्यता। बाएँ हाथ में घण्टी है, यह दृष्टि-शून्यता का संकेत है। माचिग् के दोनों पाँव नृत्य की मुद्रा में रहते हैं। इसका अर्थ है सर्व प्राणियों के लिए उनका आनन्द-ज्ञान। उनके शरीर पर तेरह सम्भोगकाय के अलङ्कार सुशोभित हैं। माचिग् के मण्डल में लाखों विद्या-धरों, वीरों तथा डाकिनियों का समूह है। माचिग् के मूर्ध-स्थान में सफेद रंग का 'ओम्', कण्ठ स्थान में लाल रंग का 'अः' हृदय में नील रंग का 'हूँ' है। ये तीनों क्रमानुसार सर्व जिनों के काय-स्वरूप 'ओम्,' वाक्-स्वरूप 'अः' और चित्त-स्वरूप 'हूँ' के रूप में प्रकाशित होकर माचिग् के स्वयं स्थान से आह्वान करके माचिग् की कल्पना को साधक की कल्पना में लीन करते हैं।

जो विशुद्ध धातु है (विशुद्ध चित्त) वह प्रपञ्चरहित है। वह महामाता है। उस आकाशस्वरूप (शून्य) महामाता ने पुत्रस्वरूप साधक के हृदय से पद्म उत्पन्न किया। उस पर सूर्य और चन्द्रमा का सिंहासन तथा इन्द्रधनुष और प्रकाश।

मण्डल के मध्य में पिता-स्वरूप गुरुपरम्परा स्वयं माचिग् लबडोन के रूप में वर्तमान हैं। वे अत्यन्त सुन्दर और महा-आनन्ददायक तथा तेजःपूर्ण हैं। वे सद्गुरु हैं। वे श्रीहेरुक-स्वरूप हैं। सद्गुरु के रूप में सम्पूर्ण मण्डल के भाव परिपूर्ण हैं।

साधक सम्पूर्ण संसार के लोकप्रिय पाँच कामगुण (रूप, शब्द, गन्ध, रस और स्पर्श) द्वारा माचिग् की पूजा करता है। अर्थात् पाँच कामगुण माचिग् को समर्पित करता है। साधक प्रार्थना करता है—'हे माचिग्! कृपा करके मेरी पूजा स्वीकार कीजिए। मैं आपके काय, वाक् और चित्त की स्तुति करके प्रणाम करता हूँ।'

---

१. सभी साधनाओं में इस संकेत को जानना चाहिए। साधक के सामने का अर्थ है—साधक की साधना की सुविधा। आसमान शून्यता का प्रतीक है। इन्द्रधनुष पञ्च ज्ञान-रंग का संकेत चिह्न है। प्रकाश विद्या (प्रज्ञा, ज्ञान) का प्रतीक, सिंहासन भयरहित होने का, पद्म विमल और चन्द्रमा उपाय (पुरुषलक्षण) का तथा सूर्य प्रज्ञा (नारी लक्षण) का प्रतीक है।

देवी-मण्डल से आशीर्वाद पाने के लिए प्रार्थना

साधक सोचता है कि उसके सामने विघ्न करने वाले शत्रु लौकिक तथा देवता, भूत आदि अलौकिक हैं, इसलिए उन प्राणियों की, एक साथ एकाग्रचित्त से श्रद्धासहित प्रार्थना करता है।

गुरुपरम्परा से प्रार्थना—साधक को डमरू बजाकर प्रार्थना करनी चाहिए।

प्रार्थनामन्त्र—'तुषित अकनिष्ठ स्थान में धर्मधातु-प्रासाद (मण्डल) है। वहाँ महामाता प्रज्ञापारमिता विराजती हैं। वे सर्वश्रेष्ठ आशीर्वाद देने वाली हैं, मैं उनकी प्रार्थना करता हूँ। आप मुझे आशीर्वाद दीजिए। गृध्रकूट पर्वत पर भगवान् शाक्यमुनि हैं, मैं उनकी भी प्रार्थना करता हूँ। उनको प्रज्ञापारमिता का ज्ञान महामाता से मिला है, आप मुझे आशीर्वाद दीजिए। मुचलिन्दपर्वत के मञ्जुश्री-विहार में सिंहासन पर मञ्जु-वाक्-नाद-वागीश्वर रहते हैं। मैं उनकी भी प्रार्थना करता हूँ, आप मुझे आशीर्वाद दीजिए। चित्त के विभु स्थान में डाकिनी आर्यतारा की प्रार्थना करता हूँ। भारत की झोपड़ी में रहने वाले महान् आचार्य आर्यदेव की भी प्रार्थना करता हूँ। ऊपरी तिब्बत के 'तिंगरी लिंखोन' मठ में 'फाचिग् तम्पा ग्याकर' को भी प्रणाम करता हूँ। 'जङ्गरी खर मर' के आश्रम में 'लादुव डोल्मा' की प्रार्थना करता हूँ। खम के 'खंग दोग' मठ के 'ड्रोमफन-लिम्पा' की प्रार्थना करता हूँ। अपने हृदय स्थान में रहने वाले परम गुरु को प्रणाम करता हूँ।

इस प्रकार प्रार्थना करने से सब गुरुपरम्परा का हृदय कृपापूर्ण होकर साधक से लेकर सर्व प्राणियों के शरीर को वे देवीमण्डल के कायस्वरूप आशीर्वाद देते हैं। सर्व प्राणियों के वाक् को देवीमण्डल के वाक्-स्वरूप और सर्व प्राणियों के हृदय में देवीमण्डल के चित्तस्वरूप आशीर्वाद देते हैं। साधक फिर प्रार्थना करता है—'सर्व प्राणियों के अहङ्कार को समाप्त करने के लिये आशीर्वाद दो। द्वैत भाव (मैं और तुम का भेद) को समाप्त करने का आशीर्वाद दो। आजन्म ज्ञान (शून्यता) प्राप्त करने का आशीर्वाद दो। यथार्थस्थिति को जानने का आशीर्वाद दो। स्वयं मुख्य दर्शन का आशीर्वाद दो। मैं सब समय गृहत्याग करके अभयपूर्ण स्थान में रह सकूँ, ऐसा आशीर्वाद दो। मैं त्सोद् साधना (प्रज्ञापारमिता की साधना) का सम्पूर्ण ज्ञान प्राप्त करके देव तथा भूत आदि सर्व प्राणियों के हित के लिए कार्य कर सकूँ, ऐसा आशीर्वाद प्रदान करो। आत्मग्रहण को समाप्त करके अनात्म-ज्ञान के लिए आशीर्वाद दो। संसार से निराश होकर अनित्य तथा मरण धर्मों का तत्त्वज्ञान प्राप्त कर सकूँ, ऐसा आशीर्वाद मुझे दो। मेरी साधना में विघ्न और भ्रम न उत्पन्न हो, ऐसा आशीर्वाद दो। साधक से लेकर सर्व प्राणियों का हृदय शून्यता तथा महाकरुणा से परिपूर्ण हो।

मैं इनकी प्राप्ति के लिये प्रार्थना करता हूँ। आज ही मुझे ऐसा आशीर्वाद प्रदान करो। इसी आसन पर ही मुझे आशीर्वाद दो।'

साधक केवल मुँह से श्रद्धा ज्ञापित नहीं करता, बल्कि हृदय से सद्गुरु की प्रार्थना करता है। साधक आँखों में आनन्दाश्रु भरकर प्रार्थना करता है। इस प्रार्थना के फलस्वरूप सद्गुरु अनुव्यञ्जन, उपव्यञ्जन, महातेज तथा महा-आनन्दस्वरूप शक्ति प्रदान करता है। गुरु का वचन ब्रह्मनाद के समान हुँकार संगीत सुनाता है और आशीर्वाद देता है। सद्गुरु का चित्त सर्वज्ञस्वरूप, करुणा तथा आदिज्ञान से परिपूर्ण आशीर्वाद देता है।

शक्ति का आशीर्वाद पाने के कारण साधक-पुत्र की जो दृष्टि है, वह मूलतः विषयरहित हो जाती है। उसका हृदय आनन्द से परिपूर्ण हो जाता है। चित्त (ध्यान) में परमविद्या ज्ञान का प्रकाश हो जाता है। इसी कारण साधक ज्योति-विद्या-धर बन जाता है।

साधक प्रार्थना करता है कि वह निर्जन स्थान, पर्वत, नदी तथा श्मशान आदि भूत-प्रेतों का जहाँ निवास हो, ऐसे स्थान पर रहने में भयभीत न हो। साधक अपने स्कन्ध या शरीर को देव तथा भूत-प्रेतों को देने में या उन्हें खिलाने में शरीर के प्रति किसी प्रकार के लोभ या आसक्ति के वशीभूत न हो। चार भूत एक साथ नष्ट हो जायें (चार भूत हैं—क्लेश-मार, स्कन्ध-मार, यम-मार, देवपुत्र-मार)। संसार और निर्वाण का संकल्प दृढ़ हो। जब तक मन स्थिर न हो जाए तब तक इस प्रकार प्रार्थना करते हुए साधना करनी चाहिए।

इस प्रकार प्रार्थना करने से तीन स्थान (अर्थात् काय-डाकिनी स्थान क्षेत्रजा, वाक्-डाकिनी स्थान मन्त्र तथा चित्तडाकिनी स्थान सहजक्षेत्र) के वीर तथा डाकिनियाँ सब एक-एक में लीन होकर प्रधान गणपति महाडाकिनी माचिग् लबडोन में लीन हो जाते हैं। साधक माचिग् लबडोन को सर्वविद्याओं का स्वरूप मान कर लबडोन के ललाट में श्वेत रंग का 'ओम्' कण्ठ में लाल रंग का 'आः', हृदय स्थान पर नील रंग के 'हूं' का ध्यान करता है। इस प्रकार ध्यान स्थिर हो जाने से साधक को फट् कहना चाहिए। फट् कहने से माचिग् के ललाट से श्वेत प्रकाश बाहर होकर साधक से लेकर सर्व प्राणियों के ललाट में प्रविष्ट हो जाता है। फलतः साधक से लेकर सर्व प्राणियों के शरीर द्वारा किया हुआ पाप शुद्ध हो जाता है। माचिग् की काया का आशीर्वाद मिले, इस बात पर ध्यान देना चाहिए। स्थिर होने के बाद साधक को फिर फट् कहना चाहिए। उससे माचिग् के कण्ठ स्थान से लाल प्रकाश बाहर होकर साधक तथा सर्व प्राणियों के कण्ठ में प्रविष्ट हो जाता है। उससे साधक तथा सर्व प्राणियों के वाक् द्वारा किया

हुआ पाप शुद्ध होता है। माचिग् के वाक् का आशीर्वाद मिले, इस बात पर ध्यान रखना चाहिए। स्थिर होने के बाद साधक को फिर फट् कहना चाहिए। उससे माचिग् के हृदय स्थान के हूँ-कार से नील रंग का प्रकाश निकल कर साधक तथा सर्व प्राणियों के हृदय में प्रवेश करता है। उससे साधक तथा सर्व प्राणियों के चित्त द्वारा किया हुआ पाप विशुद्ध हो जाता है। माचिग् के चित्त का आशीर्वाद मिले—इस पर ध्यान रखना चाहिए। साधक को फिर एक फट् कहना चाहिए, उससे महामाता सर्वज्ञान-डाकिनी-स्वरूप माचिग् लबकी डोल्मा प्रकाशस्वरूप बन कर साधक के मूर्धस्थान में लीन हो जाती हैं। उससे साधक के काय, वाक् और चित्त तथा माचिग् का काय, वाक् और चित्त अद्वैत होकर अचिन्त्य रूप से रह सके, ऐसा ध्यान करना चाहिए।

महामाता को पहचानना—जो साधक तीक्ष्ण बुद्धि वाला और श्रद्धावान् भक्त तथा साधना के लिये इच्छुक हो और विशेषरूप से महामाता या प्रज्ञापारमिता या महासम्पन्न का जो दर्शन है, उसका ज्ञान प्राप्त करने का इच्छुक हो, सर्वप्रथम वह साधक मनोरम, सुन्दर तथा निर्जन स्थान पर जाकर अपने लिये तथा सर्वप्राणियों के लिये बोधिचित्त उत्पन्न करे। साधक को मनुष्यजीवनरूपी रत्न प्राप्त हुआ है, उसका बार-बार मिलना कठिन है। यह जीवन अनित्य है। इसी बात का बार-बार चिन्तन करना चाहिए। क्योंकि जिसने सारे संसार को अनित्य माना, किन्तु अपने जीवन को अनित्य नहीं माना, वह धर्म में कभी भी प्रवेश नहीं कर सकेगा। अनित्य का ज्ञान पूर्ण होने पर साधक का मन संसार से विरक्त हो जाता है, फलतः सर्व प्राणियों के हित के लिये बोधि प्राप्त करने की इच्छा पूर्ण होती है। साधक अब अपने काय, वाक् तथा चित्त को बोधिचित्तस्वभाव के अभिनिवेश से बन्धन में न डाले। संसार के बाहर के मिट्टी पत्थर, पर्वत, चट्टान, वृक्ष, पानी तथा ग्रह आदि को भी मनुष्य नित्य मान लेता है। लेकिन ये नित्य नहीं हैं। संसार में रहने वाले मनुष्य, जानवर आदि सर्व प्राणी भी मनुष्य की परिकल्पनामात्र हैं। इस बात को पूर्ण रूप से जान लेने के बाद साधक को विशेष चिन्तन करना चाहिए। यदि संसार को परिकल्पित करने वाला चित्त नित्य-अनित्य का विचार करता है, तो इस परिकल्पना करने वाले चित्त का स्वभाव अनित्य है या नहीं, इस पर विचार करना चाहिए। इसके बाद चित्त के रूप-रंग और आकार पर विचार करना चाहिए। यदि चित्त के रूप और रंग का पता चल जाए तो वह रूप और रंग क्या है, इस पर विचार करना चाहिए। यदि इसका उत्तर मिल जाए, तो चित्त के प्रथमतः उत्पत्ति स्थान तथा वर्तमान में वह कहाँ स्थित है और भविष्य में कहाँ जाने वाला है, इस बात पर विचार करना चाहिए और चित्त कहाँ (संसार के मिट्टी इत्यादि और मनुष्य आदि प्राणियों में) पर स्थित है—इस पर विचार करना चाहिए।

चित्त यदि बाहर कहीं नहीं है तो साधक के सिर से पाँव तक कहीं भी है या नहीं? यदि चित्त शरीर में भी नहीं मिले तो वह अनात्म-शून्यता है कि नहीं? इस बात पर बार-बार विचार करना चाहिए।

विशेष साधना—यदि विषय (बाह्य संसार) के या चित्त (विषयी) के स्वभाव में स्थिरता न मिले तो भी साधक के पास विषय (ग्राह्य) और विषयी (ग्राहक) दोनों पर विचार करने वाली एक बुद्धि है। साधक बुद्धि द्वारा बाह्य और अन्तर ग्राह्य और ग्राह्यक दोनों में चित्त कहाँ है—इस पर विचार करता है और वह चित्त अनात्म है या नहीं, इस बात पर भी विचार करता है। उसे बुद्धि द्वारा ग्राह्य और ग्राहक दोनों में अन्तर है या नहीं, इस बात पर विचार करना चाहिए। अन्त में यह भी पता न चले तो उस समय के ज्ञान (तात्कालिक ज्ञान) या पूर्वकालिक ज्ञान (विकल्प ज्ञान) का चिन्तन नहीं करना चाहिए तथा भविष्यकालिक ज्ञान (विकल्प) की चिन्ता को भी मन में लाने की चेष्टा नहीं करनी चाहिए। उस समय साधक को विभिन्न विषयों की ओर मन को चञ्चल नहीं होने देकर वर्तमान ज्ञान में मन के स्वरूप को स्वयं-स्थित अवस्था में रखना चाहिए। उस समय उसको जानने वाला एक ज्ञान है, उसका नाम है विद्या-ज्ञान। यह मालूम हो जाने पर विद्याज्ञान का स्वभाव प्रकाशित होता है। जब साधक को चित्त, बुद्धि ज्ञान तथा विद्याज्ञान की पूर्ण जानकारी हो जाती है, उस स्थिति में साधक को जब तक मन स्थिर न हो जाए तब तक ध्यान करना आवश्यक है। साधक के मन में दुःख-आनन्द आदि जो नाना प्रकार की वेदनाएँ होती हैं, वह विद्याज्ञान का स्वभाव है, ऐसा समझना चाहिए। वह दर्पण के प्रतिबिम्ब जैसा है। उस विषय पर नाना प्रकार की चिन्ता नहीं करनी चाहिए। साधक के मन का अनुभव, बुद्धि, मन, चित्त तथा विद्याज्ञान सब अद्वैत हैं अर्थात् विभिन्न नहीं हैं। संसार से मुक्ति पाने के लिये विद्या-आदि परम ज्ञान पर ध्यान देना अति आवश्यक है। वह विद्याज्ञान किसी ने नहीं बनाया। वह अनादि है और अनन्त ज्ञान है, स्वाभाविक है, प्रकाशस्वरूप है (अर्थात् स्पष्ट है)। विद्याज्ञान कभी विस्मृत नहीं होता है, उसका कोई भी ग्राह्य विषय नित्य, शाश्वत, ध्रुव, और सिद्ध नहीं है। उसको ग्रहण करने वाला विषयी चित्त नित्य नहीं है। सारे संसार के जितने विकल्प (परिकल्पित) हैं, ये सब आदि काल से मूल विद्याज्ञान के ऊपर प्रतिबिम्ब के समान सम्पन्न हैं। विद्याज्ञान आशा और संकोच से रहित है। ज्ञान हो जाने से विद्याज्ञान पहचान लिया गया है। नाना प्रकार के विकल्प विद्या-ज्ञान से ही उत्पन्न होते हैं और समाप्ति भी विद्याज्ञान में ही होती है, ऐसा विश्वास होना चाहिए।

स्वयं विद्या-ज्ञान स्वसदृश है, वह स्वच्छ है, अनिरुद्ध है और अपरिगृहीत है। वह स्वच्छ और अपरिगृहीत-ज्ञान है। उसी विद्याज्ञान की विस्तृत उन्नति होती है। वह अपरिवर्तित होती है। विद्याज्ञान सारे धर्म (संसार और निर्वाण) में विभुरूप है। वह अवर्णनीय है। वह बुद्धि से परे है। विद्याज्ञान में सब धर्म विलीन हो जाते हैं अर्थात् विषय और विषयी या ग्राह्य और ग्राहक दोनों अद्वैत हो जाते हैं। साधक जब ऐसी अवस्था में प्रवेश करता है, तो उसको साधना की आवश्यकता नहीं रह जाती। साधक को स्वयं सिद्धि द्वारा मूल महामुद्रा समन्तभद्रविद्या आदि परमज्ञान से साक्षात्कार हो जाता है। उस समय बरतो (मरने के बाद दूसरा जन्म लेने की अवस्था तक के बीच के काल को बरतो कहते हैं) धर्मधातु में ही लीन हो जाता है। उसके बाद वह सर्व प्राणियों का हित करने वाला, महात्मा हो जाता है।

इस अवस्था में तीन विशेष आसन के बारे में बताया जा रहा है। 'मुक्ता माला तन्त्र' में कहा गया है कि सिंह, हाथी तथा ऋषि के रूप में साधक को रहना चाहिए। इसके अनुसार सिंहासन पहले आता है। यह धर्मकाय आसन है। दोनों पाँव का तलुआ आपस में जुड़ जाता है। उससे चित्त को चञ्चल करने वाली वायु को वशीभूत कर लेता है। शरीर को सीधा रखने से विशुद्ध वायु के चलने में कोई बाधा नहीं रहती। सिर को तीन बार दाहिनी ओर और तीन बार बायीं ओर घुमा कर नीचा करके कण्ठनाली को दबाने से विकल्पज्ञान (चिन्ता) बन्द हो जाते हैं। दोनों हाथों की मुट्ठी बाँध कर दोनों पाँव के तलुओं के बीच में रखने से चार धातु समान हो जाते हैं। दूसरा निद्रित हाथी के समान आसन है। यह सम्भोगकाय का आसन है। दोनों घुटने छाती में जोड़ देने चाहिए। उससे शरीर में आनन्द-उष्णता की वृद्धि होती है। धातुओं की भी वृद्धि होती है। दोनों केहुंनी जमीन पर टेकने से मातृ-वायु, पितृ-वायु और क्लीव लिंगवायु समान हो जाते हैं। दोनों गालों को दोनों हाथों के बीच में रखने से स्थूल वायु बन्द हो जाती है। पाँव की अंगुलियों को जमीन की ओर मोड़ने से (ग्यिङ्-पा) निमग्न और (गोद्-पा) औद्धत्य दोनों समान एवं शान्त हो जाते हैं। तीसरा है ऋषि-आसन। यह निर्माणकाय आसन है। घुटनों को पेट से सटाकर बैठने से नाड़ी तथा वायु समान एवं दोषरहित हो जाते हैं। पैर के तलवों को जमीन पर रखने से शारीरिक जल-धातु की अधिक शक्ति (रक्तचाप आदि दोष) नष्ट हो जाती है। मेरुदण्ड सीधा रखने से शारीरिक धातु तथा चित्त धर्म (विद्या-ज्ञान) की ओर उन्मुख होता है। घुटनों को छाती से लगाकर बैठने से शारीरिक अग्निधातु तथा वायु-धातु की प्रज्ञा-ज्ञान-ज्वाला प्रकाशित होती है। नाभि के अन्दर के निचले भाग के पेट का हिस्सा मेरुदण्ड तक खींचने से विकल्प-चिन्ता बन्द हो

जाती है। दोनों हाथ विपरीत दिशा में ले जाकर केहुंनी को घुटनों पर रखने से शारीरिक ताप-दोष (पित्त, कफ) दूर हो जाते हैं। हाथ को विपरीत दिशा में ले जाकर दोनों ओर की काँख के नीचे का हिस्सा दबाने से शीत-दोष दूर हो जाता है। दोनों हाथों को विपरीत दिशा में ले जाकर अंगूठे के पास की दोनों उगली दोनों कानों के नीचे खड़ी रखने से शीत-ताप समान हो जाते हैं। और भी ३३ आसन हैं। आसन जो भी हो अधिक कड़ा नहीं करना चाहिए और न अधिक ढीला करना चाहिए।

चार मार के बन्धन को काटना या मुक्त होना

(१) 'थोग्-छस्-ब्दुद्' सप्रतिहत। अर्थात् जो विषय है शत्रु, मित्र आदि, उनसे क्रोध और राग आदि होते हैं। जिनका रूप आँख से देखा जा सकता है तथा शब्द (वचन) सुना जा सकता है, इसी प्रकार रस, गन्ध और स्पर्श के कारण मन में अच्छे बुरे जो विचार आते हैं, उससे अच्छे के प्रति आशा, खराब के प्रति भय आदि दृढ़ विश्वास उत्पन्न होते हैं। उसको 'थोग्-छस्-ब्दुद्' कहते हैं, अर्थात् विद्या द्वारा विषयी नाना प्रकार की वेदना पाता है। सुन्दर रूप तथा मधुर शब्द, सुगन्ध आदि विषय में अनुराग और कुरूपता आदि के प्रति विराग, शत्रु के बारे में सुनने तथा स्मरण मात्र से क्रोधित होना, सम्बन्धी तथा मित्रों के प्रति अनुराग को 'थोग्-छस्-ब्दुद्' कहते हैं। अर्थात् विषय के कारण विषयी में जो भाव प्रकट होते हैं, उनको 'थोग्-छस्-ब्दुद्' कहते हैं। ये साधना में विघ्न करते हैं। उस समय साधक को 'फट्' शब्द कहकर आशा तथा संकोच आदि को बन्द कर देना चाहिए और महामाता प्रज्ञा-पारमिता धर्मधातु-शून्यता प्रकाश-शून्यता का सहज भाव से ध्यान करने से 'थोग्-छस्-ब्दुद्' समाप्त हो जाते हैं।

'थोग्-मेद्-ब्दुद्' बाह्य विषय तथा कारण नहीं होने पर भी मन में क्रोध होना, उदास होना या अत्यन्त आनन्दित होना या अत्यधिक भयभीत होना इत्यादि सुख-दुःख तथा ऊँच-नीच के जो विकल्प उत्पन्न होते हैं, उनमें आशा तथा संकोच का बन्धन होने से उनको 'थोग्-मेद्-ब्दुद्' कहते हैं। इससे साधना में विघ्न उत्पन्न होते हैं। उस समय साधक को फट् शब्द कहना चाहिए। विकल्प को तुरत बन्द करके ध्यान करने से साधक की उन्नति होती है। प्रपञ्चरहित विद्याज्ञान के स्वभाव का ध्यान करने से 'थोग-मेद्-ब्दुद्' समाप्त हो जाते हैं।

'दगअ्-स्प्रो-ब्दुद्' आनन्द-उत्सव-अहङ्कार। साधक अपने गुरु तथा दूसरों से बड़ा है। साधक धर्मपरम्परा में दूसरों से ऊँचा है। जीविका की वस्तुएँ पर्याप्त तथा अन्य साधकों से अधिक हैं। दूसरे साधकों से धर्मसाधना में अधिक उन्नति हुई है तथा गुरु और धर्म में साधक का यश बढ़ रहा है।

इस प्रकार के अहङ्कार से जो आनन्द मिलता है, वह साधना में विघ्न डालता है। इसी को 'गब्-ट्रो-दुद्' कहते हैं साधक को फट् कहकर उस अहङ्कार-विकल्प का ग्रहण न करके विद्याज्ञान में लीन रहना चाहिए।

'सृ्ञोम्-ब्येद्-ब्दुद्' साधक जब ध्यान में रहता है, उस समय जो दूसरे विकल्प-ज्ञान उत्पन्न होते हैं, उसका ग्रहण करना ही सृ्ञोम्-ब्येद्-ब्दुद् है, उससे साधना में विघ्न उत्पन्न होता है। उस समय साधक को फट् कहकर विकल्पज्ञान को स्वयं दूर कर देना चाहिए और महामाता प्रज्ञापारमिता और शून्यता की ओर ध्यान देना चाहिए, उससे साधना में उन्नति होती है।

सोना, खाना, उठना-बैठना और साधना आदि करते समय अच्छे-बुरे विचारों को फट् शब्द कहकर माया-भ्रम के विकल्पों को शीघ्र ही बन्द कर देना चाहिए। विद्या-शून्यता का ध्यान करना चाहिए। उनमें अनुग्रह तथा अनुराग नहीं करना चाहिए। सदा विशुद्ध, अप्रपञ्च, महामाता, शून्यता के रूप का ध्यान करना चाहिए।

'थोग्-ब्चस्-ब्दुद्' विषय की अभिलाषा को दूर करना, 'थोग्-मेद्-ब्दुद्' विषयी की अभिलाषा को दूर करना, 'द्गअ्-स्प्रो-ब्दुद्' अहङ्कारस्वरूप आनन्द को दूर करना और 'सृ्ञोम्-ब्येद्-ब्दुद्' है आत्मविकल्प की चिन्ता को दूर करना। उसके कारण पहले के तीन चौथे 'सृ्ञोम्-ब्येद्-ब्दुद्' के अन्तर्गत आते हैं। इसी कारण चौथे का त्याग करने से सब दूर हो जाते हैं।

अब साधक को ज्ञान होना चाहिए कि संसार और वस्तु (भाव) शून्यता-स्वरूप हैं। अब तक सहज महाभूत, सहज अविद्या ने धोखा देकर पाँच क्लेश के बन्धन में डाला। उसके उपादान (कारण) दुःख के विघ्न से दबे रहे।

साधक के लिए अब संसार तथा निर्वाण लक्षण-रहित हैं। संसार और निर्वाण का संकल्प समाप्त हो गया। अच्छे का ग्रहण और बुरे का त्याग भी नहीं रहा। निर्वाण-प्राप्ति की आशा और नरक में जाने का भय भी साधक के मन से चला गया। ऐसा इसलिए होता है कि साधक को विद्या-ज्ञान की प्राप्ति हो चुकी है। वह निर्मल है, धर्मकाय-स्वरूप है तथा भयरहित है।

साधक प्रार्थना करता है कि वह अब एक स्थान पर नहीं रहकर निर्जन-स्थान पर्वत, नदी के किनारे या श्मशान आदि विभिन्न स्थान में रहने का निश्चय कर सके। बिना किसी युक्ति या उद्देश्य के धर्ममहामाता (प्रज्ञापारमिता) के अभि-प्राय को निश्चयपूर्वक जानना चाहिए। वह साधक अनिश्चित कर्म करने वाले भूत-प्रेतों का मार्ग-दर्शन करेगा। सांसारिक दृष्टि से इस मार्ग की व्याख्या करना कठिन

है, लेकिन साधक के ज्ञान के द्वारा भूत-प्रेतों तथा साधक को एक समय मुक्ति मिल जाती है।

साधक को अपने आसन पर बैठकर वैरोचन सप्तधर्म-आसन (शारीरिक मुद्रा) ग्रहण करना चाहिए। साधक का मन्त्र है—

'गुरु को प्रणाम। एक मात्र मां लबडोन को प्रणाम। महामाता (प्रज्ञा पारमिता) मुझे आशीर्वाद दो। इस मन्त्र को अनेक बार उच्चारित करना चाहिए।

'मैं माचिग् लबडोन को प्रणाम करता हूँ। माचिग् लबडोन मानव रूप धारण करती हैं, लेकिन मानवी नहीं हैं। वे ज्ञान डाकिनी ही हैं। माचिग् लबडोन बिना किसी प्रकार की अनुरागसाधना के सर्व प्राणियों को विभु-दान देती हैं (धर्मोपदेश देती है)। मुझे तथा अपने अन्य शिष्यों को आशीर्वाद दीजिए। माचिग् लबडोन को सर्वाकार आदि ज्ञान (जो ज्ञान सर्व गुणों का जन्मदाता है) प्राप्त हैं। माचिग् कभी शील को विनष्ट नहीं करती (आदिज्ञान प्राप्त करने के बाद किसी नियम को भङ्ग नहीं करती), उसी कारण मुझे और अपने शिष्यों को आशीर्वाद दीजिए। आपने (माचिग् लबडोन ने) अनुत्पाद (शून्यता) को प्राप्त कर लिया है। आपने (माचिग् लबडोन ने) अनुत्पाद-शून्यतास्वरूप की अर्हता को प्राप्त कर लिया है। मुझे तथा अपने शिष्यों को आशीर्वाद दीजिए। आप (माचिग् लबडोन) कार्य तथा कारण के अद्वैत को जानने वाली हैं, इसी कारण बिना प्रयास के साधना करती हैं। मुझे और अपने शिष्यों को आशीर्वाद दीजिए। आप (माचिग् लबडोन) अचल समाधि को प्राप्त कर चुकी हैं। आप अचल समाधि में स्थिर साधना करती हैं। मुझे और अपने शिष्यों को आशीर्वाद दीजिए। माचिग् सर्वस्वभाव-तथता को प्राप्त कर चुकी हैं। आप अनात्म-स्वरूप प्रज्ञा-ज्ञान की योगिनी हैं। मुझे तथा अपने शिष्यों को आशीर्वाद दीजिए।

माचिग् लबडोन प्रतिपक्ष-दृष्टि की ज्ञाता है, इसी कारण अभिलाषा से मुक्त हैं। समन्त-साधना करने से अवलम्ब अथवा विषय से मुक्त हैं। अनुत्पन्न ज्ञान से वे संसार से मुक्त हैं। वे बिना विकल्प के चर्या करती हैं। इसी कारण भयरहित हैं। हे माचिग् लबडोन, मुझे और शिष्यों को आशीर्वाद दीजिए।

नवम साधना—परा-प्रवेश। साधक को इस प्रकार साधना करनी चाहिए कि जिसके पास अहम् है, वह आत्मग्रहण न कर सके। यह आदि काल से माया भ्रम के साथ हमारे मन में रहता है। इस आत्म-ग्रहण को बिना परिग्रह के समाप्त कर देना चाहिए। आत्मा ने लालच करके इसी शरीर के लिये इच्छा की थी। उस इच्छा को भ्रम मान कर लालच को समाप्त कर देना चाहिए। देव तथा भूत, अच्छे और

बुरे, मित्र और शत्रु आदि जो द्वैत विचार हैं, ये भी विकल्पमात्र हैं। इस द्वैत को भी अद्वैत शून्यता के स्वभाव में विलीन कर देना चाहिए। अप्रपञ्च स्व-विद्या-ज्ञान ही एक मात्र विन्दु (शून्यता) स्वरूप है। यह माचिग् लबडोन के कृपापूर्ण हृदय (आत्मा) में प्रविष्ट हो जाए। फट् कहकर आनन्द-शून्यता स्वभाव का ध्यान करना चाहिए। दूसरा फट् कहकर विद्या-शून्यतास्वरूप में ध्यान करना चाहिए। तीसरा फट् कहकर प्रकाशशून्यता महाविद्या-ज्ञान का ध्यान करना चाहिए। जहाँ तक आकाश है, वहाँ तक विद्याज्ञान विभु है। उसी अप्रपञ्च शून्यतास्वरूप का ध्यान करना चाहिए। साधक देव-मार को समाप्त कर देता है। वह अपने चित्त (विद्या-ज्ञान) को आकाशशून्यता में प्रवेश करा देता है। देव-मार के कारण मनुष्य संसार की वस्तुओं के प्रति लोभी हो जाता है और अपने शरीर के प्रति भी उसे मोह हो जाता है। इसी कारण देव-मार को भी अनित्य-शून्यता स्वरूप में पहचान लेना चाहिए, फलतः विषय-वस्तु (देव-मार) शून्यस्वरूप हो जाते हैं। देव-मार का सम्पर्क मन से है। यहाँ मन का अर्थ है विद्या-ज्ञान। जो मन से काम (इच्छा) को निकाल देता है, वह देव-मार को समाप्त करता है।

साधक अपनी चित्तविद्या का आकाश में प्रवेश करा कर शून्यतास्वरूप धर्मधातु या ज्ञानधातु में मिला देता है। उससे समयशत्रु (यमराज मार) को समाप्त कर देता है। विद्याज्ञान के धर्मधातु में प्रवेश करने से धर्मधातु जब शून्यता है, तब विद्याज्ञान भी अरूप (अप्राणी) ही है। उसके शून्यता में विलीन होने से यमराज के दूत किसको मारेंगे? विद्या-ज्ञान शून्यतास्वभाव में डाकिनी का रूप धारण कर लेता है। डाकिनी के दाहिने हाथ में कर्तिका और बायें हाथ में कपाल है। डाकिनी साधक के शरीर को टुकड़े-टुकड़े करके कपाल में डाल देती है, उससे स्कन्धमार नष्ट हो जाता है। स्कन्ध राशि को कहते हैं। रूप-स्कन्ध, वेदना-स्कन्ध, संस्कार-स्कन्ध, संज्ञा-स्कन्ध और विज्ञान-स्कन्ध एक साथ मिलकर स्कन्ध कहलाते हैं। डाकिनी द्वारा रूपस्कन्ध को नष्ट कर देने से वेदना भी नष्ट हो जाती है। 'मेरा शरीर' इस प्रकार की संज्ञा नष्ट हो जाती है और 'मेरा शरीर' ऐसे संस्कार आदि का विचार भी नहीं रहता। विद्या-ज्ञान तो पहले ही धर्म-धातु में लीन हो चुका है। इसी कारण विज्ञान-स्कन्ध समाप्त हो जाता है। क्योंकि विज्ञान-स्कन्ध विद्या-ज्ञान का एक रूप है। इसी कारण विज्ञान-स्कन्ध का ऐसे ही लोप हो जाता है।

साधक क्लेश-मार को भी समाप्त करने के लिये शरीर की पूजा तथा दक्षिणा देता है। इस प्रकार निर्विकल्प ज्ञान द्वारा चार मारों को समाप्त कर दिया जाता है।

दसवीं साधना—शरीर को अमृतस्वरूप मानकर पूजा करना। साधक 'ओम् अः हूं' इन तीन अक्षरों को उच्चारित करता है। पहले कहा जा चुका है कि विद्या-

ज्ञान डाकिनी का रूप धारण करके बायें हाथ के कपाल में शरीर के टुकड़े-टुकड़े करके डाल देता है। साधक के 'ओम्' शब्द उच्चारित करने से (ओम् का अर्थ धर्मकाय है और सर्व तथागत के चित्त से उसका अद्वैत है) सर्व तथागत की शक्ति तथा आशीर्वाद अमृत नील रङ्ग के प्रकाश-स्वरूप कपाल में प्रवेश करके वस्तु को अमृत बना देता है। 'अः' कहने से (अः सम्भोग-काय स्वरूप है) सर्वतथागत के वाक् से उसका अद्वैत है। सर्व तथागत की वाक् शक्ति तथा आशीर्वाद अमृत लाल रंग के प्रकाशस्वरूप कपाल में प्रवेश करके, कपाल में जितनी वस्तु हैं, सबको अमृतस्वरूप बना देते हैं। 'हूँ' कहने से (हूँ निर्माणकाय है। सर्व तथागत के निर्माणकाय से अभिन्न है) सर्व तथागत की निर्माणकाय की शक्ति तथा आशीर्वाद अमृत 'हूँ' कार के रूप में नील रंग के प्रकाशस्वरूप कपाल में प्रविष्ट होने से कपाल की वस्तु अमृतस्वरूप हो जाती है। सर्व तथागत के काय, वाक् और चित्त की शक्ति अमृतस्वरूप कपाल में प्रविष्ट होने से कपाल की सम्पूर्ण वस्तु अमृतस्वरूप हो गई। जब तक यह विचार दृढ़ नहीं होता, तब तक साधक 'ओम् अः हूँ' का जप करता रहता है। उसके बाद साधक 'हा हो ह्रीं' का उच्चारण करता है। 'हा' शब्द की शक्ति से पूजा लेने वाले जितने देव-देवियाँ हैं, उतनी वस्तु प्राप्त हो जाती हैं। 'हो' कहने से पूजा के लिये जितने की आवश्यकता होती है, उतने उपस्थित हो जाते हैं। 'ह्रीं' कहने से (ह्रीं ज्ञान-डाकिनी का बीजमन्त्र है) डाकिनी तथा पुजारिनी सब ज्ञान-डाकिनी स्वरूप बन जाती हैं। यह ज्ञान जब तक पूर्ण नहीं हो जाता, साधक 'हा हो ह्रीं' मन्त्र जपता रहता है।

किसको किसको देना है—गुरुपरम्परा, महासाधकों, विद्याधरों, सर्व बुद्ध, सर्व बोधिसत्त्व, आर्या, हेरुक आदि चार या छ तान्त्रिक इष्टदेव मण्डल तथा तीन स्थान के (आकाशगामी, भूगामी तथा पातालगामी) देव-देवियों को आह्वान करके साधक अपने पापरहित तथा विशुद्ध अमृतस्वरूप शरीर की पूजा देता है, उससे देव-देवी, भूत-प्रेत आदि सर्व प्राणी पुण्यसम्पन्न हो महामाता प्रज्ञापारमिता का ज्ञान प्राप्त करके, महामाता प्रज्ञापारमिता की साधना करके महामुक्ति प्राप्त करते हैं, साधक बाहर और भीतर के धर्मपाल, पितृ-देव, मातृ-देव, अद्वैत-देव, तुषितस्थानरूप देवलोक में रहने वाले महाकाल तथा गौरी आदि सत्तर नाथ की पूजा करता है। इसको गणनाथ अतिथियों की पूजा कहते हैं। इस पूजा को ग्रहण करने वाले देवस्वरूप हैं।

गुरुपरम्परा, आगमपरम्परा, साधनापरम्परा, अभिषेकपरम्परा, लिखित उपदेशपरम्परा, व्याख्यान श्रुतिपरम्परा तथा छः अन्य परम्पराओं की पूजा की जाती है। इष्ट देवमण्डल, वीरों, डाकिनियों, जिनपुत्रों तथा धर्मरक्ष आदि उत्तम अतिथियों

की पूजा की जाती है। महादेव, ब्रह्मा, षडानन, इन्द्र, चतुराश महाराज, दश दिक्पाल आठ महादेवियों, आठ महानाग, आठ महाग्रह, अट्ठाइस नक्षत्र, नौ भयदाता आदि गणनाथ देवताओं की पूजा की जाती है। इस स्थान पर रहने वाले भूपति, देव, राक्षस, आदि आठ तथा प्रत्येक बार साधक के माता-पिता होने वाले प्राणियों की साधक पूजा करता है। जो पहले आ नहीं सके, जो दुर्बल भूत-प्रेत आदि हैं, उन सबको साधक पूजा करता है। वह कहता है मेरी इस पूजा से आर्यगण प्रसन्न होते हैं। उससे सर्व प्राणियों की क्लेशावृति तथा ज्ञेयावृत्ति दोनों विशुद्ध होती हैं तथा पुण्य सम्पूर्ण होता है। उससे महामाता के हृदय में विमुक्ति होती है।

बाह्य पूजा की वस्तु—(१) शरीर के चमड़े को साधक भूमण्डल मान लेता है। मेरुदण्ड को मेरु पर्वत और सिर को विजयग्रह मान लेता है। इसमें राजा इन्द्र का निवास है। दोनों हाथ और दोनों पादों को चार महाद्वीप मान लेता है। दोनों आँखों को सूर्य और चन्द्र मान लेता है। चित्त को कल्पवृक्ष मान लेता है। रक्त को समुद्र मान लेता है। इस प्रकार शरीर को भूमण्डल के रूप में देखता है।

(२) साधक अपने शरीर के चमड़े पर शरीर की सम्पूर्ण वस्तु को पाँच कामगुण (रूप, रस, गन्ध, स्पर्श और शब्द), सप्तराज सम्पत्ति (चक्र, मणि, स्त्रीरत्न, गृहपतिरत्न, हस्तिरत्न, घोड़ा और सेनापति रत्न), आठ मङ्गल वस्तु (सरसों, बेल, दूर्वा, सिंदूर, गोरोचन, दही, दर्पण और शंख), आठ विजय लक्षण (छत्र, मछली, कुम्भ, पट, श्रीवस्तु, शंख, पताका और चक्र) और उत्तम-उत्तम सांसारिक वस्तु द्वारा बुद्ध, बोधिसत्त्व की पूजा करता है और तुषित स्थान पर रहने वाले नाथ तथा आर्यों की पूजा करता है। उन लोगों को सन्तुष्ट करके उनके मन में बोधिचित्त उत्पन्न करना चाहिए।

साधक अपने शरीर, स्कन्ध तथा धातु को भोग के रूप में प्रस्तुत करता है। जैसे बाह्य पूजा की वस्तु, आन्तरिक पूजा की वस्तु आदि अचिन्तनीय भोग वस्तु सब अतिथियों को (पूजा ग्रहण करने वालों को) जो जिस वस्तु को ग्रहण करना चाहता है, वह उनकी इच्छानुसार सम्पूर्ण आज्ञा पूर्ण होने तक पूजा देते रहते हैं।

आन्तरिक पूजा—आठ विज्ञानों को विशुद्ध (शून्य) करके भयरहित रूप में ग्रहण करता है। बाहर और भीतर (संसार) की सभी वस्तुओं की इच्छा को शून्यता में समाप्त कर देता है। इस प्रकार की पूजा सर्वश्रेष्ठ पूजा मानी जाती है।

भूत-प्रेतों का आह्वान—साधक अपने शरीर की ममता को त्याग देता है और शरीर का चमड़ा बिछा देता है। सम्पूर्ण शरीर के टुकड़े-टुकड़े करके चमड़े पर डाल देता है। साधक मन में सोच लेता है कि मांस पर्वत के समान हो गया है और रक्त

समुद्र के समान हो गया है। अरूप (मन) रूप धारण करने वाले सम्पूर्ण भूत-प्रेतों को अपना भोगस्वरूप शरीर दान कर देता है।

लोकायत और लौकिक हेरुक (भूतनाथ) तथा भूत-प्रेत, जो माँस भक्षण करना चाहते हैं, रक्त पान करना चाहते हैं, साधक उनका आह्वान इस प्रकार करता है 'सब अपने स्वभावानुसार शुद्ध रूप ,दिखाते हुए, क्रुद्धवचन बोलते हुए यहाँ आओ, जिनका पूर्व जन्म का ऋण मेरे पास बाकी है, वे लोग भी कुरूप और कुवचन बोलते हुए आओ।'

साधक सोचता है—'मैं तो महायोगी हूँ और महासम्पन्न योगी हूँ। इसी कारण मेरे पास संसार और निर्वाण दोनों अद्वैत (समान) हैं। इसी कारण सब धर्म संसार तथा निर्वाण एक हो ज्ञान में विलीन हो जाते हैं। मेरे लिये अच्छा-बुरा, आशा-निराशा, क्रोध-मैत्री, लज्जा इत्यादि में कोई अन्तर नहीं है। आप लोग जिस प्रकार चाहें, मेरे शरीर का उसी रूप में ग्रहण करें। मैं अपने अमृतस्वरूप शरीर का दान करता हूँ।

'आप लोग जितना मांस खाना चाहते हैं, खाइये। जितना रक्त-पान करना चाहते हैं, पान कीजिये। मैंने अब तक अपने शरीर के प्रति जो माया (ममता) की है, आज उसका त्याग करता हूँ और अपना शरीर आप लोगों के भोग के लिये प्रस्तुत किये देता हूँ। यदि आप लोग उसको ग्रहण नहीं कर सके तो यह आप लोगों का दोष है। यदि मैं समस्त दान नहीं कर सका तो यह मेरा दोष है। पूजा के समय जो विघ्न या बाधा आये उसको मैं साधन-मार्ग मान लेता हूँ। मेरे ऊपर जो पुराना ऋण आप लोगों का हो, वह मिट जाए और मेरे पाप की विशुद्धि हो जाए।

'सप्तजीवन ब्राह्मण का शरीर जैसे अमृत हो गया था, उसी प्रकार मेरा शरीर। जिन्हें देखा, सुना और भोग किया उन लोगों का मन क्रोध, लालच आदि क्लेशों से मुक्त होकर परम-सर्वज्ञ के पद की प्राप्ति करे।

अशक्तों को निमन्त्रण—जो लोग पूजा के समय भोग ग्रहण करने नहीं आ सके (शारीरिक रूप से दुर्बल, सुदूर निवासी, समय पालन करने वाले इत्यादि) वे तथा इस समय हठात् आने वाले अतिथि, जिनकी शक्ति कम है, जो दरिद्र हैं, उन लोगों को जो-जो चाहिए वैसे इस शरीर का दान करता हूँ। हे अतिथिगण! आप अपने-अपने दुःख से मुक्त हों, स्थायी आनन्द की प्राप्ति करें और अन्त में परम शान्ति प्राप्त करें।

सर्वश्रेष्ठ दान—'हे देव-देवियों और भूत-प्रेतों, सुनो! सर्वतथागतमूल या सार आप लोगों के हृदय में है, वही विद्या-ज्ञान या बुद्धतत्त्व है और दूसरा कोई नहीं है। अपने मन के भ्रम से स्वयं ज्ञान आच्छादित हो गया है, इसीलिए

बुद्धज्ञान का दर्शन नहीं हो पाता। जैसे सूर्य से आई हुई किरण सूर्य से भिन्न नहीं है, उसी प्रकार बुद्धज्ञानस्वरूप विद्याज्ञान और अविद्या (माया या भ्रम) दोनों अभिन्न हैं। इन दोनों में से एक का ज्ञान होने से ही मुक्ति हो जाएगी और सर्व विद्या-ज्ञान में लीन हो जाएगा।' यह आदिज्ञान प्रपञ्चरहित है। संसार और निर्वाण अभिन्न हैं। संसार और निर्वाण का स्वभाव शून्यता है, स्वयं ज्ञान के लिये देवता और भूत अद्वैत हैं और समरस हैं।

ग्यारहवीं साधना—'जिसने मुझे कष्ट दिया है अर्थात् शत्रु से लेकर सर्व प्राणियों की सम्पूर्ण पापवृत्ति तथा दुःख मुझे प्राप्त होना चाहिए। मेरा (साधक का) सुख, आनन्द मेरे शत्रु से लेकर सर्व प्राणियों को मिल जाना चाहिए।

अन्तिम साधना—इस साधना के बाद अच्छे-बुरे, आशा-निराशा का त्याग करना, चार मार आदि तथा ग्राह्य-ग्राहक, विशेष्य-विशेषण का त्याग करना चाहिए। सदा शून्यतास्वरूप विद्याज्ञान के स्वभाव में रहना चाहिए। जब रिग्-अ्जिन्-र्गोद्-ल्देम्-ग्चोद् साधना करते-करते खगचारी बन गए, उस समय यही प्रार्थना करते तथा आशीर्वाद देते हुए वे आकाश में विलीन हो गये।

• • •

भारतीय तन्त्र-विद्या का अध्ययन

महामहोपाध्याय डा० गोपीनाथ कविराज

कुछ वर्षों पूर्व तक अन्य अनेक भारतीय विद्याओं के समान तन्त्र विद्या भी भुला सी दी गई थी। वेद, भाषाशास्त्र आदि के समान तन्त्रविद्या को भी जनता के सामने अभिनव रूप में उपस्थापित करने का मुख्य श्रेय पाश्चात्य विद्वानों को ही दिया जाना चाहिए। जिस प्रकार वेद का प्रारम्भिक प्रचार, प्रकाशन, उसकी महत्ता का विश्व भर में प्रख्यापन आदि कार्य मैक्समूलर प्रभृति पाश्चात्य पण्डितों ने किया, उसी प्रकार तन्त्रशास्त्र का आधुनिक समय में सर्वप्रथम मर्मोद्घाटन और आलोचन का सूत्रपात सर जान उडरफ नामक मनीषी ने किया। प्राचीन आचार्यगण वैदिक और तान्त्रिक उभयविध श्रुति का प्रामाण्य अङ्गीकार करते थे। वर्तमान समय में जो अनुसन्धान कार्य चल रहा है, उससे यह पता चलता है कि विशाल तान्त्रिक साहित्य अभी तक अप्रकाशित ही पड़ा है। प्रकाशन पहले से अधिक हुआ है, किन्तु समुचित प्रकाशन अभी तक नहीं हो पाया है। काश्मीर, मैसूर, मद्रास, बंगदेश, बम्बई, पूना, पाण्डिचेरी, तिरुपति, श्रीरंगम्, बड़ौदा आदि स्थानों में सर्वत्र अनुसन्धान कार्य चल रहा है, नूतन ग्रन्थ भी प्राप्त हो रहे हैं। तन्त्रशास्त्र विषयक इस पूरे कार्य के योजनाबद्ध रूप से एक केन्द्रीय निर्देशन में सञ्चालन की परम आवश्यकता है।

काशी ज्ञान का प्रधान केन्द्र माना जाता है, यह बात सत्य है। काशी अति-प्राचीन काल से तान्त्रिक साधना का भी प्रधान पीठस्थान रहा है। भगवान् शङ्करा-चार्य के वैदिक और तान्त्रिक उभयविध मार्ग पथप्रदर्शक रहे हैं। भारत के विभिन्न क्षेत्रों में नाना प्रकार के तान्त्रिक सम्प्रदायों के विकसित होने पर भी काशी में प्रायः सभी सम्प्रदायों के विशिष्ट आचार्यों की उपस्थिति और उन परम्पराओं के क्रमिक विकास का इतिहास उपलब्ध होता है। तान्त्रिक वाङ्मय में अनेक शाखाओं का विकास हुआ है। दक्षिण में वैखानस, पाञ्चरात्र आदि वैष्णव आगमों का, शैव-सिद्धान्त, कालामुख, वीरशैव आदि शैवागमों का, पश्चिम में गुजरात, राजस्थान आदि में पाशुपत आगम का, उत्तर में काश्मीर में प्रत्यभिज्ञा, स्पन्द, कौल, क्रम आदि शैव और शाक्त तन्त्रों का, नेपाल में शैव, शाक्त और बौद्ध तन्त्रों का, पूर्व में बंगदेश, आसाम और उड़ीसा में शैव, शाक्त, बौद्ध और वैष्णव तन्त्रों का अनवरत विकास होता रहा है। अब समय आ गया है कि आज जो कुछ तान्त्रिक वाङ्मय

समुपलब्ध है, उसका आलोचना, प्रत्यालोचना पूर्वक ऐतिहासिक दृष्टिकोण से अनुशीलन और प्रकाशन किया जाए एवं उसके साधना के दृष्टिकोण को नवीन परिस्थितियों के अनुरूप अभिनव रूप में उपस्थित किया जाए।

मैंने अपनी योगतन्त्र विभाग की अध्यक्षता के पाँच वर्ष के कार्यकाल में विभागस्थ अध्यापक, अनुसन्धाता और छात्रों के सहयोग से ऐतिहासिक और तात्त्विक आलोचना का कार्य आरम्भ किया है और साथ ही साथ ग्रन्थ प्रकाशन का भी। ऐतिहासिक अध्ययन से पता चलता है कि गत एक सहस्राब्दी अथवा उससे भी पूर्व काल से काशी में समय-समय पर प्रमुख तान्त्रिक आचार्यों का प्रादुर्भाव होता रहा है। उनमें सरस्वती तीर्थ, राघव भट्ट, सर्वानन्द परमहंस, विद्यानन्दनाथ, महीधर भट्ट, नीलकण्ठ, प्रेमनिधि पन्त, भास्कर राय, शङ्करानन्दनाथ, माधवानन्दनाथ, क्षेमानन्द, सुभगानन्द, काशीनाथ भट्ट आदि के नाम उल्लेख्य हैं।

तन्त्रशास्त्र में लौकिक एवं पारमार्थिक सभी प्रकार के विज्ञान की चर्चा हुई है। भगवान् शङ्कराचार्य के प्रसिद्ध ग्रन्थ सौन्दर्यलहरी के एक श्लोक में चतुष्षष्टि तन्त्रों की चर्चा हुई है। इन चतुष्षष्टि तन्त्रों की गणना विभिन्न सम्प्रदायों में विभिन्न प्रकार से हुई है। प्राचीन काल में समयाचार और कौलाचार का समान रूप से प्रचार था। इसके अतिरिक्त और भी छोटे-छोटे सम्प्रदाय थे, जिनके ग्रन्थों में नाना प्रकार की अलौकिक प्रक्रियाओं का विवरण मिलता है। सौन्दर्यलहरी की लक्ष्मीधर की टीका देखने योग्य है। परमार्थ के समान ही लौकिक विषय में भी तन्त्रों का अनुदान कम नहीं है। आयुर्वेद चिकित्सा प्रणाली में रसचिकित्सा सर्वात्मना तान्त्रिक वाङ्मय की देन है। तन्त्रशास्त्र में आध्यात्मिक गम्भीर तत्त्वशकल आलोकित हुए हैं। मैंने बङ्गभाषा में लिखित अपने ग्रन्थ 'तान्त्रिक साधना और सिद्धान्त' में इस विषय की विशद आलोचना करने का प्रयत्न किया है। वर्तमान दार्शनिक तत्त्वचिन्तन तब तक परिपूर्णता को प्राप्त नहीं कर सकेगा, जब तक कि उसमें तन्त्रशास्त्र की विभिन्न प्रकार की तत्त्वचिन्तन प्रक्रियाओं के द्वारा परीक्षित मौलिक विचारों का समावेश नहीं किया जाता। द्वैत, द्वैताद्वैत और अद्वैत दृष्टिकोण से विस्तारित आध्यात्मिक तत्त्वचिन्तन प्रक्रिया का रहस्य आगम शास्त्रों में निहित है। इस चिन्तन धारा में बौद्ध और जैन सम्प्रदाय ने भी समधिक योगदान किया था, यह ऐतिहासिकगण जानते हैं। प्राचीन काल में खीष्ट द्वितीय शतक से द्वादश शतक तक विरुद्ध मतों में बौद्धमत का ही मुख्य स्थान रहा, इसमें कुछ भी सन्देह नहीं है। न्याय, वैशेषिक, पातञ्जल योग, पूर्वमीमांसा तथा वेदान्त प्रस्थान की समकालीन दार्शनिक विचार-धाराओं की आलोचना करने से यह बात स्पष्ट हो जाती है। नागार्जुन, वसुबन्धु,

दिङ्नाग, धर्मकीर्ति आदि सुप्रसिद्ध आचार्यों का नाम कौन नहीं जानता। सौगत दर्शन के चार प्रस्थानों का परिचय किसे नहीं है। यह बात सत्य है, किन्तु साथ ही यह भी सत्य है कि बौद्धदर्शन एवं धर्म का परिचय प्रायः लोगों को नहीं है। पूर्वकाल में भी इसका ज्ञान सब लोगों को नहीं था। इस दृष्टि से वर्तमान समय की स्थिति और भी शोचनीय है। इसका प्रधान कारण बौद्धों के प्रामाणिक ग्रन्थों का अभाव है। ग्रन्थों के उपलब्ध होने पर भी दूसरा कारण है—व्यक्तिगत कुसंस्कारों के कारण सहृदय आलोचन का अभाव।

ऊपर वर्णित पूरी परिस्थिति पर विचार करने पर यही प्रतीत होता है कि इन उद्देश्यों की पूर्ति के लिए सर्वप्रथम तान्त्रिक वाङ्मय के उत्कृष्ट ग्रन्थों का प्रकाशन, समालोचन, अध्ययन आवश्यक है। मेरे विचार से इसके बिना भारतीय विद्या का गौरव अप्रकाशित रहेगा।

साधारण जीव के लिए साधक के रूप में तन्त्रशास्त्र की प्रक्रियाविशेष से पूर्णत्व के मार्ग में प्रवेश पाने का विस्तृत विवरण तान्त्रिक दार्शनिक ग्रन्थों में अति-स्पष्ट रूपेण मिलता है। अति निम्न अधिकारी से अति उच्च अधिकारी तक सभी इससे समान रूप से लाभान्वित हो सकते हैं। किसी भी दृष्टि से देखा जाए तान्त्रिक ग्रन्थों का आविष्कार, उनका आलोचन-प्रकाशन एवं सद्गुरु के निर्देशानुसार अध्ययन अत्यन्त आवश्यक है। इसमें जिस वस्तु की प्राप्ति की आशा है, वह ब्रह्माण्ड में अन्यत्र कुत्रापि सम्भव नहीं है।

वर्तमान जगत् की जो स्थिति है, उससे पता चलता है कि तन्त्रशास्त्रों में प्रकाशित रहस्यपूर्ण प्रक्रिया तथा साधना की ऐकान्तिक उपयोगिता इस समय है। इसके अधिकाधिक प्रचार से तान्त्रिक साधना में उत्पन्न भ्रान्तिजाल हट जाएगा और स्वतः सत्पथ में बुद्धिमान् जीव का चित्त लग जाएगा। ज्ञान और विज्ञान दोनों की चर्चा तान्त्रिक रीति से जिस प्रकार सम्भव है, वह भारतीय वाङ्मय की अन्य किसी शाखा से सम्भव नहीं है। हमको यह स्मरण रखना है कि तान्त्रिक साधना का परम लक्ष्य जीव को अनन्त शक्तियों से विभूषित करके महेश्वर पद अथवा परप्रमातृत्व में प्रतिष्ठित करना और उस मार्ग के क्रमिक विकास को बतलाना है।

मैं अन्त में समस्त जीवों की मङ्गलकामना करता हुआ भगवान् महेश्वर को नमन कर इस प्रवचन को समाप्त करता हूँ। इति शिवम्।

• • •

कौल और बौद्ध तन्त्र में बिन्दुसिद्धि

डॉ० एन० एच० चन्द्रशेखर स्वामी

भारतीय योग एवं साधना साहित्य में तन्त्र का विशेष स्थान है। इसमें साधना का पूर्ण विवरण एवं विज्ञान का स्पष्टतया प्रतिपादन किया गया है। इतना ही नहीं, बौद्ध, जैनादि सम्प्रदाय के योग भी तन्त्र का आश्रय लिए हैं।

तान्त्रिक साधना में बिन्दुसिद्धि एक विशेष प्रकार का योग है। हठयोगी सम्प्रदाय ने वज्रोली प्रक्रिया द्वारा बिन्दु की सिद्धि बताई है।[1] हठयोग के ग्रन्थों में तीन चाञ्चल्य धर्मी तत्त्वों का उल्लेख है—(१) प्राण, (२) मन और (३) बिन्दु। बिन्दु का अर्थ शुक्र है। नाथयोग में बिन्दु की अधोगति कालाग्नि कही गई है। इस मत में बिन्दु को ऊर्ध्वगामी करने का विधान है। इसको 'कालाग्निरुद्रीकरण' योग कहा जाता है। जिस प्रकार बिन्दु के अधःपतन के देवता विषहर, नन्दिनीवृत्ति के देवता काम और स्थिरीभाव के देवता निरञ्जन है, उसी प्रकार ऊर्ध्व गमन के देवता कालाग्निरुद्र है। हठयोग में प्राणायाम पर जोर दिया गया है। प्राण के स्वायत्तीकरण से बिन्दु में स्थिरता आती है। इसकी स्थिरता से बिन्दु सिद्ध किये हुए व्यक्ति में अनन्त प्रकार की विभूतियों का स्फुरण होता है।

वैष्णवों में विशेषतया सहजिया और गौड़ीय सम्प्रदाय में भी बिन्दु शोधन, बिन्दु स्थिरीकरण और बिन्दु के ऊर्ध्वीकरण पर विशेष जोर दिया गया है। इनका कथन है कि प्रकृति पुरुष से मिलना चाहती है और पुरुष प्रकृति से। वस्तुतः यह दोनों अपूर्ण हैं। अतएव संसार में सब अभावग्रस्त हैं। प्रत्येक व्यक्ति अपनी प्रकृति का बाहर अन्वेषण कर रहा है। अतएव अभावग्रस्त है। जब भाव द्वारा स्वरूपगत प्रकृति-पुरुष का मिलन होता है तो भीतर पूर्णता का उदय होता है और भाव में पूर्णता आ जाती है। दोनों का मिलन महामिलन है। इस महामिलन की अवस्था को प्राप्त करने के लिए स्थूल प्रकृति के आलम्बन से भाव द्वारा स्थिरचित्त होकर पूर्ण स्थिति को प्राप्त करना ही परमपद की प्राप्ति है।

प्रस्तुत निबन्ध में कौल और बौद्धों में सिद्धि के स्वरूप पर प्रकाश डालना है। बिन्दुसिद्धि की प्रक्रिया अतिगुप्त एवं प्राचीन है। यह योगियों के समालोचन का विषय है। यह केवल दार्शनिक दृष्टि से परिचर्चा का विषय नहीं है। अतएव दीक्षा

१. ऊर्ध्वस्वभावो यः पिण्डे सः स्यात् कालाग्निरुद्रकः। (३-५ सिद्धसिद्धान्तसंग्रह)।

के बिना इसका अधिकारी भी नहीं बना जा सकता। क्रियारूपेण इस मार्ग में अग्रसर हुए बिना इसका महत्व समझ में नहीं आ सकता। पञ्चमकार को बौद्ध योगिगण और कौल योगिगण अपने-अपने ढङ्ग से प्रस्तुत करते हैं। मैथुन जिसे कहा जाता है, यह अन्तिम मकार है। यह स्पष्ट है कि सृष्टि के मूल में एक स्वरूप दो बनकर अनन्त अथवा नाना बनता है। अतएव तान्त्रिकों का कथन है कि काम अथवा इच्छाशक्ति मूल में कामकलास्वरूप है। विरह और मिलन हो अभावात्मक सृष्टि का मूल कारण है।

कौलचर्या भोग अथवा वासनामूलक न होकर योगस्वरूप है। यह ठीक है कि वासना अर्थात् इन्द्रिय एवं विषय के संयोग द्वारा मनुष्य को तृप्ति नहीं हो सकती और यह भी सत्य है कि जिस प्रकार अग्नि में घृत डालने पर वह शान्त न होकर पुनः प्रज्वलित हो जाती है, इसी प्रकार इन्द्रिय और विषय के भोग से शान्त न होकर तृष्णा बढ़ती जाती है। इन्द्रिय और विषयभोग से तृप्ति भी सम्भव नहीं है। इस बात को हम अस्वीकार भी नहीं कर सकते, क्योंकि संसार विषयभोग में रत है। भले ही नैतिकता का आवरण डालकर इनके आकर्षण को छुपाने का प्रयत्न किया जाए, किन्तु इस सत्य का सर्वथा अपलाप नहीं किया जा सकता और यह एक मनोवैज्ञानिक सत्य भी है। संयम द्वारा निग्रह करने की प्रणाली पातञ्जल योग में है। मन का सहज स्वभाव है कि जिसको हम करने से रोकते हैं, वह मन में एक प्रकार का सुप्त संस्कार डाल देता है। वह कालान्तर में पुनः उभड़ जाता है। यह मन की स्थिति है। तान्त्रिक योगी इस मनोवैज्ञानिक रहस्य को अच्छी तरह समझते थे।

हठयोगियों की वज्रोली वैज्ञानिक प्रतीत होने पर भी मनोवैज्ञानिक नहीं है। प्राणायाम द्वारा शुक्र का वेग क्षणभर के लिए रोका जा सकता है। इससे मन में परिवर्तन आना कठिन है। यह अत्यन्त स्वाभाविक है कि मन के आवेग के सामने स्थूल शरीर की रोक टिक नहीं सकती है। क्योंकि मन का गठन भाव एवं संस्कार द्वारा हुआ है। इस बात का अनुभव कौल एवं बौद्ध बिन्दुसिद्ध योगी यथार्थतया समझते थे। अतएव इन्होंने प्राणायाम के महत्त्व को समझते हुए मन की शक्ति के तरफ भी ख्याल किया और इन सिद्ध पुरुषों ने यह भी अनुभव किया कि मनुष्य जिस प्रकार पानी में तैरना सीखता है, उसी प्रकार इन्द्रिय के स्तर पर रहकर विषयभोग की विद्या भी सीख सकता है। अतएव इन्होंने भोग में योग की प्रणाली अपनाई। तान्त्रिक साहित्य में बिन्दु शब्द अनन्त अर्थ में व्यवहृत है। बिन्दु एक केन्द्र है। बिन्दु ज्ञानस्वरूप है। **'वेत्तीति बिन्दुः'**। मूलतः सृष्टि-धारा में सूर्य बिन्दु और चन्द्र

बिन्दु इन दोनों के परस्पर मिलने से सृष्टि होती है। मनके पटल पर प्रतिबिम्बित होनेवाला स्वरूप चित्त-बिन्दु है। अनन्त कलाओं को समष्टि भी बिन्दु कहलाती है। बिन्दु मूलतः शिव-शक्ति स्वरूप है। जिसमें अव्यक्तरूपेण समस्त प्रपञ्च है। कला, बिन्दु और इसका स्फुरण ही निसर्ग कहलाता है।

तन्त्र साहित्य में योग और दार्शनिक दृष्टि से बिन्दु की नाना प्रकार की व्याख्या की जाती है। यन्त्र रचना में बिन्दु एक केन्द्र शक्ति है, जो त्रिकोणात्मक अर्थात् इच्छा, ज्ञान और क्रियारूपा है। अथवा अम्बा, ज्येष्ठा एवं रौद्री स्वरूप धारण कर लेता है। इसका अर्थ यह हुआ कि त्रिशक्ति का अव्यक्त स्वरूप बिन्दु है। इसके व्यक्त और अव्यक्त दो स्वरूप हैं। इसे महाशक्ति अथवा महाबोधिसत्त्व या वज्र-सत्त्व भी कह सकते हैं। बिन्दु शिव स्वरूप है और त्रिकोण शक्ति रूप है। यही बौद्ध-तन्त्र में प्रज्ञा अथवा वज्रसत्त्व के नाम से प्रसिद्ध है। बिन्दु स्थिर स्वरूप है। यह शिवस्वरूप है। योनि अथवा त्रिकोण शक्ति स्वरूप है। बिन्दु अस्पन्दावस्था में है और रेखा स्पन्दस्वरूप है। जगत् के मूल में भी यही है। यह सत्य स्वरूप है। यह व्यापक एवं देशकालातीत है। इसकी प्राप्ति ही बिन्दुसिद्धि है। इसको प्राप्त करना ही स्वातन्त्र्य का स्फुरण कहलाता है।

इस बिन्दुसिद्धि को प्राप्त करने का अर्थ है अनन्त प्रकार की शक्तियों का उल्लास। यही परम पद है। इस अवस्था का उदय प्रज्ञापारमिता है। अथवा परम शिवत्व प्राप्ति है।

कौल[1] योगी इस स्वरूप को अनुत्तर स्वरूप कहते हैं। कौल मत में बिन्दु के ऊर्ध्वीकरण की अनन्त प्रक्रिया है। प्रकृति-पुरुष के मिलन के समय साधक चित्त और प्राण को एकाग्र करके कन्दभूमि के सङ्कोच-विकास क्रम से शक्ति का उन्मेष सावधानी से करें। यह युगल क्रिया तब तक करते रहें, जब तक उक्त शक्ति का ऊर्ध्वीकरण न हो। कन्दभूमि से स्फुरित इस शक्ति से खेचरी मुद्रा प्राप्त होता है। यह बिन्दु शक्ति द्वादशान्त तक प्रसरित हो जाती है। यही परमशिव भूमि है। इसके परमशिवस्वरूप तक आने के बाद पुनः इसका मूलाधार तक सिञ्चन करना चाहिए। यह परम अमृत है। इस प्रकार बिन्दु को ओज में परिवर्तित कर समस्त चक्रों में आप्लावित करना है। इससे स्पष्ट हुआ कि शुक्र बिन्दु को व्यापक ओजःशक्ति में परिवर्तित करने पर

१. आचार्य अभिनव गुप्त, भास्कराचार्य इत्यादि प्रमुख आचार्य हैं।
परात्रिंशिका, तन्त्रालोक २९ आह्निक में, कौलावली इत्यादि ग्रन्थों में कौल प्रक्रिया का विवरण है।

२. नेत्रतन्त्र (७।३१–३२)।

सिद्धावस्था प्राप्त होती है। यह स्पन्दात्मक आनन्दशक्ति स्वरूप है। समस्त देह में एक प्रकार की शक्ति और तेज का अनुभव होता है।

बौद्ध आचार्यों के अनुसार वाम और दक्षिण नाडियाँ ललना एवं रसना कही जाती हैं। ये दोनों नाड़ियाँ प्रज्ञा और उपाय से सम्बन्ध रखती हैं और पृथक् रूपेण प्रज्ञा एवं उपाय को स्फुरित करती हैं। यही संसारी दशा है। नाडियों में ऊर्ध्व और अधः वायुसञ्चार होता है। इनमें एक प्रकार की शक्ति है। वामनाड़ी का रक्त से सम्बन्ध और दक्षिण का शुक्र से सम्बन्ध है। जब तक श्वास-प्रश्वास इन दोनों नाड़ियों में चलता है तब तक मन में विकल्प अनियन्त्रित रूप से चलते हैं। इनमें यदि विकल्पों को सावधानी से देखा जाए तो सहज ही श्वास-प्रश्वास नियन्त्रित हो जाते हैं। मन की स्थिरता को लाने के लिए एक क्रम यह है कि मातृकाओं को मन के स्तर पर उच्चारण करना। स्वरों का ललना में और व्यञ्जनों का रसना में ध्यान करना चाहिए। इस अभ्यास के फलस्वरूप विकल्पों पर नियन्त्रण आ जाता है। जब शरीर के ऊर्ध्व केन्द्र की तरफ गति का बोध होता है तो तीसरी नाड़ी का अनुभव होता है। यह अवधूती नाम से प्रसिद्ध है। यह प्रज्ञा और उपाय के संयोजन की परिचायक है। नाभि, हृदय, कण्ठ और सहस्रार में अवधूती नाड़ी निरन्तर प्रवाहित होती रहती है। इनमें चार कमल हैं अथवा चार शक्तिवृत्त हैं, जो कि शक्ति स्तर के निदर्शक हैं। इनमें चार प्रकार का आनन्द है—(१) आनन्द (२) परमानन्द (३) विरमानन्द और (४) सहजानन्द[1]।

[2]जननेन्द्रिय में तीन नाड़ियाँ मिलती है। ललना और रसना अधोवर्तिनी हैं। अवधूती ऊर्ध्ववर्तिनी है। इन तीनों के केन्द्र में बोधिचित्त है। इसी जगह शुक्र है। यही बोधिचित्त ब्रह्मरन्ध्र में महासुख और सोम रूप है। जब ललना और रसना नियन्त्रित हो जाती है तो श्वास-प्रश्वास शान्त हो जाता है, तब दोनों प्रवाह नियन्त्रित हो जाते हैं। इनके शान्त होने से बोधिचित्त का उदय होता है। अग्नि, सूर्य और चन्द्र के मिलन से जो अग्नि प्रदीप्त होती है, वह चाण्डाली है। जब यह प्रदीप्त होती है तो नैरात्म्य कहलाती है। इसके और भी कई नाम हैं। यह जब उर्ध्ववाहिनी होती है तो इसको चाण्डाली कहते हैं, जब यह ब्रह्मरन्ध्र में पहुँच जाती है तो इसको 'हं' कहते हैं। तब यह अवधूती द्वारा क्षरित होती है और सम्पूर्ण शरीर में व्याप्त होती है। दूसरे शब्दों में मूलाधार में 'अ' और सहस्रार में 'हं' है। इन दोनों को मिलाने से अहं होता है। यह परमानन्द है। नाभिचक्र में 'अ' बोधिचित्त

१. सेकोद्देश पृ० २६।

२. हेवज्रतन्त्र प्रथमभाग पृ० ३८।

भी है और नैरात्म्य भी है। इस जगह प्रकृति और पुरुष दोनों हैं। यह सहस्रार के बोधिचित्त का मिलन कराता है। बोधिचित्त एक दृष्टि से स्वयं शुक्र है। अथ च यह प्रज्ञा और उपाय का परिणाम भी है। इसका चार प्रकार के काम से सम्बन्ध है तथा बुद्धकाय, सम्भोगकाय, धर्मकाय और निर्माणकाय से सम्बन्ध है।

बिन्दु तीन प्रकार के हैं। कारण, सूक्ष्म एवं स्थूल। कारण बिन्दु आत्मा के अव्यक्त स्वरूप में कर्म एवं संस्कार को आवृत करके जाति, आयु और भोग का नियामक है। फलतः आत्मा मोदित हो जाता है। जैसे समुद्र की तरङ्गित अवस्था में बिन्दु का पृथक् अस्तित्व है, उसी प्रकार यह आत्मरूपी बिन्दु अपनी सत्ता का पृथक् बोध कर लेता है। यह पार्थक्यरूपी सूक्ष्म सीमा को स्वयं उत्पन्न कर देता है। इसका मल अथवा स्कन्द नाम से उल्लेख किया जाता है। मानसिक स्तर के बिन्दु को सूक्ष्म बिन्दु कहा जाता है। यह बिन्दु अनन्त संस्कार और कर्म इत्यादि को लेकर है। इसमें अनन्त अभावात्मक एवं भावात्मक संस्कार है। इस स्तर पर मन की अनन्त रश्मियाँ हैं, जो इन्द्रिय स्तर पर खेलती है। इनका खेल नाड़ियों के माध्यम से होता है और इनका स्थूल स्वरूप रक्त संचार के साथ है। रक्त का चरम तत्त्व शुक्र है। यह शुक्र स्थूल बिन्दु कहलाता है। यह स्थूल बिन्दु समस्त शरीर में खेलता रहता है। इसका शरीर के साथ सम्बन्ध है। इसी शुक्र और रज से बाह्य सृष्टि होती है। यह एक दृष्टि से शरीर का सर्वोत्कृष्ट सार है।

बिन्दु सिद्धि के योगियों का कथन है कि संसार अथवा मन की बहिर्मुख अवस्था का मूल कारण बिन्दु की चञ्चलता है। इस बिन्दु के कारण मन की चञ्चलता है। विषय-वासना का मूल उद्गम बिन्दुपात है। बिन्दु का सम्बन्ध जिस प्रकार मन के साथ है, उसी प्रकार प्राण के साथ है। चञ्चल पारद के समान रहने वाला बिन्दु जब तक स्थिर नहीं होता, तब तक मन की स्थिरता नहीं आ सकती। मन के स्थैर्य से बिन्दु में स्थिरता आती है। योगी अपनी साधना के अनुसार मन, प्राण और बिन्दु को परस्पर कारण मानते हैं। किसी-किसी का कथन है कि मन के स्थैर्य के कारण प्राण में और बिन्दु में स्थैर्य आता है। कुछ भी हो एक की स्थिरता से दो सहज शान्त हो जाते हैं। मन में स्थिरता लाने के लिए नाना प्रकार के उपाय हैं और प्राण के स्थैर्य के लिए भी। प्राण और मन दोनों बिन्दु की स्थिरता के लिए सहायक हैं। तन्त्रालोक में दूतीयाग दूतीसाधना में मानसिक दूती की कल्पना करके बिन्दु साधना करने का वर्णन है। साधारणतया कौल और तान्त्रिक बौद्धों में स्थूल प्रकृति का आश्रय करके बिन्दु सिद्धि की जाती है। यह सबसे वैज्ञानिक प्रतीत होता है। यह लक्ष्य में रखना चाहिए कि बिन्दु-साधना एक योग है न कि भोग।

भोग और वासना योगियों का लक्ष्य नहीं है। अत एव कौल और बौद्ध तान्त्रिक मत में सस्त्रीक दीक्षा का विधान है। यह मार्ग गुरुगम्य है। अत एव संस्कारपूत भाव द्वारा यह क्रिया प्रारम्भ होती है। बाह्य आलम्बन केवल वृत्तियों का अध्ययन करने के लिए है। कौलाचार्यों ने वीरभावसम्पन्न योगियों को इस मार्ग की अनुमति दी है। बिन्दुसिद्धि प्रक्रिया में वीर साधक को दिव्य भाव प्राप्त करने को कहा गया है। यह एक दृष्टि से योगी-योगिनी की क्रीडा है। वासना का अनुभव केवल कल्पना द्वारा नहीं हो सकता। साधारणतया संसारी जीवों का प्रकृति-पुरुष मिलन बिन्दु-क्षरण किंवा बिन्दुपात के लिए है। किन्तु योगियों का मिलन बिन्दु को स्थिर करने के लिए होता है। संसारी जीव वृत्ति में सुख का अनुभव करता है। वह रूप, रस, गन्धादि के अधीन है और उनमें इसलिए उद्युक्त होता है कि उसमें वह सुख का अनुभव कर सके। वह वृत्ति के सुख से अभिभूत है। अतएव वह पुनः पुनः उसी क्रिया में आसक्ति प्रगट करता है और पुनः पुनः बहिर्मुख और अभावात्मक संकल्प-युक्त हो जाता है। परिणामतः उसका सब व्यवहार वासनामूलक हो जाता है। उसे वृत्तियों में स्थित स्वरूपशक्ति का बोध नहीं होता है। बिन्दुसाधक प्रारम्भिक अवस्था में गुरु के निर्देशानुसार इस व्रत में चलता है। वह भीतर के अनुभव को साक्षी रखकर चलता है। वह भाव, प्राणक्रिया और नाड़ियों का ज्ञान प्राप्त करके बिन्दु की चञ्चलता को रोकता है। यह बिन्दु जिस नाड़ी से अधोमुख प्रवहनशील है, वह साधना द्वारा ऊर्ध्वमुखी हो जाता है। इसमें साधक के अनुभव और प्रगति पर आगे के पथ का निर्णय किया जाता है। यद्यपि उभयमताचार्यगण की क्रिया में अन्तर होने पर भी स्तरगत अनुभव में साम्य है। साधक अवस्था में प्रकृतिस्पर्श से उत्पन्न अनुभव एवं प्रवृत्तियों के अनुसन्धान में एकवाक्यता है। इतना होने पर भी प्रत्येक का भावगत वैशिष्ट्य विलक्षण है। बिन्दुसिद्धि अथवा स्थूल शुक्र का पतन न होने देना—यह अप्राकृतिक लगने पर भी तान्त्रिक विज्ञान का परम सत्य है। अधोमुख प्रवृत्ति पृथिवी तत्त्व और जल तत्त्व की प्रधानता के कारण होती है। हमारे शरीर में कामोद्रेक से उत्पन्न होने वाली उष्णता के कारण बिन्दुपात होता है। अर्थात् यह कामजनित उष्णता शरीरस्थित शुक्र को वीर्यवाही नाड़ी तक लाती है। नाभि के अधः आते ही शुक्र बनता है। इस शुक्र में पञ्चतत्त्व हैं।

जब तक अप् और पृथ्वी प्रधान हैं, तब तक उनमें अधोमुख वृत्ति है। प्राण के माध्यम से पञ्चतत्त्व के रहस्य का अनुसन्धान करने के पश्चात् शरीर स्थित पञ्च-तत्त्व का रहस्य प्रगट होता है और नाड़ियों का रहस्य समझ में आता है। योगी लीलावत् इस क्रिया द्वारा स्थूल शुक्र बिन्दु शुद्ध करके प्रथमतः अधः पतन को रोकता

है। इसका नामान्तर बिन्दु-स्थिरीकरण है। जब बिन्दु में पृथ्वी एवं अप् का अंश कम होता है तब वह स्थिर होता है। प्राण वायु द्वारा इसमें स्थिरता आती है। कामाग्नि अर्थात् अग्नि तत्त्व की उष्णता से ये दोनों (पृथ्वी, जल) शुष्क हो जाते हैं और ओज में परिणति हो जाते हैं। प्रारम्भिक अवस्था में अग्नि और अप् का खेल चलता है। जब तक इस कामाग्नि का ठीक-ठीक उपयोग नहीं करने आता है, पुनः पुनः भीतर अप् तत्त्व द्वारा कामवृत्ति को शान्त किया जाता है। किन्तु यह साधकावस्था में होता है। जब ठीक कामाग्नि का स्वरूप समझ में आ जाता है, तब इस अग्नि को प्रज्वलित रखकर शुक्र के पञ्चभूतों को परिशुद्ध करके बिन्दु को ऊर्ध्व किया जाता है। शुक्र के तेजःस्वरूप बनते ही बिन्दु का ऊर्ध्वज्वलन प्रारम्भ होता है। तब बिन्दु की सूक्ष्म शक्ति स्पन्द शक्ति बनती है। साधक अवस्था में जब तक यह सहज नहीं बनती, तब तक बाह्य प्रकृति का आलम्बन लिया जाता है। फलतः अपने में रहने वाली शक्ति संकल्प द्वारा क्रिया करने लगती है। यह स्थूल बिन्दु का ओजरूपेण रूपान्तरण है। यही बिन्दुसिद्धि का लक्ष्य है। इसको बुद्धकल्प अथवा ईश्वरकल्प अवस्था कहा जाता है।

इस स्थिति में बिन्दुसिद्ध योगी अपने शरीरस्थित स्पन्द रूप में रहने वाली शक्ति को निरन्तर खेलता है। इसी स्तर पर उसमें करुणा का उदय होता है। यही बौद्धों की करुणापुण्डरीक अवस्था है। यही कौलों के प्रेम की जागृति है। समस्त स्थूल सृष्टि का आकर्षण समाप्त हो जाता है। यही अखण्ड ब्रह्मचर्य की प्रतिष्ठा है। नित्य आन्तरिक शिव-शक्ति मिलन अथवा सामरस्य चलता है। जब अन्तःस्थित प्रकृति-पुरुष का नित्य मिलन होता है, तब शरीर में सहज ओज का स्फुरण होने लगता है। इससे अमरत्व की प्राप्ति होती है।

सारांश यह है कि बाह्य प्रकृति-पुरुष के मिलन से सहज कुण्डलिनी की जागृति होती है। सुषुम्ना अथवा अवधूती मार्ग से वह क्रमशः नाभिचक्र का भेदन करके सहस्रार तक चली जाती है। तदनन्तर शरीर में ऊर्ध्व प्रवाह अथवा शुक्र के उर्ध्व सञ्चार से सब तत्त्व शुद्ध होकर चैतन्य रूप से प्रवाहित होने लगते हैं। क्रमशः कामाग्नि के प्रेममय हो जाने से योगी का इच्छित संकल्प ओज द्वारा समस्त वायु-मण्डल में प्रसरित हो जाता है। इससे योगी में सहज करुणा और प्रेम का उदय होता है। इससे काम प्रेम और करुणा में परिणत होता है। विश्व के मूल में रहने वाली ओजःशक्ति बिन्दुसिद्ध योगी में क्रियाशील होती है। योगी समस्त प्राणियों के हित की कामना करता है और सहज करुणा द्वारा जगत् कल्याण कार्य में रत हो जाता है। यह मनुष्य की पूर्णता है। यह दिव्य स्वरूप है।

टिप्पणी : पं० श्री बटुकनाथशास्त्री खिस्ते

डा० एन० एच० चन्द्रशेखर स्वामी जी द्वारा लिखित उपरिनिर्दिष्ट निबन्ध के सम्बन्ध में एक संक्षिप्त समीक्षा प्रस्तुत की जा रही है। विषय की गम्भीरता तथा अपनी अल्पज्ञता के कारण समीक्षाकार अपनी सम्भावित त्रुटियों के लिये पहले ही क्षमायाचना कर्तव्य समझता है।

सर्वप्रथम वक्तव्य यह है कि प्रस्तुत विषय चर्चा का विषय न होकर साधना का है, अतः वाङ्मयी चर्चा उपलक्षणात्मिका ही होगी, न कि पदार्थस्पर्शिनी। साथ ही अनेकधा शब्दों से विवृत होने पर भी उसकी निगूढता एवं गुरूपदेशमात्रगम्यता में कोई अन्तर न आएगा।

निबन्ध लेखक ने स्वयं स्वीकार किया है कि केवल दार्शनिक चर्चा का यह विषय नहीं है और न तो अदीक्षित को इसमें अधिकार ही। हम इस सीमा रेखा पर रुकते हुए शाखारुन्धती न्याय से देखने का प्रयास करेंगे।

बौद्धसम्प्रदाय, हठयोग, कौलमार्ग इन तानों की तुलना करते हुए लेखक ने बिन्दुसिद्धि की समीक्षा की है। हठयोग की अपेक्षा से बौद्ध और कौल पद्धति की उच्चता का संकेत किया गया है। बौद्ध और कौल सम्प्रदाय में प्रत्यक्ष को महत्त्व नहीं दिया गया है, प्रत्युत करणेन्द्रियों को स्वरसवाहिनी संवित्शक्ति को उद्दीप्त कर पूर्णाहंभाव या शक्ति या प्रज्ञापारमिता की प्राप्ति का मार्ग निर्देशित किया गया है।

वस्तुतः वैदिकसिद्धान्त के ही मूलभूत तत्त्वों से प्रसृत होकर संसार की सभी साधनाएँ विभिन्न धाराओं में साधकों में यथासम्प्रदाय परिगृहीत हुई हैं। 'अग्नीषोमात्मकं जगत्' सिद्धान्त के अनुसार शिव-शक्तिरूप जगत् साधना का केन्द्र रहा है, जगत् सिसृक्षा ही काम है, सिसृक्षा पदार्थ वन्ध्य है।

बिन्दु अविभागदशापन्न परमतत्त्व का प्रतीक है। क्रम, विषयभेद, स्थानभेद आदि के कारण 'बिन्दु' को सूक्ष्मतम से लेकर स्थूलतम दृष्टि से विभक्त किया जा सकता है। ग्राह्य-ग्राहकभाव समरसभाव से बिन्दु में व्यवस्थित रहता है, बिन्दु और त्रिकोण का अविनाभाव सम्बन्ध है। लेखक ने प्रस्तुत निबन्ध में शुक्र बिन्दु को व्यापक ओजःशक्ति में परिवर्तित करने के सम्बन्ध में लिखा है, परन्तु यह प्रक्रिया सर्वथा दुर्लभ है तथा—

'सहस्राणां सहस्रेषु' कोई कदाचित् इसके जानने या बताने में समर्थ होगा। अतः इस सम्बन्ध में गुरु के सम्यङ् निर्देश के अभाव में अधःपतन और उन्माद आदि अपाय ही हो सकते हैं।

रहस्य साधनाओं में अधिकारी का पूरा विचार आवश्यक होता है, अन्यथा 'व्यालीवदनचुम्बनम्' का परिणाम प्राप्त होगा। तन्त्रों का निर्देश भी है—

पारम्पर्यविहीना ये ज्ञानमात्रेण गर्विताः।
तेषां समयलोपेन विकुर्वन्ति मरीचयः॥

इस साधना के लिये मन और पवन के प्रयत्न द्वारा निरोध करने की स्थिति प्राप्त होनी चाहिए, वह गुरुकृपा बिना नहीं हो सकती। आचार्य जयरथ ने कुल प्रक्रिया को 'पराकाष्ठाप्राप्त निर्विकल्पदशाधिशायितया' कह कर अधिकारी का विश्लेषण कर दिया है।

स्वात्मानुभूतिसिद्ध्यै विषयस्पर्शी न लौल्यभावनया।
पशुभावनाविमुक्तः स ह्यभियुक्तो महामार्गे॥

इत्यादि उद्धरणों के द्वारा आचार्य जयरथ ने तन्त्रालोक टीका में विषय की गुरुता स्पष्ट की है।

कामकलाविलास आदि ग्रन्थों में इसी मूलतत्त्व की विशेष दार्शनिक समीक्षा की गई है, कि बहुना, मन्त्रमात्र शक्ति ही वर्तमान है, परन्तु उसकी ज्ञानभूमि ही साधक को प्राप्त होती है, अतः सम्प्रदाय के द्वारा भक्तिपरिपूत होकर ही साधक इस द्वार के अन्दर प्रवेश का अधिकारी होता है, यह सर्वदा स्मरणीय है। यद्यपि आपाततः विभिन्न धाराओं में साम्य प्रतिभासित होता है, किन्तु पद्धतिभेद से प्रत्येक साधना अपना अलग वैशिष्ट्य रखती है।

'अपत्नीको वा एष अयजमानः' इस वैदिक उक्ति के साथ ही 'आदाय योषितं कुर्यात् अर्चनं यजनं हुतम्' इस तान्त्रिक उक्ति का साम्य मालूम होने पर भी प्रक्रिया-गत भेद के कारण दोनों स्वतन्त्र हैं। अतः अधिकार तथा परम्परा को देखते हुए तत्त्व की सिद्धि भी अनेकधा शास्त्रों ने प्रदर्शित की है। प्रस्तुत निबन्धलेखक ने बिन्दुतत्त्व पर संक्षिप्त परन्तु व्यापक प्रकाश डालने का प्रयास किया है, अतः वे धन्यवाद के पात्र हैं।

• • •

बौद्धयोग और शैवयोग

डॉ० श्रीजयधारी सिंह

प्रस्तुत निबन्ध में 'योग' शब्द का प्रयोग योगदर्शन विशेष के अर्थ में न होकर गीता प्रतिपादित 'कर्मसु कौशलम्' अर्थ में ही किया गया है, जिसका तात्पर्य है सांख्य अर्थात् तत्त्वज्ञान का प्रयोगांश। किन्तु तत्त्वज्ञान और उसके प्रयोगों के बीच की सीमा-रेखा इतनी पतली है, विशेषतः भावनात्मक कर्म की भूमिका में, जो स्वयं भगवान् ने 'एकं सांख्यं च योगं च' कहकर दोनों को एक ही बतलाया। स्वतः व्यापक अर्थ में बौद्धयोग से लक्षित होता है वह साधना-मार्ग, जिस पर चलकर कोई बौद्ध यति निर्वाण-पद प्राप्त कर सकता है।

बौद्ध दर्शन में बहुत सी बातें ऐसी भी हैं, जिनका सम्बन्ध बौद्धयोग से अधिक न होकर बौद्ध तर्क अथवा बौद्ध तत्त्वमीमांसा से अधिक है। उन बातों की चर्चा यहाँ समीचीन नहीं जान पड़ती है।

दूसरी बात यह है कि कृशकाय निबन्ध के सिलसिले में 'शैवयोग' पद से लक्षित है वह योग अथवा कुशल कर्म जो साधक की आत्मा को निर्मल बनाकर उसे शिवसमाधि में अर्थात् परमशिवत्वपद-प्राप्ति में साक्षात् रूप में सहायता करता है। कहने की आवश्यकता नहीं, शैव उपासनाक्रम या साधनाक्रम में शक्ति की सत्ता निर्णीत है और शक्तिमान् (शिवरूप) बनने के लिए साधक को शक्ति का आविष्करण करना ही पड़ता है। वह्निरूप में आत्मा को ढालने के लिए तो दाहकता के साथ तादात्म्य अनिवार्य ही होगा; ऐसा कहा जा सकता है। वीर शैव मत, काश्मीरी शैव मत, दोनों से कुछ ऐसा ही संकेत मिलता है। अतः जैसे म० म० श्रीकविराज जी का भी कहना है, शैव साधना और शक्ति साधना की सीमा-रेखा इतनी पतली है कि दोनों को एक मानने में कुछ भी क्षति नहीं। किन्तु, प्रस्तुत निबन्ध में 'शैव' ही शब्द प्रयुक्त हुआ है, कारण, शिव और बुद्ध दोनों को भावनाएँ समानान्तरप्राय हैं। शैव या शाक्त अपना अन्तिम लक्ष्य शिवत्वप्राप्ति मानता है अथवा शिव को अपना गुरु मानकर साधना करता है और इसी तरह बौद्ध अपना अन्तिम लक्ष्य बुद्धत्व प्राप्ति, अर्हत्त्वप्राप्ति मानता है और साथ-साथ बुद्ध को अपना गुरु मानता है। अतः बौद्धयोग के साथ शैवयोग शब्द ही समानान्तर रूप में प्रतिपादित करना समुचित माना गया है।

विषय में डूबने से पहले एक यह भी कथ्य निवेदनीय मालूम पड़ता है कि शैव योग की बहुत सी मान्यताएँ ऐसी हैं जो वैष्णव योग में भी अङ्गीकृत है, किन्तु यौगिक प्रक्रियाओं के विस्तृत अध्ययन से या 'प्राधान्येन व्यपदेशः' सूत्र के आधार पर उन्हें शैवयोग में ही स्थान दिया जाता है, जैसे कुण्डलिनी योग का, जिसको व्यापक रूप में लययोग भी माना जाता है।

अन्त में आमुख रूप में यह भी कहना आवश्यक है कि प्रस्तुत निबन्ध का उद्देश्य राजयोग, हठयोग, लययोग आदि योग के विभिन्न स्वरूपों का क्रम से विषय-प्रस्फुटीकरण न होकर केवल उन समानताओं का या कुछ ज्वलन्त असमानताओं का अनुसन्धान मात्र है, जो मुख्यतया बौद्ध और शैव योगक्रमों के बीच पाई जाती हैं। हाँ, विषय की रुचिकारिता की दृष्टि से ऐतिहासिक क्रम से ही बौद्ध-योग-विषयक मान्यताओं का उल्लेख करना उचित मालूम पड़ता है। परवर्ती बौद्धयोग पर, विशेषतः वज्रयानी योग-पटल पर विस्तृत विचार के लिए तो प्रस्तुत लेखक का शोध-प्रबन्ध (हाल ही में प्रकाशित), "बौद्ध गान में तान्त्रिक सिद्धान्त", उपलब्ध है ही। अतः ज्ञानार्जन की दृष्टि से लेखक ने प्रस्तुत निबन्ध में मौलिक्य बौद्धदर्शन में ही योग-सिद्धान्तों के अनुसन्धान को प्रधानतया सीमित रखा है और उत्तरकालीन विचारों का सारांश कुछ संक्षिप्त रूप में ही उन्होंने अपने शोध-प्रबन्ध से लेकर सन्तोष लाभ किया है।

मौलिक्य बौद्धयोग

मौलिक्य बौद्धयोग से अभिप्रेत है बुद्ध के जीवनकाल में उनसे अङ्गीकृत योग-प्रक्रिया अर्थात् चित्तवृत्ति के निरोध की प्रणाली अथवा उनके वचनों पर या उनके सम्बन्धी वृत्तान्तों पर अवलम्बित मुख्यतया स्थविरवादी दर्शन में और गौण रूप में कुछ अन्य दर्शनों में, बौद्ध मतों में प्रचलित योग-पद्धति।

स्वयं बुद्ध शब्दतः योग को अधिक मान्यता देते थे या नहीं, यह सन्दिग्ध है। एक प्रसङ्ग आया है तदनुसार उनको योग की परम्परागत प्रणाली से सन्तोष नहीं मिला—"आलार कालाम के पास गया। आलार कालाम ने मुझे योग की कुछ विधियाँ बतलाई,[1] फिर भी यह धर्म न निर्वेद के लिए है, न वैराग्य के लिए, न निरोध के लिए, न सम्बोधि के लिए और न निर्वाण के लिए। आकिञ्चन्यायतन तक उत्पन्न होने के लिए यह है, सो मैं राजकुमार उस धर्म को अपर्याप्त मान उस धर्म से उदास हो चल दिया।"[2]

१. ता० बौ० सा० सा० : पृ० १४–१५।

२. बौ० द० अ० भा० द० (१) : पृ० २६३।

यहाँ ध्येय हैं दो विषय—(१) भगवान् बुद्ध के मन में योग का लक्षण स्फुट था—'योगश्चित्तवृत्तिनिरोधः', जिस दिशा में कम से कम आकिञ्चन्यायतन के स्तर तक की शिक्षा तो उन्हें अवश्य मिली थी और (२) उनके मुख से 'अभिज्ञा' शब्द के उच्चारण से हमें भावी प्रत्यभिज्ञादर्शन का अनुमान तो कम से कम अवश्य मिलता है और ऐसी कल्पना की जा सकती है कि शैवों की दार्शनिक परम्परा में समानान्तर रूप से शक्त्याविष्करणद्वारेण अथवा अन्य किसी माध्यम से आत्मज्ञान की प्रणाली अथवा सामरस्य की भावना प्रचलित अवश्य थी। यद्यपि औपनिषदिक परम्परा से अतिरिक्त बौद्धेतर भारतीय दर्शनों के प्राग्बुद्धकालीन प्रमाण स्फुट रूप में उपलब्ध नहीं है, लेकिन आलार कालाम का सांख्यवादी होना और साथ-साथ योगी होना, स्वतः उनकी अपनी पृष्ठभूमि का संकेत माना जा सकता है। कुछ भी हो, सामरस्य का मर्म तो है विमर्शमात्र, अहन्तापरामर्शमात्र, जो दूसरे शब्द में प्रत्यभिज्ञा या अभिज्ञा से लक्षित अगर नहीं तो कम से कम व्यञ्जित अवश्य है।

फिर रही बुद्ध की उद्दक रामपुत्त से शिक्षा की बात। उनसे बुद्ध को नैवसंज्ञानासंज्ञायतन की शिक्षा मिली। कहने की आवश्यकता नहीं, उक्त योग से भले ही उन्हें सन्तोष नहीं मिला हो, किन्तु इस योग की सूक्ष्मता असन्दिग्ध थी, कारण, इस दिशा में जगत् अल्पतर बनते-बनते समाप्त हो जाता है और इसी कारण से फिर उक्त योगायतन को संक्षेप में भवाग्र की स्थिति से अभिहित किया जाता है। इस सत्य से फिर हमें दो सत्यों का अनुमान मिलता है—(१) बुद्ध ने यौगिक प्रक्रिया की मदद से जागतिक प्रपञ्च की असारता को अनुभूत किया और (२) शैव योगियों का चिति-साक्षात्कार इसी क्रम से क्रमशः ऊपर उठता जाता है, चित्त विकसित हो चिति-पदारूढ़ हो जाता है अथवा चैत्य सङ्कुचित हो चित्त-पदारूढ़ हो जाता है, जैसा भी कहा जाए, चित्तविकास से नैसर्गिक रूप में जगत् की, बहिरङ्ग अनुभूतियों की सूक्ष्म-सूक्ष्मतर-सूक्ष्मतम दशा व्यञ्जित हो जाती है। शैव साधक समस्त जगत् को अपने शरीर में सिमेटकर उसका बाह्य अस्तित्व समाप्त कर उसे अपने सूक्ष्म शरीर में अन्तर्भुक्त सा कर देता है, यही तो है प्रत्यभिज्ञा की यौगिक प्रक्रिया का रहस्य।

बुद्ध की जीवनी में ऊरुविल्व की घटनाओं का बड़ा ही महत्त्व है। इसी स्थान पर उन्हें कौण्डिन्य आदि पाँच परिव्राजक मिले। गौतम ने कठिन तपस्याएँ प्रारम्भ कीं। त्रिपिटक में उनका रोमहर्षण वर्णन आया है। इतना ही नहीं, बुद्ध का कहना है, तब मुझे यों हुआ—"क्यों न मैं श्वासरहित ध्यान करूँ। सो मैंने राजकुमार, मुख और नासिका से श्वास का आना-जाना रोक दिया। तब राजकुमार, मेरे मुख और नासिका से आश्वास-प्रश्वास के रुक जाने पर कान के छिद्रों से निक-

लती हवाओं का बहुत अधिक शब्द होने लगा।" इस सन्दर्भ से एक ओर हमें प्राणायामयोग का प्रमाण मिलता है और दूसरी ओर फिर नादसाधन का अस्फुट संकेत भी और कहने को आवश्यकता नहीं, शेष योगी इन साधनों को निजी सम्पत्ति समझते हैं। आगे फिर उनके अल्पाहारादि के वर्णन मिलते हैं। जिनमें सबसे अधिक उल्लेखनीय हैं वज्रसमाधि और उसके बल से मार को पहचानना। मार (काम) को पहचानना, इससे बढ़कर विमर्श का लक्षण क्या हो सकता है? माया के चक्र में पड़ कर प्राणी अपने वास्तविक रूप को, चिद्घन रूप को भूलकर ही तो मार के जाल में फँसता है, जिससे सत्य की स्मृति का, स्वतः बुद्धि-विवेक का विनाश हो जाता है, गीता के प्रसिद्ध श्लोक का भी यही मर्म है—

"सङ्गात् सञ्जायते कामः, कामात् क्रोधोऽभिजायते।
क्रोधाद् भवति सम्मोहः सम्मोहात् स्मृति-विभ्रमः॥
स्मृतिभ्रंशाद् बुद्धिनाशो बुद्धिनाशात् प्रणश्यति॥"[1]

यहाँ ध्यान देने की बात है कि सभी वासनाओं के मूल में, विषय-सम्पर्क से उत्पन्न संस्कारों के मूल में काम की स्थिति है। इस काम को पहचानने से स्वतः कर्म-चक्र का विराम हो जाएगा। अतः जैसे ऊपर कहा गया है, विमर्शशक्ति का पहला लक्षण काम की पहचान होगा। यतः काम ही जगदुत्पत्तिस्थितिलय के मूल में है और अहन्तापरामर्श (विमर्श) से इस पर भी अधिकार हो जाता है। साधक यह सोचने लगता है कि मुझ पर किसी का अधिकार नहीं है, मैं कृत्रिम नहीं हूँ, अकृत्रिम हूँ, जैसा कि विमर्शपद से लक्षित है "जगदुत्पत्तिस्थितिलयहेतुभूताकृत्रिमाहंभाव-परामर्शो विमर्शः" समस्त सृष्टि का हेतुभूत मैं हूँ, मैं स्वयं अकृत्रिम हूँ, यही तो विमर्श-भावना हुई। ऊपर के वृत्तान्त से जो वज्र-समाधि की सूचना मिलती है, उसे हम शैव शब्दावली में कैसे प्रकट कर सकते हैं, वह वज्रयान के इतिहास से आगे स्पष्ट हो जाएगा।

वज्रसमाधि लगाकर बुद्ध ने चार ध्यानों का अनुभव किया। "मैं सवितर्क, सविचार, विवेक से उत्पन्न प्रीतिसुख वाले प्रथम ध्यान को प्राप्त कर विहरने लगा। फिर वितर्क और विचार शान्त होने पर भीतरी शान्ति, चित्त की एकाग्रता, अवितर्क, अविचार, समाधि से उत्पन्न प्रीतिसुख वाले द्वितीय ध्यान को प्राप्त हो विहरने लगा। प्रीति से भी विरक्त और उपेक्षक हो विहरता हुआ स्मृतिमान्, अनुभववान् हो काया से सुख को भी अनुभव करता हुआ, जिसको कि आर्य लोग उपेक्षक, स्मृतिमान्, सुख-

१. द्र०—श्रीमद्भगवद्गीता।

विहारी कहते हैं, वैसा ही तृतीय ध्यान को प्राप्त कर विहरने लगा। फिर सुख और दुःख के प्रहाण से, सौमनस्य और दौर्मनस्य के पहले ही अस्त हो जाने से, अदुःख, असुख, उपेक्षा-स्मृति की परिशुद्धतारूप चतुर्थ ध्यान को प्राप्त कर विहरने लगा।" गौतम के इस विवरण में न केवल हमें पातञ्जलयोग का उद्गम मिलता है, अपितु वे भी उसी को दुहराते है "संकीर्णा सवितर्का समापत्तिः" अथवा "स्मृतिपरिशुद्धौ स्वरूपशून्येवार्थमात्रनिर्भासा निर्वितर्का" अथवा "एतयैव सविचारा निर्विचारा च सूक्ष्मविषया व्याख्याताः" इन सूत्रों से, साथ ही प्रीतिसुख तथा विहार की चर्चा से, हमें सुलभ रीति से शैव तान्त्रिक योग का संकेत भी मिल जाता है, जहाँ साधक 'परशक्त्यात्म-मिथुनसंयोगानन्दनिर्भर'[1] मात्र नहीं रहता है, प्रत्युत समस्त आणव मल का उत्सर्ग कर साक्षात् शिवरूपत्व लाभ करता है—बौद्ध-शैवों में अन्तर इतना ही है। अस्तु, बुद्ध का ध्यान-योग अपनी स्वतन्त्र सत्ता रखता है और इस योग का भावनात्मक विश्लेषण आगे प्रतिपाद्य सिद्धान्तों से स्फुटतर हो जाएगा।

इसमें कुछ भी सन्देह नहीं, बुद्ध का लक्ष्य था प्राणी को दुःखों से उद्धृत करना। इस साधना में उन्हें बाधाओं का भी सामना करना पड़ा, कई प्रश्न उन्हें अप्रासङ्गिक करने के लिये पूछे जाते थे—कुछ बेढब प्रश्न पूछे जाते थे, जिन्हें वे स्थापनीय कहकर, उपेक्षित कर, मौनावलम्बन किया करते थे, बुद्ध अपने विचारों को समाज पर लादना नहीं चाहते थे, प्रत्युत वे सावधान थे, कहीं दृष्टिकोण का पूर्वाग्रह न रहने पाए। फिर भी वे उपदेश देना उचित समझते थे, कारण, 'इस जगत् में कुछ अल्प मल वाले प्राणी भी हैं, जो धर्म न सुनने के कारण विनष्ट हो जाएँगे। इस भावना से पहले उन्होंने चित्त के समाहित, परिशुद्ध, पर्यवदात, उपक्लेशरहित, मृदुभूत और स्थिर हो जाने पर, पूर्वजन्मों की स्मृति के ज्ञान के लिये चित्त को झुकाया, प्राणियों के जन्म-मरण के ज्ञान के लिये चित्त को झुकाया, आस्रवों के क्षयज्ञान के लिये चित्त को झुकाया और फिर अपने अनुभवों को, चिन्तनों को भिक्षुओं के हृदय में भर देने की कोशिश की, जो उपदेश त्रिपिटक के रूप में और पीछे के साहित्य में उद्धृत संदेश रूप में अभी भी सुरक्षित हैं। आगे उन्हीं उपदेशों के आधार पर सूचना तथा तुलना प्रस्तुत की जा रही है।

मध्यमा प्रतिपदा–बोधिपक्षीय धर्म

कहने की आवश्यकता नहीं, बुद्ध चित्त को मध्यस्थिति में रखना प्रयोजनीय समझते थे और वस्तुतः इसी कारण से उनके धर्म का सारांश था—'मध्यमा प्रतिपदा'

१. कुलार्णवतन्त्र—उल्लास ५ श्लोक ११२।

का सिद्धान्त तथा लक्ष्य था—दुःख-निरोध। स्वतः उन्हें दुःख के लक्षणों से तथा दुःख-समुदय के बीज से परिचित कराना था, फलतः ये चार सत्य उनके सिद्धान्तों की आधार-शिलाएँ बन गये—दुःख, दुःख-समुदय, दुःख-निरोध तथा दुःख-निरोध-गामिनी प्रतिपदा।

दुःख का निरोध कैसे सम्भव है ? इस प्रश्न के समाधान में बुद्ध ने अनेक सूत्रों को ढूँढ़ निकाला, जिनमें कुछ प्रमुख सूत्र निम्नोक्त हैं।

(१) चार स्मृतिप्रस्थान—काया में कायानुपश्यना, चित्त में चित्तानुपश्यना, वेदना में वेदनानुपश्यना तथा धर्म में धर्मानुपश्यना। स्मृति को भी बुद्ध इसी अनुपश्यना या सम्प्रजन्य के रूप में उपात्त करते थे, जिसका तात्पर्य है–किसी वस्तु को उस वस्तुमात्र रूप में देखना, अधिक या कम नहीं समझना—काया को काया समझना, चित्त को चित्त समझना (सकल दुःखों का आश्रय), वेदना को वेदना समझना (सुख नहीं, मिथ्या अथवा स्वकल्पित सुख नहीं) तथा धर्म को धर्म समझना (अर्थात् सर्वत्र धारणीय तथा सकल निःश्रेयस-प्राप्ति का साधक)। यही अभिप्राय है उक्त अनुपश्यनाओं का।

कायानुपश्यना के लिए सबसे उपयुक्त भूमि है श्मशान, जहाँ दश अशुभों के (उद्धुमातक, विनीलक आदि शव रूपों के) दर्शन से स्वतः काय की असारता का बोध हो जाएगा और उसकी स्मृति सम्भावित है कि यही (तुच्छ) शरीर है। श्मशान की चर्चा से हमें शैव-शाक्त साधक के श्मशान-योग की याद आ जाती है, जिसका चरम लक्ष्य ठीक-ठीक यही स्मृति-जागरण है, जो विना अष्टपाशच्छेद[1] के कथमपि सम्भव नहीं। श्मशान में घृणा-शंका-भयादि का परिशमन स्वतः सिद्ध है और शवों के साथ खेलना, इससे अधिक अनुपश्यना सम्भव ही नहीं है। हाँ, उसके साथ-साथ चित्त को एकाग्र कर जपादि का विधान अवश्य है, लेकिन यह अन्तर तात्त्विक नहीं होकर विधानात्मक मात्र है। यह सर्वविदित सत्य है कि बुद्ध ने देवों की चर्चा में मौनावलम्बन ही करना उचित समझा। किन्तु साथ-साथ शैव साधकों के लिए भी उक्त अनुपश्यना स्मरणीय प्रक्रिया अवश्य है, जो श्मशान साधन का निषेधात्मक (negative) लक्ष्य है। विश्व मिथ्यामात्र है, आभासमात्र है, प्रतिबिम्ब मात्र है, बिम्ब जो है वह स्फुरत्ता सत्तामात्र, जिसमें चित्त को केन्द्रित करना है, 'चित्तं मन्त्रः।

१. घृणाशंकाभयलज्जा जुगुप्सा चेति पञ्चमी।
कुलशीलं तथा शक्तिरष्टौ पाशाः प्रकीर्त्तिताः ॥—पुर०, पृ० ४३।

चित्तानुपश्यना तो बौद्ध-शैव दोनों के लिए समान रूप से मान्य है, प्रत्युत तत्त्वज्ञान के लिए अनिवार्य भी है। बिना चित्त को चित्त समझे (उसकी व्यावहारिक सत्ता को, सांवृतिक सत्ता को महसूस किए बिना) चित्त-विनाश या चित्त-विकास (जैसा समझा जाए) सम्भव कैसे ? बौद्ध का लक्ष्य था चित्त को शून्यमात्र में परिणत करना, शैवों का लक्ष्य है चित्त को चेतन-पदारूढ़ कर चिति के साथ अन्तरङ्गता[1] स्थापित कर (अन्तरङ्गा शक्ति के आविष्करण द्वारा) अपने को शिवरूप में परिणत करना अथवा परमशिवत्व लाभ करना। दोनों के लिए चित्तानुपश्यना अनिवार्य ही है, वासनाओं के उच्छेद के लिए, निर्वाण के लिए अथवा मुक्ति के लिए।

लेकिन चित्तानुपश्यना का प्रयोजन बौद्धों की दृष्टि में, मूलतः वेदना-निरोध के लिए है, अतः वेदनानुपश्यना भी अनिवार्य रूप में उपस्थित होती रहती हैं (शैव योगियों के शब्दों में)। कहने की आवश्यकता नहीं, विकल्पक्षय दोनों वर्गों के साधकों के लिए अनिवार्य है। फिर बौद्धों के धर्मशास्त्र में जो पाँच नीवरणों का, पाँच उपादान-स्कन्धों का, बारह आयतनों का तथा सात बोध्यङ्गों का उल्लेख है, सभी केवल पारिभाषिक शब्दावली को दृष्टि से नवीन हैं, अन्यथा शैव योगसाधना में भी इन सभी तत्त्वों का अभिनिवेश हो ही जाता है।

(२) चार ऋद्धिपाद—छन्द, वीर्य, चित्त तथा विमर्श को ऋद्धिपाद माना गया है तथा उनकी समाधि को प्रधान मानकर उनके संस्कार से युक्त होने का आदेश दिया गया है। यहाँ हमें प्रथम दो तत्त्व अवश्य स्थूल दीख पड़ते हैं, लेकिन अवशिष्ट दो तत्त्व शब्दतः शैवदर्शन में भी पाये जाते हैं और तात्पर्य भी हूबहू यही है। 'आत्मा चित्तम्' जो शिवसूत्र है[2] अथवा विमर्श को जो प्रकाश से अभिन्न रूप में परिकल्पित किया गया है[3] और उसके साथ जो तन्मयता स्थापित करने का विधान है, सो क्या साधक को ऋद्धि के स्तर पर पहुँचाने का उद्देश्य नहीं रखता है ? आगे जाकर वज्रयान में इस विमर्श की सत्ता अधिक प्रकट हो गई, जब शून्यता को इसी अर्थ में (आलोक-दृष्टि के अर्थ में) परिगृहीत किया गया (आलोक कश्मीरी शैवमत के प्रकाश को, अनुत्तर को, छोड़कर और क्या ?), अस्तु, प्रस्तुत निबन्ध तो यौगिक अध्ययन मात्र में परिसीमित है, अतः विस्तृत विचार वाञ्छनीय नहीं।

१. तत्परिज्ञाने चित्तमेव अन्तर्मुखीभावेन चेतनपदाध्यारोहात् चितिः ॥
—प्रत्य० हृदयम् सू० १३

२. प्र० ३ सू० १।

३. कामकलाविलासः—उद्धृत पृ० १० (टीकांश में)।

(३) पाँच बल और त्रिरत्न-फिर अभिसम्बोधि के लिए बुद्ध ने साधक को पाँच बलों से जो युक्त होना बताया है, वे भी इसी मकसद से कि साधक पुनः-पुनः एक ही तत्त्व का श्रवण कर उसका अभ्यास करें। फिर भी श्रद्धा, वीर्य, स्मृति, समाधि और प्रज्ञा इन पाँच तत्त्वों में श्रद्धा और प्रज्ञातत्त्व कुछ अभिनव दीख पड़ते हैं, लेकिन जिन अध्येताओं को बुद्ध के त्रिरत्न सिद्धान्त से, शील-समाधि-प्रज्ञा से साक्षात्कार हुआ होगा, उन्हें स्पष्ट हो जाएगा कि बुद्ध ने समस्त साधना-पद्धति का लक्ष्य क्रमशः इन्हीं तीनों तत्त्वों का विकास माना है। श्रद्धातत्त्व ऐसा है जो किसी तर्क से प्राप्य नहीं है और अगर शील रहे तो फिर सुप्राप्य भी है, श्रद्धा से वीर्यलाभ स्वतः सिद्ध है, जो पुनः समाधि को स्थिर रखने में बल देता है और समाधि की सुस्थिरता से पुनः प्रज्ञोपलब्धि सहज हो जाती है। शैवयोग में समाधि का लक्ष्य अधिक स्पष्ट है—"स्वरूपशून्यं तद्ध्यानं समाधिरभिधीयते" अथवा "एवं शिवे विलीनात्मा समाधिस्थ इहोच्यते"।[1]

(४) सात बोध्यङ्ग—स्मृति, धर्मविचय, वीर्य, प्रीति, प्रश्रब्धि, समाधि तथा उपेक्षा, ये सात बोध्यङ्ग हैं—"भिक्षुओं, इसे भावना-प्रयत्न कहते हैं" यह शास्ता का कथन है। भावना-प्रयत्न शैवों के लिए नयी चीज नहीं है। अत्यन्त नम्र रूप में इस सम्बन्ध में यह निवेदनीय है कि बुद्ध-प्रतिपादित अनेक तत्त्वों को अतिव्याप्ति हो गयी है, जैसे समाधि तथा प्रीति की, जिनके सम्बन्ध में ऊपर संकेत दे ही दिया गया है। रही उपेक्षा की बात, उसकी भी आवृत्ति चार विहारों में (मैत्री, करुणा, मुदिता तथा उपेक्षा विहारों में) पायी जाती है। उपेक्षा की मनोवैज्ञानिक सत्ता अवश्य है, लेकिन शैवों की भावात्मक साधना में इस प्रयत्न की आवश्यता नहीं पड़ती है। पशु, वीर तथा दिव्य अवस्थाओं में इस क्रम से साधक ऊपर उठते जाते हैं कि प्रतिकूल विषयों का स्वतः विरेचन हो जाया करता है और चित्त क्रमशः अन्तर्मुख होता जाता है। प्रश्रब्धि की दशा भी साधनों से अनायास आ जाती है। वस्तुतः धर्मानुपश्यना में ही इन तत्त्वों की व्याप्ति हो जाती है, फिर भी पृथक् रूप से इनका जिक्र किया गया है।

(५) अष्टाङ्गिक मार्ग—बौद्ध योग का सबसे व्यावहारिक अंश है बुद्ध-प्रतिपादित अष्टाङ्ग मार्ग—सम्यक् दृष्टि, सम्यक् संकल्प, सम्यक् वाणी, सम्यक् कर्मान्त, सम्यक् आजीव, सम्यक् व्यायाम, सम्यक् समाधि और सम्यक् स्मृति। इन योगाङ्गों में कुछ पुनरावृत्ति भी मिलती है, कुछ स्थल जीवन-यापन-प्रणाली मात्र

१. कुलार्णव तन्त्र : उल्लास ९, श्लोक ९, १४।

के लिए संगृहीत हैं, लेकिन सम्यक् दृष्टि और सम्यक् संकल्प वस्तुतः किसी योगी के लिए, विशेषतः राजयोगी, लययोगी और मन्त्रयोगी के लिए अत्यन्त अनिवार्य हैं। संकल्प दूषित होने से मन्त्र-बल तो व्यर्थ हो ही जाता है, साथ-साथ सिद्धि में स्वकृत बाधाएँ उपस्थित हो जाती हैं। विशेषतः ध्यान की स्थिति में संकल्प की दृढ़ता अगर टूट गई तो समस्त साधना क्षत-विक्षत होकर गिर पड़ती है, आगे बढ़ने की, नादानुसन्धान की या विन्दुक्षोभ-प्रलय की अथवा सामरस्य की तो बात ही क्या? आगे षट्चक्र-साधनाक्रम में तो सम्यक् व्यायाम का भी प्रयोजन प्रतीत होगा।

मौलिक्य बौद्धयोग के कुछ परिगणित साधनों की चर्चा करके पुनः उत्तर बौद्ध दर्शन के चमत्कारों पर विहङ्गम दृष्टि डालना समुचित मालूम पड़ता है।

उत्तर बौद्धयोग

सम्राट् अशोक से पहले ही बौद्ध धर्म का रूप परिवर्तन होने लगा था, उसके सत्रह सम्प्रदायों के निराकरण का प्रयास इसी ओर संकेतित करता है, किन्तु वस्तुतः हीनयानोत्तर महायान को बल मिला महासांघिकों से। साथ ही दार्शनिक क्षेत्र में माध्यमिकों ने एक अपूर्व मोड़ ला दिया, जो फिर आगे चलकर विज्ञानवादियों से अथवा योगाचारियों से परास्त हो गया। इन विषयों का बृहत् विचार प्रस्तुत लेखक के शोध-प्रबन्ध में है। यहाँ हमें यौगिक प्रवृत्तियों की चर्चा करनी है। यौगिक प्रवृत्तियों के प्रगल्भ विकास के लिए द्रष्टव्य है उक्त शोध-प्रबन्ध के वे अंश जो स्फुट रूप में, साथ-साथ भावात्मक रूप में, शून्यता-करुणा, महासुख, सामरस्य, महामुद्रा-साधन तथा चक्र-नाड़ी साधन सम्बन्धी विचारों से सम्बद्ध हैं। यहाँ उस प्रबन्ध के कुछ अंश प्रस्तुत किए जा रहे हैं।

बौद्ध धर्म के क्रमिक इतिहास के पर्य्यालोचन से यह सुस्पष्ट हो जाता है कि महायान में क्रमशः तान्त्रिक देवता-मण्डल-धारणी-मन्त्रादि के विधान प्रविष्ट होने लगे और आगे जाकर इस यान का स्वरूप मन्त्रयान और फिर क्रमशः वज्रयान और सहजयान हो गया। अपने शोध-प्रबन्ध में विभिन्न साक्ष्यों के आधार पर, यथा तक्षणादि कलाओं के आधार पर, राजनीतिक-सामाजिक इतिहास के आधार पर तथा मुख्यतया प्रसिद्ध शैव-शाक्त ग्रन्थों के आधार पर ख्यातनामा पुसिन् की इस उक्ति की जाँच-पड़ताल कर लेखक ने यह सिद्ध करने की कोशिश की है कि 'तथाकथित तान्त्रिक बौद्ध धर्म की मान्यताएँ हूबहू तान्त्रिक शैव-शाक्त धर्म की मान्यताओं के अनुरूप हैं, बौद्धतन्त्र कलेवर में बौद्ध है, किन्तु अन्तस्तल से शैव-तन्त्र ही है, ऐसा कहा जा सकता है।' उस शोध-प्रबन्ध में तान्त्रिक बौद्ध धर्म (विशेषतः वज्रयान सहजयान और अंशतः कालचक्रयान) के (१) तत्त्वों पर यथा अनुत्तर तत्त्व, बोधि-

चित्त (शून्यता-करुणा के अभेद की स्थिति में पारमार्थिक चित्त अथवा सोपानारूढ़ संवृत चित्त), सामरस्य, महासुख, निर्वाण तथा सहज तत्त्व पर और (२) साधनों पर यथा चित्तशोधन अथवा विकल्पक्षय पर, शक्तिसाधन पर अर्थात् (क) बाह्य (मन्त्र) साधन और (ख) अन्तः चण्डाली-जागरण पर और अन्त में गुरुतत्त्व पर समग्र विचार कर इसे सिद्ध करने का प्रयत्न किया गया है कि अनुत्तर तत्त्व शैव दर्शन का ही अनुत्तर तत्त्व है, बोधिचित्त पारमार्थिक दशा में, शक्ति-शिव की अभेद दशा में (यतः शून्यता = शक्ति, करुणा = शिव) परमशिव ही हुए, स्वतः सामरस्य का भी वही अर्थ है और शैव योग के लक्षणों के आधार पर देखा गया है कि महासुख, सहज-भावना तथा निर्वाण (वज्रयानियों का निर्वाण) शिवत्व प्राप्ति ही है अथवा तज्जनित आनन्दमात्र ही है। इसी तरह वज्रयान के साधनों पर विचार किया गया है।

प्रस्तुत निबन्ध उत्तर बौद्ध दर्शन की यौगिक प्रक्रियामात्र से सम्बद्ध है, अतः उपर्युक्त तत्त्व-साधनों में कुछ को चुनकर सहृदय पाठकों की सुरुचि की दृष्टि से प्रतिपादित किया जा रहा है।

सामरस्य-योग

सामरस्य योग वह योग है, जिसमें प्रज्ञोपाय के बीच कुछ भी भेद-भावना नहीं रहती है ऐसा बौद्ध लक्षण है और इधर हम शाक्ततन्त्रोक्त लक्षण पाते हैं[1] — 'विमर्शशक्ति परमशिव के साथ सामरस्य (मय) विश्व का सर्जन करती है' अथवा 'सामरस्य शब्द से अभिप्रेत है स्त्री-पुरुष के संयोग से समुद्भूत आनन्द। यह सबसे अधिक तीव्र शारीरिक सुख है तथा जो आध्यात्मिक स्तर के शिव-शक्ति-संयोग-समुद्भूत परमानन्द को सांसारिक स्तर पर उतार कर उसे प्रतिनिधित करता है।' इतना ही नहीं, इस आध्यात्मिक अनुभूति का पुनः लययौगिक वर्णन भी हमें मिलता है— "पूर्वोक्त तत्तद्ध्यानानन्तर शिवशक्ति-सामरस्य-भावना कर सामरस्यानन्द से परशिव से उत्पन्न परमामृत से कुण्डलिनी का तर्पण करें।'

निर्वाण

बौद्धतन्त्रानुसार निर्वाण को बोधिचित्त अथवा शुद्धचैतन्यस्वभाव माना गया है, लेकिन बोधिचित्त शक्तिशिव के सामरस्य की अवस्था है (अर्थात् परमार्थ दशा में उस स्थिति में चित्त रहता है) (द्रष्टव्य बो० गा० ता० सि० (१) पृ० २३), अतः निर्वाण शक्तिशिव के सामरस्य की स्थिति अर्थात् परमशिवत्व की स्थितिमात्र है।

१. बौ० गा० ता० सि० में ये सभी उद्धरण हैं (पृ० २९, खण्ड–१) आगे के विषयों के लिए भी प्रमाण तत्रैव द्रष्टव्य हैं।

चित्तशोधन अथवा विकल्पक्षय

वज्रयान के प्रामाणिक ग्रन्थ 'बौद्धगान औ दोहा' में भावाभाव, जन्ममरण, भव-मुक्ति प्रभृति अनेक तत्त्वों को अथवा घटनाओं को विकल्प मानकर चित्त-(मल) विनाश का आदेश दिया गया है। लेकिन इस तरह का संकेत तो हमें प्रत्यभिज्ञाहृदय (शैवग्रन्थ) में भी मिलता है—'विकल्पक्षय-शक्तिसंकोच-विकासदाहच्छेदाद्यन्तकोटि-निभालनादय इहोपायाः', विकल्प का लक्षण भी हमें 'ईश्वर-प्रत्यभिज्ञा' में मिलता है—

ननु स्वलक्षणाभासं ज्ञानमेकं परं पुनः।
साभिलापं विकल्पाख्यं बहुधा नापि तद्द्वयम्॥ (प्रत्यभिज्ञा०)

शक्तिसाधन

वज्रयान में शैव साधना के समान ही शक्तिसाधन के दो रूप मिलते हैं— (१) बहिर्याग—जिसमें एक नारी में प्रज्ञा को प्रतिरूपित माना जाता है और (२) अन्तर्याग—जिसमें चण्डाली रूप में प्रज्ञा को प्रतिरूपित माना जाता है। यह हम जानते हैं कि प्रज्ञा शक्ति का ही पर्याय है, जिससे बहिर्याग का अर्थ हुआ शक्तिसाधन (दूतीयागादि) और अन्तर्याग का क्या मतलब है, यह आगे द्रष्टव्य है।

चण्डालीयोग

कहने का प्रयोजन नहीं है, प्रज्ञा को बौद्धतन्त्र में शून्यतामात्र माना जाता है और अद्वयवज्रसंग्रह के आधार पर शून्यता आखिर शक्ति ही का पर्याय है। दूसरी बात है, चण्डाली-जागरण का जो विधान है, उसपर गम्भीर अध्ययन को लगाने से यह स्पष्ट हो जाएगा कि चण्डाली कुण्डलिनी का ही नामान्तर है। कैसे ? विशेष विचार के लिए लेखक के 'बौद्धगान में तान्त्रिक सिद्धान्त' के 'अन्तरङ्गसाधन' शीर्षक में 'शक्ति स्वरूप' (पृ० ८० खण्ड १) प्रकरण द्रष्टव्य है। यहाँ इतना ही कहकर सन्तोष करना पड़ता है कि हम दोनों तन्त्रों के प्रतिपादित दोनों तत्त्वों के लक्षण को मिलाएँ—

"चण्डाली नाभिस्थल में ज्वलित हो गई, पञ्च तथागतों को दग्ध कर रही है, लोचनादि दग्ध होने पर 'हूँ' मन्त्र से चन्द्रमा से (अमृत) स्राव हो रहा है।"

क्या कुण्डलिनी योग की भूमिका में ऐसी परिस्थिति घटती नहीं है ? कुण्डलिनी को भी प्रज्वलिता, तप्तचामीकरप्रभा, विद्युल्लताकारापरदेवता अथवा प्रज्वलद्-भुजगाकारा माना गया है। शैव-शक्ति योग में। पञ्च तथागतों का दहन एक प्रतीक मानना चाहिए, तात्पर्य है सभी भूतों का, विग्रहों का दहन जो शाक्तयोग में भूतशुद्धि

का मर्म है। कूर्च-बीज-प्रयोग, अमृतस्राव भी घट रहे हैं। तब रही बात आधार-चक्र की। आधार-चक्र बौद्धयोग में सामान्यतया नाभिस्थलस्थित माना गया है अवश्य और इधर मूलाधार स्थित माना गया है। लेकिन बौद्धों के हेवज्रतन्त्र के अनुसार तो यह भी असमानता दूर हो जाती है, यतः वहाँ योनि ही को कुण्डलिनी का आधार माना गया है और षट्चक्रनिरूपण के अनुसार योनि गुद-मेढ्र-मध्यस्थिता मानी गई है और फिर वही तो है मूलाधारस्थल।

चक्रनिरूपण-प्रसङ्ग में सूक्ष्म अन्तर अवश्य मिलते हैं, जैसे—बौद्धयोग में चार चक्रमात्र हैं—निर्माणचक्र (नाभिस्थित अथवा योनिस्थित), धर्मचक्र (हृदयस्थित), सम्भोगचक्र (कण्ठस्थित) तथा महासुखचक्र (मस्तकस्थित) और शैवयोग में सात चक्र आधार चक्र (मूलाधारस्थित अथवा योनिस्थित) स्वाधिष्ठानचक्र (लिङ्गमूलस्थित), मणिपूरचक्र (नाभिस्थित), अनाहतचक्र (हृदयस्थित) विशुद्धचक्र (कण्ठस्थित), आज्ञा-चक्र (भ्रूमध्यस्थित) और अन्त में मस्तकस्थ सहस्रार पद्म (या लक्षणानुसारी केन्द्र अथवा चक्र जैसे म० म० कविराज जी मानते हैं)। बौद्धों के चक्रनाम चार कायों पर ही अवलम्बित हैं, अन्यथा तात्त्विक अन्तर नहीं है।

इसी तरह नाड़ी-व्यवस्था में भी विस्तार में जाने से अन्तर रहने पर भी ललना, रसना और अवधूती नाड़ियों को क्रमशः इडा-पिङ्गला-सुषुम्ना मानने में कोई क्षति नहीं दीख पड़ती है, लक्षण तथा शरीरस्थान की दृष्टि से।

मध्य विकास

बौद्धयोगी 'मध्य' शब्द को जिस अर्थ में प्रयोग करते पाए जाते हैं, उसी अर्थ में इस शब्द का प्रयोग शैवयोग में भी मिलता है—"मध्यविकासाच्चिदानन्दलाभः" एवमादि द्रष्टव्य।

प्राणायाम

प्राणायाम का विधान बुद्ध के समय से गुह्यसमाज, प्रत्युत कालचक्रयोग तक सभी मतों में पाया जाता है (बुद्ध का 'अनापानसति' द्रष्टव्य)। लेकिन शैवयोग के लिए यह कोई अभिनव चीज नहीं है—कुण्डलिनीयोग में वातस्तम्भ (कुम्भक) की चर्चा तथा अन्यत्र स्फुट विधान के लिए दक्षिणामूर्त्तितन्त्र तथा विश्वसारतन्त्र द्रष्टव्य हैं।

पीठ का अनुसन्धान

इसी तरह पीठ की चर्चा देश के शाक्त केन्द्रों के अर्थ में अथवा 'देहो देवालयः प्रोक्तः' (कुलार्णव) मानकर शरीर स्थित केन्द्र के अर्थ में समान रूप से दोनों योगों में मिलती है। प्रस्तुत निबन्ध की सीमा की दृष्टि से यह विषय कुछ गहन है, लेकिन दोनों योगों के नाद-बिन्दु साधनों में पीठ का प्रमुख स्थान है।

उपसंहार

बौद्धयोग का अध्ययन प्रस्तुत लेखक की योग्यता तथा सौविध्य की सीमा में असम्भव ही दीख पड़ता है, यतः यौगिक प्रक्रियाओं का परिचय बिना योगी के सम्पर्क के हो ही नहीं सकता। फिर यत्किञ्चित् सामग्रियों के आधार पर एक रेखा-चित्र मात्र प्रस्तुत करने का प्रयास किया गया है। आशा है अग्रिम अवसरों पर प्रस्तुत विषय के लेखक को इससे अधिक साङ्गोपाङ्ग तथा प्रगल्भ विचार के विनिमय में भाग लेने का सौभाग्य प्राप्त होगा। लेखक अपने को गुरुतुल्य व्यापक विद्वद्वरों की गोष्ठी में सम्मिलित पाकर गौरव का अनुभव कर रहा है।

• • •

बौद्ध योग पर आधुनिक विज्ञान तथा मनोविज्ञान का प्रकाश

उद्धव आ० आसरानी

दुनिया भर की जितनी भारतीय तथा विदेशी योग पद्धतियाँ हैं, उन सबमें से बौद्ध योग के साथ ही आधुनिक मनोविज्ञान का अधिक निकट सम्बन्ध जुड़ सकता है। बौद्ध योग में मूर्तिमान् ईश्वर का कोई स्थान नहीं और अदृष्ट सर्वव्यापी ब्रह्म का भी नहीं। भगवान् बुद्ध ने केवल यह मनोवैज्ञानिक तथ्य निरूपित किया कि 'दुःख है' और दुःख का अर्थ केवल शरीर की पीड़ा अथवा व्याधि नहीं, अपितु चित्त की चिन्ताएँ, भय, निराशाएँ, कुण्ठा इत्यादि भी उसी के अन्तर्गत आ जाती हैं। उन्होंने यह भी बताया कि दुःख का कारण तृष्णा मिटाने पर दुःख विलीन हो सकता है। इससे यह प्रतीत होता है कि बौद्ध धर्म की मान्यता के अनुसार योगपद्धति मनुष्य जाति ने अपने दुःख की निवृत्ति के लिए टटोलते-टटोलते उपलब्ध की।

पातञ्जल अष्टाङ्ग योग ने भी यह साहस किया है कि उसने योग को ईश्वर या ब्रह्म में विलीन होने की अपेक्षा केवल चित्तवृत्ति-निरोध कहा है। परन्तु उसने ईश्वर-प्रणिधान को एक विशेष साधना के रूप में माना है और फिर प्रमाणों का वर्णन करते हुए प्रत्यक्ष प्रमाण और अनुमान प्रमाण के साथ आप्त पुरुषों के वचन को भी प्रमाण माना है। आप्त पुरुष वे हैं, जिनको प्रत्यक्ष अनुभव हो चुका है। भगवान् बुद्ध में यह साहस था कि इस तीसरे प्रमाण को भी उन्होंने आवश्यक न समझा। उन्होंने कहा कि कोई भी बात या कार्य तुम्हारे लिए केवल इस कारण से मान्य नहीं कि किसी शास्त्र में लिखा है या बुद्ध स्वयं भी कह गये हैं। प्रत्येक बात या कार्य की अपने मनोवैज्ञानिक अनुभव से स्वयं परीक्षा करो।

आधुनिक परा भौतिक विज्ञान में भी ऐसा उदाहरण मिलता है। सबसे हल्के अणु का भी लगभग दो हजारवाँ भाग, जिसको इलेक्ट्रॉन कहते हैं, वह बहुत ही आश्चर्यजनक बहुरूपी पाया गया, भौतिक वस्तु भी और साथ-साथ शक्ति की लहर भी, स्थिर भी और गतिमान भी; उसी प्रकार शक्ति की लहरें भी भौतिक वस्तु का रूप धारण करती हैं। यह बहुरूपिया-पन समझ में नहीं आ सकता था। हाइसिन बर्ग महोदय ने उसको समझने के लिए एक अद्भुत उपाय सोच निकाला। उसने कहा कि इलेक्ट्रॉन इत्यादि को हमने देखा तो है नहीं और न शक्ति की लहरों को—यह दोनों

हमारे बिना प्रमाण माने हुए चित्र हैं, जो हमने उन पर आरोपित किये हैं। हाइसिन बर्ग महोदय ने कहा कि इन दोनों चित्रों को भुला कर केवल प्रयोग-प्रमाणित तथ्य और उनकी नाप लिख लो। उन पर उन्होंने एक नई गणित की पद्धति, जिसको उन्होंने 'क्वान्टम मिकैनिक्स' कहा, उसका प्रयोग कर यह सिद्ध किया कि वह बहु-रूपिया चाल ही प्रकृति की चाल है। ठीक उसी प्रकार महात्मा बुद्ध ने भी कहा कि वेदान्त का एक सर्वव्यापी ब्रह्म तथा सांख्य के पुरुष और प्रकृति इत्यादि दार्शनिक आरोपित चित्रों को भुला दो। केवल मनोवैज्ञानिक तथ्य कि 'दुःख है' और उसका उपचार सम्भव है—ध्यान में रखो।

महात्मा बुद्ध पृथ्वी पर २५०० वर्ष पहले आ गये। उनकी महानता का पूरा मूल्य आधुनिक वैज्ञानिक युग में ही प्रतीत होता है, जब हर बात को तर्क, प्रयोग और तात्कालिक लाभ की तुला पर तौला जाता है। रूणे जॉहनसन महोदय ने एक पुस्तक हाल में लिखी है, जिसमें न केवल बौद्धयोग की मनोवैज्ञानिक छानबीन की है, अपितु बौद्ध योग के गन्तव्य स्थान अर्थात् निर्वाण की भी।

प्रायः विद्वान् यह आपत्ति करते हैं कि विज्ञान तथा मनोविज्ञान केवल बाह्य-स्थिति का निरूपण कर सकते हैं। योग के अन्तर तथा सूक्ष्म अनुभव में उनका प्रवेश कैसे हो सकता है? परन्तु पहले तो यह बता दें कि आधुनिक मनोविज्ञान पिछले बीस साल में केवल बाहरी स्थिति तथा मानसिक रोगों के उपचार से बहुत आगे बढ़ गया है। विश्वविख्यात मैस्लो महोदय, मर्फी महोदय तथा एसग्योली महोदय इत्यादि ने मनोविज्ञान के नये भागों की योजना बनाई, जिसमें यह जाँचा जाता है कि साधारण मनुष्य को कैसे देवता बनाया जाए। मैस्लो महोदय ने समाधियों तथा सहज अवस्था का भी मनोवैज्ञानिक विश्लेषण किया है। ऐसे मनोवैज्ञानिकों का आग्रह है कि मनोविज्ञान के इन नये अनुसन्धानों के लिए बाहर की स्थितियों के साथ-साथ आन्तरिक अनुभवों के विवरण को भी ध्यान में रखना होगा।

फिर यह न भूलना है कि प्रत्येक आन्तरिक अवस्था के बाह्य लक्षण भी होते हैं। अब स्थित-प्रज्ञ अवस्था से योग की कौन सी ऊँची अवस्था हो सकती है—जीवन-मुक्त अवस्था तथा सहज अवस्था भी वही है। विद्वानों का मत है कि अष्टाङ्ग योग की धर्ममेघ समाधि तथा बौद्ध योग को बोधिसत्वों की महायानभूमियों की अवस्था भी लगभग उसी अवस्था के पर्याय हैं। ऐसी ऊँची अवस्था पर प्रश्न करते हुए गीता में अर्जुन ने श्रीकृष्ण से पूछा–कि स्थित-प्रज्ञ पुरुष कैसे बोलता है, चलता-फिरता है? इत्यादि। और श्रीकृष्ण ने यह कहकर उन प्रश्नों को नहीं टाला कि यह तो बाह्य बातें हैं और स्थित-प्रज्ञ अवस्था आन्तरिक है; अपितु उन्होंने बहुत प्रकार के मनोवैज्ञानिक रूप स्थितप्रज्ञ अवस्था के गीता में बतलाए हैं। आन्तरिक अवस्था चाहे वाणी से परे

हो, परन्तु उससे सम्बन्धित बाह्य मनोवैज्ञानिक तथा शारीरिक लक्षण वाणी से व्यक्त किए जा सकते हैं।

यह भी आपत्ति प्रायः उठाई जाती है कि विज्ञान, मनोविज्ञान इत्यादि प्रत्येक बात का विश्लेषण करते हैं। पृथक्-पृथक् भाग पर अलग-अलग ध्यान देते हैं। हाथी व पाँच अन्धों वाली प्राचीन कहानी की भाँति ऐसे मनोवैज्ञानिक विश्लेषण से पूरा हाथी अर्थात् योगी का पूरा आन्तरिक अनुभव मनोवैज्ञानिक के हाथ में नहीं आ सकता। विश्लेषणों की इस त्रुटि को वैज्ञानिक लोग जानते हैं, इसलिए गेस्टॉल्ट की मनोविज्ञान तथा स्मट्स महोदय की पुस्तक "Holism" आदि पुस्तकें लिखी गईं हैं। परन्तु फिर भी यह मानना पड़ता है कि योगी के आन्तरिक अनुभव का मनोवैज्ञानिक सम्यक् ज्ञान केवल एक योगी को हो सकता है, जिसको अपने भी उस प्रकार के अनुभव हैं। एक कवि का पूरा मूल्य वही आँक सकता है, जो स्वयं कवि है। सौभाग्यवश लेखक को कतिपय यौगिक अनुभूतियाँ भी हुई हैं।

ज्ञान-योग की लगभग पैंतीस साल की साधना के बाद सन् १९४३ में उसको किन्हीं विशेष कारणों से ऐसा अनुभव हुआ कि जैसे स्थितप्रज्ञ अवस्था उसके ऊपर आ गई हो। वह अनुभव तो केवल दो दिन रहा, परन्तु तदुपरान्त उसकी झलक कई बार मिलती रही है, कभी कुछ क्षणों के लिए और कभी कई घण्टों के लिए। कुछ पूर्ण महात्माओं के सम्पर्क से लेखक को यह आश्वासन भी मिला है कि उसके अनुभव केवल भ्रामक नहीं, वरन् सत्य पर आश्रित हैं। यह अवश्य है कि उसके अनुभव स्थिर नहीं, परन्तु गीता में कहे हुए गुणातीत महात्मा तथा बौद्ध ग्रन्थों की अर्हत्-अवस्था में भी स्थिरता की कमी रहती है।

लेखक ने अपने अनुभवों के विवरण भारतीय तथा अमरीकी मनोवैज्ञानिक अथवा यौगिक पत्रिकाओं में प्रकाशित करवाए हैं। उनके शारीरिक तथा मानसिक प्रभाव भी वर्णित किये हैं। उन सबके आधार पर जिन परिणामों पर पहुँचे हैं, वे निम्नाङ्कित हैं—

(१) विभिन्न प्रकार की जितनी योग पद्धतियाँ हैं, उन सबका गन्तव्य स्थान चरम सीमा एक ही है, जिसको जीवन-मुक्त अवस्था कहते हैं। कैवल्य, निर्वाण इत्यादि भी वही है। इस मत की विद्वान् लोग भी पर्याप्त पुष्टि कर रहे हैं। एस० एन० दासगुप्ता महोदय, जिन्होंने भारतीय दर्शनशास्त्र का इतिहास लिखा है, उनकी और चटर्जी तथा दत्त महोदय की भारतीय दर्शनशास्त्र का परिचय आदि पुस्तकों से भी सिद्ध होता है कि जीवन-मुक्त अवस्था का आदर्श लगभग सब योग पद्धतियों ने माना है, बौद्धयोग ने भी। भक्ति-पक्ष वालों में से भी कई सम्प्रदायों ने उसको माना है। केवल कुछ सम्प्रदायों ने ऐसे माना है कि जीवनमुक्त अवस्था से भी ऊँची

एक अवस्था है, जिसमें भक्त सर्वदा ईश्वर में मग्न रहता है। फिर कुछ भक्त ऐसे भी हुए हैं, जैसे भक्त कबीर, तुकाराम आदि, जिन्होंने ईश्वर के साथ एकता या सहज-अवस्था का दावा किया है। अर्थ यह कि जीवन-मुक्त अवस्था को योग की चरमसीमा मानने में योग-सम्प्रदायों की अत्यधिक सहमति है।

(२) जीवनमुक्त अवस्था को मनोवैज्ञानिक दृष्टि से देखने पर यह प्रतीत होता है कि वह केवल एक अदभुत् सर्वोत्तम मानसिक स्वास्थ्य है। यह उसका मनोवैज्ञानिक पहलू है। साधारण मनुष्य जानता नहीं कि मानसिक दिशा में वह अस्वस्थ और बद्ध है। उसके अचेतन अन्तःकरण में बचपन के समय से अनेकों बाँधने वाली और रोकने वाली मान्यताएँ, संस्कार और हृदय की गाँठें दबी हुई हैं, जिनको आधुनिक मनोवैज्ञानिक Inihibitions and Complexes कहते हैं। उसके प्रायः सभी विचार तथा कार्य उन हृदय की गाँठों, संस्कारों इत्यादि से उत्पन्न होती हुई तीव्र भावनाओं के सर्वदा अधीन रहते हैं। जीवन-मुक्त अवस्था में ही केवल वे हृदय की गाँठें खुलती हैं और पिछली सब मान्यताओं तथा संस्कारों के बन्धन से मनुष्य को मुक्ति मिलती है। यही जीवन-मुक्त अवस्था का मनोवैज्ञानिक रूप है। रूने जॉन्सन ने भी निर्वाण पद में होने वाली मानसिक स्वास्थ्य की वृद्धि पर अपनी पुस्तक में पूरा एक खण्ड लिखा है।

(३) उस अनुभव में एक आश्चर्यजनक नया रहस्य खुला। जितने दार्शनिक प्रश्नों पर मैं तब तक गहरा विचार करता था, वे सब प्रश्न पता नहीं कहाँ विलुप्त हो गये। यह नहीं कि कोई उनके उत्तर मिल गये हों, वह दार्शनिक प्रश्न करने की वृत्ति उस अनुभव के आनन्द और उल्लास में आ ही नहीं सकती थी। अजीब अवस्था थी वह, यह नहीं कि उसमें इच्छाएँ नहीं थीं, वरन् कोई ऐसी तीव्र इच्छा न थी, जो चित्त में तनाव या मानसिक बन्धन हो जाए। ठीक उसी प्रकार एक जीवनमुक्त पुरुष के मस्तिष्क में प्रकृति के अद्भुत रहस्यों को समझने की जिज्ञासा अवश्य रहती है, परन्तु वह केवल एक वैज्ञानिक की जिज्ञासा की भाँति रहती है। यह नहीं कि यदि उस रहस्य का कोई समाधान अन्वीक्षण तथा प्रयोग से न मिल सके तो केवल नई कुछ मान्यताएँ बनाकर के तर्क के साथ बुद्धि से घन्टों तक प्रयास करते रहें।

ऐसा प्रतीत होता है कि भगवान् बुद्ध का चित्त भी जीवनमुक्त होने के कारण ऐसी दार्शनिक समस्याओं पर विवाद करने लिये कभी भी राजी नहीं होता था। इन रहस्यों तथा समस्याओं के सम्बन्ध में उनके चित्त में कोई बाँधने वाला तनाव न था। वे उससे भी मुक्त थे।

(४) मुझे यह भी अनुभव हुआ कि वह योग की चरम-सीमा जीवनमुक्त अवस्था—मनुष्य की नैसर्गिक अवस्था है। हम लोगों की साधारण अवस्था ही

अप्राकृतिक है, मानों अर्ध-पागल अवस्था है। बचपन से हम लोग माया के द्वन्द्वों को सीखते चले आए और उनको सच्चा मानकर उस नाम-रूप के शाब्दिक जाल में फँसते चले आए। यह अच्छा है, यह बुरा है, यह हिन्दू है, यह मुस्लिम है—इत्यादि अप्राकृतिक भावनाएँ हमारे हृदय में ऐसा पक्का घर करके बैठ जाती हैं कि अर्ध-पागल की भाँति सत्य के बदले असत्य दिखने लगता है। एक जीवन-मुक्त पुरुष इन द्वन्द्वों को जानते हुए भी उनके तनाव से मुक्त रहता है। उसकी दृष्टि में कोई बिना विचारे अभिमत या पक्षपात घर नहीं कर बैठता।

आश्चर्य की बात यह है कि जब यह अवस्था किसी मनुष्य को अल्प काल के लिए भी प्राप्त होती है तो यह अनुभव होता है कि इसकी प्राप्ति अत्यन्त सरल है, तभी तो इसको सहज अवस्था भी कहते हैं। प्राकृतिक अवस्था यही है। बचपन में प्रत्येक मनुष्य को वह स्वतः सिद्ध थी, तत्पश्चात् द्वन्द्वों के माया जाल में फँसकर साधारण मनुष्य ने खो डाली। अब भी यदि वह हर समय केवल वर्तमान कार्य पर ध्यान दे और भूत पर विचार तथा भविष्य की चिन्ता में समय नष्ट न करे तथा जीवन के कर्मों को एक खेल तथा लीला के समान निर्लिप्त होकर करता रहे तो जीवन-मुक्त पुनः हो ही गया। वयस्क होते हुए भी एक बच्चे के समान निर्दोष और निर्द्वन्द्व हो जाना बड़ी उल्लासपूर्ण अवस्था होती है, जिसमें हर कार्य एकाग्रता, सन्तुलन और क्षमता से सम्पन्न होता है। जीवन के सब तनाव समाप्त हो जाते हैं; न कोई तृष्णा, न जल्दबाजी और न कोई चिन्ता।

(५) उपर्युक्त चार अनुभव लेखक के थे, परन्तु योग शास्त्रों से तथा मनोवैज्ञानिकों से उनकी जितनी पुष्टि मिली, उसका भी विवरण ऊपर दिया गया है। कतिपय जीवित जीवनमुक्त पुरुषों के सम्पर्क से भी पुष्टि मिलती रही है। वैज्ञानिक दृष्टि से इस अनुसन्धान को और पुख्ता करने को आवश्यकता अवश्य है, परन्तु अब भी यह आभास होता है कि मेरे अनुभवों के उपर्युक्त चार परिणाम भ्रामक नहीं, वरन् सत्य ही होंगे। यदि भावी किसी अनुसन्धान ने ऐसा सिद्ध कर दिया तो एक बड़ी भारी बात हो जाएगी। योग की पराविद्या का मानसिक स्वास्थ्यरूपी अपराविद्या के साथ तथा आधुनिक मनोविज्ञान के साथ एक सम्बन्ध जुड़ जाएगा।

ऐसे सम्बन्ध के आधार पर लेखक अब यह साहस करता है कि आधुनिक मनोविज्ञान बौद्ध योग पर और योग पद्धतियों की तुलना में क्या प्रकाश डालता है, उसका इस विद्वत्-मण्डली के सामने विवेचन करे। बौद्ध योग का बड़ा लम्बा इतिहास है, उसकी कई शाखाएँ हैं। ऐसे विषय का सम्पूर्ण विवेचन एक दीर्घ अनुसन्धान का विषय हो सकता है। लेखक इस छोटे लेख में केवल थोड़ी झलकियों को ही दिखाने का प्रयास करेगा।

(१) लेखक ने अपने प्रकाशित लेखों में ज्ञान-योग की मनोवैज्ञानिक व्याख्या की है। ज्ञान-योग का साधक वेद के महावाक्यों का श्रवण, मनन और निदिध्यासन करता है और ऐसे मनन इत्यादि से वह शरीर-भावना से ऊँचा उठकर अपने आपको ब्रह्म मानकर मानों अपने चित्तशक्ति को शरीर की संकुचित सीमाओं से मुक्त कर अत्यन्त विस्तृत कर देता है। इसीका मनोवैज्ञानिक परिणाम यह होता है कि देह तथा प्रकृति सम्बन्धी विचार और भावनाएँ शान्त हो जाती हैं। इसे विचार तथा भावनाओं के शिथिलीकरण (Relaxation) को ही निर्विकल्प समाधि कहते हैं। अहं-भाव भी मिट जाता है। ऐसी समाधि से साधक को प्रत्यक्ष सिद्ध हो जाता है कि नाम-रूप रूपी माया तथा जीवन या प्रकृति सत्य नहीं। जैसे किसी मानचित्र को हम लपेट सकते हैं, उसी प्रकार निर्विकल्प समाधि में मनुष्य सारी दुनिया को लपेट सकता है। माया दिखते हुए कि सत्य है, विश्लेषण से असत्य भी सिद्ध हो जाती है। इसीसे उसको अनिर्वचनीय कहा गया है।

गार्डनर मर्फी महोदय ने अपनी एक पुस्तक 'व्यक्तित्व' में यह लिखा है कि पागल लोग अपनी रक्षा के लिये ऐसी मान्यता बना लेते हैं, जिनसे वे अपने आपको खतरे से ऊँचा समझ सकें। ऐसी मान्यताओं को वैज्ञानिक 'मानसिक रक्षा' तथा 'मानसिक तरकीब' कहते हैं। मर्फी महोदय का कहना है कि प्रत्येक साधारण मनुष्य भी अपने मन में इसी प्रकार 'रक्षा' तथा 'तरकीब' रूपी मान्यताएँ बनाता है। भेद केवल इतना है कि साधारण मनुष्य को ये मान्यताएँ सूक्ष्म और समाज-सम्मत रहती हैं। पागल को मान्यताएँ अवास्तविक तथा मूर्खता पर आधारित होती हैं। मर्फी महोदय के इस मनोवैज्ञानिक वर्णन से यह प्रतीत होता है कि ज्ञानयोग के महावाक्य भी एक प्रकार के 'मानसिक रक्षा' या 'तरकीब' रूप हैं। 'मैं ब्रह्म हूँ' और 'यह सब माया है' इस तरकीब से साधक स्वयं को जीवन के हर्ष, शोक, निराशा, चिन्ता आदि से ऊँचा उठा लेता है। सत्य वस्तु तो अद्वैत तथा द्वैत दोनों से ऊपर 'नेति-नेति' के शब्दों से वेद ने प्रतिपादित की है; परन्तु अद्वैत वेदान्त ज्ञानयोग के साधक को एक बहुत अच्छी तरकीब प्रदान करता है।

(२) बौद्ध दर्शन के शास्त्रों के अध्ययन से प्रतीत होता है कि बौद्ध दर्शन में जीव तथा प्रकृति को सत्य नहीं, अपितु केवल क्षण-क्षण बदलती हुई अवस्थाओं के समूह को सत्य माना गय। परन्तु जार्जग्रिम महोदय का कहना है कि भगवान् बुद्ध को उस महान विश्व-शक्ति से इन्कार नहीं था, जिसको वेदान्त ब्रह्म कहता है; फिर भी जब जीव स्वयं कोई वस्तु ही नहीं मानी गई (बौद्ध-दर्शन का 'अनत्ता' सिद्धान्त) तब उसकी ब्रह्म के साथ एकता का कोई प्रश्न ही नहीं उठता। इसलिये वेदान्त के

महावाक्यों के मनन, निदिध्यासन का बौद्ध-योग में कोई स्थान नहीं। उसके बदले वहाँ ध्यान (ज्ञान) से पहले सातवीं भूमिका 'सम्यक् स्मृति' आती है। इसमें जीवन का हर कार्य ध्यान देकर किया जाता है, परन्तु एक निर्लिप्त द्रष्टा की भावना से। यहाँ देखिए वेदान्त की मान्यता के बदले पातञ्जलि के अष्टाङ्ग-योग और सांख्य-दर्शन की मान्यता आ गई। 'मैं पुरुष हूँ और प्रकृति से भिन्न निर्लिप्त हूँ' तो यहाँ भी दार्शनिक मान्यता एक मनोवैज्ञानिक 'रक्षा' या 'तरकीब' प्रतीत होती है, जो साधक को जीवन के राग-द्वेष इत्यादि से ऊँचा उठने में बहुत सहायता करती है।

हार्टमन महोदय का कहना है कि शिशु हर कार्य को पूर्ण ध्यानपूर्वक करता है, परन्तु जैसे-जैसे बढ़ता जाता है, वैसे-वैसे कई मांस-पेशियों के कार्य तथा इन्द्रियों के अनुभव स्वतः सिद्ध होते रहते हैं। उनके प्रति ध्यान की आवश्यकता नहीं रहती। जैसे संकल्प उठता है कि उठूँ तो ध्यान देने के बिना ही उठ गए। उठने वाली समस्त मांस-पेशियों ने अपने-अपने कार्य कर दिए। गिन और ब्रेनमन महोदय ने यह मत प्रतिपादित किया है कि यदि हमको बाल्यावस्था की निर्द्वन्द्व व निर्दोष मानसिक वृत्ति फिर से लानी है तो हमको Deautomatige करना चाहिए अर्थात् हर कार्य को ध्यानपूर्वक करना चाहिए, यही तो बौद्ध योग की सम्यक् स्मृति है।

(३) बौद्ध समाधि को शून्य-समाधि कहते हैं। यह ज्ञानयोग की निर्विकल्प समाधि भी हो सकती है या अष्टाङ्ग योग की ऐसी किसी समाधि के समान भी हो सकती है, जिसमें शरीर बिलकुल शव की भाँति थोड़े काल के लिये बेहोश हो जाता है। सूई चुभाओ तो भी नहीं लगती। बौद्ध साधनाओं के शास्त्रों में अष्टाङ्ग योग के साधन भी कहीं-कहीं मिलते हैं, परन्तु इस शिथिलता का, चाहे केवल मानसिक हो या मानसिक और शारीरिक दोनों हो, मनोवैज्ञानिक परिणाम एक ही हो सकता है। जब यह भावना उत्पन्न होती है तब यह संसार एक चित्रपट की भाँति अपनी इच्छानुसार लपेटा जा सकता है।

(४) बौद्ध योगशास्त्रों ने चेतना के तीन लोक माने हैं—(१) कामलोक अर्थात् साधारण इच्छाओं का संसार, (२) रूपलोक—वक्र-चित्त, जिसमें ज्ञानयोग के समान सम्भवतः सविकल्प समाधि होगी, उसकी अन्तिम भूमिका एकाग्रता और 'उपेक्षा' है। यह साधक को तीसरे लोक के लिये तैयार करती है, जिसको (३) अरूप लोक—वक्र-चित्त-लोक कहते हैं। इसमें साधक देश (Space) को तथा चेतनता को सारे ब्रह्माण्ड में व्याप्त जानकर ध्यान करता है, जिससे उसको शून्यता प्राप्त हो जाती है। देखिए यहाँ भी ज्ञानयोग की ब्रह्माकारवृत्ति अन्तिम भूमिका में आ गई। मनो-

वैज्ञानिक इसको Cosmic consciousness कहते हैं। इससे देह-अध्यास सरलता से निवृत्त हो जाता है।

(५) सर्वाधिक महत्वशालिनी बात यह है कि बौद्धयोग का जो गन्तव्य स्थान या उच्च कोटि की स्थिति है, जिसको बोधिसत्त्व-अवस्था कहते हैं, उसके वर्णन जीवन-मुक्त अवस्था के वर्णन से मिलते-जुलते हैं।

(६) वेदान्त जीव को ब्रह्म के साथ एक मानता है। सांख्य उसको पुरुष और प्रकृति से निर्लिप्त घोषित करता है। बौद्ध दर्शन उसको केवल क्षण-क्षण परिवर्तित अवस्थाओं का समूह ही स्वीकार करता है। तीनों इस प्रकार उसको असत्य मानकर देह-अध्यास और देहाभिमान को निवृत्त करने में बहुत सहायता देते हैं।

• • •

वज्रयानी साधना और उसका परवर्ती योगसाधना पर प्रभाव

डॉ० द्विजराम यादव

गौतम बुद्ध के परिनिर्वाण के उपरान्त बौद्ध-धर्म के मूलभूत सिद्धान्तों में विभिन्न प्रकार के परिवर्तन और परिवर्द्धन होने लगे। बौद्ध-धर्म के कठिन और सुनियोजित नियमों का पालन सहज नहीं था। आचार-विचार में सुविधानुसार परिवर्तन के साथ उसमें तन्त्र-मन्त्र का मिश्रण भी होता गया, क्योंकि जब ये साधक अपने मूल पथ से च्युत हो गये तब उनका सम्बन्ध सामान्य जन-जीवन से घनिष्ठ होता गया; फलस्वरूप इस साधना में लोक-जीवन के लौकिक आचार-विचार तथा रूढ़िगत मान्यताएँ भी सम्मिलित होती गईं। वैसे तो तन्त्र-मन्त्र का उदय मानव-सभ्यता के साथ ही हुआ, इसलिए तान्त्रिक प्रवृत्तियाँ उतनी ही पुरानी हैं, जितनी मानवीय सभ्यता है। महासाङ्घिक सम्प्रदाय से ही तान्त्रिक बौद्धधर्म का उन्मेष माना जाना चाहिए। तिब्बती इतिहासकार तारानाथ के अनुसार मन्त्र की परम्परा लगभग तीन सौ वर्षों तक गुप्त रही और धर्मकीर्ति के पश्चात् पालयुग में सर्वप्रथम पुनः उसने जोर मारा। विशेषरूप से पालयुग में ही इसका विकास और प्रचार हुआ। अनुमान लगाया जाता है कि गुह्यसमाज की तान्त्रिक परम्परा का उद्भव तीसरी शताब्दी में हुआ था, छठी शताब्दी तक उसका गुप्तरूप से प्रचार होता रहा, तत्पश्चात् गुह्यसमाज की प्रसिद्धि हुई। महासाङ्घिकों की ही आन्ध्रक और वैतुल्यक नामक शाखाओं में आभिप्रायिक मिथुन-चर्चा को अध्यात्मोपयोगी सिद्ध किया गया था। इसी प्रकार जप-साधना में मन्त्रों की प्रधानता होती गई तथा उनका सम्बन्ध किसी देवी या देवता से जोड़ा जाने लगा। तान्त्रिक देवी-देवताओं के सम्बन्ध में इतनी सरलता से कुछ नहीं कहा जा सकता है, क्योंकि उनकी प्राप्ति उसी समय होती थी, जब साधक पूर्णरूपेण उसमें ध्यान लगा देता था। इस प्रकार मन्त्रों के साथ ही देवताओं की कल्पना बौद्धधर्म में आई। मन्त्रों के साथ ही देवताओं के नाम भी रखे गये। तान्त्रिक बौद्ध साधना में मद्य, मांस और मुद्रा का प्रयोग होने लगा। मन्त्र, मद्य, मांस और मैथुन का प्रवेश बौद्ध-धर्म साधना या योगाभ्यास में सहायता पहुँचाने

के लिए ही हुआ था। इस प्रकार की प्रवृत्तियों के साथ वज्रयान का विकास हुआ। सातवीं से बारहवीं शताब्दी तक उत्तर-पूर्व भारत, नेपाल और तिब्बत में वज्रयान का उत्कर्षकाल रहा।

वज्रयान के स्वरूप का उल्लेख करते हुए योगरत्नमाला में कहा गया है—

दृढं सारमसौषीर्यमच्छेद्याभेद्यलक्षणं।
अदाही अविनाशी च शून्यता वज्र उच्यते ॥ (चर्या० बागची, पृ० १०)

अर्थात् यह दृढ़, सार, अपरिवर्तनशील, अच्छेद्य, अभेद्य, अविनाशी तथा न जलने योग्य है, अर्थात् इसे कोई विनष्ट नहीं कर सकता। विद्वान् यह मानने के पक्ष में हैं कि वज्रयान का अभ्युदय ईसा की आठवीं शताब्दी से माना जाना चाहिए, जब बौद्ध सिद्धाचार्यों ने लोक भाषा में दोहे और चर्यागीति लिखे। महायान में तन्त्र-मन्त्र तथा गुह्य-साधनाओं का प्रवेश छठी शताब्दी में ही हो गया था। उस समय आन्ध्र देश के श्रीपर्वत का तान्त्रिक साधनाओं के लिए प्रमुख स्थान था। धीरे-धीरे ये सभी साधनाएँ सारे भारत में फैल गयीं, परन्तु कुछ दिनों तक इसका प्रचार और प्रसार गुप्तरूप से होता रहा। लगभग आठवीं शताब्दी के आस-पास चौरासी सिद्धों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से इसको प्रचलित किया। वज्रयानी साधना की परम्परा लगभग पाँच सौ वर्षों तक विकसित होती रही और यह समय आठवीं शताब्दी से बारहवीं शताब्दी तक माना जाता है। वज्रयानी सिद्धों के समय वज्रयान का चरम विकास हुआ। इन सिद्धों ने अपने गीतों तथा दोहों के माध्यम से वज्रयान सम्बन्धी गुह्यसाधनाओं की अभिव्यक्ति की। वज्रयानी सिद्ध अपनी साधना तथा साधना-प्रणाली को गुह्य रखते थे। इसका प्रमाण उनकी रचनाओं में ही मिल जाता है। अपनी साधना-प्रणाली को ये लोग गुह्य इसलिए रखते थे कि 'मूढ़' इसे समझ न सकें। प्रायः यह देखा जाता है कि सिद्धों ने यह स्पष्ट रूप से कह दिया है—

"अइसन चर्या कुक्कुरी पास गाइड़।
कोड़ि माझें एकु हिअँहि समाइड़॥" (चर्या० २।४)

वज्रयानी सिद्धों की रचनाओं में ऐसे स्थल प्रायः मिलते हैं, जो सामान्यरूप से समाज की मान्यताओं का उल्लङ्घन करते हैं। वास्तव में ऐसा सिद्धों ने इसलिए किया कि उनकी साधनात्मक अनुभूतियाँ अत्यन्त गूढ़ तथा अबोध थीं, इसलिए सिद्धों ने उन्हें सरल और बोधगम्य बनाने के लिए लौकिक रूपकों का तथा लोक-प्रचलित रीति-रिवाजों को माध्यम बनाया। स्त्री-पुरुष के संयोग, युगनद्धावस्था आदि का वर्णन लौकिक अर्थ में न होकर प्रतीकात्मक रूप में हुआ था।

वज्रयानी सिद्धाचार्य और साधक अपनी साधना को गुप्त रखते थे। अपनी साधना के सम्बन्ध में ये किसी अन्य व्यक्ति से कुछ स्पष्ट नहीं कहते थे, दीक्षित व्यक्ति ही इनकी साधना को समझने या प्राप्त करने का अधिकारी हो सकता था। हिन्दू और बौद्ध दोनों धर्मों में तन्त्र अतिगुह्य अर्थात् 'मिस्टिक डाक्ट्रीन' के नाम से अभिहित किया जाता है। वे सम्प्रदाय में दीक्षित व्यक्ति के अतिरिक्त अन्य किसी से भी इसके रहस्य को बताना उचित नहीं समझते थे। 'कुलार्णवतन्त्र' में तो यहाँ तक लिखा है कि 'धन देना, स्त्री देना, अपनी जान तक दे देना, लेकिन इस गुह्य शास्त्र को किसी अपर व्यक्ति के सामने अभिव्यक्त मत करना।'

ऐसा कहा जाता है कि वज्रयान में बहुत कुछ शाक्यमुनिकृत है, परन्तु वास्तव में यदि देखा जाए तो वज्रयान या तन्त्रयान में व्यक्त अनुभवों में से बहुत ही कम शाक्यमुनिकृत कहे जा सकते हैं अथवा बौद्धमत के प्राचीन रूपों से साम्य रखते हैं। लेकिन इतना निश्चित रूप से कहा जा सकता है कि इस मत में व्यक्त गूढ़ाभिव्यक्तियाँ तथा गुह्य-तत्त्व प्राचीन भारतीय धर्म में छिपे हुए मिलते हैं। प्राचीन लोकविश्वासों का उदय नवीन अभिप्रायों के रूप में वज्रयान में हुआ। पुरानी परम्परा में आने वाले लोक-विश्वासों आदि की नये ढंग से नयी अभिव्यक्ति की गयी। इन प्राचीन अनुभूतियों को नये मूल्य प्रदान किये गये तथा नये प्रतीकों में उन्हें परिणत कर दिया गया। भारतीय साधना की गूढ़ता और रहस्यवादी भावधारा वज्रयान की जड़ में मिलती है। बौद्धमत तथा ब्राह्मणमत के बीच की कड़ी के रूप में वज्रयान विकसित हुआ। तन्त्र को भारतीय रहस्यवाद या ज्ञान की अनुभूति कहा जाता है। अन्य ईश्वरीय अनुभूतियों के मार्गों के समान तन्त्रयान में भी ज्ञान की प्रत्यक्षानुभूति को सर्वश्रेष्ठ स्थान दिया गया है। वास्तव में तन्त्र तर्कपूर्ण ज्ञान की भर्त्सना भी करता है। 'प्रज्ञा' उसकी साधना का केन्द्र है। शास्त्र-ज्ञान उसके सामने कुछ भी नहीं है। उसका कोई महत्त्व ही नहीं रह जाता। अनुभूति ज्ञान को ही सर्वोपरि स्थान दिया गया है। इस सम्बन्ध में वज्रयानी सिद्धों में यह मत प्रचलित है—

पण्डिअ सअल सत्थ बक्खाणअ, देहहि मढ़ जइ णिच्चल ट्ठाअ।
अमणागमण ण एक्क वि खण्डिअ, तउ णिलज्ज भणइ हउं पण्डिअ॥

जब तक साधक साधना पथ पर अग्रसर नहीं होता तब तक उसे आत्मानुभूति नहीं होती। आत्मानुभूति के बिना वह इस भवसागर में भटकता रहता है। इसीलिये शास्त्रीय ज्ञान की अपेक्षा अनुभूति ज्ञान अर्थात् प्रज्ञा को सर्वश्रेष्ठ माना गया है। यही प्रज्ञा वज्रयान में एक प्रतीक रूप में परिणत हो गयी है। इसको बाद में चलकर देवी, दैवीमाता या दैवीशक्ति के रूप में प्रतिष्ठित किया गया।

तान्त्रिकों का यह दृढ़ विश्वास है कि मनुष्य अज्ञान के कारण ही अन्धकार में पड़ा रहता है। उसके भीतर पञ्चभूतों से निर्मित शरीर का तत्त्व स्वयं दैवी शक्ति या प्रकृति में छिपा हुआ है। यह आत्मतत्त्व स्वयं दैवी शक्ति है, विशुद्ध प्रकाश है। इसी को प्रकृति प्रभास्वर बोधिचित्त कहा गया है। मनुष्य को अज्ञानरूपी अन्धकार से बाहर निकालने के लिये गूढ़तर प्रज्ञानुभूति की प्राप्ति के लिये अभिषेक की आवश्यकता होती है, जिसके फलस्वरूप शिष्य प्रकाशित-पथ पर अग्रसर होता है।

रहस्यवादी भावधारा के समान तन्त्र में भी स्त्री-पुरुष के मिलन की शब्दावली प्रतीकरूप में वज्रयान में स्वीकार की गई। इसी को "युगनद्ध साधना" कहा गया। सिद्धों में इसका प्राय: उल्लेख मिलता है—

तिअड्डा चापि जोइणि दे अंकवाली।
कमल कुलिश घाण्ट करहुँ विआली॥ (चर्या, ४।१)

उपनिषदों में कहा गया है कि आत्मा ज्योतिर्मय है और साथ ही अज्ञानरूपी अन्धकार का भी उल्लेख किया गया है। साधना विषयक अभिव्यक्ति को वहाँ भी गोपनीय रखने का उल्लेख किया गया है। साधना और अनुभूति का महत्त्व भी प्राचीन काल से प्रतिपादित होता आया है। वह अपने ही चरम सत्य की अनुभूति स्वीकार करता है। प्रत्यात्मसंवेदनीय या वज्रयान या तन्त्रयान में इस प्रकार के तत्त्वों का समन्वय बहुत ही सुन्दर ढंग से किया गया है। कुछ विचारकों का मत है कि बौद्धतन्त्र पर कुछ प्रभाव भारतेतर साधनाओं का भी हो सकता है, क्योंकि यह कहा जाता है कि इन्द्रभूति ने गुह्यसमाज का उड्डीयान में प्रचार किया था।[1] उड्डीयान में विभिन्न देशों के काफिले आया जाया करते थे, अतः उनके साथ उनकी संस्कृति और धर्म भी अपना प्रभाव डालते रहे होंगे। इस प्रकार के प्रभाव का यथोचित मूल्यांकन करने लिये हमें तिब्बती त्रिपिटक का सहारा लेना पड़ेगा। तिब्बती भाषा में इस प्रकार की सामग्री अनूदित है, लेकिन उसमें कितना भारतीय और कितना विदेशी, यह खोज निकालना कठिन कार्य है।

वज्रयानी बौद्ध देव-देवियों की समता शैव देवी-देवताओं से की जा सकती है। इस साधना में ज्यों-ज्यों मन्त्र-धारा का प्रभाव बढ़ता गया, त्यों-त्यों देवी-देवताओं का महत्त्व बढ़ता गया। विशेषरूप से इन देवी-देवताओं की उपासना की मण्डल-कल्पना या रचना की गई, जो वास्तव में सृष्टि की कल्पना है। आदि सिद्ध सरहपाद की रचनाओं में जहाँ मण्डल रचना की चर्चा गई है, वहाँ सभी देवी-

१. साधनमाला, भाग–१, विनयतोष भट्टाचार्य, भूमिका, पृष्ठ–२८।

देवताओं को मण्डल में निर्दिष्ट स्थान पर बैठाया गया है। डॉ० विनयतोष भट्टाचार्य का मत है कि वज्रयान देवसंघ में गौतम-बुद्ध का स्थान नहीं के बराबर है। यदि उनका वर्णन नहीं किया जाता तो वे अक्षोभ्य जैसे लगते और उनका नाम वज्रासन रहता।

मन्त्र, देवी-देवता, चक्र-मण्डल आदि का समावेश मन्त्रयान या तन्त्रयान में धीरे-धीरे हुआ। उनके अर्थ में भी धीरे-धीरे गूढ़ता आने लगी। कुछ साधारण वस्तुओं में भी इस गूढ़ता को खोजने या ढूढ़ने का प्रयत्न किया जाने लगा, फलस्वरूप गम्भीर वस्तुओं के साथ अन्य सामान्य चीजें मिलती गईं और महत्त्वपूर्ण सिद्धान्तों की अवहेलना की जाने लगी। महायान में जो विभिन्न प्रवृत्तियाँ प्रवेश कर गयीं थीं, उनको नागार्जुन ने सङ्गत रूप दिया। नागार्जुन की शून्य की कल्पना ने सारे भेदों को मिटा दिया। इसके बाद वज्रयानी सिद्धाचार्यों ने इसे एक व्यवस्थित रूप देने का प्रयास किया। शून्यावस्था में देव या अन्य किसी का अस्तित्व नहीं रह जाता। देव-देवी हमारी कर्मप्रेरित कल्पनाओं की उपज मात्र हैं। इस प्रकार के इन विश्वासों और सिद्धान्तों ने मिलकर एक नये यान की उत्पत्ति की और उसी को नाम दिया गया—वज्रयान, मन्त्रयान, फलयान, गुह्यतन्त्रयान।

तन्त्रों का स्वरूप महायान से कुछ भिन्न है। वज्रयान के अनुयायियों ने तन्त्र को भी चार उपवर्गों में विभाजित किया है—(१) क्रियातन्त्र, (२) चर्यातन्त्र, (३) योगतन्त्र और (४) अनुत्तरतन्त्र। क्रियातन्त्र में बाह्याचार को प्रधानता रहती है तथा साधक पट पर अङ्कित देवता का ध्यान करता है। बाह्याचार और देवताओं का सन्तुलित रूप चर्यातन्त्र है। प्रज्ञा और उपाय को योगतन्त्र तथा अनुत्तर-तन्त्र उपाय और प्रज्ञा की "एकता" है।

वज्रयानी सिद्धों ने भी बहुत पहले ही न केवल कविता वरन् कला के समस्त रूप, चित्र, स्थापत्य, सङ्गीत, नृत्य आदि को धार्मिक साधनापद्धति के रूप में अनिवार्य स्वीकार कर लिया था। बौद्ध तन्त्रों और वज्रयानी साधनाओं में भी काव्यशास्त्र, भाषा, शब्द और उनके अर्थों की स्थिति बीज, नाद, और बिन्दु सम्बन्धी धारणाएँ लगभग वहीं थीं, जो हिन्दू तन्त्रों में मिलती हैं। महा अक्षर बीज के रूप में समस्त बौद्ध तान्त्रिक देवताओं को उत्पन्न करने वाला है। यह "महा अक्षर" काव्य की शैली है, जो "सन्ध्यावचन" कहलाता हैं। इसी को सिद्ध सरह ने इस प्रकार कहा है—

अक्खर वाड़ा असल जगु, नाहिं णिरक्खर कोइ।
ताव से अक्षर घोलिअइ, जाब णिरक्खर होइ॥

साधनापरक वज्रयानी भावधारा का सूत्रपात बहुत पहले ही हो चुका था। "गुह्यसमाजतन्त्र" में ही मद्य, मांस, मैथुन, मत्स्य की खुली छूट मिलती है। साधना के लिये हयमांस, हस्तिमांस, श्वानमांस भी विहित था[1]। साधकों के साथ एक-एक शक्ति की आवश्यकता गुह्यसमाजतन्त्र में स्वीकार कर ली गई। उसी का नाम शक्ति या प्रज्ञा रखा गया। उसके रूप के सम्बन्ध में कहा गया है कि वह सर्वगुणसम्पन्न और सुन्दर हो। बिना इसके बुद्धत्व की प्राप्ति असम्भव है[2]। योगी के लिये सामाजिक नियमों का पालन आवश्यक नहीं है, वह उनका उल्लङ्घन कर सकता है, असत्य भाषण, जीवहिंसा, परद्रव्यहरण, नारी सेवनादि की उसे छूट दी गई[3]। किन्तु इसके साथ ही विनय के पालन पर भी जोर दिया गया है। इन दोनों का सन्तुलन वज्रयान की विशेषता है।

सिद्धों ने इसी भावधारा को अपनाया तथा अपनी साधनाओं में इसका समावेश कर लिया। आदिसिद्ध सरहपाद ने वज्रयान की परम्परा को व्यवस्थित रूप दिया तथा उसकी साधनाप्रणालियों और सिद्धान्तों को क्रमबद्ध रूप दिया। सहज और शून्य-साधना की परवर्ती परम्परा सिद्धों, नाथों और सन्तों में देखो जा सकती है, जिस पर हम आगे चलकर विचार करेंगे।

वज्रयान की साधना-विषयक प्रणालियों की चर्चा करते समय सिद्धाचार्यों की गीतियों और दोहाकोशों का सहारा लेना आवश्यक है। सिद्धों की रचनाओं में नाना प्रकार के पूजा-पाठ, क्रिया-कलाप, योग-ध्यान आदि के वर्णन मिलते हैं। ये वर्णन तान्त्रिक परम्पराओं पर आधारित हैं। इस प्रकार की साधनाप्रणाली को वज्रयानी सिद्धों की रचनाओं में सहज ही देखा जा सकता है। सिद्धों ने नित्यानन्द की प्राप्ति के लिये सर्वप्रथम यही कहा है कि चित्त को दृढ़ और स्थिर करो, तत्पश्चात् उसकी आशा करो। यह कार्य उसी समय पूरा होगा, जब उसका उपाय गुरु से पूछा जाए।

सांसारिक वासनाओं तथा इच्छाओं की तृप्ति की आशा करने के कारण ही जीव दुःखी रहता है। वासना और इन्द्रिय-क्षुधा से मुक्त हुए बिना महासुख की प्राप्ति असम्भव है। सिद्ध कुक्कुरिपा ने तो कुम्भकयोग द्वारा सहजानन्द की प्राप्ति का वर्णन करते हुए कहा है—

दुलि दुहि पिटा धरण न जाअ।
रुखेर तेन्तलि कुम्भीरे खाअ॥

१. गुह्यसमाजतन्त्र—सं० विनयतोष भट्टाचार्य, पृ० २६। २. वही, पृ० १६१।
३. गुह्यसमाज तन्त्र—सं० विनयतोष भट्टाचार्य, पृ० १२०।

अनभिज्ञ लोग चित्त को निर्वाण-मार्ग पर स्थिर कर वज्रपाणि रूप को निर्वाण मार्ग पर स्थिर नहीं कर सकते, क्योंकि चित्त की अस्थिरता उन्हें वहाँ पर स्थिर नहीं रहने देती। फलस्वरूप उन्हें सहजानन्द का उपभोग करने में सफलता नहीं मिलती। परन्तु यदि सांसारिक मायामोह का त्याग कर सद्-गुरु के उपदेशों के अनुसार कुम्भक-समाधि द्वारा देह और चित्त को स्वभावहीन कर लिया जाए और देह-रूपी घर के पास उष्णीषकमल में महासुख के निवास-स्थान को जान लिया जाए तो सांसारिक बन्धन से मुक्ति हो सकती है। गुरुनिर्दिष्ट विधि के अनुसार अर्ध-रात्रि में अर्थात् प्रज्ञा-ज्ञानाभिषेक दान के समय पूरक-रेचक आदि वर्जित कुम्भक द्वारा साधक स्थिर भाव से वायु धारण कर "सहजानन्द" का उपभोग कर सकता है। इसी प्रकार की गूढ़ाभिव्यक्तियों के वर्णन चौरासी सिद्धाचार्यों की रचनाओं में मिलते हैं।

वज्रयानी साधना में कुछ विशेष बातों पर जोर दिया जाता है, जो इस प्रकार हैं—शून्य, सहज, महासुख, परमपद, मुक्ति, चन्द्र-सूर्य, गङ्गा-यमुना और सरस्वती, करुणा-शून्यता, प्रज्ञोपाय, निर्वाण, पञ्चस्कन्ध, मुद्रा, खसम, समाधि, सुरति, निरति, अनाहत नाद, मण्डल आदि। इन पारिभाषिक शब्दों की व्याख्या दीर्घ हो जाएगी, अतः इस सम्बन्ध में इतना हो कहना चाहूँगा कि ये शब्द वज्रयानियों की साधनात्मक प्रणाली और क्रियाओं से सम्बन्धित हैं, जिनको व्याख्या इस लेख में सम्भव नहीं है। नागार्जुन ने "पञ्चक्रम" में चार प्रकार के शून्य का उल्लेख किया है—शून्य, अतिशून्य, महाशून्य तथा सर्वशून्य—

शून्यञ्चातिशून्यं च महाशून्यं तृतीयकम्।
चतुर्थकं सर्वशून्यञ्च फलहेतुप्रभेदतः॥

उपर्युक्त चारो शून्यों को कमल के या मृणाल के चार दलों से संयुक्त किया जाता है[1]। यही सर्वशून्य का आधार है, उसी का नाम उष्णीषकमल है, यहीं जालात्मक जालन्धर गिरि नामक महामेरुगिरि का शिखर है, यहीं महासुख का आवास है। इसी गिरिशिखर पर पहुँचने पर योगी स्वयं वज्रधर कहा जाता है, यहीं वह सहजानन्द रूप "महासुख" का अनुभव करता है। इस शून्य की प्राप्ति के लिये घोर साधना आवश्यक है, जिसमें विभिन्न अवस्थाओं को पार करना पड़ता है। प्रत्येक स्थिति में साधक को अलग-अलग अनुभूति होती है। शून्य को पद्म भी माना गया है। उसमें चौंसठ दल होते हैं। उसी कमल का वर्णन सिद्धों ने इस प्रकार किया है—

१. नाथ सम्प्रदाय—हजारीप्रसाद द्विवेदी, पृ० ९१-९२।
२. बौद्ध गान औ दोहा, पृ० १२४।

एक सो पदुमा चौषठि पाखुड़ी।
तहिं चढ़ि नाचअ डोम्बि बापुड़ी॥

गोरखनाथ ने तो शून्य को बिना माँ-बाप का कहा है—

सुंनि ज माई सुंनि ज बाप। सुंनि निरञ्जन आपै आप।
सूंनि के परचै भया सधीर। निहचल योगी गहर गंभीर॥

तान्त्रिक और यौगिक साधनाओं में चन्द्र-सूर्य का उल्लेख बार-बार किया जाता है। इन दोनों के संयोग को ही "योग" की संज्ञा दी जाती है। तान्त्रिक और यौगिक साधनाओं में चन्द्र-सूर्य का दो नाड़ियों से अभिप्राय है। गोरक्षरचित "सिद्ध सिद्धान्त पद्धति" में मिलता है कि भौतिक शरीर पञ्च तत्त्वों से निर्मित या समन्वित है। ये पाँच तत्त्व इस प्रकार हैं—कर्म, काम, चन्द्र, सूर्य और अग्नि (**कर्मकामाश्चन्द्रः सूर्योऽग्निरिति प्रत्यक्षकारणं पञ्चकम्**)। स्थूल अर्थ में चन्द्र और सूर्य दो नक्षत्र या ग्रह-विशेष हैं, लेकिन तान्त्रिक साधना में चन्द्र-सूर्य का अर्थ क्रमशः माता के रज और पिता के शुक्र से है और उन दोनों के संयोग से ही इस शरीर की रचना हुई है—

किं च सूर्याग्निरूपं पितुः शुक्रं सोमरूपञ्च मातृरजः। उभयो संयोगे पिण्डोत्पत्तिर्भवति॥

चन्द्र सूर्य की गुह्यसाधना बौद्ध सिद्धाचार्यों में भी मिलती है, जिसकी अभिव्यक्ति इस प्रकार हुई है—

चन्द सुज्ज घसि घालइ घोट्टइ, सो आणुत्तर सत्थु पअट्ठइ।
एव्वंहि सअल जाण णिमूढ़ो, सहज सहावेण जाणिअ मूढ़ो॥

तान्त्रिक साधना में प्रज्ञा-उपाय की युगनद्ध साधना पर पर्याप्त बल दिया गया है। वज्रयानी साधना में प्रज्ञा-उपाय का विशेष महत्त्व है। ऐसे प्रज्ञा का अर्थ बुद्धिवादिता है। यह आध्यात्मिक विकास की शक्ति है। श्रद्धा द्वारा जो साधना आरम्भ होती है, वह अन्त में प्रज्ञा के रूप में परिणत हो जाती है। बौद्धधर्म की सबसे बड़ी विशेषता श्रद्धा और प्रज्ञा के समन्वय की है। ठीक इसी को वज्रायान ने भी अपनाया—

सुण्ण करुण जइ जोउण सक्कइ।
णउ भवे णिव्वाणं थक्कइ॥

बौद्धधर्म में "युगनद्ध" की अनुभूति या कल्पना बहुत अधिक की गई है। इसका प्रभाव तत्कालीन भावधारा पर इतना अधिक पड़ा कि उसे सर्वत्र देखा जा सकता है। युगनद्ध की मूर्तियाँ आज भी हमें मिलती हैं। वज्रयान में प्रज्ञा और उपाय के युगनद्ध रूप को ही युगनद्ध कहा जाता है। प्रज्ञा धर्मधातु और उपाय वज्रधातु के मिश्रण से मण्डलचक्र का निर्माण होता है। इस प्रज्ञोपाय की शुरुआत

महायानी बौद्धों ने की थी और उसी की परिणति तथा विकास वज्रयानी सिद्धों में हुआ। महायानियों ने सम्भोगकाय, निर्माणकाय तथा धर्मकाय के साथ ही प्रज्ञोपाय की भी प्रतिष्ठा नए ढङ्ग से की है और उसे स्वभावकाय, वज्रकाय, सहजकाय या महासुख कहा है। प्रज्ञोपाय तान्त्रिक साधना के दो पक्ष हैं परन्तु दोनों एक ही परमतत्त्व में निहित हैं। प्रज्ञा और उपाय का अभिन्न रूप ही बोधिचित्त है। प्रज्ञा और उपाय के संयोग से सिद्ध अपनी सारी अशुद्ध प्रवृत्तियों को त्यागकर "अद्वयता" में लीन हो जाता है या उससे पूर्ण परिचित हो जाता है। इस प्रकार जब जीव "अद्वय" में द्वयता का तिरोधान करता है, तब प्रज्ञोपाय का मिलन होता है, अतः वही अवस्था "युगनद्ध" कहलाती है। इसीलिये गुन्थर महोदय ने कहा है कि युगनद्ध मानव के यथार्थ जीवन में उत्पन्न होने वाली समस्याओं का मानसिक समाधान देता है।

इस प्रकार वज्रयानी साधना के स्वरूप पर हमने सामान्य रूप से विवेचन किया। अब हम इस साधना का परवर्ती साधना के साथ कुछ संयोगों का उल्लेख करना चाहेंगे। वज्रयान जिस समय भारत के उत्तरी भाग में विशेषरूप से पल्लवित और पुष्पित हुआ, वह उस भाग की परवर्ती साधना पर भी अपनी अमिट छाप छोड़ गया। सिद्ध, नाथ और सन्त ही नहीं, बल्कि अन्य साधक भी इस भावधारा से प्रभावित हुए बिना नहीं रह सके। सिद्धों, नाथों और सन्तों की भावधारा, साधन-प्रणाली तथा दार्शनिक सिद्धान्तों का घनिष्ठ सम्बन्ध रहा है। इनकी साधनात्मक क्रियाएँ, योगप्रणाली, नाड़ी-साधना, साधनापरक अनुभूतियाँ प्रायः मिलती-जुलती हैं। अन्तर इतना ही है कि यह साधना-प्रणाली सन्त कबीर तक पहुँच कर अपने चरम उत्कर्ष पर परिष्कृत रूप में पहुँच गई। इसके अतिरिक्त बंगाल के बाउल भी इस गुह्यसाधना से कुछ सीमा तक प्रभावित हैं। वे भी अपनी साधना के गूढ़ रहस्य को पराये व्यक्ति को नहीं बताते।

वज्रयानी साधना का नाथों, सन्तों तथा अन्य योग-साधकों पर कितना प्रभाव पड़ा, यह विवेचन-सापेक्ष है, तथापि साधकों की शब्दावली, वर्णनशैली में बहुत समानता पाई जाती है, इसे स्पष्ट ही देखा जा सकता है। नाड़ी-साधना और चक्रसाधना की समानता तो है ही, उसकी क्रिया में भी समानता पाई जाती है। जहाँ तक विचारों और भावों का सम्बन्ध है, वहाँ कुछ बातों के अतिरिक्त समानता ही अधिक है। प्रत्येक साधक अपना स्वतन्त्र अस्तित्व रखता है, इसलिये उसकी अपनी अनुभूतियाँ भी अलग होती हैं, अतः वह कभी-कभी प्राचीन मान्यताओं से अलग होता हुआ दीखता है। अतः परवर्ती साधना पर कहीं स्पष्ट और कहीं अस्पष्ट प्रभाव देखा जा सकता है।

• • •

बौद्ध एवं अन्य भारतीय योग साधना

Meditation in Buddhism and Other Indian Systems

अंगरेजी निबन्ध

ENGLISH ARTICLES

इदं पुरे चित्तमचारि चारिकं,
येनिच्छकं यत्थकामं यथासुखं ।
तदज्जहं निग्गहेस्सामि योनिसो,
हत्थिप्पभिन्नं विय अङ्कुसग्गहो ॥
(धम्म. २३ : ७)

झाय भिक्खु मा पमादो,
मा ते कामगुणेसु रमेस्सु चित्तं ।
मा लोहगुळं गिली पमत्तो;
मा कन्दि दुक्खमिदं ति डय्हमानो ॥
(धम्म. २५ : १२)

THE ESSENCE OF THE YOGA-SĀDHANĀ AS GIVEN IN THE TA-CHIH-TU-LUN

BY Dr. BISWADEB MUKHERJEE

I

The main aim of the Buddhist *yoga-sādhanā* as propounded in the Ta-chih-tu-lun of Nāgārjuna is to attain the Buddhahood, the perfection in personality, through the realisation of the *advaya-dharma*, the undivided integral reality. To realise the undivided reality is to perceive the falsity in the experience that uphold the dichotomy of the determinate and the indeterminate, the conditioned and the unconditioned as absolute. Such a falsity conceived absoluteness will lead one only to experience the ultimacy of the non-substantiality of the determinate. Or cannot go beyond this uniqueness of the mundane and thereby loses sight of the "true nature" that underlies the unique nature of both the determinate and the indeterminate. The deeper truth that the conditionedness of the conditioned is also conditioned, *(śūnyatā-śūnyatā)* that the determinate is but the manifestation of the indeterminate, eludes his grasp and he falsely ascribes absoluteness to the non-substantiality characterising the determinate. If one, on the other hand, experiences only the reality of the indeterminate in its utter unrelatedness to the determinate, and creates a gulf between the two never to be bridged, then again he is commiting the error of seizing the relatively distinct as absolutely separate.

The reality which is undivided, integral brooks no absolute division. It stands for the harmony between the determinate and indeterminate, between the caused and the uncaused, in short between the forces that appear to be irreconcievably opposed to each other from the standpoint of *vyavahāra*, the mundane truth. It is a negation of the sense of ultimacy falsely attributed to the different entities and categories, but not of the entities and categories themselves, which are nothing but the determinate expressions of the unconditioned.

It is the exclusive priviledge of the Buddhas to have a fully developed, all-inclusive understanding of this integral reality. This is the *sarvākāraj-ñatā* of the Buddha, which has been explained by Nāgārjuna as follows :

ākāra is the method of the way to comprehension; by means of the knowledge of all forms one enters into, comprehends, all things in all the ways. This is the unimpeded, undistorted functioning of the sense of the real on the plane of intellect of the wise.

A clear comprehension of the concept of *sarvākārajñatā* reveals another characteristic of the Buddha-consciousness, viz, the skillfulness of non-clinging *(anupalambha)*. In right understanding there is perceived not only the determinate as the determinate and the indeterminate as the indeterminate, but also the indeterminate reality as the ground of determinate entities; it is only the ultimate nature of the latter, and not another entity apart from them. With such a realisation the tendency to cling to the indeterminate as absolutely indeterminate or to cling to the determinate as absolutely determinate comes to an end and the skillfulness of non-clinging henceforth characterises very judgement.

This enables the Buddha to reconcile the seemingly opposite forces and to live a life of harmony. To be satuarated with the sense of the indeterminate reality and yet not to reject the determinate, to live in this world and yet be free from the defilements, to retain the individuality and yet be free from the false sense of self, to work for the world and yet be free from passion-this is the skillfulness of the Buddha,

The sense of the integral reality and the resultant skillfulness of non-clinging has a profound significance for the question of individuality. Due to the realisation of the *advaya-dharma* the Buddha sees clearly that the individuality of a being cannot be absolutely non-substantial *(śūnya)* and conditioned but must have its basis in the unconditioned reality. The sense of self or the sense of 'I' according to Nāgārjuna is the reflection of the unconditioned reality in the conitioned self conscious intellect; it is the sense of the real in man. "The moon is really in the sky of *tathatā, dharmadhātu, bhūta-koṭi*, while (its reflection, the sense of) 'I' and 'mine' appears in the water of the minds of men and gods."

The sense of "I" in its true form is the sense of the real immanent in man; the true import of "I" is self-being, unconditionedness. But the mind, the self-conscious intellect under the influence of ignorance, comes to apply wrongly this sense of unconditionedness to itself in its mundane, i. e. conditioned nature, as well as to that with which it identifies itself and through that all things it lights upon. Consequently every particular entity comes to be endowed with underivedness and substantiality of which it is actually devoid. The false sense of 'I' and 'mine' imply by contrast

'not-I' and 'not-mine'. Thus there arises the distinction of self and others and consequently the greed and anger, the bonds of passion born out of ignorance. These are the root of all sufferings. Thus to destroy the sufferings, it is necessary to annihilate the ignorance and the resultant false sense of 'I' and 'mine'. But the sense of the real 'I' is not destroyed thereby. The destruction of ignorance is not synonymous with the destruction of individuality. Rather it is with the destruction of *avidyā* that the real 'I' shines forth as the individualised manifestation of the integral reality. The Buddha does not stand for anything impersonal, but is the very perfection impersonality unsoiled by ignorance and passion.

The Buddha due to *sarvākārajñatā* knows the true nature of all things to be the same ultimate reality. It is on this knowledge that the true, universal compassion (*karuṇā)* of the Buddha is based. Due to his sense of sameness (*samatā*) he feels strongly and naturally his kinship, his bound-up-ness with the rest of the universe. *Sarvākārajñatā* ripens into the deep sympathy which he had for other from the very beginning of his way-faring, into universal compassion, and he even refuses to enter *nirvāṇa* in order to help others. Wisdom and compassion constitute the two-fold way in which the sense of undivided reality functions in the perfect one; while the one constitutes insight, knowledge, understanding, the other constitutes feeling, emotion, action.

II

Thus we find that *prajñā*, *anupalambha* and *karuṇā* constitute the very essence of the Buddhahood, the ultimate goal of the *yoga-sādhanā*. But these are also the very factors that characterise the entire journey towards this goal. They characterise the *yoga-sādhanā* not only as means through which the spiritual endeavour is successfully carried on to fruition but also in their capacity of being the very end for the sake of which the spiritual life is lived.

So naturally the crux of the wayfaring, the *yoga-sādhanā* also lies in the cultivation of *prajñā*, *karuṇā* and *anupalambha*. From the very begining it is *prajñā*. however undeveloped it may be, that sets in motion and guides the wayfaring. Whatever spiritual exercise may be done, whatever other *pāramitās* may be strived for, it is done under guidance of *prajñā* with the help of *anupalambha* and *karuṇā*, This is an intcgral process. The exercise of one is accompanied by the exercise of others, the development of one leads to the development of others, and as a result all are simultaneously developed into the staff of which the Buddhahood

is made. It is a process of transformatiom through which the imperfect personlity is gradually perfected into the Buddha nature. This will be clear as we discuss the wayfaring with special reference to *prajñā-pāramitā*, the foremost of all the *pāramitās*.

The wayfaring starts with the vow of the *Bodhisattva* to attain the Buddhahood for the salvation of others. If we analyse this very act we will find that all the silent features of the Buddhahood were at work behind this momentous moment. He must have some sense of *advaya-dharma*, however dim it may be, in order to aspire for the Buddhahood. But he has no clinging for the highest ideal, he wants to realise it for sake of others, and consequently his noble aspiration is saturated through and through with some feeling of compassion and some sense of non-clinging. Again it is as an individual that the *Bodhisattva* would like to exercise his feeling of compassion, and so the retention of individuality in the final stage is shadowed forth even in this first act of him.

The same characteristics continue to act as a bicon light leading the wayfarer to still greater heights of realisation. Whatever he does during his journey, whether it is act of charity (*dānā*) or an act of morality (*śīla*) or anything else, he always does it non-clingingly in the light of the *advaya dharma*, and out of compassion. When the sixth stage is reached the *Bodhisattva* reaches a crucial point in wayfaring. In this stage he has already realised the non-substantiality of all things and consequently he faces the temptation to efface his personality and to enter *nirvāṇa* straight-way. Here he is comparable to an *arhat* who after destruction of *avidyā* patiently abides his time to enter *nirvāṇa*. But the *Bodhisattva* can not be fully equated with an *Arhat*, as the realisation of the non-substantiality forms only a part of his total vision which is undivided reality. Indeed this vision is not quite clear as this stage of development yet in him the sense of the undivided reality as well as the skillfullness of non-clinging is developed enough to inducing to reject the absoluteness falsely attached to non-substantiality; he realises that there is a reality even underlying this non-substantiality and this realisation strikes at the very root of the tendency to give up the individuality. Moreover he feels the positive urge to retain individuality out of compassion which is also nurished by *prajñā*. And the individuality he retains in non-clinging manner. He does not give up his individuality because of his clinging to the real self he retains it out of compassion so that he can be of help to others who are still toiling under ignorance.

We know that at the very outset of his journey the *Bodhisattva* out of deep sympathy resolved not to enter *nirvāṇa* without first helping others to attain the truth. It is this sympathy that has now developed into great compassion under the influence of ripened *prajñā*. *Karuṇā* has been made dependent on *prajñā* as it is held to be springing out of the latter. But *karuṇā* is at the same time a complement to *prajñā*. For this supreme act of compassion by which the *Bodhisattva* retained his individuality is also the final test of his unshakable faith in *advaya-dharma*. He feels kinship and bound-up-ness with others and is ready to undergo any ardous task unclingingly to help them. Thus we find all these three factors namely, *prajñā*, *anupalambha* and *karuṇā* give a decisive turn to the wayfaring and *Bodhisattva* retains the individuality never to give it up afterwards.

It is needless to add that the individuality that is retained, is free from passion and ignorance and means a step forward towards a goal, the Buddhahood, the perfection in personality. As a result he now attains that mature stage in the cultivation of *prajñā* which is called *anutpattika-dharma-kṣānti*. The *anutpattika-dharma-kṣānti* refers to the *kṣānti* in relation to the ultimate reality, i. e. the capacity to sustain the comprehension of the ultimate truth of things, the *dharma* devoid of birth. This is the *nyama* (*ni*+*ama*, not unripe), the true status of the *Bodhisattva*. He is now permanently free from falling back into the way of *arhats* and *pratyekabuddhas*, and gains the title of *avaivarta*, the irreversible.

Here he has become free from all immaturities and has attained maturity in *prajñā*, *karuṇā*, and *anupalambha*. This is the stage where the *Bodhisattva* is completely free from *kleśas*, though not from *vāsanās*, the residul impression of *kleśas*.

From now on the further cultivation of the way is almost an act of spontaneity on the part of the *Bodhisattva*. He flows on to his final goal, the Buddhahood, unerringly. But here again he resumes the final phase of journey unclingingly. He attains the Buddhahood only when he finds that his unbounded compassion can not be effectively translated into action universally, unless he attains the Buddhahood. In the tenth stage with the destruction of even the *vāsanās*, he attains the Buddhahood, the ultimate perfection in individuality *prajñā*, *karuṇā* and *anupalambha*.

●

WHERE PĀTAÑJALA YOGA ENDS BOUDDHA YOGA BEGINS

by SHRI P. V. DESHPANDE

I. Introductory

By Pātañjala *Yoga* I mean the Vedic *Yoga* as summerised by PATAÑJALI in his superb *Yoga Sūtras*. The tradition of What is conveyed by the word *Yoga* goes back to the *Vedas* and as such it is indisputably pre-Buddhist.

The most noteworthy thing about *Yoga* is that it lies at the bottom of all the great religions of the world. Religion without a religious mind is like a body without life. The religious mind is not the ordinary mind caught up in the whirl of the phenomenal world. It is a mind born of meditation *('Dhyānaja Chitta')*. And meditation, or the meditational approach to the understanding of one self and one's relationship with the world, is the very essence of Yoga. Meditation is not thinking or indulging in any form of ideation. Thinking and ideation must cease for meditation to be. It is only when one is in a state of being in which the ideational movement of the mind has come to a standstill, and one remains in a state of choiceless awareness, that one is in a position to see 'what is' within and without, in its existential authenticity. *Yoga* is a discipline *(Anuśāsanam)* which helps man to place himself in such a state of being, which is the Yogic state of being. It is a state of being in which alone the creative movement of truth, God or Reality can be perceived. A way of life that moves in harmony with such pure perception *(Drushimatra)* is the Yogic way of life. It is the foundation of all religious or mystic experiencing.

Yoga is not, therefore, a system of thought or an ideology. It is the negation of all thought and all ideologies. It is a negation *(Sūnyatā)* which alone brings man face to face with 'what is' in its existential authenticity. It is, therefore, not a matter of 'knowing' through thinking or ideation, but a matter of 'seeing' and 'being'. It is a matter of discovering one's own real identity in its dynamic relationship with existence as a whole.

To understand existence as a whole is to understand the nature of three things : (i) the nature of the seer (Dṛṣṭā); (ii) the nature of

the seen (Dṛśya), or the entire objective world; and (iii) the nature of the interaction that constantly goes on between the two and which involves the two in an existential relationship (which has nothing whatever to do with any ideationally or intellectually conceived, or emotionally imagined relationship.

All these three terms are precisely defined in the *Yoga Sūtras*.

II. The Nature and Structure of Pātañjala Yoga

The peoblem of man is basically a problem of the mind through which he functions. The five outgoing senses bring within the being of man five kinds of data to which the mind of man reacts in the form of knowledge, desire and action *(Jñāna, Icchā Krti)*. If the mind were to remain ever free, fresh and pure, its response to the challenges of life and the objective world would always be fresh, pure and adequate. But we find that the human mind gets conditioned by past experiences and environmental pressures to such an extent that its responses get coloured and distorted by the past, the *saṁskāras*, to the total neglect of what actually is in the living present. This process of conditioning brings into being various patterns of culture into which humanity gets caught up and divided. The attachment to and identification with a historically determined cultural and habitual pattern of living is so strong that individual human beings tend to think, feel and act, not freely and intelligently, but in accordance with the dictaters of their cultural conditioning. Their thoughts, feelings and actions are not, therefore, existential but ideational. And whatever the variations in these ideational responses of men and societies, they bring about no more than superficial modifications in the established cultural patterns. They never bring about total freedom from the built-in tendencies, the built-in likes and dislikes, the built-in preferences and prejudices, beliefs and commitments. Because of such psychological conditioning, men tend to see things not directly but only through the memories and impregnations of past experiences determined by the patterns of conditioning. Men as though wear contact lenses of the past on their eyes to look at the present. And so what they see is not 'what is' but 'what is' as coloured, clouded or distorted by the nature of the contact lenses of which most men remain unaware.

Men, therefore, are born in unawareness (*Avidyā*), and they live and die without ever becoming aware of this unawareness. The history of man and human society is predominantly a history of the doings of men within the prison-house of unawareness (*Avidyā*). It is a history of temporal

conditionings which have nothing whatever to do with the existential reality. It is a history of slaves in misery, always aspiring to be free and happy, but never getting anywhere near their heart's desire.

The question with which *Yoga* concerns itself is the question of the human condition, the question of the temporality of the human being and of the bondages of temporal conditioning which hold the human mind captive. It is a question which stimulates inquiry into the possibility of freedom from all the bondages born of temporal conditionings. It makes man aware of the fact that without such freedom all human endeavour reduces itself to an exercise in utter futility, rendering man and human destiny a mere victim of entropy-a process that inevitably culminates in the degradation of energy and dead uniformity,

It is exhilerating to find that this basic theme of *Yoga* is now receiving some serious study at the hands of the Western philosophical enquiry. For example, this is what Mircea Eliade says in his great work on Yoga, entitled :" Yoga-Immortality and Freedom" :--

"It is the human condition, and above all the temporality of the human being, that constitutes the object of the most recent Western philosophy. It is this temporality that makes all other 'conditionings' possible and that, in the last analysis, makes man a 'conditioned being' an indefinite and evanascent series of 'conditions'. Now, this problem of the 'conditioning' of man (and its corollary, rather neglected in the West, his 'deconditioning') constitutes the central problem of Indian thought. From the *Upanisads* onward, India has been seriously preoccupied with but one great problem-the structure of the human condition. (Hence it has been said, and not without reason, that all Indian philosophy has been and still is, 'existentialist).

"With a rigour unknown elsewhere, India has applied itself to analysing the various conditionings of the human being. They had found that man's psychological, social, cultural, and religious conditionings were comparatively easy to delimit and master; the great obstacle to the ascetic and contemplative life arose from the activity of the unconscious, from the *saṁskāras* and *vāsanās*-"imregnations", "residues", "latencies"-that constitute what depth psychology calls the contents and the structure of the unconscious. It is not, however, this pragmatic anticipation of certain modern psychological techniques that is valuable; it is its employment for the 'deconditioning' of man. Because, for India, knowledge of the systems of 'conditioning' could not be an end in itself, it was not knowing them

that mattered, but mastering them; if the contents of the unconscious were worked upon, it was in order to "burn them"...."

With a view to achieving this great objective the Pātañjala Yoga dives deep into the inner being of man and discovers :

(i) that it is *vṛtti-sārūpya* (identification with the choicemaking ideational movement of the mind) which inevitably results in the varied forms of temporal conditionings;

(ii) that *vṛtti-sārūpys*, and the conditioning it brings about, lands man into the field of *Avidyā* (unawareness of the existential situation);

(iii) that *Avidyā* is the basic inner tension which topsyturvies. Man's comprehension of himself and the world around him; it makes man assume what in fact is ephemeral as permanent; what in fact is impure as pure; and what in fact is sorrowful as pleasurable.

(iv) that *Avidyā* is the field in which all other inner tensions *(Kleśa)* take root and prosper, keeping man a slave of temporal conditionings. *Asmitā*, *Rāga*, Dveṣa and *Abhiniveśa* are the other main tensions that are born of *Avidyā*.

(v) that the way to liquidate all inner tensions is the way of *Prati-prasava* (counter creativity-a process of perceiving and moving backward from *Abhiniveśa*, step by step, to *Avidyā*, and thus by liquidating *Avidyā* through awareness, stand face to face with the existential situation and look and inquire into it with choiceless awareness.

(vi) that freedom from *Avidyā* and other tensions of itself flowers into *Viveka-Khyāti* (existential intelligence capable of seeing 'what is' with critical discrimination);

(vii) that *Viveka-Khyāti* generates knowledge or understanding which is self-luminous, not derived from any external source or authority (*Tarakam*); which is non-temporal (*Akrama*); which is capable of grasping and understanding all objects in all manner of ways, (*Sarvaviṣagam, Sarvathāvaśayam*); and which results in total liberation of the mind from all bondages (*Kaivalya*).

The way of *Prati-prasava* and *Vivekaja-Jñāna* brings into being a way of life which may be called the Yogic way of life. It is described as the *Aṣṭāṅga Yoga*. It flowers into a wondrous state of being, called *Samādhi*, in which the sense of self-hood is as though negated (*Svarūpa śūnyaniva*) and resplendet objectivity unviels the mystery that is Life and Creation.

The Pātañjala Yoga ends with the following *Sūtra* which may be rendered in English as follows :—

"The threefold energies (*Guṇas*) of Nature *(Prakṛti)*, the 'raisorsd 'etre' for whose existence is to benefit the *Puruṣa* (man as the seer) by offering him experiences of pain and pleasure, become functionless (*Puruṣārtha-śūnya)* when they fulfil their objective and so become meaningless to the *Puruaṣa* On their thus becoming functionless and meaningless, they get charged with a new energy (the pure seeing-awareness of the seer) and begin to move into an altogether new dimension of counter-creativity *(Pratiprasava)*. This counter-creativity is named as *Kaivalya, Svarūpa-pratiṣṭhā* or *citi Śakti*."

III The Bouddha Yoga :

The Bouddha Yoga begins where Pātañjala Yoga ends. The latter ends in *Svarūpa-Śūnyatā* and *Arthamartra Nirbhasata*, which is Samādhi. The Boudha Yoga dives deeper still into the inner being of man and discovers evernew and ever expanding horizons of Reality.

There is naturally a lot of common ground in both these disciplines, so far as the emphasis on the liquidation of inner tensions and the negation of 'I-am-ness' are concerned as conditions precedent to the perception of truth or realtty. But whereas the analysis of inner tensions and their liquidation through the process of *Prati-prasava* and dealt with in the *Pātañjala-Yoga*, this latter does not throw any light on *Śūnyatā*. And here lies not only the new and specific contribution of *Bouddha-Yoga* but also the further development of *Yoga* as an existential vision of the ever expanding and ever renewing Reality.

Even in the matter of liquidating inner tensions, which inevitably land man in an unending cycles of sorrow, the *Bouddha-Yoga* has something more to say. And it says this in a manner which is so simple and direct that any man disillusioned with the conditioned worldly ways of living can easily see how to cross the ever turbulent river of sorrow. It holds up a clear picture of human life based on the actual constitution of the human organism.

It tells us that existentially, human organism is a fourfold reality—an integration of four aspects which must be kept constantly in mind. These are :

1. The material or physical body (*Kāya)*;

2. The language as the existential correlate of man, which distinguishes him from the rest of the animate world (*Vāk)*;

3. The Mind (along with its ideational activity) through which man functions (*Citta)*.

4. Knowledge (Jñāna) or understanding that comes through a bare awareness of all the movements of the first three constituents, from moment to moment. All other kinds of knowledge are not Jñāna or Prajñā but ideational illusions.

Having thus stated the factual position, the *Bouddha-Yoga* tells us that the only way in which it is possible for man to be free from sorrow for all time is the three fold discipline *(Triśikṣā)*, namely,

(i) The discipline of goodness *(Adhi-śila)*.

(ii) The discipline of mind (*Adhi-Citta*).

(iii) The discipline of Prajñā *(Adhi-Prajñā)*.

Every individual human being knows, as a result of cultural conditioning based on religion, what is goodness or virtue *(Puṇya)* and what is evil or sin *(pāpa)*. He must therefore make it a point of firm discipline that in his everyday life he will not compromise good with evil, whatever the consequences he may have to face. This means denial or rejection of evil from all the affairs of temporal living. Without this discipline worldly life must continue to be a fertile ground for unending misery, whatever be the achievements of man in science and technology, or in the so-called field of religion. This discipline of goodness is the first existential imperative for the perception of truth or reality and a way of life in harmony with it.

Secondly, as soon as man opts for this first stage of a disciplined life, he will find himself face to face with a variety of tensions in the mind. To do this or that ? What is good and what is evil. Who can be sure of their real nature ? Who will decide ? Can I decide ? How may I be sure that what I decide is consistent with reality ?

These questionings stimulate self-inquiry which brings man into the second stage of self-discipline *(Adhi-Citta)*. This second stage demands total self-reliance with all its risks. Man must be and remain a light unto himself, whatever the consequences. In fact it is these consequences themselves that will reveal to him what is right and what is wrong. But the point is to take the plunge and find out for oneself.

It is this self-inquiry, and the discipline that naturally goes with it, that leads man to a state of being, called *Samādhi*. And it is *Samādhi* that

